प्रस्तावना

श्रीमन्महीधर भट्ट विरचित 'मन्त्रमहोदधि' उनकी स्वोपज्ञ 'नौका' टीका के साथ विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत है । इस संस्करण में 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या संयोजित है। यह ग्रन्थ इन्हीं तीनों से पूर्ण होता है । यह ग्रन्थ मन्त्रों का महासमुद्र है, जिसे पार करने के लिए नौका (यान) की आवश्यकता है, किन्तु यह नौका बिना डाड़े (अरित्र) के नहीं चल सकती थी, इसलिए अरित्र नामक हिन्दी व्याख्या अत्यन्त सजग होकर लिखी गई है । मूल, टीका तथा हिन्दी में एकवाक्यता का सदैव ध्यान दिया गया है । मन्त्रों के अक्षरों की गणना तीनों ही स्थल पर गिन कर एक सी प्रस्तुत की गई हैं । कहीं कहीं इन्हें मन्त्रों के बाद कोष्ठक में दर्शाया भी गया है । मन्त्रों के बीजाक्षरों की वर्तनी का ध्यान पदे-पदे रक्खा गया है । यन्त्रों के चित्र अत्यन्त अशुद्ध थे जिन्हे यथासम्भव शुद्ध करने का प्रयास किया गया है, फिर भी कोई सर्वज्ञ नहीं है, त्रुटि सम्भावित है, अतः बिना गुरु के मन्त्र-दीक्षा लिए इनका प्रयोग नहीं करना चाहिए ।

प्रारम्भ में एक विस्तृत विषय सूची संस्कृत में प्रस्तुत है । यन्त्र चित्रों की सूची अलग से दी गई है । ग्रन्थ को सरल बनाने के लिए वर्णमातृकाओं की संकेत सूची एवं संख्या सूची भी ग्रन्थारम्भ में दी गई है । ग्रन्थ के अन्त में मातृका कोश परिशिष्ट में रक्खा गया है । इस कोश में मातृकाओं के सांकेतिक शब्दों का संग्रह श्लोकबद्ध हैं । द्वितीय परिशिष्ट में सम्पूर्ण ग्रन्थ की श्लोकानुक्रमणिका सर्वप्रथम प्रस्तुत की गई है ।

इस ग्रन्थ में आये सात्त्विक मन्त्रों का प्रयोग तो मानव मात्र को करना चाहिए और राजस मन्त्रों का प्रयोग आवश्यकता पड़ने पर करे । किन्तु तामस मन्त्रों का प्रयोग किसी लालचवश या बिना गुरु के कदापि नहीं करना चाहिये । इन तामस मन्त्रों के अनुष्ठान में जरा सी भी त्रुटि रह जाने पर ये साधक का सर्वस्व नाश कर देते हैं । यदा-कदा इन मन्त्रों को किसी को देना या कहना भी नहीं चाहिये ।

आजकल के युग में कोई भी सर्वज्ञ नहीं हो सकता । अतः हर किसी को इन मन्त्रों हेतु गुरु नहीं बनाना चाहिये । इतना बड़ा ग्रन्थ पूर्ण करने में कहीं त्रुटि रह जाना सम्भव है । अतः किसी अनुष्ठान को करने के पहले पुस्तक में आये मूल का यथोचित मनन एवं चिन्तन कर लेना चाहिये और इनसे सम्बन्धित अन्य ग्रन्थों का भी अवलोकन कर लेना चाहिये ।

तन्त्र प्रयोग में प्रक्रिया का अत्यन्त महत्त्व है । साधक के लिए तन्त्र की पूजापद्धति का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है । इस ग्रन्थ में अनेक स्थल पर आवरण पूजा के संकेत हैं जिन्हें मैंने माधवभट्ट प्रणीत मन्त्रमहार्णव आदि अन्य ग्रन्थों से लेकर हिन्दी व्याख्या में विमर्श के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है । तन्त्र सम्प्रदाय में मुख्य रूप से यन्त्र पर पूजा होती

है, अतः यन्त्र चित्रों को भी मैंने शुद्ध करने का प्रयास किया है । फिर भी साधक को इन्हें बनाने से पहले गुरु से विचार विमर्श अवश्य कर लेना चाहिए ।

तन्त्र सम्प्रदाय के इस ग्रन्थ की हिन्दी व्याख्या एवं सम्पादन करके मैं अपने आप को अत्यन्त भाग्यशाली मानता हूँ क्योंकि मन्त्र तत्त्व के मनन एवं संयोजन में समय का सदुपयोग हुआ । इस ग्रन्थ में जो कुछ भी मेरी गति हो सकी है या मैं इसे समझ सका हूँ उसमें मेरे पूज्य गुरुवर पं० हीरामणि मिश्र जी का ही कृपा प्रसाद है । तन्त्र साहित्य में मुझे गति प्रदान करने वाले उन गुरुवर्य के चरणों में मेरा शतशः प्रणाम है ।

इस संस्करण को सम्पादित करने के लिए काशिराजट्रस्ट से प्राप्त लीथोप्रिंट तथा खेमराज एवं पं० शुकदेव चतुर्वेदी के संस्करणों से सहायता ली गयी है । इसके लिए लेखक उनका अत्यन्त आभारी है । मूल में अनेक भ्रामक स्थलों को मैने अपने मित्र डा० महेशचन्द्र जोशी, का० हि० वि० वि०, पुराण विभाग, से विचार विमर्श करके शुद्ध किया है । इसके लिए मैं उनका कृतज्ञ हूँ ।

मन्त्रशास्त्र का यह अत्यन्त उपादेय ग्रन्थ जो इस रूप में आज विद्वानों के समक्ष आ सका है उसके लिए मैं चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान के संचालक श्री बल्लभदास गुप्त का अत्यन्त आभारी हूँ । ये ही मेरे प्रेरणा श्रोत हैं । यन्त्र चित्रों के संयोजन में श्री सरकार ने मेरी भरपूर सहायता की है, जिसके लिए मैं इनका अनुग्रहीत हूँ । मेरे चिरञ्जीव श्री रामरञ्जन एवं श्री चित्तरञ्जन ने कम्प्यूटर कार्य तथा इस ग्रन्थ के सम्पादन में मेरी सहायता की है । भगवान् शंकर इनका अभ्युदय करें । अन्ततः भगवान् विश्वनाथ से करबद्ध प्रार्थना है कि इस ग्रन्थ से मानवमात्र का अजस्त्र कल्याण करें ।

पुस्तकाभिकरां वामे दक्षेऽक्षवरधारिणीम् ।
शुक्लां त्रिनयनामाद्यां बालां श्रीत्रिपुरां श्रये ॥

दीपावली, १० नवम्बर, १९९९
३१/२१ लंका, वाराणसी

विद्वद्वशंवदः
सुधाकर मालवीय

भूमिका

सहस्रचन्द्रप्रतिमोदयालुर्लक्ष्मीमुखालोकनलोलनेत्रः ।
दशावतारैः परितः परीतो नृकेसरी मङ्गलमातनोतु ॥

अगणित चन्द्र समूहों के समान कान्तिपुञ्ज से युक्त, दयालु स्वभाव वाले, लक्ष्मी का मुख देखने के लिए पुनः पुनः आकुल नेत्रों वाले, चारों ओर से दशावतारों से घिरे हुये भगवान् नृसिंह हमारा मङ्गल करें ।

मन्त्रयोग

नाम-रूपात्मक विषय जीव को बन्धनयुक्त करते हैं, नाम-रूपात्मक प्रकृति-वैभव से जीव अविद्याग्रस्त हुए रहते हैं । अतः अपनी-अपनी सूक्ष्म प्रकृति और प्रवृत्ति की गति के अनुसार नाममय शब्द तथा भावमय रूप के अवलम्बन से जो योग साधन किया जाय उसको 'मन्त्रयोग' कहते हैं । मन्त्र योगसाधना के निम्न सोलह मुख्य अङ्ग हैं -

भवन्ति मन्त्रयोगस्य षोडशाङ्गानि निश्चितम् ।
यथा सुधांशोर्जायन्ते कलाः षोडश शोभनाः ॥
भक्तिः शुद्धिश्चासनं च पञ्चाङ्गस्यापि सेवनम् ।
आचारधारणे दिव्यदेशसेवनमित्यपि ॥
प्राणक्रिया तथा मुद्रा तर्पणं हवनं बलिः ।
यागो जपस्तथा ध्यानं समाधिश्चेति षोडश ॥

चन्द्रमा की सोलह कलाओं की तरह मन्त्रयोग भी इन सोलह अंगो से परिपूर्ण हैं - १. भक्ति, २. शुद्धि, ३. आसन, ४. पञ्चाङ्गसेवन, ५. आचार, ६. धारणा, ७. दिव्यदेश सेवन, ८. प्राणक्रिया, ९. मुद्रा, १०. तर्पण, ११. हवन, १२. बलि, १३. याग, १४. जप, १५. ध्यान और १६. समाधि ।

शास्त्रों में इन सोलह अंगों का विस्तृत वर्णन किया गया है । १. **भक्ति** का विस्तार से वर्णन भागवत आदि भक्ति शस्त्रों के ग्रन्थों में हैं । २. **शुद्धि** के अनेक भेद हैं। किस दिशा में मुख करके साधना करनी चाहिए ? यह दिक्शुद्धि है । कैसे स्थान में बैठकर साधना करनी चाहिए - यह स्थानशुद्धि है । स्नानादि द्वारा शरीरशुद्धि और प्राणायामादि द्वारा मनःशुद्धि होती है । ३. **आसन** - कैसे आसन पर बैठना चाहिए जैसे कि चैलासन, मृगचर्मासन, कुशासन या कम्बल आदि - यह आसन शुद्धि है । ४. **पञ्चाङ्गसेवन** - अपने इष्ट की गीता, सहस्रनाम, स्तव, कवच और हृदय ये पाँच 'पञ्चाङ्ग' कहलाते हैं । ५. **आचार** के अनेक भेद तन्त्र और पुराणों में कहे गए हैं । ६. **धारणा** - मन को

बाहर मूर्त्ति आदि में लगाने से अथवा शरीर के भीतर स्थान विशेषों में मन के स्थिर रखने को 'धारणा' कहते हैं । ७. **दिव्यदेश** - जिन सोलह प्रकार के स्थानों में पीठ निर्माण कर पूजा की जाती है उनको 'दिव्यदेश' कहते हैं । जैसे - मूर्धास्थान, हृत्प्रदेश, नाभिस्थान, घट, पट, पाषाणादि की मूर्त्तियाँ, वेदी (स्थण्डिल) एवं यन्त्र आदि । ८. **प्राण क्रिया** - मन्त्र शास्त्र में प्राणायामों के अतिरिक्त शरीर के नाना स्थानों में प्राण को ले जाकर साधन करने की आज्ञा है - ये सब साधन 'प्राण क्रिया' कहलाते हैं और 'न्यास' आदि इसी के अन्तर्गत आते हैं । ९. **मुद्रा** - मन्त्रयोग में अपने-अपने इष्टदेव को प्रसन्न करने के लिए जो विशेष चेष्टाएँ हैं वे 'मुद्रा' कही जाती हैं जैसे शंखमुद्रा, गदामुद्रा आदि। १०. **तर्पण** - अपने इष्टदेव का पदार्थ विशेष द्वारा तर्पण किया जाना - 'तर्पण' कहलाता है । ११. **हवन** - विशेष द्रव्य के द्वारा अग्नि में आहुति देने को 'हवन' कहते हैं। १२. **बलि** - देवताओं के लिए चरु आदि की बलि दी जाती है । यह बलि तीन प्रकार की कही गई हैं - १. आत्मबलि अहंकारादि की, २. इन्द्रियों की बलि तथा ३. काम-क्रोधादि की बलि । १३. **याग** - अन्तर्याग और बहिर्याग भेद से याग दो प्रकार के होते हैं । १४ **जप** - अपने इष्ट के नाम का या उनके मन्त्रों के जप को 'जप' कहते हैं। जप भी वाचनिक, उपांशु और मानसिक-भेद से तीन प्रकार का कहा गया है । १५. **ध्यान** - इष्ट के रूप का मन के द्वारा ध्यान करने से जो साधना निष्पन्न होती है उसे 'ध्यान' कहते हैं । १६. **समाधि** - इष्टदेव की रूपमाधुरी का ध्यान करते-करते अपने अस्तित्व को भूल जाने की जो अवस्था प्राप्त होती है उसे 'समाधि' कहा जाता है । मन्त्रयोग में इसे ही 'महाभावसमाधि' की संज्ञा दी जाती है ।

तन्त्र और आगम

परमशिवप्रोक्त तन्त्र-आगमों की साधना विधि का नाम 'मन्त्रयोग' है । भारतीय दर्शनों ने निगम (वेद), आगम (तन्त्र) को ही स्वतः परम प्रमाण माना है । ईश्वर के निःश्वासभूत होने से '**वेदाः प्रमाणम्**' और शिवप्रोक्त होने से '**आगमाः प्रमाणम्**' इस प्रकार से कहा गया है ।

आगम शब्द का अर्थ है - '**आगच्छति बुद्धिमारोहति यस्मादभ्युदयनिःश्रेयसोपायः स आगमः** ।' जिसके द्वारा इहलौकिक और पारलौकिक कल्याणकारी उपायों का यथार्थ ज्ञान हो वह 'आगम' शब्द से निरूपित होता है । तन्त्र शब्द भी आगम अर्थ का ही वाचक है, इसका शब्दार्थ इस प्रकार किया गया है -

तनोति विपुलानर्थांस्तत्त्वमन्त्रसमाश्रितान् ।
त्राणं च कुरुते पुंसां तेन तन्त्रमिति स्मृतम् ॥

मन्त्र तत्त्वों का विस्तृत विवेचन एवं उसके तात्पर्यार्थ साधना-प्रक्रिया का पूर्णरूप से विपुल प्रतिपादन करता है तथा मानव-जाति का सभी प्रकार के भयों से परित्राण करता है, अतः उसकी तन्त्र-संज्ञा होती है । इस प्रकार तन्त्रागम के विशाल साहित्य की रहस्यमयी साधनाविधि का नाम ही 'मन्त्रयोग' है ।

मन्त्र और मन्त्रशक्ति

मननात् त्रायत इति मन्त्रः, मननत्राणधर्माणो मन्त्राः ।

मन को मननीय शक्ति प्रदान (एकाग्र) करके जप के द्वारा समस्त भयों का विनाश करके पूर्ण रक्षा करने वाले शब्दों को 'मन्त्र' कहा जाता है । मन् और त्र - ये दो शब्द इसमें हैं । 'मन्' शब्द से मन को एकाग्र करना, 'त्र' शब्द से त्राण (रक्षा) करना जिनका धर्म है और जप से जो अभीष्ट फल प्रदान करें, वे 'मन्त्र' कहे जाते हैं ।

तन्त्र का सिद्धान्त

वेदान्त का सिद्धान्त है कि '**जीवो ब्रह्मैव नापरः**' 'जीव ही ब्रह्म है दूसरा नहीं ।' उसी प्रकार तन्त्र-आगमों का सिद्धान्त है - '**आनन्दं ब्रह्मणो रूपम्**' - आनन्द ही ब्रह्म का रूप है, '**आनन्दाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते, आनन्देन जातानि जीवन्ति, आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्ति, आनन्दं ब्रह्मेति व्यजानात्**' आदि श्रुतियाँ भी इसी आगम-सिद्धान्त का प्रतिपादन करती हैं । परमानन्दघन परात्पर परमेश्वर पूर्ण ब्रह्म ने अपनी अमोघ संकल्प (इच्छा) शक्ति से '**एकोऽहं बहु स्याम**' - मैं अकेला हूँ बहुत हो जाऊँ, इस विचित्र विश्व की रचना करके इसी में प्रवेश किया - '**तत् सृष्ट्वा तदनु प्राविशत्**' ।

इसी तरह तन्त्र-आगमों के भी दार्शनिक सिद्धान्त हैं । यहाँ ब्रह्म का शिव नाम से व्यपदेश किया गया है । सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् भगवान् परमशिव स्वयं संसाररूपी क्रीडा करने के लिये अपनी सर्वज्ञता और सर्वकर्तृता-शक्ति को संकुचित करके मनुष्य-देह का आश्रयण करते हैं - '**मनुष्यदेहमाश्रित्य छन्नास्ते परमेश्वराः**' ।

मनुष्य-देह में प्रच्छन्न रूप से परमेश्वर ही विद्यमान है, यही गीता-शास्त्र में भी कहा गया है -

अवजानन्ति मां मूढा मानुषीं तनुमाश्रितम् ।
परं भावमजानन्तो मम भूतमहेश्वरम् ॥ गीता ९ . ११ ।

यह चराचरात्मक समस्त विश्व उन शिव की क्रीडा है, यह केवल लीलामात्र है - '**क्रीडात्वेनाखिलं जगत्**', '**लीलामात्रं तु केवलम्** ।' अतः यहाँ सिद्ध होता है कि वह परमशिव अपनी सर्वज्ञता एवं सर्वकर्तृता-शक्ति को संकुचित करके मनुष्यदेह में अल्पज्ञता और अल्पकर्तृता धारण करके क्रीडा कर रहे हैं । जब वह अपनी शक्ति को संकुचित करते हैं, तब सुख-दुःख, राग-द्वेष आदि सांसारिक धर्मों से जीव अभिभूत हो जाता है । इसी कारण जीव आधि-व्याधि, शोक-संताप, दीनता-हीनता, दरिद्रता, अहन्ता, ममता, संकल्प-विकल्प आदि आध्यात्मिक, आधिभौतिक, आधिदैविक संतापों से संतप्त-दुःखित हो भय-विह्वल होकर इनसे मुक्ति चाहता है । बस इसी के लिये शास्त्रों में एवं शास्त्रतत्त्वज्ञ योगीन्द्र, मुनीन्द्र, सिद्ध महात्माओं ने विविध प्रकार की साधना-उपासनाओं के विविध विधानों का प्रतिपादन किया है ।

श्रीशिव-निर्मित तन्त्र-आगम-शास्त्रों में स्वात्मबोध एवं स्वरूप-ज्ञान तथा सांसारिक भयंकर संतापों की निवृत्ति के लिये मन्त्र-साधना को ही सर्वोत्तम मान्यता दी गयी है ।

तन्त्रागम के गम्भीर सिद्धान्तों के तात्त्विक एवं विवेचनात्मक ग्रन्थ 'महार्थमञ्जरी' में मन्त्रस्वरूप का सुन्दर संकलन किया गया है -

मननमयी निजविभवे निजसंकोचभये त्राणमयी ।
कवलितविश्वविकल्पा अनुभूतिः कापि मन्त्रशब्दार्थः ॥

सर्वज्ञता-सर्वकर्तृता-शक्ति-सम्पन्न अपने विभव (ऐश्वर्य) का बोध कराना तथा अल्पज्ञता एवं अल्पकर्तृतारूपी संकुचित शक्ति से समुत्पन्न दीनता, हीनता, दरिद्रता आदि सांसारिक संतापों से मुक्त करना और कुत्सित वासनाओं के संकल्प-विकल्पों का 'ग्रास' (विनाश) करके 'शिवोऽहं' की भावना से भावित अनुभूति होना ही मन्त्र-शब्द का तात्पर्यार्थ, स्वरूप या प्रयोजन है । इसी भाव को और भी स्पष्ट किया गया है -

मोचयन्ति च संसाराद्योजयन्ति परे शिवे ।
मननत्राणधर्मित्वात्तेन मन्त्रा इति स्मृताः ॥

नेत्र-तन्त्र में बहुत विस्तार से मन्त्र के तात्त्विक रहस्यों का विवेचन किया गया है। सात करोड़ मन्त्र शिव के मुख से विनिर्गत हुए हैं -

'सप्तकोटिमहामन्त्राः शिववक्त्राद्विनिर्गताः ।'

वर्णमातृकाएँ और मन्त्र का स्वरूप

वर्णमाला के 'अ' से लेकर 'क्ष' तक पचास अक्षरों को 'मातृका' कहते हैं । इन मातृका-वर्णों से ही समस्त मन्त्रों का निर्माण हुआ है । मातृका शब्द का अर्थ है माता या जननी । अतः समस्त वाङ्मय की यह जननी है । ये समस्त मन्त्र वर्णात्मक हैं और मन्त्र शक्ति-स्वरूप हैं । यह मातृका की ही शक्ति है और वह शक्ति शिव की है । अतः समस्त मन्त्र साक्षात् शिवशक्ति-स्वरूप हैं । यही सिद्धान्त भगवान् शंकर पार्वती से कहते हैं -

सर्वे वर्णात्मका मन्त्रास्ते च शक्त्यात्मकाः प्रिये ।
शक्तिस्तु मातृका ज्ञेया सा च ज्ञेया शिवात्मिका ॥

मन्त्र अचिन्त्य शक्तिसम्पन्न होते हैं । इनके सामर्थ्य की इयत्ता का निर्धारण नहीं किया जा सकता । इसीलिये कहा गया है **'मन्त्राणाम्-चिन्त्यशक्तिता'** (परशुरामकल्पसूत्र), **'अचिन्त्यो हि मणिमन्त्रौषधिप्रभावः ।'** इन्हीं मन्त्रात्मक वर्णो से ही समस्त विश्व का सृजन हुआ है - **'वागेव विश्वा भुवनानि जज्ञे ।'** इस प्रकार श्रुति वाक्य भी है ।

आगम-दर्शन की मूल भित्ति शिवादि-क्षिति-पर्यन्त छत्तीस तत्त्वों पर आधारित है । ये तत्त्व मातृका के छत्तीस अक्षरों पर आधारित हैं । इन्हीं तत्त्वों से दृश्यमान समस्त चराचरात्मक विश्व की उत्पत्ति, स्थिति और लय आदि होते हैं । अतः मन्त्रात्मक अक्षरों

को शब्दब्रह्म कहा जाता है । संसार का व्यवहार भी शब्दों के द्वारा ही होता है, इसलिये शब्द-शक्ति सर्वोपरि मानी गयी है। भगवान् परमशिव ने इन्हीं शब्दों से विचित्र चमत्कारपूर्ण समस्त अभीष्ट प्रदान करने वाले मन्त्रों की रचना करके समस्त सांसारिक जीवों पर कारुण्य-पूर्ण अनुग्रह किया । इन मन्त्रों की साधना से सम्पूर्ण अभीष्टों की सिद्धि सरलता से की जा सकती है । किन्तु इनकी साधना विधिवत् एवं शास्त्रानुमोदित करनी चाहिये ।

तन्त्रों में मन्त्रों के स्वरूप का विस्तृत विवेचन उपलब्ध होता है । उसमें तीन जातियाँ एवं चार प्रकार मुख्य हैं । इनका 'शारदातिलक' तन्त्र में इस प्रकार प्रतिपादन किया गया है -

पुंस्त्रीनपुंसकात्मनो मन्त्राः सर्वे समीरिताः ।
मन्त्राः पुंदेवता ज्ञेया विद्या स्त्री देवता स्मृता ॥

पुरुष, स्त्री और नपुंसक - ये तीन जातियाँ मन्त्रों की मानी गयी हैं ।[1] मन्त्र पुरुष-देवतात्मक होते हैं एवं महाविद्या, श्रीविद्या आदि विद्याओं के मन्त्र स्त्री-देवतात्मक कहे जाते हैं । इनके चार प्रकार नित्यातन्त्र में इस प्रकार वर्णित हैं -

मन्त्रा एकाक्षराः पिण्डाः कर्तर्यो द्व्यक्षरा मताः ।
वर्णत्रयं समारभ्य नवार्णावधिबीजकाः ॥
ततो दशार्णमारभ्य यावद्विंशतिमन्त्रकाः ।
अत ऊर्ध्वं गता मालास्तासु भेदो न विद्यते ॥

'एक अक्षर वाले मन्त्र की 'पिण्ड' संज्ञा कही गई है, एवं दो अक्षर की 'कर्तरी', तीन अक्षर से नौ अक्षर तक के मन्त्रों को 'बीज' मन्त्र कहा जाता है, दस अक्षर से बीस अक्षर तक का 'मन्त्र' नाम होता है । बीस अक्षर से अधिक संख्या वाले मन्त्रों को 'माला' मन्त्र कहते हैं ।'[2]

साधक के नाम के साथ इन मन्त्रों के मित्र, शत्रु, साध्य, सिद्ध, सुसिद्ध आदि सम्बन्ध होते हैं । अतः मेलापक-प्रक्रिया से विचार करके मन्त्र ग्रहण करने से ही अभीष्ट-सिद्धि होती है । कामना-परक मन्त्रों का अविचारित रूप से अनुष्ठान करना विपरीत फलदायक भी हो सकता है । अतः '**तस्माच्छास्त्रं प्रमाणं ते कार्याकार्यव्यवस्थितौ**' इस गीतोक्त वचन के अनुसार शास्त्रों के प्रमाण से कर्तव्याकर्तव्य निर्धारण करना आवश्यक है । अतः मन्त्र-साधना तन्त्रशास्त्र प्रतिपादित विधानानुसार करने से ही ऐहिक एवं पारलौकिक अभीष्ट-सिद्धि होती है ।

तन्त्रशास्त्र में कुछ मन्त्र, विद्याएँ कलियुग में सिद्ध मानी गयी हैं । वे सबके लिये उपयोगी हैं । उनमें सिद्धारि आदि मेलापक का विचार आवश्यक नहीं हैं ।

---

१. मन्त्रमहोदधि २४. ६२ ।

२. मन्त्रमहोदधि २४. ७५-७६ ।

मन्त्र-साधन-प्रक्रिया

तन्त्र-आगम-शास्त्र में वर्णित लक्षणों से युक्त गुरु से विधिवत् मन्त्र-दीक्षा-ग्रहण करना चाहिये । उस मन्त्र को अपने इष्टदेव का स्वरूप ही मानना चाहिये । देवताओं का स्वरूप मन्त्रात्मक ही होता है ।

'मन्त्रा वर्णात्मकाः सर्वे सर्वे वर्णाः शिवात्मकाः ।'

श्रीगुरु के मुखारविन्द से निःसृत मन्त्ररूप इष्टदेव को स्वकीय कर्णों के द्वारा हृदय-प्रदेश में विराजमान करके निरन्तर उसकी परिचर्या में संलग्न हो जाना चाहिये । इस साधना के तीन अंग मुख्य हैं - नित्यकर्म, नैमित्तिककर्म और काम्यकर्म ।

नित्यकर्म - नित्यकर्म में प्रातःस्मरण, शौच, दन्तधावन, स्नान, सन्ध्या, पूजा, स्तोत्रपाठ आदि का विधान शास्त्र से या गुरु से सम्यक् प्रकार से जानकर उसका सम्पादन करना चाहिये । प्रातःकाल से लेकर रात्रि में शयनपर्यन्त सभी क्रियाएँ विधिपूर्वक सम्पन्न होनी चाहिये । नित्यकर्मों का पालन करना मन्त्र-साधक के लिये परमावश्यक है ।

नित्यकर्म का लोप होने से प्रत्यवाय होता है । अतः प्रायश्चित्त का विधान है । मनुष्य स्वभाव-सुलभ प्रमाद, विप्रलिप्सा, करणापाटवादि दोषों से यदि नित्यकर्म लोप हो जाय तो प्रायश्चित्त करना परमावश्यक है । वैदिक विधानों के अनुसार मन्त्रयोग में चान्द्रायण व्रतादिकों की तरह प्रायश्चित्त का कठोर विधान नहीं है । केवल कर्मवैगुण्य के अनुसार लाघव-गौरव देखकर मूल मन्त्र-जप-संख्या का ही न्यूनाधिक रूप से सरल विधान शास्त्रों द्वारा प्रतिपादित है । जैसे संध्यालोप होने से मूल मन्त्र का शत-संख्यात्मक एक माला तथा नैमित्तिक कर्म के लोप में सहस्त्र संख्यात्मक दस माला का विधान है ।

नैमित्तिककर्म - विशेष पर्वों पर नैमित्तिक कर्म किए जाते हैं । परशुराम-कल्पसूत्र में पाँच मुख्य पर्व माने गये हैं । पञ्चपर्वो में विशेषार्चा हैं । रात्रिव्यापिनी कृष्णाष्टमी, कृष्णचतुर्दशी, अमावास्या, पूर्णिमा, संक्रान्ति - इन पञ्च पर्वो पर दिन में व्रत रखकर रात्रि में विशेष पूजा-सामग्री से अर्चन करने का विधान है एवं गुरु का जन्मदिन, व्याप्तिदिन, स्वविद्याग्रहणदिन, पुष्यार्क, नवरात्र आदि पर्वो पर अपनी शक्ति के अनुसार व्रतपूर्वक यथाविभव विशेष उत्सव का आयोजन करना चाहिये । इस नित्य और नैमित्तिक कर्म करने वाले साधक के सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं ।

काम्यकर्म - काम्यकर्म उसे कहते हैं जो विशेष कामना-पूर्त्ति के लिये किया जाता है । अपने मूल मन्त्र का पञ्चाङ्ग-पुरश्चरण करने पर जब मन्त्र-चैतन्य का लक्षण उत्पन्न हो जाय तो भिन्न-भिन्न कामनाओं के लिये पृथक्-पृथक् वस्तुओं से होम करने का विधान शास्त्रों में वर्णित है, उन-उन वस्तुओं से होम करने से तत्-तत् कामनाएँ पूर्ण होती है । परन्तु काम्यकर्म करने का शास्त्रों में निषेध ही किया गया है -

शुभं वाप्यशुभं वापि काम्यं कर्म करोति यः ।
तस्यारित्वं व्रजेन्मन्त्रस्तस्मान्न तत्परो भवेत् ॥

अर्थात् शुभ या अशुभ अभिचारादि काम्य कर्म जो करता है, उसके लिये वही मन्त्र शत्रु-भावापन्न हो जाता है ।[1] इसलिये काम्यकर्म में तत्पर नहीं होना चाहिये ।' कोई अत्यावश्यक कार्य हो तो उसके लिये कदाचित् कर लेने का विधान है । अपने मन्त्र का नित्य-नैमित्तिक कर्म करने मात्र से साधक का जिसमें कल्याण निहित है, उसे मन्त्र के अधिष्ठातृ देवता स्वयं सम्पादित करते रहते हैं ।

निष्काम उपासना से ज्ञान प्राप्ति एवं मुक्ति

उपासना का अर्थ है सेवा । इसके कायिक, वाचिक और मानसिक तीन भेद हैं । कायिक का अर्थ है पाद्य, अर्घ्य, स्नान, धूप, दीप, नैवेद्य आदि पञ्चोपचार या षोडशोपचार से पूजा । वाचिक का अर्थ स्तोत्रपाठ करना है । मानसिक का अर्थ ध्यान-जपादि है ।

अपने इष्टदेव के समक्ष सर्वात्मना-(समर्पण)-शरणागत होकर देवता-प्रीत्यर्थ कर्म करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं, यह शास्त्रसम्मत सिद्धान्त है -

निष्कामो देवतां नित्यं योऽर्चयेद् भक्तिनिर्भरः ।
तामेव चिन्तयन्नास्ते यथाशक्ति मनुं जपन् ॥
सैव तस्यैहिकं भारं वहेन्मुक्तिं च साधयेत् ।
सदा संनिहिता तस्य सर्वं च कथयेत सा ॥
वात्सल्यसहिता धेनुर्यथा वत्समनुव्रजेत् ।
तथानुगच्छेत् सा देवी स्वं भक्तं शरणागतम् ॥

निष्काम भक्तिभाव सहित जो इष्ट देवता का अर्चन करता है और निरन्तर उसका ही चिन्तन करता हुआ यथाशक्ति मन्त्र का जप करता है, उसके सांसारिक जितने कार्य हैं, उन सबका वहन भगवती स्वयं करती हैं और अन्त में मोक्ष-प्रदान भी कर देती हैं । इतना ही नहीं, सदा उसके सन्निहित रहती हैं और सब कुछ बताती रहती हैं । वात्सल्यभाव से युक्त होकर जैसे धेनु अपने बछड़े के पीछे रहती है, उसी तरह वह वात्सल्यमयी माता भगवती शरणागत भक्त के कल्याण करने में निरन्तर तत्पर रहती है । इसलिये गीता[2] में भी कहा गया है -

नेहाभिक्रमनाशोऽस्ति प्रत्यवायो न विद्यते ।
स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात् ॥

निष्काम कर्म करने वाले का कभी क्रम-भंग नहीं होता और कोई निषिद्ध कर्म की सम्भावना भी नहीं रहती । निष्काम कर्म का स्वल्परूप आचरण करने से महाभय से परित्राण होता है । अतः मन्त्र-चैतन्य के लिये पुरश्चरणादि अनुष्ठान के बाद मन्त्र-सिद्धि हो जाने पर ऐहिक और पारलौकिक समस्त कार्य स्वयं सिद्ध होते रहते हैं ।

---

१. मन्त्रमहोदधि २५. ७३-७४ ।

२. गीता २. ४० ।

मन्त्रसिद्धि के लिए पुरश्चरण

मन्त्रसिद्धि के लिये पञ्चाङ्ग-पुरश्चरण अत्यावश्यक है एवं अन्य प्रकार से ग्रहण आदि में संक्षेप-पुरश्चरणों का भी शास्त्र में विधान किया गया है तथा औषधियों आदि के प्रयोग से भी सरलता से मन्त्र-सिद्धि हो जाती है । पुरश्चरण नहीं करने से मन्त्र सिद्धिप्रद नहीं होता । कहा भी है -

जीवहीनो यथा देहः सर्वकर्मसु न क्षमः ।
पुरश्चरणहीनोऽपि तथा मन्त्रो न सिद्धिदः ॥

जैसे जीवहीन देह कोई कर्म करने में समर्थ नहीं होता, वैसे ही पुरश्चरण के बिना मन्त्र सिद्धिदायक नहीं होता । अतः भोग एवं मोक्ष दोनों चाहने वाले साधक को पुरश्चरण करना अनिवार्य है । कुछ महाविद्याएँ श्रीविद्या आदि में पुरश्चरण आवश्यक नहीं है । क्योंकि ये विद्याएँ मोक्ष-प्रधान होती हैं, भोगों की इनमें अप्रधानता होती है -

'भोगा भवन्ति चेद् भवन्तु मा भवन्ति मा भवन्तु ।'

भोगों की प्राप्ति होनी ठीक है, न हो तो उनके लिये विशेष अभिलाषा नहीं होती । वैराग्यवान् साधक इन महाविद्याओं का अनुष्ठान मोक्षैक मात्र-प्राप्ति के लिये करते हैं । अन्य मन्त्रों का पुरश्चरण तो परमावश्यक है । पुरश्चरण करने पर भी मन्त्रसिद्धि के लक्षण उत्पन्न न हों तो द्रावण-बोधनादि मन्त्र के संस्कार करने चाहिये ।[1] इनसे मन्त्र सिद्धि देने वाला हो जाता है ।

द्रावणं बोधनं वश्यं पीडनं पोषशोषणम् ।
दाहनं च बुधः कुर्यात्ततः सिद्धो भवेन्मनुः ॥

इन संस्कारों के करने पर भी यदि मन्त्र-सिद्धि न हो तो उस मन्त्र का परित्याग कर देना चाहिये, ऐसा शास्त्रों का मत है । किन्तु महाविद्याओं के परित्याग का विधान नहीं है ।

मन्त्रसिद्धि के लक्षण

तन्त्रान्तरों में मन्त्रसिद्धि के तीन प्रकार के लक्षण बताये गये हैं - उत्तम, मध्यम और अधम ।[2]

उत्तम लक्षण - 'मनोरथानामक्लेशः सिद्धेरुत्तमलक्षणम्' - बिना क्लेश के सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं । (साधना करने वालों के शुभ भाव, पवित्र विचार, सत्संकल्प और श्रेष्ठ मनोरथ होते हैं ।) अतः सिद्ध हुए मन्त्र के द्वारा सदिच्छा पूर्ण हो जाती है एवं अकाल मृत्यु का भय दूर हो जाता है । देवता के दर्शन होते हैं एवं और भी अनेक प्रकार की यौगिक सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं ।

---

१. मन्त्रमहोदधि २४. ९८-१०८ ।
२. मन्त्रमहोदधि २५. ९७-१००

मध्यम लक्षण - 'ख्यातिर्वाहनभूषादिलाभः सुचिरजीवनम्०' - यश, वाहन, भूषण, आरोग्य, रोगविषापहरण शक्ति, पाण्डित्य, कवित्व, वैराग्य, मुमुक्षुत्व, सर्ववश्यता, त्यागभावना, अष्टाङ्गादि योगों का अभ्यास, भोगों की नगण्य इच्छा, समस्त प्राणियों में दया भाव, सर्वज्ञतादि गुणों का उदय आदि मध्यम सिद्धि के लक्षण हैं ।

अधम लक्षण - ख्याति, वाहन, भूषण आदि वैभव की प्राप्ति तथा धन, पुत्र, दारादि लोकैश्वर्य की प्राप्ति - ये मन्त्रसिद्धि के अधम लक्षण है ।

मन्त्रसिद्धि और योग

मनुष्य में यह योग्यता है कि वह सर्वशक्तिमान् से अपने आत्मा का सम्बन्ध स्थापित कर सकता है । इसके लिए योग की आवश्यकता है । चित्तवृत्ति-निरोध द्वारा आत्मसाक्षत्कार के लिए निर्दिष्ट क्रियाओं का नाम 'योग' है । योग के चार पर्व हैं - १. मन्त्रयोग, २. हठयोग, ३. लययोग, ४. राजयोग । इनमें मन्त्रयोग स्थूल, हठयोग सूक्ष्म, लययोग सूक्ष्मतर और राजयोग सूक्ष्मतम है अर्थात् सूक्ष्मातिसूक्ष्म है । वस्तुतः आरम्भ मन्त्रयोग से ही होता है । इन चारों का संक्षिप्त स्वरूप इस प्रकार है - शब्द (मन्त्र एवं अर्थ) तथा मूर्ति - इन दोनों के अवलम्बन से जो योग साधा जाता है वह 'मन्त्रयोग' है। जिन क्रियाओं से चित्तवृत्ति का निरोध किया जाता है वह 'हठयोग' है । पुरुष (आत्मा) में प्रकृति (माया) का लय 'लययोग' है । जो अन्तःकरण (बुद्धि) के द्वारा साधा जाता है वह 'राजयोग' है । योगों में श्रेष्ठ होने के कारण इसको 'राजयोग' कहते हैं । राजयोग में बुद्धि से सम्बन्ध रखने वाली क्रियाओं का अधिक सम्बन्ध है । लययोग में मानसक्रिया का आधिक्य है । 'हठयोग' में वायु-जप क्रिया का प्राबल्य है और 'मन्त्रयोग' में ब्रह्मचर्य रक्षा तथा रेतोधारण पर विशेष आग्रह है ।

मन्त्र के अन्य तत्त्व एवं न्यास

ऋषि - जिन साधक ने सर्वप्रथम शिवजी के मुख से मन्त्र सुनकर विधिवत् उसे सिद्ध किया था, वह उस मन्त्र के 'ऋषि' कहलाते हैं । उन ऋषि को उस मन्त्र का आदि गुरु मानकर श्रद्धा सहित उनका मस्तक में न्यास किया जाता है ।

देवता - जीव मात्र के समस्त क्रिया कलापों को प्रेरित, संचालित एवं नियन्त्रित करने वाली प्राणशक्ति को 'देवता' कहते हैं । यह शक्ति व्यक्ति के हृदय में स्थित होती है । अतः देवता का हृदय में न्यास करते हैं ।

छन्द - मन्त्र को सर्वतोभावेन आच्छादित करने की विधि को 'छन्द' कहते हैं । अक्षर या पदों से छन्द बनता है तथा इनका उच्चारण मुख से होता है । अतः छन्द का मुख में न्यास किया जाता है ।

बीज - मन्त्र शक्ति को उद्भावित करने वाला तत्त्व 'बीज' कहलाता है । अतः बीज का गुप्ताङ्ग (सृजनाङ्ग) में न्यास किया जाता है ।

शक्ति - जिसकी सहायता से बीज मन्त्र बन जाता है, वह तत्त्व 'शक्ति' कहलाता है । उसका पादस्थान में न्यास करते हैं ।

विनियोग - गौतमीय तन्त्र के अनुसार ऋषि एवं छन्द का ज्ञान न होने पर मन्त्र का फल नहीं मिलता तथा उसका विनियोग न करके मात्र जप करने से मन्त्र दुर्बल हो जाता है । मन्त्र को फल की दिशा का निर्देश देना 'विनियोग' कहलाता है । तान्त्रिक परम्परा में ऋषि आदि की जानकारी के साथ साथ उसका यथार्थ विनियोग करना आवश्यक माना गया है । विनियोग में ऋषि, छन्द, देवता, बीज एवं शक्ति के अलावा एक और भी तत्त्व होता है, जिसे कीलक कहते हैं । मन्त्र को धारण करने वाला या मन्त्र शक्ति को सन्तुलित रखने वाला तत्त्व 'कीलक' कहलाता है । इसका सर्वांग में न्यास किया जाता है ।

न्यास - बिना न्यास के मन्त्र जप करने से जप निष्फल और विघ्नदायक कहा गया है । (२१. १५७) संहारन्यास का अर्थ है एक-एक अक्षर का पादादि अंगों में न्यास करना । मन्त्रमहोदधि के ११ वें तरङ्ग में ८ से लेकर ४८ श्लोक तक विभिन्न प्रकार के न्यासों का कथन है ।

अङ्गन्यास - कुलार्णव तन्त्र के अनुसार जो व्यक्ति न्यासरूपी कवच से आच्छादित होकर मन्त्र का जप करता है, उसकी साधना में विघ्न-बाधाएं स्वयं दूर हो जाती हैं, तथा उसे निश्चित सिद्धि मिलती है । जो व्यक्ति अज्ञान या प्रमादवश न्यास नहीं करता उसे पग पग पर विघ्नों का सामना करना होता है । हृदय, शिर, शिखा, कवच, नेत्र एवं करतल इन छः अंगों में मन्त्र का न्यास करना अंगन्यास कहलाता है।

पंचाङ्ग एव षडङ्गन्यास - शारदा तिलक के अनुसार जहाँ पञ्चाङ्ग न्यास कहा गया हो, वहाँ नेत्र को छोड़कर शेष पूर्वोक्त पाँच अंगों में न्यास करना चाहिए । अन्यथा पूर्वोक्त ६ अंगों में न्यास करना चाहिए ।

मन्त्रमहोदधि के कर्ता

श्रीमन्महीधर भट्ट मन्त्रमहोदधि के कर्ता हैं जो राम भक्त फनू भट्ट के आत्मज हैं । ये वत्सगोत्रीय ब्राह्मण हैं । ये संसार की असारता को समझकर अहिच्छत्र ग्राम से आकर काशी में बस गए थे । इन्होंने अपने कल्याण नामक पुत्र और अन्य विद्वानों के आग्रह के कारण इस ग्रन्थ की रचना की थी [१] । ग्रन्थकार के अनुसार १६४५ ई० में इसे काशी में रचा गया था । श्री मन्महीधर लक्ष्मीनृसिंह के उपासक थे [२]।

श्री मन्महीधर भट्ट ने 'नौका' नामक स्वोपज्ञ टीका भी लिखी है । यह टीका अत्यन्त उपादेय है । जहाँ कहीं संकेत हैं उन्हें यह अनादृत कर देती है ।

---

१. मं० महो० २५. १२१-१२५ ।

२. मं० महो० २५. १२७-१३२ ।

इस ग्रन्थ के कुल ३३ सौ श्लोक अधिकतर अनुष्टुप् छन्द में विरचित हैं । प्रत्येक तरङ्ग में एक देवता और उनसे सम्बन्धित अन्य उनके भेदोपभेद का वर्णन है । पहले उन देवता का ध्यान बतलाते हैं फिर उनकी पूजा पद्धति और उनमें प्रयुक्त होने वाले मन्त्रों का उद्धार करते हैं । नौका टीका में शारदातिलक[1] और डामर तन्त्र का उल्लेख होने से ऐसा प्रतीत होता है कि इन्होंने यद्यपि इस ग्रन्थ की रचना अन्य ग्रन्थों के भी आधार पर की है किन्तु मुख्यतया ये दो ग्रन्थ इनके लिए उपजीव्य रहे हैं ।

मन्त्रमहोदधि के विषय

मन्त्रमहोदधि में पच्चीस तरङ्ग हैं । प्रथम तरङ्ग में भूतशुद्धि, प्राणप्रतिष्ठा, मातृकान्यास, पुरश्चरण और होम की विधि तथा तर्पण का विषय प्रतिपादन किया गया है । द्वितीय तरङ्ग में गणेश के विविध मन्त्र और उनकी सिद्धि के प्रकार कहे गए हैं । तृतीय तरङ्ग में काली तथा काली नाम से अभिहित दक्षिणकाली आदि के अनेक मन्त्र एवं सुमुखी के मन्त्र का प्रतिपादन एवं काम्यप्रयोग कहा गया है ।चतुर्थ तरङ्ग में तारा की उपासना तथा पञ्चम तरङ्ग में तारा के भेद कहे गए हैं ।

छठे तरङ्ग में छिन्नमस्ता, शबरी, स्वयम्बरा, मधुमती, प्रमदा, प्रमोदा, बन्दी जो बन्धन से मुक्त करती हैं - उनके मन्त्रों को बताया गया है । सप्तम तरङ्ग में वटयक्षिणी, वटयक्षिणी के भेद, वाराही, ज्येष्ठा, कर्णपिशाचिनी, स्वप्नेश्वरी, मातङ्गी, बाणेशी एवं कामेशी के मन्त्रों को प्रतिपादित किया गया है । अष्टम तरङ्ग में त्रिपुरा बाला तथा उनके भेदों का विवेचन विस्तार से किया गया है । नवम तरङ्ग में अन्नपूर्णा, उनके भेद त्रैलोक्यमोहन गौरी एवं ज्येष्ठालक्ष्मी तथा उनके साथ ही प्रत्यंगिरा के भी मन्त्रों का निर्देश किया गया है । दशम तरङ्ग में बगलामुखी तथा वाराही एवं वार्त्ताली को भी बतलाया गया है ।

एकादश तरङ्ग में श्रीविद्या तथा द्वादश तरङ्ग में उनके आवरण पूजा की विधि बताई गई है । त्रयोदश तरङ्ग में भक्तराज हनुमान् के मन्त्रों एवं प्रयोगों का विशद् रूप से प्रतिपादन किया गया है ।चतुर्दश तरङ्ग में नृसिंह, गोपाल एवं गरुड मन्त्रों का प्रतिपादन है । पञ्चदश तरङ्ग में सूर्य, भौम, बृहस्पति, शुक्र एवं वेदव्यास के मन्त्रों को बताया गया है ।

षोडश तरङ्ग में महामृत्युञ्जय, रुद्र एवं गङ्गा तथा मणिकर्णिका के मन्त्र कहे गए हैं । सप्तदश तरङ्ग में कार्त्तवीर्यार्जुन के मन्त्र, दीपदान विधि आदि का वर्णन है । अष्टादश तरङ्ग में कालरात्रि के मन्त्र, नवार्णमन्त्र, शतचण्डी और सहस्रचण्डी विधान का सविस्तार वर्णन किया गया है । उन्नीसवें तरङ्ग में चरणायुध मन्त्र, शास्ता मन्त्र, पार्थिवार्चन, धर्मराज, चित्रगुप्त के मन्त्रों का प्रतिपादन करते हुये आसुरी (दुर्गा) मन्त्र की विधि का प्रतिपादन किया गया है । बीसवें तरङ्ग में विविध यन्त्र, स्वर्णाकर्षण भैरव की उपासना विधि तथा अनेक यन्त्रों का वर्णन है ।

---

१. मं० महो० ६. ५२-५३ पर नौका टीका ।

इक्कीसवें तरङ्ग में स्नान से लेकर अन्तर्याग तथा नित्यकर्म का वर्णन है । बाइसवें तरङ्ग में अर्घ्यस्थापन से लेकर पूजन पर्यन्त कृत्य तथा पूजा के भेद बतलाये गए हैं । त्रयोविंशति तरङ्ग में दमनक तथा पवित्रक से इष्टदेव के समर्चन का विधान कहा गया है । चौबीसवें तरङ्ग में मन्त्र शोधन की नाना प्रकार की प्रक्रिया कही गई है । पच्चीसवें तरङ्ग में षट्कर्मों के समस्त विधान का निर्देश है । इस प्रकार मन्त्रमहोदधि के पच्चीस तरङ्गों में मन्त्र सम्बन्धी समस्त विषयों का प्रतिपादन किया गया है ।

भूतशुद्धि

प्रथम तरङ्ग में १० वें श्लोक से लेकर ३४ वें श्लोक तक भूतशुद्धि का विवेचन है जो संक्षेप में इस प्रकार है -

भूतशुद्धि का अर्थ है अव्यय ब्रह्म के संयोग से शरीर के रूप में परिणत पञ्चभूतों का शोधन । भावनाशक्ति और मन्त्रशक्ति के संयोग से क्रियाविशेष द्वारा शरीरस्थ मलिन भूतों को भस्म करके, नवीन दिव्य भूतों का निर्माण करने और स्थूलशरीर और सूक्ष्मशरीर के शोधन में ही इस क्रिया का तात्पर्य है । चित्तशुद्धि के लिए जितनी क्रियाओं का निर्देश किया गया है, उनमें इस क्रिया का स्थान सर्वोपरि है । वसिष्ठसंहिता में तो यहाँ तक कहा गया है कि इसके बिना जप-पूजादि कृत्य निरर्थक हो जाते हैं । वास्तव में ऐसी ही बात है । जब तक शरीर अशुद्ध रहेगा, मन में पाप भावनाएँ रहेंगी तब तक एकाग्र भाव से किसी की पूजा, ध्यान आदि कैसे किये जा सकते हैं । मन्त्रमहोदधि में इसकी विधि इस प्रकार बताई गई है -

स्नान, सन्ध्या आदि नित्य कृत्यों से निवृत्त होकर ध्यान के स्थान पर आवे और वहाँ आसन पर बैठकर आचमनादि आवश्यक कृत्य करके अपने चारों ओर जल छिड़के और ऐसी भावना करे कि मेरे चारों तरफ अग्नि की एक दिव्य चहारदीवारी है - ऐसा करते समय अग्नि बीज 'रं' का जप करता रहे और मेरा आसन दृढ़ एवं शरीर स्थिर है, परमात्मा की कृपा से कोई विघ्न-बाधा मुझे अपने संकल्प से विमुख नहीं कर सकेगी इस प्रकार सोंचे । इसके पश्चात् भूतशुद्धि का संकल्प करे -

'ओम् अद्येत्यादि देवपूजाद्यधिकारसिद्धये भूतशुद्ध्याद्यहं करिष्ये ।'

तत्पश्चात् कुण्डलिनी का चिन्तन करे । कुण्डलिनी सहस्र सहस्र विद्युत् की कान्ति के समान देदीप्यमान है और कमलनालगत तन्तु के समान सूक्ष्म एवं सर्पाकार है । वह मूलाधार चक्र में सोती रहती है । अब वह जग गयी है और क्रमशः स्वाधिष्ठान और मणिपूर चक्र का भेदन करके सुषुम्णामार्ग से हृदय स्थित अनाहत चक्र में आ गयी है । हृदय में दीपशिखा के समान आकार वाला जीव निवास करता है । उसे उसने अपने मुख में ले लिया और कण्ठस्थ विशुद्धचक्र तथा भ्रूमध्यस्थ आज्ञा चक्र का भेदन करके पूर्वोक्त मार्ग से ही सहस्रार में पहुँच गयी । सहस्रार में परमात्मा का निवास है । 'हंसः' मन्त्र के द्वारा वह कुण्डलिनी जीवात्मा के साथ ही परमात्मा में विलीन हो गयी ।

इसके बाद ऐसी भावना करनी चाहिए "कि शरीर में पैर के तलवे से लेकर जानुपर्यन्त (१) पृथिवी-मण्डल है । वह चौकोर है और उसका रंग पीला है । उसी में पादेन्द्रिय, चलने की क्रिया, गन्तव्य, स्थान, गन्ध, घ्राण, पृथिवी, ब्रह्मा, निवृत्ति कला एवं समान वायु निवास करते हैं । इनका स्मरण करके **'ॐ हां ब्रह्मणे पृथिव्यधिपतये निवृत्ति कलात्मने हुं फट् स्वाहा'** इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए कुण्डलिनी के द्वारा उन्हें जलस्थान में विलीन कर देना चाहिए ।

जानु से नाभि पर्यन्त श्वेत वर्ण का अर्द्धचन्द्राकार (२) जलमण्डल है । उसी में हस्त-इन्द्रिय, दानक्रिया, दातव्य, रस, रसनेन्द्रिय, जल, विष्णु, प्रतिष्ठाकला, और उदान वायु निवास करते हैं । उनका स्मरण करके **'ॐ ह्रीं विष्णवे जलाधिपतये प्रतिष्ठाकलात्मने हुं फट् स्वाहा'** । इस मन्त्र का उच्चारण करके कुण्डलिनी के द्वारा उन सबको अग्नि स्थान में विलीन कर देना चाहिए ।

नाभि से लेकर हृदय पर्यन्त रक्तवर्ण का त्रिकोण (३) अग्निमण्डल है। उसमें पायु-इन्द्रिय, विसर्ग क्रिया, विसर्जनीय, रूप, चक्षु, तेज, रुद्र, विद्याकला एवं व्यान वायु निवास करते हैं । उनका स्मरण करके - **'ॐ हूं रुद्राय तेजोऽधिपतये विद्याकलात्मने हुं फट् स्वाहा'** इस मन्त्र का उच्चारण करके कुण्डलिनी के द्वारा वायुमण्डल में विलीन कर देना चाहिए ।

हृदय से भ्रूपर्यन्त काले रंग का गोलाकार छः बिन्दुओं से चिन्हित (४) वायुमण्डल है । उसमें उपस्थ-इन्द्रिय, आनन्द-क्रिया, उस इन्द्रिय का विषय, स्पर्श, स्पर्श का विषय और वायु ईशान, शान्तिकला एवं अपान वायु का निवास है । उनका स्मरण करके - **'ॐ हैं ईशानाय वाय्वधिपतये शान्तिकलात्मने हुँ फट् स्वाहा'** इस मन्त्र का उच्चारण करके आकाशमण्डल में उनको विलीन कर देना चाहिए ।

भ्रूमध्य से ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त स्वच्छ (५) आकाशमण्डल है । उसमें वाग्-इन्द्रिय, वचन-क्रिया, वक्तव्य शब्द, श्रोत्र, आकाश, सदाशिव, शान्त्यतीतकला और प्राण वायु का निवास है । उनका स्मरण करके - **'ॐ हौं सदाशिवाय आकाशाधिपतये शान्त्यतीत-कलात्मने हुं फट् स्वाहा'** इस मन्त्र का उच्चारण करके उन सबको कुण्डलिनी के द्वारा अहंकार में विलीन कर दे ।

अहंकार को महत्तत्त्व में और महत्तत्त्व को शब्दब्रह्मरूपा हृदयशब्द के सूक्ष्मतम अथ प्रकृति में विलीन कर दे और प्रकृति को नित्यशुद्धबुद्ध स्वभाव, स्वयं प्रकाश, सत्यज्ञान, अनन्त, आनन्दस्वरूप, परम कारण, ज्योतिःस्वरूप परब्रह्म परमात्मा में विलीन कर दे ।

इसके पश्चात् पाप पुरुष का शोषण करने के लिये विनियोग करे - **'ॐ शरीरस्यान्तर्यामीऋषिः सत्यं देवता प्रकृतिपुरुषश्छन्दः पापपुरुषशोषणे विनियोगः'** । पहले पाप पुरुष का चिन्तन इस प्रकार करना चाहिए - मेरी वाम कुक्षि में अनादि कालीन पाप मूर्तिमान् पुरुष के रूप में निवास करता है । उसका शरीर अँगूठे के बराबर है । वह

कान्तिहीन है । पाँच महापापों से ही उसके शरीर का निर्माण हुआ है - ब्रह्महत्या उसका सिर है, स्वर्णस्तेय (सोने की चोरी) दोनों हाथ हैं, सुरापान हृदय है, गुरुतल्पगमन कटि है और इन पापों से युक्त पुरुषों का संसर्ग दोनों पैर हैं, अंग-प्रत्यंग पाप से ही बने है । रोम-रोम उपपातक हैं, दाढ़ी और आँखें लाल हैं, उसके हाथों में अविवेक का खड्ग और अहंता की ढाल है, असत्य के घोड़े पर सवार है, चेहरे से पिशुनता प्रकट हो रही है, क्रोध के दाँत हैं, काम का कवच है । गदहे के समान रेंकता है । ऐसा मूढ़ पाप पुरुष व्याधिग्रस्त होने के कारण मरणासन्न हो रहा है ।

इस प्रकार पाप पुरुष का चिन्तन करके उसके शोषण का विनियोग करना चाहिए । ॐ 'यं' - यह वायु-बीज है । इसके किष्किन्ध ऋषि हैं, वायु देवता हैं और जगती छन्द है । पाप पुरुष के शोषण में इनका विनियोग है । नाभि के मूल में षड्बिन्दु चिन्हित एक मण्डल है । उस पर धूम्रवर्ण का वायु बीज 'यं' रहता है । उसकी ध्वजाएँ चञ्चल होती रहती हैं और उसमें से 'घूं-घूं' शब्द निकलता रहता है । सबको सुखा डालना उसका काम है । इस प्रकार 'यं' बीज का चिन्तन करके और पूरक के द्वारा सोलह बार उसकी आवृत्ति करके उस बीज से उठे हुए वायु के द्वारा पाप पुरुष के समस्त शरीर को सूखा हुआ देखना चाहिए ।

इसके पश्चात् अग्नि-बीज 'रं' का चिन्तन करना चाहिए । इसके कश्यप ऋषि, अग्नि देवता और त्रिष्टुप छन्द हैं । हृदय में रक्तवर्ण का अग्निमण्डल है । उसके देवता रुद्र हैं, विद्याकला का उसी में निवास है । उसमें बीज है 'रं' । ऐसा चिन्तन करके कुम्भक के द्वारा ६४ या ५० बार 'रं' की आवृत्ति करके पाप पुरुष के सूखे हुए शरीर को भस्म कर दे । इसके पश्चात् पूर्वोक्त प्रकार से वायु-बीज 'यं' की ३२ बार आवृत्ति करके रेचक प्राणायाम के द्वारा पापपुरुष का भस्म उड़ा दे ।

इसके पश्चात् वरुण-बीज 'वं' का चिन्तन करे । इसके हिरण्यगर्भ ऋषि हैं, हंस देवता हैं और त्रिष्टुप् छन्द है । सिर में अर्द्धचन्द्राकार दो श्वेत पद्म वाले वरुणदैवत वरुण-बीज 'वं' का चिन्तन करना चाहिए और उससे प्रवाहित होने वाले अमृत से पिण्डीभूत भस्म को आप्लावित अनुभव करना चाहिए ।

इसके पश्चात् पृथिवी-बीज 'लं' का चिन्तन करे । इसके ऋषि ब्रह्मा हैं, देवता इन्द्र हैं और छन्द गायत्री । आधारमण्डल में वज्रलाञ्छित पृथिवी है - चौकोर, कड़ी, पीली और इन्द्रदैवत । उस पर 'लं' बीज का चिन्तन करना चाहिए ।

उसके प्रभाव से शरीर को दृढ़ एवं कठिन चिन्तन करके आकाश-बीज 'हं' का चिन्तन करना चाहिए । आकाश मण्डल वृत्ताकार, स्वच्छ, शान्त्यतीतकला से युक्त, आकाश दैवत एवं 'हं' रूप है । इसकी भावना से शरीर सावकाश एवं व्यूहित हो जाता है । इसमें अपना दिव्य शरीर भावित करके पूर्वोक्त प्रक्रिया से परमात्मा में विलीन तत्त्वों को पुनः अपने-अपने स्थान पर स्थापित करना चाहिए ।

इस प्रकार जब सूक्ष्म शरीर और स्थूलशरीर की दिव्यता सम्पन्न हो जाय, तब 'ॐ सोऽहम्' इस मन्त्र से परमात्मा की सन्निधि से जीव को हृदय-कमल में ले आवे और ऐसा अनुभव करे कि मैं परमात्मा की सत्ता, शक्ति, कृपा, सान्निध्य और सायुज्य का अनुभव करके परम पवित्र और दिव्य हो गया हूँ । मेरा शरीर, पापरहित, नूतन, निर्मल और इष्ट देवता की आराधना के योग्य हो गया है । इसके पश्चात् आगे का अनुष्ठान कार्य प्रारम्भ करे ।

गणेश

गणेश विघ्न निवारण के देवता हैं । इसलिए मन्त्रमहोदधि में भूतशुद्धि आदि के बाद द्वितीय तरङ्ग में इनसे सम्बन्धित मन्त्रों का वर्णन है । यह जल तत्त्व के देवता हैं अतः पञ्चायतन देवों में भी इनकी उपासना पूजा होती है ।

विद्यास्वरूपा महाशक्ति

तृतीय तरङ्ग से लेकर १२वें तरङ्ग तक महाविद्याओं से सम्बन्धित मन्त्रों का विवेचन है । इनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार हैं -

महाशक्ति विद्या और अविद्या दोनों ही रूपों में विद्यमान हैं । अविद्या-रूप में वे प्राणियों के मोह की कारण हैं तो विद्या-रूप में मुक्ति की । शास्त्र और पुराण उन्हें विद्या के रूप में और परम-पुरुष को विद्यापति के रूप में मानते हैं ।

महाविद्याओं का प्रादुर्भाव - दस महाविद्याओं का सम्बन्ध परम्परातः सती, शिवा और पार्वती से है । ये ही अन्यत्र नवदुर्गा, शक्ति, चामुण्डा, विष्णुप्रिया आदि नामों से पूजित और अर्चित होती हैं ।

महाभागवत में कथा आती है कि दक्ष प्रजापति ने अपने यज्ञ में शिव को आमन्त्रित नहीं किया । सती ने शिव से उस यज्ञ में जाने की अनुमति माँगी । शिव ने अनुचित बताकर उन्हें जाने से रोका, पर सती अपने निश्चय पर अटल रहीं। उन्होंने कहा - 'मैं प्रजापति के यज्ञ में अवश्य जाऊँगी और वहाँ या तो अपने प्राणेश्वर देवाधिदेव के लिए यज्ञभाग प्राप्त करूँगी या यज्ञ को ही नष्ट कर दूँगी । यह कहते हुए सती के नेत्र लाल हो गये । वे शिव को उग्र दृष्टि से देखने लगीं । उनके अधर फड़कने लगे, वर्ण कृष्ण हो गया । क्रोधाग्नि से दग्ध शरीर महाभयानक एवं उग्र दीखने लगा । देवी का यह स्वरूप साक्षात् महादेव के लिए भी भयप्रद और प्रचण्ड था । उस समय उनका श्रीविग्रह करोड़ों मध्याह्न के सूर्यों के समान तेजःसम्पन्न था और वे बारंबार अट्टहास कर रही थीं ।

देवी के इस विकराल महाभयानक रूप को देखकर शिव भाग चले । भागते हुए रुद्र को दसों दिशाओं में रोकने के लिए देवी ने अपनी अङ्गभूता दस देवियों को प्रकट किया । देवी की ये स्वरूपा शक्तियाँ ही दस महाविद्याएँ हैं, जिनके नाम हैं - काली, तारा, छिन्नमस्ता, भुवनेश्वरी, बगलामुखी, धूमावती, त्रिपुरसुन्दरी, मातङ्गी, षोडशी और त्रिपुरभैरवी ।

शिव ने सती से इन महाविद्याओं का जब परिचय पूँछा, तब सती ने स्वयं इसकी व्याख्या करके उन्हें बताया -

येयं ते पुरतः कृष्णा सा काली भीमलोचना ।
श्यामवर्णा च या देवी स्वयमूर्ध्वं व्यवस्थिता ॥
सेयं तारा महाविद्या महाकालस्वरूपिणी ।
सव्येतरेयं या देवी विशीर्षातिभयप्रदा ॥
इयं देवी छिन्नमस्ता महाविद्या महामते ।
वामे तवेयं या देवी सा शम्भो भुवनेश्वरी ॥
पृष्ठतस्तव या देवी बगला शत्रुसूदनी ।
वह्निकोणे तवेयं या विधवारूपधारिणी ॥
सेयं धूमावती देवी महाविद्या महेश्वरी ।
नैर्ऋत्यां तव या देवी सेयं त्रिपुरसुन्दरी ॥
वायौ या ते महाविद्या सेयं मतङ्गकन्यका ।
ऐशान्यां षोडशी देवी महाविद्या महेश्वरी ॥
अहं तु भैरवी भीमा शम्भो मा त्वं भयं कुरु ।
एताः सर्वाः प्रकृष्टास्तु मूर्तयो बहुमूर्तिषु ॥

'शम्भो ! आपके सम्मुख जो यह कृष्णवर्णा एवं भयंकर नेत्रों वाली देवी स्थित हैं वह **'काली'** हैं । जो श्याम वर्ण वाली देवी स्वयं ऊर्ध्व भाग में स्थित हैं, यह महाकालस्वरूपिणी महाविद्या 'तारा' हैं । महामते ! बायीं ओर जो यह अत्यन्त भयदायिनी मस्तकरहित देवी हैं, यह महाविद्या **' छिन्नमस्ता'** हैं । शम्भो ! आपके वामभाग में जो यह देवी है, वह **'भुवनेश्वरी'** हैं । आप के पृष्ठभाग में जो देवी है, वह शत्रुसंहारिणी **'बगला'** हैं । आपके अग्निकोण में जो यह विधवा का रूप धारण करने वाली देवी है, वह महेश्वरी-महाविद्या **'धूमावती'** हैं । आप के नैर्ऋत्य कोण में जो देवी है, वह **'त्रिपुरसुन्दरी'** हैं । आप के वायव्यकोण में जो देवी है, वह मतङ्गकन्या महाविद्या **मातङ्गी** हैं । आपके ईशानकोण में महेश्वरी महाविद्या **'षोडशी'** देवी हैं । शम्भो ! मैं भयंकर रूपवाली **'भैरवी'** हूँ । आप भय मत करें । ये सभी मूर्तियाँ बहुत-सी मूर्तियों में प्रकृष्ट हैं ।'

महाविद्याओं के क्रम-भेद तो प्राप्त होते हैं, परन्तु काली की प्राथमिकता सर्वत्र देखी जाती है । यों भी दार्शनिक दृष्टि से कालतत्त्व की प्रधानता सर्वोपरि है । इसलिए मूलतः महाकाली या काली अनेक रूपों में विद्याओं की आदि हैं और उनकी विद्यामय विभूतियाँ ही महाविद्याएँ हैं । ऐसा प्रतीत होता है कि महाकाल की प्रियतमा काली अपने दक्षिण और वाम रूपों में दस महाविद्याओं के रूप में विख्यात हुई और उनके विकराल तथा सौम्य रूप ही विभिन्न नाम-रूपों के साथ दस महाविद्याओं के रूप में अनादिकाल से अर्चित हो रहे हैं । ये रूप अपनी उपासना, मन्त्र और दीक्षाओं के भेद से अनेक होते हुए भी मूलतः एक ही हैं । अधिकारि भेद से इनके अलग-अलग रूप और उपासना स्वरूप प्रचलित हैं।

सृष्टि में शक्ति और संहार में शिव की प्रधानता दृष्ट है । जैसे अमा और पूर्णिमा दोनों दो भासती हैं, पर दोनों दोनों की तत्त्वतः एकात्मता और एक दूसरे की कारण-परिणामी हैं, वैसे ही दस महाविद्याओं के रौद्र और सौम्य रूपों को भी समझना चाहिए । काली, तारा, छिन्नमस्ता, बगला और धूमावती विद्यास्वरूप भगवती के प्रकट-कठोर किंतु अप्रकट करुण-रूप हैं तो भुवनेश्वरी, षोडशी (ललिता), त्रिपुरभैरवी, मातङ्गी और कमला विद्याओं के सौम्यरूप हैं ।

बृहन्नील तन्त्र में कहा गया है कि रक्त और कृष्ण भेद से काली ही दो रूपों में अधिष्ठित हैं । कृष्णा का नाम 'दक्षिणा' है तो रक्तवर्णा का नाम सुन्दरी -

विद्या हि द्विविधा प्रोक्ता कृष्णा रक्ता-प्रभेदतः ।
कृष्णा तु दक्षिणा प्रोक्ता रक्ता तु सुन्दरी मता ॥

इस प्रकार उपासना के भेद से दोनों में द्वैत है, परन्तु तत्त्वदृष्टि से अद्वैत है । देवीभागवत के अनुसार सदाशिव फलक हैं तथा ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और ईश्वर उस फलक या श्रीमञ्च के पाये हैं । इस श्रीमञ्च पर भुवनेश्वरी भुवनेश्वर के साथ विद्यमान हैं और सात करोड़ मन्त्र इनकी आराधना में लगे हुए हैं ।

१. काली - दस महाविद्याओं में काली प्रथम हैं । कालिका पुराण के अनुसार एक बार देवताओं ने हिमालय पर जाकर महामाया का स्तवन किया । पुराणकार के अनुसार यह स्थान मतङ्ग मुनि का आश्रम था । स्तुति से प्रसन्न होकर भगवती ने मतङ्ग-वनिता बनकर देवताओं को दर्शन दिया और पूँछा कि 'तुमलोग किस की स्तुति कर रहे हो ।' तत्काल उनके श्रीविग्रह से काले पहाड़ के समान वर्ण वाली दिव्य नारी का प्राकट्य हुआ । उस महातेजस्विनी ने स्वयं ही देवताओं की ओर से उत्तर दिया कि 'ये लोग मेरा ही स्तवन कर रहे हैं ।' वे गाढ काजल के समान कृष्णा थीं, इसीलिए उनका नाम 'काली' पड़ा ।

महाकाली प्रलय काल से सम्बद्ध होने से अतएव कृष्णवर्णा हैं । वे शव पर आरूढ इसीलिए हैं कि शक्तिविहीन विश्व मृत ही है । शत्रुसंहारक शक्ति भयावह होती हैं, इसीलिए काली की मूर्ति भयावह है । शत्रु-संहार के बाद विजयी योद्धा का अट्टहास भीषणता के लिए होता है, इसलिए महाकाली हँसती रहती हैं ।

२. तारा - वास्तव में काली को ही नीलरूपा होने से 'तारा' भी कहा गया है । वचनान्तर से तारा नाम का रहस्य यह भी है कि वे सर्वदा मोक्ष देने वाली - तारने वाली हैं, इसलिए तारा हैं । अनायास ही वे वाक् प्रदान करने में समर्थ हैं, इसलिए 'नीलसरस्वती' भी हैं । भयंकर विपत्तियों से रक्षण कर कृपा प्रदान करती हैं, इसलिए वे उग्रतारिणी या 'उग्रतारा' हैं ।

तारा और काली यद्यपि एक ही हैं तथापि बृहन्नील तन्त्रादि ग्रन्थों में उनके विशेष रूप की चर्चा है । हयग्रीव का वध करने के लिए देवी को नील-विग्रह प्राप्त हुआ ।

शव-रूप शिव पर प्रत्यालीढ मुद्रा में भगवती आरूढ हैं और उनकी नीले रंग की आकृति है तथा नील कमलों की भाँति तीन नेत्र तथा हाथों में कैंची, कपाल, कमल और खड्ग हैं । व्याघ्रचर्म से विभूषित उन देवी के कण्ठ में मुण्डमाला है । वे उग्रतारा हैं, पर भक्तों पर कृपा करने के लिए उनकी तत्परता अमोघ है । इस कारण वे महाकरुणामयी हैं ।

तारा तन्त्र में कहा गया है

समुद्र मथने देवि कालकूट समुपस्थितम् ॥

समुद्र मन्थन के समय जब कालकूट विष निकला तो बिना किसी क्षोभ के उस हलाहल विष को पीने वाले शिव ही अक्षोभ्य हैं और उनके साथ तारा विराजमान हैं । **शिव शक्ति संगम तन्त्र** में अक्षोभ्य शब्द का अर्थ महादेव ही निर्दिष्ट है । अक्षोभ्य को द्रष्टा ऋषि शिव कहा गया है । अक्षोभ्य शिव ऋषि को मस्तक पर धारण करने वाली तारा तारिणी अर्थात् तारण करने वाली हैं । उनके मस्तक पर स्थित पिङ्गल वर्ण उग्र जटा का रहस्य भी अद्भुत है । यह फैली हुई उग्र पीली जटाएं सूर्य की किरणों की प्रतिरूपा हैं । यही एकजटा है । इस प्रकार अक्षोभ्य एवं पिङ्गोग्रैक जटा धारिणी उग्र तारा एकजटा के रूप में पूजित हुईं । वही उग्र तारा शव के हृदय पर चरण रख कर उस शव को शिव बना देने वाली नीलसरस्वती हो गईं । जैसा कि कहा है -

मातर्नीलसरस्वति प्रणमतां सौभाग्य सम्पत्प्रदे ।
प्रत्यालीढपदस्थिते शिवहृदि स्मेराननाम्भोरुहे ॥

शब्दकल्पद्रुम के अनुसार तीन रूपों वाली तारा, एकजटा और नीलसरस्वती एक ही तारा के त्रिशक्ति रूप हैं ।

नीलया वाक्प्रदा चेति तेन नीलसरस्वती ।
तारकत्वात् सदा तारा सुखमोक्षप्रदायिनी ॥
उग्रापत्तारिणी यस्मादुग्रतारा प्रकीर्तिता ।
पिङ्गोग्रैकजटायुक्ता सूर्यशक्तिस्वरूपिणी ॥

सर्वप्रथम महर्षि वसिष्ठ ने तारा की उपासना की । इसलिए तारा को 'वसिष्ठाराधिता तारा' भी कहा जाता है । वसिष्ठ ने पहले वैदिक रीति से आराधन की, जो सफल न हो सकी । उन्हें अदृश्य शक्ति से संकेत मिला कि वे तान्त्रिक पद्धति के द्वारा जिसे 'चीनाचार' कहा गया है, उपासना करें । ऐसा करने से ही वसिष्ठ को सिद्धि मिली। यह कथा **'आचार-तन्त्र'** में वसिष्ठ मुनि की आराधना के उपाख्यान में वर्णित है ।

३. छिन्नमस्ता - एक बार भगवती भवानी अपनी सहचरियों जया और विजया के साथ मन्दाकिनी में स्नान करने के लिए गयीं । वहाँ स्नान करने पर क्षुधाग्नि से पीड़ित होकर वे कृष्णवर्ण की हो गयीं । उस समय उनकी सहचरियों ने उनसे कुछ भोजन करने के लिए मांगा । देवी ने उनसे कुछ प्रतीक्षा करने के लिए कहा । कुछ समय प्रतीक्षा करने

के बाद पुनः याचना करने पर देवी ने पुनः प्रतीक्षा करने के लिए कहा । बाद में उन देवियों ने विनम्र स्वर में कहा कि 'माँ तो शिशुओं को तुरन्त भूख लगने पर भोजन प्रदान करती है ।' इस प्रकार उनके मधुर वचन सुनकर कृपामयी ने अपने कराग्र से अपना सिर काट दिया । कटा हुआ सिर देवी के बायें हाथ में आ गिरा और कबन्ध से तीन धाराएँ निकलीं । वे दो धाराओं को अपनी दोनों सहेलियों की ओर प्रवाहित करने लगीं, जिसे पीती हुई वे दोनों प्रसन्न होने लगीं और तीसरी धारा जो ऊपर की ओर प्रवाहित थी उसे वे स्वयं पान करने लगीं । तभी से वे 'छिन्नमस्ता' कही जाने लगीं ।

छिन्नमस्ता भगवती छिन्नशीर्ष (कटा सिर) कर्तरी (कृपाण) एवं खप्पर लिए हुए स्वयं दिगम्बर रहती हैं । कबन्ध-शोणित की धारा पीती रहती हैं । कटे हुए सिर में नागबद्धमणि विराज रही है, सफेद खुले केशों वाली, नील-नयना और हृदय पर उत्पल (कमल) की माला धारण किए हुए ये देवी सुरतासक्त मनोभव के ऊपर विराजमान रहती हैं ।

४. **भुवनेश्वरी** - देवी भागवत में वर्णित मणिद्वीप की अधिष्ठात्री देवी हल्लेखा (ह्रीं) मन्त्र की स्वरूपा शक्ति और और सृष्टि क्रम में महालक्ष्मी स्वरूपा - आदि शक्ति भगवती भुवनेश्वरी शिव के समस्त लीला-विलास की सहचरी और निखिल प्रपञ्चों की आदि-कारण, सब की शक्ति और सब को नाना प्रकार से पोषण प्रदान करने वाली हैं । जगदम्बा भुवनेश्वरी का स्वरूप सौम्य और अङ्गकान्ति अरुण है । भक्तों को अभय एवं समस्त सिद्धियाँ प्रदान करना उनका स्वाभाविक गुण है । शास्त्रों में इनकी अपार महिमा बतायी गयी है ।

देवी का स्वरूप 'ह्रीं' इस बीजमन्त्र में सर्वदा विद्यमान है, जिसे देवी भागवत में देवी का 'प्रणव' कहा गया है ।

विश्व का अधिष्टान त्र्यम्बक सदाशिव हैं, उनकी शक्ति 'भुवनेश्वरी' है । सोमात्मक अमृत से विश्व का आप्यायन (पोषण) हुआ करता है । इसीलिए भगवती ने अपने किरीट में चन्द्रमा धारण कर रखा है । ये ही भगवती त्रिभुवन का भरण-पोषण करती रहती है, जिसका संकेत उनके हाथ की मुद्रा करती है । ये उदीयमान सूर्यवत् कान्तिमती, त्रिनेत्रा एवं उन्नत कुचयुगला देवी हैं । कृपा दृष्टि की सूचना उनके मृदुहास्य (स्मेर) से मिलती है । शासनशक्ति के सूचक अंकुश, पाश आदि को भी वे धारण करती हैं ।

५. **श्रीबगला** - सत्ययुग में सम्पूर्ण जगत् को नष्ट करने वाला तूफान आया । प्राणियों के जीवन पर संकट आया देखकर महा विष्णु चिन्तित हो गये और वे सौराष्ट्र देश में हरिद्रा सरोवर के समीप जाकर भगवती को प्रसन्न करने के लिए तप करने लगे । श्रीविद्या ने उस सरोवर से निकलकर 'पीताम्बरा' के रूप में उन्हें दर्शन दिया और बढ़ते हुए जल-वेग तथा विध्वंसकारी उत्पात का स्तम्भन किया । वास्तव में दुष्ट वही है, जो जगत् के या धर्म के छन्द का अतिक्रमण करता है । बगला उसका स्तम्भन किंवा नियन्त्रण करने काली महाशक्ति हैं । वे परमेश्वर की सहायिका हैं और

वाणी, विद्या तथा गति को अनुशासित करती हैं । वें सर्वसिद्धि देने में समर्थ और उपासकों की वाञ्छाकल्पतरु हैं ।

श्रीबगला को 'त्रिशक्ति' भी कहा जाता है -

सत्ये काली च श्रीविद्या कमला भुवनेश्वरी ।
सिद्धविद्या महेशानि त्रिशक्तिर्बगला शिवे ॥

श्रीबगला पीताम्बरा को तामसी मानना उचित नहीं, क्योंकि उनके आभिचारिक कृत्यों में रक्षा की ही प्रधानता होती है और यह कार्य इसी शक्ति द्वारा होता है । शुक्ल-आयुर्वेद की माध्यंदिन संहिता के पाँचवें अध्याय की २३, २४, २५वीं कण्डिकाओं में अभिचार-कर्मकी निवृत्ति में श्रीबगलामुखी को ही सर्वोत्तम बताया गया है, । अर्थात् शत्रु के विनाश के लिए जो कृत्याविशेष को भूमि में गाड़ देते हैं, उन्हें नष्ट करने वाली वैष्णवी महाशक्ति श्रीबगलामुखी ही हैं ।

सिद्धेश्वर-तन्त्र के बगलापटल में मन्त्र जपादि के विषय में विशेष विधान बताए गए हैं, जो इस प्रकार हैं -

पीताम्बरधरो भूत्वा पूर्वाशाभिमुखः स्थितः ।
लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं हरिद्राग्रन्थिमालया ॥
ब्रह्मचर्यरतो नित्यं प्रयतो ध्यानतत्परः ।
प्रियंगुकुसुमेनापि पीतपुष्पैश्च होमयेत् ॥

बगला के जप में पीले रंग का विशेष महत्त्व है । जपकर्ता को पीला वस्त्र पहन कर हल्दी की गांठ की माला से जप करना चाहिए । देवी की पूजा और होम में पीले पुष्पों, प्रियंगु, कनेर, गेंदा आदि के पुष्पों का प्रयोग करना चाहिए । शुचिर्भूत हो पीले कपड़े पहन कर साधक पूर्वाभिमुख बैठ कर ही जप करे । उसे ब्रह्मचर्य का पालन अनिवार्यतः करना चाहिए और सदैव पवित्र रहकर भगवती का ध्यान करना चाहिए ।

श्रीबगला के साधक श्रीप्रजापति ने यह उपासना वैदिक रीति से की और वे सृष्टि की संरचना में सफल हुए । श्रीप्रजापति ने इस महाविद्या का उपदेश सनकादिक मुनियों को किया । सनत्कुमार ने श्रीनारद को तथा श्रीनारद ने सांख्ययन नामक परमहंस को बताया तथा सांख्यायन ने ३६ पटलों में उपनिबद्ध **बगला-तन्त्र** की रचना की । दूसरे उपासक भगवान् श्रीविष्णु हुए, जिनका वर्णन **'स्वतन्त्र-तन्त्र'** में मिलता है । तीसरे उपासक श्रीपरशुराम जी हुए तथा श्रीपरशुराम जी ने यह विद्या आचार्य द्रोण को बतायी ।

महर्षि च्यवन ने भी इसी विद्या के प्रभाव से इन्द्र के वज्र को स्तम्भित कर दिया था । श्रीमद्गोविन्दपाद की समाधि में विघ्न डालने वाली रेवा नदी का स्तम्भन श्री शंकराचार्य ने इसी विद्या के बल से किया भा । महामुनि श्रीनिम्बार्क ने एक परिव्राजक को नीमवृक्ष पर सूर्य का दर्शन इसी विद्या के प्रभाव से कराया था । अतः साधकों को चाहिए कि वे श्रीबगला की विधिपूर्वक उपासना करें ।

६. धूमावती - एक बार पार्वती ने महादेव जी से अपनी क्षुधा को निवारण करने का निवेदन किया । महादेव जी चुप रह गये । कई बार निवेदन करने पर भी जब देवाधिदेव ने उनकी ओर ध्यान नहीं दिया, तब उन्होंने महादेव जी को ही निगल लिया । उनके शरीर से धूमराशि निकली । तब शिवजी ने शिवा से कहा कि 'आपकी मनोहर मूर्त्ति बगला अब 'धूमावती' या 'धूम्रा' कही जायगी ।' यह धूमावती वृद्धास्वरूपा, डरावनी और भूख-प्यास से व्याकुल स्त्री-विग्रहवत् अत्यन्त शक्तिमयी हैं । अभिचार कर्मों में इनकी उपासना का विधान है ।

विश्व की अमाङ्गल्यपूर्ण अवस्था की अधिष्ठात्री शक्ति 'धूमावती' हैं । ये विधवा समझी जाती हैं, अतएव इनके साथ पुरुष का वर्णन नहीं है । यहाँ पुरुष अव्यक्त है । चैतन्य, बोध आदि अत्यन्त तिरोहित होते हैं । इनके ध्यान में बताया गया है कि ये भगवती विविर्णा, चञ्चला, दुष्टा एवं दीर्घ तथा गलित अम्बर (वसन) धारण करने वाली, खुले केशों वाली, विरल दन्त वाली, विधवा रूप में रहने वाली, काक-ध्वज वाले रथ पर आरूढ, लम्बे-लम्बे पयोधरों वाली, हाथ में शूर्प (सूप) लिए हुए, अत्यन्त रूक्ष नेत्रों वाली, कम्पित-हस्ता, लम्बी नासिका वाली, कुटिल-स्वभावा, कुटिल नेत्रों से युक्त, क्षुधा, पिपासा से पीड़ित, सदैव भयप्रदा और कलह की निवास-भूमि हैं ।

पुत्र-लाभ, धन-रक्षा और शत्रु-विजय के लिए धूमावती की साधना उपासना का विधान है ।

७. त्रिपुरसुन्दरी - कालिकापुराण के अनुसार शिवजी की भार्या त्रिपुरा श्रीचक्र की परम नायिका है । परम शिव इन्हीं के सहयोग से सूक्ष्म से सूक्ष्म और स्थूल से स्थूल रूपों में भासते हैं । त्रिपुरभैरवी महात्रिपुरसुन्दरी की रथ वाहिनी हैं, ऐसा उल्लेख मिलता है ।

वास्तव में काली, तारा, छिन्नमस्ता, वगलामुखी, मातङ्गी, धूमावती - ये विद्याएं रूप और विग्रह में कठोर तथा भुवनेश्वरी, षोडशी, कमला और भैरवी अपेक्षाकृत माधुर्यमयी रूपों की अधिष्ठातृ विद्याएँ हैं । करुणा और भक्तानुग्रहाकांक्षा तो सब में समान हैं । दुष्टों के दलन-हेतु विराजित होकर नाना प्रकार की सिद्धियाँ प्रदान करती हैं ।

८. मातङ्गी - मतङ्ग मुनि की कन्या मातङ्गी कही गयी हैं । वस्तुतः वाणी-विलास की सिद्धि प्रदान करने में इनका कोई विकल्प नहीं । चाण्डाल रूप को प्राप्त शिव की प्रिया होने के कारण इन्हें 'चाण्डाली' या 'उच्छिष्ट चाण्डाली' भी कहा गया है । गृहस्थ-जीवन को सुखी बनाने, पुरुषार्थ-सिद्धि और वाग्विलास में पारङ्गत होने के लिए मातङ्गी-साधना श्रेयस्करी है ।

९. षोडशी - प्रशान्त हिरण्यगर्भ या सूर्य शिव हैं और उन्हीं की शक्ति है षोडशी, षोडशी का विग्रह या मूर्त्ति पञ्चवक्त्र अर्थात् पाच मुखों वाली है । चारों दिशाओं में चार और एक ऊपर की ओर मुख होने से इन्हें 'पञ्चवक्त्रा' कहा जाता है । ये पाँचों मुख तत्पुरुष, सद्योजात, वामदेव, अघोर और ईशान-शिव के इन पाँच रूपों के प्रतीक हैं ।

पूर्वोक्त पाँच दिशाओं के रंग क्रमशः हरित, रक्त, धूम्र, नील और पीत होने से मुख भी इन्हीं रंगों के हैं । देवी के दस हाथ हैं, जिनमें वे अभय, टंक, शूल, वज्र, पाश, खड्ग, अंकुश, घण्टा, नाग और अग्नि लिए हैं । ये बोधरूपा हैं । इनमें षोडश कलाएँ पूर्णरूपेण विकसित हैं, अतएव ये 'षोडशी' कहलाती हैं ।

षोडशी माहेश्वरी शक्ति की सबसे मनोहर श्रीविग्रह वाली सिद्ध विद्यादेवी हैं । १६ अक्षरों के मन्त्र वाली उन देवी की अङ्गकान्ति उदीयमान सूर्यमण्डल की आभा की भाँति हैं । उनके चार भुजाएँ एवं तीन नेत्र हैं । शान्त मुद्रा में लेटे हुए सदाशिव पर स्थित कमल के आसन पर विराजिता षोडशी देवी के चारों हाथों में पाश, अंकुश, धनुष और बाण सुशोभित हैं । वर देने के लिए सदा-सर्वदा उद्यत उन भगवती का श्रीविग्रह सौम्य और हृदय दया से आपूरित है । जो उनका आश्रय ग्रहण कर लेते हैं, उनमें और ईश्वर में कोई भेद नहीं रह जाता ।

श्रीविद्या – संस्कृत वाङ्मय में शक्ति उपासना की विविध विद्याएँ प्रचुर रूप से उपलब्ध हैं । इनमें सर्वश्रेष्ठ स्थान है श्रीविद्या साधना का । भारत वर्ष की यह परम रहस्यमयी सर्वोत्कृष्ट साधनाप्रणाली मानी जाती है । ज्ञान, भक्ति, योग, कर्म आदि समस्त साधनाप्रणालियों का समुच्चय ही श्रीविद्या है । ईश्वर के निःश्वासभूत होने से वेदों की प्रामाणिकता है । अतः सूत्र रूप से वेदों में एवं विशद रूप से तन्त्र - शास्त्रों में श्री विद्या - साधना के क्रम का विवेचन है ।

आचार्य शंकर भगवत्पाद 'सौन्दर्य-लहरी' में इसे इन शब्दों में प्रकट करते हैं -

चतुःषष्ट्या तन्त्रैः सकलमतिसंधाय भुवनं
स्थितस्तत्तत्सिद्धिप्रसवपरतन्त्रैः पशुपतिः ।
पुनस्त्वन्निर्बन्धादखिलपुरुषार्थैकघटना-
स्वतन्त्रं ते तन्त्रं क्षितितलमवातीतरदिदम् ॥

'पशुपति भगवान् शंकर वाममार्ग के चौंसठ तन्त्रों के द्वारा साधकों की जो-जो स्वाभिमत सिद्धि है, उन सब का वर्णन कर शान्त हो गए । फिर भी भगवती ! आपके निर्बन्ध अर्थात् आग्रह पर उन्होंने सकल पुरुषार्थों अर्थात् धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को प्रदान करने वाले इन श्रीविद्या-साधना-तन्त्र का प्राकट्य किया ।'

श्रीमत्शंकराचार्य 'सौन्दर्य-लहरी' में मन्त्र, यन्त्र आदि साधनाप्रणाली का वर्णन करते हुए इस श्रीविद्या-साधना की फलश्रुति इस प्रकार कहते हैं -

सरस्वत्या लक्ष्म्या विधिहरिसपत्नो विहरते
रतेः पातिव्रत्यं शिथिलयति रम्येण वपुषा ।
चिरं जीवन्नेव क्षपितपरशुपाशव्यतिकरः
परानन्दाभिख्यं रसयति रसं त्वद्भजनवान् ॥
(सौन्दर्य-लहरी १०१)

'देवि ललिते ! आपका भजन करने वाला साधक विद्याओं के ज्ञान से विद्यापतित्त्व एवं धनाढ्यता से लक्ष्मीपतित्त्व को प्राप्त कर ब्रह्मा एवं विष्णु के लिए 'सपन्त' अर्थात् अपरपति प्रयुक्त असूया का जनक हो जाता है । वह अपने सौन्दर्यशाली शरीर से रतिपति काम को भी तिरस्कृत करता है एवं चिरञ्जीवी होकर पशु-पाशों से मुक्त जीवन्मुक्त - अवस्था को प्राप्त हो कर 'परानन्द' नामक रस का पान करता है ।'

आचार्य शंकर भगवत्पाद ने सौन्दर्य-लहरी में स्तुति व्याज से श्रीविद्या-साधना का सार सर्वस्व बता दिया है और श्रीविद्या के पञ्चदशाक्षरी मन्त्र के एक-एक अक्षर पर बीस नामों वाले ब्रह्माण्डपुराणोक्त 'ललिता-त्रिशती' स्तोत्र पर भाष्य लिखकर अपने चारों मठों में श्रीयन्त्र द्वारा श्रीविद्या साधना का परिष्कृत क्रम प्रारम्भ कर दिया है । जन्म-जन्मान्तरीय पुण्य पुञ्ज के उदय होने से यदि किसी को गुरुकृपा से इस साधना का क्रम प्राप्त हो जाय और वह सम्प्रदाय पुरस्सर साधना करे तो कृतकृत्य हो जाता है, उसके समस्त मनोरथपूर्ण हो जाते हैं और वह जीवन्मुक्त-अवस्था को प्राप्त हो जाता है ।

१०. त्रिपुरभैरवी - क्षीयमान विश्व का अधिष्ठान दक्षिण मूर्त्ति कालभैरव हैं । उनकी शक्ति ही 'त्रिपुरभैरवी' है । उनके ध्यान में बताया गया है कि वे उदित हो रहे सहस्रों सूर्यों के समान अरुण कान्ति वाली और क्षौमाम्बरधारिणी होती हुई मुण्डमाला पहने हैं । रक्त से उनके पयोधर लिप्त हैं । वे तीन नेत्र एवं हिमांशु-मुकुट धारण किए, हाथ में जपवटी, विद्या, वर एवं अभयमुद्रा धारण किए हुए हैं । ये भगवती मन्द-मन्द हास्य करती रहती हैं ।

इन्द्रियों पर विजय और सर्वतः उत्कर्ष की प्राप्ति हेतु त्रिपुर-भैरवी की उपासना का विधान शास्त्रों में कहा गया है । त्रिपुरभैरवी की महिमा का वर्णन करते हुए शास्त्र कहते हैं -

वारमेकं पठन्मर्त्यो मुच्यते सर्वसंकटात् ।
किमन्यद् बहुना देवि सर्वाभीष्टफलं लभेत् ॥

हनुमान् - श्रीहनुमान् जी भगवान् श्रीराम के भक्त हैं । इनका जन्म वायुदेव के अंश से और माता अञ्जनि के गर्भ से हुआ है । श्रीहनुमान् जी बालब्रह्मचारी महान् वीर अत्यन्त बुद्धिमान्, स्वामिभक्त हैं ।

आदि काव्य के अनुसार ब्रह्मा द्वारा प्रेरित हो कर श्रीसूर्यदेव ने बालक हनुमान् को अपने तेज का सौवाँ भाग प्रदान करते हुए आशीर्वाद दिया कि मैं इन्हें शास्त्र ज्ञान दूँगा जिससे यह श्रेष्ठ वक्ता होंगे । शास्त्र ज्ञान में इनकी समता करने वाला कोई नहीं होगा -

तदास्य शास्त्रं दास्यामि येन वाग्मि भविष्यति ।
न चास्य भविता कश्चिद् सदृशः शास्त्रदर्शने ॥

(वा. रा. ७. ३६. १४)

श्रीविद्यार्णव तन्त्र में उनके पीताम्बर से अलंकृत रूप का ध्यान इस प्रकार है

ध्यायेद् बालदिवाकरप्रतिनिभं देवारिदर्पापहं
देवेन्द्रप्रमुखैः प्रशस्तयशसं देदीप्यमानं रुचा ।
सुग्रीवादिसमस्तवानरयुतं सुव्यक्ततत्त्वप्रियं
संरक्तारुणलोचनं पवनजं पीताम्बरालङ्कृतम् ॥

(श्रीविद्यार्णवतन्त्र, द्वादशाक्षरमन्त्र ३३. १२)

'जिनके शरीर का वर्ण बालसूर्य के समान अरुण है, जो देव-शत्रुओं के दर्प को चूर्ण करने वाले हैं, देवेन्द्र आदि प्रमुख देवगण जिनका यशोगान करते हैं, जो अपनी कान्ति से उद्भासित हो रहे हैं, सुग्रीव आदि समस्त वानर जिन्हें घेरे हुए हैं, जो सुव्यक्त - श्रीरामतत्त्व के प्रेमी हैं, जिनके नेत्र लाल हैं, उन पीताम्बरधारी पवन नन्दन का ध्यान करना चाहिए ।'

मन्त्र महोदधि के १३वें पटल में हनुमान् जी के मन्त्रों का संग्रह किया गया है । जिसका उपजीव्य नारद पुराण पूर्वखण्ड ७४ अध्याय से ७८ अध्याय तथा सुदर्शन संहिता आदि तन्त्र ग्रन्थों को माना जा सकता है ।

हनुमान् जी समस्त अभीष्ट फलों को प्रदान करने वाले श्रेष्ठ देवता हैं -

हनुमान् देवता प्रोक्तः सर्वाभीष्टफलप्रदः ।

(श्रीविद्यार्णव २८. ११)

महामृत्युञ्जय - मन्त्रशास्त्र में वेदोक्त **'त्र्यम्बकं यजामहे०'** (ऋक् ७। ५९ ।१२, यजु० ३। ६०, अथर्व० १४। १। १७, तैत्ति० सं० १। ८। ६। १२, निरुक्त १४। ३५) इत्यादि को ही मृत्युञ्जय नाम प्राप्त है । पुराणों में, मन्त्रमहोदधि, मन्त्रमहार्णव, शारदातिलक, विविध निबन्ध-ग्रन्थों में तथा मृत्युञ्जय-तन्त्र, मृत्युञ्जय कल्प, मृत्युञ्जय पञ्चाङ्ग आदि में इस मन्त्र का भाष्य, विधान, पटल, पद्धति, स्तोत्र आदि सब कुछ मिलते हैं । शिवपुराण - सतीखण्ड ३८। २१ - ४२ में इसका विस्तृत भाष्य है । वहाँ इसी को शुक्राचार्य की 'मृतसञ्जीवनीविद्या' कहा गया है, (मृतसञ्जीवनी मन्त्रो मम सर्वोत्तमः स्मृतः। - शिवपुराण, रुद्रसंहिता, सतीखण्ड ३८। ३० का पूर्वार्ध) तथा स्वयं शुक्राचार्य ने ही इस मन्त्र का दधीचि को उपदेश किया है । 'विष्णुधर्मोत्तर' आदि में इसके हवनादि के भेद से अनेक अर्थ-कामसाधक आदि दूसरे भी काम्य प्रयोग बतलाए गए हैं । यथा -

त्र्यम्बकं यजामहेति होमः सर्वार्थसाधकः ।
धत्तूरपुष्पं सघृतं तथा हुत्वा चतुष्पथे ॥
शून्ये शिवालये वापि शिवात् कामानवाप्नुयात् ।
हुत्वा च गुग्गुलं राम स्वयं पश्यति शङ्करम् ॥

(विष्णुधर्म० २। १२५। २३ - २५)

ऋग्विधान आदि में भी ऐसा ही बतलाया गया है । 'ब्रह्मवैवर्त पुराण' प्रकृति खण्ड के ५९ वें अध्याय में कहा गया है कि भगवान् श्रीकृष्ण ने अंगिरा की पत्नी को मृत्युञ्जय ज्ञान दिया था ।

पञ्चदेवोपासना क्यों आवश्यक

यह शरीर पृथ्वी, जल आदि पञ्च महाभूतों से निर्मित है । पञ्चमहाभूतों के पाँच देवों का शरीर में निवास है । सूर्य वायु के अधिष्ठातृ देव हैं । विष्णु अकाश तत्त्व हैं । शक्ति अग्नि तत्त्व हैं । ईश क्षिति तत्त्व हैं और जल तत्त्व के देव गणेश हैं । इन पाँच महाभूतों का व्यतिक्रम ही शरीर के अवयवों को प्रभावित करता है और अन्ततः ब्लड प्रेशर आदि रोगों का कारण बनता है । चूंकि इन देवताओं का सम्बन्ध सीधे पञ्च महाभूतों-से है और इन्हीं पञ्च महाभूतों से शरीर निर्मित है । अतः इनकी अर्चना से शरीर (पञ्च तत्त्वों) का प्रभावित होना स्वाभाविक है । अतः व्यतिक्रम न हो इसलिए पञ्चायतन पूजा आवश्यक है ।

दमनक एवं पवित्र पूजा पद्धति -

दमनक एवं पवित्र पूजा का वर्णन तेइसवें तरङ्ग में किया गया है । इसकी विधि सौ श्लोकों में बताई गई है । दमनक एक लता (द्रोण लता) है, जिसका प्रादुर्भाव रति के विलाप से गिरे अश्रु कणों से हुआ था । इसका विवेचन ज्ञानदीपविमर्शिनी टीका में विद्यानाथ ने इस प्रकार किया है -

दमनकपद्धतिः

अथ दमनकारोपणं द्विविधं बाह्याभ्यन्तरभेदेन -

हेलावलोकनबलाद्विलयं विधाय
कामं चकार तरसाभिनवं स शम्भुः ।
यद्दीप्तवीर्यविभवाश्रयणेन शक्तिः
साव्यात् त्रिलोकजननी त्रिपुरा जगन्ति ॥
देव्याः करोति परशक्तिमहोदयेन
दिव्यं वसन्तसमये दमनोत्सवं यः ।
कामान् नितान्तमिह कामिजनः समन्ता-
दाप्नोति शश्वदमितान् स्वहृदन्तरस्थान् ॥
दमनकस्य विधिं वक्ष्ये शास्त्रदृष्टेन कर्मणा ।
येन सांवत्सरी पूजा साफल्यं भजते नृणाम् ॥
पूर्वं समाधिसंस्थस्य शिवस्यामिततेजसः ।
तपोनिकृत्तये कामः शक्रेण प्रेषितो यदा ॥
तदा ललाटनेत्राग्निज्वालाभिस्तेन शम्भुना ।
भस्मराशीकृतः कोपात् स कामस्तत्र विश्वजित् ॥

रतिः पतिवियोगार्ता प्रीतिः शोकाद् रुरोद च ।
तदश्रुपातादुद्भूता दमनस्य लता शुभा ॥
तद् रामणीयं सौरभ्यं पवित्रत्वं च शङ्करः ।
दृष्ट्वादाय मुद्रा दध्रे मूर्ध्नि तामतिकौतुकात् ॥
रतिप्रीतिशुचं ज्ञात्वा करुणाविष्टमानसः ।
अनङ्गं निर्ममे शम्भुर्भूयः संकल्पमात्रतः ॥
ततो वरं ददौ तस्मै कन्दर्पाय स शक्तिमान् ।
वसन्ते दामनीं पूजामस्माकं न करोति यः ॥
वत्सरार्चाफलं तस्य तव सर्वं भविष्यति ।
इत्यस्मात्कारणात् सन्तः कुर्वन्ति दमनोत्सवम् ॥

- इति विद्यानन्दनाथः ज्ञानदीपविमर्शिन्याम्, पृ० १३१ - १३२

पवित्र पद्धतिः

अथ पवित्रारोपणं बाह्याभ्यन्तरभेदेन लिख्यते । तत्र मिथुनसंक्रान्तिमारभ्य तुलासंक्रमणपर्यन्तमुभयपक्षचतुर्थ्यष्टमीनवमीचतुर्दशीनामेकस्यां तिथौ -

सौवर्णं राजतं ताम्रं कृतादिषु यथाक्रमम् ।
कलौ कार्पासजं वापि यथाशक्ति पवित्रकम् ॥
कर्तितं द्विजकन्याभिस्त्रिगुणं त्रिगुणीकृतम् ।
धौतं शुक्लं शुभं सूत्रमन्यदप्युपयुज्यते ॥
पट्टवल्कलपद्मोत्थं क्षौमं दार्भं शणोद्भवम् ।
मुञ्जादिसंभवं सूत्रं पवित्राय प्रशस्यते ॥
प्रणवश्चन्द्रमा वह्निर्ब्रह्म नागो गुहो रविः ।
सादाख्यः सर्वदेवाश्च क्रमेण नवतन्तुषु ॥

सोमशम्भुग्रन्थोक्तयुक्त्या नवतन्तुसूत्रं विधाय शिरोमन्त्राभिमन्त्रितेन पञ्चगव्येन संशोध्य मदनफलादिजलेन हृन्मन्त्रितेन प्रक्षाल्य पुनरस्त्रेणाभ्युक्ष्य नेत्रेणावरोध्य कवचेन ग्रथित्वा रक्तचन्दनकाश्मीरकस्तूरीचन्द्ररोचनाहरिद्रागैरिककषायकल्कादिना रञ्जयेत् । अन्यतमेन तदेति यथासम्पत्ति शिखामन्त्रेण रञ्जयित्वा समस्तेनाङ्गषट्केनोद्धृत्य मूलमन्त्रेण मण्डपेशाने स्थापयेत् । तत्र पूर्वेद्युरधिवासनार्थं निजबाहुमात्रं पञ्चाशद्गुणमेकग्रन्थि श्रीखण्डमण्डितं पवित्रकं विरच्य ततोऽपरेद्युरारोपणार्थमष्टोत्तरशतचतुःपञ्चाशत्सप्तविंशतिगुणमुत्तमादिक्रमेण षोडशद्वादशनवसंख्याधारग्रन्थि तत्पुर्यष्टकाभिप्रायेण स्वरैः षोडशभिरनपुंसकैर्द्वादशभिर्वर्गाद्यैः सक्षकारैर्नवभिः स्वगुणसंख्याकैरङ्गुलैः प्रतिपर्वमानं वा पवित्रत्रयं कुर्यात् ।

- इति विद्यानन्दनाथः ज्ञानदीपविमर्शिन्याम्, पृ० १२४ - १२५

इस प्रकार वर्ष भर के पूजन की फल प्राप्ति के लिए दमनक पूजा और आरोग्य की प्राप्ति के लिए पवित्र पूजा की जाती है ।

ग्रन्थ के भ्रामक स्थल

(१) द्वितीय तरङ्ग ६२ श्लोक में एक लाख जप कहा गया है । वहीं २.६३ में कृष्णाष्टम्यादितद् ... आदि श्लोक में प्रत्यहं साष्टसाहस्रं कहा गया है । अष्टमी से चतुर्दशी तक ७ दिन में ८५०० प्रतिदिन जप करते हुए मात्र ६० हजार ही जप होता है । यदि यह अर्थ किया जाय कि ८५०० से कम जप न हो तब समाधान हो सकता है ।

(२) त्रयोदश तरङ्ग (५४-७६) में हनुमान् जी का माला मन्त्र ५८८ वर्णों का कहा गया है । इन्हें गिनने में ५८३ ही वर्ण होते हैं । श्लोकों के अनुसार पूर्णरूप से मिलाया गया है किन्तु कहीं भी ५ अक्षरों की कोई गुञ्जाइश नहीं हो सकी । पञ्चकूट को एक-एक अक्षर माना जाता है । 'श्रीरामदूत' कहीं जोड़ दिया जाय तब ५८८ अक्षर हो जायेंगे । 'श्रीरामभक्तितत्पर' के पहले या बाद में इसे जुड़ना चाहिए था। किन्तु यह मूल में नहीं है अतः ५ स्थानों पर मैंने सन्धि तोड़कर इन्हें अलग किया है जिससे ५८८ अक्षर हो जाते हैं । ये स्थल हैं - 'सुत अञ्जना', अक्षकुमार, एहि एहि मूल श्लोक में इनकी सन्धि की हुई है ।

(३) २. ३० में 'पावकगेहिनी' टीका में है जब कि मूल में 'पावकमोहिनी' है । ५. २५ में 'फान्तोलार्घीशबिन्दुयुक्' पाठ न होकर 'मांसार्घीशबिन्दुयुक्' होना चाहिए । ११. ८६ में 'दृष्वा' के स्थान पर 'इष्ट्वा' (= यजन कर) होना चाहिए । १५. २२ में 'प्रोच्य' के स्थान पर 'प्रार्च्य' होना चाहिए । १६.१८ में 'पीयूषोन्नतनुं' के स्थान पर 'पीयूषोऽन्नतनुं' होना चाहिए । १६. ११६ में कृष्णे विन्ध्यात्मिका गलत पाठ है 'कृष्णेश विध यात्मिका' होना चाहिए । २२. ८६ में 'अक्षतानार्कधत्तूर' के स्थान पर 'अक्षतानाकधत्तूर' होना चाहिए ।

मन्त्रमहोदधि के पाठान्तर

पाठान्तरों का उल्लेख स्वयं नौका टीका में ग्रन्थकार ने किया है । भगवान् नृसिंह के ध्यान (१४. ५ श्लोक) में दो पाठान्तर दिए गए हैं । 'घनविरामहिमांशु समप्रभम्' के स्थान पर 'घनसमानलं शशिसमप्रभम्' पाठान्तर है जो छन्दोभंग होने से त्याज्य है । मन्त्रमहोदधि के ५.५२ में ३१ ही नाम हैं सर्वेश्वरी नहीं है । जिसे अन्य ग्रन्थ से जोड़ा गया है ।

ग्रन्थ का प्रयोजन

मन्त्रमहोधिकार श्रीमन्महीधर भट्ट ने स्वयं ग्रन्थ का प्रयोजन इस प्रकार कहा है -

हमने मन्त्र साधकों के सन्तोष के लिए षट्कर्मों (शान्ति, वश्य, स्तम्भन, विद्वेषण उच्चाटन और मारण) की विधि बताई है । सर्वप्रथम विधिवत् न्यास द्वारा आत्मरक्षा करने के बाद ही काम्य कर्मों का अनुष्ठान करना चाहिए । अन्यथा हानि और असफलता ही प्राप्त होती है । जो व्यक्ति शुभ अथवा अशुभ किसी भी प्रकार का काम्य कर्म करता है मन्त्र उसका शत्रु बन जाता है । इसलिए काम्यकर्म न करे, यही उत्तम है ।

अब प्रश्न होता है कि यदि काम्य कर्म करने का निषेध है तो इतनी बड़ी विधियुक्त पुस्तक के निर्माण का क्या हेतु है ? इसका उत्तर देते हैं -

विषयासक्त चित्त वालों के सन्तोष के लिए प्राचीन आचार्यों ने काम्य कर्म की विधि का प्रतिपादन किया है **किन्तु काम्य कर्म हितकारी नहीं है** । काम्य कर्म करने वालों के लिए केवल कामना सिद्धि मात्र फल की प्राप्ति होती है ।

किन्तु निष्काम भाव से देवताओं की उपासना करने वालों को सारी सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती है । केवल सुख प्राप्ति के लिए प्रत्येक मन्त्रों के जितने भी प्रयोग बतलाये गए हैं उनकी आसक्ति का त्याग कर निष्काम रूप से देवता की पूजा करनी चाहिए ।

वेदों में कर्मकाण्ड, उपासना और ज्ञान तीन काण्ड बतलाये गए हैं ।[1] 'ज्योतिष्टोमेन यजेत' यह कर्मकाण्ड है, 'सूर्यो ब्रह्मेत्युपासीत' यह उपासना है, ये दोनों काण्ड ज्ञान के साधन हैं 'अयमात्मा ब्रह्म' यह ज्ञान है जो स्वयं में साध्य है । यही उक्त दोनों का फल भी है । इसलिए ज्ञान प्राप्ति के लिए वेदोदित कर्म और उपासना दोनों में ही वेदोक्त मार्ग के अनुसार प्रवृत्त होना चाहिए । देवता की उपासना से अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है । जिससे उत्तम ज्ञान की प्राप्ति होती है । कार्यकारणसंघात शरीर में प्रविष्ट हुआ जीव ही परब्रह्म है । इसी ज्ञान से साधक मुक्त हो जाता है । अतः मनुष्य देह प्राप्त कर देवताओं की उपासना से मुक्ति प्राप्त कर लेनी चाहिए । जो मनुष्य देह प्राप्त कर संसार बन्धन से मुक्त नही होता, वही महापापी है । भागवत में ऐसा ही कहा भी गया है -

नेह यत्कर्म धर्माय न विरागाय कल्पते ।
न तीर्थपदसेवायै जीवन्नपि मृतो हि सः ॥

- भाग० ३. २३. ५६

"इस संसार में जिस व्यक्ति का कर्म न तो धर्म के लिए होता है, न वैराग्य के लिए और न तीर्थपाद भगवान् की चरणसेवा के लिए ही होता है वह जीते जी भी मरे हुए के समान है ।"

इसलिए उपासना और कर्म से काम-क्रोधादि शत्रुओं का नाश कर आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए सत्पुरुषों को सतत प्रयत्न करते रहना चाहिए ।

दीपावली, १० नवम्बर, १९९९
३१/२१ लंका, वाराणसी

विद्वद्वशंवदः
सुधाकर मालवीय

---

१. मन्त्रमहोदधि २५. ७७-८१ ।

विषयानुक्रमणिका

चतुर्विंशः तरङ्गः ७४३ – ७७०

मन्त्रशोधननिरूपणम्

पञ्चविंशः तरङ्गः ७७१ – ७९८

षट्कर्मनिरूपणम्

यन्त्र चित्रानुक्रमणिका

वर्णसंकेतसूची

अक्रूर	अं	कपोल	लृ
अक्षि	इ	कमण्डलू	ठ
अग्नि	र	कमला	श्रीं
अग्निबीज	रं	कर्ण	उ
अर्घीश	ऊ	कवच	हुं
अतिथीश	ॠ	काम (बीज)	क्लीं
अमरेश	उ	कामिका	त
अजपा	हंसः	कूर्च	हूँ
अन्तिम	क्षं	कूर्म	च
अत्रि	द	कृष्ण	थ
अधर	ए	क्लीब (वर्ण)	ऋ ॠ लृ लॄ
अर्धनारीश	ढ्	क्रोधबीज	हुँ
अनन्त	अः	क्रोधीश	क
अनलः	रं	क्रिया	लः
अनलान्तिम	ल	खड्गीश	ब
अनुग्रह	औ	खम्	हं
अमृतबीज	वं	गणपतिबीज	गं
अम्भ	ब	गणनायक (बीज)	गं
अस्त्र (मन्त्र)	अस्त्राय फट्	गोविन्द	ई
आकाशबीज	हं	गदी	खः
आत्मभूः	क्लीं	गजमुख	गं
आप्यायनी	ॐ	गगन	ह
आषाढी	त	गिरिसुता (बीज)	हीं
अंकुश	क्रों	गिरिजा	हीं
औरस	औ	चक्री	कं
इन्दु	अनुस्वार	चतुरानन	क
इन्धिका	उ	चन्द्र	अनुस्वार
उमाकान्त	ण	चन्द्रमा	अनुस्वार
उषर्बुधप्रिया	स्वाहा	जनार्दन	फ
एकनेत्र	छ	जरासन	ट

जल	व
झिण्टीश	ए
ठद्वयं	स्वाहा
णान्त	त
तन्द्री	म
तरल	त
तर्जनी	न
तार	प्रणव (ॐ)
तीव्र	त
तोयं	वः
त्रपा	ह्री
त्रिध्रुव	प्रणव
त्रिपुरान्तक	ॠ
त्रिमूर्ति	ईकारं
दक्षपापांगुलीमूल	ढ
दण्डी	तृ
दहनाङ्गना	स्वाहा
दारक	ड
दीर्घत्रय	आ ई ऊ
दीर्घनन्दी	डा
दीपिका	ऊ
द्युतिसनयना	च्छि
ध्रुव	प्रणव
नकुल	ह
नन्दी	ड
नभ	हं
नभबीज	हं
नील	त
नृसिंहाङ्ग	औ
पञ्चान्तक	ग
पद्मनाभ	ए
पद्मा	श्रीं
परा	ह्रीं
पावक	र
पावककामिनी	स्वाहा
पावकमो(गे)हिनी	स्वाहा
पाश	आं
पाशबीज	आं
पिनाकी	ल
पुरुषोत्तम	य
प्राण	ह
प्रीती	ध
फान्त	ब
बलानुज	ब
बिन्दु	अनुस्वार
ब्रह्मा	कः
भग	ए
भगी	ए
भानु	म
भुवनेश्वरी	ह्रीं
भूबीज	ग्लौं, लं
भृगु	स
भौतिक	ए
मनु	औ
मनोजन्मा	क्लीं
मन्मथ	क्लीं
मातृकाद्य	अ
माधव	इ
माया	ह्रीं
मारुत	य
मीनेश	ध
मुरारी	औ
मुसली	छ
मेघ	घ
मेरुः	क्षः
मेष	न
मृत्युः	श
मांस	ल
युग्वसु	र
रमा	श्रीं

रति	ण
रात्रीश	अनुस्वार
लकुली	ह
लक्ष्मी	च
लक्ष्मी (बीज)	श्रीं
लज्जा	ह्रीं
लांगलीश	ठ
लोहित	प
वक	श
वर्म	हूं
वराह	ह
वह्न्यासन	र
वह्नि	र
वह्निकामिनी	स्वाहा
वह्निबीज	रं
वह्निवधू	स्वाहा
वाक्	ऐं
वागीश	ऐं
वाणी	ऐं
वामकर्ण	ऊ
वामकूर्पर	छ
वामनासिका	ॠ
वामनेत्र	ई
वामाक्षि	ई
वाल	व
वायु	य
वायुबीज	यं
विष	म
विधु	अनुस्वार
विमल	लं
वियत्	ह
विशालाक्ष	थ
वेदादि	ॐ
वैकुण्ठ	म
व्याघ्रपाद	ड
व्यापिनी	औ
व्योम	ह
शक्ति	ह्रीं
शक्तिबीज	ह्रीं
शशिशेखर	अनुस्वार
शार्ङ्गी	ग
शान्तिः	ई
शिखी	फः
शिरः	क
शिव	ल
शिवा	ह्रीं
शिवोत्तम	घ
शुचिप्रिया	स्वाहा
शूर	प
शौरी	थ
श्वेत	ष
सत्यः	द
सदागति	य
सदाशिव	ह
सदृक्	इ
सद्य	ओ
समीरणः	यः
सर्ग	विसर्ग
सर्गिनन्दज	ठः
सात्वत	ध
सुधाबीज	वं
सूर्यः	मः
सृष्टिः	कः
सृणि	क्रौं
संकर्षण	औ
संवर्तक	क्ष
स्थिरा	ज
स्मृति	ग
स्वर्गरितसवल्लभा	स्वाहा
हयानन	ह

हरिः	त	हंसः	सः
हाटकरेतस	वह्नि	हृत्	नमः
हिमाद्रिजा	ह्रीं	हृदय	नमः
हुताशन	र	हृल्लेखा	ह्रीं

संख्या संकेत सूची

अक्षि	दो	बाहु	दो
अधर	एक	भुजा	दो
अद्रि	सात	भू	एक
अर्क	बारह	मनु	चौदह
आदित्य	बारह	मुनि	सात
इषु	पाँच	रवि	बारह
क्ष्मा	एक	रस	छः
गुण	तीन	राम	तीन
चन्द्र	एक	रुद्र	एकादश
तिथि	पन्द्रह	वह्नयः	तीन
दिक्	दस	वसु	आठ
धरा	एक	वेद	चार
नक्षत्र	सत्ताइस	शिव	एकादश
नन्द	नौ	सागर	चार
नन्दा	नौ	सायक	पाँच
नेत्र	दो	सूर्य	बारह

मन्त्रमहोदधिः

॥ श्रीः ॥

श्रीमन्महीधरकृतः

मन्त्रमहोदधिः

स्वोपज्ञ-'नौका'टीकोपेतः 'अरित्र'हिन्दीव्याख्याविभूषितश्च

****

अथ प्रथमः तरङ्गः

मङ्गलाचरणम्

प्रणम्य लक्ष्मीनृहरिं महागणपतिं गुरुम् ।
तन्त्राण्यनेकान्यालोक्य वक्ष्ये मन्त्रमहोदधिम् ॥ १॥
प्रातरुत्थाय शिरसि ध्यात्वा गुरुपदाम्बुजम् ।
आवश्यकं विनिर्वर्त्य स्नातुं यायात् सरित्तटे ॥ २॥

---

* नौका *

नत्वा लक्ष्मीपतिं देवं स्वीये मन्त्रमहोदधौ ।
नावं विरचये रम्यां तरणाय गुणैर्युताम् ॥

तत्र तावन्मन्त्रमहोदधिनामकं तन्त्रं चिकिर्षुराचार्यः शिष्टाचारपरिपालनाय निर्विघ्नग्रन्थसमाप्तये चेष्टदेवतानमस्कारपूर्वकं ग्रन्थकरणं प्रतिजानीते – **प्रणम्येति**। लक्ष्म्या युक्तो नृहरिर्लक्ष्मीनृहरिः । मध्यमपदलोपीसमासः । गुरुं श्रीनृसिंहाश्रमम् । मन्त्रा एव महान्त्युदकानि धीयन्तेऽस्मिन्निति मन्त्रमहोदधिः ग्रन्थः ॥ १॥ तत्र प्रातरारभ्य मन्त्रिणः कृत्यमाह–**प्रातरिति** । स्पष्टम । गुरुपादाम्बुजगलिताऽमृतधारया मानसं स्नानं

---

* अरित्र *

साम्बं सदाशिवं देवं तन्त्रमार्गप्रदर्शकम् । मङ्गलाय च लोकानां भक्तानां रक्षणाय च ॥ १॥
विद्याप्रदं गणपतिं सर्वप्रत्यूहनाशकम् । भक्ताभीष्टप्रदातारं बुद्धिजाड्यापहारकम् ॥ २॥
तथा श्रेयस्करीं शक्तिं नत्वा मन्त्रमहोदधेः। भाषाटीकां वितनुते मालवीयः सुधाकरः ॥ ३॥
नारोचकीं न वा क्लिष्टां नाव्यक्तां न च विस्तृताम्। पदाक्षरानुगां स्पष्टां भावमात्रप्रबोधिनीम् ॥ ४॥

लक्ष्मी से युक्त श्रीनृसिंह भगवान्, महागणपति एवं श्रीगुरु (श्रीनृसिंहाश्रम) को नमस्कार कर तथा अनेक तन्त्र ग्रन्थों का आलोडन कर मन्त्र ही जिसमें महान् उदक हैं ऐसे मन्त्रमहोदधि नामक ग्रन्थ का (मैं महीधर) निर्माण करता हूँ ॥ १॥

मन्त्रवेत्ता ब्राह्ममुहूर्त में उठकर शिरःप्रदेश में अपने श्रीगुरु के चरणकमलों का ध्यान

श्रौतेन विधिना स्नात्वा मन्त्रस्नानं समाचरेत् ।
स्मार्तसन्ध्यां मन्त्रसन्ध्यां कृत्वा देवं विचिन्तयेत् ॥ ३॥

द्वारपूजाक्रमः

गृहद्वारमथागत्य द्वारपूजां समाचरेत् ।
द्वारमस्त्राम्बुना प्रोक्ष्य गणेशं चोर्ध्वतो यजेत् ॥ ४॥
महालक्ष्मीं दक्षभागे वामभागे सरस्वतीम् ।
पुनर्दक्षे यजेद् विघ्नं गङ्गां च यमुनामपि ॥ ५॥
पुनर्वामे क्षेत्रपालं स्वः सिन्धुयमुने अपि ।
पुनर्दक्षे तु धातारं विधातारं तु वामतः ॥ ६॥
तद्वन्निधि[1] शङ्खपद्मौ ततोऽर्च्चेद् द्वारपालकान् ।

प्राणायामविधिः

द्वारपूजां विधायेत्थं प्रविश्यार्चनमन्दिरम् ॥ ७॥

कुर्यात् – इत्यादि पूजातरङ्गे (२१) वक्ष्यति ॥ २–३॥ **अस्त्राम्बुना** । अस्त्राय फडित्यभिमन्त्रितजलेन ॥ ४ ॥ *॥ ५–६ ॥ शङ्खपद्मौ निधी तद्वद्दक्षवामयोः द्वारपालांस्तत्तद्देवानां वक्ष्यमाणान् ॥ ७॥ *॥ ८॥

करे । फिर आवश्यक शौचादि क्रिया से निवृत्त होकर स्नान के लिए किसी नदी तट पर जाए ॥ २॥

सरिता में श्रौतविधि से स्नान कर मन्त्रस्नान करे । तदनन्तर स्मृतिशास्त्रों में कही गयी विधि के अनुसार सन्ध्योपासन करे ॥ ३॥

विमर्श — स्नान तीन प्रकार के कहे गये हैं – १. कायिकस्नान, २. मन्त्रस्नान तथा ३. मानस स्नान । कायिक स्नान जल से, मन्त्रस्नान मन्त्र को पढ़ते हुए भस्मादि द्वारा तथा मानस स्नान गुरु के चरणकमल से निकली हुई अमृतधारा से करना चाहिए । इसका वर्णन पूजा तरङ्ग (२१) में आगे करेंगे ॥ ३॥

द्वारपूजा — तदनन्तर घर के दरवाजे पर आकर द्वार की पूजा करनी चाहिए । उसकी विधि इस प्रकार है - प्रथमतः साधक द्वार को 'अस्त्र-मन्त्र' (अस्त्राय फट्) से अभिमन्त्रित जल से प्रोक्षण करे । तत्पश्चात् उसके ऊपर स्थित श्रीगणेश देवता का पूजन करना चाहिए ॥ ४॥

पुनः द्वार के दक्षिण भाग में महालक्ष्मी तथा वामभाग में महासरस्वती का पूजन करे । फिर दाहिनी ओर विघ्नेश्वर, गङ्गा एवं यमुना का पूजन करे ॥ ५॥

तदनन्तर वाम भाग में क्षेत्रपाल (स्वर्ग) सिन्धु तथा यमुना का पूजन कर दक्षिण भाग में धाता तथा वामभाग में विधाता का पूजन करे । तदनन्तर द्वार के दक्षिण में शङ्खनिधि और वामभाग में पद्मनिधि का पूजन कर आगे कहे जाने वाले द्वार स्थित तत्तद्देवता रूप द्वारपालों का पूजन करे ॥ ६-७॥

---

१. शङ्खनिधये नमः। पद्मनिधये नमः।

उपविश्यासने नत्वा गणेशगुरुदेवताः ।
प्राणानायम्य तारेण पूरकुम्भकरेचकैः ॥ ८ ॥
द्वात्रिंशता चतुःषष्ट्या क्रमात् षोडशसङ्ख्यया ।
देवार्चायोग्यताप्राप्त्यै भूतशुद्धिं समाचरेत् ॥ ९ ॥
मूलाधारस्थितां देवीं कुण्डलीं परदेवताम् ।
बिसतन्तुनिभां विद्युत्प्रभां ध्यायेत् समाहितः ॥ १० ॥
मूलाधारात् समुत्थाप्य संङ्गतां हृदयाम्बुजे ।
सुषुम्नामार्गमाश्रित्यादाय जीवं हृदम्बुजात् ॥ ११ ॥
प्रदीपकलिकाकारं ब्रह्मरन्ध्रगतं स्मरेत् ।
जीवं ब्रह्मणि संयोज्य हंसमन्त्रेण साधकः ॥ १२ ॥
पादादिब्रह्मरन्ध्रान्तं स्थितं भूतगणं स्मरेत् ।
स्ववर्णबीजाकृतिभिर्युक्तं तद्विधिरुच्यते ॥ १३ ॥

द्वात्रिंशद्वारं प्रणवजपन् प्राणं पूरयेत् । चतुःषष्टिवारं जपन् कुम्भयेत्। षोडशवारं जपन् रेचयेदित्यर्थः ॥ ९॥ मूलाधारात् कुण्डलिनीमुत्थाप्य समाहितः सन्ध्यायेत् ॥ १०॥ हृदो जीवं गृहित्वा सुषुम्नामार्गेण ब्रह्मरन्ध्रं नीत्वा ब्रह्मणि स्थापयेदिति गुरूपदेशगम्योऽर्थो योगिना ज्ञेयः। योगाभावे स्मरणमात्रं विधेयम् ॥ ११–१२॥ वर्णाः

प्राणायाम की विधि - इस प्रकार द्वारपूजा संपादन कर पूजागृह में प्रवेश कर आसन पर बैठ कर गणेश, गुरु एवं इष्टदेवता को प्रणाम करना चाहिये । बत्तीस बार प्रणव का जप करते हुए प्राणवायु को ऊपर खींच कर पूरक, चौंसठ बार प्रणव का जप करते हुए प्राणवायु को रोक कर कुम्भक तथा सोलह बार प्रणव का जप करते हुए प्राणवायु को छोड़ते हुए रेचक द्वारा प्राणायाम करे । तदनन्तर देवार्चन की योग्यता प्राप्त करने के लिये 'भूतशुद्धि' की क्रिया करे ॥ ७-९॥

विमर्श - 'भूतशुद्धि' वह क्रिया है जिसके द्वारा शरीरगत पृथ्व्यादि पञ्चतत्त्वों को शुद्ध कर अव्यय परमात्मा के अर्चन की योग्यता प्राप्त की जाती है ॥ ९॥

भूतशुद्धि - भूतशुद्धि की विधि इस प्रकार है - सर्वप्रथम मूलाधार चक्र में स्थित कमलनाल तन्तु के समान एवं सूक्ष्म विद्युत प्रभा के समान देदीप्यमान परदेवता-स्वरूप कुण्डलिनी का एकाग्रचित्त हो ध्यान करे । पुनः उस कुण्डलिनी का मूलाधार से सुषुम्ना मार्ग द्वारा ऊपर ले जा कर हृदयकमल में स्थापित करे । वहाँ प्रदीप शिखा के आकार वाले जीव से संयुक्त कर पुनः ब्रह्मरन्ध्र में स्थित सहस्रार चक्र में ले जा कर स्थापित कर इस प्रकार ध्यान करना चाहिए । यतः वहाँ परमात्मा परब्रह्म का निवास है, अतः साधक को 'हंसः आदि' मन्त्र का जप करते हुए जीव सहित कुण्डलिनी को उस परमात्मा में संयुक्त कर देना चाहिए ॥ १०-१२॥

इस शरीर में पञ्चतत्त्व अपने अपने वर्ण (रंग) आकृति (आकार) एवं बीजाक्षर से युक्त हो कर पैर के तलवे से ले कर ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त स्थित हैं । अतः उनके

पादादिजानुपर्यन्तं चतुष्कोणं सवज्रकम् ।
भूबीजाढ्यं स्वर्णवर्णं स्मरेदेवनिमण्डलम् ॥ १४ ॥
जान्वाद्यानाभिचन्द्रार्द्धनिभं पद्मद्वयाङ्कितम् ।
वंबीजयुक्तं श्वेताभमम्भसो मण्डलं स्मरेत् ॥ १५ ॥
नाभेर्हृदयपर्यन्तं त्रिकोणं स्वस्तिकान्वितम् ।
रंबीजेन युतं रक्तं स्मरेत् पावकमण्डलम् ॥ १६ ॥
हृदो भ्रूमध्यपर्यन्तवृत्तं षड्बिन्दुलाञ्छितम् ।
यंबीजयुक्तं धूम्राभं नभस्वन्मण्डलं स्मरेत् ॥ १७ ॥
आब्रह्मरन्ध्रं भ्रूमध्याद् वृत्तं स्वच्छमनोहरम् ।
हंबीजयुक्तमाकाशमण्डलं प्रविचिन्तयेत् ॥ १८ ॥

पीतादयः । बीजानि लमित्यादीनि । आकृतयश्चतुष्कोणादयः । तद्युक्तं भूतगणम् ॥ १३ ॥ तदेव दर्शयति – **पादादीति** ॥ १४ ॥ भूमण्डले यदिन्द्रियं गमनं घ्राणं गन्धः ब्र ह्मनिवृत्तिः समानः गन्तव्यो देशोऽपि । एवमष्टौ पदार्थाश्चिन्त्या । एवं जलमण्डलम् ॥ १५ ॥ * ॥ १६–२१ ॥

उन उन रंगों, आकृतियों एवं बीजाक्षरों का स्मरण कर भूतशुद्धि करनी चाहिए । उसका विधान इस प्रकार है - ॥ १३ ॥

पैर के तलवे से ले कर जानुपर्यन्त **पृथ्वी** तत्त्व का स्मरण करे । इसकी आकृति चौकोर एवं वज्र के समान है । उसका भू बीज (लं) यह बीजाक्षर है तथा वर्ण स्वर्ण के समान पीला है । इस प्रकार साधक को भू-तत्त्व का ध्यान करना चाहिए ॥ १४ ॥

जानु से ले कर नाभिपर्यन्त **जल** तत्त्व है । जिसकी आकृति अर्धचन्द्राकार तथा उसका वर्ण श्वेत है । इसमें दो कमल के चिन्ह हैं । इसका बीज 'वम्' अक्षर है, इस प्रकार वहाँ सोम - मण्डल का ध्यान करना चाहिए ॥ १५ ॥

नाभि से ले कर हृदय पर्यन्त **अग्नि** तत्त्व है । इसकी आकृति स्वस्तिकयुक्त त्रिकोणाकार है । वर्ण रक्त है तथा 'रम्' यह बीजाक्षर है । इस प्रकार वहाँ अग्निमण्डल का ध्यान करना चाहिए ॥ १६ ॥

हृदय से ले कर भ्रूमध्य पर्यन्त **वायु** तत्त्व है जो गोलाकार एवं षड्बिन्दुओं से युक्त हैं, इसका वर्ण धूम्र के समान है तथा 'यम्' बीजाक्षर है । इस प्रकार वहाँ वायुमण्डल का ध्यान करना चाहिए ॥ १७ ॥

भ्रूमध्य से ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त **आकाश** तत्त्व है जो अत्यन्त मनोहर एवं वृत्ताकार है । इसका वर्ण स्वच्छ है । यह 'हम्' बीजाक्षर से युक्त है । इस प्रकार वहाँ आकाशमण्डल का ध्यान करना चाहिए ॥ १८ ॥

विमर्श - इस प्रकार पञ्चमहाभूत के ध्यान से साधक को शुद्धि प्राप्त होती है ॥ १८ ॥

पृथ्वी आदि मण्डलों में अपने गमन एवं आदान आदि विषयों के साथ पाद, हस्त, पायु, उपस्थ एवं वाक् - इन कर्मेन्द्रियों का गन्ध, रस, रूप, स्पर्श एवं शब्दादि

पद्भ्यस्तपायूपस्थावाक्क्रमाद्ध्येया धरादिगाः ।
स्वकीय[1]विपर्ययैर्युक्ता गमनग्रहणादिभिः ॥ १६ ॥
घ्राणं च रसना चक्षुः स्पर्शनं श्रोत्रमिन्द्रियम् ।
क्रमाद्ध्येयं धरादिस्थं गन्धादिगुणसंयुतम् ॥ २० ॥
ब्रह्मविष्णुशिवेशानाः सदाशिवइतीरिताः ।
धरादिभूतसङ्घेशा ध्येयास्तत्मण्डलेषु ते ॥ २१ ॥
निवृत्तिश्च प्रतिष्ठा च विद्याशान्तिश्चतुर्थिका ।
शान्त्यतीतेति पञ्चैव कला ध्येया धरादिगाः ॥ २२ ॥
समानोदानव्यानाश्चापानप्राणौ च वायवः ।
धरादिमण्डलगताः पञ्चध्येयाः क्रमादिमे ॥ २३ ॥
एवंभूतानि[2] सञ्चिन्त्य प्रत्येकं प्रविलापयेत् ।
भुवं जले जलं वह्नौ वह्निं वायौ नभस्यमुम् ॥ २४ ॥
विलाप्य खमहङ्कारे महत्तत्त्वेप्यहङ्कृतिम् ।
महान्तं प्रकृतौ मायामात्मनि प्रविलापयेत् ॥ २५ ॥

हस्तग्रहणग्राह्यरसनारसविष्णुप्रतिष्ठोदानाः । **तेजसि** – पायुविसर्गविसर्जनीयचक्षूरूपं शिवविद्याव्यानाः । **वायौ** उपस्थानदस्त्रीस्पर्शनस्पर्शेशानशान्त्यपानाः । **नभसि** – वाग्वक्तव्यवदनश्रोत्रशब्दसदाशिवशान्त्यतीताप्राणाः ॥ २२–२४ ॥ * ॥ २५–२८ ॥

विषयों का तथा १. नासिका, २. जिह्वा, ३. चक्षु, ४. त्वक् एवं ५. कर्ण - इन सभी पाँच ज्ञानेन्द्रियों का चिन्तन करना चाहिए ॥ १६-२० ॥

इन तत्त्वों के क्रमशः १. ब्रह्मा, २. विष्णु, ३. शिव, ४. ईशान एवं ५. सदाशिव देवता कहे गये हैं । इनकी १. निवृत्ति, २. प्रतिष्ठा, ३. विद्या, ४. शान्ति एवं ५. शान्त्यतीता - ये क्रमशः कलायें हैं तथा १. समान, २. उदान, ३. व्यान, ४. अपान एवं ५. प्राण इनके पञ्च वायु हैं । अतः पृथिव्यादि मण्डलों में क्रमशः इनका भी ध्यान करना चाहिए ॥ २१-२३ ॥

विमर्श - इस प्रकार से निष्कर्ष हुआ कि पृथ्वी आदि मण्डलों में - पञ्चकर्मेन्द्रियों, पाँच विषयों, पञ्चज्ञानेन्द्रियों का चिन्तन कर उन तत्त्वों के पाँच देवता, पाँच कलाएँ और पञ्चवायु का भी ध्यान करे ॥ २१-२३ ॥

इस प्रकार पञ्चभूततत्त्वों का ध्यान कर भूमि को जल में, जल को अग्नि में, अग्नि को वायु में, वायु को आकाश में, आकाश को अहङ्कार में, अहङ्कार को महत्तत्त्व में,

---

१. स्वकीयविषयसंयुक्तागमनग्रहणादिभिश्च युक्ता इत्यर्थः। **विषयास्तु** – गन्तव्यदेश - ग्राह्यवस्तुविसर्जनीयविटस्त्रीयोनिवक्तव्यवस्तुमात्रात्मकाः । **गमनादयस्तु** – गमनग्रहणविसर्ग–स्त्रीयोनिस्पर्शवर्जनानन्दवदनरूपा इति सांप्रदायिकाः ।

२. एवमिति चतुष्कोणं सवज्रकं भूबीजाढ्यं स्वर्णवर्णपदाद्यष्टकयुक्तभूमण्डलं चिन्तयेत् । एवमेवाग्निमेषु चतुर्ष्विति भावः ।

शुद्धसच्चिन्मयो भूत्वा चिन्तयेत् पापपूरुषम् ।
दक्षकुक्षिस्थितं कृष्णमङ्गुष्ठपरिमाणकम् ॥ २६ ॥
विप्रहत्याशिरो युक्तं कनकस्तेयबाहुकम् ।
मदिरापानहृदयं गुरुतल्पकटीयुतम् ॥ २७ ॥
पापिसंयोगिपद्द्वन्द्वमुपपातकरोमकम् ।
खड्गचर्मधरं दुष्टमधोवक्त्रं सुदुःसहम् ॥ २८ ॥
वायुबीजं स्मरन् वायुं संपूर्यैनं विशोषयेत् ।
स्वशरीरयुतं मन्त्री वह्निबीजेन निर्दहेत् ॥ २९ ॥
कुम्भके परिजप्तेन ततः पापनरोद्भवम् ।
बहिर्भस्मसमुत्सार्य्य वायुबीजेन रेचयेत् ॥ ३० ॥
सुधाबीजेन देहोत्थं भस्मसंप्लावयेत् सुधीः ।
भूबीजेन घनीकृत्य भस्मतत्कनकाण्डवत् ॥ ३१ ॥
विशुद्धमुकुराकारं जपन्बीजं विहायसः ।
मूर्द्धादिपादपर्यन्तान्यङ्गानि रचयेत् सुधीः ॥ ३२ ॥

वायुबीज यं, वह्निबीजं रम् ॥ २९–३०॥ सुधाबीजं वं, भूबीजं लं, नभो बीजं हं, तेन शरीरं सावयवं कुर्यात् ॥ ३१–३२ ॥

महत्तत्त्व को प्रकृति में तथा प्रकृति को माया में एवं माया को आत्मा में विलीन कर देना चाहिए ॥ २४-२५॥

इस प्रकार शुद्ध सच्चिदानन्दमय आत्मस्वरूप हो कर पापपुरुष का ध्यान करना चाहिए । इसका स्वरूप इस प्रकार है - पापपुरुष का निवास वामकुक्षि में है वह कृष्ण वर्ण का तथा अङ्गुष्ठ मात्र परिमाण वाला है, उसके शिर ब्रह्महत्या है, सुवर्णस्तेय उसके हाथ हैं, मदिरापान उसका हृदय है, गुरुतल्पगमन उसकी कटि है, उसके दोनों पैर पापपुरुषों के संसर्ग से युक्त हैं, उपपातक उसके रोम हैं । वह १ खड्ग (अविवेक) एवं २ चर्म (अहङ्कार) धारण किये हुये हैं । वह दुष्ट है तथा मुख नीचे किये रहता है, जो अत्यन्त भयानक भी है ॥ २६-२८॥

अब उसके भस्म करने कर उपाय कहते हैं - वायु बीज 'यं' का स्मरण कर पूरक विधि से उस पापपुरुष का शोषण करे । फिर अग्नि बीज 'रम्' का जप करते हुये साधक अपने शरीर के साथ उसे भस्म कर देवे । तदनन्तर पुनः वायु बीज (यं) का जप कर उस भस्मीभूत पापपुरुष को रेचक द्वारा बाहर निकाल देवे ॥ २९-३०॥

तदनन्तर बुद्धिमान साधक सुधा बीज 'वम्' का जप करते हुए उस देह के भस्म को आप्लावित (आर्द्र) करे । फिर भू बीज 'लम्' इस मन्त्र का जप कर भस्म को घना सोने के अण्डे के समान कठोर बनावे । तदनन्तर विशुद्ध दर्पण के समान स्वच्छ आकाश बीज 'हम्' का जप करते हुए शिर से ले कर पैर तक के अङ्गों का निर्माण करे ॥ ३१-३२॥

आकाशादीनि भूतानि पुनरुत्पादयेच्चितः[1] ।
सोऽहं मन्त्रेण चात्मानमानयेद् हृदयाम्बुजे ॥ ३३ ॥
कुण्डलीं जीवमादाय परसंगात् सुधामयम् ।
संस्थाप्य हृदयाम्भोजे मूलाधारगतां स्मरेत् ॥ ३४ ॥

प्राणप्रतिष्ठा

भूतशुद्धिं विधायैवं प्राणस्थापनमाचरेत् ।
प्राणप्रतिष्ठामन्त्रस्य[2] मुनयोऽजेशपद्मजाः ॥ ३५ ॥
छन्दऋग्यजुषं सामप्राणशक्तिस्तु देवता ।
पाशो बीजं त्रपा शक्तिर्विनियोगोऽसुसंस्थितौ ॥ ३६ ॥
ऋषीञ्छिरसि वक्त्रे तु छन्दांसि हृदिदेवताम् ।

चितः ब्रह्मणः सकाशात् ॥ ३३ ॥ * ॥ ३४–३५ ॥ पाशः आं । त्रपा ह्रीं । असुसंस्थितौ = प्राणस्थापने विनियोगः ॥ ३६ ॥ * ॥ ३७ ॥

फिर चित्स्वरूप आत्मा से आकाशादि पञ्चभूतों को उत्पन्न कर 'सोऽहम्' इस मन्त्र का जप कर हृदयकमल में आत्मा को स्थापित करे । फिर उस परतत्त्व आत्मा से सुधामयी कुण्डलिनी तथा जीव को ले कर जीव को हृदयकमल में और कुण्डलिनी को मूलाधार में स्थापित कर उनका स्मरण करे ॥ ३३-३४ ॥

प्राणप्रतिष्ठा - इस प्रकार भूतशुद्धि कर उसमें पुनः प्राणप्रतिष्ठा करे । उसके विनियोग की विधि इस प्रकार है - ॐ अस्य श्रीप्राणप्रतिष्ठामन्त्रस्य अजेशपद्मजाऋषयः ऋग्यजुःसामानि छन्दांसि प्राणशक्तिर्देवता पाश (आं) बीजं त्रपा (ह्रीं) शक्तिः क्रौं कीलकं प्राणप्रतिष्ठापने विनियोगः ॥ ३५-३६ ॥

तदनन्तर ऋषियों के नाम ले कर शिर में, छन्द का नाम लेकर मुख में, देवता का नाम ले कर हृदय में, बीजाक्षर का उच्चारण कर गुह्यस्थान में और शक्ति का नाम ले कर पैर में न्यास कर फिर (वक्ष्यमाण रीति से) षडङ्गन्यास करना चाहिये ॥ ३७ ॥

विमर्श - ऋष्यादिन्यास - १. अजेशपद्मजाऋषिभ्यो नमः शिरसि, २. ऋग्यजुःसामछन्देभ्यो नमः मुखे, ३. प्राणशक्तिर्देवतायै नमः हृदि, ४. आं बीजाय नमः गुह्ये, ५. ह्रीं शक्तये नमः

---

१. चित इति । विलापनव्युत्क्रमेण चिदादितो मायादिप्रादुर्भावयेत् । अहङ्कारादित आकाशादीनि भावयेदित्यर्थः ।

२. अस्य श्रीप्राणप्रतिष्ठामन्त्रस्य अजेशपद्मजाऋषयः ऋग्यजुःसामानि छन्दांसि प्राणशक्तिर्देवता आं बीजं ह्रीं शक्तिः क्रौं कीलकं प्राणस्थापने विनियोगः ।

प्रयोगस्तु – ङं कं खं घं गं नभो वाय्वग्निवार्भूम्यात्मने हृदयाय नम इत्यादि एवमेवाग्रेपि स्वस्वजातियुक्तं न्यसेत् ।

तथाहि – ञं चं छं झं जं शब्दस्पर्शरूपरसगन्धात्मने शिरसे स्वाहा । णं टं ठं ढं डं श्रोत्रत्वङ्नयनजिह्वाप्राणात्मने शिखायै वषट् । नं तं थं धं दं वाक्पाणिपादपायूप–स्थात्मने कवचाय हुं । मं पं फं भं बं वक्तव्यादानगमनविसर्गानन्दात्मने नेत्रत्रयाय वौषट् । शं यं रं वं लं हं षं क्षं सं लं बुद्धिमनोहंकारचित्तात्मने अस्त्राय फट् ।

गुह्ये बीजं पदोः शक्तिं न्यस्य कुर्यात्षडङ्गकम् ॥ ३७ ॥
कवर्गनभआद्यैर्हृच्च शब्दाद्यैः शिरः स्मृतम् ।
टश्रोत्राद्यैः शिखाप्रोक्ता तवर्गाद्यैस्तनुच्छदम् ॥ ३८ ॥
पवक्तव्यादिभिर्नेत्रमस्त्रं येनान्तरिन्द्रियैः ।
आत्मनेतान्मनूनङ्गान् विन्यसेद् हृदयादिषु ॥ ३९ ॥
पञ्चमं प्रथमं पश्चाद् द्वितीयं च चतुर्थकम् ।
तृतीयमित्थं क्रमतो वर्गवर्णान् समुच्चरेत् ॥ ४० ॥
यवर्गेऽप्येवमुच्चार्य नभः श्वेतोऽन्तिमो भृगुः ।
विमलश्चेति चोच्चार्याः क्रमाद्वर्णाः सबिन्दवः ॥ ४१ ॥
नभो वाय्वग्निवार्भूमिनभ आदय ईरिताः ।
शब्दस्पर्शौ रूपरसगन्धाः शब्दादयो मताः ॥ ४२ ॥
श्रोत्रं त्वङ्नयनं जिह्वाघ्राणं श्रोत्रादयः स्मृताः ।
वाक्पाणी पादपायू चोपस्थो वागादयः पुनः ॥ ४३ ॥
वक्तव्यादानगमनविसर्गानन्दसंज्ञकाः ।
वक्तव्याद्या बुद्धिमनोहंकाराश्चित्तसंयुताः ॥ ४४ ॥
अन्तरिन्द्रिय संज्ञाः स्युरेवमुक्तं षडङ्गकम् ।

कवर्गेति क्रमतः पञ्चमममतिप्रयोगः ङं कं खं घं गं आकाशवायुतेजो–जलपृथिव्यात्मने हृदयाय नम इत्यादि ॥ ३८ ॥ * ॥ ३९–४५ ॥

पादयोः, ६. क्रौं कीलकाय नमः सर्वाङ्गे ॥ ३७॥

कवर्ग एवं नभ आदि से हृदय में, चवर्ग एवं शब्दादि से शिर में, टवर्ग एवं श्रोत्रादि से शिखा में, तवर्ग एवं वाक् आदि से कवच में, पवर्ग एवं वक्तव्यादि से नेत्र में, यवर्ग एवं अतीन्द्रियादि से करतल में न्यास करना चाहिए । फिर अपने हृदयादि अङ्गों में इन मन्त्रों का न्यास करना चाहिए ॥ ३८-३९॥

न्यास का प्रकार - न्यास में पहले प्रत्येक वर्ग का पञ्चम वर्ण, फिर क्रमशः प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ तदनन्तर तृतीय वर्ण, इन सभी का अनुस्वार सहित उच्चारण करना चाहिए । यवर्ग में प्रथम शं यं रं वं लं इन पाँच अक्षरों का उच्चारण कर नभ (हं), श्वेत (षं), तिभ (क्षं), भृगु (सं) एवं विमल (लं) इन अक्षरों को सानुस्वार उच्चारण करना चाहिए । श्लोक में नभ आदि का अर्थ नभः 'वाय्वग्निवार्भूमि' है, शब्दादि का अर्थ 'शब्दस्पर्शरूपरसगन्ध' है श्रोत्रादि का अर्थ 'श्रोत्रत्वङ्नयन जिस्वाघ्राण' है, वाक् आदि का अर्थ 'वाक्पाणि-पादपायूपस्थ' है, वक्तव्यादि का अर्थ 'वक्तव्यादानगमनविसर्गानन्द' है तथा अन्तरिन्द्रिय का अर्थ 'बुद्धिमनोहङ्कारचित्त' है, इस प्रकार इन श्लोकों से षडङ्गन्यास का प्रकार बताया गया है ॥ ४०-४५॥

विमर्श - इन श्लोकों का स्पष्टार्थ निम्नलिखित है -

नाभेरारभ्य पादान्तं पाशबीजं प्रविन्यसेत्॥ ४५॥
नाभ्यन्तं हृदयाच्छक्तिं हृदन्तं मस्तकाच्छृणिम्।
[1]त्वगसृङ्मांसमेदोस्थिमज्जाशुक्राणि विन्यसेत्॥ ४६॥
आत्मने हृदयान्तानि यादिसप्तादिकान्यपि।
ओजः सद्यान्विताकाशपूर्वं प्राणं तु खादिकम्॥ ४७॥
भृग्वादिकं न्यसेज्जीवमेतान् हृदयदेशतः।
यकाराद्या[2] आद्यवर्णाः सर्वेस्युश्चन्द्रभूषिताः॥ ४८॥

शक्तिं ह्रीं श्रृणिं क्रौं ॥ ४६॥ **आत्मने इति** । आत्मने नम इत्यन्तानि त्वगादीनि हृदि न्यसेत् यादिवर्णपूर्वाणि यं त्वगात्मने नम इत्यादि । सद्य ॐकारस्तदन्वितआकाशो हः तदाद्यमोजः हों ओज आत्मने नमः । खं हः तदादिकं प्राणं हं प्राणात्मने नमः॥ ४७॥ भृगुः सः । तदादिकं जीवात्मने नमः । यादयो

ॐ ङं कं खं घं गं नभोवाय्वग्निवार्भूम्यात्मने हृदयाय नमः ।
ॐ ञं चं छं झं जं शब्दस्पर्शरूपरसगन्धात्मने शिरसे स्वाहा ।
ॐ णं टं ठं ढं डं श्रोत्रत्वङ्नयनजिह्वाप्राणात्मने शिखायै वषट् ।
ॐ नं तं थं धं दं वाक्पाणिपादपायूपस्थात्मने कवचाय हुम् ।
ॐ मं पं फं भं बं वक्तव्यादानगमनविसर्गानन्दात्मने नेत्रत्रयाय वौषट् ।
ॐ शं यं रं वं लं हं षं क्षं लं बुद्धिमनोहंकारचित्तात्मने अस्त्राय फट् ॥ ४०-४५॥

षडङ्गन्यास के पश्चात् नाभि से ले कर पैर के तलवे तक पाश बीज (आं) का न्यास करे । हृदय से नाभि तक शक्तिबीज (ह्रीम्) का न्यास करे, मस्तक से हृदय तक श्रृणि (क्रौम्) का न्यास करे ॥ ४५-४६॥

विमर्श - तद् यथा - नाभेरारभ्य पादान्तं पाशबीजं (आं) न्यसामि । हृदयादारभ्य नाभ्यन्तं शक्तिबीजं (ह्रीम्) न्यसामि । मस्तकादारभ्य हृदयान्तं श्रृणिबीजं (क्रौं) न्यसामि ॥ ४५-४६॥

त्वक्, असृज्, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा एवं शुक्र शब्द के आगे 'आत्मने नमः' लगा कर हृदय प्रदेश में न्यास करे । उनके आदि में सानुस्वार यकारादि सात वर्णों का उच्चारण कर तथा फिर सद्य (ओ) से युक्त आकाश (ह) को प्रारम्भ में उच्चारण कर 'ओजात्मने नमः' ख आकाश बीज (हं) के आगे 'प्राणात्मने नमः' लगा कर तथा भृगु (स) के आगे 'जीवात्मने नमः' लगा कर हृदय में न्यास करे । फिर यकारादि समस्त वर्णों को चन्द्र (अनुस्वार) से भूषित कर मूलमन्त्र से मूर्धादि चरणावधि व्यापक न्यास करके तब पीठदेवता का न्यास करे ॥ ४६-४९॥

विमर्श - यथा - ॐ यं त्वगात्मने नमः हृदि, ॐ रं असृगात्मने नमः हृदि, ॐ लं मांसात्मने नमः हृदि, ॐ वं मेदसात्मने नमः हृदि, ॐ शं अस्थ्यात्मने नमः हृदि, ॐ षं मज्जात्मने नमः हृदि, ॐ सं शुक्रात्मने नमः हृदि, ॐ हां ओजात्मने नमः हृदि, ॐ हं प्राणात्मने नमः हृदि, ॐ सं जीवात्मने

---

१. यं त्वगात्मने नमः, रं असृगात्मने नमः इत्यादि ।
२. यं रं लं वं शं षं सं हं लं क्षं मूर्द्धादिचरणावधिव्यापकं कुर्यात् ।

ततः समस्तमूलेन मूर्द्धादिचरणावधि ।
विधाय व्यापकन्यासं विन्यसेत् पीठदेवताः ॥ ४६ ॥

पीठदेवतान्यासः

मण्डूकश्चाथ[1] कालाग्नी रुद्र आधारशक्तियुक् ।
कूर्मोधरासुधासिन्धुः श्वेतद्वीपं सुराङ्घ्रिपाः ॥ ५० ॥
मणिहर्म्यं हेमपीठं धर्मो ज्ञानं विरागता ।
ऐश्वर्यं धर्मपूर्वास्तु चत्वारस्ते नञादिकाः ॥ ५१ ॥
धर्मादयः स्मृताः पादाः पीठगात्राणि चेतरे ।
मध्येऽनन्तस्तत्त्वपद्ममानन्दमयकन्दकम् ॥ ५२ ॥
संविन्नाल[2] ततः प्रोक्ता विकारमयकेसराः ।
प्रकृत्यात्मकपत्राणि पञ्चाशद्वर्णकर्णिका ॥ ५३ ॥
सूर्यस्येन्दोः पावकस्य मण्डलत्रितयं[3] ततः ।
सत्त्वं रजस्तमः पश्चादात्मयुक्तोन्तरात्मना ॥ ५४ ॥
परमात्माथ ज्ञानात्मा तत्त्वे [4]मायाकलादिके ।
विद्यातत्त्वं परं तत्त्वं कथिताः पीठदेवताः ॥ ५५ ॥

वर्णाश्चन्द्रेर्णानुस्वारेण भूषिता युताः कार्याः ॥ ४८ ॥ * ॥ ४६ ॥ मण्डूक इत्यादि पीठदेवताः । सुधासिन्धुरित्यत्र समुद्रविशेषं वक्ष्यति ॥ ५० ॥ विरागता वैराग्यम् । नञादिका अधर्माय नम इत्यादि ॥ ५१ ॥ * ॥ ५२–५६ ॥

नमः हृदि । इस प्रकार उक्त मन्त्रों का उच्चारण कर हृदय में न्यास करे । तत्पश्चात् 'ॐ यं रं लं वं शं षं सं हं क्षं मूर्धादिचरणावधि व्यापकं करोमि' - पढ़ कर व्यापक न्यास करे ॥ ४६ ॥

अब **पीठ देवता का न्यास** कहते हैं - सानुस्वार अपने नाम के आद्यक्षर सहित तत्तद् पीठ देवताओं का न्यास पीठ के मध्य में करना चाहिए - मण्डूक, कालाग्निरुद्र, आधारशक्ति, कूर्म, पृथ्वी, सुधासिन्धु (क्षीरसागर), श्वेतद्वीप, कल्पवृक्ष, मणिमण्डप, स्वर्ण सिंहासन, धर्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य, अधर्म, अज्ञान, अवैराग्य, अनैश्वर्य ये पीठ के देवता हैं । जिसमें धर्म से लेकर अनैश्वर्य पर्यन्त पीठ के पाद कहे गये हैं, शेष पीठ के अङ्ग हैं पीठ के मध्य में रहने वाले अनन्त, पद्म, आनन्द, मयकन्दक, संविन्नाल, विकारमयकेसर, प्रकृत्यात्मकपत्र, पञ्चाशद्वर्ण कर्णिका, सूर्यमण्डल, चन्द्रमण्डल, अग्निमण्डल, सत्त्व, रजस्, तमस्, आत्मा, अन्तरात्मा, परमात्मा, ज्ञानात्मा, मायातत्त्व, कलातत्त्व, विद्यातत्त्व एवं परतत्त्व - ये सभी पीठ देवता कहे गये हैं ॥ ५०-५५ ॥

---

१. मं मण्डूकाय नमः, कं कालाग्निरुद्राय, हों ओजात्मने, हं प्राणात्मने सञ्जीवात्मने । एवं सर्वत्राधर्मपूर्वेषु चतुर्षु नञ्समासः । अं अधर्माय, अं अज्ञानाय, अं अवैराग्याय, अं अनैश्वर्याय नमः ।

२. सं संविन्नालाय नमः, विं विकारमयकेसरेभ्यो नमः ।

३. सं सूर्यमण्डलाय, चं चन्द्रमण्डलाय, अं अग्निमण्डलाय ।

४. मं मायातत्त्वाय, कलातत्त्वाय ।

पूजने सर्वदेवानां पीठे ताः परिपूजयेत्।
न्यासस्थानानि चैतासां शरीरे बहिरर्चने॥ ५६॥
पूजातरङ्गे वक्ष्यन्ते सेन्द्वाद्यर्णयुताश्च ताः।
प्राणशक्तेस्ततः पूज्या अष्टौ पीठस्य शक्तयः॥ ५७॥

पीठदेवतानां न्यासस्थानानि बहिर्यागे च पूजास्थानानि एकविंशे तरङ्गे वक्ष्यन्ते। ताः मण्डूकाद्याः सेन्द्वाद्यर्णयुताः। सानुस्वार प्रथमाक्षरयुताः। मं मण्डूकाय नम इत्यादि॥ ५७॥

विमर्श - न्यासविधि - यथा - पीठ के मध्य में - मं मण्डूकाय नमः, कं कालाग्निरुद्राय नमः, आं आधारशक्तये नमः, कूं कूर्माय नमः, पृं पृथिव्यै नमः, क्षीं क्षीरसमुद्राय नमः, श्वें श्वेतद्वीपाय नमः, कं कल्पवृक्षाय नमः, मं मणिमण्डलाय नमः, स्वं स्वर्णसिंहासनाय नमः, इन मन्त्रों से तत्तद्देवताओं का न्यास करना चाहिए।

पुनः पीठ के चारों कोणों में क्रमशः आग्नेय कोण से प्रारम्भ कर - धं धर्माय नमः, ज्ञां ज्ञानाय नमः, वैं वैराग्याय नमः, ऐं ऐश्वर्याय नमः - इन मन्त्रों से न्यास करना चाहिए।

पुनः पीठ के चारों दिशाओं में पूर्व दिशा से प्रारम्भ कर - अं अधर्माय नमः, अं अज्ञानाय नमः, अं अवैराग्याय नमः, अं अनैश्वर्याय नमः - इन मन्त्रों से तत्तद्देवताओं का न्यास करना चाहिए।

पुनः मध्य में - अं अनन्ताय नमः, पं पद्माय नमः, आं आनन्दमयकन्दकाय नमः, सं संविन्नालाय नमः, विं विकारमयकेसरेभ्यो नमः, प्रं प्रकृत्यात्मकपत्रेभ्यो नमः, पं पञ्चाशद्वर्ण - कर्णिकायै नमः, सं सूर्यमण्डलाय नमः, चं चन्द्रमण्डलाय नमः, अं अग्निमण्डलाय नमः, सं सत्त्वाय नमः, रं रजसे नमः, तं तमसे नमः, आं आत्मने नमः, अं अन्तरात्मने नमः, पं परमात्मने नमः, मां मायातत्त्वाय नमः, कं कलातत्त्वाय नमः, विं विद्यातत्त्वाय नमः, पं परं तत्त्वाय नमः - इन मन्त्रों द्वारा तत्तद्देवताओं का न्यास करना चाहिए॥ ५०-५५॥

सभी देवताओं के पूजन में पीठ पर उपर्युक्त देवताओं का पूजन करना चाहिए। बाह्यपूजा में शरीर में इन देवताओं का न्यास स्थान पूजा तरङ्ग (२१) में आगे कहेंगे॥ ५६-५७॥

तदनन्तर हृदयकमल में देवताओं के नामों को सानुस्वार आद्यवर्ण से युक्त आठ दलों पर, आठ पीठ की शक्तियों का पूजन करना चाहिए। इसी प्रकार कर्णिका में नवीं महाशक्ति का पूजन करना चाहिए। १. जया, २. विजया, ३. अजिता, ४. अपराजिता, ५. नित्या, ६. विलासिनी, ७. दोग्ध्री, ८. अघोरा एवं ९. मङ्गला - ये नौ पीठ की शक्तियाँ हैं। तदनन्तर पाशादि तीन बीजाक्षर (आं ह्रीं क्रौं) पीठाय नमः - इस मन्त्र से पीठ की पूजा कर देहमय पीठ पर, नवयौवन के गर्व से इठलाती हुई, पुष्टस्तन से सुशोभित प्राणशक्ति का ध्यान करना चाहिए॥ ५७-६०॥

विमर्श - यथा - हृदयकमल में १. जं जयायै नमः, २. विं विजयायै नमः, ३. अं अजितायै नमः, ४. अं अपराजितायै नमः, ५. निं नित्यायै नमः, ६. विं विलासिन्यै नमः, ७. दों दोग्ध्र्यै नमः, ८. अं अघोरायै नमः - इन मन्त्रों से पीठ की आठ शक्तियों

हृदयाम्भोजपत्रेषु नवमीत्वधिकर्णिकम् ।
जयाख्या विजया पश्चादजिता चाऽपराजिता ॥ ५८ ॥
नित्या विलासिनी दोग्ध्री त्वघोरा मङ्गलान्तिमा ।
पाशादिबीजत्रितयं प्रोच्य पीठं दिशेत्ततः ॥ ५९ ॥
एवं देहमये पीठे ध्यायेद् देवीमसुप्रदाम् ।
नवयौवनगर्वाढ्यां पीवरस्तनशोभिनीम् ॥ ६० ॥

प्राणशक्तिध्यानकथनम्

पाशं चापासृक्कपाले सृणीषू-
ञ्छूलं हस्तैर्बिभ्रतीं रक्तवर्णाम्।
रक्तोदन्वत्पोतरक्ताम्बुजस्थां
देवीं ध्यायेत् प्राणशक्तिं त्रिनेत्राम् ॥ ६१ ॥
अष्टपत्रस्थषट्कोणे ध्यात्वैवं पूजयेत्तु तान् ।

हृदयपद्मपत्रेष्वष्टौ । नवमी कर्णिकायाम् । ता एवाह – **जयेति** ॥ ५८ ॥ **पाशादीति** । आं क्लीं क्रौमिति पीठमन्त्रः ॥ ५९–६०॥ ध्यानामाह – **पाशमिति** । षड्हस्तादेवीपाशधनुःशूलानि वामहस्तेषु रक्तकपालाङ्कुशबाणान् दक्षेषु रक्तमयो य उदन्वान् समुद्रस्तत्र पोतो नौस्तत्र रक्तपद्मं तत्र स्थिताम् ॥ ६१॥

का पूजन कर कर्णिका में 'मं मङ्गलायै नमः' से पूजन करना चाहिए तदनन्तर 'आं ह्रीं क्रौं पीठाय नमः' - इस मन्त्र से पीठ का पूजन कर देहमय पीठ पर प्राणशक्ति का ध्यान करना चाहिए ॥ ५७-६० ॥

अव **ध्यान के लिये प्राणशक्ति का स्वरूप** कहते हैं -

रक्तमय समुद्र में नौका पर लाल कमल के ऊपर वैठी हुई बायें हाथ में पाश, धनुष, एवं शूलधारण किये हुये तथा दाहिने हाथ में कपाल, अंकुश एवं बाण धारण किये हुये तीन नेत्रों वाली तथा छः भुजाओं वाली प्राणशक्ति का ध्यान करना चाहिए ॥ ६१ ॥

अष्टदल के भीतर षट्कोण में स्थित प्राणशक्ति का इस प्रकार ध्यान कर पूर्व, नैऋत्य एवं वायुकोण में क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव का तथा आग्नेय, पश्चिम एवं ईशान में क्रमशः वाणी, लक्ष्मी एवं पार्वती का पूजन करना चाहिए । केशरों में - सं संविन्नालाय नमः, विं विकारमयकेसरेभ्यो नमः, सं सूर्यमण्डलाय नमः, चं चन्द्रमण्डलाय नमः, अं अग्निमण्डलाय नमः, मां मायातत्त्वाय नमः, कं कलातत्त्वाय नमः (देखिये श्लोक ५) का पूजन कर पत्रों में अष्टमातृकाओं का पूजन करना चाहिए । १. ब्राह्मी, २. माहेश्वरी, ३. कौमारी, ४. वैष्णवी, ५. वाराही, ६. इन्द्राणी, ७. चामुण्डा एवं ८. महालक्ष्मी ये आठ विश्व की मातायें कही गई हैं । देवपूजा के कार्य में पूज्य एवं पूजक के मध्य में पूर्व दिशा होती है ॥ ६२-६५ ॥

विमर्श - षट्कोण एवं अष्टदल में निर्दिष्ट दिशा में उनके अधिपति तत्तद्देवताओं के नाम के मन्त्रों से उनका पूजन करना चाहिए ॥ ६२-६५ ॥

प्राग्रक्षोन्वायुकोणेषु ब्रह्मविष्णुशिवान् यजेत् ॥ ६२ ॥
अग्निवारुणशैवेषु वाणीलक्ष्मीहिमाद्रिजाः ।
केसरेषु षडङ्गानि[1] पत्रेष्वष्टौ तु मातरः ॥ ६३ ॥
ब्राह्मी माहेश्वरी चापि कौमारी वैष्णवी तथा ।
वाराही च तथेन्द्राणी चामुण्डा सप्तमी मता ॥ ६४ ॥
अष्टमी तु महालक्ष्मीः प्रोक्ता विश्वस्य मातरः ।
देवतापूजने प्राची मध्ये पूजकपूज्ययोः ॥ ६५ ॥
इन्द्रादयः स्वदिक्ष्वेवं पूजनीया दिगीश्वराः ।
इन्द्रः[2] कृशानुः कीनाशो निर्ऋतिर्वरुणोऽनिलः ॥ ६६ ॥
सोमईशाननामाधोऽनन्त ऊर्ध्वं चतुर्मुखः ।
तत इन्द्रादिकाष्ठासु पूज्या दिक्पालहेतयः ॥ ६७ ॥
वज्रं शक्तिर्दण्डखड्गौ पाशोङ्कुशगदे अपि ।
त्रिशूलचक्रपद्मानि दशदिक्पालहेतयः ॥ ६८ ॥
एवमिष्ट्वा प्राणशक्तिं पञ्चावरणसंयुताम् ।
ध्यायन् हृदि करं धृत्वा त्रिर्ज्जपेत्तन्मनुं सुधीः ॥ ६९ ॥

*॥ ६२–६५ ॥ इन्द्रादयः प्रसिद्धदिक्ष्वेवार्च्याः । अन्यावरणे पूज्यपूजकयोर्मध्ये प्राची ॥ ६६–६७ ॥ मन्त्रमुद्धरति – पाशमिति । आं ह्रीं क्रौं यं रं लं वं शं षं सं तारान्वितं नभः हों सप्तार्णो वक्ष्यमाणः । अजपा हंसः ॥ ६८–७१ ॥ * ॥ ७४–७५ ॥

तदनन्तर अपनी अपनी दिशाओं में इन्द्र आदि दिक्पालों का पूजन करना चाहिए । १. इन्द्र, २. अग्नि, ३. यम, ४. निर्ऋति, ५. वरुण, ६. वायु, ७. सोम, ८. ईशान, ९. अनन्त एवं १०. ब्रह्मा - ये दस दिक्पाल हैं । १. वज्र, २. शक्ति, ३. दण्ड, ४. खड्ग, ५. पाश, ६. अंकुश, ७. गदा, ८. त्रिशूल, ९. चक्र एवं १०. पद्म - इन दिक्पालों के क्रमशः दश आयुध हैं । अतः दशों दिशाओं में इन्द्रादि एवं दश दिक्पालों का तथा उनके आयुधों का भी पूजन करना चाहिए । इस प्रकार पाँच आवरणों वाली (द्र. ६१-६८) प्राण शक्ति का पूजन कर हृदय पर हाथ रख कर वक्ष्यमाण मन्त्र का तीन बार जप करना चाहिए ॥ ६६-६९ ॥

विमर्श - प्रयोग - पूर्वे ई इन्द्राय नमः, आग्नेयाम् आं अग्नये नमः, दक्षिणस्यां यं यमाय नमः, आदि क्रमपूर्वक पूर्व आदि दिशाओं के दस दिक्पालों का पूजन कर पुनः उसी क्रम से वं वज्राय नमः, शं शक्तये नमः, दं दण्डाय नमः इत्यादि मन्त्रों से उन उन दिक्पालों के आयुधों का भी पूजन करना चाहिए ॥ ६६-६९ ॥

प्राणप्रतिष्ठा मन्त्रोद्धार -

अब ग्रन्थकार प्राणप्रतिष्ठा मन्त्र का उद्धार कह रहे हैं, - जिसका ज्ञान साधक को सुख देने वाला है । सर्वप्रथम पाश (आं), माया (ह्रीम्), सृणि (क्रौम्), इन

१. अग्नीशासुरवायव्यमध्यदिक्ष्वंगपूजनमिति वक्ष्यमाणप्रकारणेति भावः ।
२. पूर्वे इन्द्राय नमः इति बोध्यम् । अग्नये नमः, वायवे नमः ।

सप्तार्णमन्त्रोद्धारः

वक्ष्येऽधुना मनोस्तस्योद्धारं[1] ध्यातृसुखावहम् ।
पाशं मायां सृणिं प्रोच्य यादीन्सप्तेन्दुसंयुतान् ॥ ७० ॥
तारान्वितं नभः सप्तवर्णं मन्त्रं ततोऽजपाम् ।
मम प्राणा इह प्राणा मम जीव इह स्थितः ॥ ७१ ॥
मम सर्वेन्द्रियाण्युक्त्वा मम वाङ्मन ईरयेत् ।
चक्षुः श्रोत्रघ्राणपदात् प्राणा इह समीर्य्य च ॥ ७२ ॥
आगत्य सुखमुच्चार्य्य चिरं तिष्ठन्त्विदं पठेत् ।
वह्निजायां च सप्तार्णमन्त्रमन्ते पुनर्वदेत् ॥ ७३ ॥
प्राणप्रतिष्ठामन्त्रोऽयं स्मृतः प्राणनिधापने ।
ममेत्यस्य पदस्यादौ पाशादीनि समुच्चरेत् ॥ ७४ ॥
यन्त्रेषु प्रतिमादौ वा प्राणस्थापनमाचरन् ।
मम स्थाने तस्य तस्य षष्ठ्यन्तामभिधां वदेत् ॥ ७५ ॥

बीजाक्षरों का उच्चारण कर सप्ताक्षर मन्त्र - ॐ क्षं सं हं सः ह्रीम् तथा अन्त में अजपा (हंसः) का उच्चारण करना चाहिए । तदनन्तर 'मम प्राणाः इह प्राणाः मम जीव इह स्थितः मम सर्वेन्द्रियाणि इह स्थितानि मम वाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रघ्राणप्राणाः इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा' का उच्चारण कर अन्त में सप्ताक्षर मन्त्र - ॐ क्षं सं हंसः ह्रीं ॐ - का पुनः उच्चारण करना चाहिए । प्राणप्रतिष्ठा के लिये यही मन्त्र कहा गया है। 'मम' इत्यादि पद के पहले पाशादि (आं ह्रीं क्रौं) का उच्चारण करना चाहिए । यन्त्र एवं प्रतिमा आदि में प्राणप्रतिष्ठा करते समय मम के स्थान में यन्त्र अथवा प्रतिमा के देवता का नाम ले कर उस के आगे देवतायाः ऐसा षष्ठ्यन्त पद का प्रयोग करना चाहिए । जैसे - शिवदेवतायाः, दुर्गादेवतायाः आदि ॥ ७०-७५ ॥

विमर्श - यहाँ मम पद के साथ **प्राणप्रतिष्ठा का मन्त्र** उद्धृत करते हैं - 'ॐ आं ह्रीं क्रौं यं रं लं वं शं षं सं हों ॐ क्षं सं हंसः ह्रीं ॐ हंसः' पूर्वोक्त रीति (द्र. १.६०-६१.) से प्राण शक्ति का ध्यान करे । 'ॐ आं ह्रीं क्रौं यं रं लं वं शं षं सं हों ॐ क्षं सं हंसः ह्रीं ॐ हंसः मम प्राणाः इह प्राणाः' - मन्त्र का उच्चारण कर प्राण की प्रतिष्ठा करे ।

इसी प्रकार 'ॐ आं' से ले कर 'ह्रीं ॐ हंसः' पर्यन्त मन्त्र पढ़ कर 'मम जीव इह स्थितः' पढ़ कर जीवात्मा की हृदय में प्रतिष्ठा करे । पुनः 'ॐ आं' से लेकर 'ह्रीं ॐ हंसः' पर्यन्त मन्त्र पढ़ कर 'मम सर्वेन्द्रियाणि इह स्थितानि' से समस्त इन्द्रियों की स्थापना करे । इसी प्रकार पूर्वोक्त मन्त्र के उच्चारण के पश्चात् 'मम वाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रघ्राणप्राणाः

---

१. मन्त्रोद्धारः – आं ह्रीं क्रौं यं रं लं वं शं षं सं हों ॐ क्षं सं हं सः ह्रीं ॐ हंसः महाप्राणा इहप्राणाः । आं० मम जीव इह स्थितः । आं० मम सर्वेन्द्रियाणीह स्थितानि । आं० मम वाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रघ्राणप्राणा इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा ॐ क्षं सं हंसः ह्रीं ॐ ।

सबिन्दवो मेरुहंसाकाशाः सर्गीभृगुः पुनः ।
मायेतिताररुद्धोऽयं मन्त्रः सप्ताक्षरो मतः ॥ ७६ ॥
एवं प्राणान् प्रतिष्ठाप्य मातृकान्यासमाचारेत् ।
अकाराद्याः क्षकारान्ता वर्णाः प्रोक्ता तु मातृका ॥ ७७ ॥
प्रजापतिर्मुनिस्तस्या गायत्रीछन्द ईरितम् ।
सरस्वतीदेवतोक्ता विनियोगोऽखिलाप्तये ।
हलो बीजानि चोक्तानि स्वराः शक्तय ईरिताः[1] ॥ ७८ ॥

सप्तार्णमुद्धरति – **सबिन्दव इति** । मेरुः क्षः हंसः सः आकाशो हः भृगुः सः माया ह्रीं ताररुद्धः प्रणवपुटितः तेन ॐ क्षं सं हंसः ह्रीं ओमिति सप्तार्णः ॥ ७६ ॥ मातृकामाह – **अकाराद्या इति** प्रसिद्धा इत्यर्थः ॥ ७७ ॥ षडङ्गमाह – **पञ्चेति** । क्लीबा ऋ ॠ ऌ ॡ तद्धीनाः – सानुस्वारा ये ह्रस्वदीर्घास्तदन्तरस्थितैः सबिन्दुभिः जातयो हृदयाय नम इत्यादयस्तद्युक्तैः षड्वर्गैः षडङ्गं अं कं खं गं घं ङं आं

इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा ॐ क्षं सं हंसः ह्रीं ॐ' इतना उच्चारण कर समस्त ज्ञानेन्द्रियों, मन एवं प्राण की भी प्रतिष्ठा करे । यह क्रिया तीन बार करनी चाहिए ॥ ७०-७५ ॥

प्राण प्रतिष्ठा के **सप्ताक्षर मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - सानुस्वार मेरु (क्षं) हंस (सं) आकाश (हं) के साथ भृगु (सः) एवं माया बीज (ह्रीं) इन सबको ॐ से सम्पुटित करने पर सप्ताक्षर मन्त्र बन जाता है ॥ ७६ ॥

विमर्श - मन्त्र का उद्धार इस प्रकार है - ॐ क्षं सं हंसः ह्रीं ॐ ॥ ७६ ॥

पूर्वोक्त विधि से प्राणप्रतिष्ठा के पश्चात् अब **मातृकान्यास** कहते हैं - अकार से ले कर क्षकार पर्यन्त समस्त वर्णों की 'मातृका' संज्ञा है । इस मातृका न्यास मन्त्र के प्रजापति ऋषि, गायत्री छन्द, सरस्वती देवता और हल वर्ण बीज कहे गए हैं तथा स्वर शक्ति कही गई है । स्वाभीष्ट प्राप्ति के लिए इसके विनियोग का विधान कहा गया है ॥ ७७-७८ ॥

साधक शिर, मुख एवं हृदयादि में क्रमशः ऋषि, छन्द तथा देवतादि के द्वारा ऋष्यादि न्यास करे । यह न्यास क्लीव वर्णों (ऋ ॠ ऌ ॡ) को छोड़कर मात्र ह्रस्व एवं दीर्घ वर्णों से संपुटित होना चाहिए । इसी प्रकार ह्रस्व एवं दीर्घ वर्णों से संपुटित सानुस्वार कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग, यवर्ग से करन्यास एवं षडङ्गन्यास करे । पश्चात् सरस्वती के वक्ष्यमाण रूप का ध्यान हृदयकमल में करना चाहिए ॥ ७९-८० ॥

विमर्श - मातृका न्यास का विनियोग इस प्रकार है - ॐ अस्य श्रीमातृकान्याससमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः गायत्रीछन्दः सरस्वतीदेवता हलो बीजानि स्वराः शक्तयः (क्षं कीलकं) अखिलाप्तये मातृकान्यासे विनियोगः ।

---

१. अव्यक्तं कीलम् ।

मूर्ध्नि[1] वक्त्रे हृदि न्यस्येदृष्यादीन् साधकोत्तमः ।
[2]पञ्चवर्गैर्यादिभिश्च षडङ्गानि समाचरेत् ॥ ७९ ॥
क्लीबहीनशशाङ्काढ्य ह्रस्वदीर्घान्तरस्थितैः ।
सानुस्वारैर्जातियुक्तैर्ध्यायेद् देवीं हृदम्बुजे ॥ ८० ॥

पञ्चाशदर्णैरचिताङ्गभागां
धृतेन्दुखण्डां कुमुदावदाताम् ।
वराभये पुस्तकमक्षसूत्रं
भजे गिरं संदधतीं त्रिनेत्राम् ॥ ८१ ॥

हृदयाय नम इत्यादि ॥ ७८–८० ॥ ध्यानमाह – **पञ्चाशदिति** । वर्णैरङ्गरचना न्यासाद् बोध्या। वराक्षस्रजौ दक्षयोः। पुस्तकाभये वामयोः । गिरं सरस्वतीम् ॥ ८१ ॥

ऋष्यादि न्यास का प्रकार -

१. ॐ अं प्रजापतये नमः आं शिरसि, २. ॐ इं गायत्रीछन्दसे नमः ईं मुखे,
३. ॐ उं सरस्वतीदेवतायै नमः ऊं हृदि, ४. ॐ एं हल्बीजेभ्यो नमः ऐं गुह्ये,
५. ॐ ओं स्वरशक्तिभ्यो नमः औं पादयोः, ६. ॐ अं क्षं कीलकाय नमः अः सर्वाङ्गे,

करन्यास एवं अङ्गन्यास -

१. ॐ अं कं खं गं घं ङं आं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः ।
२. ॐ इं चं छं जं झं ञं ईं तर्जनीभ्यां नमः ।
३. ॐ उं टं ठं डं ढं णं ऊं मध्यमाभ्यां नमः ।
४. ॐ एं तं थं दं धं नं ऐं अनामिकाभ्यां नमः ।
५. ॐ ओं पं फं बं भं मं औं कनिष्ठिकाभ्यां नमः ।
६. ॐ क्षं यं रं लं वं शं षं सं हं लं क्षं अः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

इसी प्रकार उपरोक्त मन्त्रों से क्रमशः हृदय, शिर, शिखा, कवच, नेत्र का स्पर्श करे । फिर अन्तिम मन्त्र के आगे 'अस्त्राय फट्' कह कर ताली बजावे ॥ ७७-८०॥

अब **सरस्वती का ध्यान** कहते हैं -

सोलह स्वरों एवं चौंतीस हलों इस प्रकार कुल पचास वर्णों से जिनके शरीर की रचना है, जो मस्तक पर चन्द्रकला धारण की हैं, जो कुमुद के समान अत्यन्त शुभ्र हैं, जिनके दाहिने हाथों में १. वरदमुद्रा, २. अक्षमाला तथा बायें हाथों में ३. अभयमुद्रा एवं ४. पुस्तक सुशोभित है, ऐसे समस्त वाणी को धारण करने वाली तीन नेत्रों वाली सरस्वती देवी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ८१ ॥

---

का विधान भी पूर्ववत् (द्र० २. १४) है। दलों पर शक्तियों की पूजा करनी चाहिए । १. वामा, २. ज्येष्ठा, ३. रौद्री, ४. कलकाली, ५. बलविकरिणी, ६. बलप्रमथिनी, ७. सर्वभूतदमनी और ८. मनोन्मनी ये आठ शक्तियाँ हैं । पुनः आगे चारों दिशाओं में पूर्वादिक्रम से प्रमोद, सुमुख, दुर्मुख, विघ्ननाशक, का पूजन करना चाहिए । तदनन्तर आं ब्राह्मयै नमः, ईं माहेश्वर्यै नमः इत्यादि अष्टमातृकाओं के आदि में (द्र० २. ३६) षड्दीर्घाक्षर लगा कर उनका पूजन करना चाहिए । तदनन्तर इन्द्रादि दिक्पालों का, पुनः उनके वज्र आदि आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार पुरश्चरण द्वारा मन्त्र की सिद्धि हो जाने पर अभीष्ट सिद्धि के लिए काम्य प्रयोग करना चाहिए ॥ ११५-११९ ॥

विमर्श - प्रयोग विधि - श्लोक ११३-११४ के अनुसार त्रैलोक्यमोहन गणपति का ध्यान कर मानसोपचारों से पूजन कर अर्घ्य स्थापित करे । पश्चात पीठ एवं पीठदेवता का पूजन कर मूलमन्त्र से त्रैलोक्यमोहन गणेश की मूर्ति की कल्पना कर उनका ध्यान करते हुए आवाहनादि से लेकर पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त समस्त कार्य करना चाहिए । इस मन्त्र का अङ्गन्यास पूर्व में (द्र० २. ११२) में कहा जा चुका है । तदनन्तर आठ दलों पर वामायै नमः से ले कर मनोन्मन्ये नमः पर्यन्त आठ शक्तियों की पूजा करनी चाहिए । तदनन्तर पूर्वादि चारों दिशाओं में प्रमोद सुमुख, दुर्मुख और विघ्ननाशक इन चार नामों के अन्त में चतुर्थ्यन्तयुक्त नमः शब्द लगा कर पूजन करना चाहिए । फिर दल के अग्रभाग में ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं की क्रमशः आदि में ६ दीर्घों से युक्त कर तथा अन्त में चतुर्थ्यन्तयुक्त नमः लगा कर पूजा करे (द्र० २. ३६) । फिर दलों के बाहर इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उनके वज्रादि आयुधों का (द्र० २. ३९) पूजन करना चाहिए। इस प्रकार आवरण पूजा कर धूप दीपादिविसर्जनान्त समस्त क्रिया संपन्न करनी चाहिए, फिर जप करना चाहिए । ऐसा प्रतिदिन करते हुए जब चार लाख जप पूरा हो जावे तब अष्टद्रव्यों से उसका दशांश होम, होम का दशांश तर्पण, तर्पण का दशांश मार्जन तथा

समिद्वरैश्चलदलसमुद्भूतैर्धरासुरान् ।
उदुम्बरोत्थैर्नृपतीन् प्लक्षैर्वाटैर्विशोऽन्तिमान् ॥ १२० ॥
क्षौद्रेण कनकप्राप्तिर्गोप्राप्तिः पयसा गवाम् ।
ऋद्धिर्दध्योदनैरन्नं घृतैः श्रीर्वेतसैर्जलम् ॥ १२१ ॥

द्वात्रिंशद्वर्णात्मको हरिद्रागणेशमन्त्रः

तारो वर्म गणेशो भूर्हरिद्रागणलोहितः ।
आषाढी येवरवरसत्यः सर्वजतर्जनी ॥ १२२ ॥
हृदयं स्तम्भयद्वन्द्वं वल्लभा स्वर्णरेतसः ।
द्वात्रिंशदक्षरो मन्त्रो मदनो[1] मुनिरीरितः ॥ १२३ ॥

चलदलोऽश्वत्थस्तस्य समिद्भिः धरासुरान् विप्रान् वशयेत् । औदुम्बरसमिद्भिर्नृपतीन् वशयेत् । प्लक्षसमिद्भिर्वैश्यान् । वटजाभिरन्तिमान् शूद्रान् ॥ १२०–१२१ ॥ हरिद्रागणेशमनुमाह – **तार इति** । तार ॐ । वर्म हुं । गणेशो गं भूः ग्लौं। लोहितः प । आषाढी तः । सत्यो दः। तर्जनी नः स्वर्गरेतसो वल्लभा स्वाहा। स्वरूपमन्यत् । यथा – ॐ हुं गं ग्लौं हरिद्रागणपतये वरवरद सर्वजनहृदयं स्तम्भय स्तम्भय स्वाहेति द्वात्रिंशद्वर्णः ॥ १२२–१२३ ॥

मार्जन का दशांश ब्राह्मण भोजन कराने पर मन्त्र सिद्ध हो जाता है और साधक काम्य प्रयोग का अधिकारी हो जाता है ॥ ११५-११६ ॥

अब इस मन्त्र से **काम्य प्रयोग** कहते हैं - कमलों के हवन से राजा तथा कुमुद पुष्पों के होम से उसके मन्त्री को वश में किया जा सकता है । पीपल की समिधाओं के हवन से ब्राह्मणों को, उदुम्बर की समिधाओं के हवन से क्षत्रियों को, प्लक्ष समिधाओं के हवन से वैश्यों को तथा वट वृक्ष की समिधाओं के हवन से शूद्रों को वश में किया जा सकता है । इसी प्रकार क्षौद्र (मुनक्का) के होम से सुवर्ण, गो दुग्ध के हवन से गौवें, दधि मिश्रित चरु के हवन से ऋद्धि, घी की आहुति से अन्न एवं लक्ष्मी की तथा वेतस की आहुतियों से सुवृष्टि की प्राप्ति होती है ॥ ११६-१२१ ॥

अब **हरिद्रागणपति के मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

तार (ॐ), वर्म (हुम्), गणेश (गं), भू (ग्लौं), इन बीजाक्षरों के अनन्तर 'हरिद्रागण' पद, इसके बाद लोहित (प), आषाढी (त), तदनन्तर 'ये', फिर 'वर वर' के अनन्तर सत्य (द), फिर 'सर्वज' पद, तदनन्तर तर्जनी (न), फिर 'हृदयं स्तम्भय स्तम्भय', फिर अन्त में अग्निवल्लभा (स्वाहा) लगाने से बत्तीस अक्षरों का हरिद्रागणपति मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १२२-१२३ ॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ॐ हुं गं ग्लौं हरिद्रागणपतये वरवरद सर्वजनहृदयं स्तम्भय स्तम्भय स्वाहा' ॥ १२२-१२३ ॥

छन्दोऽनुष्टुब् देवता तु हरिद्रागणनायकः ।
वेदाष्टशरसप्ताङ्गनेत्रार्णैरङ्गमीरितम् ॥ १२४ ॥

ध्यानकथनम्

पाशांकुशौ मोदकमेकदन्तं
करैर्दधानं कनकासनस्थम् ।
हारिद्रखण्डप्रतिमं त्रिनेत्रं
पीतांशुकं रात्रिगणेशमीडे ॥ १२५ ॥

पुरश्चरणकथनम्

वेदलक्षं जपित्वान्ते हरिद्राचूर्णमिश्रितैः ।
दशांशं तण्डुलैर्हुत्वा ब्राह्मणानपि भोजयेत् ॥ १२६ ॥
पूर्वोक्तपीठे प्रयजेदङ्गमातृदिशाधवैः ।
एवमाराधितो मन्त्रस्सिद्धो यच्छेन्मनोरथान् ॥ १२७ ॥

षडङ्गमाह – **वेदेति** ॥ १२४ ॥ ध्यानमाह – **पाशेति** । अंकुशमोदकौ दक्षयोः पाशदन्तावन्ययोः । रात्रिगणेशो हरिद्रागणपतिः ॥ १२५ ॥ *॥ १२६–१२६ ॥

इस मन्त्र के मदन ऋषि, अनुष्टुप् छन्द और हरिद्रागणनायकदेवता कहे गये हैं। मन्त्र के क्रमशः ४, ८, ५, ७, ६ और दो अक्षरों से षडङ्गन्यास बतलाया गया है ॥ १२४॥

विमर्श – विनियोग विधि - ॐ अस्य श्रीहरिद्रागणनायकमन्त्रस्य मदनऋषिः अनुष्टुप्छन्दः हरिद्रागणनायको देवता आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास विधि - ॐ हुं गं ग्लौं हृदयाय नमः, ॐ हरिद्रागणपतये शिरसे स्वाहा, वरवरद शिखायै वषट्, सर्वजनहृदयं कवचाय हुम्, स्तम्भय स्तम्भय नेत्रत्रयाय वौषट्, स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ १२४ ॥

अब **हरिद्रागणपति का ध्यान** कहते हैं -

जो अपने दाहिने हाथों में अङ्कुश और मोदक तथा बायें हाथों में पाश एवं दन्त धारण किये हुए सुवर्ण के सिंहासन पर स्थित हैं - ऐसे हल्दी जैसी आभा वाले, त्रिनेत्र तथा पीत वस्त्रधारी हरिद्रागणपति की मैं वन्दना करता हूँ ॥ १२५ ॥

अब इस मन्त्र की **पुरश्चरण विधि** कहते हैं -

हरिद्रागणपति के मन्त्र का चार लाख जप कर पिसी हल्दी को चावलों में मिश्रित करके दशांश का होम करना चाहिए (तथा होम के दशांश से तर्पण और उसके दशांश से मार्जन, फिर उसका दशांश) ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए ॥ १२६ ॥

पूर्वोक्त विधि से पीठ पर अङ्गपूजा, मातृका पूजन तथा दिक्पाल आदि का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार पुरश्चरण करने पर पूर्वोक्त मन्त्र (द्र०. २. १२२-१२३)

काम्यप्रयोगकथनम्

शुक्लपक्षे चतुर्थ्यां तु कन्यापिष्टहरिद्रया ।
विलिप्याङ्गं जले स्नात्वा पूजयेद् गणनायकम् ॥ १२८ ॥
तर्पयित्वा पुरस्तस्य सहस्रं साष्टकं जपेत् ।
शतं हुत्वा घृतापूपैर्भोजयेद् ब्रह्मचारिणः ॥ १२६ ॥
कुमारीरपि सन्तोष्य गुरुं प्राप्नोति वाञ्छितम् ।
लाजैः कन्यामवाप्नोति कन्यापि लभते वरम् ॥ १३० ॥
वन्ध्यानारी रजः स्नाता पूजयित्वा गणाधिपम् ।
पलप्रमाणगोमूत्रे पिष्टाः सिन्धुवचानिशाः[1] ॥ १३१ ॥
सहस्रं मन्त्रयेत्कन्याबटून्सम्भोज्य मोदकैः ।
पीत्त्वा तदौषधं पुत्रं लभते गुणसागरम् ॥ १३२ ॥

कुमारीरपीति । भोजयेदित्यनेनान्वेति ॥ १३०–१३३ ॥

समस्त मनोवाञ्छित वस्तु प्रदान करता है ॥ १२७ ॥

विमर्श - प्रयोग विधि - सर्वप्रथम १२५ श्लोक के अनुसार हरिद्रागणेश का ध्यान करना चाहिए । तदनन्तर मानसपूजा एवं अर्घ्यस्थापन करना चाहिए । तत्पश्चात् पीठपूजा एवं केशरों के मध्य में तीव्रादि पीठ देवताओं का पूजन कर मूल मन्त्र से हरिद्रागणपति की मूर्ति की कल्पना कर पुनः ध्यान करना चाहिए । तदनन्तर आवाहन से ले कर पञ्चपुष्पाञ्जलि पर्यन्त पूजन करना चाहिए । फिर **कर्णिकाओं में** पूर्वादि दिशाओं के क्रम से क्रमशः ॐ गणाधिपतये नमः, ॐ गणेशाय नमः, ॐ गणनायकाय नमः, ॐ गणक्रीडाय नमः - से पूजन करना चाहिए । फिर **केशरों में** 'ॐ हूं गं ग्लौं हृदयाय नमः' इत्यादि मन्त्रों से षडङ्गन्यास और अङ्गपूजा करनी चाहिए । तदनन्तर पद्मदलों पर वक्रतुण्ड आदि अष्टगणपतियों का पूजन करना चाहिए । दलों के अग्रभाग में ब्राह्मी आदि अष्टमातृकाओं का, फिर दलों के बहिर्भाग में इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उसके भी बाहर उनके वज्रादि आयुधों का पूजन कर धूप दीपादि पर्यन्त समस्त क्रिया संपन्न करनी चाहिए ॥ १२७ ॥

अब **हरिद्रागणपति मन्त्र का काम्य प्रयोग** कहते हैं -

शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को कन्या द्वारा पीसी गई हल्दी से अपने शरीर में लेप करे। तदनन्तर जल में स्नान कर गणपति का पूजन करे । फिर गणेश के आगे स्थित हो तर्पण करे और उनके सम्मुख १००८ की संख्या में जप करे । फिर घी और मालपूआ से १०० आहुतियाँ देकर ब्रह्मचारियों को भोजन करावे तथा कुमारियों एवं स्वगुरु को भी संतुष्ट करे तो साधक अपना अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ १२८-१३० ॥

लाजाओं के होम से उत्तम वधू तथा कन्या को भी अनुरूप वर की प्राप्ति होती है।

---

१. हरिद्रा ।

वाणीस्तम्भं रिपुस्तम्भं कुर्यान्मनुरुपासितः ।
जलाग्निचौरसिंहास्त्रप्रमुखानपि रोधयेत् ॥ १३३ ॥

बीजमन्त्रकथनम्

शार्ङ्गीमांसस्थितः सेन्दुर्बीजमुक्तं गणेशितुः ।
हरिद्राख्यस्य यजनं पूर्ववत्प्रोदितं मनोः ॥ १३४ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **शार्ङ्गीति** । शार्ङ्गी गः । मांसस्थितः लकारस्थः । ग्लमिति

बन्ध्या स्त्री ऋतुस्नान के पश्चात् गणेश जी का पूजन कर एक पल (चार तोला) गोमूत्र में दूधवच एवं हल्दी पीस कर उसे १००० बार हरिद्रागणपति के मन्त्र से अभिमन्त्रित करे, फिर कन्या एवं वटुकों को लड्डू खिला कर स्वयं उस औषधि का पान करे तो उसे गुणवान् पुत्र की प्राप्ति होती है । इतना ही नहीं इस मन्त्र की उपासना से वाणी स्तम्भन एवं शत्रुस्तम्भन भी हो जाता है तथा जल, अग्नि, चोर, सिंह एवं अस्त्र आदि का प्रकोप भी रोका जा सकता है ॥ १३०-१३३ ॥

अब **हरिद्रागणेश का अन्य मन्त्र** कहते हैं -

शार्ङ्गी (ग), मांसस्थित (ल), इन दोनों में अनुस्वार लगाने से हरिद्रागणपति का बीजमन्त्र (ग्लं) यह पूर्व में बतलाया जा चुका है । इस मन्त्र का पुरश्चरण भी पूर्वोक्त विधि से करना चाहिए ॥ १३४ ॥

विमर्श - विनियोग - ॐ अस्य श्रीहरिद्रागणपतिमन्त्रस्य वशिष्ठऋषिः गायत्रीछन्दः हरिद्रागणपतिर्देवता गं बीजं लं शक्तिः आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ गां हृदयाय नमः, ॐ गीं शिरसे स्वाहा, ॐ गूं शिखायै वषट्, ॐ गैं कवचाय हुम्, ॐ गौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ गः अस्त्राय फट् ।

हरिद्रागणपति का ध्यान - हरिद्राभं चतुर्बाहुं हरिद्रावसनं विभुम् ।
पाशाङ्कुशधरं देवं मोदकं दन्तमेव च ॥

हल्दी के समान पीत वर्ण की आभा वाले, चार हाथों वाले, पीत वर्ण के वस्त्र को धारण करने वाले, व्याप्त, पाश एवं अङ्कुश अपने दाहिने हाथों में धारण करने वाले तथा मोदक एवं दन्त अपने बाएँ हाथों में धारण करने वाले हरिद्रागणेश का मैं ध्यान करता हूँ ।

इस प्रकार ध्यान करने के उपरान्त मानसोपचारपूजन, अर्घ्यस्थापन, पीठपूजा, तीव्रादि पीठशक्तियों की पूजा, अङ्गपूजा एवं आवरण पूजादि समस्त कार्य पूर्वोक्त रीति से संपन्न करना चाहिए । चार लाख जप पूर्ण करने के पश्चात् घी, मधु, शर्करा एवं हरिद्रा मिश्रित तण्डुलों से दशांश होम, तद्दशांश तर्पण, तद्दशांश मार्जन और तद्दशांश ब्राह्मण भोजन करा कर पुरश्चरण की क्रिया पूर्ण करनी चाहिए ॥ १३४ ॥

प्रोक्ता एते गणेशस्य मन्त्रा इष्टमभीप्सता।
गोपनीया न दुष्टेभ्यो वदनीयाः कथञ्चन॥ १३५॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ गणेशमन्त्र-
कथनं नाम द्वितीयस्तरङ्गः ॥ २ ॥

बीजं । हरिद्रागणपतेः पूजनं पूर्ववत्॥ १३४॥ *॥ १३५॥

इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां
गणेशमन्त्रकथनं नाम द्वितीयस्तरङ्गः ॥ २ ॥

अब उपसंहार करते हुये ग्रन्थकार कहते हैं कि - मनोभीष्ट फल देने वाले गणेश जी के मन्त्रों को हमने कहा । ये मन्त्र दुष्ट जनों से सर्वदा गोपनीय रखने चाहिए तथा उन्हें कभी भी इनका उपदेश (कानों में मन्त्र देना) नहीं करना चाहिए ॥ १३५॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के द्वितीय तरङ्ग की महाकवि
पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय
कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २ ॥

अथ तृतीयः तरङ्गः

अथ कालीमनून् वक्ष्ये सद्यो वाक्सिद्धिदायकान् ।
आराधितैर्यैः सर्वेष्टं प्राप्नुवन्ति जना भुवि ॥ १ ॥

कालिकाया द्वाविंशत्यर्णात्मको मन्त्रः

क्रोधीशत्रितयं वह्निवामाक्षिविधुभिर्युतम् ।
वराहद्वितयं वामकर्णचन्द्रसमन्वितम् ॥ २ ॥

---

* नौका *

कालीमन्त्रान् वक्तुं प्रतिजानीते – **अथेति** ॥ १ ॥ मन्त्रमुद्धरति – **क्रोधीशेति । क्रोधीशः कः** । तस्य त्रयं वह्निवामाक्षिविधुभिः रेफईकारानुस्वारै– र्युतम् । तेन क्रीं क्रीं क्रीं । वराहो हः । वामकर्ण ऊं । दक्षिणे स्वरूपम् । सृष्टिः कः । दीर्घा आकारयुता । क्रिया लः । सदृक् इयुतः लिः । चक्री कः । झिंटीशमारूढः एयुत के । प्रागुक्तं आदावुक्तं बीजानां सप्तकम् । वह्निप्रिया स्वाहा । यथा – क्रीं क्रीं क्रीं हूँ हूँ ह्रीं ह्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूँ हूँ ह्रीं ह्रीं स्वाहेति ॥ २ ॥ * ॥ ३–४ ॥

---

* अरित्र *

अब सद्यः वाक्सिद्धि प्रदान करने वाले काली के मन्त्रों को कहता हूँ, जिनके द्वारा आराधना करने से मनुष्य इस भूलोक में अपना समस्त अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ १ ॥

सर्वप्रथम **दक्षिणकाली मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

वह्नि (र), वामाक्षि (ई) एवं विधु (र) के साथ अनुस्वार तथा क्रोधीश (क) अर्थात् क्रीं इसकी तीन आवृत्ति, वामकर्ण (ऊ) एवं चन्द्रमा (अनुस्वार) सहित वराह (ह) अर्थात् हूँ की आवृत्ति, फिर माया युग्म (ह्रीं ह्रीं), तदनन्तर दक्षिणे, दीर्घसृष्टि (का), सदृक् क्रिया (लि) और झिण्टीश (ए) के सहित चक्री (क अर्थात् के) तदनन्तर पुनः पूर्वोक्त सात बीज - क्रीं

मायायुग्मं दक्षिणे च दीर्घासृष्टिः सदृक् क्रिया।
चक्रीझिण्टीशमारूढः प्रागुक्तं बीजसप्तकम्॥ ३॥
मन्त्रो वह्निप्रियान्तोऽयं द्वाविंशत्यक्षरो मतः।
न चात्र सिद्धसाध्यादिशोधनं मनसापि च॥ ४॥
न यत्नातिशयः कश्चित्पुरश्चर्यानिमित्तकः।
विद्याराज्ञ्याः स्मृतेरेव सिद्ध्यष्टकमवाप्नुयात्॥ ५॥
भैरवोऽस्य[१] ऋषिश्छन्दउष्णिक्काली तु देवता।
बीजं माया दीर्घवर्मशक्तिरुक्ता मनीषिभिः॥ ६॥
षड्दीर्घाढ्याद्यबीजेन विद्याया अङ्गमीरितम्।
मातृकां पञ्चधा भक्त्या वर्णान् दशदशक्रमात्॥ ७॥
हृदये भुजयोः पादद्वये मन्त्री प्रविन्यसेत्।
व्यापकं मनुना कृत्वा ध्यायेच्चेतसि कालिकाम्॥ ८॥

दीर्घवर्म हूं ॥ ५-६ ॥ षडङ्गमाह – षडिति क्रां क्रीं इत्यादि । मातृकामिति – अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं १० नमो हृदि । एं १०

क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं - उसके अन्त में वह्निप्रिया अर्थात् स्वाहा लगाने से बाईस अक्षरों का काली मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ २-४ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा' ॥ २-४ ॥

इस मन्त्र की सिद्धि के लिए मन से भी किसी साधन की आवश्यकता नहीं है और न तो पुरश्चरण का प्रयत्न ही आवश्यक है, इस विद्याराज्ञी के स्मरण मात्र से साधक को सारी सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती हैं ॥ ४-५ ॥

मनीषियों ने इस मन्त्र के भैरव ऋषि, उष्णिक् छन्द, काली देवता, माया बीज (ह्रीं) तथा दीर्घ वर्म (हूं) को शक्ति कहा है । छ दीर्घ सहित आद्य बीज से इस विद्या का षडङ्गन्यास कहा गया है । वर्णमाला के कुल पचास अक्षरों को दश दश अक्षरों का पाँच विभाग कर हृदय, दोनों हाथ और दोनों पैरों में न्यास करना चाहिए । तदनन्तर मुख्य मन्त्र से व्यापक न्यास कर चित्त में महाकाली का ध्यान करना चाहिए ॥ ६-८ ॥

विमर्श - सर्वप्रथम इसका **विनियोग** कहते हैं - 'ॐ अस्य श्रीकालीमन्त्रस्य भैरवऋषिः उष्णिक्छन्दः कालीदेवता ह्रीं बीजं हूं शक्तिः क्रीं कीलकं आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे पुरुषार्थचतुष्टयप्राप्तये वा कालीमन्त्र जपे विनियोगः' ।

---

१. अस्य श्रीकालीमन्त्रस्य भैरवऋषिः उष्णिक्छन्दः कालीदेवता ह्रीं बीजं हूँ शक्तिः ममाभीष्टसिध्यर्थे जपे विनियोगः ।

ध्यानवर्णनम्

सद्यश्छिन्नशिरः कृपाणमभयं हस्तैर्वरं बिभ्रतीं
घोरास्यां शिरसां स्रजासुरुचिरामुन्मुक्तकेशावलिम् ।
सृक्क्यसृक्प्रवहां श्मशाननिलयां श्रुत्योः शवालङ्कृतिं
श्यामाङ्गीं कृतमेखलां शवकरैर्देवीं भजे कालिकाम् ॥ ६ ॥

दक्षभुजे । डं १० वामभुजे । णं १० दक्षपादे । मं १० वामपादे इति ॥ ७–८ ॥ ध्यानमाह – **सद्य** इति । खड्गवरारौ दक्षयोः । सद्यश्छिन्न–शिरोऽभयवामयोः सृक्किणीरोष्ठप्रान्तयोरसृजो रुधिरस्य प्रवाहो यस्यास्ताम्। श्रुत्यो कर्णयोः शवालङ्कारयुताम् ॥ ६ ॥ * ॥ १०–१२ ॥

ऋष्यादिन्यास - ॐ भैरवऋषये नमः शिरसि, ॐ उष्णिक्छन्दसे नमः मुखे, ॐ दक्षिणकालीदेवतायै नमः, हृदि,ॐ ह्रीं बीजाय नमः गुह्ये, ॐ हूंशक्तये नमः पादयोः, ॐ क्रीं कीलकाय नमः सर्वाङ्गे

कराङ्गन्यास - ॐ क्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, ॐ क्रीं तर्जनीभ्यां नमः, ॐ क्रूं मध्यमाभ्यां नमः, ॐ क्रैं अनामिकाभ्यां नमः, ॐ क्रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः, ॐ क्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ।

हृदयादिन्यास - उक्त प्रकार से दीर्घान्त ६ वर्णों के साथ बीज मन्त्र लगाकर हृदयादिन्यास भी क्रमशः कर लेना चाहिए ।

वर्णन्यास - अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं लृं लॄं नमः, हृदि ।
एं ऐं ओं औं अं अः कं खं गं घं नमः, दक्षबाहौ ।
ङं चं छं जं झं ञं टं ठं डं ढं नमः, वामबाहौ ।
णं तं थं दं धं नं पं फं बं भं नमः, दक्षपादे ।
मं यं रं लं वं शं षं सं हं क्षं नमः, वामपादे ।
क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं दक्षिणकालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा, सर्वाङ्गे ॥ ६-८ ॥

अब **भगवती दक्षिणकालिका का ध्यान** कहते हैं -

भगवती दक्षिणकालिका का मुख़ अत्यन्त भयानक है, उनके गले में मुण्ड माला विराज रही है तथा केश खुले हुये हैं, उनकी चार भुजायें हैं, बायें के निचले भाग वाली भुजा में तुरन्त का काटा गया शिर तथा ऊपरी हाथ में अभयमुद्रा है, दायें के निचले भाग वाली भुजा में वरद मुद्रा तथा ऊपर वाली भुजा में खड्ग विराज रहा है, जिनके होठों के अग्रभाग से अजस्त्र रक्त की धारा चू रही है । कानों में दो शव-शिशु के कर्ण फूल आभूषण के रूप में लटक रहे हैं । कमर में शवहस्त से निर्मित करधनी शोभा दे रही है, ऐसी श्मशानवासिनी श्यामवर्णा महाकाली का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ६ ॥

पुरश्चरणकथनम्

एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षं जुहुयात्तद्दशांशतः।
प्रसूनैः करवीरोत्थैः पूजायन्त्रमथोच्यते ॥ १० ॥
आदौ षट्कोणमारच्य त्रिकोणत्रितयं ततः।
पद्ममष्टदलं बाह्ये भूपुरं तत्र पूजयेत्[1] ॥ ११ ॥

पीठाद्यावरणपूजा पीठदेवता च

जयाख्या विजया पश्चादजिता चापराजिता।
नित्या विलासिनी चापि दोग्ध्र्यघोरा च मङ्गला ॥ १२ ॥
पीठशक्तय एताः स्युः कालिकायोगपीठतः।
आत्मने हृदयान्तोऽयं मायादिः[2] पीठमन्त्रकः ॥ १३ ॥

पीठमन्त्रमाह – **आत्मन** इति । ह्रीं आत्मने नम इति ॥ १३ ॥ * ॥ १४–१८ ॥

कालीपूजनयन्त्रम्

इस प्रकार ध्यान कर उपरोक्त का मन्त्र एक लाख जप करना चाहिए तथा कनेर के पुष्पों से उसका दशांश हवन करना चाहिए । अब उनका पूजा यन्त्र कहता हूँ ॥ १० ॥

अब **काली पूजा यन्त्र निर्माण की विधि** कहते हैं –

पूजन यन्त्र बनाने के लिए सर्वप्रथम षट्कोण की रचना करके, तदनन्तर उसके बाहर तीन त्रिकोण बनाना चाहिए । फिर उसके बाद अष्टदल कमल बनाकर उसके बाहर भूपुर की रचना कर उस यन्त्र में महाकाली का पूजन करना चाहिए ॥ ११ ॥

अब **महाकाली की पूजाविधि** कहते हैं –

१. जया, २. विजया, ३. अजिता ४. अपराजिता, ५. नित्या, ६. विलासिनी, ७. दोग्ध्री, ८. अघोरा और ६. मङ्गला – ये नव पीठ की शक्तियाँ हैं । 'ॐ ह्रीं कालिकायोगात्मने नमः' यह पीठ का मन्त्र है ॥ १२-१३ ॥

---

१. इदं यन्त्रं गौणं, मुख्ये तु त्रिकोणपञ्चकं लेखनीयम् ।
२. ह्रीं कालिकायोगपीठात्मने नमः ।

अस्मिन् पीठे यजेद्देवीं शवरूपशिवस्थिताम्।
महाकालरतासक्तां शिवाभिर्दिक्षु वेष्टिताम् ॥ १४ ॥
अङ्गानि [1]पूर्वमाराध्य षट्पत्रेषु समर्चयेत्।
कालीं कपालिनीं कुल्लां कुरुकुल्लां विरोधिनीम् ॥ १५ ॥
विप्रचित्तां च सम्पूज्य नवकोणेषु पूजयेत्।
उग्रामुग्रप्रभां दीप्तां नीलां घनबलाकिके ॥ १६ ॥
मात्रां मुद्रां तथा मित्रां पूज्याः पत्रेषु मातरः।
पद्मस्याष्टसु पत्रेषु ब्राह्मी नारायणीत्यपि ॥ १७ ॥
माहेश्वरी च चामुण्डा कौमारी चापरापजिता।
वाराही नारसिंही च पुनरेतास्तु भूपुरे ॥ १८ ॥
भैरवीं महदाद्यान्तां सिंहाद्यां धूम्रपूर्विकाम्।
भीमोन्मत्तादिकां चापि वशीकरणभैरवीम् ॥ १९ ॥
मोहनाद्यां समाराध्य शक्रादीनायुधान्यपि।
एवमाराधिता काली सिद्धा भवति मन्त्रिणाम् ॥ २० ॥

महादाद्यां महाभैरवीम् । सिंहाद्यां सिंहभैरवीम् । धूम्रपूर्विकां धूम्रभैरवीम्। भीमोन्मत्तादिकां भीमभैरवीमुन्मत्तभैरवीं च ॥ १९ ॥ मोहनाद्यां मोहनभैरवीम् ॥ २० ॥

उस पीठ पर शव रूपी शिव पर स्थित महाकाल के साथ रतासक्ता एवं चारों ओर शिवाओं से घिरी हुई महादेवी का पूजन करना चाहिए । सर्वप्रथम अङ्गपूजा करनी चाहिए । तदनन्तर षट्कोणों में काली, कपालिनी, कुल्ला, कुरुकुल्ला, विरोधिनी एवं विप्रचित्ता का पूजन करें । तदनन्तर त्रिकोण के नवकोणों में उग्रा, उग्रप्रभा, दीप्ता, नीला, घना, बलाकिका, मात्रा, मुद्रा तथा मित्रा का पूजन करना चाहिए । इसके बाद अष्टदल में क्रमशः ब्राह्मी, नारायणी, माहेश्वरी, चामुण्डा, कौमारी, अपराजिता, वाराही और नारसिंही का पूजन करना चाहिए । भूपुर में महाभैरवी, सिंहभैरवी, धूम्रभैरवी, भीमभैरवी, उन्मत्तभैरवी, वशीकरणभैरवी एवं मोहनभैरवी का तथा महाभैरवी का पूजन करना चाहिए । तदनन्तर भूपुर के बाहर इन्द्रादि दशदिक्पालों का तथा उसके बाहर उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार की आराधना से मन्त्र वेत्ता को काली सिद्ध हो जाती हैं ॥ १४-२० ॥

विमर्श - प्रयोग विधि - ३. ६ वें श्लोक के अनुरूप महाकाली का ध्यान कर

---

१. अंसाञ्चनमेकम् । काल्याद्याः षट्षट् अञ्चयेदिति द्वितीयम् । उग्राद्या नवनवकोणेषु यजेदिति तृतीयम् । अष्टपत्रे ब्राह्माद्या अष्ट यजेदिति चतुर्थम् । भूपुरेऽष्टदिक्षु भैरवाद्या अष्ट यजेदिति पञ्चमम् ।

मानसोपचार से उनका पूजन करें । तदनन्तर अर्घ्य स्थापित कर हुं गर्भित त्रिकोण लिखकर उस पर आधार सहित अर्घ्यपात्र स्थापित करें । पुनः उसमें जल भर कर, गन्धादि डाल कर 'गङ्गे च यमुने चैव' इत्यादि मन्त्र से तीर्थों का आवाहन करें । तदनन्तर 'वं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः' इस मन्त्र से आधार की 'ॐ सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने नमः' इस मन्त्र से शङ्ख की तथा 'ॐ सोममण्डलाय षोडशकलात्मने नमः' इस मन्त्र से अर्घ्यपात्र स्थित जल की पूजा करना चाहिए । सर्वप्रथम जयायै नमः, विजयायै नमः, अजितायै नमः, अपराजितायै नमः, नित्यायै नमः, विलासिन्यै नमः, दोग्ध्यै नमः, अघोरायै नमः, मङ्गलायै नमः, इन मन्त्रों से ६ पीठ शक्तियों की पूजा कर 'कालिकायोगपीठात्मने नमः' इस मन्त्र से पीठ पूजा संपादन करना चाहिए । इस प्रकार पीठ पूजन के अनन्तर उस पीठ पर भगवती कालिका का श्लोक १४ के अनुसार ध्यान कर मूलमन्त्र से उनका आवाहन स्थापन तथा पूजा सम्पादन कर, 'ॐ दक्षिणकालिके देवि आवरणं ते पूजयामि' इस मन्त्र को बोल कर माँ से आवरण पूजा की आज्ञा लेकर आवरण पूजा करनी चाहिए । सर्वप्रथम षडङ्गपूजा करनी चाहिए । उसकी विधि इस प्रकार है -

ॐ क्रां हृदयाय नमः आग्नेये, क्रीं शिरसे स्वाहा, ईशाने,
ॐ क्रूं शिखायै वषट्, नैर्ऋत्ये, क्रैं कवचाय हुम् वायव्ये,
ॐ क्रौं नेत्रत्रयाय वौषट् अग्रे, ॐ क्रः अस्त्राय फट् चतुर्दिक्षु,

इस विधि से पूजन कर तदनन्तर मूलमन्त्र पढ़कर 'अभीष्ट सिद्धिं में देहि ... **प्रथमावरणार्चन**' पर्यन्त पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

तदनन्तर षट्कोणों में क्रमशः -

ॐ काल्यै नमः, ॐ कपालिन्यै नमः, ॐ कुल्लायै नमः,
ॐ कुरुकुल्लायै नमः, ॐ विरोधिन्यै नमः, ॐ विप्रचित्तायै नमः

इन मन्त्रों से पूजन कर मूलमन्त्र पढ़ें । फिर 'अभीष्ट सिद्धिं में देहि ... **द्वितीयावरणार्चन**' पर्यन्त मन्त्र बोलकर पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

तदनन्तर तीनों त्रिकोणों में क्रमशः प्रथम त्रिकोण के तीन कोणों में ॐ उग्रायै नमः, ॐ उग्रप्रभायै नमः, ॐ दीप्तायै नमः - इन तीनों मन्त्रों से, तदनन्तर द्वितीय त्रिकोण के तीनों कोणों में ॐ नलायै नमः, घनायै नमः, वलाकायै नमः - इन तीन मन्त्रों से, तदनन्तर तृतीय त्रिकोण के तीनों कोणों में ॐ मात्रायै नमः, ॐ मुद्रायै नमः, ॐ मित्रायै नमः से पूजन करें, फिर मूलमन्त्र पढ़कर अभीष्टसिद्धि से लेकर **तृतीयावरणार्चन** पर्यन्त मन्त्र बोलकर पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

तदनन्तर अष्टदल कमल में पूर्वादि दिशा क्रम से

ॐ ब्राह्म्यै नमः, ॐ नारायण्यै नमः, ॐ माहेश्वर्यै नमः,
ॐ चामुण्डायै नमः, ॐ कौमार्यै नमः, ॐ अपराजितायै नमः,
ॐ वाराह्यै नमः, ॐ नारसिंह्यै नमः

इन मन्त्रों से पञ्चोपचार पूजन कर 'अभीष्ट सिद्धिं मे ...' **चतुर्थावरणार्चन** पर्यन्त मन्त्र बोलकर पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

तदनन्तर भूपुर के आठों दिशाओं में पूर्वादि क्रम से

ॐ महाभैरव्यै नमः, ॐ सिंहभैरव्यै नमः, ॐ धूम्रभैरव्यै नमः,
ॐ भीमभैरव्यै नमः, ॐ उन्मत्तभैरव्यै नमः, ॐ वशीकरणभैरव्यै नमः,
ॐ मोहनभैरव्यै नमः ॐ महाभैरव्यै नमः

इन मन्त्रों को पढ़कर पञ्चोपचार पूजन करें । फिर 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि **पञ्चमावरणार्चन** पर्यन्त मन्त्र पढ़कर पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

तदनन्तर भूपुर के बाहर पूर्वादि दिशाओं के क्रम से

ॐ इन्द्राय नमः, ॐ अग्नये नमः, ॐ यमाय नमः,
ॐ निर्ऋतये नमः, ॐ वरुणाय नमः, ॐ वायवे नमः,
ॐ सोमाय नमः, ॐ ईशानाय नमः,
ऊपर ॐ ब्रह्मणे नमः, अधः ॐ अनन्ताय नमः

इन मन्त्रों को पढ़कर पञ्चोपचार से दश दिक्पालों का पूजन कर मूलमन्त्र सहित 'अभीष्टसिद्धिं मे .....' से लेकर **षष्ठावरणार्चन** पर्यन्त मन्त्र पढ़कर पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

तदनन्तर दिक्पालों के सन्निकट उनके आयुधों को पूर्वादिदिशाओं के क्रम से

ॐ वज्राय नमः, ॐ शक्तये नमः, ॐ दण्डायै नमः,
ॐ खड्गाय नमः, ॐ पाशाय नमः, ॐ अंकुशाय नमः,
ॐ गदायै नमः, ॐ त्रिशूलाय नमः, ॐ चक्राय,
ॐ पद्माय नमः

मन्त्र से पञ्चोपचार पूजन कर मूलमन्त्र सहित 'अभीष्ट सिद्धिं मे देहि .. ...' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर **सप्तम, अष्टम** और **नवम** तीन बार पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

इसके बाद मूल मन्त्र से गन्धादि उपचारों द्वारा देवी का पूजन कर मूलमन्त्र का जप करना चाहिए । निश्चित जप पूरा करने के पश्चात् प्रतिदिन 'गुह्यातिगुह्यगोप्त्री त्वम्' इत्यादि मन्त्र पढ़कर देवी के बायें हाथ में जप समर्पित करना चाहिए । तदनन्तर प्रदक्षिणा और नमस्कार कर स्तोत्र और कवच का पाठ करना चाहिए ।

फिर देवी के अङ्गों में आवरण देवताओं को विलीन कर संहार मुद्रा द्वारा 'दक्षिण कालिके देवि क्षमस्व' पढ़कर देवी का विसर्जन करें । देवी के तेज को पुष्प में समाहित कर अपने हृदय में लगाकर आरोपित करें । नैवेद्य का कुछ अंश - 'ॐ उच्छिष्ट चाण्डालिन्यै नमः' । इस मन्त्र से ईशान कोण में रख देवें तथा निर्माल्य को मस्तक पर धारण करें ।

उक्त मन्त्र का पुरश्चरण दो लाख करना चाहिए । जिसमें एक लाख जप

ततः प्रयोगान् कुर्वीत महाभैरवभाषितान् ।
आत्मनोऽर्थे परस्यार्थे क्षिप्रसिद्धिप्रदायकान् ॥ २१ ॥
स्त्रीणां निन्दां प्रहारं च कौटिल्यं वाप्रियं वचः ।
आत्मनो हितमन्विच्छन् कालीभक्तो विवर्जयेत् ॥ २२ ॥

अस्य मन्त्रस्य नानाविधानानि नानाफलदानि

सुदृशो मदनावासं पश्यन् यः प्रजपेन्मनुम् ।
अयुतं सोऽचिरादेव वाक्पतेः समतामियात् ॥ २३ ॥
दिगम्बरो मुक्तकेशः श्मशानस्थोऽधियामिनि ।
जपेद्योऽयुतमेतस्य भवेयुः सर्वकामनाः ॥ २४ ॥
शावं हृदयमारुह्य निर्वासाः प्रेतभूगतः ।
अर्कपुष्पसहस्रेणाभ्यक्तेन स्वीयरेतसा ॥ २५ ॥
देवीं यः पूजयेद् भक्त्या जपन्नेकैकशो मनुम् ।
सोऽचिरेणैव कालेन धरणीप्रभुतां व्रजेत् ॥ २६ ॥

---

* ॥ २१–२२ ॥ मदनावासं भगम् ॥ २३ ॥ अधि यामिनि रात्रौ ॥ २४ ॥

दिन में पवित्र रहकर हविष्यान्न भोजन कर करें तथा एक लाख जप रात को ताम्बूल चर्वण कर शय्या पर बैठकर करें। जप पूरा होने पर पूर्ववत् दशांश होम, तर्पण मार्जन एवं ब्राह्मण भोजन करावें । तदनन्तर गुरुदेव को दक्षिणा प्रदान कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण करे ॥ १४-२० ॥

पुरश्चरण द्वारा मन्त्र सिद्धि हो जाने पर महाभैरव द्वारा वतलाये गये शीघ्र सिद्धि प्रदायक काम्य प्रयोगों को अपने लिए अथवा अन्यों के लिए करना चाहिए ॥ २१॥

ध्यान रहे काली की सिद्धि चाहने वाले तथा अपना हित चाहने वाले साधकों को स्त्रियों की निन्दा, उन पर प्रहार, उनसे कुटिल व्यवहार अथवा अप्रिय कटुभाषण त्याग देना चाहिए ॥ २२ ॥

अब इस मन्त्र से **काम्य प्रयोग का विधान** कहते हैं -

सुन्दरी के गुप्ताङ्ग को देखते हुये जो साधक इस मन्त्र का दश हजार जप करता है वह शीघ्र ही बृहस्पति के तुल्य हो जाता है। रात्रि में श्मशान में बैठकर दिगम्बर एवं केशों को खोलकर कर जो इस मन्त्र का दश हजार जप करता है उसकी सारी कामनायें पूर्ण हो जाती हैं ॥ २३-२४ ॥

श्मशान में जाकर शव के हृदय पर आरूढ़ हो कर नग्न (विवस्त्र) हो जो साधक अपने वीर्य से अभ्यक्त आक के पुष्पों से एक-एक मन्त्र के साथ एक एक पुष्प द्वारा इस प्रकार एक हजार पुष्पों से देवी का भक्तिभाव से पूजन करता है वह शीघ्र ही भूपति बन जाता है ॥ २५-२६ ॥

रजःकीर्णभग नार्या ध्यायन् योऽयुतमाजपेत्।
स कवित्वेन रम्येण जनान् मोहयति ध्रुवम् ॥ २७ ॥
त्रिपञ्चारे महापीठे शवस्य हृदि संस्थिताम्।
महाकालेन देवेन मारयुद्धं प्रकुर्वतीम् ॥ २८ ॥
तां ध्यायन् स्मेरवदनां विदधत् सुरतं स्वयम्।
जपेत् सहस्रमपि यः स शङ्करसमो भवेत् ॥ २९ ॥
अस्थिलोमत्वचायुक्तं मांसं मार्जारमेषयोः।
ऊष्ट्रस्य महिषस्यापि बलिं यस्तु समर्पयेत् ॥ ३० ॥
भूताष्टम्योर्मध्यरात्रे वश्याः स्युस्तस्य जन्तवः।
विद्यालक्ष्मीयशः पुत्रैः स चिरं सुखमेधते ॥ ३१ ॥
यो हविष्याशनरतो दिवा देवीं स्मरञ्जपेत्।
नक्तं निधुवनासक्तो लक्षं स स्याद् धरापतिः ॥ ३२ ॥
रक्ताम्भोजैर्हुतैर्मन्त्री धनैर्जयति वित्तपम्।
बिल्वपत्रैर्भवेद् राज्यं रक्तपुष्पैर्वशीकृतिः ॥ ३३ ॥

॥ २५–२७ ॥ त्रिगुणाः पञ्चाराः कोणा यस्येदृशं पीठे महाकालेन भर्त्रा मारयुद्धं सुरतं कुर्वन्तीम् ॥ २८ ॥ * ॥ २९–३७ ॥

स्त्री के रजः से आप्लुत भग का ध्यान करते हुये जो व्यक्ति दश हजार जप करता है वह अपनी उत्कृष्ट कविता द्वारा समस्त लोगों को निःसन्देह मोहितकर चकित कर देता है ॥ २७ ॥

त्रिगुणित पॉच अरों के कोणों वाले महापीठ पर शव के वक्षःस्थल पर बैठी हुई अपने पति महाकाल के साथ सुरत में प्रवृत्त स्मेरमुखी देवी का ध्यान करते हुये जो साधक स्वयं सुरत में प्रवृत्त होकर उक्त मन्त्र का एक हजार जप करता है वह शंकर के समान हो जाता है ॥ २८-२९ ॥

मार्जार, भेंड़, ऊँट अथवा भैसें के हड्डी, रोम एवं खाल सहित मांस से जो साधक कृष्ण पक्ष की अष्टमी अथवा चतुर्दशी तिथि की अर्धरात्रि में बलि देता है, सारे जन्तु उसके वश में हो जाते हैं । जो साधक दिन में हविष्यान्न भोजन कर देवी का स्मरण करते हुये जप करता है वह विद्या, लक्ष्मी, यश एवं पुत्र का चिरकाल पर्यन्त सुख प्राप्त करता है । रात्रि में निधुवन (सुरत) में आसक्त रहकर जो व्यक्ति इस मन्त्र का एक लाख जप करता है वह राजा हो जाता है ॥ ३०-३२ ॥

लाल कमलों के हवन से व्यक्ति राजमन्त्री बन जाता है और वह अपने धन से कुबेर को भी मात कर देता है । बिल्व पत्र के होम से राज्य की प्राप्ति होती है तथा लाल पुष्पों के हवन से वशीकरण की सिद्धि होती है ॥ ३३ ॥

असृजामहिषादीनां कालिकां यस्तु तर्पयेत्।
तस्य स्युरचिरादेव करस्थाः सर्वसिद्धयः॥ ३४॥
यो लक्षं प्रजपेन्मन्त्रं शवमारुह्य मन्त्रवित्।
तस्य सिद्धो मनुः सद्यः सर्वेप्सितफलप्रदः॥ ३५॥
तेनाश्वमेधप्रमुखैर्यागैरिष्टं सुजन्मना।
दत्तं दानं तपस्तप्तमुपास्ते यस्तु कालिकाम्॥ ३६॥
ब्रह्मा विष्णुः शिवो गौरी लक्ष्मीगणपती रविः।
पूजिताः सकला देवा यः कालीं पूजयेत् सदा॥ ३७॥

अथ कालीमन्त्रभेदास्तत्र एकविंशत्यर्णात्मको मन्त्रः

अथ कालीमन्त्रभेदा उच्यन्ते सिद्धिदायिनः।
मायायुगं कूर्चयुग्मं करशान्तिविधुत्रयम्॥ ३८॥

कालीमन्त्रभेदानाह – **मायेति** । कूर्च्चं हूं । करः स्वरूपम् । शान्तिरी ॥ विधुं बिन्दुः । क्रीं उक्तबीजानि व्युत्क्रमेण । स्वरूपमन्यत् । ॐ ह्रीं ह्रीं हूँ हूँ क्रीं क्रीं क्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं इत्येकविंशत्यर्णः ताराद्यः प्रणवाद्यः ॥ ३८॥ *॥ ३९–४०॥

भैंस आदि के रक्तों से जो व्यक्ति महाकाली का तर्पण करता है, समस्त सिद्धियाँ शीघ्र ही उसकी वशवर्त्तिनी हो जाती हैं ॥ ३४ ॥

जो मन्त्रवेत्ता शव पर बैठकर उक्त मन्त्र का एक लाख जप करता है, उसका मन्त्र सिद्ध हो जाता है तथा उसकी सारी मनोकामनायें शीघ्र ही पूर्ण हो जाती हैं ॥ ३५ ॥

जो व्यक्ति महाकाली की उपासना करता है, उस सुजन्मा ने अश्वमेधादि सर्वश्रेष्ठ यज्ञों को संपन्न कर लिया, उसने सभी दान एवं समस्त तप कर अपना जन्म सार्थक बना लिया ॥ ३६ ॥

जिस व्यक्ति ने सदैव महाकाली की उपासना कर ली, उसने ब्रह्मा, विष्णु, शिव, गौरी, लक्ष्मी, गणपति, सूर्य एवं अन्य समस्त देवों का पूजन सम्पन्न कर लिया ॥ ३७ ॥

अब सिद्धिदायक **काली मन्त्रों का भेद** कहते हैं -

प्रथम तार (ॐ), फिर दो माया बीज (ह्रीं ह्रीं), फिर दो कूर्च (हूं हूं) करशान्ति विधु तीन (क्रीं क्रीं क्रीं) फिर दक्षिणे कालिके, तदनन्तर अन्त में विलोम क्रम से उक्त सातों बीज (क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं) लगाने से इक्कीस अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है, इसका पूजन एवं पुरश्चरण पूर्वोक्त विधि से करना चाहिए ॥ ३८-३९ ॥

दक्षिणेकालिके पूर्वबीजानि स्युर्विलोमतः।
एकविंशतिवर्णात्मा ताराद्यः पूर्ववद्यजिः ॥ ३९ ॥
बिल्वमूले शवारूढो वटमूले तथैव च।
लक्षं मनुमिमं जप्त्वा सर्वसिद्धीश्वरो भवेत् ॥ ४० ॥

चतुर्दशार्णको मन्त्रो नृसुराद्याकर्षणक्षमः

काली कूर्चं च ह्ल्लेखा दक्षिणेकालिके पठेत्।
पुनर्बीजत्रयं वह्निवधूर्मन्वक्षरो मनुः ॥ ४१ ॥
यजनं पूर्ववत् प्रोक्तमस्य मन्त्रस्य मन्त्रिभिः।
विशेषान्नृसुरादीनामयमाकर्षणे क्षमः ॥ ४२ ॥

द्वाविंशत्यर्णो मन्त्रः वशीकरणक्षमः

कूर्चद्वयं[1] त्रयं काल्या मायायुग्मं तु दक्षिणे।

मन्त्रान्तरमाह -- **कालीति** । काली क्रीं । कूर्चं हूं । ह्ल्लेखा ह्रीं । वह्निवधूः स्वाहा । यथा – क्रीं हूं ह्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं हूँ ह्रीं स्वाहेति । चतुर्दशार्णः ॥ ४१–४२ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **कूर्चेति** । कूर्च्चं हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं ह्रीं

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ ह्रीं ह्रीं हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूँ ह्रीं ह्रीं' ॥ ३८-३९ ॥

बिल्ववृक्ष के नीचे, अथवा शव पर, अथवा वट वृक्ष के नीचे बैठकर इस मन्त्र का एक लाख जप करने से साधक सभी सिद्धियों का स्वामी बन जाता है ॥ ४० ॥

अब चौदह अक्षरों वाले **काली मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

काली बीज (क्रीं) कूर्च (हूं) ह्ल्लेखा (ह्रीं), फिर 'दक्षिणे कालिके' यह पद, फिर तीनों बीज (क्रीं हूं ह्रीं), अन्त में वह्निवधू (स्वाहा) लगाने से चौदह अक्षरों का काली मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ४१ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'क्रीं हूं ह्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं हूं ह्रीं स्वाहा' ॥ ४१ ॥

मन्त्र शास्त्र वेत्ताओं ने इस मन्त्र का पुरश्चरण आदि पूर्वोक्त रीति से ही कहा है । यह मन्त्र मनुष्य तथा देवताओं के आकर्षण में विशेष रूप से सक्षम है ॥ ४२ ॥

अब **वशीकरण का अन्य मन्त्र** (मन्त्रराज) कहते हैं -

दो कूर्च (हूं हूं), तीन काली बीज (क्रीं क्रीं क्रीं), दो माया बीज

---

१. हूँ हूँ क्रीं क्रीं क्रीं ह्रीं ह्रीं दक्षिणे कालिके हूँ हूँ क्रीं क्रीं क्रीं ह्रीं ह्रीं स्वाहा ।

कालिके पूर्वबीजानि स्वाहा मन्त्रो वशीकृतौ ॥ ४३ ॥

पञ्चदशार्णमन्त्रः

मन्त्रराजे पुनः प्रोक्तं बीजसप्तकमुत्सृजेत्[1] ।
तिथिवर्णो महामन्त्र उपास्तिः पूर्ववन्मता ॥ ४४ ॥
ब्रह्मरेफौ वामनेत्रं चन्द्रारूढं मनुर्मतः ।
एकाक्षरो महाकाल्याः सर्वसिद्धिप्रदायकः ॥ ४५ ॥

षडर्णमन्त्रः

बीजं दीर्घयुतश्चक्री पिनाकी नेत्रसंयुतः ।

हीं । दक्षिणे कालिके पुनर्बीजानि स्वाहेति द्वाविंशत्यर्णः वशीकृतौ । क्षम इति शेषः ॥ ४३ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **मन्त्रराजेति** । क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं हीं हीं दक्षिणे कालिके स्वाहेति पञ्चदशार्णः ॥ ४४ ॥ मन्त्रान्तरम् – **ब्रह्मेति** । ब्रह्मा कः वामनेत्रे ई क्रीं ॥ ४५ ॥ षडङ्गमाह – **बीजमिति** । बीजं क्रौं दीर्घयुतश्च क्रीं

(हीं हीं), फिर 'दक्षिणे कालिके' यह पद, तदनन्तर पुनः उक्त सात बीज फिर उसमें 'स्वाहा' लगाने से यह बाईस अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है । वशीकरण के लिए इस मन्त्र का प्रयोग विशेष रूप से किया जाता है ॥ ४३ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं हीं हीं दक्षिणेकालिके हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं हीं हीं स्वाहा' ।

इस मन्त्र का विनियोग, न्यास तथा पुरश्चरण पूर्वोक्त है । इसकी जप संख्या एक लाख मानी गई है ॥ ४३ ॥

उक्त मन्त्रराज मन्त्र से अन्त के सात बीजाक्षरों को निकाल देने से पन्द्रह अक्षरों का एक और मन्त्र बन जाता है । इसका भी पुरश्चरण पूर्ववत् है ॥ ४४ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं हीं हीं दक्षिणे कालिके स्वाहा' ॥ ४४ ॥

अब **काली एकाक्षर मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

वामनेत्र (ई) चन्द्र (अनुस्वार) से युक्त ब्रह्म और रेफ (क्र्) यह काली का एकाक्षर मन्त्र समस्त सिद्धियों को देने वाला है ॥ ४५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'क्रीं' ॥ ४५ ॥

अब **महाकाली के षडक्षर मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

कालीबीज (क्रीं), दीर्घ से युक्त चक्री (का), नेत्रयुक्तपिनाकी (लि),

---

१. क्रीं क्रीं क्रीं हूँ हूँ हीं हीं दक्षिणकालिके स्वाहा ।

क्रोधीशो भगवान्स्वाहा षडर्णो मन्त्र ईरितः ॥ ४६ ॥

पञ्चार्णमन्त्रः, सप्तार्णमन्त्रश्च

काली कूर्च तथा लज्जा त्रिवर्णो मनुरीरितः।
हुं फडन्तश्च पञ्चार्णः स्वाहान्तः सप्तवर्णकः॥ ४७ ॥
एतेषां पूर्ववत् प्रोक्तं यजनं नारदादिभिः।
निग्रहानुग्रहे शक्ताः कालीमन्त्राः स्मृता इमे॥ ४८ ॥

क्रां । नेत्रयुतः पिनाकी लि । भगमेकारस्तद्युतः क्रोधीशः के, क्रीं कालिके स्वाहेति ॥ ४६ ॥ मन्त्रान्तरम् – **कालीति** । क्रीं हूं ह्रीं । क्रीं हूं ह्रीं हुं फडिति पञ्चार्णः । क्रीं हूं ह्रीं हुं फट् स्वाहेति सप्तार्णः ॥ ४७–४८ ॥

भगसहित क्रोधीश (के), तदनन्तर 'स्वाहा' लगा देने से ६ अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न हो जाता है ॥ ४६ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'क्रीं कालिके स्वाहा' ॥ ४६॥

काली का त्रिवर्ण, पञ्चवर्ण एवं **सप्तवर्णात्मक मन्त्र** -

कालीबीज (क्रीं), कूर्च (हूं) एवं लज्जा (ह्रीं) ये तीन बीज त्रिवर्ण हैं, इन बीजाक्षरों के आगे 'हुं फट्' लगा देने से पञ्चवर्ण मन्त्र बन जाता है । उसके आगे 'स्वाहा' लगा देने से वह सप्तवर्ण मन्त्र हो जाता है ॥ ४७ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है -

'क्रीं हूं ह्रीं' - **त्रिवर्ण मन्त्र,**
'क्रीं हूं ह्रीं हुं फट्' - **पञ्चवर्ण मन्त्र**
'क्रीं हूं ह्रीं हुं फट् स्वाहा' यह **सप्तवर्ण मन्त्र** है ॥ ४७ ॥

नारदादि महार्षियों ने इन सब मन्त्र का विनियोग, ध्यान, पूजन, एवं पुरश्चरण विधि पूर्ववत् कहा है । अब तक कहे गये काली के ये सभी मन्त्र निग्रह और अनुग्रह में समर्थ हैं ॥ ४८ ॥

विमर्श - प्रस्तुत तरङ्ग में दक्षिणकाली के कुल दश मन्त्रों का वर्णन किया गया है, जो निम्नलिखित है -

१ - **द्वाविंशत्यक्षर मन्त्र** - 'क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं स्वाहा' ।

२ - **एकविंशत्यक्षर मन्त्र** - 'ॐ ह्रीं ह्रीं हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं' ।

३ - **चतुर्दशाक्षर मन्त्र** - 'क्रीं हूं ह्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं हूं ह्रीं स्वाहा' ।

४ - **द्वाविंशत्यक्षर मन्त्र** - 'हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं ह्रीं ह्रीं दक्षिणे कालिके हूं हूं क्रीं क्रीं क्रीं ह्रीं ह्रीं स्वाहा' ।

५ - **पञ्चदशाक्षर मन्त्र** - 'क्रीं क्रीं क्रीं हूं हूं ह्रीं ह्रीं दक्षिणे कालिके स्वाहा' ।

द्वाविंशत्यर्णात्मको गायत्रीसुमुखीमन्त्रः

अथ वक्ष्ये परां विद्यां सुमुखीमतिगोपिताम्।
यां लब्ध्वा देशिको विद्वान्न शोचति कृताकृते॥ ४६॥
कर्णो द्युतिः सनयना श्वेतेशः स्याज्जरासनः।

सुमुखीं वक्तुं प्रतिजानीते – **अथेति**॥ ४६॥

---

६ - **एकाक्षर मन्त्र** - 'क्रीं'।
७ - **त्रिवर्ण मन्त्र** - 'क्रीं हूं ह्रीं'।
८ - **पञ्चाक्षर मन्त्र** - 'क्रीं हूं ह्रीं हुं फट्'।
६ - **षडक्षर मन्त्र** - 'क्रीं कालिके स्वाहा'।
१० - **सप्ताक्षर मन्त्र** - 'क्रीं हूं ह्रीं फट् स्वाहा'।

इन समस्त मन्त्रों के ऋषि भैरव हैं। प्रारम्भ के पाँच मन्त्रों का छन्द उष्णिक् तथा शेष का विराट् छन्द है। समस्त मन्त्रों की देवता दक्षिण काली हैं। इनके अनुसार विनियोग तथा ऋष्यादिन्यास कर लेना चाहिए।

अब सब मन्त्रों का **कराङ्गन्यास** एवं **अङ्गन्यास** निम्नलिखित होता है -

ॐ क्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः। हृदयाय नमः।
ॐ क्रीं तर्जनीभ्यां नमः। शिरसे स्वाहा।
ॐ क्रूं मध्यमाभ्यां नमः। शिखायै वषट्।
ॐ क्रैं अनामिकाभ्यां नमः। कवचाय हुम्।
ॐ क्रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः। नेत्रत्रयाय वौषट्।
ॐ क्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः। अस्त्राय फट्।

इन समस्त मन्त्रों का ध्यान निम्नलिखित है -

'सद्यश्छिन्नशिरः कृपाणमभयं हस्तैर्वरं बिभ्रतीं,
घोरास्यां शिरसांस्रजासुरुचिरामुन्मुक्तकेशावलिम्।
सृक्क्यसृक् प्रवहां श्मशाननिलयां श्रुत्योः शवालंकृतिं,
श्यामाङ्गीं कृतमेखलां शवकरैर्देवीं भजे कालिकाम्'॥

उपर्युक्त समस्त मन्त्रों की पूजाविधि, पुरश्चरण विधि एवं जपसंख्या दक्षिण कालिका के पूर्वोक्त मन्त्र के समान हैं॥ ४८॥

अब अत्यन्त गोपनीय पराविद्या समुखी मन्त्र का उद्धार कहते हैं -

इस मन्त्र को प्राप्त कर लेने के पश्चात् विद्वान् साधक अपने कर्तव्याकर्तव्य के बारे में नहीं सोंचते॥ ४६॥

कर्ण (उकार), द्युतिसनयना (च्छि), जरासन श्वेतेश कर्णो (ष्ट), 'दीर्घेन्दु संयुक्ता लक्ष्मी (चां), दीर्घनन्दी (डा), सदृक् क्रिया (लि), समाधव मेष (नि),

लक्ष्मीर्दीर्घेन्दुसंयुक्ता नन्दीदीर्घः सदृक्क्रिया ॥ ५० ॥
मेषः समाधवः कर्णो भृगुस्तन्द्री च सेन्धिका ।
खिदेविम वियद्दीर्घं पिशाचिनि हिमाद्रिजा ॥ ५१ ॥
नन्दजत्रितयं सर्गिद्वाविंशत्यक्षरो मनुः ।
स्मृता भैरवगायत्री सुमुखीमुनिपूर्विका ॥ ५२ ॥
मुनिरामद्विषट्चन्द्रे वह्नन्यर्णैरङ्गकं मनोः ।
विन्यस्य सुमुखीं ध्यायेद् भक्तचित्ताम्बुजस्थिताम् ॥ ५३ ॥

मन्त्रमुद्धरति – **कर्ण** इति । कर्ण उ । सनयनाद्युतिः इयुतश्छः च्छिः । जरासनः श्वेतेशः । टकारस्थः षः ष्टः । लक्ष्मीश्चः । दीर्घेन्दुसंयुक्ता आबिन्दुयुता चां । दीर्घो नन्दी डा । सदृक् क्रिया इयुतो लः लि । समाधवो मेषः इयुतो नः नि । कर्णो भृगुः सः उयुतः सु । सेन्धिका तन्द्री मः उयुतो मु । खि देवि म स्वरूपं । दीर्घं वियत् हा । पिशाचिनि स्वरूपम् । हिमाद्रिजा ह्रीं । सर्गिनन्दज त्रितयम् । विसर्गयुक्तठकारत्रयम् । यथा – उच्छिष्टचाण्डालिनि सुमुखि देवि महापिशाचिनि ह्रीं ठः ठः ठः द्वाविंशत्यर्णः । मुनिपूर्वाः ऋषिच्छन्दो देवताः ॥ ५०–५२ ॥ षडङ्गमाह – **मुनीति** ॥ ५३ ॥

भृगु (सु), सेन्धिका तन्द्री (मु), फिर 'खिदेविम' शब्द फिर दीर्घवियत् 'हा' तदनन्तर 'पिशाचिनि' फिर हिमाद्रिजा (ह्रीं) और अन्त में विसर्ग सहित नन्दज त्रितय (ठः ठः ठः) लगाना चाहिए । इस प्रकार बाईस अक्षरों का यह मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ५०-५१ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'उच्छिष्ट चाण्डालिनि सुमुखि देवि महापिशाचिनि ह्रीं ठः ठः ठः' ॥ ५०-५१ ॥

इस मन्त्र के भैरव ऋषि, गायत्री छन्द तथा सुमुखी देवता हैं । इसके ७, ३, २, ६, १ एवं ३ अक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । षडङ्गन्यास के अनन्तर भक्तों के हृदय कमल पर विराजमान सुमुखी देवी का (आगे के श्लोक ५४ के अनुसार) ध्यान करना चाहिए ॥ ५२-५३ ॥

विमर्श - विनियोग - 'अस्य श्रीसुमुखीमन्त्रस्य भैरवऋषिर्गायत्रीछन्दः श्रीसुमुखीदेवता आत्मनोऽभीष्टसिद्धये सुमुखीमन्त्रजपे विनियोगः'[1] ।

षडङ्गन्यास - ॐ उच्छिष्टचाण्डालिनि हृदयाय नमः,
ॐ सुमुखि शिरसे स्वाहा, ॐ देवि शिखायै वषट्,
ॐ महापिशाचिनि कवचाय हुम्, ॐ ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्,
ॐ ठः ठः ठः अस्त्राय फट् ॥ ५२-५३ ॥

---

१. अस्य श्रीसुमुखीमन्त्रस्य भैरवऋषिर्गायत्रीछन्दः श्रीसुमुखीदेवता ममाऽभीष्टसिद्ध्यर्थे सुमुखीमन्त्रजपे विनियोगः ।

सुमुखीध्यानम्

गुञ्जानिर्मितहारभूषितकुचां सद्यौवनोल्लासिनीं
हस्ताभ्यां नृकपालखड्गलतिके रम्ये मुदा बिभ्रतीम् ।
रक्तालंकृतिवस्त्रलेपनलसद्देहप्रभां ध्यायतां
नृणां श्रीसुमुखीं शवासनगतां स्युः सर्वदा सम्पदः ॥ ५४ ॥

मन्त्रसिद्धेर्विधानम्

लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं दशांशं किंशुकोद्भवैः ।
पुष्पैः समिद्वरैर्वापि जुहुयान्मन्त्रसिद्धये ॥ ५५ ॥
कालीपीठे यजेद् देवीं पञ्चकोणाढ्यकर्णिके ।
अष्टपत्रे षोडशाब्जे वृत्तं भूपुरसंयुते ॥ ५६ ॥

ध्यानमाह – **गुञ्जेति** । एवंविधां सुमुखीं ध्यायतां नृणां सर्वदा सम्पदः स्युरित्यन्वयः । खड्गलता दक्षे, कपालं वामे ॥ ५४ ॥ * ॥ ५५ ॥ कर्णिकायां पञ्चकोणम् । उपर्यष्टपत्रम् । तदुपरि षोडशदलम् । तदुपरि चतुष्कोणमिति पूजायन्त्रम् ॥ ५६ ॥ * ॥ ५७–६० ॥

अव **सुमुखी के ध्यान के लिए उनका स्वरूप** कहते हैं –

गुञ्जानिर्मित हार से जिनके स्तन शोभा को प्राप्त हो रहे हैं, यौवन से उदीप्त कान्तिवाली जिन प्रसन्न भगवती के दाहिने हाथ में रम्य खड्गलता एवं वायें हाथ में नृकपाल हैं रक्तवर्ण के अलङ्कार, रक्तवर्ण के वस्त्र और रक्त वर्ण के आलेपन से जिनके श्री अङ्गों की शोभा जगमगा रही है, जो शवासन पर विराजमान हैं और जो ध्यान करने वाले अपने भक्तों को सर्वदा श्री संपदा प्रदान करती हैं, ऐसी सुमुखी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ५४ ॥

सुमुखीपूजनयन्त्रम्

उक्त मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए, फिर मन्त्रसिद्धि के लिए किंशुक पुष्पों एवं उसकी समिधाओं से दशांश हवन करना चाहिए ॥ ५५ ॥

सुमुखी पूजन की विधि – पञ्चकोण की कर्णिका, फिर अष्टदल और उसके ऊपर षोडश दल एवं भूपुर सहित यन्त्र में काली पीठ पर सुमुखी देवी का पूजन करना चाहिए ॥ ५६ ॥

मूलेन मूर्तिं संकल्प्य पाद्यादीनि प्रकल्पयेत् ।
चन्द्रां चन्द्राननां चारुमुखीं चामीकरप्रभाम् ॥ ५७ ॥
चतुरां पञ्चकोणेषु केसरेष्वङ्गदेवताः ।
ब्राह्म्याद्या अष्टपत्रेषु षोडशारे कलादिकाः ॥ ५८ ॥
कला कलानिधिः काली कमला च क्रिया कृपा ।
कुला कुलीना कल्याणी कुमारी कलभाषिणी ॥ ५९ ॥
करालाख्या किशोरी च कोमला कुलभूषणा ।
कल्पदा भूपुरे पूज्या इन्द्राद्या हेतयोऽपि च ॥ ६० ॥

मूल मन्त्र से यन्त्र में देवी की मूर्ति की कल्पना करनी चाहिए । तदनन्तर पाद्य, अर्घ्य आदि उपचारों से उनकी पूजा कर पञ्चकोणों में चन्द्रा, चन्द्रानना, चारुमुखी, चामीकरप्रभा तथा चतुरा का पूजन करना चाहिए । केशरों में अङ्गपूजा तथा अष्टदलों में क्रमशः ब्राह्मी आदि का पूजन कर षोडशदलों में कला, कलानिधि, काली, कमला, क्रिया, कृपा, कुला, कुलीना, कल्याणी, कुमारी, कलभाषिणी, कराला, किशोरी, कोमला, कुलभूषणा और कल्पदा का पूजन करना चाहिए । फिर भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए ॥ ५७-६० ॥

विमर्श - पुरश्चरण का प्रकार - प्रथमतः ५४ श्लोक में कहे गये सुमुखी देवी के स्वरूप का ध्यान करें । पुनः मानसोपचार से पूजन कर काली देवी के पूजन में कही गयी विधि के अनुसार पीठ शक्तियों का पूजन तथा पीठ पूजन कर यन्त्र में सुमुखी देवी की मूर्त्ति की कल्पना कर अर्घ्य से लेकर पुष्पाञ्जलि पर्यन्त उनकी पूजा करें । कर्णिका के पाँच कोणों में क्रमशः -

ॐ चन्द्रायै नमः, ॐ चन्द्राननायै नमः, ॐ चारुमुख्यै नमः,
ॐ चामीकरप्रभायै नमः, ॐ चतुरायै नमः

इन मन्त्रों से पूजन कर मूल मन्त्र से उच्चारण कर 'अभीष्ट सिद्धिं मे देहि .....' इत्यादि मन्त्र का उच्चारण कर प्रथम पुष्पाञ्जलि तथा **प्रथमावरण** की पूजा करें । यथा - ॐ उच्छिष्ट चाण्डालिनि हृदयाय नमः आग्नेये,
ॐ सुमुखि शिरसे स्वाहा ईशाने, ॐ देवि शिखायै वषट् नैर्ऋत्ये,
ॐ महापिशाचिनि कवचाय हुं वायव्ये, ॐ ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट् मध्ये,
ॐ ठः ठः ठः अस्त्राय फट् चतुर्दिक्षु

इन मन्त्रों से पूजन कर मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए 'अभीष्ट सिद्धिं मे देहि .....' से द्वितीय पुष्पाञ्जलि तथा **द्वितीयावरण** की पूजा करें ।

तदनन्तर अष्टदल में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से -

ॐ ब्राह्म्यै नमः, ॐ नारायण्यै नमः, ॐ माहेश्वर्यै नमः, ॐ चामुण्डायै नमः
ॐ कौमार्यै नमः, ॐ अपराजितायै नमः, ॐ वाराह्यै नमः, ॐ नारसिंह्यै नमः

इन मन्त्रों से पूजन कर मूल मन्त्र का उच्चारण कर 'अभीष्ट सिद्धिं मे

इत्थं जपादिभिः सिद्धे मनौ काम्यानि साधयेत् ।
भुक्त्वौदनमनाचम्य जपेन्मन्त्रमनन्यधीः ॥ ६१ ॥

प्रयोगफलकथनम्

उच्छिष्टोऽयुतमेकं यः स भवेत् सम्पदां पदम् ।
उच्छिष्टेनैव भक्तेन बलिं दद्यान्निरन्तरम् ॥ ६२ ॥

प्रयोगानाह – **भुक्त्वेति** ॥ ६१ ॥ * ॥ ६२–६७ ॥

देहि ...' से तृतीय पुष्पाञ्जलि एवं **तृतीयावरण** की पूजा करें ।

तत्पश्चात् षोडशदलों में यथाक्रम - ॐ कलायै नमः,
ॐ कलानिधये नमः, ॐ काल्यै नमः, ॐ कमलायै नमः,
ॐ क्रियायै नमः, ॐ कृपायै नमः, ॐ कुलायै नमः,
ॐ कुलीनायै नमः, ॐ कल्याण्यै नमः, ॐ कुमार्यै नमः,
ॐ कलभाषिण्यै नमः, ॐ करालायै नमः, ॐ किशोर्य्यै नमः,
ॐ कोमलायै नमः, ॐ कुलभूषणायै नमः, ॐ कल्पदायै नमः

इन मन्त्रों से पूजन कर मूलमन्त्र एवं 'अभीष्ट सिद्धिं मे देहि .....' मन्त्र बोल कर चतुर्थ पुष्पाञ्जलि एवं **चतुर्थावरण** की पूजा करनी चाहिए ।

फिर भूपुर में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से - ॐ इन्द्राय नमः,
ॐ अग्नये नमः, ॐ यमाय नमः, ॐ निर्ऋतये नमः,
ॐ वरुणाय नमः, ॐ वायवे नमः, ॐ सोमाय नमः,
ॐ ईशानाय नमः, ॐ ब्रह्मणे नमः ऊर्ध्व, ॐ अनन्ताय नमः, अधः

इन मन्त्रों से दश दिक्पालों का पूजन करें । तप्तश्चात् उसके आगे -
ॐ वज्राय नमः, ॐ शक्त्यै नमः, ॐ दण्डाय नमः,
ॐ खड्गाय नमः, ॐ पाशाय नमः, ॐ अंकुशाय नमः,
ॐ गदायै नमः, ॐ त्रिशूलाय नमः, ॐ चक्राय नमः, ॐ पद्माय नमः

इन मन्त्रों से उनके दश आयुधों की पूजा कर मूलमन्त्र पढ़कर 'अभीष्ट सिद्धिं ...' से पञ्चम एवं षष्ठ पुष्पाञ्जलि तथा **पञ्चम और षष्ठ आवरण** की पूजा करें ।

आवरण पूजा के पश्चात् मूल मन्त्र द्वारा देवी की गन्धादि उपचारों से पूजाकर देवी को पूजा समर्पित कर नैवेद्य ग्रहण कर उच्छिष्ट मुख से मूल मन्त्र का जप कर पूर्ववत् दशांश होम, तर्पण, मार्जन एवं ब्राह्मण भोजन सम्पन्न करावें । इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक काम्य प्रयोग का अधिकारी हो जाता है ॥ ५७-६० ॥

अब **सुमुखी मन्त्र से काम्य प्रयोग** कहते हैं -

उक्त पुरश्चरण से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक को काम्य प्रयोग करना चाहिए - भात खाकर आचमन किए बिना एकाग्र चित्त से उच्छिष्ट होकर जो व्यक्ति इस मन्त्र का १० हजार जप करता है वह सब प्रकार की सम्पत्ति प्राप्त करता है । जप के अनन्तर निरन्तर उसी उच्छिष्ट भात की बलि देनी चाहिए ॥ ६१-६२ ॥

दध्नाभ्यक्तैः प्रजुहुयाल्लक्षं सिद्धार्थतण्डुलैः ।
राजानो मन्त्रिणस्तस्य भवन्ति वशगाः क्षणात् ॥ ६३ ॥
शास्त्राणि वशगानि स्युर्हुतान्मार्जारमांसतः ।
धनर्द्धिश्छागमांसेन विद्याप्राप्तिस्तु पायसैः ॥ ६४ ॥
मधुपायससंयुक्तस्त्रीरजोयुक्तवाससा ।
होममाचरतः पुंसो जनतावशवर्तिनी ॥ ६५ ॥
मधुसर्पिर्युतैर्नागवल्लीपत्रैर्महाश्रियः ।
सद्यो निहतमार्जारमांसेन मधुसर्पिषा ॥ ६६ ॥
युक्तेनान्त्यजकेशाद्यैर्हुतैराकर्षति स्त्रियः ।
मध्वक्तशशमांसेन तत्फलं विद्यया सह ॥ ६७ ॥
उन्मत्ततरुभिर्दीप्ते चिताग्नौ जुहुयाच्छदैः ।
कोकिला काकयोर्मन्त्रीमाचरेदचिरादरीन् ॥ ६८ ॥
वायसोलूकयोः पत्रैर्होमाद्विद्वेषयेदरीन् ।
गर्भपातः सगर्भाणामुलूकच्छदनैर्भवेत् ॥ ६९ ॥
आज्याक्तैर्बिल्वपत्रैर्यो मासमेकं सहस्रकम् ।
प्रत्यहं जुहुयात्तेन बन्ध्यापि लभते सुतम् ॥ ७० ॥

उन्मत्तो धत्तूरः । छदैः पक्षैः ॥ ६८ ॥ * ॥ ६९–७२ ॥

जो व्यक्ति भात में दही मिलाकर एक लाख आहुति देता है राजा एवं राजमन्त्री तत्काल उसके वश में हो जाते हैं । मार्जार के मांस का होम करने से व्यक्ति सभी शास्त्रों का पारङ्गत विद्वान् हो जाता है, छागमांस के होम से धन की अभिवृद्धि तथा पायस के होम से विद्या प्राप्त होती है ॥ ६३-६४ ॥

रजस्वला स्त्री के वस्त्र के टुकड़ों को मधु एवं पायस में मिलाकर होम करने वाला व्यक्ति समस्त जनसमूह को अपने वश में कर लेता है । मधु, घी, तथा पान के होम से श्रीवृद्धि होती है । तत्काल मारे गये मार्जार के मांस में मधु, घी एवं अन्त्यज के केश मिलाकर होम करने से स्त्री आकर्षित होती है । मधुमिश्रित शशक (खरगोश) के मांस के होम से विद्या के साथ उक्त फल की प्राप्ति होती है ॥ ६५-६७ ॥

उन्मत्त (धतूरे) की लकड़ी से प्रज्वलित चिता की अग्नि में कोकिल एवं काक के पंखों का होम करने से मन्त्रवेत्ता सद्यः अपने शत्रुओं को वश में कर लेता है । काक एवं उलूक के पंखों को मिश्रित कर होम करने से शत्रुओं में विद्वेष हो जाता है । उल्लू के पंखों के होम से गर्भिणी स्त्री का गर्भ गिर जाता है । घी मिश्रित विल्वपत्रों द्वारा एक मास तक प्रतिदिन एक हजार होम करने से वन्ध्या स्त्री को भी पुत्र की प्राप्ति हो जाती है ॥ ६८-७० ॥

मधुमिश्रित वन्धूक के नवीन पुष्पों से होम करने से भाग्यहीन स्त्री

सौभाग्यार्थं दुर्भगाया बन्धूककुसुमैर्नवैः।
मधुनाक्तैः प्रजुहुयात् स्त्रीणामाकृष्टयेऽर्पितैः ॥ ७१ ॥
निर्जने सदनेऽरण्ये प्रेतावासे चतुष्पथे।
बलिं दत्त्वा प्रजपतः सहस्रं चाष्टसंयुतम् ॥ ७२ ॥
उच्छिष्टस्य च सा देवी प्रत्यक्षा जायतेऽचिरात्।
यत्र नोक्ता होमसंख्यायुतं तत्र विनिर्दिशेत् ॥ ७३ ॥
वाममार्गेण सुमुखी शीघ्रं कामविधायिनी।
भोजनान्ते तथोच्छिष्टैर्जप्या सा स्वेष्टसिद्धये ॥ ७४ ॥
न शीघ्र फलदा देवी सुमुखी सदृशी परा।
यस्या मन्त्रजपादेव प्रसिध्यन्ति मनोरथाः ॥ ७५ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ कालीसुमुखी-
मन्त्रोक्तिस्तृतीयस्तरङ्गः ॥ ३ ॥

उच्छिष्टस्य बलिं दत्त्वेति पूर्वेणान्वयः ॥ ७३ ॥ * ॥ ७४-७५ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचित मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां
कालीमन्त्रकथनं नाम तृतीयस्तरङ्गः ॥ ३ ॥

सौभाग्यवती हो जाती है । निर्जन स्थान, उजाड़ घर, वन, श्मशान एवं चौराहे पर बलि समर्पित कर उच्छिष्ट होकर (जूठे मुँह) १००८ बार इस मन्त्र का जप करने से सुमुखी देवी शीघ्र प्रत्यक्ष होकर अपने साधक पर कृपा करने लगती हैं।

पूर्वोक्त होम प्रकरण में जहाँ आहुतियों की संख्या नहीं कही गई है वहाँ दश हजार आहुतियों की संख्या समझनी चाहिए ॥ ७१-७३ ॥

वाम मार्ग की उपासना से सुमुखी देवी शीघ्र ही समस्त कामनाओं को पूर्ण कर देती हैं । इनके मन्त्र का जप भोजन के बाद उच्छिष्ट (जूठे मुँह) मुख से ही करना चाहिए, जिससे अभीष्ट की सिद्धि हो । सुमुखी देवी के समान शीघ्र फलदात्री कोई अन्य देवी नही हैं क्योंकि इनके मन्त्र के जप मात्र से समस्त मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं ॥ ७४-७५ ॥

इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के तृतीय तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉं सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ३ ॥

अथ चतुर्थः तरङ्गः

तारामन्त्रः

कीर्त्यन्ते सिद्धिदातारस्ताराया मनवोऽधुना ।
गुरूपदेशाज्ज्ञातैर्यैः कृतार्थाः स्युर्नरा भुवि ॥ १ ॥
आप्यायिनी सरात्रीशा वियदग्नीन्दुशान्तियुक् ।
हरिः पावकगोविन्दचन्द्रमोभिरलंकृतः ॥ २ ॥
खमर्घीशशशांकाढ्यमस्त्रं पञ्चाक्षरो मनुः ।

ताराया: मन्त्रान्तरम्

आदिबीजवियुक्तैषा प्रोदितैकजटादिमैः ॥ ३ ॥

---

* नौका *

तारां वक्तुम् उपक्रमते – **कीर्त्यन्त** इति ॥ १ ॥ मन्त्रमुद्धरति – **आप्यायिनीति** । सरात्रीशा आप्यायिनी सबिन्दुरोङ्कारः ॐ । अग्नीन्दु–शान्तियुग्वियत् रेफबिन्दुईयुतो हः ह्रीं । पावकगोविन्दचन्द्रमोभिरलंकृतो हरिः रेफईबिन्दुयुतस्तकारः त्रीं । गोविन्द ईकारः ॥ २ ॥ अर्घीशशशाङ्काढ्यं खं । उबिन्दुयुतो हः हुं । अस्त्रं फट् ॐ । ॐ ह्रीं त्रीं हुं फडिति पञ्चार्णः ।

मन्त्रान्तरमाह – **आदीति** । इयमेव विद्या आदिबीजेन ओङ्कारेण वियुक्ता रहिता सती आदिमैः पूर्वाचार्यैरेकजटा प्रोदिता – ह्रीं त्रीं हुं फडिति ॥ ३ ॥

---

* अरित्र *

अब हम तारा के मन्त्रों का वर्णन करते हैं । जो सर्वथा सिद्धि प्रदान करने वाले हैं, और जिन्हें गुरूपदेश से जान कर मनुष्य इस लोक में कृतार्थ हो जाते हैं ॥ १ ॥

सरात्रीशा आप्यायनी (ॐ), अग्नीन्दुशान्तियुत् वियत् (ह्रीं), पावक (र्), गोविन्द (ई), चन्द्रमा (अनुस्वार) के साथ हरि (त) अर्थात् त्रीं, अर्घीश (उ), शशाङ्क अनुस्वार के साथ ख (ह) अर्थात् हुँ, तदनन्तर फट् लगाने से तारा का पञ्चाक्षर मन्त्र निष्पन्न हो जाता है ।

यदि इस मन्त्र के आदि में आदि बीज (ॐ) हटा दिया जाय तो यह एक जटा नामक मन्त्र हो जाता है - ऐसा पूर्वाचार्यो ने कहा है ॥ २-३ ॥

आद्यन्तबीजरहिता प्रोक्ता नीलसरस्वती।
तारा सर्वा मनोरस्य [1]मुनिरक्षोभ्यसंज्ञकः॥ ४॥
छन्दस्तु बृहती तारा देवता परिकीर्तिता।
द्वितीयतुर्ये क्रमतो बीजं शक्तिश्च सिद्धिदे॥ ५॥

आद्यन्त बीजाभ्यां ॐ फड्भ्यां रहिता नीलसरस्वती सैव – ह्रीं त्रीं हुं इति। सर्वा तु तारा॥ ४॥ द्वितीय तुर्ये ह्रीं हुमिति क्रमाद् बीजं शक्तिश्च॥ ५॥

इसी प्रकार आदि बीज ॐ और अन्त बीज फट् से रहित कर देने पर यह नीलसरवस्ती का मन्त्र हो जाता है॥ ४॥

विमर्श - (i) **तारा पञ्चाक्षर मन्त्रोद्धार** - ॐ ह्रीं त्रीं हुं फट् ।

(ii) **एक जटा** - ह्रीं त्रीं हुं फट् ।

(iii) **नीलसरस्वती** - ह्रीं त्रीं हुं ।

वधू (स्त्रीं) बीज कहलाने की कथा इस प्रकार है -

तारावर्ण के अनुसार वसिष्ठ ऋषि ने बहुत समय तक इस विद्या की उपासना की, किन्तु उन्हें सिद्धि नहीं मिली । परिणामतः क्रोधित होकर उन्होंने देवी को शाप दे दिया और तब से यह विद्या फल देने में अक्षम हो गयी ।

बाद में शान्त होने पर ऋषिप्रवर ने इसका शापोद्धार प्राप्त किया । शापोद्धार करते समय ताराबीज (त्रीं) में सकार का योग कर ॐ ह्रीं स्त्रीं हुं फट्' इस विद्या (मन्त्र) से साधना करने का निर्देश दिया । तब से यह विद्या वधू के समान यशस्विनी हो गयी तथा तारा का यह बीज (त्रीं) 'वधू बीज' कहलाने लगा ।

नीलतन्त्र के अनुसार सप्रणव मायाबीज, वधूबीज, कूर्चबीज, एवं अस्त्र वाला यह (ॐ ह्रीं स्त्रीं हूँ फट्) पञ्चाक्षर दिव्य एवं अति पवित्र है । यह विद्या साधकों को बुद्धि, ज्ञान, शक्ति, जय एवं श्री देने वाली तथा भय, मोह एवं अपमृत्यु का निवारण करने वाली मानी गयी है ।

महीधर के अनुसार **तारा के मन्त्र** उपर्युक्त हैं - किन्तु **एकताराकल्प, विश्वसारतन्त्र** तथा **नीलतन्त्र** आदि ग्रन्थों में उक्त मन्त्रों में तारा बीज (त्रीं) के स्थान पर वधू बीज (स्त्रीं) का निर्देश किया गया है॥ ४॥

ऊपर कहे गये तारा के सभी मन्त्रों के अक्षोभ्य ऋषि हैं, बृहती छन्द हैं और तारा देवता हैं । पञ्चाक्षर मन्त्र के द्वितीय एवं चतुर्थ वर्ण क्रमशः (ह्रीं तथा हुं) सिद्धिदायक बीज एवं शक्तिदायक माने गये हैं अथवा क्रोध (हुं) बीज, तथा अस्त्रमन्त्र (फट्) शक्ति है - ऐसा भी कुछ आचार्य मानते हैं ।

---

१. ॐ अस्य श्रीतारामन्त्रस्य अक्षोभ्यऋषिः बृहतीछन्दः तारादेवता ह्रीं बीजं हुं शक्तिः ममाऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

यद्वा क्रोधो बीजमुक्तमस्त्रं शक्तिरुदाहृता ।
षड्दीर्घग्युद्वितीयेन षडङ्गविधिरीरितः ॥ ६ ॥

षडङ्गमाह – **षडिति** । ह्रां ह्रीमित्यादि ॥ ६ ॥ *॥ ७–६ ॥ *॥ १०–३८ ॥

षड्दीर्घयुक्त द्वितीय मन्त्र (ह्रीं) से षडङ्गन्यास किया जाता है । इसकी विधि पूर्वोक्त है ॥ ४-६ ॥

विमर्श - विनियोग का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ अस्य श्रीतारामन्त्रस्य अक्षोभ्यऋषिः बृहतीछन्दः तारादेवता ह्रीं बीजं हुं शक्तिः आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थ तारामन्त्रजपे विनियोगः ।

क्योंकि यह देवी उग्र विपत्ति से साधक का उद्धार करती हैं, अतः इन्हें 'उग्रतारा' कहा गया है । यह राजद्वार, राजसभा, राजकार्य, विवाद, संग्राम एवं द्यूत आदि में साधक को विजय प्राप्त कराती हैं । अतः इस प्रकार के प्रयोगों में इन मन्त्रों का विनियोग करते समय 'हुं' बीज तथा फट् शक्ति माना जाता है क्योंकि **वीरतन्त्र** के अनुसार बीज एवं शक्ति चतुर्वर्गफल प्राप्ति के लिए भी विनियुक्त होते हैं ।

ऋष्यादिन्यास - ॐ अक्षोभ्यऋषये नमः शिरसि, ॐ बृहतीछन्दसे नमः मुखे,
ॐ ह्रीं अनन्ताय नागाधिपतये नमः, निर्ऋतिवरुणयोर्मध्ये ।

इसके बाद चतुरस्र के बाहर दश दिक्पालों के आयुधों का पूजन पूर्व आदि दिशाओं में करना चाहिए -

ॐ वज्राय नमः, पूर्वे, ॐ शक्तये नमः, आग्नेये, ॐ दण्डाय नमः, दक्षिणे, ॐ खड्गाय नमः, नैर्ऋत्ये, ॐ पाशाय नमः, पश्चिमे, ॐ अंकुशाय नमः, वायव्ये, ॐ गदायै नमः, उत्तरे, ॐ शूलाय नमः, ईशाने, ॐ पद्माय नमः, ऊर्ध्वम्, ॐ चक्राय नमः, अधः ।

इस प्रकार पाँच आवरणों की पूजा कर पाँच पुष्पाञ्जलि भगवति को

नित्यपूजान्ते बलिदानं द्विपञ्चाशदर्णमन्त्रः

तारो माया श्रीमदेकजटे नीलसरस्वति ॥ १०० ॥
महोग्रतारे देबालः सनेत्रो गदियुग्मकम् ।
सर्वभूतपिशाचकूर्मो दीर्घोग्निर्मेरुसान् ग्रसः ॥ १०१ ॥
ग्रभृगुर्ममजाड्यं च च्छेदयद्वितयं रमा ।
मायास्त्राग्निप्रियान्तोऽयं द्विपञ्चाशल्लिपिर्मनुः ॥ १०२ ॥
अनेन नित्यपूजान्तेऽन्वहं देव्यै बलिं हरेत् ।
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री प्रयोगान्विदधीत च ॥ १०३ ॥
जातमात्रस्य बालस्य दिवसत्रितयादधः ।
जिह्वायां विलिखेन्मन्त्रं मध्वाज्याभ्यां शलाकया ॥ १०४ ॥

नित्यपूजान्ते बलिदानमन्त्रमाह – **तार** इति । तार ॐ । माया ह्रीं । वालो वः । सनेत्रयुतः वि । गदी खः । कूर्मश्चकारः । दीर्घोग्निः रा । मेरुः क्षः । भृगुः सः । रमा श्रीं । माया ह्रीं । अस्त्रं फट् । अग्निप्रिया स्वाहा । स्वरूपम् अन्यत् । यथा – ॐ ह्रीं श्रीमदेकजटे नीलसरस्वति महोग्रतारे देवि ख ख सर्वभूतपिशाचराक्षसान् ग्रस ग्रस मम जाड्यं छेदय छेदय श्रीं ह्रीं फट् स्वाहेति द्विपञ्चाशदर्णः ॥ १०० ॥ *॥ १०१–१०५ ॥

समर्पित करे ।

अब पूजा के उपरान्त **बलिदान मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

तार (ॐ), माया (ह्रीं), फिर, 'श्रीमदेकजटे नीलसरस्वति महोग्रतारे दे' फिर सनेत्र वाल (वि) फिर गदियुग्मक (ख ख), फिर 'सर्वभूतपिशा', फिर कूर्म (च), दीर्घ अग्नि (रा), मेरु (क्ष), फिर 'सान्', 'ग्रस ग्र' फिर भृगु (स), फिर 'मम जाड्यं' फिर २ बार छेदय शब्द, फिर रमा (श्रीं), माया (ह्रीं), अस्त्र (फट्) तथा अन्त में अग्निप्रिया (स्वाहा) लगाने से बावन अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है । इस मन्त्र से प्रतिदिन पूजा के बाद भगवती को बलि समर्पित करनी चाहिए । इस प्रकार मन्त्र सिद्धि होने पर साधक काम्य कर्म का अधिकारी हो जाता है ॥ १००-१०३ ॥

विमर्श - बलिदान मन्त्र का स्वरूप - ॐ ह्रीं श्रीमदेकजटे नीलसरस्वति महोग्रतारे देवि ख ख सर्वभूतपिशाचराक्षसान् ग्रस ग्रस मम जाड्यं छेदय छेदय श्रीं ह्रीं फट् स्वाहा ॥ १००-१०३ ॥

अब **काम्य प्रयोग** कहते हैं -

नवजात शिशु के उत्पन्न होने पर ३ दिनों के भीतर उसकी जिह्वा पर शहद एवं घी से (स्वर्ण निर्मित या श्वेत दूर्वा निर्मित) शलाका से तारा मन्त्र

सुवर्णकृतया यद्वा मन्त्री धवलदूर्वया।
गतेऽष्टमेऽब्दे बालोऽसौ जायते कविराट् ध्रुवम् ॥ १०५ ॥
तथापरैरजेयोऽपि भूपसंघैर्धनार्चितः।

तस्य मन्त्रस्य प्रयोगान्तरम्

उपरागे तदानीय तरद्दारुसरो जले ॥ १०६ ॥
निर्माय कीलकं तेन तैलमध्वमृतैर्लिखेत्।
सरोजिनीदले मन्त्रं वेष्टयेन्मातृकाक्षरैः ॥ १०७ ॥
निखाय तद्दलं कुण्डे चतुरस्रे समेखले।
संस्थाप्य पावकं तत्र जुहुयान्मनुनाऽमुना ॥ १०८ ॥
सहस्रं रक्तपद्मानां धेनुदुग्धजलाप्लुतम्।
होमान्ते विविधैरन्नैः पलैरपि बलिं हरेत् ॥ १०९ ॥
बलिमन्त्रेण विधिवद् बलिमन्त्रः प्रकाश्यते।

बलिदानेऽन्यः षोडशार्णमन्त्रः

तार पद्मेयुगं तन्द्रीवियद्दीर्घं च लोहितः ॥ ११० ॥

प्रयोगान्तरमाह – **उपराग** इति । ग्रहणे तडागे तरत्काष्ठं दतादन्तेनानीयते न लेखनीं कृत्वा तैलमधुसुधाभिः पद्मिनीपत्रे तया मनुम् आलिख्य मातृकावर्णैः संवेष्ट्य कुण्डं निखाय तदुपर्यग्निं प्रतिष्ठाप्य गोदुग्धाक्तेन रक्तपद्मसहस्रेण तत्र हुत्वा षोडशार्णेन मांसैर्होमान्ते बलिं दत्त्वा मध्यरात्रे पूर्वोक्तमन्त्रेण बलिं दद्यात् । एवं कृते उक्तफलसिद्धिः ॥ १०६ ॥ * ॥ १०७–१०९ ॥ षोडशार्णमाह – **तार** इति । तन्द्री मः । दीर्घवियत् हा । लोहितः पः । विषभगारूढो त्रिः मएयुतो दः द्मे । अनिलो झिंटीशाढ्यः यएयुतः ये । यथा – ॐ पद्मे पद्मे महापद्मे पद्मावतीये स्वाहेति ॥ ११० ॥ * ॥ ११२ ॥

लिखना चाहिए । इस क्रिया के अनुष्ठान से ८ वर्ष व्यतीत हो जाने पर वह बालक निश्चित रूप से महाकवि बन जाता है तथा अन्य विद्वानों से अपराजित होकर राजपूजित हो जाता है ॥ १०४-१०६ ॥

ग्रहण के समय सरोवर में तैरते हुए काष्ठ की लेखनी बनावें फिर कमल के पत्ते पर तेल, मधु और मदिरा से तारा मन्त्र लिखकर मातृका (इक्यावन अक्षरों) वर्णो से उसे वेष्टित कर चौकोर मेखला वाले कुण्ड में उसे गाड़कर अग्निस्थापन कर तारामन्त्र से गोदुग्धमिश्रित जल से आप्लुत रक्त कमलों से एक हजार आहुतियाँ देवे । फिर विविध अन्न और मांस से विधिवत् भगवती तारा को बलिदान देना चाहिए । बलिदान का मन्त्र इस प्रकार है ॥ १०६-११० ॥

अत्रिर्विषभगारूढो वदेत्पद्मावतीपदम्।
झिण्टीशाढ्योऽनिलः स्वाहा षोडशार्णो[1] बलेर्मनुः॥ १११ ॥

अस्य मन्त्रस्य प्रयोगान्तराणि

ततो निशीथेऽपि बलिं पूर्वोक्तमनुना हरेत्।
एवं कृते पण्डितानामजेयः कविराड् भवेत्॥ ११२ ॥
निवासो भारती लक्ष्म्योर्जनतारञ्जनक्षमः।
शताभिजप्तां यो मन्त्री रोचनामलिके धरेत्॥ ११३ ॥
स यं पश्यति तस्यासौ दासवज्जायते क्षणात्।
श्मशानाङ्गारमाहृत्य शर्वर्यां कुजवासरे॥ ११४ ॥
कृष्णाम्बरेण सम्वेष्ट्य निबद्धं रक्ततन्तुभिः।
शताभिजप्तमूलेन निःक्षिपेद्वैरिवेश्मनि॥ ११५ ॥
उच्चाटयति सप्ताहात् सकुटुम्बान्विरोधिनः।
क्षाराढ्यनिशया मन्त्रं लिखित्वा पौरुषेऽस्थिनि॥ ११६ ॥

अलिके ललाटे धरेत् तिलकं कुर्यादित्यर्थः ॥ ११३ ॥ * ॥ ११४–११५ ॥ विरोधिनः शत्रून् उच्चाटयति निष्कासयति । क्षाराढ्यनिशया सैंधवयुक्तया हरिद्रया ॥ ११६–११७ ॥

तार (ॐ) फिर दो बार पद्मे शब्द (पद्मे पद्मे), फिर तन्द्री (म) दीर्घवियत् (हा) लोहित (प) वृषभगारुढोऽत्रिः म ए से युक्त द (अर्थात् द्मे) फिर 'पद्मावती' फिर झिण्टीशाढ्योऽनिलः य् ए से युक्त 'ये' तदनन्तर 'स्वाहा' यह सोलह अक्षरों का बलि मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ११०-१११ ॥

मन्त्र का स्वरूप - 'ॐ पद्मे पद्मे महापद्मे पद्मावतीये स्वाहा' ॥ ११०-१११ ॥

फिर निशीथ काल में भी पूर्वोक्त मन्त्र (द्र० ४.५०-५१) से बलि देनी चाहिए । ऐसा करने से साधक पण्डितों से अपराजेय एवं महाकवि हो जाता है। उसमें स्वयं लक्ष्मी एवं सरस्वती दोनों निवास करती हैं तथा वह समस्त जनसमूहों को प्रसन्न करने में सक्षम हो जाता है ॥ ११२-११३ ॥

तारा मन्त्र का १०० बार जप कर जो व्यक्ति गोरोचन का तिलक अपने ललाट पर धारण करता है वह जिसे देखता है, वह तत्काल उसका दास बन जाता है ॥ ११३-११४ ॥

मंगलवार के दिन रात्रि के समय श्मशान से अङ्गार लाकर काले कपड़े में उसे लपेट कर और लाल धागों से उसे बाँध कर मूल मन्त्र से १०० बार जप

---

१. ॐ पद्मे पद्मे महापद्मे पद्मावतीये स्वाहा इति षोडशार्णः ।

रविवारे निशीथिन्यां सहस्रमभिमन्त्रयेत् ।
तत्क्षिप्तं शत्रुसदने मण्डलाद्भ्रंशकं भवेत् ॥ ११७ ॥
क्षेत्रे क्षिप्तं सस्यहान्यैजवहृत्तुरगालये ।

यन्त्रकथनं तत्फलानि च

षट्कोणमध्ये प्रविलिख्य मूलं
साध्यान्वितं केसरगस्वराढ्यम् ।
काद्यष्टवर्गान्वितपत्रमब्जं
लिखेद् बहिर्भूमिपुरेणवीतम् ॥ ११८ ॥
यन्त्रमेतल्लिखेद् भुर्जे रसेन जतुजन्मना ।
पीताम्बरेण सम्वेष्ट्य बध्नीयात्पीतसूत्रतः ॥ ११९ ॥

यन्त्रमाह – **षडिति** । षट्कोणे साध्यान्वितं मूलममुकं रक्ष रक्षेति युक्तं मूलमन्त्रं विलिख्य अष्टदलकेसरेषु अं आमित्यादि स्वराणां युग्मपत्रेषु क च ट त प य श लेति वर्गान् विलिख्य बहिश्चतुष्कोणेन वेष्टयेत् ॥ ११८ ॥ जतु जन्मनालाक्षोत्थेन रसेन ॥ ११९ ॥ *॥ १२०–१२३ ॥

कर शत्रु के घर में फेंक दे तो एक सप्ताह के भीतर शत्रु का परिवार सहित उच्चाटन हो जाता है ॥ ११४-१११६ ॥

रविवार को रात्रि में पुरुष की हडडी पर सैन्धव एवं हल्दी से मूल मन्त्र लिखकर १००० मन्त्रों से उसे अभिमन्त्रित कर शत्रु के घर में फेक देने से वह पदच्युत हो जाता है और खेत में फेकने से वहाँ फसल नहीं उगती तथा घोड़साल में फेंक देने से घोड़े मर जाते हैं ॥ ११६-११८ ॥

ताराधारणयन्त्रम्

भोजपत्र पर षट्कोण, अष्टदल, एवं भूपुर वाला यन्त्र लाक्षारस से लिखकर षट्कोण के मध्य में मूलमन्त्र तथा साध्य व्यक्ति का नाम लिखें, केशरों पर स्वर लिखें तथा अष्टदलों में कवर्गादि आठ वर्ग लिखकर भूपुर से वेष्टित करें । पुनः इस मन्त्र को पीले कपड़े से लपेट कर पीले धागों से बाँध देना चाहिए । इस यन्त्र को बच्चों के गले में बाँधने से भूत प्रेतादिकों के भय से उनकी रक्षा हो जाती है । स्त्रियों

शिशूनां कण्ठतो बद्धं रक्षकं भूतभीतितः ।
वामबाहौ तु नारीणां पुत्रदं सुभगत्वकृत् ॥ १२० ॥
दक्षबाहौ नृणां बद्धं रक्षकं निर्धनानां धनप्रदम् ।
ज्ञानदं ज्ञानमिच्छूनां राज्ञां तु विजयप्रदम् ॥ १२१ ॥
एतद्यन्त्रं पुरा धृत्वा गौतमाद्या महर्षयः ।
लेभिरे मोक्षसंसिद्धिं साम्राज्यं भूमिनायकाः ॥ १२२ ॥
किम्भूरिणा नृणामेतद्वाञ्छितां यच्छति श्रियम् ।
कवित्वं राजमानं च कीर्तिमायुररोगताम् ॥ १२३ ॥
नैव तारा समा काचिद्देवता सर्वसिद्धिदा ।
कलौ युगे ततो गोप्या वाञ्छितां सिद्धिमीप्सुना ॥ १२४ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ तारामन्त्रकथनं नाम चतुर्थस्तरङ्गः ॥ ४ ॥

तारेति । गोप्या अहं तदुपासक इति कस्याप्यग्रे न प्रकाशयेत् ॥ १२४ ॥

इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां तारामन्त्रकथनं नाम चतुर्थस्तरङ्गः ॥ ४ ॥

को बाएँ हाथ में धारण करने से पुत्र और सौभाग्य की वृद्धि होती है । पुरुषों को दाहिनी भुजा में धारण करने से निर्धन को धन और जिज्ञासुओं को ज्ञान, तथा राजा को विजय प्राप्त होती है ॥ ११८-१२१ ॥

इस मन्त्र को पूर्वकाल में गौतमादि महर्षियों ने धारण किया था, जिससे उनको मुक्ति प्राप्त हुई । राजर्षियों ने साम्राज्य प्राप्त किया । इस विषय में विशेष क्या कहें ? यह यन्त्र मनुष्यों की मनोवांछित सिद्धि कवित्व, राजसम्मान, कीर्ति, आयु एवं आरोग्य प्रदान करता है । कलियुग में तारा के समान सर्वसिद्धिदायक कोई अन्य देवता नहीं है । अतः मनोभिलषित चाहने वालों को यह विद्या गोपनीय रखनी चाहिए ॥ १२२-१२४ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के चतुर्थ तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ४ ॥

अथ पञ्चमः तरङ्गः

ताराभेदा अथोच्यन्ते शीघ्रं सिद्धिप्रदायिनः।

ब्रह्मोपासिततारविद्याकथनम्

वह्निवामाक्षिबिन्द्वाढ्या कामिका भुवनेश्वरी॥ १॥
भुवनेशी वर्मरुद्धाफडन्ता प्रणवादिका।
सप्ताक्षरीमहाविद्या विरिञ्चिसमुपासिता॥ २॥

विष्णूपासिततारविद्याकथनम्

वाक्शक्तिः कमलाकामो हंसोऽनुग्रहसर्गवान्।
वर्मोग्रतारे वर्मास्त्रं विष्ण्वर्चा द्वादशाक्षरी॥ ३॥

---

* नौका *

ताराभेदानाह – ब्रह्मोपासितां तावदाह – **वह्नीति** । रेफईबिन्दुयुता **कामिका** । तकारः त्रीं ॥ १ ॥ वर्मरुद्धाभुवनेशी वर्मद्वयमध्यगतेत्यर्थः । यथा – ॐ त्रीं ह्रीं हुँ ह्रीं हुँ फडिति ॥ २ ॥ विष्णूपासितामाह – **वागिति** । कामः क्लीं । अनुग्रहसर्गवान् हंसः औविसर्गयुतः सः सौः। यथा – ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः हुँ उग्रतारे हुँ फडिति ॥ ३ ॥

---

* अरित्र *

अब **तारा के मन्त्रभेदों** को कहता हूँ जो शीघ्र ही सिद्धि प्रदान करने वाले हैं -

वह्नि (र), दीर्घाक्षि (ई) और बिन्दु से युक्त कामिकास्त्र (अर्थात् त्रीं) फिर भुवनेश्वरी (ह्रीं) एवं दो वर्मबीजों के मध्य में भुवनेशी (हुं ह्रीं हुं) इसके अन्त में फट् तथा आदि में प्रणव (ॐ) लगाने से ब्रह्मोपासित सप्ताक्षरी महाविद्या (तारा) का मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १-२ ॥

विमर्श - (i) **ब्रह्मोपासित तारा मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ त्रीं ह्रीं हुं ह्रीं हुं फट् ॥ १-२ ॥

वाक् (ऐं), शक्ति (ह्रीं), कमला (श्रीं), काम (क्लीं), अनुग्रह सर्गवान् हंस (सौः), वर्म (हुं), 'उग्रतारे' फिर वर्म (हुं), इसके अन्त में 'फट्' लगाने

विष्णूपासितद्वितीयताराविद्याकथनम्

तारवर्मशिवाकामो मनुसर्गयुतो भृगुः।
वर्मास्त्रमेषा सप्तार्णा सिद्धिदा विष्णुसेविता॥ ४॥

चतुर्मुखोपासितविद्याद्वयकथनम्

एतयोः पञ्चमे बीजे सकारो हादिरान्तिमः।
तदा विद्याद्वयं प्रोक्तं चतुर्मुखसमर्चितम्॥ ५॥

द्वितीयां विष्णूपासितामाह – **तारेति** । शिवा ह्रीं । भृगुः सः । यथा – ॐ हुँ ह्रीं क्लीं सौः हुँ फडिति ॥ ४ ॥ चतुर्मुखोपासितं मन्त्रद्वयमाह – **एतयोरिति** । एतयोरनन्तरोक्तयोर्विष्णूपासितयोर्द्वादशाक्षरी–सप्ताक्षरयोर्विद्ययोः पञ्चमे बीजे सौ रूपे यदि आदौ हकारः अन्ते रेफः तदा तदेव विद्याद्वयं चतुर्मुखसेवितं हः आदौ यस्य रः, अन्तिमो यस्य सः, हादिरान्तिमः । यथा – ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं हसौः हुँ उग्रतारे हुँ फट्–इत्याद्या । ॐ हुँ ह्रीं क्लीं हसौः हुं फडिति द्वितीया ॥ ५ ॥

से विष्णु के द्वारा उपासित १२ अक्षरों का तारा मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ३ ॥

विमर्श - (ii) **विष्णूपासित तारा मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः हुं उग्रतारे हुं फट् ॥ ३ ॥

तार (ॐ), वर्म (हुं), शिवा (ह्रीं), काम (क्लीं), मनुसर्गसहित भृगु (सौः), वर्म (हुं) एवं अन्त में अस्त्र (फट्) लगाने से सिद्धि प्रदान करने वाला विष्णुसेवित तारा का सप्ताक्षरी मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ४ ॥

विमर्श - (iii) **विष्णु द्वारा उपासित द्वितीय तारा मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ हुं ह्रीं क्लीं सौः हुं फट् ॥ ४ ॥

ऊपर कहे गये विष्णु से उपासित द्वादशाक्षर एवं सप्ताक्षर इन दोनों विद्याओं में पञ्चम बीज (सौः) के आदि में यदि ह लगा दिया जाये तो प्रथम मन्त्र और उसके अन्त में 'रेफ' लगा दिया जाय तो वह 'ब्रह्मोपासित' तारा का दूसरा मन्त्र बन जाता है ॥ ५ ॥

विमर्श - (iv) द्वादशाक्षर मन्त्र के पञ्चम (सौः) के पहले ह लगाने से **ब्रह्मोपासित तारा का प्रथम मन्त्र** निष्पन्न होता है । इसका स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं ह्सौः हुं उग्रतारे हुं फट्' ।

(v) सप्ताक्षर मन्त्र के पञ्चम (सौः) के पहले (र्) अन्त में है जिसके, ऐसा ह अर्थात् ह लगाने से **ब्रह्मोपासित तारा मन्त्र का द्वितीय मन्त्र** बनता है । जिसका स्वरूप इस प्रकार होता है - 'ॐ हुं ह्रीं क्लीं ह्सौः हुं फट्' ॥ ५ ॥

एकजटाविद्याद्वयम्

तारो माया वर्म माया वर्मास्त्रं च रसाक्षरी ।
हरिरग्नित्रिमूर्तीन्दुयुग् वर्मपुटिताद्रिजा ॥ ६ ॥
अस्त्रान्ता पञ्चवर्णोऽयं प्रोक्तमेकजटाद्वयम् ।

नारायणीया ताराविद्या

रेफशान्तीन्दुयुङ्णान्तो वर्मास्त्रं कामवाग्भवम् ॥ ७ ॥
नारायणोपासितेयं पञ्चार्णा सर्वसिद्धिदा ।

उक्तानामष्टविद्यानामृष्यादिकथनम्

अमूषामष्टविद्यानामृषिः[1] शक्तिर्वसिष्ठजः ॥ ८ ॥

एकजटाद्वयमाह – **तार इति** । अग्नित्रिमूर्तीन्दुयुक्हरिः । रईबिन्दुयुक्तकारस्त्रीं । स्पष्टमन्यत् । यथा – ॐ ह्रीं हुँ ह्रीं हुँ फट् इति प्रथमा । त्रीं हुँ ह्रीं हुँ फडिति द्वितीया ॥ ६–७ ॥ नारायणीयामाह – **रेफेति** । रेफः रः । शान्तिः ईकारः । अनुस्वारयुक्तो णान्तस्तः त्रीं । यथा – त्रीं हुँ फट् क्लीं ऐमिति ॥ ७–८ ॥ उक्तानामष्टविद्यानामृष्याद्याह – **अमूषामिति** ॥ ८ ॥

इसके अनन्तर **एकजटा के दो मन्त्र का प्रतिपादन** करते हैं -

तार (ॐ), माया (ह्रीं), वर्म (हुं), फिर माया (ह्रीं), वर्म (हुँ) और इसके अन्त में अस्त्र (फट्) लगाने से षडक्षर मन्त्र बन जाता है ॥ ६ ॥

विमर्श - (vi) **एकजटा मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ ह्रीं हुं ह्रीं हुं फट्। इस प्रकार तारा का अन्य (**प्रथम एकजटा**) षडक्षर मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ६ ॥

अग्नि (र्), त्रिमूर्ति (इ), इन्दु (अनुस्वार) के सहित हरि (त्) अर्थात् (त्रीं) वर्मसंपुटित अद्रिजा (हुं ह्रीं हुं) फिर अन्त में अस्त्र (फट्) लगाने से पञ्चाक्षर मन्त्र बन जाता है । ये दोनों एकजटा के मन्त्र हैं ॥ ७ ॥

विमर्श - (vii) **एकजटा के दूसरे मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'त्रीं हुं ह्रीं हुं फट्' । इस प्रकार एकजटा का द्वितीय मन्त्र बनता है । दोनों मन्त्र षडक्षर और पञ्चाक्षर एकजटा के हैं ॥ ७ ॥

रेफ (र), शान्ति (ईकार), इन्दु (अनुस्वार) से युक्त णान्त (अर्थात् तकार त्रीं), वर्म (हुं), अस्त्र (फट्), काम (क्लीं) और अन्त में वाग्भव (ऐं) लगाने से जो मन्त्र बनता है वह पञ्चाक्षरों से युक्त नारायणोपासित तारा मन्त्र सर्वसिद्धियों को देने वाला कहा जाता है ॥ ८ ॥

---

१. अष्टविद्यानां वसिष्ठजोशक्तिर्ऋषिः गायत्रीछन्दः तारादेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

गायत्रीतारके छन्दोदेवते परिकीर्तिते ।
न्यासं तु पूर्ववत् कृत्वा ध्यायेत्तारां हृदम्बुजे ॥ ९ ॥

ध्यानवर्णनम्

श्वेताम्बरां शारदचन्द्रकान्तिं
सद्भूषणां चन्द्रकलावतंसाम् ।
कर्त्रीकपालान्वितपाणिपद्मां
तारां त्रिनेत्रां प्रभजेऽखिलर्द्ध्यै ॥ १० ॥

गायत्रीछन्दः । तारादेवता । पूर्ववत् षडदीर्घाढ्यमायाबीजेन ह्रां ह्रीमित्यादि ॥ ९ ॥ ध्यानमाह – **श्वेतेति** । कर्त्री दक्षे ॥ १० ॥

विमर्श - (viii) **नारायणोपासित तारा मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'त्रीं हुं फट् क्लीं ऐं' ॥ ८ ॥

ऊपर कही गई इन आठों विद्याओं के वशिष्ठ पुत्र शक्ति ऋषि हैं । गायत्री छन्द तथा तारा देवता हैं । पूर्वोक्त विधि से न्यास कर हृत्कमल पर इस मन्त्र में भगवती तारा का इस प्रकार ध्यान करना चाहिए ॥ ८-९ ॥

विमर्श - इसके विनियोग, ऋष्यादिन्यास तथा कराङ्गन्यास का स्वरूप इस प्रकार है -

विनियोग - ॐ अस्यास्ताराविद्यायाः वशिष्ठजो शक्तिर्ऋषिः गायत्रीछन्दः तारा-देवता ह्रीं बीजं हुं शक्तिः स्त्रीं कीलकं आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

ऋष्यादिन्यासः -

ॐ वशिष्ठजशक्तिर्ऋषये नमः, शिरसि । ॐ गायत्रीछन्दसे नमः, मुखे ।
ॐ तारादेवतायै नमः, हृदि । ॐ ह्रीं बीजाय नमः, गुह्ये ।
ॐ हुं शक्त्ये नमः, पादयोः । ॐ स्त्रीं कीलकाय नमः, सर्वाङ्गे ।

हृदयादिन्यास -

ॐ ह्रां हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ ह्रूं शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं कवचाय हुं,
ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः अस्त्राय फट् ।

इसी प्रकार **कराङ्गन्यास** - ॐ ह्रां अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा, ॐ ह्रूं मध्यमाभ्यां वषट्, ॐ ह्रैं अनामिकाभ्यां हुं, ॐ ह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट् ॐ ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट् भी कर लेना चाहिए ॥ ८-९ ॥

अब **तारा मन्त्र के जप के पूर्व ध्यान** कहते हैं - श्वेत वस्त्र धारण की हुई शारदीय चन्द्रिका के समान शरीर की आभा से युक्त, चन्द्रकला को मस्तक पर धारण करने वाली, नाना प्रकार के आभूषणों से उल्लसित, हाथों में

जपपूजादिकं सर्वमासां पूर्ववदाचरेत्।

प्रयोगवर्णनम्

मधुयुक्परमान्नेन होमाद्विद्यानिधिर्भवेत् ॥ ११ ॥
रक्तां वश्ये स्वर्णवर्णां स्तम्भने मारणे सिताम्।
उच्चाटने धूम्रवर्णां शान्तौ श्वेतां स्मरेदिमाम् ॥ १२ ॥
भूरिणा किमिहोक्तेन विद्या एताः प्रसाधिताः।
पूरयन्त्यखिलं नृणां मनोरथमिह ध्रुवम् ॥ १३ ॥

एकजटामन्त्रः

मायाहृद्भगवत्येकजटे मम जलं स्थिरा।
वह्न्यासनगता पुष्पं प्रतीच्छानलवल्लभा ॥ १४ ॥
द्वाविंशत्यक्षरो मन्त्रस्तारादिः सर्वसिद्धिदः।
ऋषिः[१] पतञ्जलिश्छन्दो गायत्र्येकजटा पुनः ॥ १५ ॥

प्रयोगानाह – **मध्विति** ॥ ११ ॥ * ॥ १२–१३ ॥ एकजटामाह – **मायेति**। जलं वः वह्न्यासनगता स्थिरा रेफयुतो जः ज्रः। यथा – ॐ ह्रीं नमो भगवत्येकजटे मम वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहेति ॥ १४ ॥ * ॥ १५–१६ ॥

कर्तारिका (कैंची या चाकू) तथा कपाल लिए हुये त्रिनेत्रा भगवती तारा का मैं अपनी अभीष्ट सिद्धि के लिए ध्यान करता हूँ ॥ १० ॥

प्रयोग कथन - इन विद्याओं का जप, पूजन एवं होमादि सर्व कर्म पूर्वोक्त तारा मन्त्र (४. ५०-१०३) के समान करना चाहिए। साधक मधु युक्त परमान्न के होम से विद्यानिधि हो जाता है ॥ ११ ॥

वश्यकार्य के लिए रक्तवर्णा, स्तम्भनकर्म में स्वर्णवर्णा, मारणकर्म में कृष्णवर्णा, उच्चाटन में धूम्रवर्णा तथा शान्ति कार्यो में श्वेतवर्णा भगवती का ध्यान करना चाहिए ॥ १२ ॥

इस विषय में बहुत क्या कहें - उक्त रीति से आराधना करने पर ये विद्यायें निश्चित रूप से साधकों के समस्त अभीष्ट को पूर्ण कर देती हैं ॥ १३ ॥

अब पुनः **एकजटा मन्त्र** कहते हैं - माया (ह्रीं), हृद् (नमः), फिर भगवत्येकजटे मम, फिर जल (व), तदनन्तर वह्न्यासनगता स्थिरा (ज्र), फिर 'पुष्पं प्रतीच्छ', इसके अन्त में अनलवल्लभा (स्वाहा) तथा आदि में तार (ॐ) लगाने से बाईस अक्षरों का सर्वसिद्धिदायक एकजटा मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १४-१५ ॥

---

१. ॐ अस्य श्रीमदेकजटामन्त्रस्य पतञ्जलिर्ऋषिः गायत्रीछन्दः एकजटादेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः। ॐ अस्य श्रीनीलसरस्वतीमन्त्रस्य ब्रह्मऋषिः गायत्रीछन्दः नीलसरस्वतीदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

देवता दीर्घषट्काढ्यमायया स्यात् षडङ्गकम्।
ध्यानार्चनप्रयोगांस्तु कुर्यात् पूर्वोक्तमन्त्रवत् ॥ १६ ॥

नीलसरस्वतीमन्त्रः

रमां माया हसौ व्यापिन्यारूढौ सर्गसंयुतौ।
वर्मास्त्रं नीलभृगुरस्वत्यैठद्वयमीरितम् ॥ १७ ॥
प्रणवाद्यो मनुः सर्वसिद्धिदो मनुवर्णकः।
ऋष्याद्या ब्रह्मगायत्री तथा नीलसरस्वती ॥ १८ ॥
नेत्रचन्द्रेन्दुनेत्राङ्गनेत्रार्णैरङ्गकल्पना।
मन्त्रोत्थितैरथो ध्यायेद् देवीं सर्वेष्टसिद्धिदाम् ॥ १९ ॥

नीलसरस्वतीमाह – **रमेति** । व्यापिन्यारूढौ औयुतौ । नीलस्वरूपम् । भृगुः सः । रस्वत्यैस्वरूपम् । ठद्वयं स्वाहा । यथा – ॐ श्रीं ह्रीं हसौः हुँ फट् नीलसरस्वत्यै स्वाहा । मनुवर्णश्चतुर्दशार्णः ॥ १७–१८ ॥ षडङ्गमाह – **नेत्रेति** । नेत्रशब्देनार्णद्वयं चन्द्र एकः। अङ्गानि षट् ॥ १९ ॥

विमर्श - एकजटा मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ ह्रीं नमो भगवत्येकजटे मम वज्रपुष्पं प्रतीच्छ स्वाहा ॥ १४-१५ ॥

इस मन्त्र के पतञ्जलि ऋषि हैं, गायत्री छन्द है तथा एकजटा देवता हैं । इस मन्त्र के जप में षड्दीर्घ युक्त माया बीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए । ध्यान, पूजा एवं प्रयोगादि पूर्वोक्त रीति से करना चाहिए ॥ १५-१६ ॥

विमर्श - मन्त्र का विनियोग इस प्रकार है - ॐ अस्य श्रीमदेकजटामन्त्रस्य पतञ्जलिर्ऋषिः गायत्रीछन्दः श्रीमदेकजटादेवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

षडङ्गन्यास - ॐ ह्रां एकजटायै हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं तारिण्यै शिरसे स्वाहा, ॐ ह्रूं वज्रोदके शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं उग्रजटे कवचाय हुं, ॐ ह्रौं महाप्रतिसरे नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः अस्त्राय फट्।

इसी प्रकार कराङ्गन्यास कर एकजटा मन्त्र की देवता तारा का ध्यान पूर्वोक्त ४. ३९-४० श्लोकों में वर्णित स्वरूप से करें ॥ १५-१६ ॥

अब **नीलसरस्वती का मन्त्र** कहते हैं - रमा (श्रीं), माया (ह्रीं), व्यापिनी (औ) एवं सर्ग (विसर्ग) से युक्त हस् वर्ण (अर्थात् हसौः), वर्म (हुं), अस्त्र (फट्), फिर 'नील' पद, तदनन्तर भृगु 'स', फिर 'रस्वत्यै' तथा उसके अन्त में दो ठ (स्वाहा), तथा मन्त्र के आदि में प्रणव (ॐ) लगाने से चौदह अक्षरों का नीलसरस्वती मन्त्र बन जाता है ॥ १७-१८ ॥

इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि, गायत्री छन्द तथा नीलसरस्वती देवता हैं । मन्त्र के क्रमशः २, १, १, २, ६, एवं २ अक्षरों से षडङ्गन्यास कर मनोरथपूर्ण

घण्टाशिरः शूलमसिं कराग्रैः
सम्बिभ्रतीं चन्द्रकलावतंसाम् ।
प्रमथ्नतीं पादतले पशुं तां
भजे मुदा नीलसरस्वतीशाम् ॥ २० ॥
जपपूजादिकं सर्वमस्याः पूर्ववदीरितम् ।
विशेषाज्जयदा वादे विद्येयं साधिता नृणाम् ॥ २१ ॥

नीलसरस्वत्या अपरो मन्त्रः

माया सानन्तसंयुक्ता वर्महृन्ङेयुता पुनः ।
तारामहापदाद्या सा भृगुब्रह्मानलान्तिमः ॥ २२ ॥

ध्यानमाह – **घण्टामिति** । शूलासीदक्षयोः घण्टाशिरसीवामयोः ॥ २० ॥ * ॥ २१ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **मायेति** । सा माया अनन्तसंयुता आकारसंयुता ह्राम् ॥ ङेयुता तारा तारायै । सा महापदाद्या महातारायै । भृगुः सः। ब्रह्मा कः। अनलान्तिमो लः। स्पष्टमन्यत् ॥ तथा ताराद्या त्रीं बीजाद्या । यथा – ॐ त्रीं ह्रां हुँ नमस्तारायै महातारायै सकलदुस्तरां–

करने वाली भगवती नीलसरस्वती का ध्यान करना चाहिए ॥ १८-१९ ॥

विमर्श - **नीलसरस्वती मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - ॐ श्रीं ह्रीं हसौः हुं फट् नीलसरस्वत्यै स्वाहा ।

विनियोग - ॐ अस्य श्रीनीलसरस्वतीमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिर्गायत्रीछन्दः नीलसरस्वतीदेवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ श्रीं हृदयाय नमः, ह्रीं शिरसे स्वाहा,
हसौः शिखायै वषट्, हुं फट् कवचाय हुम,
नीलसरस्वत्यै नेत्रत्रयाय वौषट् स्वाहा, अस्त्राय फट् ।

इसी प्रकार कराङ्गन्यास कर भगवती का ध्यान करना चाहिए ॥ १८-१९ ॥

अब **नीलसरस्वती का ध्यान** कहते हैं - दाहिने हाथों में शूल एवं तलवार तथा बायें हाथों में घण्टा एवं मुण्ड धारण करने वाली, शिर पर चन्द्रकला धारण किये हुये तथा अपने पैरों के नीचे उन पशुओं का प्रमन्थन करती हुई प्रसन्न मुद्रा वाली ईश्वरी भगवती नीलसरस्वती का मैं ध्यान करता हूँ ॥ २० ॥

इस मन्त्र के जप पूजादि का विधान हम पूर्व में कह आये हैं । यह विद्या सिद्ध हो जाने पर मनुष्यों को वाद-विवाद में विशेष रूप से विजय प्रदान करने वाली होती हैं ॥ २१ ॥

अब अन्य **तारा मन्त्र** कहते हैं -

आदि में तारा (त्रीं), सानन्त आकार सहित माया (ह्रां), वर्म (हुं),

दुस्तरांस्तारयद्वन्द्वं तरयुग्मं च ठद्वयम् ।
द्वात्रिंशदर्णा ताराद्या पूजास्याः पूर्ववन्मताः ॥ २३ ॥

विद्याराज्ञीमन्त्रः

विद्याराज्ञीमथो वक्ष्ये सुरेन्द्रस्यापि दुर्लभाम् ।
लब्ध्वा यां मानवाः स्वेष्टं साधयन्त्यर्चने रताः ॥ २४ ॥
वाङ्माया श्रीर्मनोजन्माहंसोऽनुग्रह बिन्दुयुक् ।
कामः शक्तिश्च वाग्बीजं फान्तोलार्घीशबिन्दुयुक् ॥ २५ ॥
स्त्रीबीजं नीलतारेस्यात्संबुद्ध्यन्ता सरस्वती ।
अत्रीसरेफौ क्रमतः शेषवामाक्षिसंयुतौ ॥ २६ ॥
सानुस्वारौ कामबीजं फान्तो मांसार्घिबिन्दुगः ।
सर्गीभृगुर्वाग्हृल्लेखारमाकामोऽथ सौ द्वयम् ॥ २७ ॥

स्तारय तारय तर तर स्वाहेति ॥ २२–२३ ॥ द्वात्रिंशदर्णाविद्याराज्ञीमाह – **विद्येति** ॥ २४ ॥ वागिति । मनोजन्मा क्लीं । अनुग्रहबिन्दुयुक्हंसः सः सौं । लार्घीशबिन्दुयुक्फान्तः लऊ बिन्दुयुतो बः ब्लूं ॥ २५ ॥ स्त्रीबीजं स्त्रींसरेफौ रेफयुक्तौ शेषवामाक्षिसंयुतौ क्रमतआईसंयुतौ अत्रीदकारौ ॥ २६ ॥ सानुस्वारौ द्रां द्रीमिति । कामबीजं क्लीं । मांसार्घीबिन्दुयुग्लऊबिन्दुयुक्तः फान्तो बः ब्लूं, सर्गी भृगुः सः ॥ हृल्लेखा ह्रीं यथा – ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं क्लीं ह्रीं ऐं ब्लूं स्त्रीं नीलतारे सरस्वति द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः ऐं ह्रीं

हृत (नमः) उसके बाद चतुर्थ्यन्त तारा पद (तारायै), एवं महातारा पद (महातारायै), भृगु (स), ब्रह्मा (क), अनलान्तिम (ल), फिर दुस्तरां पद, फिर दो तारय पद (तारय तारय), दो तर पद (तर तर) तदनन्तर ठद्वय 'स्वाहा' लगाने से बत्तीस अक्षरों का तारा मन्त्र बनता है । इस मन्त्र का पूजनादि विधान तारा मन्त्र के समान समझना चाहिए ॥ २२-२३ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ त्रीं ह्रां हुं नमस्तारायै महातारायै सकलदुस्तरांस्तारय तारय तर तर स्वाहा ॥ २२-२३ ॥

अब विद्याराज्ञी (महाविद्या मन्त्र) जो सुरेन्द्र के लिए भी दुर्लभ है, उसे कहता हूँ जिसे प्राप्त कर देवी के पूजनादि में तत्पर रहने वाला साधक अपना सारा अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ २४ ॥

वाग् (ऐं), माया (ह्रीं), श्री (श्रीं), मनोजन्मा (क्लीं), अनुग्रह (औ), बिन्दु सहित हंस (सौं), फिर काम (क्लीं), शक्ति (ह्रीं), वाग्बीज (ऐं), मांस (ब), - अर्घी (ऊ), बिन्दु (अनुस्वार) से युक्त फान्त (ल अर्थात ब्लूं), स्त्रीबीज (स्त्रीं) फिर सम्बुद्ध्यन्त 'नीलतारे सरस्वति' पद, रेफ

सर्गान्तं भुवनेशानी स्वाहा[1] द्वात्रिंशदक्षरी ।
महाविद्या हि सा ख्याता सेविता भोगमोक्षदा ॥ २८ ॥
ब्रह्मानुष्टुप्सरस्वत्यो मुन्याद्या[2] अङ्गकल्पना ।
पञ्चपञ्चाष्टपञ्चेषु युगार्णैर्मन्त्रसम्भवैः ॥ २९ ॥

ध्यानवर्णनम्

शवासनां सर्पविभूषणाढ्यां
कर्त्री कपालं चषकं त्रिशूलम् ।

श्रीं क्लीं सौः सौः ह्रीं स्वाहेति ॥ २७–२८ ॥ षडङ्गमाह – **पञ्चेति** ॥ २९ ॥ ध्यानमाह – **शवेति**। कर्त्री त्रिशूले दक्षयोः ॥ ३० ॥

(र्) शेष वामाक्षि से संयुक्त एवं अनुस्वार के सहित अत्री दो बार (द्रां द्रीं), फिर काम बीज (क्लीं) मांसार्घीबिन्दु युक्त फान्त (ब्लूं), विसर्ग युक्त भृगु स (अर्थात् सः), वाग् (ऐं), हल्लेखा (ह्रीं), रमा (श्रीं), काम (क्लीं), दो बार विसर्गान्त सौ (सौः सौः), भुवनेशानी (ह्रीं) तथा अन्त में स्वाहा लगाने से बत्तीस अक्षरों का तारा मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ २५-२८ ॥

इसे **महाविद्या** कहते हैं, जो साधक को भुक्ति तथा मुक्ति दोनों ही प्रदान करती है ।

इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, सरस्वती देवता हैं । इस मन्त्र के क्रमशः ५, ५, ८, ५, ५ एवं ४ वर्णो से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ २५-२९ ॥

विमर्श - विद्याराज्ञी मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार हैं - ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं क्लीं ह्रीं ऐं ब्लूं स्त्रीं नीलतारे सरस्वति द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः सौः ह्रीं स्वाहा ।

विनियोग - ॐ अस्य श्रीमहाविद्यामन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः अनुष्टुप्छन्दः सरस्वतीदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास -

ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः हृदयाय नमः, क्लीं ह्रीं ऐं ब्लू स्त्रीं शिरसे स्वाहा,
नीलतारे सरस्वति शिखायै वषट्, द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः कवचाय हुं,
ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौः नेत्रत्रयाय वौषट्, सौः ह्रीं स्वाहा अस्त्राय फट्,
इस प्रकार हृदयादिन्यास कर कराङ्गन्यास भी करना चाहिए ॥ २५-२९ ॥

---

१. ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौं क्लीं ह्रीं ऐं ब्लू त्रीं नीलतारे सरस्वति द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं सौ सौः ह्रीं स्वाहा।

२. अस्य महाविद्यामन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः अनुष्टुपछन्दः सरस्वतिदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

करैर्दधानां नरमुण्डमालां
त्र्यक्षां भजे नीलसरस्वतीं ताम् ॥ ३० ॥

प्रयोगवर्णनम्

चतुर्लक्षं जपेद् विद्यां किंशुकैर्मधुरान्वितैः ।
दशांशं जुहुयाद् वह्नौ श्रद्धापूर्वमतन्द्रितः ॥ ३१ ॥
पूर्वोक्ते पूजयेत् पीठे वक्ष्यमाणेन वर्त्मना ।
आदौ त्रिकोणं षट्कोणमष्टषोडशपत्रके ॥ ३२ ॥
द्वात्रिंशत् पत्रमब्जं स्याच्चतुष्षष्टिदलं ततः ।
त्रिरेखाढ्यं धरागेहं चतुरस्रमतः परम् ॥ ३३ ॥
एवं यन्त्रं समालिख्य बाह्यतः पूजनं चरेत् ।

किंशुकैः पलाशपुष्पैः ॥ ३१ ॥ * ॥ ३२–४० ॥

अब **महाविद्या का ध्यान** कहते हैं - शवासन पर आसीन सर्पों के भूषण से विभूषित अपने चारों हाथों में क्रमशः कर्तरिका (कैंची), कपाल, चषक (पानपात्र) एवं त्रिशूल धारण किये हुये तथा हाथों में नरमुण्डमाला लिए हुये त्रिनेत्रा नीलसरस्वती का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ३० ॥

विद्याराज्ञीपूजनयन्त्रम्

पुरश्चरण - उक्त सरस्वती महाविद्या मन्त्र का चार लाख जप करना चाहिए, तदनन्तर मधुमिश्रित पलाश पुष्पों का श्रद्धा एवं उत्साह सहित अग्नि में दशांश होम करना चाहिए ॥ ३१ ॥

पीठपूजाविधान - जपारम्भ के प्रथम पूर्वोक्त पीठ पर वक्ष्यमाण मन्त्र से देवी की पूजा करनी चाहिए । सर्वप्रथम त्रिकोण, फिर षट्कोण, उसके बाद अष्टदल, फिर षोडशदल, तदनन्तर बत्तीसदल, फिर चौंसठ दल वाला कमल निमार्ण कर तीन रेखाओं वाले भूपुर से वेष्टित कर चतुरस्र बनाना चाहिए । ऐसा यन्त्र लिखकर उसके बाह्य भाग से पूजन प्रारम्भ करना चाहिए ॥ ३२-३४ ॥

विमर्श - चौथे तरङ्ग में कही गई विधि के अनुसार भूतशुद्धि, षोढान्यास, दिग्बन्धन तथा अर्घ्यस्थापन कर ४. ८६-८८ में बताई गई विधि के अनुसार पीठ पूजा, ध्यान एवं आवाहन कर षोडशोपचारों से नीलसरस्वती का पूजन कर

आवरणपूजाकथनम्

चतुरस्रस्याग्निकोणे विघ्नेशं परिपूजयेत् ॥ ३४ ॥
वायुकोणे क्षेत्रपालमैशान्ये भैरवं तथा ।
नैर्ऋते योगिनीः सर्वा वामभागे गुरुं यजेत् ॥ ३५ ॥

अष्टसिद्धिकथनम्

भूगृहस्याद्यरेखायामणिमालघिमा तथा ।
महिमा चेशिता पूज्या वशिता कामपूरणी ॥ ३६ ॥
गरिमा प्राप्तिरित्येताः पूज्याः पूर्वादिदिक् क्रमात् ।

अष्टभैरवकथनम्

धरागृहस्य रेखायां द्वितीयायां तु भैरवाः ॥ ३७ ॥
असिताङ्गो रुरुश्चण्डः क्रोधोन्मत्तकपालिनः ।
भीषणश्चाथ संहार एतेष्टौ भैरवाः स्मृताः ॥ ३८ ॥

सप्तमातृकाकथनम्

भूमिगेहे तृतीयायां रेखायां मातरः पुनः ।
ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारीवैष्णवी तथा ॥ ३९ ॥
वारहीन्द्राणिका चैव चामुण्डा सप्तमी स्मृता ।
महालक्ष्मीस्तथेज्यास्ताः पूर्वादिषु यथाक्रमम् ॥ ४० ॥

योनि मुद्रा प्रदर्शित कर - देवि आज्ञापय आवरणं ते पूजयामि - इस मन्त्र से देवी से आज्ञा लेकर आगे कही गई विधि के अनुसार आवरण पूजा करनी चाहिए ॥ ३२-३४ ॥

अब **आवरण पूजा** कहते हैं - चतुरस्र के बाहर अग्नि कोण में गणपति का, वायव्यकोण में क्षेत्रपाल का, ईशान कोण में भैरव का तथा नैर्ऋत्य कोण में योगिनियों का पूजन करना चाहिए और चतुरस्र के वामभाग में गुरु की पूजा करनी चाहिए ॥ ३४-३५ ॥

भूपुर की **प्रथम रेखा में** पूर्वादि दिशाओं के क्रम से १. अणिमा, २. लघिमा, ३. महिमा, ४. ईशिता, ५. वशिता, ६. कामपूरणी, ७. गरिमा एवं ८. प्राप्ति की पूजा करनी चाहिए ॥ ३६-३७ ॥

पुनः भूपुर की **द्वितीय रेखा में** पूर्वादि क्रम से - १. असिताङ्ग, २. रुरु, ३. चण्ड, ४. क्रोध, ५. उन्मत्त, ६. कपाली, ७. भीषण एवं ८. संहार - इन आठ भैरवों का पूजन करना चाहिए । तथा भूपुर की **तृतीय रेखा में** १.

इत्थमाद्यावृतिं चेष्ट्वा योनिमुद्रां प्रदर्शयेत्।

चतुःषष्टिशक्तिकथनम्

चतुःषष्टिदले पद्मे शक्तीरर्चेच्च तावतीः ॥ ४१ ॥
कुलेशी कुलनन्दा च वागीशी भैरवी तथा।
उमा श्रीः शान्तया चण्डा धूम्रा काली करालिनी ॥ ४२ ॥
महालक्ष्मीश्च कङ्काली रुद्रकाली सरस्वती।
वाग्वादिनी च नकुली भद्रकाली शशिप्रभा ॥ ४३ ॥
प्रत्यङ्गिरा सिद्धलक्ष्मीरमृतेशी च चण्डिका।
खेचरी भूचरी सिद्धा कामाक्षी हिङ्गुला बला ॥ ४४ ॥
जया च विजया चाप्यजिता नित्यापराजिता।
विलासिनी तथा घोरा चित्रा मुग्धा धनेश्वरी ॥ ४५ ॥
सोमेश्वरी महाचण्डा विद्या हंसी विनायिका।
वेदगर्भा तथा भीमा उग्रा वैद्या च सद्गतिः ॥ ४६ ॥
उग्रेश्वरी चन्द्रगर्भा ज्योत्स्ना सत्या यशोवती।
कुलिका कामिनी काम्या ज्ञानवत्यथ डाकिनी ॥ ४७ ॥

योनिमुद्रोक्ता ॥ ४१ ॥ * ॥ ४२–४८ ॥

ब्राह्मी, २. माहेश्वरी, ३. कौमारी, ४. वैष्णवी, ५. वाराही, ६. इन्द्राणी, ७. चामुण्डा एवं ८. महालक्ष्मी - इन आठ मातृकाओं के नाम के आगे चतुर्थ्यन्त नमः पद लगाकर पूर्वादि क्रम से पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार **प्रथम आवरण** की पूजा कर योनि मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ ३७-४१ ॥

अब **सरस्वती की चौंसठ शक्तियों** को कहते हैं -

तदनन्तर चौंसठ दल वाले कमल में चौंसठ शक्तियों की पूजा करनी चाहिए -

१. कुलेशी, २. कुलनन्दा, ३. वागीशी, ४. भैरवी, ५. उमा, ६. श्री, ७. शान्तया, ८. चण्डा, ९. धूम्रा, १०. काली, ११. करालिनी, १२. महालक्ष्मी, १३. कंकाली, १४. रुद्रकाली, १५. सरस्वती, १६. वाग्वादिनी, १७. नकुली, १८. भद्रकाली, १९. शशिप्रभा, २०. प्रत्यङ्गिरा, २१. सिद्धलक्ष्मी, २२. अमृतेशी, २३. चण्डिका, २४. खेचरी, २५. भूचरी, २६. सिद्धा, २७. कामाक्षी, २८. हिंगुला, २९. बला, ३०. जया, ३१. विजया, ३२. अजिता, ३३. नित्या, ३४. अपराजिता, ३५. विलासिनी, ३६. घोरा, ३७. चित्रा, ३८. मुग्धा, ३९. धनेश्वरी, ४०. सोमेश्वरी, ४१. महाचण्डा, ४२. विद्या, ४३. हंसी, ४४. विनायिका, ४५. वेदगर्भा, ४६. भीमा, ४७. उग्रा, ४८. वैद्या, ४९. सद्गती, ५०. उग्रेश्वरी, ५१.

राकिनी लाकिनी चाथ काकिनी शाकिनीत्यपि।
हाकिनीति चतुःषष्टिशक्तयः सिद्धिदायिकाः॥ ४८॥
दर्शयेत् खेचरीमुद्रां द्वितीयावरणेर्चिते।

द्वात्रिंशच्छक्तिकथनं पूजाविधिश्च

द्वात्रिंशत् पत्रमध्ये तु पूज्या एतास्तु शक्तयः॥ ४६॥
किराता योगिनी वीरा वेताला यक्षिणी हरा।
ऊर्ध्वकेशी च मातङ्गी मोहिनी वंशवर्द्धिनी॥ ५०॥
मालिनी ललिता दूती मनोजा पद्मिनी धरा।
वर्वरी छत्रहस्ता च रक्तनेत्रा विचर्चिका॥ ५१॥
मातृकादूरदर्शी च क्षेत्रेशी रङ्गिनी नटी।
शान्तिर्दीप्ता वज्रहस्ता धूम्रा श्वेता सुमङ्गला॥ ५२॥

चतुःषष्टिदले तावतीः शक्तीरभ्यर्च्य खेचरीमुद्रां दर्शयेत् । तल्लक्षणं यथा –

सव्यं दक्षिणहस्ते तु सव्यहस्ते तु दक्षिणम् ।
बाहुकृत्वा महादेवि हस्तौ सपरिवर्त्य च ॥
कनिष्ठानामिके देवि युक्ता तेन क्रमेण तु ।
तर्जनीभ्यां समाक्रान्ते सर्वोर्ध्वमपि मध्यमे ॥
अंगुष्ठौ तु महादेवि सरलावपि कारयेत् ।
इयं सा खेचरी नाम मुद्रां सर्वोत्तमोत्तमा ॥ ४६ ॥

इति ॥ * ॥ ५०–५२ ॥

चन्द्रगर्भा, ५२. ज्योत्स्ना, ५३. सत्या, ५४. यशोवती, ५५. कुलिका, ५६. कामिनी, ५७. काम्या, ५८. ज्ञानवती, ५६. डाकिनी, ६०. राकिनी, ६१. लाकिनी, ६२. काकिनी, ६३. शाकिनी एवं ६४. हाकिनी -- ये चौंसठ सिद्धिदायिका सरस्वती की शक्तियाँ कहीं गई हैं । इस प्रकार चतुर्थ्यन्त नामों के आगे नमः लगाकर इनकी पूजा कर खेचरी मुद्रा प्रदर्शित कर **द्वितीयावरण** की पूजा समाप्त करनी चाहिए ॥ ४१-४८ ॥

फिर बत्तीस दल वाले कमल पर **बत्तीस शक्तियों** की पूजा करनी चाहिए। उनके नाम इस प्रकार हैं - १. किराता, २. योगिनी, ३. वीरा, ४. वेताला, ५. यक्षिणी, ६. हरा, ७. ऊर्ध्वकेशी, ८. मातङ्गी, ६. मोहिनी, १०. वंशवर्द्धिनी, ११. मालिनी, १२. ललिता, १३. दूती, १४. मनोजा, १५. पद्मिनि, १६. धरा, १७. वर्वरी, १८. छत्रहस्ता, १६. रक्तनेत्रा, २०. विचर्चिका, २१. मातृका, २२. दूरदर्शीनी, २३. क्षेत्रेशी, २४. रङ्गिनी, २५. नटी, २६. शान्ति, २७. दीप्ता, २८. वज्रहस्ता, २६. धूम्रा, ३०. श्वेता, ३१. सुमङ्गला (एवं ३२. सर्वेश्वरी) -

इष्ट्वा तृतीयावरणं बीजमुद्रां प्रदर्शयेत् ।

षोडशशक्तिपूजनम्

ततः षोडशपत्रेषु पूज्याः षोडशशक्तयः ॥ ५३ ॥
मुग्धा श्रीः कुरुकुल्ला च त्रिपुरा तोतला क्रिया ।
रतिः प्रीतिस्तथा बाला सुमुखी श्यामलाविला ॥ ५४ ॥
पिशाची च विदारी च शीतला वज्रयोगिनी ।
सर्वेश्वरीति सम्पूज्य सृणिमुद्रां प्रदर्शयेत् ॥ ५५ ॥

अष्टसरस्वतीपूजनं मन्त्राश्च

अष्टपत्रे स्वस्वमन्त्रैर्यजेदष्टसरस्वतीः ।
तारो हृल्लोहितः सत्यो वैकुण्ठानन्तसंयुताः ॥ ५६ ॥

तृतीयावरणं सम्पूज्य बीजमुद्रां दर्शयेत् । तल्लक्षणं यथा –
परिवर्त्य करौ स्पष्टावर्द्धचन्द्राकृती प्रिये ।
तर्जन्यङ्गुष्ठयुगलं युगपत्कारयेत्ततः ॥
अधः कनिष्ठावष्टब्धे मध्यमे विनियोजयेत् ।
तथैव कुटिले योज्ये सर्वाधस्तादनामिके ॥
बीजमुद्रेयमुदिता सर्वसिद्धिप्रदायिनी ॥ इति ॥ ५३ ॥
*॥ ५४ ॥ षोडशपत्रं सम्पूज्य सृणिमुद्रामंकुशमुद्रां दर्शयेत् । सा पूर्वमुक्ता ॥ ५५ ॥ अष्टपत्रे सरस्वत्यष्टकं स्वमन्त्रैर्यजेदित्युक्तम् । तासां मन्त्रान् क्रमेण वदन्नादौ वागीश्वरीमन्त्रमाह – **तार इति** । लोहितः पः बैकुण्ठानन्तसंयुतः

इनके नामों में चतुर्थ्यन्त विभक्ति युक्त नमः लगाकर पूजा करने के पश्चात् **तृतीयावरण** की पूजा बीज मुद्रा प्रदर्शित कर संपन्न करनी चाहिए ॥ ४६-५३ ॥

इसके बाद सोलह दलों में इन **सोलह शक्तियों** की पूजा करनी चाहिए । १. मुग्धा, २. श्री, ३. कुरुकुल्ला, ४. त्रिपुरा, ५. तोतला, ६. क्रिया, ७. रति, ८. प्रीति, ६. बाला, १०. सुमुखी, ११. श्यामलाविला, १२. पिशाची, १३. बिदारी, १४. शीतला, १५. वज्रयोगिनी, १६. सर्वेश्वरी -- इन नामों में चतुर्थ्यन्त सहित 'नमः' लगाकर पूजा करे और अंकुश मुद्रा प्रदर्शित कर **चतुर्थावरण** की पूजा सम्पन्न करनी चाहिए ॥ ५३-५५ ॥

इसके अनन्तर अष्टपत्रों में अष्ट सरस्वतियों की उनके लिए विहित पृथक् पृथक् मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए ।

(i) अब **वागीश्वरी के मन्त्र का उद्धार** करते हैं -

तार (ॐ), हृत् (नमः), लोहित (प), वैकुण्ठानन्त सहित सत्य (द्मा), भृगु (स), फिर 'ने शब्दरूपे' यह पद, फिर वाक् (ऐं), माया (ह्रीं), काम

भृगुर्नेशब्दरूपे वाङ्मायाकामो वदद्वयम् ।
वाग्वादिन्यग्निकान्तेति मन्त्रो वेदाक्षिवर्णवान् ॥ ५७ ॥
अनेन मनुना पूर्वपत्रे वागीश्वरीं यजेत् ।
वराहहंसचक्रीन्द्रसंयुता भुवनेश्वरी ॥ ५८ ॥
वदयुग्मं च चित्रेश्वरि वाग्बीजानलप्रिया ।
द्वादशार्णेन मनुना वह्नौ चित्रेश्वरीं यजेत् ॥ ५९ ॥
वाग्बीजं कुलजे वाक् च सरस्वत्यनलाङ्गना ।
एकादशार्णमनुना कुलजां दक्षिणेर्चयेत् ॥ ६० ॥

सत्यः मआयुतो दः द्मा ॥ ५६ ॥ भृगुः सः स्पष्टमन्यत् । यथा – ॐ नमः पद्मासनेशब्दरूपे ऐं ह्रीं क्लीं वद वद वाग्वादिनी स्वाहेति वेदाक्षिवर्णवान् चतुर्विंशत्यर्णः ॥ ५७ ॥ चित्रेश्वरीमन्त्रमाह – वराहेति । वराह हंसचक्रीन्द्रसंयुता भुवनेश्वरी हसकल ह्रीं ॥ ५८ ॥ वद वद चित्रेश्वरि ऐं स्वाहेति । प्रथमं षट्कूटम् ॥ यथा – क्लीं वद वद चित्रेश्वरि ऐं स्वाहा । वह्नौ अग्निकोणे ॥ ५९ ॥ कुलजामन्त्रमाह – वागिति । ऐं कुलजे ऐं सरस्वति स्वाहेति ॥ ६० ॥

(क्लीं), इसके बाद दो बार वद शब्द (वद वद), फिर 'वाग्वादिनी' इसके बाद अग्निकान्ता (स्वाहा) लगाने से चौबीस अक्षरों का मन्त्र बनता है इस मन्त्र से पूर्वदिशा के पत्र पर वागीश्वरी का पूजन करना चाहिए ॥ ५६-५८ ॥

विमर्श - वागीश्वरी के पूजन में विनियुक्त २४ अक्षरों **के मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ॐ नमः पद्मासने शब्दरूपे ऐं ह्रीं क्लीं वद वद वाग्वादिनी स्वाहा' ॥ ५६-५८ ॥

(ii) अब **चित्रेश्वरी पूजन का मन्त्र** कहते हैं - 'वराह हंसचक्रीन्द्रसंयुता भुवनेश्वरी' अर्थात् 'हस कल ह्रीं' फिर दो बार वद शब्द (वद वद), फिर 'चित्रेश्वरि' पद, इसके बाद वाग्बीज (ऐं), फिर अनलप्रभा (स्वाहा) लगाने से द्वादश अक्षर का मन्त्र बन जाता है । इस बारह अक्षर वाले मन्त्र से साधक अग्निकोण में चित्रेश्वरी की पूजा करें ॥ ५८-५९ ॥

विमर्श - **चित्रेश्वरी के मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'हसकलह्रीं वद वद चित्रेश्वरि ऐं स्वाहा' । ऊपर हकार में ६ अक्षरों का मेल होने से १ अक्षर समझना चाहिए ॥ ५८-५९ ॥

(iii) इसके बाद **कुलजा का मन्त्र** कहते हैं - वाग्बीज (ऐं), फिर 'कुलजे' पद, फिर वाग्बीज (ऐं), फिर सरस्वति पद, तदनन्तर अनलाङ्गना (स्वाहा) लगाने से ग्यारह अक्षरों का कुलजा मन्त्र बनता है, इससे दक्षिण में कुलजा का पूजन करना चाहिए ॥ ६० ॥

वाङ्माया श्रीं वदद्वन्द्वं कीर्तीश्वरि वसुप्रिया ।
त्रयोदशार्णेन यजेन्नैर्ऋत्ये कीर्तिनायिका ॥ ६१ ॥
वाङ्माया चान्तरिक्षान्ते सरस्वति च ठद्वयम् ।
रव्यर्णेन यजेत् प्रत्यगन्तरिक्षसरस्वतीम् ॥ ६२ ॥
वराहहंसचण्डीशजनार्दनकृशानुयुक् ।
सेन्दुर्योनिश्च लकुलीभृगुवह्नीन्दुयुङ् मनुः ॥ ६३ ॥
अरुणाभृगुशिख्यग्निसंयुता शान्तिरिन्दुयुक् ।
वाङ्माया श्रीषु बीजानि घ्रीं घटान्ते सरस्वतीम् ॥ ६४ ॥

कीर्तीश्वरीमन्त्रमाह – **वागिति** । ऐं ह्रीं श्रीं वद वद कीर्तीश्वरि स्वाहेति । वसुरग्निः ॥ ६१ ॥ अन्तरिक्षसरस्वतीमन्त्रमाह – **वागिति** । ऐं ह्रीं अन्तरिक्षसरस्वति स्वाहेति ॥ ६२ ॥ घटसरस्वतीमन्त्रमाह – **वराहमिति** । एवंविधा योनिरेकारः। कीदृशी ? वराहहंसचण्डीश – जनार्दनकृशानुयुक् हसखफरयुता । सेन्दुः सबिन्दुश्च । कूटमिदम् । मनुरौकारः । कीदृशः ? लकुलीभृगुवह्नीन्दुयुक् हसरबिन्दुयुतः । शान्ति री अरुणादियुता । अरुणाहः। भृगुः सः । शिखी फः । अग्नीरः एतैर्युता । सबिन्दुश्च वाक् ऐं, माया ह्रीं, श्रीं श्रीः । इषुबीजानि बाणबीजानि – 'द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स' इति ।

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं कुलजे ऐं सरस्वति स्वाहा' ॥ ६० ॥

(iv) अव **कीर्तीश्वरी का मन्त्र** कहते हैं -

वाग् (ऐं), माया (ह्रीं), श्री (श्रीं), दो बार 'वद' पद (वद वद) फिर कीर्तीश्वरि और अन्त में वसुप्रिया (स्वाहा) लगाने से तेरह अक्षरों का मन्त्र बनता है । इससे नैर्ऋत्यकोण में कीर्तीश्वरी का पूजन करना चाहिए ॥ ६१ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं ह्रीं श्रीं वद वद कीर्तीश्वरि स्वाहा ॥ ६१ ॥

(v) अब **अन्तरिक्षसरस्वती मन्त्र** कहते हैं -

वाग (ऐं), माया (ह्रीं), फिर 'अन्तरिक्षसरस्वति' यह पद, इसके अन्त में 'ठद्वय' (स्वाहा) लगाने से बारह अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है । इससे पश्चिम के दल में अन्तरिक्ष सरस्वती का पूजन करना चाहिए ॥ ६२ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं ह्रीं अन्तरिक्षसरस्वति स्वाहा ॥ ६२ ॥

(vi) अव **घटसरस्वती मन्त्र** कहते हैं - वराह हंस चण्डीश जनार्दन-कृशानुयुक् (ह् स् ष् फ र) सेन्दु (ह्स्फ्रं), लकुलीभृगुवह्नी (ह् स् र्) और इन्दु से युक्त मनु (औं) अर्थात् ह्स्रौं अरुण भृगु शिख्यग्निसंयुत इन्दु युक् शान्ति अर्थात्

घटेवदतरद्वन्द्वं रुद्राज्ञा टायुता मम।
अभिलाषं कुरु द्वन्द्वं प्रेयसीकृष्णवर्त्मनः॥ ६५॥
गुणवेदार्णेन यजेद्वायौ घटसरस्वतीम्।

नीलामन्त्रकथनम्

भूधरेन्द्रयुतोर्घीशो बिन्द्वाढ्यो वें वदद्वयम्॥ ६६॥
त्रीं हुँ फट् नवार्णेन नीलामर्चेदुदग्दिशि।
वाग्बीजमधराक्रान्तो नकुलीबिन्दुमान् पुनः॥ ६७॥

घ्रीमिति स्वरूपम्। टायुता तृतीयान्ता रुद्राज्ञा। कृष्णवार्त्मनोऽग्नेः प्रेयसी स्वाहा। यथा – ह्स्फ्रं ह्स्रों ह्स्फ्रों ऐं ह्रीं श्रीं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः घ्रीं घटसरस्वतीघटे वद वद तर तर रुद्राज्ञया ममाभिलाषं कुरु कुरु स्वाहेति ॥ ६३–६५ ॥ गुणवेदार्णस्त्रिचत्वारिंशदक्षरः। नीलामन्त्रमाह – **भूधरेति**। अर्घीश ऊ। भूधरो वः। इन्द्रो लः। ताभ्यां युतः बिन्दुयुतश्च ब्लूं। बें वदवदस्वरूपम्। यथा – ब्लूं वें वद वद त्रीं हुं फडिति। किणिमन्त्रमाह – **वाग्बीजमिति**। अधराक्रान्तो नकुली ऐंयुतो हः। शान्तिचन्द्राढ्यमाकाशम् ईबिन्दुयुतो हः सदृक् जलं वि। भगाक्रान्तं

अरुण (ह्), भृगु (स), शिखी (फ), अग्नि (र्) इससे युक्त सबिन्दु शान्ति (ह्स्फ्रें), फिर वाग्बीज (ऐं), माया (ह्रीं), श्री (श्रीं) इषु बीज (द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः) फिर 'घ्रीं घटसरस्वती घटे' पद, फिर दो बार 'वद' पद (वद वद) एवं 'तर' पद (तर तर), टा युता (तृतीयान्ता) रुद्राज्ञा (रुद्राज्ञया), फिर 'ममाभिलाषं', फिर दो बार 'कुरु' शब्द (कुरु कुरु), तदनन्तर कृष्णवर्त्माप्रेयसी (स्वाहा) लगाने से तिरालिस अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है। इस मन्त्र से वायव्य दल में घटसरस्वती का पूजन करना चाहिए ॥ ६३-६६ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ह्स्फ्रं ह्स्रों ह्स्फ्रों ऐं ह्रीं श्रीं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः घ्रीं घटसरस्वती घटे वद वद तर तर रुद्राज्ञया ममाभिलाषं कुरु कुरु स्वाहा' (४३) ॥ ६३-६६ ॥

(vii) अब **नीलसरस्वती का मन्त्र** कहते हैं -

भूधरेन्द्र युत् बिन्दु सहित अर्घीश (ब्लूं), फिर बिन्दु सहित (वें), तदनन्तर दो बार वद पद (वद वद), फिर 'त्रीं हुं फट्' लगाने से ९ अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है। इससे उत्तर के दल में नीलसरस्वती का पूजन करना चाहिए ॥ ६६-६७ ॥

विमर्श - नीलसरस्वती मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ब्लूं वें वद वद त्रीं हुं फट्' (९) ॥ ६६-६७ ॥

शान्तिचन्द्राढ्यमाकाशं किणिद्वन्द्वं सदृग्जलम् ।
कूर्मद्वन्द्वं भगाक्रान्तं नवार्णेनामुना यजेत् ॥ ६८ ॥
मन्त्रेणेशानदिग्भागे किणिसंज्ञां सरस्वतीम् ।
पञ्चमावृत्तिमाराध्य क्षोभमुद्रां प्रदर्शयेत् ॥ ६९ ॥

डाकिन्यादिषण्णां पूजनम्

डाकिन्याद्याः पूर्वमुक्ताः षट्कोणे षट् प्रपूजयेत् ।
दर्शयेद् द्राविणीं मुद्रां षष्ठावरणपूजने ॥ ७० ॥

परादि–तिसृणां पूजनम्

पराबालाभैरवीति पूजनीयास्त्रिकोणके ।

कूर्मद्वन्द्वम् ऐयुतं च द्वन्द्वं च । यथा – ऐं हैं ह्रीं किणि किणि विच्चे इति ॥ ६६–६८ ॥ एवं सरस्वत्यष्टकं सम्पूज्य क्षोभमुद्रादर्शनम् । तल्लक्षणम् –

मध्यमां मध्यमे कृत्वा कनिष्ठाङ्गुष्ठरोधिते ।
तर्जन्यौ दण्डवत्कृत्वा मध्यमोपर्यनामिके ।
क्षोभाभिधानामुद्रेयं सर्वसंक्षोभकारिणी ॥ ६९ ॥ इति

डाकिन्याद्याः पूर्वोक्ताः । डाकिनी, राकिनी, लाकिनी, काकिनी, शाकिनी, हाकिन्यः । द्राविणीमुद्रालक्षणं यथा – क्षोभमुद्रालक्षणमुक्त्वोक्तम्

एतस्या एवमुद्राया मध्यमे सरले यदा ।
क्रियते परमेशानि तदा विद्राविणीमता ॥ इति ॥ ७० ॥

(viii) अब **किणिसरस्वती का मन्त्र** कहते हैं -

वाग्बीज (ऐं), अधराक्रान्त सबिन्दु नकुली (हैं), शान्तिचन्द्राढ्य आकाश (ह्रीं), दो बार किणि शब्द (किणि किणि), सदृक् इकार सहित जल व् (अर्थात् वि), भगाक्रान्त कूर्मद्वय (च्चे) यह ९ अक्षर का मन्त्र निष्पन्न होता है । इससे ईशानकोण में किणि सरस्वती का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार अष्टदलों में आठ सरस्वतियों का पूजन कर **पञ्चमावरण** की पूजा समाप्त कर क्षोभमुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ ६७-६९ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं हैं ह्रीं किणि किणि विच्चे' ॥ ६७-६९ ॥

षट्कोण में पूर्वोक्त १. डाकिनी, २. राकिनी, ३. लाकिनी, ४. काकिनी, ५. शाकिनी एवं ६. हाकिनी का पूजन कर **षष्ठावरण** की पूजा समाप्त कर द्राविणीमुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ ७० ॥

तदनन्तर त्रिकोण में परा, बाला एवं भैरवी का पूजन कर **सप्तमावरण** की पूजा समाप्त कर आकर्षणी मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

सप्तमावृतिपूजायां मुद्रां कुर्याच्चकर्षिणीम् ॥ ७१ ॥
इत्थं सम्पूज्य तारेशीं मनोभीष्टमवाप्नुयात् ।

पराबालाभैरवीति स्वस्वमन्त्रैः – ह्रीं परायै नमः–– ऐं क्ली सौः बालायै नमः – ह्सैंह्क्लीं ह्सौः भैरव्यै नमः इति ।

आकर्षिणीमुद्रालक्षणं यथा –

मध्यमातर्जनीभ्यां तु कनिष्ठानामिके समे ।
अंकुशाकार रूपाभ्यां मध्यमे परमेश्वरि ।
इयमाकर्षिणीमुद्रा त्रैलोक्याकर्षणे क्षमा ॥ इति ॥ ७१ ॥

इस प्रकार सप्तावरण युक्त तारा देवी तारेशी का पूजन करने से समस्त मनोरथों की पूर्ति होती है ॥ ७१-७२ ॥

विमर्श - आवरण पूजा प्रयोग इस प्रकार हैं - नाम मन्त्रों में चतुर्थी लगाकर तत्तत्स्थानों में आवरण पूजा करनी चाहिए ।

पूर्वोक्त विधि से देवी की पूजा करने के बाद उनकी आज्ञा लेकर **प्रथम आवरण पूजा** करनी चाहिए । सर्वप्रथम चतुरस्र के बाहर अग्निकोण में विधिवत् ध्यान कर 'ॐ ह्रीं गं गणपतये नमः' मन्त्र से गणेशजी का पूजन करना चाहिए। इसी प्रकार वायव्य में 'ॐ ह्रीं क्षं क्षेत्रपालाय नमः' से क्षेत्रपाल का, ईशान कोण में 'ॐ ह्रीं बं बटुकाय नमः' से बटुकभैरव का तथा नैर्ऋत्यकोण में 'ॐ ह्रीं यं योगिनीभ्यो नमः' मन्त्र से योगिनीयों का पूजन करना चाहिए ।

भूपुर की **प्रथम रेखा में** पूर्व आदि दिशाओं में -

ॐ अणिमायै नमः, ॐ लघिमायै नमः, ॐ महिमायै नमः,
ॐ ईशित्यै नमः, ॐ वशितायै नमः, ॐ कामपूरण्यै नमः,
ॐ गरिमायै नमः तथा ॐ प्राप्त्यै नमः - इन मन्त्रों से क्रमशः अणिमा आदि का पूजन करना चाहिए ।

भूपुर की **द्वितीय रेखा में** पूर्व आदि आठ दिशाओं में निम्नलिखित मन्त्रों से आठ भैरवों का पूजन करना चाहिए -

ॐ असिताङ्गभैरवाय नमः, ॐ रुरुभैरवाय नमः,
ॐ चण्डभैरवाय नमः, ॐ क्रोधभैरवाय नमः,
ॐ उन्मत्तभैरवाय नमः, ॐ कपालीभैरवाये नमः,
ॐ भीषणभैरवाय नमः एवं ॐ संहारभैरवाय नमः ।

भूपुर की **तृतीय रेखा** में पूर्व आदि दिशाओं में -

ॐ ब्राह्मयै नमः, ॐ माहेश्वर्यै नमः, ॐ कौमार्यै नमः,
ॐ वैष्णव्यै नमः, ॐ वाराह्यै नमः, ॐ इन्द्राण्यै नमः,
ॐ चामुण्डायै नमः, ॐ महालक्ष्म्यै नमः

इन मन्त्रों से अष्टमातृकाओं का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार प्रथम आवरण का पूजन कर योनिमुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

द्वितीय आवरण में चौंसठ दलों पर निम्नलिखित मन्त्रों से **चौंसठ शक्तियों** का पूजन करना चाहिए -

१. ॐ कुलेश्यै नमः
२. ॐ कुलनन्दायै नमः
३. ॐ वागीश्वर्यै नमः
४. ॐ भैरव्यै नमः
५. ॐ उमायै नमः
६. ॐ श्रियै नमः
७. ॐ शान्तयायै नमः
८. ॐ चण्डायै नमः
९. ॐ धूम्रायै नमः
१०. ॐ काल्यै नमः
११. ॐ करालिन्यै नमः
१२. ॐ महालक्ष्म्यै नमः
१३. ॐ कङ्काल्यै नमः
१४. ॐ रुद्रकाल्यै नमः
१५. ॐ सरस्वत्यै नमः
१६. ॐ वाग्वादिन्यै नमः
१७. ॐ नकुल्यै नमः
१८. ॐ भद्रकाल्यै नमः
१९. ॐ शशिप्रभायै नमः
२०. ॐ प्रत्यङ्गिरायै नमः
२१. ॐ सिद्धलक्ष्म्यै नमः
२२. ॐ अमृतेश्यै नमः
२३. ॐ चण्डिकायै नमः
२४. ॐ खेचर्यै नमः
२५. ॐ भूचर्यै नमः
२६. ॐ सिद्धायै नमः
२७. ॐ कामाख्यै नमः
२८. ॐ हिंगुलायै नमः
२९. ॐ बलायै नमः
३०. ॐ जयायै नमः
३१. ॐ विजयायै नमः
३२. ॐ अजितायै नमः
३३. ॐ नित्यायै नमः
३४. ॐ अपराजितायै नमः
३५. ॐ विलासिन्यै नमः
३६. ॐ घोरायै नमः
३७. ॐ चित्रायै नमः
३८. ॐ मुग्धायै नमः
३९. ॐ धनेश्वर्यै नमः
४०. ॐ सोमेश्वर्यै नमः
४१. ॐ महाचण्डायै नमः
४२. ॐ विद्यायै नमः
४३. ॐ हंस्यै नमः
४४. ॐ विनायकायै नमः
४५. ॐ वेदगर्भायै नमः
४६. ॐ भीमायै नमः
४७. ॐ उग्रायै नमः
४८. ॐ वैद्यायै नमः
४९. ॐ सद्गत्यै नमः
५०. ॐ उग्रेश्वर्यै नमः
५१. ॐ चन्द्रगर्भायै नमः
५२. ॐ ज्योत्स्नायै नमः
५३. ॐ सत्यायै नमः
५४. ॐ यशोवत्यै नमः
५५. ॐ कुलिकायै नमः
५६. ॐ कामिन्यै नमः
५७. ॐ काम्यायै नमः
५८. ॐ ज्ञानवत्यै नमः
५९. ॐ डाकिन्यै नमः
६०. ॐ राकिन्यै नमः
६१. ॐ लाकिन्यै नमः
६२. ॐ काकिन्यै नमः
६३. ॐ शाकिन्यै नमः
६४. ॐ हाकिन्यै नमः

इस प्रकार **द्वितीय आवरण** की पूजा कर खेचरी मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

तृतीय आवरण में बत्तीस दलों पर निम्नलिखित मन्त्रों से **बत्तीस** शक्तियों का पूजन करना चाहिए ।

१. ॐ किरातायै नमः
२. ॐ योगिन्यै नमः
३. ॐ बीरायै नमः
४. ॐ बेतालायै नमः
५. ॐ यक्षिण्यै नमः
६. ॐ हरायै नमः
७. ॐ ऊर्ध्वकेश्यै नमः
८. ॐ मातंग्यै नमः
९. ॐ मोहिन्यै नमः
१०. ॐ वंशवर्द्धिन्यै नमः
११. ॐ मालिन्यै नमः
१२. ॐ ललितायै नमः
१३. ॐ दूत्यै नमः
२०. ॐ विचर्चिकायै नमः
२७. ॐ दीप्तायै नमः

१४. ॐ मनोजायै नमः २१. ॐ मातृकायै नमः २८. ॐ वज्रहस्तायै नमः
१५. ॐ पद्मिन्यै नमः २२. ॐ दूरदर्श्यै नमः २९. ॐ धूम्रायै नमः
१६. ॐ धरायै नमः २३. ॐ क्षेत्रेश्यै नमः ३०. ॐ श्वेतायै नमः
१७. ॐ बर्व्यै नमः २४. ॐ रङ्गिन्यै नमः ३१. ॐ सुमङ्गलायै नमः
१८. ॐ छत्रहस्तायै नमः २५. ॐ नट्यै नमः ३२. ॐ सर्वेश्वर्यै नमः
१९. ॐ रक्तनेत्रायै नमः २६. ॐ शान्त्यै नमः

इस प्रकार **तृतीय आवरण** में उक्त मन्त्रों से ३२ शक्तियों का पूजन कर बीजमुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

चतुर्थ आवरण में १६ दलों पर निम्नलिखित मन्त्रों से **१६ शक्तियों** का पूजन करना चाहिए, यथा -

१. ॐ मुग्धायै नमः, २. ॐ श्रियै नमः, ३. ॐ कुरुकुल्लायै नमः,
४. ॐ त्रिपुरायै नमः, ५. ॐ तोतलायै नमः, ६. ॐ क्रियायै नमः,
७. ॐ रत्यै नमः, ८. ॐ प्रीत्यै नमः, ९. ॐ बालायै नमः,
१०. ॐ सुमुख्यै नमः, ११. ॐ श्यामलाविलायै नमः,
१२. ॐ पिशाच्यै नमः, १३. ॐ विदार्यै नमः, १४. ॐ शीतलायै नमः,
१५. ॐ वज्रयोगिन्यै नमः, १६. ॐ सर्वेश्वर्यै नमः ।

इस प्रकार **चतुर्थ आवरण** में उक्त मन्त्रों से १६ शक्तियों का पूजन कर अंकुश मुद्रा दिखलानी चाहिए ।

पञ्चम आवरण में पूर्व आदि आठ दिशाओं के कमल दलों पर निम्नलिखित मन्त्रों से **अष्टसरस्वतियों** का पूजन करना चाहिए, यथा -

१. **पूर्वदिशा दल पर** - ॐ नमः पद्मासने शब्दरूपे ऐं ह्रीं क्लीं वद वद वाग्वादिनी स्वाहा' मन्त्र से **वागीश्वरी** का पूजन करना चाहिए ।

२. **अग्निकोण दल पर** - 'क्लीं वद वद चित्रेश्वरी ऐं स्वाहा' मन्त्र से **चित्रेश्वरि** का पूजन करना चाहिए ।

३. **दक्षिण दल पर** - ऐं कुलिजे ऐं सरस्वति स्वाहा' मन्त्र से **कुलजा** का पूजन करना चाहिए ।

४. **नैऋत्यकोण दल पर** - 'ऐं ह्रीं श्रीं वद वद कीर्तीश्वरी स्वाहा' मन्त्र से **कीर्तीश्वरी** का पूजन करना चाहिए ।

५. **पश्चिम दल पर** - 'ऐं ह्रीं अन्तरिक्षसरस्वति स्वाहा' मन्त्र से **अन्तरिक्षसरस्वती** का पूजन करना चाहिए ।

६. **वायव्य कोण दल पर** - 'हस्फ्रं हसौं हस्फ्रों ऐं ह्रीं श्रीं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः ध्रीं घटसरस्वति घटे वद वद तर तर रुद्राज्ञया ममाभिलाषं कुरु कुरु स्वाहा' मन्त्र से **घटसरस्वती** का पूजन करना चाहिए ।

७. **उत्तर के दल पर** - 'ब्लूं वें वद वद त्रीं हुं फट्' मन्त्र से

गणेशक्षेत्रपालाभ्यां योगिन्यै भैरवाय च ॥ ७२ ॥
तारायै चापि वितरेद् बलिं नित्यं चतुष्पथे ।
मांसमाषान्नशाकाज्यपायसापूपकादिकम् ॥ ७३ ॥
बलिद्रव्यं समाख्यातं तेनेष्टं सा प्रयच्छति ।
तस्या ध्यानं त्रिधा वच्मि सत्त्वादिगुणभेदतः ॥ ७४ ॥

सात्त्विकध्यानमाह – **श्वेतेति** । कमण्डलुवराक्षस्रक्पुष्पमालादक्षेषु । इतराणि वामेषु ॥ ७५–७६ ॥

नीलासरस्वती का पूजन करना चाहिए ।

८. **ईशान कोण के दल पर** - ऐं हैं ह्रीं किणि किणि विच्चे' मन्त्र से **किणि** का पूजन करना चाहिए ।

इस विधि से **पञ्चम आवरण पूजा** में आठ दलों पर उक्त मन्त्रों से वागीश्वरी आदि का पूजन कर क्षेभमुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

षष्ठ आवरण पूजा में षट्कोण में निम्नलिखित मन्त्रों से डाकिनी आदि का पूजन करना चाहिए, यथा -

१. ॐ डाकिन्यै नमः ३. ॐ लाकिन्यै नमः ५. ॐ शाकिन्यै नमः
२. ॐ राकिन्यै नमः ४. ॐ काकिन्यै नमः ६. ॐ हाकिन्यै नमः

इस विधि से **षष्ठ आवरण पूजा** में ६ कोणों में निर्दिष्ट मन्त्रों से डाकिनी आदि का पूजन कर द्राविणी मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

सप्तम आवरण पूजा में त्रिकोण में अपने - अपने मन्त्रों से परा, वाला एवं भैरवी का पूजन करना चाहिए, यथा -

ह्रीं परायै नमः, ऐं क्लीं सौः बालायैः नमः,
ह्सैं ह्क्लीं ह्सौः भैरव्यै नमः ।

इन मन्त्रों से त्रिकोण के तीनों कोणों में क्रमशः परा, बाला एवं भैरवी का पूजन कर आकर्षणी मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ।

इस प्रकार आवरण पूजा कर पाँच पुष्पाञ्जलियाँ देकर विधिवत् मन्त्र का जप (पुरश्चरण) करना चाहिए ॥ ७१-७२ ॥

प्रतिदिन चौराहे पर गणेश, क्षेत्रपाल, योगिनी, भैरवी एवं तारा देवी को बलिप्रदान करना चाहिए । मांस से तथा उड़द से बनी हुई वस्तु और शाक, घी, खीर एवं मालपूआ आदि पदार्थ बलि द्रव्य होते हैं । इस प्रकार के बलि द्रव्यों के प्रदान से वह देवी साधक को अभीष्ट सिद्धि प्रदान करती हैं ॥ ७२-७४ ॥

विमर्श - चौथे तरङ्ग के ५०-५१ श्लोक में निर्दिष्ट मन्त्र से विधिपूर्वक बलिदान करना चाहिए ॥ ७२-७४ ॥

महाविद्या के तीन ध्यानों का वर्णन -

सत्त्वादि गुणों के भेद से अब हम महाविद्या का तीन प्रकार का ध्यान

सत्त्विकध्यानवर्णनम्

श्वेताम्बराढ्यां हंसस्थां मुक्ताभरणभूषिताम् ।
चतुर्वक्त्रामष्टभुजैर्दधानां कुण्डिकाम्बुजे ॥ ७५ ॥
वराभये पाशशक्ती अक्षस्रक्पुष्पमालिके ।
शब्दपाथोनिधौ ध्यायेत् सृष्टिध्यानमुदीरितम् ॥ ७६ ॥

राजसध्यानवर्णनम्

रक्ताम्बरां रक्तसिंहासनस्थां हेमभूषिताम् ।
एकवक्त्रां वेदसंख्यैर्भुजैः संबिभ्रतीं क्रमात् ॥ ७७ ॥
अक्षमालां पानपात्रमभयं वरमुत्तमम् ।
श्वेतद्वीपस्थितां ध्यायेत् स्थितिध्यानमिदं स्मृतम् ॥ ७८ ॥

तामसध्यानकथनम्

कृष्णाम्बराढ्यां नौसंस्थामस्थ्याभरणभूषिताम् ।
नववक्त्रां भुजैरष्टादशभिर्दधतीं वरम् ॥ ७९ ॥
अभयं परशुं दर्वीं खड्गं पाशुपतं हलम् ।
भिण्डिं शूलं च मुसलं कर्त्रीं शक्तिं त्रिशीर्षकम् ॥ ८० ॥

राजसध्यानमाह – **रक्तेति** । अक्षमालावरौ दक्षयोः अन्ययोरन्ये ॥ ७७–७८ ॥ तामसध्यानमाह – **कृष्णेति** । परशुदर्वीखड्गमुसलकर्त्रीशूल–

कहते हैं । सर्वप्रथम **'सात्त्विक ध्यान'** कहते हैं - श्वेत वस्त्र धारण किये हुए **हंस पर** आसीन, मोती के आभूषणों से विभूषित, चार मुखों वाली एवं अपनी **आठ भुजाओं में क्रमशः** १. कमण्डल, २. कमल, ३. वर, ४. अभय मुद्रा, ५. पाश, ६. शक्ति, ७. अक्षमाला एवं ८. पुष्पमाला धारण किये हुये शब्द समुद्र **में स्थित महाविद्या का** ध्यान करना चाहिए । इस प्रकार इसे **'सृष्टि ध्यान'** कहते **हैं** ॥ ७४-७६ ॥

अब **रजोगुणात्मिका भगवती का ध्यान** कहते हैं - रक्त वस्त्र धारण किये हुये, रक्त वर्ण के सिंहासन पर आसीन, सुवर्ण निर्मित आभूषणों से सुशोभित, एक मुख वाली, अपने चार भुजाओं में १. अक्षमाला, २. पानपात्र, ३. अभय एवं ४. वरमुद्रा धारण किये हुये श्वेतद्वीप निवासिनी भगवती का ध्यान करना चाहिए । इस प्रकार इसे **'स्थिति' ध्यान** कहते **हैं** ॥ ७७-७८ ॥

अब **तामस ध्यान** कहते हैं - कृष्ण वर्ण का वस्त्र धारण किये हुये, नौका पर विराजमान, हड्डी के आभूषणों **से** विभूषित, नौ मुखों वाली, अपने अट्ठारह भुजाओं में १. वर, २. अभय, ३. परशु, ४. दर्वी, ५. खड्ग, ६.

संहारास्त्रं वज्रपाशौ खट्वाङ्गं गदया सह।
रक्ताम्भोधौ स्थितां ध्यायेत्संहारध्यानमीदृशम् ॥ ८१ ॥
कर्मसु क्रूरसौम्येषु ध्यायेन्मन्त्री यथातथा।
एवंसिद्धे मनोमन्त्रीगिरावाचस्पतिर्भवेत् ॥ ८२ ॥
दूर्वोत्थया तु लेखन्या रोचनारसयुक्तया।
बालस्याच्छिन्ननालस्य जिह्वायां विलिखेन्मनुम् ॥ ८३ ॥
संप्राप्ते चाष्टमे वर्षे सर्वशास्त्रज्ञतामियात्।
मन्त्रेणायुतसंजप्तां वचां बालस्य कण्ठतः ॥ ८४ ॥
बध्नीयात् पूर्वसम्प्रोक्तं बलिं दत्त्वा विधानतः।
द्वादशे वत्सरे प्राप्ते भक्षिता सा कवित्वकृत् ॥ ८५ ॥
ज्योतिष्मती भवं तैलं कर्षमात्रं सुमन्त्रितम्।
उपरागे जलस्थो योऽश्नीयाद्वाचस्पतिर्भवेत् ॥ ८६ ॥

वज्रपाशगदादक्षेषु । शेषाणि वामेषु ॥ ७९–८१ ॥ क्रूरेषु मारणे तामसध्यानम् । उच्चाटनवश्यादौ रक्तम् । शान्तौ पुष्टौ श्वेतम् ॥ ८२ ॥ * ॥ ८३–८६ ॥

पाशुपत, ७. हल, ८. भिण्डि, ९. शूल, १०. मुशल, ११. कर्तृका (कैंची), १२. शक्ति, १३. त्रिशूल, १४. संहार अस्त्र, १५. पाश, १६. वज्र, १७. खट्वाङ्ग एवं १८. गदा धारण करने वाली रक्त-सागर में स्थित देवी का ध्यान करना चाहिए । इस प्रकार इसे **'संहार ध्यान'** कहते हैं ॥ ७९-८१ ॥

१०६ श्लोक में वर्णित कामेशी का ध्यान करें तथा मानसोपचार से पूजन करें । फिर उपर्युक्त पीठ पर श्लोक ७-९९-१०० में बतलायी गई रीति से पीठ पूजन तथा देवी का पूजन कर उनकी अनुज्ञा प्राप्त कर इस प्रकार आवरण पूजा करें । सर्वप्रथम वृत्ताकार कर्णिका में षडङ्गपूजन निम्न रीति से करें । यथा -

ॐ स्त्रीं हृदयाय नमः, ॐ ब्लूँ शिरसे स्वाहा, ॐ ऐं शिखायै वषट्,
ॐ क्लीं कवचाय हुम्, ॐ ह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्,
ॐ ह्रीं क्लीं ऐं ब्लूं स्त्रीं अस्त्राय फट् ।

तदनन्तर चतुर्दल में पूर्व आदि दिशाओं के क्रम से मनोभाव आदि का पूजन इस प्रकार करना चाहिए । यथा -

ॐ मनोभवाय नमः, पूर्वदले, ॐ मकरध्वजाय नमः दक्षिणदिग्दले,
ॐ कन्दर्पाय नमः पश्चिमदिग्दले, ॐ मन्मथाय नमः उत्तरदले,
ॐ कामदेवाय नमः मध्ये,

पुनः ७. २०१-२०३ में बतलायी गई विधि से अनङ्गरूपा आदि ८ शक्तियों का पूजन कर भूपुर के भीतर इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा बाहर उनके वज्रादि आयुधों का पूर्ववत् पूजन कर पुष्पाञ्जलि समर्पित करें । फिर कामेशी देवी का यथोपलब्ध उपचारों से पूजन कर जप प्रारम्भ करें ॥ १११-११२ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के सप्तम तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ७ ॥

अथ अष्टमः तरङ्गः

अथ बालां प्रवक्ष्यामि मन्त्री संसेव्य यां द्रुतम् ।
बृहस्पतिः कुबेरश्च जायते विद्यया धनैः ॥ १ ॥

बालात्रिपुरामन्त्रकथनम्

दामोदरश्चन्द्रयुत आद्यं वाग्बीजमीरितम् ।
विधिर्वासवशान्तीन्दुयुक्तं कामाभिधं परम् ॥ २ ॥
संकर्षणविसर्गाढ्योभृगुस्तार्तीयमीरितम् ।
त्रिबीजीगदिता बाला[1] जगत्त्रितयमोहिनी ॥ ३ ॥

* नौका *

॥ १ ॥ बालामन्त्रमाह – **दामोदर** इति । दामोदर ऐ । चन्द्रयुतो बिन्दुयुतः ऐं । वागिति संज्ञास्य । विधिः कः । वासवः शान्तीन्दुयुतः लईबिन्दुयुतः क्लीं । भृगुः सः । संकर्षण औ । तेन विसर्गेण च युतः सौः ॥ २–३ ॥

* अरित्र *

अब बाला के विषय में बतलाता हूँ जिनकी उपासना कर साधक शीघ्र ही विद्या में बृहस्पति के समान तथा धन में कुबेर के समान हो जाता है ॥ १ ॥

अब बाला मन्त्र का उद्धार कहते हैं -

चन्द्र (अनुस्वार) के सहित दामोदर (ऐ) अर्थात् ऐं यह प्रथम वाग्बीज, वासव (ल), शान्ति (ई) तथा इन्द्र (अनुस्वार) से युक्त विधि (क्) अर्थात् क्लीं यह दूसरा कामबीज सङ्कर्षण (औ) तथा विसर्ग युक्त भृगु (सः) अर्थात् सौः यह तृतीय बीज इस प्रकार **'ऐं क्लीं सौः'** इन तीनों बीजों से युक्त बाला का मन्त्र है जो तीनों लोकों का मोहन करने वाली है ॥ २-३ ॥

१. 'ऐं क्लीं सौः' – इति त्रिवर्णः ।

दक्षिणामूर्तिपंक्ती च [1]मुनिश्छन्दः क्रमात्स्मृतम् ।
देवता त्रिपुराबाला मध्यान्ते शक्तिबीजके ॥ ४ ॥

न्यासविधिवर्णनम्

नाभेरापादमाद्यं तु नाभ्यन्तं हृदयात् परम् ।
मूर्ध्निहृदन्तं तार्तीयं क्रमाद् देहे प्रविन्यसेत् ॥ ५ ॥
आद्यं वामकरे दक्षकरेऽन्यदुभयोः परम् ।
पुनर्बीजत्रयं न्यस्येन्मूर्ध्नि गुह्ये च वक्षसि ॥ ६ ॥
नवयोन्यभिधे न्यासे नवकृत्वो मनुं न्यसेत् ।
कर्णयोश्चिबुके न्यस्येच्छंखयोर्मुखपंकजे ॥ ७ ॥

मध्यान्ते मध्यं शक्तिः अन्ते बीजम् ॥ ४ ॥ नाभेः पादान्तमाद्यं बीजं न्यस्येत् । एवमग्रेपि ॥ ५ ॥ दक्षकरेऽन्यदद्वितीयम् । परं तृतीयं तूभयोः करयोर्न्यस्येत् ॥ ६ ॥ **कर्णौ चिबुकमित्याद्यवयवानां त्रिकोणाकारत्वाद्योनिन्यासोऽयम् ॥ ७–६ ॥**

इस मन्त्र के दक्षिणामूर्ति ऋषि, पंक्ति छन्द एवं त्रिपुरा बाला देवता हैं । मन्त्र का मध्य वर्ण (क्लीं) शक्ति तथा अन्तिम (सौः) 'बीज' कहा गया है ॥ ४ ॥

विमर्श - विनियोग - 'अस्य श्रीत्रिपुराबालामन्त्रस्य दक्षिणामूर्त्तिर्ऋषिः पंक्तिश्छन्दः त्रिपुराबालादेवता क्लीं शक्तिः सौः बीजं ममाऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥ ४ ॥

शरीर के नाभि से लेकर पाद पर्यन्त प्रथम बीज का, हृदय से लेकर नाभिपर्यन्त द्वितीय बीज का, तथा शिर से आरम्भ कर हृदय पर्यन्त तृतीय बीज का न्यास करना चाहिए ॥ ५ ॥

इसके बाद बायें हाथ में प्रथम बीज का, द्वितीय हाथ में द्वितीय बीज का, तदनन्तर दोनों हाथों में तृतीय बीज का न्यास करना चाहिए । फिर मस्तक, गुह्यस्थान एवं वक्षःस्थल में क्रमशः एक एक के क्रम से तीनों बीजों का न्यास करना चाहिए ॥ ६ ॥

विमर्श - प्रथम न्यास विधि - ॐ ऐं नमः, नाभेः पादान्तम्,
ॐ क्लीं नमः, हृदयान्नाभिपर्यन्तम्, ॐ सौः नमः, मूर्ध्नि हृदयान्तम् ।

द्वितीय न्यास विधि - ॐ ऐं नमः, वामकरे,
ॐ क्लीं नमः, दक्षिण करे, ॐ सौः नमः, उभयोः करयोः ।

तृतीय न्यास विधि - ॐ ऐं नमः, मूर्ध्नि,
ॐ क्लीं नमः, गुह्ये, ॐ सौः नमः, वक्षसि ।

अब **नवयोनि संज्ञक न्यास** कहते हैं -

इस न्यास में एक एक मन्त्र को नौ बार न्यस्त करना चाहिए । १. दोनों कान

---

१. अस्य श्रीबालमन्त्रस्य दक्षिणामूर्तिर्ऋषिः पंक्तिश्छन्दः त्रिपुराबालादेवता मध्यं क्लीं शक्तिः अन्ते सौः बीजं ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

नेत्रयोर्नासिकायां च स्कन्धयोरुदरे तथा ।
न्यसेत्कूर्परयोर्नाभौ जानुनोर्लिङ्गमस्तके ॥ ८ ॥
पादयोरपि गुह्ये च पार्श्वयोर्हृदये पुनः ।
स्तनयोः कण्ठदेशे च वामाङ्गादि प्रविन्यसेत् ॥ ९ ॥
वाग्भवाद्या रतिं गुह्ये प्रीतिमन्त्यादिका हृदि ।
कामबीजादिकां न्यस्येद् भ्रूमध्ये तु मनोभवा ॥ १० ॥
पुनर्वाङ्गत्यकामाद्यास्तिस्र एष्वेव विन्यसेत् ।
अमृतेशीं च योगेशीं विश्वयोनिं तृतीयकाम् ॥ ११ ॥

वागिति । ऐं रत्यै नमो गुह्ये । अन्त्यादिकाम् । सौः प्रीत्यै नमो हृदि । क्लीं मनोभवायै नमो भ्रूमध्ये ॥ १० ॥ पुनर्वाक् । अन्त्यकामाद्या अमृतेशीयोगेशी–विश्वयोनी एष्वेवगुह्यहृद्भ्रूमध्येषु न्यसेत् । ऐं अमृतेश्यै नम इत्यादि ॥ ११ ॥

एवं दोनों चिबुक, २. दोनों गण्ड एवं मुख, ३. दोनों नेत्र एवं नासिका, ४. दोनों कन्धे एवं उदर, ५. दोनों कूर्पर एवं नाभि, ६. दोनों जानु एवं लिङ्ग, ७. दोनों पैर एवं गुप्ताङ्ग, ८. दोनों पार्श्व एवं हृदय, तदनन्तर ९. दोनों स्तन एवं कण्ठ में न्यास करें । इसमें वामाङ्गक्रम से न्यास करना चाहिए ॥ ७-९ ॥

विमर्श - नव योनि न्यास विधि इस प्रकार है -

ॐ ऐं नमः, वामकर्णे	ॐ क्लीं नमः, दक्षिण कर्णे	ॐ सौः नमः, चिबुके
ॐ ऐं नमः, वाम चिबुके	ॐ क्लीं नमः, दक्षिण चिबुके	ॐ सौः नमः, मुखे
ॐ ऐं नमः, वाम नेत्रे	ॐ क्लीं नमः, दक्षिण नेत्रे	ॐ सौः नमः, नासिकायाम्
ॐ ऐं नमः, वाम स्कन्धे	ॐ क्लीं नमः, दक्षिण स्कन्धे	ॐ सौः नमः, उदरे
ॐ ऐं नमः, वाम कूर्परे	ॐ क्लीं नमः, दक्षिण कूर्परे	ॐ सौः नमः, नाभौ
ॐ ऐं नमः, वाम जानौ	ॐ क्लीं नमः, दक्षिण जानौ	ॐ सौः नमः, लिङ्गोपरि
ॐ ऐं नमः, वाम पादे	ॐ क्लीं नमः, दक्षिण पादे	ॐ सौः नमः, गुह्ये
ॐ ऐं नमः, वाम पार्श्वे	ॐ क्लीं नमः, दक्षिण पार्श्वे	ॐ सौः नमः, हृदि
ॐ ऐं नमः, वाम स्तने	ॐ क्लीं नमः, दक्षिण स्तने	ॐ सौः नमः, कण्ठे

अब **रतिन्यास** कहते हैं -

वाग्भव बीज सहित रति को मूलाधार में, अन्तिम बीज सहित प्रीति को हृदय में, कामबीज सहित मनोभवा को भ्रूमध्य में न्यस्त करना चाहिए । इसी प्रकार वाग काम को आदि में कर अन्त्य बीज कर अमेतंशी योगिनी तथा विश्वयोनि को न्यास करना चाहिए ॥ १०-११ ॥

विमर्श - रतिन्यास विधि इस प्रकार है -

ऐं रत्यै नमः, गुह्ये,	ॐ सौः प्रीत्यै नमः, हृदि,
ॐ क्लीं मनोभवायै नमः, भ्रूमध्ये,	ॐ ऐं अमृतेश्यै नमः, गुह्ये,

मूर्ध्नि[1] वक्त्रे हृदि न्यस्येद् गुह्ये चरणयोरपि।
कामेशीपञ्चबीजाद्यान्स्मरान् मनोभवादिकान् ॥ १२ ॥
शिरः पन्मुखगुह्येषु हृदये पञ्चदेवताः।
द्राविण्याद्याः क्रमान् न्यस्येद् बाणेशीबीजपूर्विकाः ॥ १३ ॥
तार्तीयवाग्मध्यगेन कामेन स्यात् षडङ्गकम्।
षड्दीर्घस्वरयुक्तेन ततो देवीं विचिन्तयेत् ॥ १४ ॥

मूर्ध्नीति । कामेशी पञ्चबीजानि ह्रीं क्लीं ऐं ब्लूं स्त्रीमित्युक्तानि । तदाद्यान्मनोभवादिकान् । मनोभव मकरध्वजकन्दर्पमन्मथकामदेवाख्यान् स्मरान् शिरोमुखहृद्गुह्यपत्सु न्यसेत् । ह्रीं मनोभवाय नम इत्यादि ॥ १२ ॥ **शिर इति** । बाणेशीबीजानि । द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स इति । तत्पूर्वा द्राविण्याद्या द्राविणी क्षोभणी वशीकरण्याकर्षणी सम्मोहनी संज्ञाः बाणदेवताः शिरः पादमुखगुह्यहृत्सु न्यसेत् । द्रां द्राविण्यै नमः शिरसीत्यादि ॥ १३ ॥ षडङ्गमाह – **तार्तीयेति** ॥ तार्तीयं सौः । **वाक् ऐं** । तन्मध्यगतेन दीर्घाढ्येन कामेन षडङ्गम् । सौः क्लीं ऐं हृत् । सौ, क्लीं ऐं **शिरः** । सौः क्लूं ऐं शिखेत्यादि ॥ १४ ॥

ॐ क्लीं योगेश्यै नमः, हृदि, ॐ सौः विश्वयोन्यै नमः, भ्रूमध्ये ॥ १०-११ ॥

अब **मूर्तिन्यास** कहते हैं -

रत्यादिन्यास के बाद कामेशी के पाँचों बीजों (द्र० - ७. १०८) के साथ मनोभव आदि पाँच कामदेवों का न्यास क्रमशः शिर, मुख, हृदय, गुप्ताङ्ग और पैरों पर करना चाहिए ॥ १२ ॥

विमर्श – मूर्तिन्यास की विधि इस प्रकार है - ॐ ह्रीं मनोभवाय नमः, शिरसि,
ॐ क्लीं मकरध्वजाय नमः, गुह्ये, ॐ ऐं कन्दर्पाय नमः, हृदि,
ॐ ब्लूं मन्मथाय नमः, गुह्ये, ॐ स्त्रीं कामदेवाय नमः, चरणयोः ॥ १२ ॥

अब **कामेशी का न्यास** कहकर बाणेशी के न्यास का प्रकार कहते हैं -

बाणेशी के बीजों को प्रारम्भ में लगाकर द्राविणी आदि का क्रमशः शिर, पैर, मुख, गुप्ताङ्ग एवं हृदय में न्यास करे ॥ १३ ॥

विमर्श – बाणन्यास विधि इस प्रकार है -
द्रां द्राविण्यै नमः, शिरसि, द्रीं क्षोभिण्यै नमः, पादयोः,
क्लीं वशीकरण्यै नमः, मुखे, ब्लूं आकर्षण्यै नमः, गुह्ये,
सः सम्मोहन्यै नमः, हृदि ॥ १३ ॥

अब **षडङ्गन्यास** कहते हैं - तार्तीय (सौः) वाग्भव (ऐं) इन दोनों के मध्य में ६ दीर्घ संयुक्त काम बीज (क्लीं) से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १४ ॥

---

१. ह्रीं मनोभवाय नमः शिरसि । ह्रीं मकरध्वजाय नमः मुखे । ऐं कन्दर्पाय नमः हृदि । ब्लूं मन्मथाय नमः गुह्ये । स्त्रीं कामदेवाय नमः चरणयोः ।

ध्यानकथनम्

रक्ताम्बरां चन्द्रकलावतंसां
समुद्यदादित्यनिभां त्रिनेत्राम् ।
विद्याक्षमालाभयदानहस्तां
ध्यायामि बालामरुणाम्बुजस्थाम् ॥ १५ ॥
लक्षत्रयं जपेन्मन्त्रं दशांशं किंशुकोद्भवैः ।
पुष्पैर्हयारिजैर्वापि जुहुयान्मधुरान्वितः ॥ १६ ॥

पूजायन्त्रवर्णनम्

नवयोन्यात्मकं यन्त्रं बहिरष्टदलावृतम् ।
भूगृहेण पुनर्वीतं पूजनाय लिखेत् सुधीः ॥ १७ ॥

ध्यानमाह – **रक्तेति** । विद्याभये वामयोः । अन्ययोरन्ये ॥ १५ ॥ *॥ १६ ॥
पूजायन्त्रमाह – **नवेति** । स्पष्टम् ॥ १७–२० ॥

विमर्श – षडङ्गन्यास विधि इस प्रकार है –

सौः क्लां ऐं हृदयाय नमः, सौः क्लीं ऐं शिरसे स्वाहा,
सौः क्लूं ऐं शिखायै वषट्, सौः क्लैं ऐं कवचाय हुम्,
सौः क्लौं ऐं नेत्रत्रयाय वौषट्, सौः क्लः ऐं अस्त्राय फट् ॥ १४ ॥

अब **बाला देवी का ध्यान** कहते हैं –

लाल वस्त्र वाली मस्तक पर चन्द्रकला से सुशोभित, उदीयमान सूर्य के समान आभा से युक्त चारों हाथों में क्रमशः पुस्तक, अक्षमाला, अभय एवं वरद मुद्रा धारण की हुई रक्त कमल पर विराजमान बाला देवी का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १५ ॥

बालापूजनयन्त्रम्

इस मन्त्र का तीन लाख जप करना चाहिए तथा मधु सहित पलाश या कनेर के पुष्पों से दशांश होम करना चाहिए ॥ १६ ॥

अब **बाला यन्त्र निर्माण विधि** कहते हैं – विद्वान् साधक नव योनि वाले यन्त्र के बाहर अष्टदल को भूपुर से वेष्टित कर पूजा के लिए यन्त्र लिखे ।

मध्य योनि में तृतीय (सौः) बीज तथा शेष आठ योनियों में काम बीज (क्लीं) केशरों में स्वर एवं आठ दलों में आठ वर्ग लिखना चाहिए । दलों के अग्रभाग में त्रिशूलादि पद्म आदि लिखकर अष्टदल के

मध्ययोनौ तु तार्तीयमष्टयोनिषु मन्मथम् ।
केसरेषु स्वरान्न्यस्येद्वर्गानष्टौ दलेष्वपि ॥ १८ ॥
दलाग्रेषु त्रिशूलानि पद्मं मातृकयावृतम् ।
एवं विलिखिते यन्त्रे पीठशक्तीः प्रपूजयेत् ॥ १९ ॥
इच्छाज्ञानक्रिया चैव कामिनी कामदायिनी ।
रतीरतिप्रियानन्दामनोन्मन्यपि चान्तिमा ॥ २० ॥
पीठशक्तीरिमा इष्ट्वा पीठं तं मनुना दिशेत् ।

पीठमन्त्रकथनम्

व्योमपूर्वं तु तार्तीयं सदाशिवमहापदम् ॥ २१ ॥
प्रेतपद्मासनं ङेन्तं नमोन्तः पीठमन्त्रकः ।
षोडशार्णस्ततो मूर्तौ क्लृप्तायां मूलमन्त्रतः ॥ २२ ॥
आवाह्य पूजयेद् देवीमुपचारैः पृथग्विधैः ।
देवीमिष्ट्वा मध्ययोनौ त्रिकोणे रतिपूर्विकाः ॥ २३ ॥
वामकोणे रतिं दक्षे प्रीतिमग्रे मनोभवाम् ।

अङ्गपूजाकथनम्

योन्यन्तर्वह्निकोणादावङ्गानि परिपूजयेत् ॥ २४ ॥

पीठमन्त्रमाह – **व्योम** हः तत्पूर्वं तृतीयम् । ह्सौः सदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नम इति ॥ २१–२३ ॥ अङ्गपूजामाह – **योनीति** । मध्ये योनिमध्ये एवाग्निनिर्ऋति–वाय्वीशानेषु हृच्छिरः शिखावर्माणि सम्पूज्याग्नेयादि त्रिदिक्ष्वस्त्रं यजेत् ॥ २४ ॥

चारों ओर मातृका (वर्णमाला) से घेर देना चाहिए । इस प्रकार से बने यन्त्र पर पीठ शक्तियों का पूजन करना चाहिए ॥ १७-१९ ॥

अब **पीठशक्तियाँ** कहते हैं -

१. इच्छा, २. ज्ञान, ३. क्रिया, ४. कामिनी, ५. कामदायिनी, ६. रति, ७. रतिप्रिया, ८. नन्दा एवं ९. मनोन्मनी इन नौ पीठ शक्तियों की केशरों पर पूर्वादि क्रम से चतुर्थ्यन्त नमः लगाकर आठ दिशाओं में पूजा करें तथा मध्य में 'ॐ मनोन्मन्यै नमः' से पूजा करें - पूजा कर पीठ मन्त्र से देवी को आसन देना चाहिए ॥ २०-२१ ॥

व्योम (ह्) पूर्वक तृतीय बीज 'सौ' अर्थात् (ह्सौः), फिर 'सदाशिव महा', तदनन्तर चतुर्थ्यन्त प्रेतपद्मासन (सदाशिव महाप्रेतपद्मासनाय) उसमें 'नमः' लगाने से सोलह अक्षरों का पीठ मन्त्र बनता है । फिर मूल मन्त्र से मूर्त्ति की कल्पना कर देवी की आवाहनादि द्वारा पृथक् विधान से पूजा करनी चाहिए ॥ २१-२३ ॥

देवी की पूजा के अनन्तर मध्य योनि के त्रिकोण में रति आदि का पूजन इस प्रकार करना चाहिए । वामकोण मे रति दक्षिण में प्रीति तथा अग्रभाग में मनोभवा का

मध्ययोनेर्बहिः पूर्वा दिक्षु चाग्रे स्मरानपि ।
बाणदेवीस्तद्वदेवं शक्तीरष्टसु योनिषु ॥ २५ ॥
सुभगाख्या भगापश्चात् तृतीयाभगसर्पिणी ।
भगमाली तथानङ्गानङ्गाद्याकुसुमापरा ॥ २६ ॥
अनङ्गमेखलानङ्गमदनेत्यष्टशक्तयः ।
पद्मकेसरगाब्राह्मीमुखाः पत्रेषु भैरवाः ॥ २७ ॥
दीर्घाद्यामातरः पूज्या ह्रस्वाद्याश्चाष्टभैरवाः ।
दलाग्रेष्वष्टपीठानि कामरूपाख्यमादिमम् ॥ २८ ॥
मलयं कोल्लगिर्य्याख्यं चौहाराख्यं कुलान्तकम् ।
जालन्धरं तथोड्यानं कोद्ढपीठमथाष्टमम् ॥ २६ ॥
भूगृहे दशदिक्ष्वर्चेद्धेतुकं त्रिपुरान्तकम् ।
वेतालमग्निजिह्वं च कालान्तककपालिनौ ॥ ३० ॥

मध्ययोनेर्बहिर्भागे दिक्षुचतुरः– पञ्चममग्रे एवं कामान् यजेत् । बाणदेवी द्राविण्याद्यास्तद्वत् कामवत् । दिक्ष्वग्रे च शक्तीः सुभगाद्या दीर्घाद्या मातरः । आं ब्राह्म्यै नम इत्यादि । ह्रस्वाद्या भैरवाः अं असिताङ्गाय नम इत्यादि ॥ २५ ॥ *॥ २८–२६ ॥ दशदिक्षु हेतुकादयो गणाः ॥ ३० ॥

पूजन करना चाहिए ॥ २३-२४ ॥

अब **अङ्गपूजा** कहते हैं - मध्य योनि के मध्य में एवं अग्निनिर्ऋति वायव्य ईशान कोण में क्रमशः हृदय, शिर, शिखा तथा कवच का पूजन कर पुनः आग्नेय, वायव्य और ईशान में अस्त्र का पूजन करना चाहिए । मध्य योनि के बाहर पूर्वादि दिशाओं में एवं अग्रभाग में कामदेवों का पूजन करे और इसी प्रकार बाणदेवियों (द्राविणी आदि) का भी पूजन करना चाहिए ॥ २४-२५ ॥

फिर आठ योनियों में आठ शक्तियों १. सुभगा, २. भगा, ३. भगसर्पिणी, ४. भगमाली, ५. अनङ्गा, ६. अनङ्गकुसुमा, ७. अनङ्गमेखला एवं ८. अनङ्गमदना आदि का पूजन करना चाहिए ॥ २५-२७ ॥

पद्म केसर पर ब्राह्मी आदि देवियों का, तथा पत्रों पर असिताङ्गादि भैरवों का, पूजन करना चाहिए । आदि में अनुस्वार तथा दीर्घ स्वर लगाकर मातृकाओं का, तथा आदि सानुस्वार ह्रस्व स्वर लगा कर आठ भैरवों का पूजन करना चाहिए ॥ २७-२८ ॥

दल के अग्रभाग पर आठ पीठ १. कामरूप, २. मलय, ३. कोल्लगिरि, ४. चोहार, ५. कुलान्तक, ६. जालन्धर, ७. उड्डयान, एवं ८. कोट्ट का पूजन करना चाहिए ॥ २८-२६ ॥

भूपुर के दश दिशाओं में १. हेतुक, २. त्रिपुरान्तक, ३. वेताल, ४. अग्निजिह्वा, ५. कालान्तक, ६. कपाली, ७. एकपाद, ८. भीमरूप, ९. मलय एवं १०. हाटकेश्वर का

एकपादं भीमरूपं मलयं हाटकेश्वरम्।
शक्राद्यानायुधैः सार्द्धं स्वस्वदिक्षु समर्चयेत्॥ ३१॥
तद्बहिर्दिक्षु बटुकं योगिनीक्षेत्रपालकम्।
गणेशं विदिशास्वर्चेद् वसून् सूर्याञ्छिवांस्ततः॥ ३२॥
भूतांश्चेत्थं भजेद् बालानीशः स्याद् धनविद्ययोः।

शक्राद्यान् स्वस्वदिक्ष्वित्युक्तेः पूर्वावरणानि कल्पितदिक्ष्वेव । एवं सर्वत्र॥ ३१॥ विदिशासु । अग्न्यादिषु वस्वादयः । वसुभ्यो नम इत्यादि॥ ३३॥

पूजन करना चाहिए॥ ३०-३१॥

इसी प्रकार वज्रादि आयुधों के साथ इन्द्रादि दश दिक्पालों का अपनी अपनी दिशाओं में पूजन करना चाहिए । इसके बाद दिशाओं में वटुक, योगिनी, क्षेत्रपाल एवं गणेश का तथा चारों कोणों में वसु, सूर्य, शिवा एवं भूतों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार धन और विद्या की स्वामिनी बाला की पूजा करनी चाहिए॥ ३१-३३॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - पीठ की पूजा कर मूल मन्त्र से देवी की मूर्ति की कल्पना कर ध्यान करें । तदनन्तर आवाहनादि उपचार से आरम्भ कर पुष्पाञ्जलि दान पूर्वक उनकी पूजा करें । तदनन्तर सर्वप्रथम मध्ययोनि में त्रिकोण में रति आदि की पूजा करें । यथा - ऐं रत्यै नमः, वामकोणे, क्लीं प्रीत्यै नमः, दक्षिण कोणे,
सौः मनोभवायै नमः, अग्रे ।

पुनः मध्य योनि के आग्नेय कोण से प्रारम्भ कर ईशान कोण तक मध्य में एवं दिशाओं में षडङ्ग पूजा इस प्रकार करें -

सौंः क्लां ऐं हृदयाय नमः, सौः क्लीं ऐं शिरसे स्वाहा,
सौः क्लूं ऐं शिखायै वषट्, सौः क्लैं ऐं कवचाय हुम्,
सौः क्लौं ऐं नेत्रत्रयाय वौषट् पुनः सौः क्लः ऐं अस्त्राय फट् (चतुःकोणेषु)

तत्पश्चात् मध्य योनि के बाहर पूर्वादि चारों दिशाओं में तथा अग्रभाग में इस प्रकार पूजा करें - ह्रीं कामाया नमः, क्लीं मन्मथाय नमः,
ऐं कन्दर्पाय नमः, ब्लूं मकरध्वजाय नमः, स्त्रीं मीनकेतने नमः,

पुनः उन्हीं स्थानो में द्राविणी आदि देवियों की पूजा करे -
द्रां द्राविण्यै नमः, द्रीं क्षोभिण्यै नमः, क्लीं वशीकरण्यै नमः,
ब्लूं आकर्षण्यै नमः, सः सम्मोहन्यै नमः, ।

तदनन्तर अष्टयोनियों में सुभगा आदि आठ शक्तियों की पूजा करे -
१ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः सुभगायै नमः,
२ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः भगायै नमः,
३ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः भगसर्पिण्यै नमः,
४ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः भगमालिन्यै नमः,

५ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः अनङ्गायै नमः,
६ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः अनङ्गकुसुमायै नमः,
७ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः अनङ्गमेखलायै नमः,
८ - ॐ ऐं क्लीं ब्लूं स्त्रीं सः अनङ्गमदनायै नमः,

तदनन्तर पद्मकेशरों में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से ब्राह्मी आदि मातृकाओं की -
ॐ आं ब्राह्मयै नमः, ॐ ईं माहेश्वर्यै नमः ॐ ऊं कौमार्यै नमः
ॐ ॠं वैष्णव्यै नमः ॐ ॡं वाराह्यै नमः ॐ ऐं इन्द्राण्यै नमः,
ॐ औं चामुण्डायै नमः, ॐ अः महालक्ष्म्यै नमः,

तत्पश्चात् दलों में उसी प्रकार पूर्वादि क्रम से असिताङ्गादि अष्ट भैरवों का -
१. ॐ अं असिताङ्गभैरवाय नमः, २. ॐ इं रुरुभैरवाय नमः,
३. ॐ उं चण्डभैरवाय नमः, ४. ॐ ऋं क्रोधभैरवाय नमः,
५. ॐ लृँ उन्मत्तभैरवाय नमः, ६. ॐ एं कपालीभैरवाय नमः,
७. ॐ ओं भीषणभैरवाय नमः, ८. ॐ अः संहारभैरवाय नमः ।

इसके बाद दलों के अग्रभाग में पूर्वादि क्रम से आठ पीठों का -
१ - ॐ कामरूपपीठाय नमः, २ - ॐ मलयगिरिपीठाय नमः,
३ - ॐ कोल्लागिरिपीठाय नमः, ४ - ॐ चौहारपीठाय नमः,
५ - ॐ कुलान्तकपीठाय नमः ६ - ॐ जालन्धरपीठाय नमः,
७ - ॐ उड्डयानपीठाय नमः, ८ - ॐ कोट्टपीठाय नमः,

इसके पश्चात् भूपुर में पूर्व आदि दिशाओं के क्रम से दश दिशाओं मे हेतुक आदि दश गणों का यथा - ॐ हेतुकाय नमः, ॐ त्रिपुरान्तकाय नमः,
ॐ वेतालाय नमः, ॐ अग्निजिह्वाय नमः, ॐ कालान्तकाय नमः,
ॐ कपालिने नमः, ॐ एकपादाय नमः, ॐ भीमरूपाय नमः,
ॐ मलयाय नमः, ॐ हाटकेश्वराय नमः, ।

पुनः भूपुर के पूर्वादि दिशाओं में वज्रादि आयुधों के सहित इन्द्रादि दश दिक्पालों का यथा - ॐ वज्रसहिताय इन्द्राय नमः, पूर्वे, ॐ शक्तिसहिताय अग्नये नमः, आग्नेये,
ॐ दण्डसहिताय यमाय नमः, दक्षिणे, ॐ खड्गसहिताय निर्ऋतये नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ पाशसहिताय वरुणाय नमः, पश्चिमे, ॐ अंकुशसहिताय वायवे नमः, वायव्ये,
ॐ गदासहिताय सोमाय नमः उत्तरे ॐ शूलसहिताय ईशानाय नमः, ऐशान्ये,
ॐ पद्मसहिताय ब्रह्मणे नमः, पूर्वेशानयोर्मध्ये,
ॐ चक्रसहिताय अनन्ताय नमः, निर्ऋति पश्चिमयोर्मध्ये ।

भूपुर के बाहर पूर्वादिदिशाओं के क्रम से बटुक आदि का
ॐ बं बटुकाय नमः, पूर्वे, ॐ क्षं क्षेत्रपालाय नमः, दक्षिणे,
ॐ यं योगिनीभ्यो नमः, पश्चिमे, ॐ गं गणपतये नमः, उत्तरे,
पुनः ॐ वसुभ्यो नमः, आग्नेये, ॐ शिवाभ्यो नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ आदित्येभ्यो नमः, वायव्ये, ॐ भूतेभ्यो नमः, ऐशान्ये ।

फलानुसारेण प्रयोगकल्पना

रक्ताम्भोजैर्हुतेनार्यो वश्याः स्युः सर्षपैर्नृपाः ॥ ३३ ॥
नन्द्यावर्तराजवृक्षैः कुन्दैः पाटलचम्पकैः ।
पुष्पैर्बिल्वफलैर्वापि होमाल्लक्ष्मीः स्थिरा भवेत् ॥ ३४ ॥
अपमृत्युं जयेन्मन्त्री गुडूच्यादुग्धयुक्तया ।
पयोक्तदूर्वाहोमात्तु नीरोगायुः समश्नुते ॥ ३५ ॥
ज्ञानं कवित्वं लभते चन्द्रागुरुपुरैर्हुतैः ।
द्विजेन्द्रा वश्यतां यान्ति कुसुमैरपराजितैः ॥ ३६ ॥
कल्हारैः क्षत्रियाः कर्णिकारजैः क्षितिपाङ्गनाः ।
कोरण्टकुसुमैर्वैश्याः पादजाः पाटलैर्हुतैः ॥ ३७ ॥
पालाशपुष्पैर्वाक्सिद्धिरन्नाप्तिर्भक्तहोमतः ।
सारघक्षीरदध्यक्ताल्लाँजान् हुत्वा रुजो जयेत् ॥ ३८ ॥

नन्द्यावर्तस्तगरः ॥ ३४–३५ ॥ चन्द्रः कर्पूरः ॥ पुरं गुग्गुलु ॥ अपराजिता योन्याकारपुष्पवल्ली तदीयान्यपराजितानि तैः ॥ ३६–३७ ॥ सारघं मधु ॥ ३८ ॥

इस प्रकार आवरण पूजा कर पुष्पाञ्जलि समर्पित करें । तदनन्तर देवी की षोडशोपचार से पूजा करनी चाहिए । नैवेद्य समर्पित करते समय श्री विद्यापद्धति के अनुसार चारो बलि उसी समय देनी चाहिए । इस विधि से पूजन कर यथाशक्ति प्रतिदिन जप करना चाहिए ॥ २३-३३ ॥

अब **काम्य प्रयोग** कहते हैं - लाल कमलों के होम से स्त्रियाँ वश में हो जाती हैं तथा सरसों के होम से राजा वश में हो जाते हैं ॥ ३३ ॥

तगर, राजवृक्ष, कुन्द, गुलाब या चम्पा के फूलों से अथवा विल्व फलों से होम करने से लक्ष्मी स्थिर रहती हैं ॥ ३४ ॥

दूध वाली गुडूची होम करने से साधक अपमृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेता है । दूध में डुवोई गई दूर्वा के होम से साधक निरोग रहकर अपनी आयु व्यतीत करता है ॥ ३५ ॥

चन्दन, अगर एवं गुग्गुल के होम से ज्ञान एवं कवित्वशक्ति प्राप्त होती है तथा अपराजिता नामक लता के पुष्पों के होम से श्रेष्ठ ब्राह्मण वश में हो जाते हैं । कल्हार पुष्पों के हवन से क्षत्रिय तथा कर्णिकार के होम से क्षत्रियों की स्त्रियाँ, कुरण्ट पुष्पों के होम से वैश्य तथा गुलाब के होम से शूद्र वश में हो जाते हैं ॥ ३६-३७ ॥

पलाश पुष्प के होम से वाक्सिद्धि तथा भात के होम से अन्न प्राप्ति होती है । मधु, दूध एवं दही मिश्रित लाजा होम से समस्त रोग दूर हो जाते हैं ॥ ३८ ॥

एक भाग लाल चन्दन १ भाग कपूर, १ भाग कर्चूर, ६ भाग अगर, ४ भाग गोरोचन, १० भाग चन्दन, ७ भाग केशर तथा ४ भाग जटामांसी एक में मिला लेना

वश्यकरतिलककथनम्

रक्तचन्दनकर्पूरकर्चूरागुरुरोचनाः ।
चन्दनं केसरं मांसी क्रमाद् भागैर्नियोजयेत् ॥ ३९ ॥
भूमिचन्द्रैकनन्दाब्धिदिक्सप्तनिगमोन्मितः ।
श्मशाने कृष्णभूतस्य निशि नीहारपाथसा ॥ ४० ॥
कुमार्या पेषयेत्तानि मन्त्रेणाप्यभिमन्त्रयेत् ।
विदध्यात्तिलकं तेन दर्शनाद् वशयेज्जनान् ॥ ४१ ॥
गजसिंहादिभूतानि राक्षसाञ्छाकिनीरपि ।
प्रयोगेष्वेषु कथ्यन्ते क्रमाद् ध्यानानि सिद्धये ॥ ४२ ॥

फलान्तरानुरोधाद्ध्यानभेदेन वर्णनम्

मातुलिङ्गपयोजन्महस्तां कनकसन्निभाम् ।
पद्मासनगतां बालां लक्ष्मीप्राप्तौ विचिन्तयेत् ॥ ४३ ॥
वरपीयूषकलशपुस्तकाभीतिधारिणीम् ।
सुधां स्रवन्तीं ज्ञानाप्तौ ब्रह्मरन्ध्रे विचिन्तयेत् ॥ ४४ ॥

तिलकमाह – **रक्तेति** । मांसी जटामांसी ॥ ३९ ॥ भागानाह – **भूमिरेकः** । नन्दा नव। अब्धयश्चत्वारः। दिशो दश। निगमाश्चत्वारः। रक्तचन्दनमेकभाग-**मित्यादि**। एतान्येकीकृत्य कृष्णचतुर्दशी रात्रौ कुमार्या संपेष्य मूलेनाभिमन्त्र्य तिलकं कुर्यात्। वशयेदिति शाकिन्यन्तानित्यर्थः ॥ ४०–४२ ॥ ध्यानभेदानाह – **मातुलिङ्गेति**। मातुलिङ्गबीजपूरं तद्दक्षे ॥ ४३ ॥ रोगनाशध्याने । वरामृतकुम्भौ दक्षयोः ॥ ४४–४५ ॥

चाहिए । फिर कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को श्मशान या चौराहे पर ओस के जल से कुमारी कन्या द्वारा पिसवा कर उसके उक्त मन्त्र द्वारा अभिमन्त्रित कर तिलक लगावे तो मनुष्य की कौन कहे हाथी, सिंह, भूत, राक्षस एवं शाकिनी आदि सभी उसके वश में हो जाते हैं ॥ ३९-४२ ॥

अब विविध प्रयोगों में सिद्धि के लिए देवी के विविध ध्यानों का क्रमशः निर्देश करते हैं ॥ ४२ ॥

लक्ष्मी प्राप्ति के लिए ध्यान - अपने दोनों हाथों में बीजपूर तथा कमल धारण करने वाली सुवर्ण के समान जगमगाती हुई पद्मासन पर विराजमान बाला का लक्ष्मी प्राप्ति के लिए ध्यान करना चाहिए ॥ ४३ ॥

ज्ञान प्राप्ति के लिए ध्यान - अपने चारों हाथों में वरद मुद्रा, अमृत कलश, पुस्तक एवं अभयमुद्रा धारण करने वाली, अमृत की धारा बहाने वाली (त्रिपुरा) बाला का ज्ञानप्राप्ति के लिए ब्रह्मरन्ध्र में ध्यान करना चाहिए ॥ ४४ ॥

शुक्लाम्बरां शशांकाभां रोगनाशे स्मरेच्छिवाम् ।
अकारादिक्षकारान्तवर्णावयवरूपिणीम् ॥ ४५ ॥
सृणिपाशधरां देवीं रत्नालङ्कारभूषिताम् ।
प्रसन्नामरुणां ध्यायेद् वशीकरणसिद्धये ॥ ४६ ॥
अथ प्रत्येकमन्त्रस्य जपध्यानविधिं ब्रुवे ।
शापोद्धारप्रकारं च बीजानां दीपिनीरपि ॥ ४७ ॥

वाग्बीजध्यानम्

विद्याक्षमालासुकपालमुद्रा–
राजत्करां कुन्दसमानकान्तिम् ।
मुक्ताफलालङ्कृतिशोभिताङ्गीं
बालां स्मरेद् वाङ्मयसिद्धिहेतोः॥ ४८ ॥
ध्यात्वैवं वाग्भवं लक्षत्रयं शुक्लाम्बरावृतः ।
शुक्लचन्दनलिप्ताङ्गो मौक्तिकाभरणान्वितः ॥ ४९ ॥
जपित्वा तद्दशांशेन पालाशकुसुमैर्नवैः ।
जुहुयान्मधुरात्कैर्यः स कविर्युवतिप्रियः ॥ ५० ॥

वशीकरणध्याने पाशो दक्षे ॥ ४६ ॥ **बीजानामिति** । त्रयाणामित्यर्थः ॥ ४७ ॥ वाग्बीजध्यानमाह – **विद्येति** । अक्षमालाज्ञानमुद्रे दक्षयोः ॥ ४८ ॥ *॥ ४९–५० ॥

रोगनाश के लिए ध्यान - शुक्ल वर्ण का अम्बर धारण की हुई, चन्द्रमा के समान कान्तिमती, अकार से लेकर क्षकार पर्यन्त वर्णरूप अङ्गावयवों वाली त्रिपुरा बालाम्बा का रोगनाश के लिए ध्यान करना चाहिए ॥ ४५ ॥

वशीकरण के लिए ध्यान - दोनों हाथों में अंकुश एवं पाश धारण किये हुए, रत्नों के आभूषणों से देदीप्यमान, प्रसन्नवदना, अरुण कान्ति वाली बाला का वशीकरण के लिए ध्यान करना चाहिए ॥ ४६ ॥

अब एक एक **बीज के जप एवं ध्यान की विधि** कहते हैं तथा शापोद्धार का प्रकार एवं बीजों की उद्दीपन विधि कहते हैं ॥ ४७ ॥

वाग्बीज का ध्यान - पुस्तक अक्षमाला, न्टकपाल एवं ज्ञानमुद्रा से सुशोभित चतुर्भुजा, कुन्दपुष्प के समान कान्तिमती, मोती के अलङ्कारों से सुशोभित अङ्गों वाली **त्रिपुरा बाला का वाङ्मय सिद्धि के लिए** ध्यान करना चाहिए ॥ ४८ ॥

श्वेत वस्त्र पहन कर, श्वेत चन्दन लगाकर, मुक्ता निर्मित आभूषण धारण कर, साधक बाला का ध्यान कर वाग्भव बीज (ऐं) का तीन लाख जप करें तथा जप के अनन्तर मधुमिश्रित नवीन पालाश पुष्पों से जप के दशांश से होम करें तो वह श्रेष्ठ कवि एवं समस्त युवतियों का प्रिय हो जाता है ॥ ४९-५० ॥

भजेत् कल्पवृक्षाध उद्दीप्तरत्ना-
सने सन्निषण्णां मदाघूर्णिताक्षीम् ।
करैर्बीजपूरं कपालेषु चापं
सपाशांकुशां रक्तवर्णं दधानाम् ॥ ५१ ॥
ध्यात्वा देवीं जपेल्लक्षत्रयं यो मध्यबीजकम् ।
रक्तवस्त्रावृतो रक्तभूषणो रक्तलेपनः ॥ ५२ ॥
दशांशं मालतीपुष्पैश्चन्द्रचन्दनलोलितैः ।
जुहुयात्तस्य वश्याः स्युस्त्रिलोकीजनताः क्षणात् ॥ ५३ ॥

तृतीयबीजध्यानम्

व्याख्यानमुद्रामृतकुम्भविद्या-
मक्षस्रजं सन्दधतीं कराग्रैः ।
चिद्रूपिणीं शारदचन्द्रकान्तिं
बालां स्मरेन् मौक्तिकभूषिताङ्गीम् ॥ ५४ ॥
ध्यात्वैवं चरमं बीजं जपेल्लक्षत्रयं सुधीः ।
सितवस्त्रानुलेपाढ्यमात्मानां देवतां स्मरेत् ॥ ५५ ॥
मालतीकुसुमैर्हुत्वा चन्दनाक्तैर्दशांशतः ।
लक्ष्मीं विद्यासुकीर्तीनामाधारो जायतेऽचिरात् ॥ ५६ ॥

कामबीजध्यानमाह – **कल्पेति** । बीजपूरबाणांकुशां दक्षेषु । कपालचाप-पाशा वामेषु । निषण्णां स्थिताम् । षड्ढस्तेयम् ॥ ५१–५३ ॥ तृतीयबीजध्यान-माह – **व्याख्यानेति** । व्याख्यानमुद्राक्षस्रजौ दक्षयोः ॥ ५४ ॥ *॥ ५५–५७ ॥

अब **कामबीज का ध्यान** कहते हैं - कल्पवृक्ष के नीचे देदीप्यमान रत्नसिंहासन पर विराजमान मद के कारण मदमत्त नेत्रों वाली, अपने छः हाथों में वीजपूर (विजौरा) कपाल, धनुष, बाण तथा पाश और अंकुश धारण करने वाली रक्तवर्णा देवी का मैं ध्यान करता हूँ॥ ५१॥

लाल वस्त्र और लाल आभूषण धारण कर एवं रक्तचन्दन का तिलक लगाकर देवी के उक्त स्वरूप का ध्यान कर जो साधक काम बीज का तीन लाख जप करता है तथा कपूर एवं लाल चन्दन मिश्रित मालती पुष्पों से दशांश होम करता है उसके वश में त्रिलोकी के समस्त जीव अपने आप हो जाते हैं ॥ ५२-५३ ॥

अब **तृतीय बीज का ध्यान** कहते हैं - चारों हाथों में क्रमशः व्याख्यान मुद्रा, अमृतकलश, पुस्तक और अक्षमाला धारण की हुई, चित्स्वरूपा, शरच्चन्द्र के समान आभा वाली तथा मुक्ताभरण मण्डित श्री बाला का ध्यान करना चाहिए ॥ ५४ ॥

श्वेत वस्त्र पहन कर, श्वेत चन्दन का अनुलेप कर, अपने को स्वयं देवता मानते हुये जो साधक देवी के उक्त स्वरूप का ध्यान कर बाला के तृतीय बीज का तीन लाख

देव्या शप्ता कीलिता च विद्येयं तन्न सिद्धिदा ।
शापोद्धारमथोत्कीलं विधाय जपमाचरेत् ॥ ५७ ॥
योजयेदादिबीजेन वराहभृगुपावकान् ।
मध्यमादौ नभोहंसौ मध्यमा तेन पावकम् ॥ ५८ ॥
आदावन्ते च तार्तीये क्रमात् खं धूमकेतनम् ।
एवं जप्ता शतं विद्या शापहीना फलप्रदा ॥ ५९ ॥
यद्वाद्ये चरमे बीजे नैव रेफं नियोजयेत् ।
शापोद्धारप्रकारोऽन्यो यद्वायं कीर्तितो बुधैः ॥ ६० ॥
आद्यमाद्यं च तार्तीयं कामः कामोऽथ वाग्भवम् ।
अन्त्यमन्त्यमनङ्गं च नवार्णः कीर्तितो मनुः ॥ ६१ ॥

शापोद्धारप्रकारमाह – **योजयेदिति** । आद्ये एतान् योजयेत् । वाराहो हः । भृगुः सः । पावको रः । तेन हस्रौंः द्वितीयस्यादौ नभो हंसौहसौ । अन्ते रेफः । तेन हसकलरीमिति कूटम् तृतीयस्यादौं । खं हः । अन्ते धूमकेतनो रेफः तेन ह्सौः एवं भैरवीजाता । अस्यां शतं जप्तायां बाला शापहीना स्यात् ॥ ५८–५९ ॥ यद्वाऽत्रैवाऽद्येन्त्ये च बीजे रेफयोगाभावः । तेन ह्सौः । मध्यमं तदेव ॥ ६० ॥ शापोद्धारप्रकारान्तरम् । नवार्णजपमाह – **आद्यमिति** । ऐं ऐं सौः क्लीं क्लीं ऐं सौः

जप करता है तदनन्तर श्वेत चन्दन मिश्रित मालती पुष्पों से दशांश होम करता है वह शीघ्र ही लक्ष्मी, विद्या और कीर्ति का सत्पात्र हो जाता है ॥ ५५-५६ ॥

अतः यह विद्या (मन्त्र) देवी के द्वारा शापग्रस्त एवं कीलित है । इस कारण यह सिद्धिदायक नहीं है । इसलिए जप करने से पूर्व इसका शापोद्धार एवं उत्कीलन अवश्य कर लेना चाहिए ॥ ५७ ॥

अब **शापोद्धार का प्रकार** कहते हैं - प्रथम बीज के आगे वराह (ह्), भृगु (स) एवं पावक (र) जोड़ देना चाहिए । इस प्रकार यह बीज 'हस्रौ' बन जाता है, मध्यम द्वितीय बीज के आगे नभ (ह्) हंस (स्) तथा मध्यमा के अन्त में पावक (र्) जोड़ देना चाहिए । इस प्रकार द्वितीय बीज 'हस्कल रीम' कूट बन जाता है । तृतीय बीज के आदि में ख (ह्) तथा अन्त में धूमकेतन (र्) लगाना चाहिए । इस प्रकार यह बीज ह्स्रौ' बन जाता है । इस मन्त्र का १०० बार जप कर बाला का शाप दूर करना चाहिए ॥ ५८-५९ ॥

अथवा आद्य एवं अन्त्य बीज से रेफ् निकाल देना चाहिए और मध्यम बीज को यथावत् रखना चाहिए । इस प्रकार निष्पन्न मन्त्र का जप बाला के शाप का उद्धार कर देता है ऐसा विद्वानों ने कहा है ॥ ६० ॥

आद्य (ऐं), आद्य (ऐं), तार्तीय (सौः), काम (क्लीं), काम (क्लीं), तदनन्तर वाग्भव (ऐं), अन्त्य (सौः), अन्त्य (सौः), तथा अनङ्ग (क्लीं), इन ९

जप्तोऽयं शतधा शापं बालाया विनिवर्तयेत् ।
चेतन्याह्लादिनीमन्त्रौ जप्तौ निष्कीलताकरौ ॥ ६२ ॥
त्रिस्वराश्चेतनीमन्त्रोधरः शान्तिरनुग्रहः ।
तारादिहृदयान्तः स्यात् काम आह्लादिनी मनुः ॥ ६३ ॥
तथा त्रयाणां बीजानां दीपनैर्मनुभिस्त्रिभिः ।
सुदीप्तानि विधायादौ जपेत्तानीष्टसिद्धये ॥ ६४ ॥
वदयुग्मं सदीर्घाम्बुस्मृति बालावनन्तगौ ।
सत्यः सनेत्रो नस्ताट्टग्वाङ्नवार्णाद्यदीपिनी [1] ॥ ६५ ॥

सौः क्लीं – एवं नवार्णः । शतं जप्तः शापनिवर्तकः ॥ ६१–६२ ॥ चेतनीमन्त्रमाह – **त्रीति** । अधर ऐं । शान्तिरी । अनुग्रह औ । एते त्रयः स्वराः केवलाश्चेतनी मन्त्रः । शतं जप्तो बालां निष्कीलां करोति । आह्लादिनीमन्त्रमाह – **तारादीति** । ॐ क्लीं नम इति । अयमप्युत्कीलनकरः ॥ ६३–६४ ॥ वाग्बीजस्य दीपिनीविद्या–माह – **वदेति** । सदीर्घाम्बु वा अनन्त गौ स्मृति बालौ । आस्थितौ गवौ । तेन ग्वा । सनेत्रः सत्यो दि । तादृग् नः निः । वाक् ऐं । इयमाद्यस्य बीजस्य दीपिनी प्रकाशकर्त्री ॥ ६५ ॥

अक्षरों से निष्पन्न मन्त्र (ऐं ऐं सौः क्लीं क्लीं ऐं सौः सौः क्लीं) को १०० बार जप करने से बाला का शाप दूर हो जाता है ॥ ६१-६२ ॥

विमर्श - शापोद्धार के लिए कहे गये मन्त्र का निष्कर्ष - 'हस्रौ ह् स्वलरौ हस्रोः' त्रिपुर भैरवी के इस मन्त्र का १०० बार जप करने से बाला का शाप नहीं लगता अथवा हसौं, हस्वल्रीं ह्सौं' इस मन्त्र का १०० बार जप बाला के शाप को दूर कर देता है । तृतीय मन्त्र स्वरूप है ॥ ६१-६२ ॥

चेतनी एवं आह्लादिनी मन्त्रों का जप करने से इस विद्या का उत्कीलन हो जाता है । अधर (ऐं) शान्ति (ई) अनुग्रह (औ) इस प्रकार त्रिस्वर 'ऐं ई औं' यह चेतनी मन्त्र है । आदि में तार (ॐ) तथा अन्त में हृदय (नमः) के सहित काम बीज (क्लीं) लगाने से आह्लादिनी मन्त्र बन जाता है ॥ ६२-६३ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है -

१. ॐ ऐं ई औं - **चेतनी मन्त्र** है ।

२. ॐ क्लीं नमः - **आह्लादिनी मन्त्र** है ॥ ६२-६३ ॥

इस प्रकार ६०-६३ श्लोक पर्यन्त शपोद्धार, फिर चेतनी और आह्लादिनी दो मन्त्रों से उत्कीलन विधि कहकर मूल मन्त्र के **उद्दीपन का विधान** कहते हैं ।

जप से पहले आगे वक्ष्यमाण तीन दीपन मन्त्रों से तीनों बीजों को उद्दीपित कर फिर अभीष्ट सिद्धि के लिए मूल मन्त्र का जप करना चाहिए ॥ ६४ ॥

---

१. वदवदवाग्वादिनि ऐं ।

क्लिन्ने क्लेदिनि बैकुण्ठो दीर्घं खं सद्यगोन्तिमः ।
निद्रासचन्द्राकुर्वताशिवार्णामध्यदीपिनी [1] ॥ ६६ ॥
तारो मोक्षं च कुर्वन्तापञ्चार्णान्त्यस्य दीपिनी [2] ।
दीपिनीमन्तराबालाराधितापि न सिध्यति ॥ ६७ ॥
इदं रहस्यं नाख्येयं कृतघ्ने कितवे शठे ।
परीक्षिताय दातव्यमन्यथा दातृदोषदम् ॥ ६८ ॥
वागन्त्यकामान् प्रजपेदरीणां क्षोभहेतवे ।
कामवागन्त्यबीजानि त्रैलोक्यस्य वशीकृतौ ॥ ६९ ॥

कामबीजस्य दीपिनीमाह – **क्लिन्ने** इति । स्वरूपम् । बैकुण्ठो मः । दीर्घं खं हाः । अन्तिमः क्षः सद्यगः ओगतः क्षो सचन्द्रानिद्राभं । कुरुस्वरूपम् । शिवार्णा एकादशवर्णा मध्यबीजस्य दीपिनी ॥ ६६ ॥ **तार** इति । तारः प्रणवः । मोक्षं कुर्विति स्वरूपम् । अन्त्यस्य बीजस्य दीपिनी । उक्तां दीपिनीम् अन्तरा विना आराधितापि बाला न सिद्ध्यति ॥ ६७॥ *॥ ६८ ॥ जपभेदान् कामभेदेनाह – **वागिति** । ऐं सौं क्लीमित्यरि नाशाय । क्लीं ऐं सौरिति वशीकरणे॥ ६९ ॥

वदयुग्म (वद वद), सदीर्घाम्बु (वा), अनन्तग स्मृति एवं बाला (ग्वा) पुनः सनेत्र सत्य (दि) पुनः तादृश 'न' (नि) तदनन्तर वाग्बीज (ऐं) लगाने से 'वद वद वाग्वादिनी ऐं' - यह नौ अक्षरों का बाला के आद्य बीज (वाग्भवबीज) का उद्दीपक **मन्त्र बनता है** ॥ ६५ ॥

'क्लिन्ने क्लेदिनि', फिर वैकुण्ठ (म), दीर्घ ख (हा), सद्यग अन्तिम (क्षो), सचन्द्रा निद्रा (भं) और कुरु इस प्रकार 'क्लिन्ने क्लेदिनि महाक्षोभं कुरु' यह ग्यारह **अक्षरों का मन्त्र** (मध्य काम बीज) का उद्दीपक है ॥ ६६ ॥

तार (ॐ) मोक्षं कुरु इस प्रकार 'ॐ मोक्षं कुरु' यह पाँच अक्षरों का मन्त्र अन्तिम बीज का उद्दीपक हैं । उक्त उद्दीपनी मन्त्रों के बिना आराधना करने पर भी **बाला सिद्ध नहीं होती हैं** ॥ ६७॥ **विमर्श** - अतः तीनों बीजों के साथ उक्त तीनों दीपनी (प्रकाशक) मन्त्रों का प्रारम्भ में ७, ७ बार जप करना आवश्यक है ॥ ६७ ॥

कृतघ्न, धूर्त्त एवं शठ व्यक्ति को ऊपर कहे गये मन्त्र, चेतनी, उत्कीलन तथा उद्दीपन मन्त्रों का उपदेश नहीं करना चाहिए । केवल परीक्षित शिष्य को ही यह रहस्य वतलाना चाहिए । अन्यथा बतलाने वाला पाप का भागी होता है ॥ ६८ ॥

कामना के भेद से मन्त्रों का स्वरूप - शत्रु नाश के लिए प्रथम वाग्भव, तदनन्तर तृतीय, फिर काम बीज 'ऐं सौः क्लीं' का जप करना चाहिए । तीनों लोकों को वश में करने के लिए प्रथम काम बीज, तदनन्तर वाग्भव, फिर तृतीय बीज 'क्लीं ऐं सौः' का

---

१. क्लिन्ने क्लेदिनि महाक्षोभं कुरु ।
२. ॐ मोक्षं कुरु ।

कामान्त्यवाणीबीजानि मुक्तये नियतो जपेत् ।
पूजाविधौ तु बालायास्त्रिविधानर्चयेद् गुरून् ॥ ७० ॥

सप्तदिव्यौघगुरुवर्णनम्

दिव्यौघश्चेति सिद्धौघो मानवौघ इति त्रिधा ।
परप्रकाशः परमेशानः परशिवस्तथा ॥ ७१ ॥
कामेश्वरस्ततो मोक्षः षष्ठः कामोमृतोन्तिमः ।
एते सप्तैव दिव्यौघा आनन्दपदपश्चिमाः ॥ ७२ ॥

पञ्चसिद्धौघगुरुवर्णनम्

ईशानाख्यस्तत्पुरुषो घोराख्यो वामदेवकः ।
सद्योजात इमे पञ्चसिद्धौघाख्याः स्मृता बुधैः ॥ ७३ ॥
मानवौघः प्रविज्ञेयः स्वगुरोः सम्प्रदायतः ।

त्रैपुराख्ययन्त्रकथनम्

नवयोन्यात्मके यन्त्रे विलिखेन्मध्ययोनितः ॥ ७४ ॥

क्लीं सौः ऐमिति मुक्त्यै ॥ ७० ॥ दिव्यौघानाह – **परप्रकाश** इति । आनन्दपदपश्चिमा इति वक्ष्यमाणत्वात् परप्रकाशानन्दाय नम इत्यादि प्रयोगः ॥ ७१–७२ ॥ सिद्धौघानाह – **ईशानाख्य** इति ॥ ७३ ॥ यन्त्रमाह – **नवेति** । गायत्र्यास्त्रिपुरागायत्र्या वक्ष्यमाणाया वर्णत्रयं प्रतियन्त्रं लिखेत् ॥ ७४–७५ ॥

जप करना चाहिए । मुक्ति के लिए पहले कामबीज, फिर तृतीय बीज, तदनन्तर वाग्भव बीज 'क्लीं ऐं सौः' का जप करना चाहिए ॥ ६६-७० ॥

अब बाला के अनुष्ठान में **गुरुपूजन का विधान** कहते हैं - दिव्यौघ, सिद्धौघ और मानवौघ भेद से गुरु तीन प्रकार के कहे गये हैं । १. पारप्रकाशानन्द, २. परमेशानानन्द, ३. परशिवानन्द, ४. कामेश्वरानन्द, ५. मोक्षानन्द, ६. कामानन्द एवं ७. अमृतानन्द - ये सात दिव्यौघ नाम के गुरु कहे गये हैं ॥ ७०-७२ ॥

विद्वानों ने **पाँच सिद्धौघगुरु** इस प्रकार बतलाए हैं - १. ईशान, २. तत्पुरुष, ३. घोर, ४. वामदेव और ५. सद्योजात । इसके अतिरिक्त अपने गुरु के सम्प्रदायानुसार मानवौघ गुरुओं के नामों को जानना चाहिए ॥ ७३-७४ ॥

विमर्श - गुरुओं के नाम के आगे चतुर्थ्यन्त लगाकर पश्चात् नमः उच्चारण करने से गुरु मन्त्र निष्पन्न होता है । यथा - 'परप्रकाशाननदाय नमः' इत्यादि ।

शारदातिलक के अनुसार पीठ पूजा के बाद पूर्व योनि एवं मध्य योनि के बीच गुरुपूजन करना चाहिए । **श्रीविद्यार्णव** तन्त्र के अनुसार गुरु पंक्ति का पूजन कर वहीं दिव्यौघ, सिद्धौघ एवं मानवौघ गुरुओं का पूजन करना चाहिए ॥ ७३-७४ ॥

प्रादक्षिण्येन बीजानि त्रिवारं साधकोत्तमः ।
त्रींस्त्रीन् वर्णांस्तु गायत्र्या अष्टपत्रेषु संलिखेत् ॥ ७५ ॥
बहिर्मातृकया वेष्ट्य तद्बहिर्भूपुरद्वयम् ।
कामबीजलसत्कोणं व्यतिभिन्नं परस्परम् ॥ ७६ ॥
यन्त्रं त्रैपुरमाख्यातं जप्तं सम्पातसाधितम् ।
बाहुना विधृतं दद्याद्धनं कीर्तिः सुखं सुतान् ॥ ७७ ॥

बालात्रिपुरागायत्रीमन्त्रोद्धारः

कामान्ते त्रिपुरा देवि विद्महेकाविषम्भगि ।
बकः खड्गीशमारूढः सनेत्रोऽग्निश्च धीमहि ॥ ७८ ॥

भूपुरद्वयं चतुष्कोणद्वयम् । कीदृशं परस्परं व्यतिभिन्नम्। एकं विदिग्गत–कोणम् । अपरं दिग्गतकोणमित्यर्थः ॥ ७६ ॥ सम्पातसाधितम् आहुतिशेषघृतेन संयोजितम् ॥ ७७ ॥ गायत्रीमुद्धरति – **कामान्त इति** । कामः क्लीं । भगि एयुतं विषं मः मे। बकः शः खड्गीशं बकामारूढः श्वः। सनेत्रः अग्निः रि । स्वरूपमन्यत् ॥ ७८–७६ ॥

अब धारण करने के लिए बाला यन्त्र का विधान कहते हैं -

नवयोन्यात्मक यन्त्र में उत्तम साधक को मध्य योनि से प्रदक्षिण क्रम से प्रारम्भ कर तीन आवृत्तियों में तीन बीजों को लिखना चाहिए । फिर अष्टदल में त्रिपुरा गायत्री के तीन तीन अक्षरों को लिखकर तत्पश्चात् अष्टदल के बाहर लिखित वर्णमाला से उसे वेष्टित करें । फिर परस्पर विलोम रूप में लिखे दो चतुरस्र भूपुर के कोणों में आठ बार काम बीज लिखे । यह त्रिपुरा यन्त्र कहा जाता है । इसे त्रिपुरा के होम के आहुति शेष घृत द्वारा संयोजित कर भुजा में धारण करने से धन, कीर्ति, सुख एवं पुत्र प्राप्त होता है ॥ ७४-७७ ॥

बालाधारणयन्त्रम्

तन्नः क्लिन्ने प्रचोदान्ते यादन्ता कीर्तिता बुधैः[1] ।
गायत्री त्रैपुरी सर्वसिद्धिदा सुरसेविता ॥ ७६ ॥

तन्त्रान्तरगुप्तानां चतुर्दशबालाभेदानां चतुर्दशमन्त्रकथनम्

अथ वक्ष्यामि बालाया भेदानागमगोपितान् ।
मायाकामोम्बरारूढं तार्तीयं त्र्यक्षरो[2] मनुः ॥ ८० ॥
अनुलोमप्रतिलोमाभ्यां बालामन्त्रः षडक्षरः ।
बालाश्रीकामहृल्लेखा सम्पुटोऽयं नवाक्षरः[3] ॥ ८१ ॥
बालान्ते बालात्रिपुरे स्वाहान्तो दशवर्णवान्[4] ।
वाक्कामो व्योमभृग्बिन्दुयुङ्मनुर्दीर्घभूधरः ॥ ८२ ॥

बालाभेदे प्रथमं मन्त्रान्तरमाह – **मायेति** । माया ह्रीं । कामः क्लीं तार्तीयं सौः अम्बरारूढं हयुतं ह्सौः प्रथमः ॥ ८० ॥ मात्रान्तरमाह – **अनुलोमेति** । ऐं क्लीं सौः – सौः क्लीं ऐं द्वितीयः । मन्त्रान्तरमाह – **बालेति** । श्रीं क्लीं ह्रीं ऐं क्लीं सौः ह्रीं क्लीं श्रीमिति तृतीयः ॥ ८१ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **बालेति** । ऐं क्लीं सौः बाला–त्रिपुरे स्वाहेति चतुर्थः । पञ्चममाह – **वागिति** । वाक् ऐं । कामः क्लीं । व्योम–भृग्विन्दुयुक् मनुः ह सबिन्दुयुत औ ह्सौं । दीर्घ भूधरः बा । पिनाकी ला ॥ ८२ ॥

अब **त्रिपुरा गायत्री मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

काम (क्लीं) उसके बाद 'त्रिपुरा देवि विद्महे का' यह पद, फिर भगि विष (मे), फिर खड्गीश वक (श्व), फिर सनेत्र अग्नि (रि), फिर 'धीमहि', तदनन्तर 'तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात्' इसी को बुद्धिमानों ने सुरसेवित सर्वसिद्धिप्रदा त्रिपुरागायत्री कहा है ॥ ७८-७६ ॥

विमर्श - इस **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'क्लीं त्रिपुरादेवि विद्महे कामेश्वरि धीमहि । तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात् ॥ ७८-७६ ॥

इसके बाद मैं आगम शास्त्र में अत्यन्त गोपनीय माने जाने वाले बाला मन्त्रों के भेद कहता हूँ - माया (ह्रीं), काम (क्लीं), तथा अम्बरारूढ़ तार्तीय बीज (ह्सौः) इन तीन अक्षरों का **प्रथम भेद** है । यथा - 'ह्रीं क्लीं ह्सौः' ॥ ८० ॥

अनुलोम एवं विलोम क्रम से बाला मन्त्र छः अक्षरों का बन जाता है यथा - 'ऐं क्लीं सौः सौः क्लीं ऐं' यह षडक्षर **द्वितीय भेद** है । पुनः बाला मन्त्र को श्रीबीज, कामबीज एवं मायाबीज से सम्पुटित करने पर नौ अक्षरों का **तीसरा भेद** बन जाता है - यथा - 'श्रीं क्लीं ह्रीं - ऐं क्लीं सौः - ह्रीं क्लीं श्रीं' ॥ ८१ ॥

---

१. क्लीं त्रिपुरादेवि विद्महे कामेश्वरि धीमहि । तन्नः क्लिन्ने प्रचोदयात् ।
२. ह्रीं क्लीं हसौः इति त्र्यक्षरः ।
३. श्रीं क्लीं ह्रीं ऐं क्लीं सौः ह्रीं क्लीं श्रीं ।
४. ऐं क्लीं सौः बालात्रिपुरे स्वाहा ।

पिनाकी त्रिपुरे सिद्धिं देहि हृन्मनुवर्णवान्[1] ।
मायालक्ष्मीर्मनोजन्मा त्रिपुरान्ते तु भारती ॥ ८३ ॥
कवित्वं देहि ठद्वन्द्वं षोडशार्णो[2] मनुः स्मृतः ।
कमलापार्वतीकामस्त्रिपुरान्ते च मालती ॥ ८४ ॥
मह्यं सुखं ततो देहि स्वाहा सप्तदशाक्षरः ।
भृगुर्ब्रह्माक्रियावह्नियुक्ता शान्तिस्स रात्रिया ॥ ८५ ॥
दहनान्त्यमहाकालभुजङ्गपुरुषोत्तमाः ।
मन्वर्घीशेन्दुसंयुक्ता द्वितीयं बीजमीरितम् ॥ ८६ ॥
वाग्बीजं त्रिपुरे सर्वं वाञ्छितं देहि हृत्ततः ।
वह्निप्रिया सप्तदशवर्णोऽयं[3] कीर्तितो मनुः ॥ ८७ ॥

स्वरूपमन्यत् । षष्ठमाह – **मायेति** । माया ह्रीं । लक्ष्मीः श्रीं । मनोजन्मा क्लीं । ठद्वयं स्वाहा । स्वरूपमन्यत् । सप्तममाह – **कमलेति** । कमला श्रीं । **पार्वती ह्रीं** । कामः क्लीं । स्वरूपमन्यत् ॥ ८३–८४ ॥ अष्टममाह – **भृग्विति** । भृगुः सः । ब्रह्मा कः । क्रिया लः । वह्नी रः । एतैर्युक्ता शान्तिरीकारः (सरात्रिया) **सबिन्दुः** स्क्लरीं ॥ ८५ ॥ दहनो रः । अन्त्यः क्षः । महाकालो मः । भुजङ्गो रः **पुरुषोत्तमो** यः । एते मन्वर्घीशेन्दुसंयुक्ता औ बिन्दुयुताः तेन क्ष्म्य्रौं ॥ ८६ ॥ वाग्बीजं ऐं । **हृत्** नमः । स्वरूपं शेषम् । वह्निप्रिया स्वाहा ॥ ८७ ॥

बाला मन्त्र के बाद 'बालात्रिपुरे स्वाहा' लगाने से दश अक्षरों का **चतुर्थ भेद** बन जाता है । यथा - 'ऐं क्लीं सौः बाला त्रिपुरे स्वाहा' । वाग्बीज (ऐं) कामबीज (क्लीं) व्योम इन्दुयुक् भृगु (ह्सौः) दीर्घयुक्त भूधर (वा) दीर्घयुक्त पिनाकी (ला) फिर 'त्रिपुरे सिद्धिं देहि' इसके अन्त में हृदय (नमः) लगाने से चौदह अक्षरों का **पञ्चम भेद** बन जाता है । यथा - 'ऐं क्लीं ह्सौ बालात्रिपुरे सिद्धिं देहि नमः' यह पञ्चम भेद है ॥ ८२-८३ ॥

लक्ष्मी बीज (श्रीं), पार्वती बीज (ह्रीं), कामबीज (क्लीं) के बाद 'त्रिपुराभारती कवित्वं देहि' के बाद ठद्वय 'स्वाहा' लगाने से सोलह अक्षरों का **षष्ठ भेद** निष्पन्न होता है । यथा - 'ह्रीं श्रीं क्लीं त्रिपुराभारती कवित्वं देहि स्वाहा' ।

लक्ष्मी बीज (श्रीं), पार्वती बीज (ह्रीं), कामबीज (क्लीं) के बाद 'त्रिपुरामालती मह्यं सुखं देहि स्वाहा' लगाने से सत्रह अक्षरों का सप्तम भेद होता है । यथा - 'श्रीं ह्रीं क्लीं त्रिपुरामालती मह्यं सुखं देहि स्वाहा' यह **सप्तम भेद** है ॥ ८३-८५ ॥

अब **आठवाँ भेद** कहते हैं - भृगु (स्) ब्रह्मा (क्) क्रिया (ल्) एवं वह्नि (र्) से युक्त शान्ति ईकार सरात्रिया स विन्दुः (स्क्लरीं), फिर दहन (र), अन्त्य (क्ष्), महाकालो

---

१. ऐं क्लीं ह्सौं बालात्रिपुरे सिद्धिं देहि नम इति चतुर्दशार्णः ।
२. ह्रीं श्रीं क्लीं त्रिपुराभारती कवित्वं देहि स्वाहेति षोडशार्णः ।
३. स्क्लरीं क्ष्म्य्रौ ऐ त्रिपुरे सर्ववाञ्छितं देहि नमः स्वाहेति सप्तदशार्णः ।

ह्ल्लेखात्रितयं प्रौढत्रिपुरेनन्तारोग्यमै।
श्वर्यं देहि प्रियावह्नेर्मनुरष्टादशाक्षरः[1] ॥ ८८ ॥
मायारमामन्मथान्ते त्रिपुरामदने पदम्।
सर्वं शुभं साधयाग्नेः प्रियान्तोऽष्टादशाक्षरः[2] ॥ ८६ ॥
ह्ल्लेखाकमलानङ्गो बालान्ते त्रिपुरेपदम्।
मदायत्तां ततो विद्यां कुरु हृद्वह्निवल्लभा ॥ ६० ॥
मन्त्रो विंशतिवर्णोऽयं[3] मायापद्मामनोभवः।
परापरेन्ते त्रिपुरे सर्वमीप्सितमुच्यताम् ॥ ६१ ॥

नवममाह – **ह्ल्लेखेति** । हल्लेखात्रितयं ह्रीं ॥ ३ ॥ अनन्त आ । स्वरूपमपरम् ॥ ८८ ॥ दशममाह – **मायेति** । माया ह्रीं । रमा श्रीं । मन्मथः क्लीं । स्वरूपं शेषम् ॥ ८६ ॥ एकादशमाह – **ह्ल्लेखेति** । ह्ल्लेखा ह्रीं । कमला श्रीं । अनङ्गः क्लीं हृत् नमः । वह्निवल्लभा स्वाहा । शेषं स्वरूपम् ॥ ६० ॥ द्वादशमाह – **मायेति** । माया ह्रीं । पद्मा श्रीं मनोभवः क्लीं ॥ ६१ ॥

(म्) भुजङ्ग (र्), पुरुषोत्तम (य), मनु अर्घीश इन्द्र से संयुक्त (औ) क्ष्म्यूरौं यह द्वितीय बीज हुआ । फिर वाग्बीज (ऐं), तदनन्तर 'त्रिपुरे सर्ववाञ्छितं देहि' इसके बाद 'नमः' एवं स्वाहा लगाने से सत्रह अक्षरों का **अष्टम भेद** बनता है । यथा - 'स्क्लीं क्ष्म्यूरौं ऐं त्रिपुरे सर्ववाञ्छितं देहि नमः स्वाहा' ॥ ८५-८७ ॥

ह्ल्लेखा त्रितय (ह्रीं ह्रीं ह्रीं), फिर 'प्रौढ़ त्रिपुरे' के बाद अनन्त (आ), फिर 'रोग्यमैश्वर्यं देहि', फिर वह्निप्रिया (स्वाहा), यह अष्टादशाक्षर बाला का **नवम भेद** निष्पन्न होता **है** । यथा - 'ह्रीं ह्रीं ह्रीं प्रौढ़त्रिपुरे आरोग्यमैश्वर्यं देहि स्वाहा' ॥ ८८ ॥

अव **दशम भेद** कहते हैं - माया (ह्रीं), रमा (श्रीं), मन्मथ (क्लीं) के बाद 'त्रिपुरामदने सर्वंशुभं साधय' के बाद अग्निप्रिया (स्वाहा) लगाने से अष्टादशाक्षर दशम भेद हो जाता है । यथा - 'ह्रीं श्रीं क्लीं त्रिपुरामदने सर्वशुभं साधय स्वाहा' ॥ ८८-८६ ॥

अब **एकादश भेद** कहते हैं - ह्ल्लेखा (ह्रीं), कमला (श्रीं), अनङ्ग (क्लीं) के बाद 'बालात्रिपुरे' यह पद, फिर 'मदायत्तां विद्यां कुरु', तदनन्तर हृत् (नमः) फिर वह्निवल्लभा (स्वाहा) लगाने से बीस अक्षरों का ग्यारहवाँ भेद होता है यथा - 'ह्रीं श्रीं क्लीं बालात्रिपुरे मदायत्तां विद्यां कुरु नमः स्वाहा' ॥ ६० ॥

अव **द्वादश भेद** कहते हैं - माया (ह्रीं), पद्मा (श्रीं), मनोभव (क्लीं) के बाद 'परापरे त्रिपुरे सर्वमीप्सितं साधय' के बाद अनलकान्ता (स्वाहा) यह बीस वर्ण का बारहवाँ भेद है ।

---

१. ह्रीं ह्रीं ह्रीं प्रौढत्रिपुरे आरोग्यमैश्वर्यं देहि स्वाहेत्वा हेत्यष्टादशार्णः ।

२. ह्रीं श्रीं क्लीं त्रिपुरामदने शुभं साधय स्वाहेत्यष्टादशाक्षरः ।

३. ह्रीं श्रीं क्लीं बालत्रिपुरे मदायत्तां विद्यां कुरु नमः स्वाहेति विंशत्यर्णः ।

साधयानलकान्तायमन्यो विंशतिवर्णकः[१] ।
कामद्वन्द्वं रमायुग्मं मायायुक्त्रिपुरापदम् ॥ ६२ ॥
ललितेन्ते मदीप्सीति तामन्ते योषितं पदम् ।
देहि वाञ्छितमित्युक्त्वा कुरु ज्वलनकामिनी ॥ ६३ ॥
अष्टाविंशतिवर्णोऽयं मनुरिष्टप्रियाप्रदः[२] ।
कामपद्माद्रिपुत्रीणां प्रत्येकं त्रितयं वदेत् ॥ ६४ ॥
त्रिपुरान्ते सुन्दरीति सर्वं जग दिनद्वयम् ।
वशं कुरु द्वयं मह्यं बलं देह्यनलाङ्गना ॥ ६५ ॥
सर्वाभीष्टप्रदो मन्त्र उक्तो बाणगुणाक्षरः[३] ।
चतुर्दशानामेतेषां मनूनामृषिरीरितः ॥ ६६ ॥

अनलकान्ता स्वाहा । अन्यत् स्वरूपम् । त्रयोदशमाह – **कामेति** । कामद्वन्द्वं क्लीं क्लीं रमायुग्मं श्रीं श्रीं । मायायुक् ह्रीं । त्रिपुराललिते मदीप्सितां योषितं देहि वाञ्छितं कुरु इति स्वरूपम् । ज्वलनकामिनी स्वाहा ॥ ६२–६३ ॥ चतुर्दशमाह – **कामेति** । कामपद्माद्रिपुत्रीणां प्रत्येकं त्रयं क्लीं क्लीं क्लीं श्रीं श्रीं श्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ॥ ६४ ॥ इनद्वयं मद्वयं मम । अनलाङ्गना स्वाहा । स्वरूपमपरम् ॥ ६५ ॥ एते चतुर्दशबालाभेदाः । तेषाम् ॥ ६६ ॥

यथा - 'ह्रीं श्रीं क्लीं परापरे त्रिपुरे सर्वमीप्सितं साधय स्वाहा' ॥ ६१-६२ ॥

अब **तेरहवाँ भेद** कहते हैं - काम द्वन्द्व (क्लीं क्लीं), रमायुग्म (श्रीं श्रीं), मायायुग्म (ह्रीं ह्रीं), फिर 'त्रिपुरा ललिते मदीप्सितां योषितं देहि वाञ्छितं कुरु', इसके बाद 'ज्वलन कामिनी स्वाहा' लगाने से बाला का अट्ठाइस अक्षरों का **तेरहवाँ भेद** निष्पन्न होता है । यथा - 'क्लीं क्लीं श्रीं श्रीं ह्रीं ह्रीं त्रिपुराललिते मदीप्सितां योषितं देहि वाञ्छितं कुरु स्वाहा' ॥ ६२-६३ ॥

अब **चौदहवाँ भेद** कहते हैं - कामबीज, पद्मबीज और अद्रिपुत्री बीज का तीन तीन बीज (क्लीं क्लीं क्लीं श्रीं श्रीं श्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं) इसके बाद 'त्रिपुरसुन्दरि सर्वजगत्' के बाद इन द्वय (मम), फिर 'वशं', तदनन्तर कुरु द्वय (कुरु कुरु), फिर मह्यं बलं देहि, के बाद अनलाङ्गना (स्वाहा) लगाने से समस्त अभीष्टदायक पैंतीस अक्षरों का **चौदहवाँ भेद** बनता है । यथा - 'क्लीं क्लीं क्लीं श्रीं श्रीं श्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं त्रिपुरसुन्दरि सर्वजगन्मम वशं कुरु कुरु मह्यं बलं देहि स्वाहा' ॥ ६४-६५ ॥

इस प्रकार इन चौदह बाला के मन्त्रों के भेदों को कहा है ॥ ६६ ॥

---

१. ह्रीं श्रीं क्लीं परापरे त्रिपुरे सर्वमीप्सितं साधय स्वाहेति विंशत्यर्णः ।

२. क्लीं क्लीं श्रीं ह्रीं त्रिपुराललिते मदीप्सितां योषितं देहि वाञ्छितं कुरु स्वाहेत्यष्टाविंशत्यर्णः

३. क्लीं क्लीं क्लीं श्रीं श्रीं श्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं त्रिपुरसुन्दरि सर्वजगन्ममवशं कुरु कुरु मह्यं बलं देहि स्वाहेति पञ्चत्रिंशदर्णः ।

तेषां मन्त्राणामृष्यादिकथनम्

दक्षिणामूर्तिसंज्ञस्तु च्छन्दो गायत्रमुच्यते।
त्रिपुरादेवता बाला षडङ्गं मातृकासमम्[1] ॥ ९७ ॥

ध्यानवर्णनम्

पाशांकुशौ पुस्तकमक्षसूत्रं
करैर्दधाना सकलामरार्च्या।
रक्ता त्रिनेत्रा शशिशेखरे यं
ध्येयाखिलर्द्ध्यै त्रिपुरात्र बाला ॥ ९८ ॥
जपेल्लक्षं दशांशेन होमः पुष्पैर्हयारिजैः।
पूजापूर्वोदिते पीठेङ्गैः रत्याद्यैश्च सायकैः ॥ ९९ ॥
मातृभिर्दिगधीशास्त्रैः प्रयोगाः पूर्ववन्मताः।
लघुश्यामामथो वक्ष्ये स्मरणादिष्टदायिनीम् ॥ १०० ॥

ऋष्याद्याह – **दक्षिणेति** ॥ ९७ ॥ ध्यानमाह – **पाशेति** । अंकुशाक्षसूत्रे दक्षयोः ॥ ९८ ॥ हयारिः करवीरः । सायकैः पञ्चबाणदेवताभिः ॥ ९९ ॥ दिगधीशास्त्रैरिति। दिशामीशैस्तदस्त्रैश्चेत्यर्थः ॥ १०० ॥

इन सभी चौदह मन्त्रों के दक्षिणामूर्त्ति ऋषि हैं, गायत्री छन्द है तथा त्रिपुरा बाला देवता हैं, इनका षडङ्गन्यास मातृका के समान है ॥ ९६-९७ ॥

विमर्श - शारदातिलक के अनुसार इनका बीज वाग्भव, शक्ति तार्तीय एवं कीलक कामबीज है।

विनियोग - ॐ अस्य श्रीबालामन्त्रस्य दक्षिणामूर्तिर्ऋषिः गायत्रीछन्दः त्रिपुराबालादेवता ऐं बीजं सौः शक्तिः क्लीं कीलकं ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥ ९७ ॥

अब इनके **अनुष्ठान के लिए ध्यान** कहते हैं - अपने चारों हाथों में पाश अंकुश, पुस्तक तथा अक्षसूत्र धारण करने वाली, रक्तवर्ण वाली, त्रिनेत्रा, मस्तक पर चन्द्रकला धारण किये त्रिपुरा बाला का समस्त अभीष्ट सिद्धि के लिए ध्यान करना चाहिए ॥ ९८ ॥

उक्त मन्त्रों का एक लाख जप करना चाहिए । फिर हयारिज (कनेर) के फूलों से दशांश होम करना चाहिए । पूर्वोक्त पीठ पर षडङ्गपूजा, रत्यादि की, पञ्चबाणदेवताओं की, मातृकाओं की, दिक्पालों एवं उनके अस्त्रों की पूजा कर देवी का पूजन पूर्वोक्त रीति से करना चाहिए । इसी प्रकार इनका प्रयोग भी पूर्व की भाँति करना चाहिए ॥ ९९-१०० ॥

अब स्मरण मात्र से मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली लघुश्यामा का मन्त्र कहता हूँ ॥ १०० ॥

---

१. अस्य बालामन्त्रस्य दक्षिणामूर्तिर्ऋषिः गायत्री छन्दः त्रिपुराबालादेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

लघुश्यामामन्त्रकथनम्

वाग्बीजं हृदयं कर्ण एकनेत्रः सनेत्रकः।
वृषो मुकुन्दमारूढो कूर्मो दीर्घेन्दुसंयुतः ॥ १०१ ॥
नन्दीदीर्घोलिमातङ्गिसर्वान्ते स्याद्वशङ्करि।
वैश्वानरप्रियान्तोऽयं मन्त्रो विंशतिवर्णवान्[1] ॥ १०२ ॥
मदनोऽस्य मुनिः[2] प्रोक्तो गायत्रीनिचृदादिका।
छन्दो देवीलघुश्यामा बीजं वाग्वह्निवल्लभा ॥ १०३ ॥
शक्तिरुक्ताखिलाऽभीष्टसाधने विनियोजनम्।

न्यासकथनम्

वाक्पूर्विकां रतिं मूर्ध्नि प्रीतिं मायादिकां हृदि ॥ १०४ ॥
पादयोर्विन्यसेन्मन्त्री कामपूर्वां मनोभवाम्।
इच्छाशक्तिं ज्ञानशक्तिं क्रियाशक्तिं क्रमान्न्यसेत् ॥ १०५ ॥

बालामुक्त्वा लघुश्यामामाह – **वाग्बीजमिति** । वाग्बीजं ऐं । हृदयं नमः । कर्ण उ । सनेत्रक एकनेत्रः इयुतश्छिः च्छि । मुकुन्दमारुढो वृषः टस्थितः षः ष्ट। दीर्घेन्दु संयुतः कूर्मः चः चां ॥ १०१ ॥ दीर्घो नन्दी डाः । लिमातङ्गि सर्ववशंकरि स्वरूपम् । वैश्वानरप्रिया स्वाहा ॥ १०२ ॥ ऐं बीजं स्वाहा शक्तिः ॥ १०३ ॥ न्यासानाह – **वागिति** । ऐं रत्यै नमः मूर्ध्नि । ह्रीं प्रीत्यै नमो हृदि ॥ १०४ ॥ क्लीं मनोभवायै नमः पादयोः । इच्छेति । ऐं इच्छाशक्त्यै नमो मुखे । ह्रीं ज्ञानशक्त्यै नमः कण्ठे । क्लीं क्रियाशक्त्यै नमो लिङ्गे ॥ १०५ ॥

वाग्वीज (ऐं), हृदय (नमः), कर्ण (उ), सनेत्र एक नेत्र (च्छि), मुकुन्दमारूढ वृष (ष्ट), दीर्घेन्दु संयुत कूर्म (चां), दीर्घनन्दी (डा), फिर 'लिमातङ्गि' 'सर्ववशंकरि' यह पद, तदनन्तर वैश्वानर प्रिया (स्वाहा) लगाने से बीस अक्षरों का लघुश्यामा मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १०१-१०२ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ऐं नमः उच्छिष्टचाण्डालि मातङ्गि सर्ववशंकरि स्वाहा' ॥ १०१-१०२ ॥

इस मन्त्र के मदन ऋषि हैं, निचृद गायत्री छन्द है तथा लघु श्यामा देवता हैं, वाग्भवबीज (ऐं) एवं वह्निवल्लभा (स्वाहा) शक्ति है । समस्त अभीष्ट साधन में इसका विनियोग किया जाता है ॥ १०३-१०४ ॥

प्रारम्भ में वाग्बीज लगाकर रति का शिर में, माया बीज सहित प्रीति का हृदय में,

---

१. ऐं नम उच्छिष्टचाण्डालि मातङ्गि सर्ववशङ्करि स्वाहेति विंशत्यर्णः ।

२. अस्य लघुश्यामामन्त्रस्य मदनऋषिः निचृद्गायत्रीच्छन्दः देवीलघुश्यामादेवता ऐंबीजं स्वाहाशक्तिः ममाखिलाऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

वाङ्मायाकामबीजाद्यां मुखे कण्ठे शिवे तथा ।

बाणेशीबीजानि

द्रावणं शोषणं बाणं तापनं मोहनाभिधम् ॥ १०६ ॥
उन्मादनं क्रमात् पञ्चबाणेशीबीजपूर्वकान् ।
कास्यहृद्गुह्यपादेषु न्यस्य कुर्यात् षडङ्गकम् ॥ १०७ ॥
रामाग्निगुणरामाङ्गनेत्रवर्णैर्मनूत्थितैः ।

अष्टमातृकान्यासः

ङेनमोन्ताः कन्यकान्ता ब्राह्म्याद्या अष्टमातरः ॥ १०८ ॥

बाणेशीबीजानि – द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः इति । तत्पूर्वकान् । द्रावणाद्यान् बाणान् कास्यहृदगुह्यपादे न्यसेत् । द्रां द्रावण बाणाय नम इत्यादि । कं शिरः । आस्यं मुखम् ॥ १०६–१०७ ॥ षडङ्गमाह – रामेति । मातृकान्यासमाह – ङे इति । दीर्घस्वरा आद्यास्येदृशं विलोमतो दीर्घक्षादीनाष्टकमाद्यं यासां ता मातरो मूर्द्धादिषु न्यस्याः । तथा कीदृश्यो मातरः । ङे नमोन्ताः कन्यकान्ताः चतुर्थी नमोन्तं कन्यकापदमन्ते यासां ताः । यथा – आं क्षां ब्राह्मीकन्यकायै नमो मूर्ध्नि । ई लां

कामबीज सहित मनोभवा का पैर में न्यास करना चाहिए, फिर वाग्बीज सहित इच्छाशक्ति का मुख में, मायाबीज सहित ज्ञानशक्ति का कण्ठ में, दोनों ओर कामबीज सहित क्रियाशक्ति का लिङ्ग में न्यास करना चाहिए ॥ १०४-१०५ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीलघुश्यामामन्त्रस्य मदनऋषिः निचृदगायत्रीछन्दः लघुश्यामादेवता ऐं बीजं स्वाहाशक्तिः ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

रत्यादिन्यास विधिः -

ॐ ऐं रत्यै नमः, मूर्ध्नि, ॐ ह्रीं प्रीत्यै नमः, हृदि,
ॐ क्लीं मनोभवायै नमः, पादयोः, ॐ ऐं इच्छाशक्त्यै नमः, मुखे,
ॐ ह्रीं ज्ञानशक्त्यै नमः, कण्ठे, ॐ क्लीं क्रियाशक्त्यै नमः, लिङ्गे ॥ १०४-१०५॥

अब **वाणन्यास** कहते हैं - वाणेशी के बीजों को प्रारम्भ में लगाकर द्रावण, शोषण, तापन, मोहन एवं उन्मादन इन ५ बाणों का क्रमशः शिर, मुख, हृदय, गुह्याङ्ग एवं पैरों पर न्यास करना चाहिए । यथा - ॐ द्रां द्रावणवाणाय नमः, शिरसि,
ॐ द्रीं शोषणवाणाय नमः, मुखे, ॐ क्लीं तापबाणाय नमः, हृदये,
ॐ ब्लूं मोहनबाणाय नमः, गुह्ये, ॐ सः उन्मादन बाणाय नमः, पादयोः ।

इसके बाद मूल मन्त्र के ३, ३, ३, ३, ६ एवं २ वर्णो से इस प्रकार षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १०७॥ **विमर्श** - ॐ ऐं नमः, हृदयाय नमः, ॐ उच्छिष्ट शिरसे स्वाहा,
ॐ चाण्डालि शिखायै वषट्, ॐ मातङ्गि कवचाय हुम्
ॐ सर्ववशङ्करि नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ १०६-१०८॥

दीर्घस्वराद्यदीर्घक्षाद्यष्टकाद्याविलोमतः ।
विन्यस्य मूर्ध्नि वामांसे वामपार्श्वेषु नाभितः ॥ १०६ ॥
दक्षपार्श्वे दक्षिणांसे ककुद्धृदययोरपि ।
तारवागादिका अष्टौ सिद्धयः कन्यकान्तिमाः ॥ ११० ॥
चतुर्थी नमसायुक्ता न्यस्याः कालिकचिल्लिषु ।
कण्ठे च हृदये नाभावाधारे लिङ्गमूर्द्धनि ॥ १११ ॥
अणिमा महिमा चापि लघिमा गरिमेशिता ।
वशिता चाथ प्राकाम्यं प्राप्तिरित्यष्ट सिद्धयः ॥ ११२ ॥

माहेश्वरीकन्यकायै नमो वामांसे । ऊं हां कौमारीकन्यकायै नमो वामपार्श्वे। ॠं सां वैष्णवीकन्यकायै नमो नाभौ । लृं षां वाराहीकन्यकायै नमो दक्षपार्श्वे । एं शां इन्द्राणीकन्यकायै नमो दक्षांसे । औं वां चामुण्डाकन्यकायै नमो ककुदि । अः लां महालक्ष्मीकन्यकायै नमो हृदि । सिद्धिन्यासमाह – **तारेति** । ॐ ऐं अणिमासिद्धि–कन्यकायै नमो मूर्ध्नीत्यादि । **सिद्धय इति** । अनुपदं वक्ष्यमाणाः ॥ १०८–११० ॥ अलिकं ललाटम्, चिल्लिर्भ्रूः ॥ १११ ॥ अष्टसिद्धीराह – **अणिमेत्यादि** ॥ ११२ ॥

तदनन्तर दीर्घ अष्टस्वर सहित विलोम क्रम से दीर्घ आकार सहित क्षकार आदि अष्टक वर्णो को चतुर्थ्यन्त ब्राह्मीकन्यका आदि अष्ट मातृकाओं के साथ लगाकर मूर्धा, वामांस, वामपार्श्व, नाभि, दक्षपार्श्व, दक्षांस ककुद तथा हृदय में न्यास करें ॥ १०८-११० ॥

विमर्श - **मातृकान्यास** - यथा -

ॐ आं क्षां ब्राह्मीकन्यकायै नमः, मूर्ध्नि,
ॐ ईं लां माहेश्वरीकन्यकायै नमः, वामांसे,
ॐ हां कौमारीकन्यकायै नमः, वामपार्श्वे,
ॐ ॠं सां वैष्णवीकन्यकायै नमः, नाभौ,
ॐ लृं षां वाराहीकन्यकायै नमः, दक्षपार्श्वे
ॐ ऐं शां इन्द्राणीकन्यकायै नमः, दक्षांसे,
ॐ ओं वां चामुण्डाकन्यकायै नमः, ककुदि,
ॐ अः लां महालक्ष्मीकन्यकायै नमः, हृदि ॥ १०८-११० ॥

तार (ॐ) वाग्बीज (ऐं) प्रारम्भ में लगाकर अष्ट सिद्धियों के नाम को चतुर्थ्यन्त कन्यका के साथ जोड़कर अन्त में 'नमः' लगाकर 'क' (शिरे), अलिक (ललाट), चिल्लि (भ्रू), कण्ठ, हृदय, नाभि, मूलाधार और लिङ्ग के ऊपर न्यास करें ॥ ११०-१११ ॥

१. अणिमा, २. महिमा, ३. लघिमा, ४. गरिमा, ५. ईशिता, ६. वशिता, ७. प्राकाम्य एवं ८. प्राप्ति - ये आठ सिद्धियाँ कही गयी हैं ॥ ११२ ॥

विमर्श - अष्टसिद्धियों का न्यास इस प्रकार है -

ॐ ऐं अणिमासिद्धिकन्यकायै नमः, शिरसि,

अष्टाप्सरसां नामानि न्यासश्च

कामाद्याः कन्यकाः प्रीता अष्टावप्सरसो न्यसेत् ।
के भाले नेत्रयोर्वक्त्रे कर्णयोः काकुदेऽपि च ॥ ११३ ॥
उर्वशी मेनका रम्भा घृताची पुञ्जकस्थला ।
सुकेशी मञ्जुघोषा च महारङ्गवतीरिताः ॥ ११४ ॥

यक्षादिकन्यान्यासकथनम्

यक्षगन्धर्वसिद्धानां कन्यका नरनागयोः ।
विद्याधरः किंपुरुषः पिशाचानामपीहताः ॥ ११५ ॥
अंसयोर्हृदये न्यस्येत् स्तनयोर्जठरे क्रमात् ।
गुह्येऽप्याधारदेशे च नमोन्ता मदनादिकाः ॥ ११६ ॥

केशरों में अङ्गपूजा, अष्टपत्रों पर मातृकाओं की, फिर उसके बाहर लोकपालों एवं उनके अस्त्रों की पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार जप आदि से सिद्ध मन्त्र मनोवाञ्छित फल देता है (द्र० ९. ३८) ॥ ६३-६४ ॥

विमर्श – पीठ पूजा विधि – साधक ९. ५८ में वर्णित ज्येष्ठा लक्ष्मी के स्वरूप का ध्यान करे, फिर मानसोपचार से पूजन कर प्रदक्षिण क्रम से पीठ की शक्तियों का पूर्वादि आठ दिशाओं में एवं मध्य में इस प्रकार पूजन करे ।

ॐ लोहिताक्ष्यै नमः पूर्वे, ॐ दिव्यायै नमः आग्नेये,
ॐ कराल्यै नमः दक्षिणे, ॐ नीललोहितायै नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ समदायै नमः पश्चिमे, ॐ वारुण्यै नमः वायव्ये,
ॐ पुष्ट्यै नमः उत्तरे, ॐ अमोघायै नमः ऐशान्ये,

---

१. ॐ रक्तज्येष्ठायै विद्महे नीलज्येष्ठायै धीमहि । तन्नो लक्ष्मीः प्रचोदयात् ।

अन्नदमन्त्रकथनम्

अथान्नदमनोर्वक्ष्ये साधनं यः पुरोदितः ।
अन्नपूर्णावृतौ भूमिश्रीयागे द्वियमाक्षरः ॥ ६५ ॥
तारभूश्रीपुटो[1] जप्यो मुनिरस्य[2] चतुर्मुखः ।
छन्दो निचृतिराख्यातं देवते वसुधाश्रियौ ॥ ६६ ॥
भूबीजं बीजमस्योक्तं श्रीबीजं शक्तिरीरिता ।
अन्नं महीति हृदयमन्नं मे देहि मस्तकम् ॥ ६७ ॥

अन्नदमन्त्रमाह – **अथेति** । यो मन्त्रः अन्नपूर्णावरणपूजने भूमिश्रियोः पूजने द्वियमाक्षरो द्वाविंशत्यर्णः पुरा कथितः सोन्नदो मनुः । अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहेति सप्रणव भूबीजश्रीबीजसम्पुटोऽ–ष्टाविंशतिवर्णः ॥ ६५–६६ ॥

ॐ विश्वमोहिन्यै नमः मध्ये

तदनन्तर 'ॐ रक्तज्येष्ठायै विद्महे नीलज्येष्ठायै धीमहि । तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात्' इस गायत्री मन्त्र से उक्त पूजित पीठ पर देवी को आसन देवे । फिर यथोपचार देवी का पूजन कर पुष्पाञ्जलि प्रदान कर उनकी अनुज्ञा ले आवरण पूजा करे । सर्वप्रथम केशरों में षडङ्गपूजा -

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हृदयाय नमः, आद्यलक्ष्मि शिरसे स्वाहा, स्वयंभुवे शिखायै वषट्, ह्रीं कवचाय हुम् ज्येष्ठायै नेत्रत्रयाय वौषट्, स्वाहा अस्त्राय फट् । तदनन्तर अष्टदल में ब्राह्मी आदि देवताओं की, भूपुर के भीतर इन्द्रादि दश दिक्पालों की तथा बाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूर्ववत् पूजा करनी चाहिए (द्र. ८. ३८) । आवरण पूजा के पश्चात् देवी का धूप दीपादि से उपचारों से पूजन कर जप प्रारम्भ करे ।

इस प्रकार पूजन सहित पुरश्चरण करने से मन्त्र सिद्ध होता है और साधक को अभिमत फल प्रदान करता है ॥ ६३-६४ ॥

अब **अन्नपूर्णा के अन्य मन्त्र** को कहता हूँ - अन्नपूर्णा के आवरण पूजा में भूमि एवं श्री के पूजनार्थ बाइस अक्षरों का मन्त्र हम पहले कह चुके हैं (द्र. ६. १६-१७) ॥ ६५ ॥

उसी को तार (ॐ), भू (ग्लौं), एवं श्री (श्रीं) से संपुटित कर जप करना चाहिए । इस अन्नदायक मन्त्र की साधना का प्रकार कहते हैं । इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, निचृद् गायत्री छन्द है, श्री एवं वसुधा इसके देवता हैं, ग्लौं इसका बीज है तथा श्रीं

---

१. ॐ ग्लौं श्रीं अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहा श्रीं ग्लौं श्रीमित्यष्टाविंशत्यर्णः ।

२. अस्य श्रीज्येष्ठालक्ष्मीमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः निचृद्गायत्रीछन्दः वसुधाश्रियौदेवतेग्लौंबीजंह्रीं शक्तिः ममाभीष्ट प्राप्तौ जपे विनियोगः ।

शिखात्वन्नाधिपतये ममान्नं च प्रदापय।
वर्मोक्तं स्वाहया चास्त्रमङ्गमन्त्राध्रुवादिकाः ॥ ६८ ॥
षड्दीर्घारूढभूमिश्रीबीजान्ताः परिकीर्तिताः।
विनेत्रा अपदुग्धाब्धौ स्वर्णदीपे तु ते स्मरेत् ॥ ६६ ॥
कल्पद्रुमाधोमणिवेदिकायां
समास्थिते वस्त्रविभूषणाढ्ये ।
भूमिश्रियौ वाञ्छितवामदक्षे
संचिन्तयेद् देवमुनीन्द्रवन्द्ये ॥ ७० ॥

षडङ्गमाह – **अन्नं महीति** । षडङ्गमन्त्राः । घ्रुवादिकाः प्रणवाद्याः । दीर्घयुक्ते भूश्रीबीजे अन्ते येषां ते । विनेत्रा नेत्रहीनाः पञ्चैव । पञ्चाङ्गानि मनोर्यत्र तत्र नेत्रमनुं त्यजेदित्युक्तेः । ॐ अन्नं महि ग्लां श्रीं हृत् । ॐ अन्नं देहि ग्लीं श्रीं शिर इत्यादि ॥ ६७–७१ ॥

शक्ति है ॥ ६६-६७ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ ग्लौं श्रीं अन्नं मह्यन्नं मे देह्यन्नाधिपतये ममान्नं प्रदापय स्वाहा श्रीं ग्लौं ॐ ।'

विनियोग - 'ॐ अस्य श्रीज्येष्ठालक्ष्मीमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिर्निचृद्गायत्रीछन्दः वसुधाश्रियौ देवते ग्लौं बीजं श्रीं शक्तिः मनोकामनासिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः' ॥ ६६-६७ ॥

अब **न्यास विधि** कहते हैं - 'अन्नं महि' से हृदय, 'अन्नं मे देहि' से शिर, 'अन्नाधिपतये' से शिखा, 'ममान्नं प्रदापय' से कवच तथा 'स्वाहा' से अस्त्र का न्यास करना चाहिए । इन मन्त्रों के प्रारम्भ में ध्रुव (ॐ) तथा अन्त में षड्दीर्घ सहित भूमिबीज एवं श्री बीज लगाना चाहिए । यह न्यास नेत्र को छोड़कर मात्र पाँच अङ्गों में किया जाता है । न्यास के बाद क्षीरसागर में स्वर्णद्वीप में वसुधा एवं श्री का ध्यान वक्ष्यमाण (६. ७०) श्लोक के अनुसार करे ॥ ६८-६६ ॥

विमर्श - पञ्चाङ्गन्यास विधि - 'पञ्चाङ्गानि मनोर्यत्र तत्र नेत्रमनुं त्यजेत्' जहाँ पञ्चाङ्गन्यास कहा गया हो वहाँ नेत्रन्यास न करे । इस नियम के अनुसार नेत्र को छोड़कर इस प्रकार पञ्चाङ्गन्यास करना चाहिए ।

ॐ अन्नं महि ग्लां श्रीं हृदयाय नमः, ॐ अन्नं मे देहि ग्लीं श्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ अन्नाधिपतये ग्लूं श्रीं शिखायै वषट्, ॐ ममान्नं प्रदापय ग्लैं श्रीं कवचाय हुं,
ॐ स्वाहा ग्लौं ग्लः श्रीं अस्त्राय फट् ॥ ६८-६६ ॥

अब **भूमि एवं श्री का ध्यान** कहते हैं -

कल्पद्रुम के नीचे मणिवेदिकापर ज्येष्ठा लक्ष्मी के बायें एवं दाहिने भाग में विराजमान वस्त्र एवं आभूषणों से अलंकृत तथा देवता एवं मुनिगणों से वन्दित भूमि का एवं श्री का ध्यान करना चाहिए ॥ ७० ॥

लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं तद्दशांशं घृतप्लुतैः ।
अन्नैर्हुत्वा यजेत् पीठे वैष्णवे वसुधाश्रियौ ॥ ७१ ॥

वैष्णवीया अष्टपीठशक्तयः

विमलोत्कर्षिणी ज्ञानक्रियायोगाभिधा तथा ।
प्रह्वी सत्या तथेशानानुग्रहापीठशक्तयः ॥ ७२ ॥
तारं नमो भगवते विष्णवे सर्ववर्णकाः ।
भूतात्मसयोगपदं योगपद्मपदं ततः ॥ ७३ ॥
पीठात्मने नमोऽन्तोऽयं पीठस्य मनुरीरितः ।
दद्यादासनमन्तेन मूलेनावाहनादिकम् ॥ ७४ ॥

वैष्णवीपीठशक्तीराह – **विमलेति** ॥ ७२ ॥ पीठमन्त्रमाह – **तारमिति** । ॐ नमो भगवते विष्णवे सर्वभूतात्मसंयोगयोगपद्मपीठात्मने नमः ॥ ७३ ॥ *॥ ७४–७६ ॥

उक्त मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए तथा घी मिश्रित अन्न से उसका दशांश होम करना चाहिए । तदनन्तर वैष्णव पीठ पर वसुधा एवं श्री का पूजन करना चाहिए ॥ ७१ ॥

१. विमला, २. उत्कर्षिणी, ३. ज्ञाना, ४. क्रिया, ५. योगा, ६. प्रह्वी, ७. सत्या, ८. ईशाना एवं ६. अनुग्रहा ये नव पीठशक्तियाँ हैं ॥ ७२ ॥

तार (ॐ), फिर 'नमो भगवते विष्णवे सर्व' के बाद 'भूतात्मसंयोग' पद, फिर 'योगपद्म' पद, तदनन्तर 'पीठात्मने नमः' यह पीठ पूजा का मन्त्र कहा गया है । इस मन्त्र से आसन देकर मूल मन्त्र से आवाहनादि पूजन करना चाहिए ॥ ७३-७४ ॥

विमर्श - पीठ पर आसन देने के **मन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - 'ॐ नमो भगवते विष्णवे सर्वभूतात्मसंयोगयोगपद्मपीठात्मने नमः' ।

पीठ पूजा करने के बाद उसके केशरों में पूर्वादि आठ दिशाओं के प्रदक्षिण क्रम से आठ पीठ शक्तियों की तथा मध्य में नवम अनुग्रह शक्ति की इस प्रकार पूजा करे ।

१ - ॐ विमलायै नमः पूर्वे
२ - ॐ उत्कर्षिण्यै नमः आग्नेये
३ - ॐ ज्ञानायै नमः दक्षिणे
४ - ॐ क्रियायै नमः नैर्ऋत्ये
५ - ॐ योगायै नमः पश्चिमे
६ - ॐ प्रह्व्यै नमः वायव्ये
७ - ॐ सत्यायै नमः उत्तरे
८ - ॐ ईशानायै नमः ऐशान्ये
६ - ॐ अनुग्रहायै नमः मध्ये

इस प्रकार पीठ के आठों दिशाओं में तथा मध्य में पूजन करने के बाद ॐ नमो भगवते विष्णवे सर्वभूतात्मसंयोगयोगपद्मपीठात्मने नमः इस मन्त्र से भूमि और श्री इन दोनों देवियों को उक्त पूजित पीठ पर आसन देवे । फिर (६. ७०) में वर्णित उनके स्वरूप का ध्यान कर, मूलमन्त्र से आवाहन कर, मूर्त्ति की कलपना कर, पाद्य आदि

अङ्गानीष्ट्वार्चयेद्दिक्षु भूवह्निजलमारुतान्।
विवृतिं च प्रतिष्ठां च विद्यां शान्तिविदिक्षु च॥ ७५॥

बलाकादयोऽन्या अष्टशक्तयः

अष्टशक्तीर्बलाका च विमलाकमला तथा।
वनमालाबिभीषा च मालिका शाङ्करी पुनः॥ ७६॥
पूर्वादिदिक्षु प्रयजेदष्टमी वसुमालिका।
शक्राद्यानायुधैर्युक्तान् स्वस्वदिक्षु समर्चयेत्॥ ७७॥

उपचार संपादन कर, पुष्पाञ्जलि प्रदान कर उनकी अनुज्ञा ले आवरण पूजा प्रारम्भ कर, प्रदक्षिणा क्रम से प्रथम केशरों में अङ्गपूजा करे॥ ७३-७४॥

प्रथम केशरों में अङ्गपूजा करने के पश्चात् पूर्वादि दिशाओं में प्रदक्षिण क्रम से भूमि, अग्नि, जल और वायु की पूजा करे । तदनन्तर चारों कोणों में निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या और शान्ति की पूजा करे॥ ७५॥

फिर १. बलाका, २. विमला, ३. कमला, ४. वनमाला, ५. विभीषा, ६. मालिका, ७. शाकंरी और ८. वसुमालिका की पूर्वादि दिशाओं में स्थित अष्टदल में पूजा करे । तदनन्तर भूपुर के भीतर आठों दिशाओं में इन्द्रादि दश दिक्पालों की और भूपुर के बाहर आठों दिशाओं में उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिए॥ ७६-७७॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - सर्वप्रथम केशरों में अङ्गपूजा यथा -

१ - ॐ अन्नं महि ग्लां श्रीं हृदयाय नमः
२- ॐ अन्नं देहि ग्लूं श्रीं शिखायै वषट्
३- ॐ अन्नं देहि ग्लीं श्रीं शिरसे स्वाहा
४- ॐ ममान्नं प्रदापय ग्लै श्रीं कवचाय हुम
५- ॐ स्वाहा ग्लौं ग्लः श्रीं अस्त्राय फट् ।

फिर यन्त्र के पूर्वादि दिशाओं में भूमि आदि की पूजा यथा -

ॐ लं भूम्यै नमः पूर्वे ॐ रं अग्नेये नमः दक्षिणे
ॐ वं अद्भ्यो नमः पश्चिमे ॐ यं वायवे नमः उत्तरे

तत्पश्चात् आग्नेयादि कोणों में निवृत्ति आदि की यथा -

ॐ निवृत्यै नमः आग्नेये, ॐ प्रतिष्ठायै नमः नैर्ऋत्यै,
ॐ विद्यायै नमः वायव्ये, ॐ शान्त्यै नमः ऐशान्ये ।

इसके बाद अष्टदलों में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से बलाका आदि की पूजा करनी चाहिए । यथा - १ - ॐ बलाकायै नमः पूर्वे ५ - ॐ विभीषायै नमः पश्चिमे
२ - ॐ विमलायै नमः आग्नेये ६ - ॐ मालिकायै नमः वायव्ये
३ - ॐ कमलायै नमः दक्षिणे ७ - ॐ शाङ्कर्यै नमः उत्तरे
४ - ॐ वनमालायै नमः नैर्ऋत्ये ८ - वसुमालिकायै नमः ऐशान्ये

इत्थं सपरिवारे योऽधरालक्ष्म्यौ जपादिभिः ।
आराधयेत् स लभते महतीमन्नसम्पदम् ॥ ७८ ॥
आज्याक्तैश्च तिलैर्बिल्वसमिद्भिर्जुहुयाच्छ्रिये ।
साज्येन पायसेनापि फलैः पत्रैश्च बिल्वजैः ॥ ७६ ॥
जपतामुं महामन्त्रं होमकार्यो दिने दिने ।
दशसंख्यः कुबेरस्य मनुनेध्मैर्वटोद्भवैः ॥ ८० ॥

कुबेरमन्त्रोद्धारः ध्यानादि च

तारो वैश्रवणायाग्निप्रियान्तोऽष्टाक्षरो मनुः[1] ॥ ८१ ॥
होमकाले कुबेरं तु चिन्त्येदग्निमध्यगम् ।
धनपूर्णं स्वर्णकुम्भं तथा रत्नकरण्डकम् ॥ ८२ ॥
हस्ताभ्यां विप्लुतं खर्वकरपादं च तुन्दिलम् ।
वटाधस्ताद्रत्नपीठोपविष्टं सुस्मिताननम् ॥ ८३ ॥

इध्मैस्समिद्भिः ॥ ८० ॥ कुबेरमन्त्रमाह – तार इति । तार ॐ । अग्निप्रिया स्वाहा ॥ ८१ ॥ कुबेरध्यानमाह – धनेति । रत्नकरण्डो दक्षे ॥ ८२–८४ ॥

इसके बाद भूपुर के भीतर पूर्वादि दिशाओं के प्रदक्षिण क्रम से इन्द्रादि दश दिक्पालों को तथा बाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूजा कर गन्ध धूपादि द्वारा वसुधा और महाश्री की पूजा करे (फिर जप करे) ॥ ७६-७७ ॥

इस प्रकार जो व्यक्ति अपने परिवार के साथ वसुधा एवं महालक्ष्मी का जप पूजनादि के द्वारा आराधना करता है वह पर्याप्त धनधान्य प्राप्त करता है ॥ ७८ ॥

श्री की प्राप्ति के लिए साधक घृत मिश्रित तिलों से बिल्व वृक्ष की समिधाओं से घी मिश्रित खीर से तथा बिल्वपत्र एवं बेल के गुद्दा से हवन करे ॥ ७६ ॥

अब **कुबेर के विषय में** कहते हैं - कुबेर का मन्त्र जपते हुये प्रतिदिन कुबेर मन्त्र से वटवृक्ष की समिधाओं में दश आहुतियाँ प्रदान करे ॥ ८० ॥

तार (ॐ), फिर 'वैश्रवणाय', फिर अन्त में अग्निप्रिया (स्वाहा) लगा देने पर आठ अक्षरों का कुबेर मन्त्र बनता है । यथा - 'ॐ वैश्रवणाय स्वाहा' ॥ ८१ ॥

होम करते समय अग्नि के मध्य में कुबेर का इस प्रकार ध्यान करे -

अपने दोनों हाथों से धनपूर्ण स्वर्णकुम्भ तथा रत्न करण्डक (पात्र) लिए हुये उसे उड़ेल रहे हैं । जिनके हाथ एवं पैर छोटे छोटे हैं, पेट तुन्दिल (मोटा) है जो वटवृक्ष के नीचे रत्नसिंहासन पर विराजमान हैं और प्रसन्नमुख हैं । इस प्रकार ध्यान पूर्वक होम करने से साधक कुबेर से भी अधिक संपत्तिशाली हो जाता है ॥ ८२-८४ ॥

---

१. ॐ वैश्रवणाय स्वाहेत्यष्टार्णः ।

एवं कृत हुतो मन्त्री लक्ष्म्या जयति वित्तपम् ।

प्रत्यङ्गिरामन्त्रः

अथ प्रत्यङ्गिरां वक्ष्ये परकृत्या विमर्दिनीम् ॥ ८४ ॥
दीर्घेन्दुयुग्मरुद्ब्रह्मामांसलोहितसंस्थिताम् ।
यन्तिनोरय उच्चार्य क्रूरां कृत्यां समुच्चरेत् ॥ ८५ ॥
वधूमिव पदं पश्चात्तान् ब्रह्मान्तेसदीर्घणः ।
अपनिर्णुदम इत्यन्ते प्रत्यक्कर्तारमृच्छतु ॥ ८६ ॥
तारमायापुटो मन्त्रः स्यात्सप्तत्रिंशदक्षरः[1] ।
ब्रह्मानुष्टुप्मुनिश्छन्दो[2] देवी प्रत्यङ्गिरेरिता ॥ ८७ ॥
बीजशक्तितारमाये कृत्या नाशे नियोजनम् ।
अष्टभिस्तोयनिधिभिर्युगैर्वेदैश्च पञ्चभि ॥ ८८ ॥

प्रत्यङ्गिरामाह – **दीर्घेति** । मरुत् यकारः । दीर्घेन्दुयुक् । आबिन्दुयुतः यां । ब्रह्मा कः । लोहितः पः । तत्संस्थं मांसं लः । ल्प । यन्तिनोऽरयः । क्रूरां कृत्यां वधूमिव तां ब्रह्मस्वरूपम् । सदीर्घो णः णा । अपनिर्णुद्म इति स्वरूपम् । प्रत्यक्कर्तारमृच्छतु स्वरूपम् । प्रणवमायाबीजसम्पुटः ॥ ८५–८७ ॥ षडङ्गमाह – **अष्टभिरिति** । तोयनिधिभिश्चतुर्भिः । दीर्घयुक् पार्वती माया बीजं परं येषाम् ।

अब शत्रुओं के द्वारा प्रयुक्त कृत्या (मारण के लिए किये गये प्रयोग विशेष) को नष्ट करने वाली प्रत्यङ्गिरा के विषय में कहता हूँ ॥ ८४ ॥

दीर्घेन्दुयुक् मरुत् (दीर्घ आ, इन्द्र अनुस्वार उससे युक्त मरुत् य्) 'यां', फिर ब्रह्मा (क) लोहित संस्थित मांस (ल्प), फिर 'यन्ति नोऽरयः' यह पद, इसके बाद 'क्रूरां कृत्यां' उच्चारण करना चाहिए । फिर 'वधूमिव' यह पद, फिर 'तां ब्रह्म', उसके बाद सदीर्घ ण (णा), फिर 'अपनिर्णुद्मः' के पश्चात् 'प्रत्यक्कर्त्तारमृच्छतु' इस मन्त्र को तार (ॐ) माया (ह्रीं) से संपुटित करने पर सैंतीस अक्षरों का प्रत्यङ्गिरा मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ८५-८७ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है -

'ॐ ह्रीं यां कल्पयन्ति नोरयः क्रूरां कृत्यां वधूमिव तां ब्रह्मणा अपनिर्णुद्मः प्रत्यक्कर्त्तारमृच्छतु ह्रीं ॐ' ॥ ८५-८७ ॥

इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, देवी प्रत्यङ्गिरा इसके देवता हैं,

---

१. ॐ ह्रीं यां कल्पयन्ति नोरयः क्रूरां कृत्यां वधूमिव तां ब्रह्मणा अपनिर्णुद्मः प्रत्यक्कर्त्तारमृच्छतु ह्रीं ॐमिति सप्तत्रिंशदक्षरः ।

२. अस्य प्रत्यंगिरामन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः अनुष्टुप्छन्दः देवीप्रत्यंगिरादेवता ॐ बीजं ह्रीं शक्तिः ममाखिलावाप्तये जपे विनियोगः ।

वसुभिर्मन्त्रजैर्वर्णैर्दीर्घयुक्पार्वतीपरैः ।
प्रणवाद्यैः षडङ्गानि कल्पयेज्जातिसंयुतैः ॥ ८९ ॥
शिरोभ्रूमध्यवक्त्रेषु कण्ठे बाहुद्वये हृदि ।
नाभावूर्वोर्जानुनोश्च पदानि पदयोर्न्यसेत् ॥ ९० ॥
चतुर्दशक्रमान्मन्त्री तारमायापुटान्यपि ॥

प्रणव आद्यो येषाम् । जात यो हृदयाय नम इत्यादयस्तत्संयुतैरष्टादिवर्णैः षडङ्गम् ॥ ८८ ॥ पदन्यासमाह – **शिर** इति । प्रणव मायासम्पुटानि चतुर्दश पदानि शिर आदिषु न्यसेत् । तेषां वर्णसंख्या क्रमात् । एकचतुरेक त्रि द्वि द्वि द्वि द्वि एक त्रि पञ्च द्वि त्रि त्रिः वर्णैर्बोध्या । ॐ ह्रीं यां ह्रीं शिरसीत्यादि ॥ ८९–९० ॥

प्रणव बीज है, माया (ह्रीं) शक्ति है, पर कृत्या (शत्रु द्वारा प्रयुक्त मारण रूप विशेष अभिचार) के विनाश के लिए इसका विनियोग है ॥ ८७-८८ ॥

विमर्श - विनियोग - 'अस्य श्रीप्रत्यङ्गिरामन्त्रस्य ब्रह्माऋषिरनुष्टुप्छन्दः देवी प्रत्यङ्गिरा देवता ॐ बीजं ह्रीं शक्तिः परकृत्या निवारणे विनियोगः' ॥ ८७-८८ ॥

अब उक्त **मन्त्र का न्यास** कहते हैं -

मन्त्र के ८, तोयनिधि ४, युग ४, वेद ४ फिर ५ फिर वसु (८) अक्षरों से प्रारम्भ में प्रणव एवं अन्त में ६ दीर्घयुक्त पार्वती (माया ह्रीं) लगाकर जाति (हृदयाय नमः) आदि षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ८८-८९ ॥

अब मन्त्र का पदन्यास कहते हैं -

साधक तार (ॐ) तथा माया से संपुटित मन्त्र के चौदह पदों का शिर, भ्रूमध्य, मुख, कण्ठ, दोनों बाहु, हृदय, नाभि, दोनो ऊरू, दोनों जानु तथा दोनों पैरों में इस प्रकार कुल चौदह स्थानों में क्रमपूर्वक उक्त न्यास करे ॥ ८९-९० ॥

विमर्श - षडङ्गन्यास इस प्रकार करे । यथा -

ॐ यां कल्पयन्ति नोरयः ह्रां हृदयाय नमः, ॐ क्रूरां कृत्यां ह्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ वधूमिव ह्रूं शिखायै वषट्, ॐ तां ब्रह्मणा ह्रैं कवचाय हुम्,
ॐ अपनिर्णुद्मः ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ प्रत्यक्कर्त्तारमृच्छतु ह्रः अस्त्राय फट् ।

मन्त्र का **पदन्यास** इस प्रकार करे -

ॐ ह्रीं यां ह्रीं शिरसि, ॐ ह्रीं कल्पयन्ति ह्रीं भ्रूमध्ये,
ॐ ह्रीं नो ह्रीं मुखे, ॐ ह्रीं अरयः ह्रीं कण्ठे,
ॐ ह्रीं क्रूरां ह्रीं दक्षिण वाहौ, ॐ ह्रीं कृत्यां ह्रीं वामबाहौ,
ॐ ह्रीं वधूम् ह्रीं हृदि, ॐ ह्रीं इव ह्रीं नाभौ,
ॐ ह्रीं तां ह्रीं दक्षिण उरौ, ॐ ह्रीं ब्रह्मणा ह्रीं वाम उरौ,
ॐ ह्रीं अपनिर्णुद्मः ह्रीं दक्षिणजानौ, ॐ ह्रीं प्रत्यक् ह्रीं वामजानौ,
ॐ ह्रीं कर्त्तारम् ह्रीं दक्षिणपादे ॐ ह्रीं ऋच्छतु ह्रीं वामपादे ॥ ८८-९० ॥

ध्यानप्रयोगादिकथनम्

आशाम्बरा मुक्तकचा घनच्छवि
र्ध्येया सचर्मासिकराहिभूषणा ।
दंष्ट्रोग्रवक्त्राग्रसिताहितान्वया
प्रत्यङ्गिरा शङ्करतेजसेरिता ॥ ६१ ॥
ध्यायन्नेवं जपेन्मन्त्रमयुतं तद्दशांशतः ।
अपामार्गेध्मराज्याज्यहविर्भिर्जुहुयात्ततः ॥ ६२ ॥
अन्नपूर्णासने चार्चेदङ्गलोकेश्वरायुधः ।
एवं सिद्धमनुर्मन्त्री प्रयोगेषु शतं जपेत् ॥ ६३ ॥
जुहुयाच्च शतं दिक्षु दशमन्त्रैर्हरेद् बलिम् ।

बलिमन्त्रपूर्वकं बलिदानम्

यो मे पूर्वगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा ॥ ६४ ॥

ध्यानमाह – **आशेति** । आशाम्बरा नग्ना । घनच्छविर्मेघश्यामा । ग्रसितोऽहितानां रिपूणामन्वयो वंशो यया । असिर्दक्षिणे ॥ ६१–६३ ॥ बलिमन्त्रमाह – **योम इति** । ॐ यो मे पूर्वगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा । इन्द्रस्तं देवराजो भञ्जयतु अञ्जयतु मोहयतु नाशयतु मारयतु कलिं तस्मै प्रयच्छतु कृतं मम शिवं मम शान्तिः स्वस्त्ययनं चास्तु । इति बलिमन्त्रः । अनेन प्राच्यां बलिं दद्यात् ॥ ६४–६७ ॥

अब **महेश्वरी का ध्यान** कहते हैं - जिस दिगम्बरा देवी के केश छितराये हैं, ऐसी मेघ के समान श्याम वर्ण वाली, हाथों में खड्ग और चर्म धारण किये, गले में सर्पो की माला धारण किये, भयानक दाँतों से अत्यन्त उग्रमुख वाली, शत्रु समूहों को कवलित करने वाली, शंकर के तेज से प्रदीप्त, प्रत्यङ्गिरा का ध्यान करना चाहिए ॥ ६१ ॥

इस प्रकार मन्त्र का ध्यान करते हुये दश हजार मन्त्रों का जप करे तथा अपामार्ग (चिचिहड़ी) की लकड़ी, घृत मिश्रित राजी (राई) से उनका दशांश होम करे ॥ ६२ ॥

अन्नपूर्णा पीठ पर अङ्गपूजा लोकपाल एवं उनके आयुधों की पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार सिद्ध मन्त्र का काम्य प्रयोगों में १०० बार जप करे । फिर उतनी ही संख्या में होम भी करे । तदनन्तर वक्ष्यमाण दश मन्त्रों से दशो दिशाओं में बलि देवे ॥ ६३-६४ ॥

विमर्श - प्रयोगविधि - (६. ६) श्लोक में बतलाई गई विधि से पीठ देवता एवं पीठशक्तियों की पूजा कर पीठ पर देवी की पूजा करे । फिर उनकी अनुज्ञा लेकर इस प्रकार आवरण पूजा करे । कर्णिका में षडङ्गपूजा (द्र० ६. ६०) फिर अन्नपूर्णा के षष्ठ एवं सप्तम आवरण में बतलाई गई विधि से इन्द्रादि लोकपालों एवं उनके आयुधों की पूजा करे । (द्र० ६. २१) ॥ ६३-६४ ॥

इन्द्रस्तंदेव उच्चार्य राजान्ते भञ्जयत्विति ।
अञ्जयत्वितिचोच्चार्य मोहयत्विति चोच्चरेत् ॥ ६५ ॥
नाशयतुपदं पश्चान्मारयत्वित्यतो बलिम् ।
तस्मै प्रयच्छतु कृतंममान्ते च शिवं मम ॥ ६६ ॥
शान्तिः स्वस्त्ययनं चास्तु बलिमन्त्र उदाहृतः ।
प्रणवाद्योऽष्टषष्ट्यर्णस्तेनैव वितरेद् बलिम् ॥ ६७ ॥

दिक्षुबलिदानप्रकारकथनम्

अस्मिन्मन्त्रे पूर्वपदस्थानेग्न्यादिपदं वदेत् ।
अग्निरित्यादि च पठेदिन्द्र इत्यादिके स्थले ॥ ६८ ॥
एवं तु दशमन्त्राः स्युस्तैस्तत्तद् दिग्बलिं हरेत् ।
इत्थं कृते शत्रुकृता कृत्या क्षिप्रं विनश्यति ॥ ६९ ॥

अस्मिन्मन्त्रे । पूर्वेत्यस्य स्थाने अग्न्यादिपदम् । इन्द्र इत्यस्य स्थाने अग्निरित्यादि । देवराज इत्यत्र तेजो राज इत्यादि ऊहान् कृत्वा दशमन्त्रा विधेयास्तैस्तस्यां तस्यां दिशि बलिं दद्यात् । यथा – यो मेऽग्निगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा अग्निस्तं तेजो राजो भञ्जयत्वित्यादि० यो मे दक्षिणगतः यमस्तं प्रेतराज इत्यादि ॥ ६८–६९ ॥

पूर्व दिशा में 'यो मे पूर्वगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा इन्द्रस्तं देव' इतना कहकर 'राजो' फिर 'अन्त्रयतु' फिर 'अञ्जयुत' कह कर 'मोहयतु' ऐसा कहें, फिर 'नाशयतु', 'मारयतु', 'बलिं तस्मै प्रयच्छतु', इसके बाद 'कृतं मम', 'शिवं मम' फिर 'शान्तिः स्वस्त्ययनं चास्तु' कहने से बलि मन्त्र बन जाता है । आदि में प्रणव लगाकर अड़सठ अक्षरों से बलि प्रदान करना चाहिए ॥ ६४-६७ ॥

तत्पश्चात् बलि देने के समय इस मन्त्र में पूर्व के स्थान में आग्नेये आदि दिशाओं का नाम बदलते रहना चाहिए, और इन्द्र के स्थान में अग्नि इत्यादि दिक्पालों के नाम भी बदलते रहना चाहिए । इस प्रकार करने से शत्रु द्वारा की गई 'कृत्या' शीघ्र नष्ट हो जाती है ॥ ६८-६९ ॥

विमर्श – बलि मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ यो मे पूर्वगतः पाप्मापाकेनेह कर्मणा इन्द्रस्तं देवराजो भञ्जयतु, अञ्जयतु, मोहयतु, नाशयतु मारयतु बलिं तस्मै प्रयच्छतु कृतं मम शिवं मम शान्तिः स्वस्त्ययनं चास्तु ' यह अड़सठ अक्षर का बलिदान मन्त्र है ।

दशो दिशाओं में बलिदान का प्रकार -

यो मे पूर्वगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा इन्द्रस्तं देवराजो भञ्जयतु इत्यादि
यो मे आग्नेयगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा अग्निस्तं तेजोराजो भञ्जयतु इत्यादि
यो मे दक्षिणगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा यमस्तं प्रेतराजो भञ्जयतु इत्यादि

प्रत्यङ्गिरामालामन्त्रः

अथ प्रत्यंगिरामालामन्त्रसिद्धिः प्रकीर्त्यते ।
तारो मायानभः कृष्णवाससेशतवर्णकाः ॥ १०० ॥
सहस्रहिंसिनिपदं सहस्रवदने पुनः ।
महाबलेपदंपश्चादुच्चरेदपराजिते ॥ १०१ ॥
प्रत्यङ्गिरे परसैन्यपरकर्मसदृग्जलम् ।
ध्वंसिनि परमन्त्रोत्सादिनि सर्वपदं ततः ॥ १०२ ॥
भूतान्ते दमनिप्रान्ते सर्वदेवान् समुच्चरेत् ।
बन्धयुग्मं सर्वविद्याश्छिन्धियुक्क्षोभयद्वयम् ॥ १०३ ॥
परयन्त्राणि संकीर्त्य स्फोटयद्वितयं पठेत् ।
सर्वान्ते श्रृंखला उक्त्वा त्रोटयद्वितयं ज्वलत् ॥ १०४ ॥
ज्वालाजिह्वेकरालान्ते वदने प्रत्यमुच्चरेत् ।
गिरे मायानमोन्तोऽयं शरसूर्याक्षरो मनुः ॥ १०५ ॥

प्रत्यङ्गिरामालामन्त्रमाह – **तार** इति । तारः प्रणवः । माया ह्रीं। सदृक् जलम्। इयुतो वः वि ॥ १००–१०४ ॥ शर सूर्य्याक्षरः । पञ्चविंशत्यधिकशतार्णः। ॐ ह्रीं नमः – कृष्णवाससे शतसहस्रहिंसिनि सहस्रवदने महाबले अपराजिते प्रत्यङ्गिरे परसैन्यपरकर्मविध्वंसिनि परमन्त्रोत्सादिनि सर्वभूतदमनि सर्वदेवान् **बन्ध** बन्ध सर्वविद्याश्छिन्धि छिन्धि क्षोभय क्षोभय परयन्त्राणि स्फोटय स्फोटय सर्वश्रृंङ्खलास्त्रोटय त्रोटय ज्वलज्ज्वालाजिह्वे करालवदने प्रत्यङ्गिरे ह्रीं नम इति ॥ १०५–१०६ ॥

यो मे नैर्ऋत्यगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा निर्ऋतिस्तं रक्षराजो भञ्जयतु इत्यादि
यो मे पश्चिमगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा वरुणस्तं जलराजो भञ्जयतु इत्यादि
यो मे वायव्यगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा वायुस्तं प्राणराजो भञ्जयतु इत्यादि
यो मे उत्तरगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा सोमस्तं नक्षत्रराजो भञ्जयतु इत्यादि
यो मे ईशानगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा ईशानस्तं गणराजो भञ्जयतु इत्यादि
यो मे ऊर्ध्वगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा ब्रह्मा तं प्रजाराजो भञ्जयतु इत्यादि
यो मे अधोगतः पाप्मा पापकेनेह कर्मणा अनन्तस्तं नागराजो भञ्जयतु इत्यादि ॥ ९८-९९ ॥

अब **प्रत्यङ्गिरामाला मन्त्र का उद्धार** बतलाते हैं –

तार (ॐ), माया (ह्रीं), फिर 'नमः कृष्णवाससे शत वर्ण' फिर 'सहस्र हिंसिनि' पद, फिर 'सहस्रवदने', पुनः 'महाबले', फिर 'अपराजिते', फिर 'प्रत्यङ्गिरे', फिर 'परसैन्य परकर्म', फिर सदृक् जल (वि), फिर 'ध्वंसिनि परमन्त्रोत्सादिनि सर्व' पद, फिर उनके अन्त में 'भूत' पद, फिर 'दमनि', फिर 'सर्वदेवान्', फिर 'बन्ध' युग्म (बन्ध बन्ध),

ऋष्यादिकं पूर्वमुक्तं माययास्यात्षडङ्गकम् ।
ध्यायेत्प्रत्यंगिरां देवीं सर्वशत्रुविनाशिनीम् ॥ १०६ ॥

ध्यानजपादिमन्त्रसिद्धिकथनम्

सिंहारूढातिकृष्णं त्रिभुवनभयकृद्रूपमुग्रं वहन्ती,
ज्वालावक्त्रावसानानववसनयुगं नीलमण्याभकान्तिः ।
शूलं खड्गं वहन्ती निजकरयुगले भक्तरक्षैकदक्षा,
सेयं प्रत्यङ्गिरा संक्षपयतु रिपुभिर्निर्मितं वोभिचारम् ॥ १०७ ॥

ध्यानमाह – **सिंहेति** । खड्गो दक्षिणे ॥ १०७–१०६ ॥

फिर 'सर्वविद्याः', फिर 'छिन्धि' युग्म (छिन्धि, छिंन्धि), फिर 'क्षोभय' युग्म (क्षोभय क्षोभय), फिर 'परमन्त्राणि' के बाद 'स्फोटय' युग्म् (स्फोटय स्फोटय), फिर 'सर्वशृङ्खलां' के बाद 'त्रोटय' युग्म (त्रोटय त्रोटय), फिर 'ज्वलज्ज्वाला जिह्वे करालवदने प्रत्यङ्गिरे' फिर माया (ह्रीं), तथा अन्त में 'नमः' लगाने से १२५ अक्षरों का प्रत्यंगिरा माला मन्त्र बनता है ॥ १००-१०५ ॥

विमर्श – प्रत्यङ्गिरा माला मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है –

'ॐ ह्रीं नमः कृष्ण वाससे शतसहस्रहिंसिनि सहस्रवदने महाबले अपराजिते प्रत्यङ्गिरे परसैन्य परकर्मविध्वंसिनि परमन्त्रोत्सादिनि सर्वभूतदमनि सर्वदेवान् बन्ध बन्ध सर्वविद्याश्छिन्धि छिन्धि क्षोभय क्षोभय परयन्त्राणि स्फोटय स्फोटय सर्वशृङ्खलास्त्रोटय त्रोटय ज्वलज्ज्वालाजिह्वे करालवदने प्रत्यङ्गिरे ह्रीं नमः' ॥ १००-१०५ ॥

इस मन्त्र के ऋषि छन्द तथा देवता पूर्व में कह आये हैं । इस मन्त्र के माया बीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए । तदनन्तर समस्त शत्रुओं को नाश करने वाली प्रत्यङ्गिरा का ध्यान करना चाहिए ॥ १०६ ॥

विमर्श – विनियोग – 'अस्य श्रीप्रत्यङ्गिरामन्त्रस्य ब्रह्माऋषिरनुष्टुप्छन्दः प्रत्यङ्गिरादेवता ॐ बीजं ह्रीं शक्तिः ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे (परकृत्यनिवारणे वा) जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास – ॐ ह्रां हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ ह्रूं शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं कवचाय हुम,
ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः अस्त्राय फट् ॥ १०६ ॥

सिंहारूढ़, अत्यन्त कृष्णवर्णा, त्रिभुवन को भयभीत करने वाले रूपकों को धारण करने वाली, मुख से आग की ज्वाला उगलती हुई, नवीन दो वस्त्रों को धारण किये हुये, नीलमणि की आभा के समान कान्ति वाली, अपने दोनों हाथों में शूल तथा खड्ग धारण करने वाली, स्वभक्तों की रक्षा में अत्यन्त सावधान रहने वाली, ऐसी प्रत्यङ्गिरा देवी हमारे शत्रुओं के द्वारा किये गये अभिचारों को विनष्ट करे ॥ १०७ ॥

अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं सहस्रं तिजराजिकाः ।
हुत्वा सिद्धमनुं मन्त्रं प्रयोगेषु शतं जपेत् ॥ १०८ ॥
ग्रहभूतादिकाविष्टं सिञ्चेन्मन्त्रं जपञ्जलैः ।
विनाशयेत्परकृतं यन्त्रमन्त्रादिकर्मणाम् ॥ १०९ ॥

शत्रुनाशकमन्त्रः

मन्त्रं विरोधिशमकं प्रवक्ष्ये षोडशाक्षरम् ।
प्रणवः केशवः सेन्दुर्वर्गाद्याः पञ्चसेन्दवः ॥ ११० ॥
वियच्चन्द्रान्वितं रान्तसद्योजातः शशांकयुक् ।
मायात्रिकर्णचन्द्राढ्यो भृगुः सर्गी सवर्मफट् ॥ १११ ॥
स्वाहान्तः षोडशार्णोऽयं मन्त्रः[1] शत्रुविनाशनः ।
विधाताष्टिर्ऋषिश्छन्दः[2] पर्वताब्ध्यग्निवायवः ॥ ११२ ॥

शत्रुनाशकमन्त्रमाह – **प्रणव** इति । प्रणवः ॐ । सेन्दुः केशवः । अं । सेन्दवः पञ्चवर्गाद्याः कं चं टं तं पं ॥ ११० ॥ चन्द्रान्वितं वियत् हं । रान्तं लः । सद्योजातः शशांको बिन्दुस्ताभ्यां युक्तः लों । माया ह्रीं । कर्णचन्द्राढ्यः उ । बिन्दुयुतोऽत्रि दुं । सर्गी भृगुः सः वर्म हुँ ॥ १११ ॥ फट् स्वाहा स्वरूपम् । विधाता ब्रह्मा । महापूर्वाः पर्वतादयः । महापर्वतमहासमुद्र महाग्नि महावायुमहापृथ्वी

इस मन्त्र का दश हजार जप करना चाहिए तथा तिल एवं राई का होम एक हजार की संख्या में निष्पन्न कर मन्त्र सिद्ध करना चाहिए । फिर काम्य प्रयोगों में मात्र १०० की संख्या में जप करना चाहिए ॥ १०८ ॥

ग्रह बाधा, भूत बाधा आदि किसी प्रकार की बाधा होने पर इस मन्त्र का जप करते हुए जल से रोगी को अभिसिञ्चित करना चाहिए । इसी प्रकार शत्रुद्वारा यन्त्र मन्त्रादि द्वारा अभिचार भी विनिष्ट करना चाहिए ॥ १०९ ॥

अब **षोडशाक्षर वाला शत्रुविनाशक मन्त्र** बतलाता हूँ -

प्रणव (ॐ), सेन्दु केशव (अं), सेन्दु पञ्चवर्गो के आदि अक्षर (कं चं टं तं पं), चन्द्रान्वित वियत् (हं), सद्योजात (ओ), शशांक (अनुस्वार), उससे युक्त रान्त (ल), इस प्रकार (लों), माया (ह्रीं), कर्ण (उकार), चन्द्र (अनुस्वार), इससे युक्त अत्रि (द्) (अर्थात् दुं), सर्गी (विसर्गयुक्त), भृगु (स), इस प्रकार (सः), वर्म (हुं), फिर 'फट्' इसके अन्त में 'स्वाहा' लगाने से उक्त मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ११०-११२ ॥

---

१. ॐ अं कं चं टं तं प हलों ह्रीं दुं सः हुं फट् स्वाहेति षोडशार्णः ।

२. अस्य मन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः अष्टिछन्दः महापर्वतमहाब्धिमहाग्निमहावायुमहाधरामहामाशः षड्देवता हुंबीजं ह्रीं शक्तिः ममाभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

धराकाशौ महापूर्वा देवताः परिकीर्तिताः ।
हुंबीजं पार्वतीशक्तिर्मायया तु षडङ्गकम् ॥ ११३ ॥

षडङ्गक्रमेण ध्यानवर्णनम्

नानारत्नार्चिराक्रान्तं वृक्षाम्भः स्रवर्णैर्युतम् ।
व्याघ्रादिपशुभिर्व्याप्तं सानुयुक्तं गिरिं स्मरेत् ॥ ११४ ॥
मत्स्यकूर्मादिबीजाढ्यं नवरत्नसमन्वितम् ।
घनच्छायं सकल्लोलमकूपारं विचिन्तयेत् ॥ ११५ ॥
ज्वालावतीसमाक्रान्त जगत्त्रितयमद्भुतम् ।
पीतवर्णं महावह्निं संस्मरेच्छत्रुशान्तये ॥ ११६ ॥
धरासमुत्थरेण्वौघमलिनं रुद्धभूदिवम् ।
पवनं संस्मरेद्विश्वजीवनं प्राणरूपतः ॥ ११७ ॥

महाकाशाः षड्देवताः । पार्वती ह्रीं । मायया दीर्घाढ्यया षडङ्गम् ॥ ११२–११३ ॥ षडङ्गक्रमेण ध्यानान्याह – नानेति ॥ ११४ ॥ अकूपारं समुद्रम् ॥ ११५–११६ ॥ प्राणरूपेण विश्वं जीवयतीति विश्वजीवनम् ॥ ११७–१२० ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – 'ॐ अं कं चं टं तं पं हं लों ह्रीं दुं सः हुं फट् स्वाहा' ॥ ११०-१११ ॥

इस मन्त्र के विधाता ऋषि हैं, अष्टि छन्द हैं १, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९, ११ महाअग्नि, महापर्वत, महासमुद्र, महावायु, महाधरा तथा महाकाश देवता कहे गये हैं, हुं बीज है, पार्वती (ह्रीं) शक्ति है । षड्दीर्घ सहित माया बीज से इसके षडङ्गन्यास का विधान कहा गया है ॥ ११२-११३ ॥

विमर्श – विनियोग – 'अस्य विरोधिशामकमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिरष्टिच्छन्दः महापार्वताब्ध्याग्निवायुधराकाश देवताः हुं बीजं ह्रीं शक्तिः शत्रुशमनार्थ जपे विनियोगः' ।

षडङ्गन्यास – ॐ ह्रां हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ ह्रूं शिखायै वषट्, ॐ ह्रैं कवचाय हुम्,
ॐ ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ ह्रः अस्त्राय फट् ॥ ११२-११३ ॥

अब उन छः **देवताओं का ध्यान** कहते हैं –

(i) अनेक रत्नों की प्रभा से आक्रान्त वृक्ष झरनों एवं व्याघ्रादि महाभयानक पशुओं से व्याप्त अनेक शिखर युक्त **महापार्वत** का ध्यान कराना चाहिए ॥ ११४ ॥

(ii) मछली एवं कछुआ रूपी बीजों वाला, नव रत्न समन्वित, मेघ के समान कान्तिमान्, कल्लोलों से व्याप्त **महासमुद्र** का स्मरण करना चाहिए ॥ ११५ ॥

(iii) अपने ज्वाला से तीनों लोकों को आक्रान्त करने वाले अद्भुत एवं पीतवर्ण वाले **महाग्नि** का शत्रुनाश के लिए स्मरण करना चाहिए ॥ ११६ ॥

नदीपर्वतवृक्षादिफलिताग्रामसंकुला ।
आधारभूता जगतो ध्येया पृथ्वीह मन्त्रिणा ॥ ११८ ॥
सूर्यादिग्रहनक्षत्रकालचक्रसमन्वितम् ।
निर्मलं गगनं ध्यायेत्प्राणिनामाश्रयप्रदम् ॥ ११९ ॥
एवं षड्देवता ध्यात्वा सहस्राणि तु षोडश ।
जपेन्मन्त्रं दशांशेन षड्द्रव्यैर्होममाचरेत् ॥ १२० ॥
व्रीह्यस्तन्दुलाआज्यं सर्षपाश्च यवास्तिलाः ।
एतैर्हुत्वा यथाभागं पीठे पूर्वोदिते यजेत् ॥ १२१ ॥
अङ्गदिक्पालवज्राद्यैरेवं सिद्धो भवेन्मनुः ।
शत्रूपद्रवमापन्नो युञ्ज्यात्तन्नष्टये मनुम् ॥ १२२ ॥

अस्य मन्त्रस्य प्रयोगकथनम्

अकारं पर्वताकारं धावन्तं शत्रुसम्मुखम् ।
पतनोन्मुखमत्युग्रं प्राच्यां दिशि विचिन्तयेत् ॥ १२३ ॥

यथाभागं सप्तषष्ट्यधिकं शतद्वयं प्रत्येकम् ॥ १२१–१२२ ॥ प्रयोगमाह – **अकारमिति** ॥ १२३–१२४ ॥

(iv) पृथ्वी की उड़ाई गई धूलराशि से द्युलोक एवं भूलोक को मलिन एवं उनकी गति को अवरुद्ध करने वाले प्राण रूप से सारे विश्व को जीवन दान करने वाले **महापवन** का स्मरण करना चाहिए ॥ ११७ ॥

(v) नदी, पर्वत, वृक्षादि, रूप दलों वाली, अनेक प्रकार ग्रामों से व्याप्त समस्त जगत् की आधारभूता **महापृथ्वी** तत्त्व का स्मरण करना चाहिए ॥ ११८ ॥

(vi) सूर्यादि ग्रहों, नक्षत्रों एवं कालचक्र से समन्वित, तथा सारे प्राणियों को अवकाश देने वाले निर्मल **महाआकाश** का ध्यान करना चाहिए ॥ ११९ ॥

इस प्रकार उक्त छः देवताओं का ध्यान कर सोलह हजार की संख्या में उक्त मन्त्र का जप करना चाहिए । तदनन्तर षड्द्रव्यों से दशांश होम करना चाहिए ॥ १२० ॥

१. धान, २. चावल, ३. घी, ४. सरसों, ५. जौ एवं ६. तिल - इन षड्द्रव्यों में प्रत्येक से अपने अपने भाग के अनुसार २६७, २६७ आहुतियाँ देकर पूर्वोक्त पीठ पर इनका पूजन करना चाहिए ॥ १२१ ॥

फिर अङ्गपूजा, दिक्पाल पूजा एवं वज्रादि आयुधों की पूजा करने पर इस मन्त्र की सिद्धि होती है । शत्रु के उपद्रवों से उद्विग्न व्यक्ति को शत्रुनाश के लिए इस मन्त्र का प्रयोग करना चाहिए ॥ १२२ ॥

अकार का ध्यान - पर्वत के समान आकृति वाले शत्रु संमुख दौड़ते हुये एवं उस पर झपटते हुये अकार का पूर्वदिशा में ध्यान करना चाहिए ॥ १२३ ॥

ककारं क्षुब्धकल्लोलं प्लाविताखिलभूतलम्।
समुद्ररूपिणं भीमं प्रतीच्यां दिशि संस्मरेत्॥ १२४॥
वर्णं तदग्रिमं ज्वालासंघव्याप्तनभस्तलम्।
याम्येरब्धजगद्दाहं स्मरेत्प्रलयपावकम्॥ १२५॥
तृतीयवर्गप्रथमं प्रकम्पितजगत्त्रयम्।
युगान्तपवनाकारमुत्तरस्यां दिशि स्मरेत्॥ १२६॥
तुरीयपञ्चमाद्यार्णौ पृथ्वीगगनरूपिणो।
शत्रुवर्गं बाधमानौ चिन्तयेन्नियतात्मवान्॥ १२७॥
तदग्रिमं वर्णयुगं शत्रोर्निःश्वासपद्धतिम्।
निरुन्धानं स्मरेन्मन्त्री विदधद्रिपुमाकुलम्॥ १२८॥
मायादिवर्णत्रितयं शत्रोर्नेत्रश्रुतीमुखम्।
प्रत्येकं तु निरुन्धानं चिन्तयेत्साधकोत्तमः॥ १२९॥
वर्मसंक्षोभितं त्वस्त्रं रिपोराधारदेशतः।
उत्थाप्य वह्निं तद्देहं प्रदहन्समनुस्मरेत्॥ १३०॥

तदग्रिमं चकारं याम्ये दक्षिणस्याम् । रब्ध आरब्धो जगद्दाहो येऽनलंकृतेति वा पाठः ॥ १२५ ॥ तृतीयेति टम् ॥ १२६ ॥ **तुरीयेति** । चतुर्थपञ्चम–वर्गयोरादिमार्णो तंपं ॥ १२७ ॥ तदग्रिमवर्णयुगं द्वयं हं लोमिति ॥ १२८ ॥ मायादिवर्णत्रितयं ह्रीं दुँ स इति ॥ १२९ ॥ वर्मणा हुँकारेण क्षोभितमस्त्रं फट्कारं रिपोराधारादग्निमुत्थाप्य रिपुदहन्तं स्मरेत्॥ १३०॥

समुद्र के समान आकृति वाले अपने तरङ्गों से सारे पृथ्वी मण्डल को बहाते हुये भयङ्कर रूप धारी **ककार** का पश्चिम दिशा में स्मरण करना चाहिए ॥ १२४॥

अपने ज्वाला समूहों से आकाश मण्डल को व्याप्त करते हुए सारे जगत् को जलाने वाले प्रलयाग्नि के समान **चकार** का दक्षिण दिशा में ध्यान करना चाहिए ॥ १२५॥

सारे जगत् को प्रकम्पित करने वाले युगान्त कालीन पवन के समान आकृति वाले तृतीय वर्ग का प्रथमाक्षर **टकार** का उत्तर दिशा में ध्यान करना चाहिए ॥ १२६ ॥

शत्रुवर्ग को बाधित करने वाले चतुर्थ वर्ग के प्रथमाक्षर **तकार** का पृथ्वी रूप में एवं पञ्चम वर्ग के प्रथमाक्षर **पकार** का गगन रूप में जितेन्द्रिय साधक को ध्यान करना चाहिए ॥ १२७ ॥

शत्रु की श्वास प्रणाली को अवरुद्ध कर उसे व्याकुल करते हुये आगे के अग्रिम दो वर्णों (हं लों) का ध्यान करना चाहिए ॥ १२८॥

फिर श्रेष्ठ साधक को शत्रु के नेत्र, मुख एवं कानों को अवरुद्ध करने वाले माया आदि तीन वर्णों का (ह्रीं दुं सः) का ध्यान करना चाहिए । फिर वर्म (हुङ्कार) से

एवं वर्णान् स्मरन्मन्त्रं जपेन्मन्त्रीसहस्रकम् ।
मण्डलत्रितयादर्वाङ् मारयत्येव विद्विषम् ॥ १३१ ॥
एवं यः कुरुते कर्मप्राणायामजपादिभिः ।
संशोधयित्वा स्वात्मानं स्वरक्षायै हरिं स्मरेत् ॥ १३२ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधावन्नपूर्णादि मन्त्रप्रकाशनं नाम नवमस्तरङ्गः ॥ ९ ॥

मण्डलमेकोनपञ्चाशद्दिनानि ॥ १३१ ॥ मारणं कुर्वतः प्रायश्चित्तमाह — एवमिति ॥ १३२ ॥

इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायाम— न्नपूर्णादिनिरूपणं नाम नवमस्तरङ्गः ॥ ९ ॥

संक्षोभित तथा अस्त्र (फट्) से शत्रु को मूलाधार से उठा कर अग्नि में फेक कर उसके शरीर को जलाते हुये दो अक्षर हुं फट् का ध्यान करना चाहिए ॥ १२९-१३० ॥

इस प्रकार मन्त्र के सब वर्णो का आदि के ॐ कार तथा अन्त में स्वाहा इन तीन वर्णो को छोड़कर (मात्र तेरह वर्णो का) ध्यान करने वाला मालिक एक हजार की संख्या में निरन्तर जप करे तो तीन मण्डलों (उन्चास दिन) के भीतर ही वह अपने शत्रु को मार सकता हैं ॥ १३१ ॥

जिसे शत्रुमारण कर्म करना हो उस साधक को प्राणायाम तथा इष्टदेवता के मन्त्र के जप से नित्य आत्मशुद्धि कर लेनी चाहिए तथा अपनी रक्षा के लिए भगवान् विष्णु का स्मरण करते रहना चाहिए ॥ १३२ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के नवम तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ९ ॥

अथ दशमः तरङ्गः

अथ प्रवक्ष्ये शत्रूणां स्तम्भिनी बगलामुखी।

बगलामुखीमन्त्रः

प्रणवो गगनं पृथ्वीशान्तिबिन्दुयुतं बग ॥ १ ॥
लामुखाक्षो गदीसर्वं दुष्टानां वाहलीन्दुयुक्।
मुखंपदं स्तम्भयान्ते जिह्वां कीलय वर्णकाः ॥ २ ॥
बुद्धिं विनाशायान्ते तु बीजं तारोऽग्निसुन्दरी।
षट्[1] त्रिंशदक्षरो मन्त्रो नारदो मुनिरस्य तु ॥ ३ ॥

---

* नौका *

बगलामुखीमाह – **प्रणव** इति । गगनं हः । पृथ्वी लः । शान्तिः ई । बिन्दुश्च तैर्युतं ह्रीं । बगलामुखी स्वरूपम् । गदी खः । साक्ष इयुतः खि । 'सर्व–दुष्टानां वा' स्वरूपम् । इन्दुयुक् हली चं । मुखं पदमित्यादि स्वरूपम् । बीजं ह्रीं । तार ॐ अग्निसुन्दरी स्वाहा ॥ १–३ ॥

---

* अरित्र *

अब शत्रुओं के मुख पीठ जिस्वा आदि का स्तम्भन करने वाले **बगलामुखी का मन्त्र** बतलाता हूँ ।

प्रणव (ॐ), शान्ति (ई) एवं बिन्दु (अनुस्वार), के सहित गगन (ह्), अर्थात् (ह्रीं), फिर 'बगलामु', फिर साक्ष इकार युक्त गदी (ख) अर्थात् (खि), फिर 'सर्वदुष्टानां वा', फिर इन्दु (अनुस्वार) युक् हली (च) अर्थात् (चं), फिर 'मुखं पदं स्तम्भय' के बाद 'जिस्वां कीलय बुद्धिं विनाशय', फिर बीज (ह्रीं), तार (ॐ), फिर अग्निसुन्दरी (स्वाहा) लगाने से छत्तिस अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १-३ ॥

विमर्श – इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – 'ॐ ह्रीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिस्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्रीं ॐ स्वाहा' ॥ १-३ ॥

इस मन्त्र के नारद ऋषि हैं, बृहती छन्द है, बगलामुखी देवता हैं, मन्त्र के

---

१. ॐ ह्रीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तंभय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्रीं ॐस्वाहेति षट्त्रिंशदर्णः ।

छन्दोऽपिबृहती ज्ञेयं देवताबगलामुखी ।
नेत्राक्षसायकनवपञ्चकाष्ठाभिरङ्गकम् ॥ ४ ॥

ध्यानजपादिविधानम्

सौवर्णासनसंस्थितां त्रिनयनां पीतांशुकोल्लासिनीं
हेमाभाङ्गरुचिं शशाङ्कमुकुटां सच्चम्पकस्रग्युताम् ।
हस्तैर्मुद्गरपाश वज्ररसनाः सम्बिभ्रतीं भूषणै
र्व्याप्ताङ्गीं बगलामुखीं त्रिजगतां संस्तम्भिनीं चिन्तयेत् ॥ ५ ॥
एवं ध्यात्वा जपेल्लक्षमयुतं चम्पकोद्भवैः ।
कुसुमैर्जुहुयात् पीठे पूर्वोक्ते पूजयेदिमाम् ॥ ६ ॥
चन्दनागुरुचन्द्राद्यैः पूजार्थं यन्त्रमालिखेत् ।
त्रिकोणषड्दलाष्टास्रषोडशारधरापुरम् ॥ ७ ॥

षडङ्गमाह – **नेत्रेति** । अक्षाणि पञ्च ॥ ४ ॥ ध्यानमाह – **सौवर्णेति** । मुद्गरवज्रौ दक्षयोः । पाशरिपुजिह्वे वामयोः ॥ ५ ॥ * ॥ ६–८ ॥

२, ५, ५, ६, ५, एवं १० अक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ३-४ ॥

विमर्श - विनियोग - 'ॐ अस्य श्रीबगलामुखीमन्त्रस्य नारदऋषिः बृहतीछन्दः बगलामुखीदेवता शत्रूणां स्तम्भनार्थे जपे विनियोगः' ।

षडङ्गन्यास - ॐ ह्रीं हृदयाय नमः, ॐ बगलामुखि शिरसे स्वाहा,
ॐ सर्वदुष्टानां शिखायै वषट्, ॐ वाचं मुखं पदं स्तम्भय कवचाय हुम्
ॐ जिह्वां कीलय नेत्रत्रयाय वौषट्,
ॐ बुद्धिं विनाशय ह्रीं, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ३-४ ॥

अब **बगलामुखी देवी का ध्यान** कहते हैं -

सुवर्ण निर्मित सिंहासन पर विराजमान, तीन नेत्रों वाली पीत वस्त्र से उदीप्त सुवर्ण के समान आभा वाली, चन्द्रकला युक्त मुकुट धारण की हुई, चम्पक की माला पहने हुये, अपने हाथों में मुद्गर, पाश, वज्र एवं शत्रु की जीभ लिए हुये, अपने समस्त अङ्गों में भूषण धारण किये हुये, तीनों लोकों को स्तम्भित करने वाली बगलामुखी का ध्यान करना चाहिए ॥ ५ ॥

इस प्रकार ध्यान कर उक्त मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए । चम्पा के फूलों से दश हजार आहुतियाँ देनी चाहिए, तथा पूर्वोक्त पीठ पर इनका पूजन करना चाहिए । (द्र० ६.६) ॥ ६ ॥

अब **बगलामुखी का पूजन यन्त्र** कहते हैं - त्रिकोण, षड्दल, अष्टदल, षोडशदल एवं भूपुर से संयुक्त पूजायन्त्र को चन्दन, अगरु, कपूर आदि अष्टगन्ध

मध्ये सम्पूजयेद् देवीं कोणे सत्त्वादिकान्गुणान् ।
षट्कोणेषु षडङ्गानि मातृभैरवसंयुता ॥ ८ ॥
सम्पूज्याऽष्टदले पद्मे षोडशारे यजेदिमाः ।

अष्टषोडशपीठदेवताकथनम्

मङ्गलास्तम्भिनी चैव जृम्भिणीमोहिनी तथा ॥ ९ ॥
वश्याचलाबलाका च भूधराकल्मषाभिधा ।
धात्री च कलनाकालकर्षिणीभ्रामिकाऽपि च ॥ १० ॥
मन्दगमना च भोगस्था भाविका षोडशी स्मृता ।
भूगृहस्य चतुर्दिक्षु पूर्वादिषु यजेत् क्रमात् ॥ ११ ॥
गणेशं बटुकं चापि योगिनीं क्षेत्रपालकम् ।
इन्द्रादींश्च ततो बाह्ये निजायुधसमन्वितान् ॥ १२ ॥
इत्थं सिद्धमनुर्मन्त्री स्तम्भयेद् देवतादिकान् ।

भैरवसंयुतामातृरष्टदले सम्पूज्य षोडशदले इमा मङ्गलाद्या यजेत् ॥ ९–१२ ॥ * ॥ १३–१७ ॥

के द्रव्यों से निर्माण करना चाहिए ॥ ७ ॥

अब **यन्त्र पूजा की विधि** कहते हैं - **मध्य में** देवी की पूजा तथा **त्रिकोण में** सत्त्व, रज, तम आदि तीनों गुणों की, **षट्कोण में** षडङ्गपूजा तथा **अष्टदल में** भैरवों के साथ मातृकाओं का पूजन करना चाहिए ॥ ८ ॥

बगलामुखीपूजनयन्त्रम्

सोलह दल में १. मङ्गला, २. स्तम्भिनी, ३. जृम्भिणी, ४. मोहिनी, ५. वश्या, ६. चला, ७. बलाका, ८. भूधरा, ९. कल्मषा, १०. धात्री, ११. कलना, १२. कालकर्षिणी, १३. भ्रामिका, १४. मन्दगमना, १५. भोगस्था एवं १६. भाविका - इन सोलह शक्तियों की पूजा करनी चाहिए ॥ ९-११ ॥

भूपुर के पूर्वादि चारों दिशाओं में गणेश, बटुक, योगिनी एवं क्षेत्रपाल का पूजन करे । फिर उसके बाहर अपने अपने आयुधों के सहित इन्द्रादि दश दिक्पालों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक,

देवता, भूत, प्रेत, पिशाचादि सभी को स्तम्भित कर देता है ॥ ११-१३ ॥

विमर्श - आवरण पूजा - १०. ५ में वर्णित स्वरूप का साधक ध्यान कर मानसोपचार से विधिवत् पूजन कर शंख का अर्घ्यपात्र स्थापित करे । फिर ६-६ की रीति से पीठ पूजा कर मूल मन्त्र से देवी की मूर्त्ति की कल्पना कर पुष्प, धूपादि उपचार समर्पित कर पुष्पाञ्जलि समर्पित करे । तदनन्तर उनकी अनुज्ञा ले कर यन्त्र पर आवरण पूजा करे ।

सर्वप्रथम **त्रिकोण में** मूलमन्त्र द्वारा देवी बगलामुखी की पूजा करे । फिर त्रिकोण में सत्त्व रज और तम इन तीनों गुणों की यथा -

ॐ सं सत्त्वाय नमः, ॐ रं रजसे नमः, ॐ तं तमसे नमः ।

इसके पश्चात् **षट्कोण में** षडङ्गपूजा - यथा -

ॐ ह्रीं हृदयाय नमः ॐ बगलामुखि शिरसे स्वाहा,
ॐ सर्वदुष्टानां शिखायै वषट् ॐ वाचंमुखं पदं स्तम्भय कवचाय हुं,
ॐ जिह्वां कीलय नेत्रत्रयाय वौषट्,
ॐ बुद्धिं विनाशय ह्रीं ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ।

इसके बाद अष्टदल में अष्ट भैरवों सहित ब्राह्मी आदि अष्टमातृकाओं की पूजा करनी चाहिए -

१ - ॐ असिताङ्गब्राह्मीभ्यां नमः ५ - ॐ उन्मत्तवाराहीभ्यां नमः
२ - ॐ रुरुमाहेश्वरीभ्यां नमः ६ - ॐ कपालीन्द्राणीभ्यां नमः
३ - ॐ चण्डकौमारीभ्यां नमः ७ - ॐ भीषणचामुण्डाभ्यां नमः
४ - ॐ क्रोधवैष्णवीभ्यां नमः ८ - ॐ संहारमहालक्ष्मीभ्यां नमः

इसके बाद षोडशदल में मङ्गला आदि शक्तियों की पूजा करनी चाहिए ।

१. ॐ मङ्गलायै नमः, ७. ॐ बलाकायै नमः, १३. ॐ भ्रामिकायै नमः,
२. ॐ स्तम्भिन्यै नमः, ८. ॐ भूधरायै नमः, १४. ॐ मन्दगमनायै नमः,
३. ॐ जृम्भिण्यै नमः ९. ॐ कल्मषायै नमः, १५. ॐ भोगस्थायै नमः,
४. ॐ मोहिन्यै नमः, १०. ॐ धात्र्यै नमः, १६. ॐ भाविकायै नमः,
५. ॐ वश्यायै नमः, ११. ॐ कलनायै नमः,
६. ॐ चलायै नमः, १२. ॐ कालकर्षिण्यै नमः,

फिर भूपुर के पूर्वादि चारों दिशाओं में क्रमशः गणेश, बटुक, योगिनी एवं क्षेत्रपाल की पूजा करनी चाहिए -

ॐ गं गणपतये नमः, पूर्वे, ॐ बं बटुकाय नमः, दक्षिणे,
ॐ यं योगिनीभ्यो नमः, पश्चिमे, ॐ क्षं क्षेत्रपालाय नमः, उत्तरे,

इसके पश्चात भूपुर के बाहर अपनी अपनी दिशाओं में इन्द्रादि दश दिक्पालों की पूजा करनी चाहिए -

ॐ इन्द्राय नमः पूर्वे, ॐ अग्नये नमः आग्नेये, ॐ यमाय नमः दक्षिणे,

पीतवस्त्रस्तदासीनः पीतमाल्यानुलेपनः ॥ १३ ॥
पीतपुष्पैर्यजेद् देवीं हरिद्रोत्थस्रजा जपन् ।
पीतां ध्यायन् भगवतीं प्रयोगेष्वयुतं जपेत् ॥ १४ ॥

अस्य मन्त्रस्य नानाविधानेन नानासिद्धयः

त्रिमध्वक्ततिलैर्होमो नृणां वश्यकरो मतः ।
मधुरत्रितयाक्तैः स्यादाकर्षो लवणैर्ध्रुवम् ॥ १५ ॥
तैलाभ्यक्तैर्निम्बपत्रैर्होमो विद्वेषकारकः ।
काललोणहरिद्राभिर्द्विषां संस्तम्भनं भवेत् ॥ १६ ॥
अङ्गारधूमं राजीश्च माहिषं गुग्गुलुं निशि ।
श्मशानपावके हुत्वा नाशयेदचिरादरीन् ॥ १७ ॥

ॐ निर्ऋतये नमः नैर्ऋत्ये, ॐ वरुणाय नमः पश्चिमे, ॐ वायवे नमः वायव्ये,
ॐ सोमाय नमः उत्तरे, ॐ ईशानाय नमः ऐशान्यां,
ॐ ब्रह्मणे नमः पूर्वेशानयोर्मध्ये, ॐ अनन्ताय नमः पश्चिमनैर्ऋत्ययोर्मध्ये

फिर दिक्पालों के पास उनके अपने अपने वज्रादि आयुधों की

इन्द्रसमीपे वज्राय नमः, अग्निसमीपे शक्तये नमः,
यमसमीपे दण्डाय नमः, निर्ऋतिसमीपे खड्गाय नमः,
वरुणसमीपे पाशाय नमः, वायुसमीपे आकशाय नमः,
सासमीपे गदायै नमः, ईशानसमीपे शूलाय नमः,
ब्रह्मणःसमीपे पद्माय नमः अनन्तसमीपे चक्राय नमः ॥ १२ ॥

इस प्रकार आवरण पूजा कर धूपदीपादि उपचारों से विधिवत् देवी की पूजा कर यथासंख्य नियमित जप करना चाहिए ॥ ११-१३ ॥

अब **बगलामुखी के जप के लिए विशेष प्रकार** कहते हैं -

साधक पीला व्रस्त्र पहन कर, पीले आसन पर बैठकर, पीली माला धारण कर, पीला चन्दन लगाकर, पीले पुष्पों से देवी की पूजा करे, तथा पीतवर्णा देवी का ध्यान भी करे, काम्य प्रयोगों में हल्दी की माला का प्रयोग करे तथा १० हजार की संख्या में जप करे ॥ १३-१४ ॥

त्रिमधु (शहद्, शर्करा, दूध) मिश्रित तिलों के होम से मनुष्यों को वश में किया जाता है । त्रिमधु मिश्रित लवण के होम से निश्चित रूप से आकर्षण होता है । तेलाभ्यक्त नीम के पत्तों के होम से विद्वेषण होता है । लाल लोण एवं हरिद्रा के होम से शत्रु वर्ग का स्तम्भन होता है, श्मशान की अग्नि में रात्रि के समय अङ्गार, धूप, राजी (राई) मैंसा, गुग्गुल की आहुतियाँ देने से शत्रुओं का नाश होता है । चिता की अग्नि में गिद्ध एवं कौवे के पंख का, सरसों का

गरुतो गृध्रकाकानां कटुतैलं बिभीतकम् ।
गृहधूमं चितावह्नौ हुत्वा प्रोच्चाटयेद् रिपून् ॥ १८ ॥
दूर्वागुडूचीलाजान् यो मधुरत्रितयान्वितान् ।
जुहोति सोखिलान् रोगाञ्छमयेद् दर्शनादपि ॥ १६ ॥
पर्वताग्रे महारण्ये नदीसङ्गे शिवालये ।
ब्रह्मचर्यव्रतो लक्षं जपेदखिलसिद्धये ॥ २० ॥
एकवर्णगवीदुग्धं शर्करामधुसंयुतम् ।
त्रिशतं मन्त्रितं पीतं हन्याद्विषपराभवम् ॥ २१ ॥
श्वेतपालाशकाष्ठेन रचिते रम्यपादुके ।
अलक्तरञ्जिते लक्षं मन्त्रयेन्मनुनाऽमुना ॥ २२ ॥
तदारूढः पुमान् गच्छेत् क्षणेन शतयोजनम् ।
पारदं च शिलां तालपिष्टं मधुसमन्वितम् ॥ २३ ॥
मनुना मन्त्रयेल्लक्षं लिपेत्तेनाखिलान् तनुम् ।
अदृश्यः स्यान्नृणामेष आश्चर्यं दृश्यतामिदम् ॥ २४ ॥

यन्त्रादिसाधनप्रकारः

षट्कोणे विलिखेद् बीजं साध्यनामान्वितं मनोः ।
हरितालनिशाचूर्णैरुन्मत्तरससंयुतैः ॥ २५ ॥

गरुत् पक्षान् ॥ १८ ॥ * ॥ १६–२४ ॥ यन्त्रमाह – **षट्कोण** इति ।

तेल तथा बहेड़ा एवं गृहधूम का होम करने से शत्रु का उच्चाटन होता है । मधुरत्रय मिश्रित दूर्वा, गुडूची एवं लाजा का जो व्यक्ति होम करता है उसके दर्शन मात्र से रोग ठीक हो जाते हैं । पर्वत के शिखर पर, घोर जङ्गल में, नदी के सङ्गम पर तथा शिवालय में ब्रह्मचर्य व्रत पूर्वक एक लाख बगलामुखी मन्त्र का जप करने से सारी सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं ॥ १५-२० ॥

एक वर्णा गाय के दूध में शर्करा एवं मधु मिलाकर ३०० की संख्या में मूल मन्त्राभिमन्त्रित कर उसे पीने से शत्रु के द्वारा पराभव नही होता है । सफेद पलाश की लकड़ी से बनी मनोहर पादुकाओं को आलता से रंग देवे । फिर इस मन्त्र से एक लाख बार अभिमन्त्रित करे । इस प्रकार की पादुका पहिन कर चलने से मनुष्य क्षण मात्र में सौ योजन की दूरी पार कर लेता है । मधु युक्त पारा, मैनसिल एवं ताल को पीस कर इस मन्त्र से एक लाख बार अभिमन्त्रित कर उसे अपने सर्वाङ्ग में लेप करे तो वह व्यक्ति मनुष्यों के बीच में रहकर भी उन्हें दिखाई नहीं देता, जिसे इच्छा हो वह ऐसा करके देख सकता है ॥ २१-२४ ॥

शेषाक्षरैः समावीतं धरागेहविराजितम् ।
तद्यन्त्रं स्थापितप्राणं पीतसूत्रेण वेष्टयेत् ॥ २६ ॥
भ्राम्यत् कुलालचक्रस्थां गृहीत्वा मृत्तिकां तया ।
रचयेद् वृषभं रम्यं यन्त्रं तन्मध्यतः क्षिपेत् ॥ २७ ॥
हरितालेन संलिप्य वृषं प्रत्यहमर्चयेत् ।
स्तम्भयेद्विद्विषां वाचं गतिं कार्यपरम्पराम् ॥ २८ ॥
आदाय वामहस्तेन प्रेतभूमिस्थखर्परम् ।
अङ्गारेण चितास्थेन तत्र यन्त्रं समालिखेत् ॥ २६ ॥
मन्त्रितं निहितं भूमौ रिपूणां स्तम्भयेद् गतिम् ।
प्रेतवस्त्रे लिखेद्यन्त्रमङ्गारेणैव तत्पुनः ॥ ३० ॥

धत्तूररसाक्तहरिद्राचूर्णेन षट्कोणेऽमुकं स्तंभ्येति वर्णयुतं ह्रीमिति बीजं विलिख्य मन्त्रशेषार्णैः संवेष्ट्योपरि चतुरस्रेण वेष्टितं पीतसूत्रवीतं कृत्वा भ्रमत्कुम्भकार–चक्रस्थमृदारचितवृषोदरे प्रक्षिप्य हरितालेन संलिप्य वृषं प्रत्यहं पूजयेत् । स्तम्भनफलम् ॥ २५ ॥ * ॥ २६–३१ ॥

हरिताल एवं हल्दी के चूरे में धतूरे का रस मिलाकर उससे निर्मित षट्कोण में उसी से ह्रीं बीज लिखकर जिस शत्रु का स्तम्भन करना हो उसका द्वितीयान्त (अमुकं) नाम लिखकर पुनः 'स्तम्भय' लिखे । शेष मन्त्राक्षरों को भूपुर में लिखकर चारों ओर उसे भूपुर से घेर देवें । उसमें प्राण प्रतिष्ठा कर पीले धागे से उसे घेर देवें । पुनः धूमती हुई कुम्हार की चाक से मिट्टी लेकर सुन्दर बैल बनावे तथा उसके पेट में उस यन्त्र को रखकर, उस पर हरताल का लेप कर, प्रतिदिन उस बैल की पूजा करता रहे तो ऐसा करने से शत्रुओं की वाणी, गति और समस्त कार्य की परम्परा स्तम्भित हो जाती है ॥ २५-२८ ॥

बगलामुखीस्तम्भनयन्त्रम्

श्मशान स्थान स्थित किसी खपड़े को बायें हाथ में लेकर उस पर चिता के अंगार से बगलामुखी यन्त्र बनावे । पुनः बगलामुखी मन्त्र से अभिमन्त्रित कर उसे शत्रु की जमीन में

मण्डूकवदने न्यस्येत् पीतवस्त्रेण वेष्टितम्।
पूजितं पीतपुष्पैस्तद् वाचं संस्तम्भयेद् द्विषाम्॥ ३१॥
यद्भूमौ भविता दिव्यं तत्र यन्त्रं समालिखेत्।
मार्जितं तद्वृषापत्रैर्दिव्यस्तम्भनकृद् भवेत्॥ ३२॥
इन्द्रवारुणिकामूलं सप्तशो मनुमन्त्रितम्।
क्षिप्तं जले दिव्यकृतां जलस्तम्भनकारकम्॥ ३३॥
किम्भूरिणा साधकेन मन्त्रः सम्यगुपासितः।
शत्रूणां गतिबुद्ध्यादेः स्तम्भनो नात्रसंशयः॥ ३४॥

स्वप्नवाराहीजनवशकरणो मन्त्रः

उच्यते स्वप्नवाराही जनतावशकारिणी।
वेदादिबीजं माया च हृद् दीर्घौ जलपावकौ॥ ३५॥
खं सदृक्सद्ययुग्मेधारे स्वप्नं सर्गिणौ च ठौ।
कृशानुवल्लभां तोयं मन्त्रः पञ्चदशाक्षरः[1]॥ ३६॥

वृषा आटरूषकः॥ ३२–३४॥ स्वप्नवाराहीमाह – **वेदादीति** । वेदादिबीजान् ॐ । माया ह्रीं । हृत् नमः । जलं वः । पावको रः । तौ दीघौ वारा । सदृक् खं हः हि । मेधा घः । सद्ययुक् ओयुता घो । रेस्वप्नं स्वरूपम् । सर्गिणौ ठौ । ठः ठः । कृशानुवल्लभाय स्वाहा॥ ३५–३७॥

गाड़ देवे तो उसकी गति स्तम्भित हो जाती है । कफन पर चिता के अङ्गार से यन्त्र निर्माण करे । फिर उस यन्त्र को मेढक के मुख में रखकर उसे पीले कपड़े से बाँध देवे । तदनन्तर पीले पुष्पों से पूजित करे, तो शत्रुवर्ग की वाणी स्तम्भित हो जाती है॥ २९-३१॥

जो भूमि दिव्य (उत्तम देवसम्बन्धी) हो, वहाँ इस यन्त्र को लिखें, फिर वृषापत्र (अडूसे) के पत्तों से उसे मार्जित करे तो वह देवता लोगों को भी स्तम्भित कर देता है॥ ३२॥

इन्द्र वारुणी नामक लता के मूल को सात बार इस मन्त्र से अभिमन्त्रित करे और उसे किसी देवस्थान के जल में अथवा दिव्य नदी में डाल देवें तो उससे जल का स्तम्भन हो जाता है॥ ३३॥

विशेष क्या कहें साधक के द्वारा सम्यगुपासित होने पर यह मन्त्र शत्रुओं की गतिविधि एवं उनकी बुद्धि को स्तम्भित कर देता है इसमें संदेह नहीं॥ ३४॥

अब जनसमूहों को वश में करने वाली **स्वप्न वाराही का मन्त्र** कहते हैं -

वेदादि (ॐ), मायाबीज (ह्रीं), हृद् (नमः), फिर दीर्घ युक्त जल एवं

ईश्वरो जगती स्वप्नवाराही मुनिपूर्वकाः ।
तारो बीजं च हृल्लेखाशक्तिष्ठौ कीलकं मतम् ॥ ३७ ॥
द्विपञ्चनेत्रहस्ताक्षियुग्मार्णैरङ्गकं मनोः ।
पादलिङ्गकटी कण्ठगण्डाक्षिश्रुतिनासिके ।
विन्यस्य मन्त्रजान् वर्णांश्चिन्तयेत् परदेवताम् ॥ ३८ ॥

वर्णन्यासमाह – पादेति । लिङ्गे कण्ठे मूर्ध्नि एकैकः । अन्यत्र द्वौ द्वौ ॥ ३८ ॥

पावक (वारा), तदनन्तर सदृक् ख (हि), फिर सद्ययुक् मेधा (घो), फिर 'रे स्वप्नं', फिर विसर्ग सहित दो ठ (ठः ठः), इसके अन्त में कृशानुवल्लभा (स्वाहा) लगा देने से १५ अक्षरों का मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ३५-३६ ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – 'ॐ ह्रीं नमः वाराहि घोरे स्वप्नं ठः ठः स्वाहा' (१५) ॥ ३५-३६ ॥

इस मन्त्र के ईश्वर ऋषि हैं, जगती छन्द है, स्वप्नवाराही देवता हैं, प्रणव (ॐ) बीज है, हृल्लेखा (ह्रीं) शक्ति है तथा ठकार द्वय कीलक है ॥ ३७ ॥

विनियोग – ॐ अस्य श्री स्वप्न वाराही मन्त्रस्य ईश्वर ऋषि हैं जगती छन्द हैं स्वप्न वाराही देवता ॐ बीजं ह्रीं शक्तिं ठः ठः कीलकं स्वाभीष्ट सिद्ध्यर्थं जपे विनियोग ॥ ३७ ॥

अब **स्वप्नवाराही का षडङ्गन्यास** कहते हैं – द्वि (२), पञ्च (५), नेत्र (२), हस्त (२), अक्षि (२), युग्म (२) अक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । फिर पैर, लिङ्ग, कटि, कण्ठ, गाल, नेत्र, कान, नासिका, एवं शिर – इन १५ स्थानों में मन्त्र के प्रत्येक वर्णो का न्यास करना चाहिए, तदनन्तर महादेवी का ध्यान करना चाहिए ॥ ३८ ॥

विमर्श – षडङ्गन्यास –

ॐ ह्रीं हृदयाय नमः, ॐ नमो वाराहि शिरसे स्वाहा,
ॐ घोरे शिखायै वषट्, ॐ स्वप्नं कवचाय हुं,
ॐ ठः ठः नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ।

अब **वर्णन्यास** की विधि कहते हैं –

ॐ नमः दक्षपादे, ह्रीं नमः वामपादे, नं नमः लिङ्गे,
मों नमः दक्षकटौ, वां नमः वामकटौ, रां नमः कण्ठे,
हिं नमः दक्षगण्डे, घों नमः वामगण्डे , रें नमः दक्षनेत्रे,
स्वं नमः वामनेत्रे, प्नं नमः दक्षकर्णे, ठः नमः वामकर्णे
ठः नमः दक्षनासायाम्, स्वां नमः वामनासायाम्,
ह्रीं नमः मूर्ध्नि ॥ ३८ ॥

ध्यानजपपीठदेवतादिपूजाकथनम्

मेघश्यामरुचिं मनोहरकुचां नेत्रत्रयोद्भासितां
कोलास्यां शशिशेखरामचलयादंष्ट्रातले शोभिनीम् ।
बिभ्राणां स्वकराम्बुजैरसिलतां चर्मापि पाशं सृणिं
वाराहीमनुचिन्तयेद्धयवरारूढां शुभालंकृतिम् ॥ ३६ ॥

लक्षं जपेद् दशांशेन नीलपद्मैस्तिलैः शुभैः ।
जुहुयात् पूर्वसम्प्रोक्ते पीठे सम्पूजयेदिमाम् ॥ ४० ॥
त्रिकोणे तां समाराध्य षट्कोणेष्वङ्गदेवताः ।
षोडशारे यजेच्छक्तीर्वक्ष्यमाणास्तु षोडश ॥ ४१ ॥
उच्चाटनी तदीशी च शोषणी शोषणीश्वरी ।
मारणी मारणीशी च भीषणी भीषणीश्वरी ॥ ४२ ॥
त्रासनी त्रासनीशी च कम्पनी कम्पनीश्वरी ।
आज्ञाविवर्तिनीपश्चादाज्ञाविवर्तिनीश्वरी ॥ ४३ ॥
वस्तुजातेश्वरी चाथ सर्वसम्पादनीश्वरी ।
एताः पूज्याश्चतुर्थ्यन्ताः प्रणवाद्या नमोन्विताः ॥ ४४ ॥

ध्यानमाह – **मेघेति** । कोलास्यां वराहवदनाम् । दंष्ट्रातले वर्तमानयाऽ–चलया वसुधया शोभिताम् । असिलतां कुशौ दक्षयोः ॥ ३६ ॥ * ॥ ४०–४६ ॥

अब **वाराही देवी का ध्यान** कहते हैं -

काले मेघ के समान श्याम वर्ण वाली, मनोहर कुचों से युक्त, अपने तीन नेत्रों से प्रदीप्त, वाराही जैसे मुख वाली, अपने मस्तक पर चन्द्रकला धारण किये हुये, पृथ्वी को अपने दाँत से धारण करने के कारण शोभा युक्त तथा हाथों में तलवार, ढाल, पाश एवं अंकुश धारण किये हुये, घोड़े पर सवार, नाना अलङ्कारों से सुशोभित इस प्रकार के वाराही का ध्यान करना चाहिए ॥ ३६ ॥

उक्त मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए । अत्यन्त कल्याणकारी नीलपद्म मिश्रित तिलों से दशांश होम करना चाहिए तथा पूर्वोक्त पीठ पर इनका पूजन करना चाहिए ॥ ४० ॥

त्रिकोण में देवी की पूजा करे । फिर ६ कोणों में अङ्गपूजा करे और षोडशदलों में वक्ष्यमाण १६ शक्तियों की पूजा करनी चाहिए । १. उच्चाटनी, २. उच्चाटनीश्वरी, ३. शोषणी, ४. शोषणीश्वरी, ५. मारणी, ६. मारणीश्वरी, ७. भीषणी, ८. भीषणीश्वरी, ९. त्रासनी, १०. त्रासनीश्वरी, ११. कम्पनी, १२. कम्पनीश्वरी, १३. आज्ञाविवर्त्तिनी, १४. आज्ञाविवर्त्तिनीश्वरी, १५. वस्तुजातेश्वरी एवं १६. सर्वसंपादनीश्वरी

यन्त्रादिप्रयोगसाधनकथनम्

यजेदष्टदले पद्मे मातृभैरवसंयुताः ।
लोकपालान्दशदले द्वितीये हेतिसंयुतान् ॥ ४५ ॥

इन १६ शक्तियों को चतुर्थ्यन्त विभक्ति लगाकर अन्त में 'नमः' तथा आदि में प्रणव लगाकर पूजा करना चाहिए ॥ ४१-४४ ॥

स्वप्नवाराहीपूजनयन्त्रम्

अष्टदल में भैरव सहित, ८ मातृकाओं की, दश दल में इन्द्रादि दश दिक्पालों की, तथा द्वितीय दशदल में उनके आयुधों की पूजा करनी चाहिए ॥ ४५ ॥

विमर्श - पूजा प्रयोग - प्रथम १०.३६ में बताये गये स्वरूप के अनुसार देवी का ध्यान करे । मानसोपचार से उनका पूजन करे । इसके बाद शंख का अर्घ्यपात्र स्थापित कर ६. ६ में बताई गई रीति से पीठदेवता और पीठशक्तियों का पूजन कर 'ॐ ह्रीं सर्वशक्तिकमलासनायै नमः' मन्त्र से देवी को आसन रखे । पुनः मूलमन्त्र से देवी की मूर्त्ति की कल्पना कर धूपदीपादि समर्पित कर पुष्पाञ्जलि प्रदान करे । तदनन्तर उनकी आज्ञा ले यन्त्र पर आवरण पूजा प्रारम्भ करे ।

आवरण पूजा विधि - सर्वप्रथम त्रिकोण में मूलमन्त्र से देवी का पूजन करे। फिर षट्कोण में १०. ३६ में बताई गई रीति से षडङ्गन्यास करे । इसके बाद षोडशदलों में १६ शक्तियों की पूर्वादि दिशाओं के क्रम से इस प्रकार पूजा करे ।

ॐ उच्चाटन्यै नमः, ॐ उच्चाटनीश्वर्यै नमः, ॐ शोषिण्यै नमः,
ॐ शोषणीश्वर्यै नमः, ॐ मारण्यै नमः, ॐ मारणीश्वर्यै नमः,
ॐ भीषण्यै नमः, ॐ भीषणीश्वर्यै नमः, ॐ त्रासिन्यै नमः,
ॐ त्रासनीश्वर्यै नमः, ॐ कम्पिन्यै नमः, ॐ कम्पिनीश्वर्यै नमः,
ॐ आज्ञाविवर्त्तिन्यै नमः, ॐ आज्ञाविवर्त्तिनीश्वर्यै नमः,
ॐ वस्तुजातेश्वर्यै नमः, ॐ सर्वसम्पादनीश्वर्यै नमः,

फिर अष्टदलों में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से असिताङ्गादि ८ भैरवों के साथ ब्राह्मी आदि आठ मातृकाओं की पूजा करनी चाहिए ।

ॐ असिताङ्गब्राह्मीभ्यां नमः, ॐ रुरुमाहेश्वरीभ्यां नमः,
ॐ चण्डकौमारीभ्यां नमः, ॐ क्रोधवैष्णवीभ्यां नमः,
ॐ उन्मत्तवाराहीभ्यां नमः, ॐ कपालीइन्द्राणीभ्यां नमः,
ॐ भीषणचामुण्डाभ्यां नमः, ॐ संहारमहालक्ष्मीभ्यां नमः ।

एवं सिद्धं मनुं मन्त्री काम्यकर्मणि योजयेत्।
तर्पयेन्नारिकेलोत्थैर्जलैस्तीर्थोद्भवैरपि ॥ ४६ ॥
मानयेत्तरुणीवर्गान् सर्वकामार्थसिद्धये।
कृष्णपक्षेष्टमीघस्रे भूताहे वा कृतव्रतः ॥ ४७ ॥
चतुष्पथान्नदीकूलद्वयात् कौलालवेश्मनः।
मृदमानीय धत्तूररससंयुक्तया तया ॥ ४८ ॥
रचयेत्पुत्तलीं रम्यां साध्यासुस्थापनान्विताम्।
ततः प्रेताम्बरे यन्त्रं नृकाकाजासृजा लिखेत् ॥ ४६ ॥
चिताङ्गारयुजायोनिं षट्कोणं भूपुरान्वितम्।
तदन्तमन्त्रमालिख्य वेष्टयेन्मनुनामुना ॥ ५० ॥
साध्यमुच्चाटययुगं शोषयद्वितयं ततः।
मारयद्वितयं चाथ भीषयद्वितयं ततः ॥ ५१ ॥

कृष्ण पक्ष इत्यारभ्य वशगा ध्रुवमित्यन्त एको वश्यार्थं प्रयोगः ॥ ४७–४८ ॥ नृकाकाजानां नरवायसमेषाणामसृजा रुधिरेण ॥ ४६–५० ॥ वेष्टनमन्त्रमाह – **साध्यमिति** ॥ ५१ ॥

तदनन्तर दश दलों में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से इन्द्रादि दश दिक्पालों को तथा द्वितीय दश दलों में उनके वज्रादि आयुधों की पूर्ववत् पूजा करे (द्र० १०. १२) इस प्रकार आवरण पूजा कर धूपदीपादि समस्त उपचारों से देवी का पूजन कर पुरश्चरण विधि से जप करे । पुरश्चरण हो जाने पर मन्त्र सिद्ध हो जाता है । तदनन्तर काम्य प्रयोग करना चाहिए ॥ ४१-४५ ॥

मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक अपनी सभी कामनाओं एवं मनोरथ की सफलता के लिए नारियल के जल अथवा तीर्थोदक से इस मन्त्र द्वारा देवी का तर्पण करे और तरुणीजनों का सम्मान करे ॥ ४६-४७ ॥

द्वितीयन्यास – १ श्रीं नमः शिखायाम् २. ह्रीं नमः शिरसि,
३. क्लीं नमः ललाटे,
४. ऐं नमः भुवोः
५. सौः नमः नासायाम्,
६. ॐ नमः वक्त्रे
७. ह्री नमः दक्षिण बाहुमूले,
८. श्रीं नमः दक्षिणा कूर्परे
९. कएईलह्रीं नमः दक्षिणमणिबन्धे
१०. हसकहलह्रीं नमः अङ्गुलिमूले
११. सकलह्रीं नमः अङ्गुल्यग्रे
१२. सौः नमः वामबाहुमूले
१३. ऐं नमः वामकूर्परे
१४. क्लीं नमः वाममणिबन्धे
१५. ह्रीं नमः अङ्गुलिमूले
१६. श्रीं नमः अंगुल्यग्रे

ग्रहरूपिणीसुन्दरी देवता । ध्यानम् -

रक्तं श्वेतं तथा रक्तं श्यामं पीतं च पाण्डुरम् ।
धूम्रकृष्णं च धूम्रं च धूमधूम्रं विचिन्तयेत् ॥
रवि मुख्यान् कामरूपान् सर्वाभरणभूषितान् ।
वामोरुन्यस्त हस्तांश्च दक्षिणेन वरप्रदान् ॥

एवं ध्यात्वा मातृकापूर्वान् ग्रहान् न्यसेत् । अं १६ सूर्याय रेणुकाम्बायै नमः हृदि ॥ १ ॥ यं ४ चन्द्रायामृताम्बायै नमः भ्रूमध्ये ॥ २ ॥ कं ५ मङ्गलाय धामाम्बायै नमो नेत्रयोः ॥ ३ ॥ चं ५ बुधाय ज्ञानरूपाम्बायै नमो हृदि ॥ ५ ॥ टं ५ बृहस्पतये यशस्विन्यम्बायै नमो हृदयोपरिभागे ॥ ५ ॥ तं ५ शुक्राय शांकर्यम्बायै नमः कण्ठे ॥ ६ ॥ पं ५ शनैश्चराय शक्त्यम्बायै नमो नाभौ ॥ ७ ॥ शं ४ राहवे कृष्णाम्बायै नमो मुखे ॥ ८ ॥ लं क्ष केतवे धूम्राम्बायै नमो गुदे ॥ ६ ॥ इति ग्रहमातृकान्यासः ।

तृतीयन्यास	चतुर्थन्यास	पञ्चमन्यास
१. श्रीं नमः शिरसि	१. श्रीं नमः ललाटे	१. श्रीं नमः ललाटे
२. ह्रीं नमः ललाटे	२. ह्रीं नमः मुखवृत्रे	२. ह्रीं नमः कण्ठे
३. क्लीं नमः दक्षिणनेत्रे	३. क्लीं नमः दक्षनेत्रे	३. क्लीं नमः हृदि
४. ऐं नमः वामनेत्रे	४. ऐं नमः वामनेत्रे	४. ऐं नमः नाभौ
५. सौः नमः मुखे	५. सौः नमः दक्षकर्णे	५. सौः नमः मूलाधारे
६. ॐ नमः जिह्वायाम्	६. ॐ नमः वामकर्णे	६. ॐ नमः ब्रह्मरन्ध्रे
७. ह्रीं नमः दक्षपादमूले	७. ह्रीं नमः दक्षनासायाम्	७. ह्रीं नमः मुखे
८. श्रीं नमः दक्षग्रल्फे	८. श्रीं नमः वामनासायाम्	८. श्रीं नमः गुदे
६. कएईलह्रीं नमः दक्षजंघायाम्	६. कएईलह्रीं नमः गण्डे	६. कएईलह्रीं नमः मूलाधारे
१०. हसकहलह्रीं नमः दक्षपादांगुलि	१०. हसकहलह्रीं नमः वामगण्डे	१०. हसकहलह्रीं नमः हृदि
११. सकलह्रीं नमः दक्षपादांगुल्यग्रे	११. सकलह्रीं नमः ऊर्ध्वोष्ठे	११. सकलह्रीं नमः ब्रह्मरन्ध्रे
१२. सौः नमः वामपादमूले	१२. सौः नमः अधरे	१२. सौः नमः दक्षिणमुखे
१३. ऐं नमः वामगुल्फे	१३. ऐं नमः ऊर्ध्वदन्तपंक्तौ	१३. ऐं नमः वामहस्ते
१४. क्लीं नमः वामजघायाम्	१४. क्लीं नमः अधःदन्तपंक्तौ	१४. क्लीं नमः दक्षिणपादे
१५. ह्रीं नमः वामपादागुलिमूले	१५. ह्रीं नमः ब्रह्मरन्ध्रे	१५. ह्रीं नमः वामपादे
१६. श्रीं नमः वामपादागुल्यग्रे	१६. श्रीं नमः मुखे	१६. श्रीं नमः हृदि

इस प्रकार पाँच बार में पञ्चावृत्ति न्यास कर 'ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौः, ॐ ह्रीं श्रीं कएईलह्रीं हसकहलह्रीं सकलह्रीं सौः ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं मन्त्र द्वारा सभी अङ्गों में व्यापक न्यास करे । फिर इसी मन्त्र के अन्त में 'नमः' लगाकर हृदय में न्यास करे ॥ ४२-४७ ॥

(iii) नक्षत्रमातृकान्यासः

नक्षत्र मातृकामन्त्रस्य दक्षिणामूर्तिर्ऋषिर्गायत्री छन्दः। नक्षत्ररूपिणी सुन्दरीदेवता। श्रीविद्याङ्गत्वेन न्यासे विनियोगः। ध्यानम् -

ज्वलत्कालाग्निसंकाशाः सर्वाभरणभूषिताः।
नतिपाण्योऽश्विनीमुख्या वरदाभयपाणयः।
एवं ध्यात्वा मातृकापूर्वं नक्षत्राणि न्यसेत्॥

यथा – अं आं अश्विन्यै नमो ललाटे॥ १॥ इं भरण्यै नमो दक्षनेत्रे॥ २॥ ईं उं ऊं कृत्तिकायै नमो वामनेत्रे॥ ३॥ ऋंॠंलृंलॄं रोहिण्यै नमो दक्षनेत्रे॥ ४॥ एं मृगशिरसे नमो वामकर्णे॥ ५॥ ऐं आर्द्रायै नमो दक्षनसि॥ ४॥ ओं औं पुनर्वसवे नमो वामनसि॥ ७॥ कं पुष्याय नमः कण्ठे॥ ८॥ खं गं आश्लेषायै नमो दक्षस्कन्धे॥ ६॥ घं ङ मघायै नमो वामस्कन्धे॥ १०॥ चं पूर्वाफाल्गुन्यै नमो दक्षकूर्परे॥ ११॥ छं जं उत्तराफाल्गुन्यै नमो वामकूर्परे॥ १२॥ झं ञं हस्ताय नमो दक्षमणिबन्धे॥ १३॥ टं ठं चित्रायै नमो वाममणिबन्धे॥ १४॥ डं स्वात्यै नमो दक्षहस्ते॥ १५॥ ढं णं विशाखायै नमो वामहस्ते॥ १६॥ तं थं दं अनुराधायै नमो नाभौ॥ १७॥ धं ज्येष्ठायै नमो दक्षकटौ॥ १८॥ नं पं फं मूलाय नमो वामकटौ॥ १६॥ बं पूर्वाषाढायै नमो दक्षोरौ॥ २०॥ भं उत्तराषाढायै नमो वामोरौ॥ २१॥ मं श्रवणाय नमो दक्षजानुनि॥ २२॥ यं रं धनिष्ठायै नमो वामजानुनि॥ २३॥ लं शतभिषायै नमो दक्षजंघायाम्॥ २४॥ वं शं पूर्वाभाद्रपदायै नमो वामजंघायाम्॥ २५॥ षं सं हं उत्तराभाद्रपदायै नमो दक्षपादे॥ २६॥ ळं क्षं अं अः रेवत्यै नमो वामपादे॥ २७॥ इति नक्षत्रमातृकान्यासः।

(iv) योगिनीमातृकान्यासः

सर्वेषु न्यासेष्वादौ मायाश्रीबीजयोज्ये। न्यासान् सर्वान् प्रकुर्वीत माया श्रीबीजपूर्वकानित्युक्तत्वात्। योगिनीन्यासस्य मुनिच्छन्दसी पूर्वोक्ते। योगिनीरूपासुन्दरी देवता श्रीविद्याङ्गत्वेन न्यासे विनियोगः। ध्यानम् -

सितासितारुणाबभ्रूचित्रापीताश्च चिन्तयेत्।
चतुर्भुजाः समैर्वक्रैः सर्वाभरणभूषिताः॥

एवं ध्यात्वा न्यसेत्। ह्रीं श्रीं डां डीं डं मलवर यूं पूं डाकिन्यै नमः। अं १६ मम त्वचं रक्ष रक्ष त्वगात्मने नमः कण्ठदेशे विशुद्धे॥ १॥ ह्रीं श्रीं राँ री रं मलवर यूं पूं राकिन्यै नमः कं १२ मम रक्तं रक्ष रक्ष असृगात्मने नमः हृद्यनाहते॥ २॥ लांलींलंमलवरयूंपूं लाकिन्यै नमः डं १० मम मासं रक्ष रक्ष मांसात्मने नमः नाभौ मणिपूरे॥ ३॥ कांकींकं मलवर यूं पूं काकिन्यै नमः वं ६ मम मेदो रक्ष रक्ष मेदसात्मने नमः लिङ्गमूले स्वादिष्ठाने॥ ४॥ शां शीं शं मलवर यूं पूं शाकिन्यै नमः वं ४ ममास्थि रक्ष रक्ष अस्थ्यात्मने नमः गुदे

मूलाधारे ॥ ५ ॥ हां हीं हं मलवर यूं पूं हाकिन्यै नमः हं क्षं मम मज्जां रक्ष रक्ष मज्जात्मने नमो भ्रूमध्य आज्ञाचक्रे ॥ ६ ॥ यां यीं यं मलवर यूं पूं याकिन्यै नम अं मम शुक्रं रक्ष रक्ष शुक्रात्मने नमः ब्रह्मरंध्रे ॥ ७ ॥ इतियोगिनीमातृकान्यासः ।

(v) राशिमातृकान्यासः

राशिमातृकामन्त्रस्य मुनिच्छन्दसी पूर्वोक्ते । राशिरूपा सुन्दरीदेवता । श्रीविद्याङ्गत्वेन न्यासे विनियोगः । ध्यानम् -

रक्तश्वेतहरिद्वर्णपाण्डुचित्रासितां स्मरेत् ।
पिशङ्गपिङ्गलौ बभ्रुकर्बुराशितधूम्रमान् ॥

अंआंइई मेषाय नमः दक्षपादगुल्फे ॥ १ ॥ उंऊंऋं बृषाय नमः दक्षजानुनि ॥ २ ॥ ऋंलृंलॄं मिथुनाय नमः दक्षवृषणे ॥ ३ ॥ एंऐं कर्काय नमः दक्षकुक्षौ ॥ ४ ॥ ओंऔं सिंहाय नमः दक्षस्कन्धे ॥ ५ ॥ अंअःशंषंसंहंळं कन्यायै नमः दक्षशिरोभागे ॥ ६ ॥ कंखंगंघंङं तुलायै नमो वामशिरो भागे ॥ ७ ॥ चंछंजंझंञं वृश्चिकाय नमः वामस्कन्धे ॥ ८ ॥ टंठंडंढंणं धनुषे नमः वामकुक्षौ ॥ ९ ॥ तंथंदंधंनं मकराय नमः वामवृषणे ॥ १० ॥ पंफंबंभंमं कुम्भाय नमः वामजानुनि ॥ ११ ॥ यंरंलंवंक्षं मीनाय नमो वामगुल्फे ॥ १२ ॥ इति राशिमातृकान्यासः ।

(vi) पीठमातृकान्यासः

पीठमातृकामन्त्रस्य मुनिच्छन्दोङ्गानि पूर्ववत् । पीठरूपिणीसुन्दरीदेवता । श्रीविद्याङ्गत्वेन न्यासे विनियोगः । ध्यानम् –

सितासितारुणश्यामहरित्पीतान्यनु क्रमात् ।
पुनरेतत्क्रमाद् देवी पञ्चाशत्स्थानसञ्चये ।
पीठानीह स्मरेद्विद्वान् सर्वकामार्थसिद्धये ॥

एवं ध्यात्वा मातृकास्थानेषु मातृकावर्णपूर्वाणि पीठानि न्यसेत् । तानि यथा – ह्रीं श्रीं अं कामरूपपीठाय नमः ॥ १ ॥ आं वाराणसीपीठाय नमः ॥ २ ॥ इं नेपालपीठाय नमः ॥ ३ ॥ ईं पौड्रवर्धपीठाय नमः ॥ ४ ॥ उं काश्मीरपी० ॥ ५॥ ऊं कान्यकुब्जपीठाय नमः ॥ ६॥ ऋं पूर्णगिरिपीठाय नमः ॥ ७॥ ॠं अर्बुदाचलपी० ॥ ८॥ लृं आम्रातकेश्वरपी० ॥ ९॥ लॄं एकाम्रपीठा० ॥ १० ॥ एं त्रिस्रोतपीठा० ॥ ११ ॥ ऐं कामकोटिपीठा० ॥ १२ ॥ ॐ कैलासपी० ॥ १३॥ औं भृगुपी० ॥ १४॥ अं केदारपी० ॥ १५ ॥ अं चन्द्रपुरपीठा० ॥ १६ ॥ कं श्रीपी० ॥ १७ ॥ खं ओंकारपी० ॥ १८ ॥ गं जालंधरपी० ॥ १९ ॥ धं मालवपीठाय नमः ॥ २० ॥ ङं कुलान्तपी० ॥ २१॥ चं देवीकोट्टकपी० ॥ २२ ॥ छं गोकर्णपी० ॥ २३ ॥ जं मारुतेश्वरपी० ॥ २४ ॥ झं अट्टहासपी० ॥ २५॥ ञं विरजपी० ॥ २६॥ टं राजगृहपी० ॥ २७॥ ठं महापथपी० ॥ २८॥ डं कोल्लगिरिपी० ॥ २९॥ ढं एलापुरपी० ॥ ३०॥ णं कपालेश्वरपी० ॥ ३१ ॥ तं जयन्तीपी० ॥ ३२॥ थं उज्जयिनीपी० ॥ ३३॥ दं चरित्रपी० ॥ ३४ ॥ धं

षोढान्यासादयो न्यासाः कार्याः सौभाग्यवाञ्छया ।
नोच्यन्ते विस्तरभयान्नैव चावश्यकाश्च ते ॥ ४८ ॥

क्षीरिकापी० ॥ ३५ ॥ नं हस्तिनापुरपीठा० ॥ ३६ ॥ पं उड्डीशपी० ॥ ३७ ॥ फं प्रयागपी० ॥ ३८ ॥ बं षष्ठीशपी० ॥ ३९ ॥ भं मायापुरीपी० ॥ ४० ॥ मं मलयषंपी० ॥ ४१ ॥ यं श्रीशैलपी० ॥ ४२॥ रं मेरूपी० ॥ ४३ ॥ लं गिरिपी० ॥ ४४ ॥ वं माहेन्द्रपी० ॥ ४५ ॥ शं वामनपी० ॥ ४६ ॥ षं हिरण्यपुरपीठाय नमः ॥ ४७ ॥ सं महालक्ष्मीपीठाय नमः ॥ ४८ ॥ हं उड्डियाणपीठायनमः ॥ ४९ ॥ ळं छायापीठाय नमः ॥ ५० ॥ क्षं क्षत्रपुरपीठाय नमः ॥ ५१॥ इति पीठमातृकापीठन्यासः। इति षोढान्यासः।

आदिशब्दात्मकात् मातृकादयो ज्ञेयाः ॥ ४८ ॥

वश्यादिचतसृणां मुद्राणां लक्षणानि

एवं न्यासान् कृत्वा मुद्राः प्रदर्शयेदित्याह – **मुद्रा इति** । नवानां मुद्राणां मध्ये संक्षोभद्रावणाकर्षखेचरीबीजाख्यानां पञ्चानां लक्षणमुक्तम् । चतसृणामुच्यते । तत्र **वश्यमुद्रालक्षणं** यथा –

पुटाकारौ करौ कृत्वा तर्जन्यावंकुशाकृती । परिवर्त्य क्रमेण वमध्यमे तदधोगते ।
क्रमेण देवि तेनैव कनिष्ठानामिकादयः[1] । संयोज्य निबिडाः सर्वा अङ्गुष्ठावग्रदेशतः[2] ।
मुद्रेयं परमेशानी सर्ववश्यकरी मतेति ।

उन्मादमुद्रालक्षणं यथा –

संमुखौ तु करौ कृत्वा मध्यमामध्यमेनुजे[3] । अनामिके तु सरले तदधस्तर्जनीद्वयम्।
दण्डाकारौ ततोऽङ्गुष्ठौ मध्यमानस्वदेशगौ । मुद्रैषोन्मादिननामक्लेदिनी सर्वयोषितामिति।

महांकुशमुद्रालक्षणं यथा – अस्यास्त्वनामिकायुग्ममधः कृत्वांकुशाकृति ।
तर्जन्यावपि तेनैव क्रमेण विनियोजयेत् । इयं महांकुशामुद्रा सर्वकामार्थसाधिनीति ॥

योनिशब्देनात्र **महायोनिमुद्रा** । तल्लक्षणं यथा –

मध्यमे कुटिले कृत्वा तर्जन्युपरि संस्थिते । अनामिकामध्यगते तथैव हि कनिष्ठिके।

सौभाग्य की इच्छा करने वाले साधक को षोढान्यास आदि सभी न्यास और ध्यान करने चाहिए । ग्रन्थ विस्तार के भय से हम यहाँ उनको नहीं लिख रहे हैं तथा प्रसिद्ध होने के कारण यहाँ उनके बतलाने की आवश्यकता भी नहीं है ॥ ४८ ॥

---

१. कनिष्ठानामिकादय इति कनिष्ठानामिकापदं दक्षहस्तकनिष्ठानामिकापरम् । आदिपदेन– वामहस्तकनिष्ठानामिकापरिग्रहः ।

२. अंगुष्ठावग्रदेशत इति । अंकुशाकारयोस्तयोस्तर्जन्योरग्रदेशेऽङ्गुष्ठौ योजयेदिति विशेषः।

३. अनुजे कनिष्ठे । दक्षिणहस्तकनिष्ठां वामहस्तमध्यमा यावद्द्धा वामहस्तकनिष्ठां दक्षिणहस्तमध्यमया खदेशयोरंगुष्ठौ निःक्षिपेदित्यर्थ ।

मुद्राः प्रदर्शयेत् कृत्वा षडङ्गं प्राणसंयमम्।
संक्षोभद्रावणाकर्षवश्योन्मादमहांकुशाः ॥ ४९ ॥
खेचरीबीजयोन्याख्या मुद्रा देवीप्रिया नव।
ततो ध्यायेद् भगवतीं श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरीम् ॥ ५० ॥

सर्वा एकत्र संयोज्या अङ्गुष्ठपरिपीडिताः। एषा तु प्रथमा मुद्रा महायोन्यमिधा मता। इति॥ मुद्रा एवं प्रदर्श्य ध्यायेत्॥ ४९–५०॥

फिर प्रणायाम कर षडङ्गन्यास करने के बाद मुद्रायें प्रदर्शित करनी चाहिए । १. संक्षोभिणी, २. द्रावणी, ३. आकर्षणी, ४. वश्या, ५. उन्माद, ६. महाङ्कुशा, ७. खेचरी, ८. बीज एवं ९. महायोनि - ये ९ मुद्रायें देवी की प्रिय मुद्रायें हैं । मुद्रा दिखाने के बाद श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरी का ध्यान ११. ५१ श्लोक के अनुसार करना चाहिए ॥ ४९॥

विमर्श - १ - संक्षोभमुद्रा - मध्यमां मध्यमे कृत्वा कनिष्ठागुष्ठरोधिते ।
तर्जन्यी दण्डवत् कृत्त्वा मध्यमोपर्यनामिके ॥
क्षोभाभिधान मुद्रेयं सर्वसंक्षोभकारिणी ॥

२ - द्राविणी मुद्रा - एतस्या एव मुद्राया मध्यमे सरले यदा ।
क्रियेते परमेशानि तदा विद्राविणी मता ॥

३ - आकर्षिणी मुद्रा - मध्यमातर्जनीभ्यां तु कनिष्ठानामिके समे ।
अंकुशाकार रूपाभ्यां मध्यमे परमेश्वरि ॥
इयमाकर्षिणीमुद्रा त्रैलोक्याकर्षणे क्षमा ॥

४ - वश्य मुद्रा - पुटाकारौ करौ कृत्वा तर्जन्यावंकुशाकृती ।
परिवर्त्य क्रमेणैव मध्यमे तदधोगते ॥
क्रमेण देवि तेनैव कनिष्ठानामिकादयः ।
संयोज्य निविडाः सर्वा अंगुष्ठावग्रदेशतः ।
मुद्रेयं परमेशानि सर्ववश्यकरौ मता ॥

५ - उन्माद मुद्रा - सम्मुखौ तु करौ कृत्वा मध्यमामध्यमेनुजे।
अनामिके तु सरले तदधस्तर्जनीद्वयम् ॥
दण्डाकारौ ततोङ्गुष्ठौ मध्यमान स्वदेशगौ।
मुद्रैषोन्मादिनी नाम क्लेदिनी सर्वयोषिताम्॥

६ - महांकुशामुद्रा - अस्यास्त्वनामिका युग्ममधः कृत्वांकुशाकृति।
तर्जन्यावपि तेनैव क्रमेण विनियोजयेत् ॥
इयं महांकुशा मुद्रा सर्वकामार्थसाधिनी ॥

७ - खेचरी मुद्रा - सत्यं दक्षिण हस्ते तु सव्यहस्ते तु दक्षिणम्।
बाहू कृत्वा महादेवि हस्तौ सम्परिवर्त्य च ॥
कनिष्ठानामिके देवि युक्ता तेन क्रमेण तु ।

ध्यानजपपूजादिप्रकारः तदन्तर्गतमन्त्राश्च

बालार्कायुततेजसं त्रिनयनां रक्ताम्बरोल्लासिनीं
नानालङ्कृतिराजमानवपुषं बालोडुराट्शेखराम् ।
हस्तैरिक्षुधनुः सृणिं सुमशरं पाशं मुदा बिभ्रतीं
श्रीचक्रस्थितसुन्दरीं त्रिजगतामाधारभूतां स्मरेत् ॥ ५१ ॥
लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं दशांशं हयमारजैः ।
पुष्पैस्त्रिमधुरोपेतैर्जुहुयात् पूजितेऽनले ॥ ५२ ॥

ध्यानमाह – **बालेति** । नानालंकृतयो विविधाभरणानि तै राजमानं शोभमानं वपुर्यस्यास्ताम् । बालउडुराट् चन्द्रः शेखरे यस्यास्ताम् । सृष्टिमंकुश। सुमशंरपुष्पबाणं बाणांकुशौ दक्षयोः इक्षुधनुःपाशौ वामयोः । श्रीचक्रं वक्ष्यमाणं । तत्र स्थितां सुन्दरीं त्रिपुरसुन्दरीं ध्यायेत् ॥ ५१ ॥ हयमारः करवीरः ॥ ५२ ॥

तर्जनीभ्यां समाक्रान्ते सर्वोर्ध्वमपि मध्यमे ॥
अङ्गुष्ठौ तु महादेवि सरलावपि कारयेत् ।
इयं सा खेचरी वाम मुद्रा सर्वोत्तमोत्तमा ॥

८ - **बीजमुद्रा** - परिवर्त्यकरौ स्पष्टावर्द्धचन्द्राकृती प्रिये ।
तर्जन्यङ्गुष्ठयुगलं युगपत्कारयेत्ततः ॥
अधः कनिष्ठावष्टब्धे मध्यमे विनियोजयेत् ।
तथैव कुटिले योज्ये सर्वाधस्तादनामिके ॥
वीजमुद्रेयमुदिता सर्वसिद्धिप्रदायिनी ॥

९ - **महायोनि मुद्रा** - मध्यमे कुटिले कृत्त्वा तर्जन्युपरि संस्थिते ।
अनामिके मध्यगते तथैव हि कनिष्ठके ॥
सर्वा एकत्र संयोज्या अङ्गुष्ठपरिपीडिताः ।
एषा तु प्रथमा मुद्रा महायोन्यामिधा मता ॥

अब **महाश्रीत्रिपुरसुन्दरी देवी का ध्यान** कहते हैं -

उदीयमान सूर्यमण्डल के समान कान्ति वाली, त्रिनेत्रा, लालवर्ण के वस्त्र से सुशोभित, अनेक आभूषणों से अलंकृत, देहवाली द्वितीया के चन्द्रमा को अपने शिर पर धारण किये हुये, अपने चारों हाथों में क्रमशः इक्षुधनु, अंकुश, पुष्पबाण एवं पाश धारण करने वाली श्री चक्र पर विराजमान एवं तीनों लोकों की आधारभूता भगवती श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरी देवी का ध्यान करना चाहिए ॥ ५१ ॥

श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरी के मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए तथा त्रिमधुर (शर्करा, मधु, घृत) मिश्रित कनेर के फूलों से विधिवत् पूजित अग्नि में होम करना चाहिए ॥ ५२ ॥

श्रीचक्रस्योद्धृतिं वक्ष्ये तत्र पूजनसिद्धये ।
बिन्दुगर्भं त्रिकोणं तु कृत्वा चाष्टारमुद्धरेत् ॥ ५३ ॥
दशारद्वयमन्वस्राष्टारषोडशकोणकम् ।
त्रिरेखात्मकभूगेहवेष्टितं यन्त्रमालिखेत् ॥ ५४ ॥

श्रीचक्रमाह – **श्रीचक्रस्येति** ॥ ५३ ॥ मन्वस्र चतुर्दशारम् ॥ ५४ ॥

अब पूजा करने के लिए **श्रीचक्र यन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

गर्भस्थ बिन्दु सहित त्रिकोण लिखकर उसके ऊपर अष्टदल कमल लिखना चाहिए । फिर उसके ऊपर दशदल कमल लिखना चाहिए । फिर उसके ऊपर क्रमशः एक दशदल, चतुर्दश दल, अष्टदल एवं षोडशदल लिखना चाहिए । तत्पश्चात् तीन रेखायुक्त भूपुर से इसे वेष्टित करना चाहिए ॥ ५३-५४ ॥

अब पात्र स्थापन पूर्वक **श्रीविद्या के पूजन की विधि** कहता हूँ -

जो स्वर चल रहा हो उस हाथ से अपने आगे वक्ष्यमाण यन्त्र लिखें । प्रथम

श्रीपूजनयन्त्रम्

तत्र पूजां प्रवक्ष्यामि पात्रस्थापनपूर्वकम् ।
वहन्नाडीस्थहस्तेन स्वाग्रतो यन्त्रमालिखेत् ॥ ५५ ॥
त्रिकोणमध्यषट्कोणवृत्तभूमण्डलात्मकम् ।
बालया पूजयेन् मध्यं तद्बीजैः कोणकत्रयम् ॥ ५६ ॥
अनुलोमविलोमैस्तैः षट्कोणान्पूजयेत्ततः ।
अस्त्रप्रक्षालितं मध्ये पात्राधारं निधापयेत् ॥ ५७ ॥
एकत्रिंशार्णमनुना तमाधारं समर्चयेत् ।
वह्निदीर्घत्रयेन्द्वाढ्यो रभान्तलवरानिलाः ॥ ५८ ॥
वामकर्णेन्दुसंयुक्तारः सेन्दुश्चाग्निमण्डला ।
वायुर्धर्मप्रददशकलात्माङेसमन्वितः ॥ ५९ ॥
वाग्बीजं कलशाधारा पवनो नमसान्वितः ।
तारादिरीरितो मन्त्रो भाजनाधारपूजने ॥ ६० ॥

पात्रस्थापनमाह – **वहदिति** । वहन्तीयानाडीदक्षावातद्धस्तेन स्वाग्रे त्रिकोणादियन्त्रमालिख्य तत्रास्त्रक्षालितं पात्राधारं स्थापयेत् ॥ ५५–५७ ॥ एकत्रिंशदक्षरमन्त्रेणाधारं पूजयेत् । तमाह – **वह्निनरिति** । वह्नी रेफः दीर्घत्रयेन्दुयुक्तः रां रीं रुं । रस्वरूपम् । भान्तो मः । लवरस्वरूपम् । अनिलो यः ॥ ५८ ॥ एते वामकर्णेन्दुसंयुता ऊबिन्दुयुताः वायुर्यः । कलात्मा ङेसमन्वितश्चतुर्थ्यन्तः । वाग्बीजं ऐं । पवनो यः । स्वरूपमन्यत् । यथा – ॐ रांरींरुं र्म्ल्व्र्यूं रं अग्निमण्डलाय धर्मप्रद दशकलात्मने ऐं कलशाधाराय नमः ॥ ५९ ॥ * ॥ ६० ॥

त्रिकोण बनाकर उसके ऊपर षट्कोण लिखें । फिर वृत्त, तदनन्तर भूपुर का निर्माण करे । त्रिकोण के मध्य बाला मन्त्र से पूजन करना चाहिए । तदनन्तर उसके तीनों कोणों की पूजा बाला के तीनों बीजों से करनी चाहिए । तदनन्तर इन्हीं बीजों के अनुलोम तथा विलोम क्रम से षट्कोणों की पूजा करनी चाहिए ॥ ५५-५७ ॥

फिर उस यन्त्र पर 'अस्त्राय फट्' मन्त्र से प्रक्षालित पात्राधार को स्थापित करना चाहिए । तदनन्तर ३१ अक्षरों वाले वक्ष्यमाण मन्त्र से उस आधार की पूजा करनी चाहिए ॥ ५७-५८ ॥

दीर्घत्रयेन्दुयुक् वह्नि (रां रीं रूँ), फिर 'र' तथा भान्त (म), फिर 'ल व र' एवं अनिल (य) ये सभी वामकर्णेन्दु (ऊ) के साथ अर्थात् (र्म्ल्व्र्यूं), फिर सेन्दु र (रं), फिर 'अग्निमण्डला' पद, फिर वायु (य), फिर चतुर्थ्यन्त 'धर्मप्रददशकलात्मा', फिर वाग्बीज (ऐं), कलशाधारा, फिर पवन (य) तथा अन्त में 'नमः' तथा प्रारम्भ में प्रणव लगाने से ३१ अक्षरों का आधारपात्र की पूजा का मन्त्र बनता है ॥ ५८-६० ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ राँ रीं रूँ र्म्ल्व्र्यूं रं अग्निमण्डलाय धर्मप्रददशकलात्मने ऐं कलशाधाराय नमः ॥ ५८-६० ॥

धूम्रार्चादीनामग्नेर्दशकलानामर्चनकथनम्

प्रादक्षिण्याद्दृशाग्नेयीस्तदुपर्यर्चयेत् कलाः।
धूम्रार्च्चिरूष्माज्वलिनीज्वालिनीविस्फुलिङ्गिनी ॥ ६१॥
सुश्रीः सुरूपाकपिलाहव्यकव्यादिकावहा।
सबिन्दुयादिवर्णाद्या दशाग्नेरीरिताः कलाः॥ ६२॥
कलाश्रीपादुकां पूजयामीति पदमुच्चरेत्।
नाम्नामन्ते ततस्तासां प्राणस्थापनमाचरेत्॥ ६३॥
स्वर्णादिपात्रमस्त्रेण क्षालितं तत्र विन्यसेत्।

कलशार्चनामन्त्रः

वियद्दीर्घत्रयेन्द्वाढ्यं हममांसंवरानिलः॥ ६४॥
अर्घीशबिन्दुसंयुक्ताः सेन्दुखंसूर्यमण्डला।
वायुर्वसुप्रदान्ते स्याद् द्वादशान्ते कलात्मने॥ ६५॥

प्रादक्षिण्यादिति । तदुपरि पात्राधारोपरि आग्नेयीर्दशकला अर्चयेत् । ता एवाह – धूम्रार्चीरिति ॥ ६१ ॥ हव्यकव्यादिकावहा हव्यवहा कव्यवहा च । कीदृश्यस्ताः । सबिन्दवो यादिदशवर्णा आद्या यासाम्॥ ६२॥ **कलेति** । नाम्नां धूम्रार्चिरित्यादि नम्नामन्ते कलेत्यादिंपदमुच्चरेत् । यं धूम्रार्चिः कलाश्रीपादुकां पूजयामि । रं ऊष्माकला श्रीपादुकां पूजयामीत्यादि प्रयोगः ॥ ६३ ॥ स्वर्णादिनिर्मितं कलशम् अस्त्राय फडिति प्रक्षाल्य तत्राधारे न्यसेत् । तं त्रिंशद्वर्णमन्त्रेणाचर्येत् । तमुद्धरति – **वियदिति** । वियत् ह क रंदीर्घत्रयाढ्यं हां हीं हूं । हमस्वरूपम् । मांसं लः । वरस्वरूपम् । अनिलो यः ॥ ६४ ॥ अर्घीशबिन्दुयुक्तः यूं । सेन्दु खं सबिन्दु हम् । वायुर्यः॥ ६५॥

पुनः उस आधारपात्र के ऊपर प्रदक्षिण क्रम से अग्नि की दश कलाओं का पूजन करना चाहिए, १. धूम्रार्चि, २. ऊष्मा, ३. ज्वलिनी, ४. ज्वालिनी, ५. विस्फुलिङ्गिनी, ६. सुश्री, ७. सुरूपा, ८. कपिला, ९. हव्यवहा, एवं १०. कव्यवहा ये सविन्दु यकार आदि दशवर्णो के साथ अग्नि की कलायें कहीं गई हैं । इनके नाम के बाद 'कलाश्री पादुकां पूजयामि' इतना पद मिलाकर पूजन करना चाहिए इसके बाद उसमें प्राणप्रतिष्ठा करनी चाहिए ॥ ६१-६३ ॥

यहाँ तक आधार पात्र की पूजा कही गई । अब आधार पर रखे जाने वाले कलशादि का पूजन कहते हैं - प्रथम अस्त्राय फट् इस मन्त्र से उस सुवर्णादि निर्मित कलश को प्रक्षालित करे । तदनन्तर उसे आधारपात्र पर रखकर वक्ष्यमाण ३० अक्षरों वाले मन्त्र से उसका पूजन करना चाहिए ॥ ६४ ॥

मन्मथः कलशायेति नमोन्तः प्रणवादिकः ।
त्रिंशद्वर्णात्मको मन्त्रः कलशस्यार्च्चने मतः ॥ ६६ ॥

तपिन्यादिद्वादशसूर्यकलाकथनम्

कलाद्वादशसूर्यस्य कलशोपरि पूजयेत् ।
तपिनीतापिनीधूम्रामरीचिर्ज्वालिनीरुचिः ॥ ६७ ॥
सुषुम्नाभोगदाविश्वाबोधिनीधारिणीक्षमा ।
अनुलोमविलोमाभ्यां कादिभाद्यर्णयुग्युता ॥ ६८ ॥
पूर्ववत्ताः समापूज्याः कलशे पूरयेज्जलम् ।
उच्चरन्मातृकावर्णान्मूलविद्यां च मन्त्रवित् ॥ ६९ ॥
दन्ताक्षरेण मनुना कलशोदकमर्चयेत् ।
भृगुर्दीर्घत्रयेन्द्वाढ्यः समलाम्ब्वग्निवायवः ॥ ७० ॥

मन्मथ क्लीं । स्पष्टमन्यत् । यथा – ॐ हां हीं हूं हमलवर यूं हं सूर्यमण्डलाय वसुप्रदद्वादशकलात्मने क्लीं कलशाय नम इति ॥ ६६ ॥ सूर्यकला आह - **तपिनीति** ॥ ६७ ॥ कीदृश्यस्ताः – **अनुलोमेति** । क्रमोत्क्रमाभ्यां ये कादयो भादयश्च वर्णाः तेषां युजो युग्मानि तैर्युताः । कं भं तपिन्यै नमः, खं बं तापिन्यै नमः – गं फं धूम्रायै नमः इत्यादि ॥ ६८ ॥ पूर्ववत् । तपिनीकला श्रीपादुकां पूजयामीति प्रयोगः ॥ ६९ ॥ दन्ताक्षरेण द्वात्रिंशदक्षरेण । तमेवोद्धरति । भृगुरिसि । भृगुः स दीर्घवययुतः सां सीं सूं । अम्बु वः । अग्नी रः । वायुर्यः एते ॥ ७० ॥

दीर्घत्रयेन्दु सहित वियत् (हां हीं हूँ) फिर 'ह मः' मांस (ल) 'व र' अनिल (य) ये सभी अर्धीश विन्दु सहित (ह्म्ल्व्र्यूँ), फिर सेन्दु ख (हं), फिर 'सूर्यमण्डला', फिर वायु (य), फिर 'वसुप्रदद्वादशकलात्मने' पद, फिर मन्मथ (क्लीं), फिर 'कलशाय नमः' इस मन्त्र के आदि में प्रणव लगाने से ३० अक्षरों का कलश पूजन मन्त्र बनता है ॥ ६४-६६ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ हां हीं हूं ह्म्ल्व्र्यूँ हं सूर्यमण्डलाय वसुप्रदद्वादशकलात्मने क्लीं कलशाय नमः ॥ ६४-६६ ॥

तदनन्तर कलश के ऊपर सूर्य की द्वादश कलाओं का पूजन करना चाहिए । १. तपिनी, २. तापिनी, ३. धूम्रा, ४. मरीचि, ५. ज्वालिनी, ६. रुचिर, ७. सुषुम्ना, ८. भोगदा, ९. विश्वा, १०. बोधिनी, ११. धारिणी एवं १२. क्षमा इन कलाओं की अनुलोम ककारादि तथा विलोम भकरादि क्रमों से युक्तकर पूजन करना चाहिए ॥ ६७-६९ ॥

इस प्रकार सूर्य की द्वादश कलाओं के पूजन के पश्चात् मातृका वर्णों के साथ मूलमन्त्र बोलकर कलश को जल से पूर्ण करना चाहिए । फिर बत्तिस

अर्घीशेन्दुयुताः सेन्दुहंसान्ते सोममण्डला।
यकामप्रदषोडान्तेशकलात्मा तु ङेयुतः ॥ ७१ ॥
भृगुर्मनुर्विसर्गाढ्यो ङेयुतं कलशामृतम्।
तारादिहृदयान्तोऽयं मनुः पानीयपूजने ॥ ७२ ॥

अमृतादिषोडशचन्द्रकलाकथनम्

चान्द्रीः कलाः स्वराद्यास्तु यजेत् षोडशतज्जले।
अमृतामानदापूषा तुष्टिपुष्टीरतिर्धृतिः ॥ ७३ ॥
शशिनीचन्द्रिकाकान्तिर्ज्योत्स्नाश्रीः प्रीतिरङ्गदा।
पूर्णापूर्णामृता चेति पूजनं पूर्ववन्मतम् ॥ ७४ ॥

अर्घीशेन्दुयुताः ऊबिन्दुयुताः । ङेयुतश्चतुर्थ्यन्तः ॥ ७१ ॥ भृगुः सः मनुरौ। ङेयुतं कलशामृतं कलशामृताय । तारादि हृदयान्तः प्रणवादि नमोन्तः । ॐ सां सीं सूं सूं म्ल्व्य्रूँ संक्षोभमण्डलाय कामप्रदषोडशकलात्मने सौः कलशामृताय नमः (३२) मन्त्रो ये जलार्चने ॥ ७२ ॥ षोडश स्वराद्याश्चान्द्रीः कलास्तज्जलेर्चयेत् । ता आह – **ॐ अमृतेति** ॥ ७३–७४ ॥ भैरवमन्त्रमाह –

अक्षरों से युक्त वक्ष्यमाण मन्त्र से कलश का पूजन करना चाहिए ॥ ६९-७० ॥

दीर्घत्रय एवं बिन्दु से युक्त भृगु (स), स् म् ल् अम्बु (व्), अग्नि (र्) एवं वायु (य्), इन्हें अर्घीशेन्दु से युक्त स्म्ल्व्र्यूँ, फिर हंस (सं), 'सोममण्डलाय कामप्रद षोडश' के बाद चतुर्थ्यन्त 'कलात्मा' पद (कलात्मने), फिर 'मनुविसर्गाढ्य भृगु सौः', फिर चतुर्थ्यन्त कलशामृत (कलशामृताय), इस प्रकार निष्पन्न मन्त्र के आदि में तार (ॐ) तथा अन्त में हृदय 'नमः' लगाने पर ३२ अक्षर का मन्त्र बनता है ॥ ७०-७२ ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – ॐ सां सीं सूं स्म्ल्व्र्यूँ सं सोममण्डलाय कामप्रदषोडशकलात्मने सौः कलशामृताय नमः ॥ ७०-७२ ॥

फिर कलश के जल में १६ स्वरों के साथ चान्द्री कलाओं का पूर्ववत् पूजन करना चाहिए । १. अमृता २. मानदा, ३. पूषा, ४. तुष्टि, ५. पुष्टि, ६. रति, ७. धृति, ८. शशिनी, ९. चन्द्रिका, १०. कान्ति, ११. ज्योत्स्ना, १२. श्री, १३. प्रीति, १४. अङ्गदा, १५. पूर्णा एवं १६. पूर्णामृता ये चान्द्री कलाओं के नाम हैं ॥ ७३-७४ ॥

इसी प्रकार भैरव तथा सुधा देवी का अपने अपने मन्त्रों से पूजन करना चाहिए । ह् स् क्ष् म् ल्, पानीय (व्), वह्नि (र्) इन्हें अर्घीश बिन्दु से युक्त करने पर 'ह्स्क्ष्म्ल्व्रूं' यह बीज, इसके बाद 'आनन्दभैरवाय वौषट्' यह १०

भैरवमन्त्रः सुधादेवीमन्त्रश्च

भैरवं च सुधादेवीं स्वमन्त्राभ्यां यजेज्जले ।
सहक्षमलपानीयवह्नीरार्घीशबिन्दुमत् ॥ ७५ ॥
बीजमानन्दभैरवान्ते वायुर्वौषण्मनुर्मतः ।
हसयोर्वैपरीत्येन बीजं पूर्वोदितं सुधा ॥ ७६ ॥
देव्यै वौषट् तयोर्मन्त्रौ दशमुन्यक्षरौ क्रमात् ।
ततो मत्स्यास्त्रकवचधेनुमुद्राः प्रदर्शयेत् ॥ ७७ ॥
संरोधिन्या संनिरुध्य मुसलं चक्रसंज्ञकम् ।
महामुद्रां योनिमुद्रां कुर्यात् कुम्भामृते पुनः ॥ ७८ ॥
एवं कलशामास्थाप्य तस्य दक्षिणदेशतः ।
शङ्खं चापि विशेषार्घ्यं स्थापयेत् पूर्ववत् क्रमात् ॥ ७९ ॥
अर्घ्ये त्रिकोणं संचिन्त्याऽकथाद्यैः षोडशाक्षरैः ।
हक्षाभ्यां शोभितं मध्ये तत्र बालां प्रपूजयेत् ॥ ८० ॥

हसति । हसक्षमलेतिस्वरूपम् । पानीयं वः । वह्नी रः । ईरोयः अर्घीणऊ– बिन्दुश्च एतैर्युतम् ॥ ७५ ॥ बीजम् । स्वरूपमन्यत् । यथा – ह्स्क्ष्म्ल्व्र्यूं आनन्दभैरवाय वौषट् – दशार्णः । सुधादेवीं मन्त्रमाह – **हसयोरिति** । पूर्वोक्तबीजे हसयोर्वैपरीत्य स्ह्क्ष्म्ल्व्र्यूंसुधादेव्यैवौषट् – मुन्यक्षरः सप्तार्णः । **मत्स्येति । मत्स्यमुद्रालक्षणम्** – यथा – वामोपरिष्टात्संस्थाप्य दक्षहस्तं प्रसारयेत् । अङ्गुष्ठौयुतयोः पार्श्वेमत्स्येमुद्रेयमीरितेति । अस्त्रकवचमुद्रे वक्ष्येते । धेनुमुद्रोक्ता ॥ ७६–७७ ॥ संरोधिनी वक्ष्यते । **मुसलमुद्रा** – यथा – मुष्टी कृत्वा तु हस्ताभ्यां वामास्योपरि दक्षिणम् । कुर्यान्मुद्रेयं सर्वविघ्ननिवारिणीति । **चक्रमुद्रा** – यथा – हस्तौ तु संमुखौ कृत्वा संलग्नौ सुप्रसारितौ । कनिष्ठांगुष्ठकौ लग्नौ मुद्रैषा चक्रसंज्ञितेति । महामुद्रा वक्ष्यते । योनिमुद्रोक्ता ॥ ७८–७९ ॥ अर्घ्य इति । कादयः षोडशस्वराः । कादयः षोडश नान्ताः । थादयः षोडश सान्ताः । तैरर्घ्ये त्रिकोणं सञ्चित्य । कीदृशम् । हक्षाभ्यां मध्ये

अक्षरों बाला भैरव मन्त्र है, तथा पूर्वोक्त बीज में इस ७ अक्षरों हस का विपर्यय करने से 'स्ह्क्ष्म्ल्व्र्यूं', फिर 'सुधा देव्यै वौषट्' यह सुधा देवी का मन्त्र बनता है । इस प्रकार पूजन करने के बाद मत्स्य, अस्त्र, कवच एवं धेनु मुद्रायें प्रदर्शित करनी चाहिए । फिर सन्निरोधिनी मुद्रा से सन्निरोध कर कलश के जल में मुशल, चक्र, महामुद्रा एवं योनि मुद्रायें प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ ७५-७८ ॥

इस प्रकार कलश स्थापन कर उसके दक्षिणभाग में पूर्वोक्त रीति से शंख एवं विशेषार्घ्य भी स्थापित करना चाहिए । पुनः अर्घ्य में अकारादि, ककारादि और

अष्टवर्णमन्त्रकथनम्

अष्टावर्णनमन्त्रेण देवीं ज्योतिर्मयीं यजेत्।
तारो मायेन्दुयुग्व्योम भृगुसर्गीससद्यसः॥ ८१॥
वाराहो बिन्दुयुक्स्वाहा वसुवर्णः स्मृतो मनुः।

ज्योतिर्मयीदेव्यायजनप्रकारः

मूलं त्रिरभिजप्याथ कुर्यान्मुद्राः समीरिताः॥ ८२॥
शंखार्घ्यस्थापने कार्य ऊहः कलशनामनि।
एवं पात्राणि संस्थाप्य गृहीत्वार्घ्योदकं ततः॥ ८३॥
पूजावस्तूनि चात्मानं प्रोक्षेन्मूलमनु स्मरन्।
विधाय मानसीं पूजां पीठपूजामथाचरेत्॥ ८४॥

शोभितम् । तत्र ऐं क्लीं सौरिति बालां संपूजयेत्॥ ८०॥ अष्टवर्णमाह — **तार** इति । तार ॐ । माया — ह्रीं । इन्दुयुग्व्योम हं । सर्गी भृगुः सः ससद्यः औयुतः सः सौ ॥ ८१ ॥ बिन्दुयुग् वराहो हः हं । स्वाहास्वरूपम् । समीरितामुद्रामत्स्याद्या नवमुद्राः कुर्यात् ॥ ८२ ॥ शंखस्थापनेऽर्घ्यपात्रस्थापने च कलशनाग्नि ऊहः शंखपदमर्घ्यपदं च प्रयोज्यम्॥ ८३—८४ ॥

थकारादि रेखाओं से तथा मध्य में ह क्ष वर्णो से सुशोभित त्रिकोण का ध्यान कर उसमें 'ऐं क्लीं सौः' मन्त्र से बाला का पूजन करना चाहिए ॥ ७६-८० ॥

तदनन्तर अष्टाक्षर मन्त्र से ज्योतिर्मयी देवी का पूजन करना चाहिए । तार (ॐ) माया (ह्रीं) इन्द्र युक्त व्योम (हं) सर्गी भृगु (सः) ससद्य भृगु सौः बिन्दु युक् वराह (हं) एवं 'स्वाहा' लगाने से अष्टाक्षर मन्त्र बनता है ॥ ८१ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ ह्रीं हंसः सोः हं स्वाहा' ॥ ८१ ॥

फिर मूल मन्त्र को तीन बार जप कर मत्स्य आदि पूर्वोक्त ६ मुद्रायें प्रदर्शित करनी चाहिए । शंख एवं अर्घ्य स्थापन में कलश शब्द के स्थान में उनका अर्थात् शङ्ख पद और अर्घ्य पद का नाम लेना चाहिए ॥ ८२-८३ ॥

इस प्रकार पात्रों के स्थापन के बाद अर्घ्यपात्र का जल लेकर उस जल से पूजा सामग्री पर और अपने ऊपर जल छिड़के, तदनन्तर मानसोपचार से देवी का पूजन एवं उनकी पीठ पूजा करनी चाहिए ॥ ८३-८४ ॥

विमर्श - पात्रस्थापन विधि संक्षेप में इस प्रकार है - पात्रस्थापन के लिए सर्वप्रथम दक्षिण या वाम जो स्वर चल रहा हो उस हाथ से त्रिकोण, उसके ऊपर षट्कोण वृत्त एवं भूपुर युक्त यन्त्र लिखना चाहिए । उसके मध्य भाग की

'ऐं क्लीं सौः' मन्त्र से पूजा करे तथा बाला के तीन बीजों से त्रिकोण के एक एक कोणों की, फिर इन्हीं बीजों को अनुलोम एवं विलोम 'ऐं क्लीं सौः' एवं 'सौः ऐं क्लीं' इन ६ बीजों से पूजा करे ।

तदनन्तर अस्त्राय फट् इस मन्त्र से प्रक्षालित पात्राधार को उक्त यन्त्र के मध्य मे रख कर 'ॐ रां रीं म्ल्व्यूं रं अग्निमण्डलाय धर्मप्रददशकलात्मने ऐं कलशाधाराय नमः' मन्त्र से आधार पात्र की पूजा करनी चाहिए । तत्पश्चात् पात्राधार के ऊपर अग्नि की दशकलाओं का इस प्रकार पूजन करे -

१. यं धूम्रार्चिषे नमः धूम्रार्चिकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
२. रं ऊष्मायै नमः ऊष्मार्चिकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
३. लं ज्वलिन्यै नमः ज्वलिनीकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
४. वं ज्वालिन्यै नमः ज्वालिनीकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
५. शं विस्फुलिंगिन्यै नमः विस्फुलिंगिनीकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
६. षं सुश्रियै नमः सुश्रीकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
७. सं सुरूपायै नमः सुरूपाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
८. हं कपिलायै नमः कपिलाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
९. ळं हव्यवहायै नमः हव्यवहाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
१०. क्षं कव्यवहायै नमः कव्यवहाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।

इसके बाद इन कलाओं पर अस्यै प्राणा प्रतिष्ठन्तुं इत्यादि मन्त्र से प्रत्येक की प्राणप्रतिष्ठा करनी चाहिए ।

इतना करने के वाद आधार पर अस्त्राय फट् इस मन्त्र से प्रक्षालित स्वर्णादि निर्मित कलश रख कर 'ॐ हां हीं हूँ ह्स्ल्व्र्यूँ हं सूर्यमण्डलाय वंसुप्रद द्वादशकलात्मने क्लीं कलशाय नमः' मन्त्र से कलश का पूजन करना चाहिए । फिर उस कलश पर तपिनी आदि सूर्य की द्वादश कलाओं का इस प्रकार पूजन करनी चाहिए ।

कं भं तपिन्यै नमः तपिनीकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
खं बं तापिन्यै नमः तापिनीकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
गं फं धूम्रायै नमः धूम्राकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
घं पं मरीच्यै नमः मरीचिकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
ङं नं ज्वालिन्यै नमः ज्वालिनीकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
चं धं रुच्यै नमः रुचिकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
छं दं सुषुम्णायै नमः सुषुम्णाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
जं थं भोगदायै नमः भोगदाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
झं तं विश्वायै नमः विश्वाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
ञं णं बोधिन्यै नमः बोधिनीकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।

टं ढं धारिण्यै नमः धारिणीकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
ठं डं क्षमायै नमः क्षमाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।

तत्पश्चात् अं .... क्षं पर्यन्त स्वरव्यञ्जनान्त ५१ मातृकाओं के साथ मूल मन्त्र बोलकर कलश को जल से पूर्ण करे । फिर 'ॐ सां सीं सूं स्ल्व्रूं सं सोममण्डलाय कामप्रदषोडशकलात्मने सौः कलशामृताय नमः' मन्त्र से कलशोदक का पूजन करे । फिर कलश के जल में अमृता आदि १६ चन्द्र कलाओं का इस प्रकार पूजन करे ।

अं अमृतायै नमः अमृताकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
आं मानदायै नमः मानदाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
इं पूषायै नमः पूषाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
ईं तुष्ट्यै नमः तुष्टिकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
उं पुष्ट्यै नमः पुष्टिकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
ऊं रत्यै नमः रतिकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
ऋं धृत्यै नमः धृतिकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
ॠं शशिन्यै नमः शशिनीकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
ऌं चन्द्रिकायै नमः चन्द्रिकाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
ॡं कान्त्यै नमः कान्तिकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
एं ज्योतस्नायै नमः ज्योत्स्नाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
ऐं श्रियै नमः श्रीकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
ओं प्रीत्यै नमः प्रीतिकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
औं अङ्गदायै नमः अङ्गदाकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
अं पूर्णायै नमः पूणाकर्ला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।
अः पूर्णामृतायै नमः पूर्णामृताकला श्रीपादुकां पूजयामि नमः ।

इसके बाद जल मे 'ह्स्क्ष्म्ल्व्र्यूँ आनन्दभैरवाय वौषट्' मन्त्र से तथा 'स्हक्ष्म्ल्व्र्यूँ सुधादेव्यै नमः' इस मन्त्र से रेखा बना कर उस पर भैरव तथा सुधा देवी का पूजन करे । तदनन्तर मत्स्य, अस्त्र, कवच, धेनु, सन्निरोध, मुसल, चक्र, महामुद्रा एवं योनिमुद्रायें देवी को प्रसन्न करने के लिए प्रदर्शित करनी चाहिए ।

मत्स्यमुद्रा - वामोपरिष्टात्संस्थाप्य दक्षहस्तं प्रसारयेत् ।
अङ्गुष्ठौ युतयोः पार्श्वे मत्स्यमुद्रेयमीरिता ॥

अस्त्रमुद्रा - नाराचमुष्ट्युद्धृत वाहुयुग्मकाङ्गुष्ठ तर्जन्युदितोध्वनिस्तु
विष्वक् विशक्तः कथितास्त्रमुद्रा ॥

कवचमुद्रा - करद्वन्द्वांगुल्यो वर्मणि स्युः ।

धेनुमुद्रा - अन्योन्यभिमुखौ शिलष्टौ कनिष्ठानामिका पुनः ।
तथैव तर्जनीमध्या धेनुमुद्रा प्रकीर्तिता ॥

सन्निरोधमुद्रा - आश्लिष्टमुष्टियुगला प्रोन्नताङ्गुष्ठ युग्मका ।

मण्डूकं कालवह्नीशं तन्मूलप्रकृतिं यजेत् ।
आधारशक्तिं कूर्मं च शेषवाराहमेदिनीः ॥ ८५॥

पीठपूजामाह **मण्डूकमिति** । कालवह्नीं शं कालाग्निरुद्रम् ॥ ८५ ॥

सन्निधाने समुर्दिष्टा मुद्रेयं तन्त्रवेदिभिः ॥
अङ्गुष्ठगर्भिणी सैव सन्निरोधे समीरिता ।

मुसलमुद्रा - मुष्टिं कृत्वा तु हस्ताभ्यां वामस्योपरि दक्षिणम् ।
कुर्यान्मुसलमुद्रेयं सर्वविघ्नविनाशिनी ॥

चक्रमुद्रा - हस्तौ तु सम्मुखौ कृत्वा संलग्नौ सुप्रसारितौ ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठकौ लग्नौ मुद्रैषा चक्रसंज्ञिका ॥

महामुद्रा - अन्योन्यग्रथिताङ्गुष्ठौ प्रसारितकराङ्गुलिः ।
महामुद्रयेमुदिता परमीकरणं बुधैः ॥

योनिमुद्रा - मिथः कनिष्ठिके बद्ध्वा तर्जनीभ्यामनामिके ।
अनामिकोर्ध्वं संश्लिष्टा दीर्घमध्यमयोरधः ।
अङ्गुष्ठाग्रद्वयं न्यस्येद् योनिमुद्रेयमीपिता ॥

कलश स्थापन करते समय उसकी दाहिनी ओर शंख तथा अर्घ्य भी उसी रीति से स्थापित करना चाहिए । किन्तु वहाँ विशेष यह है कि मन्त्र में जहाँ कलश पद आया है वहाँ शंख तथा विशेषार्घ्य पद बोलकर स्थापित करना चाहिए ।

तत्पश्चात् अर्घ्यपात्र में अकारादि १६ स्वरों से ककारादि १६ एवं थकारादि १६ वर्णों से तीन रेखा बनाकर मध्य में 'ह क्ष' वर्ण लिखे । इस प्रकार निर्मित त्रिकोण के मध्य मे - 'ॐ ह्रीं हं सः सौ हं स्वाहा' इस ८ अक्षर के मन्त्र से बाला का पूजन करे । फिर तीन बार मूलमन्त्र का जप कर पूर्वोक्त ९ मत्स्यादि मुद्रायें प्रदर्शित करे ।

इस प्रकार पात्रों को विधिवत् स्थापित कर अर्घ्य पात्र से जल लेकर मूल मन्त्र पढ़कर पूजा सामग्री एवं स्वयं अपने ऊपर जल छिड़के । तदनन्तर ११, ५१ में वर्णित देवी के स्वरूप का ध्यान कर निम्नलिखित मन्त्रों से मानसी पूजा सम्पन्न करनी चाहिए । -

ॐ लं पृथिव्यात्मकं महादेव्यै गन्धं समर्पयामि नमः अङ्गुष्ठकनिष्ठाभ्याम् ।
ॐ हं आकाशात्मकं महादेव्यै पुष्पाणि समर्पयामि नमः अङ्गुष्ठानामिकाभ्याम् ।
यं ॐ [illegible] वायुवात्मकं महादेव्यै धूपं अघ्रापयामि नमः अङ्गुष्ठमध्यमाभ्यम् ।
ॐ रं वह्यात्मकं महादेव्यै दीपं दर्शयामि नमः अङ्गुष्ठतर्जनीभ्याम् ।
ॐ वं अमृतात्मकं महादेव्यै नैवेद्य निवेदयामि नमः अङ्गुष्ठानाभिकाम्यम् ॥ ८३-८४ ॥

अब **पीठपूजा का विधान** कहते हैं -

मण्डूक, कालाग्निरुद्र, मूलप्रकृति, आधारशक्ति, कर्म, शेष, वराह, मेदिनी

सुधाब्धिं रत्नदीपं च स्वर्णाद्रिं नन्दनं वनम् ।
दृष्ट्वा कल्पतरून् मध्ये विचित्रानन्दभूमिकाम् ॥ ८६ ॥
श्रीरत्नमन्दिरं रत्नवेदिकां धर्मवारणम् ।
रत्नसिंहासनं तस्य पादान्धर्मादिकान् यजेत् ॥ ८७ ॥
गात्राणि तांश्च नञ्पूर्वान्पद्मं चानन्दकन्दकम् ।
ज्ञाननालं कर्णिकां च सूर्यसोमाग्निमण्डलम् ॥ ८८ ॥
तारमात्रात्रयाद्यं तत्स्ववर्णाद्यान्गुणान् यजेत् ।
मात्रात्रयाद्यमात्मानमन्तरात्मानमेव च ॥ ८९ ॥
तृतीयं परमात्मानं ज्ञानात्मानं परादिकम् ।

मायाकलादितत्वानां कथनम्

मायातत्त्वं कलातत्त्वं विद्यातत्त्वं च पूजयेत् ॥ ९० ॥
परतत्त्वं स्ववर्णाद्यं ब्रह्मविष्णुशिवांस्ततः ।
प्रेतां तानीश्वरं तुर्यं पञ्चमं च सदाशिवम् ॥ ९१ ॥

स्वर्णाद्रि मेरुः ॥ ८६ ॥ धर्मवारणं छत्रम् । धर्मादिकान् धर्मज्ञानवैराग्यैश्वर्याणि ॥ ८७ ॥ न पूर्वानधर्मादीन् ॥ ८८ ॥ तारमात्रात्रयाद्यम् अंउमंपूर्व सूर्यसोमाग्नि-मण्डलम् । गुणान् सत्त्वरजस्तमांसि । स्ववर्णाद्यां संसत्त्वाय नम इत्यादिरूपान् । आत्मानमित्यादीन् मात्रात्रयादीन् अं आत्मने – उ अन्तरात्मने ॥ ८९ ॥ मं परमात्मने परादिकमाया बीजाद्यम्, ज्ञानात्मानम्, ह्रीं ज्ञानात्माने इति । मायातत्त्वादीनि स्ववर्णाद्यानि मां मायातत्त्वाय नम इत्यादिरूपाणि ॥ ९० ॥ ब्रह्मविष्णुरुद्रेश्वर सदाशिवान् प्रेतशब्दांस्तान् बं ब्रह्मप्रेताय नम इत्यादिरूपान् ॥ ९१–९२ ॥

सुधाम्बुधि, रत्नद्वीप, मेरु, नन्दनवन और कल्पवृक्ष का पीठ पर पूजन करना चाहिए । फिर मध्य में विचित्रानन्द भूमि, श्री रत्नमन्दिर, रत्नवेदिका, छत्र, और सिंहासन का पूजन कर सिंहासन के पादभूत, धर्म (ज्ञान, वैराग्य एवं ऐश्वर्यो का तथा अधर्म, अज्ञान, अवैराग्य एवं अनैश्वर्य आदि) का पूजन करना चाहिए । फिर पद्म आनन्दकन्द एवं ज्ञाननाल का कर्णिका में पूजन कर ॐकार के तीनो स्वरों (अं उं मं) के साथ सूर्य, सोम और अग्निमण्डलों का अपनी कलाओं के साथ यजन करना चाहिए । इसी प्रकार अपने नाम के आद्याक्षर से युक्त सत्त्व, रज, और तमोगुण का भी पूजन करे। तदनन्तर पूर्वोक्त तीन स्वरों के साथ आत्मा, अन्तरात्मा एवं परमात्मा का, मायाबीज के साथ ज्ञानात्मा का तथा अपने अपने वर्णो के साथ मायातत्त्व, कलातत्त्व, विद्यातत्त्व, एवं परतत्त्व का पूजन करना चाहिए । फिर अपने अपने नाम के आद्याक्षर को आदि में लगा कर ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर और सदाशिव इन ५ (प्रेतों) देवों का पूजन करना चाहिए ॥ ८५-९१ ॥

सुधार्णवासनं पश्चाद्यजेत् प्रेताम्बुजासनम् ।
दिव्यासनं चक्रासनं सर्वमन्त्रासनं ततः ॥ ६२ ॥
साध्यसिद्धासनं प्रार्च्य चक्रराजं प्रपूजयेत् ।
पीठशक्तिस्ततः काष्ठास्विच्छाज्ञानं क्रिया तथा ॥ ६३ ॥
कामिनीकामदायिन्यौ रतिरेवं रतिप्रिया ।
नन्दामनोन्मनी चेति वराभयकरास्तु ता ॥ ६४ ॥
तत आसनमन्त्रेण पूजयेच्चक्रनायकम् ।

पीठमन्त्रोद्धारः

वाक्परायै केशवोऽथ परायै च परापरा ॥ ६५ ॥
बालीदामोदरारूढस्तार्तीयं च सदाशिव ।
महाप्रेतं पठेत् पद्मासनाय हृदयान्तिकः ॥ ६६ ॥
एकोनत्रिंशदर्णाढ्यो मनुरासनसंज्ञकः ।
एवं पीठं समभ्यर्च्य दद्यात् पुष्पाञ्जलिं ततः ॥ ६७ ॥

काष्ठासु दिक्षु । पीठशक्तिराह – **इच्छेति** ॥ ६३–६४ ॥ पीठमन्त्रमुद्धरति – **वागिति** ॥ १०२ ॥ वाक् ऐं केशवः अः ॥ ६५ ॥ बाली यः दामोदरारुढः ऐं युतः यै । तार्तीयं ह्सौः । हृदयान्तिकः नमोन्तः । स्वरूपमन्यत् । यथा – ऐं परायै अपरायै परापरायै ह्सौः सदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नम इति ॥ ६६–६७ ॥

फिर सुधार्णवासन, प्रेताम्बुजासन, दिव्यासन, चक्रासन, सर्वमन्त्रासन और साध्य सिद्धासन का पूजन कर चक्रराज का पूजन करना चाहिए ॥ ६२-६३ ॥

उसकी **विधि** इस प्रकार है - चक्रराज के ८ दिशाओं में तथा मध्य में वरद और अभय मुद्रा धारण करने वाली पीठशक्तियों का पूजन करे । १. इच्छा, २. ज्ञान, ३. क्रिया, ४. कामिनी, ५. कामदायिनी, ६. रति, ७. रतिप्रिया, ८. नन्दा एवं ९. मनोन्मनी - ये नौ पीठशक्तियाँ हैं । इसके बाद आसन मन्त्र से चक्रराज का पूजन करना चाहिए ॥ ६३-६५ ॥

अब **चक्रराज मन्त्र का उद्धार** कहते हैं --

वाग् (ऐं), फिर 'परायै' पद, फिर केशव (अ), फिर 'अपरायै' पद, फिर 'परापरा' और दामोदरारूढ़ वाली (यै), फिर तार्तीय बीज ह्सौः, फिर 'सदाशिवमहाप्रेत', फिर 'पद्मासनाय' पद, उसके अन्त मे हृदय (नमः) लगाने से २९ अक्षरों का आसन मन्त्र सम्पन्न होता है ॥ ६५-६७ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ऐं परायै अपरायै, परापरायै ह्सौः सदाशिवमहाप्रेतपद्मासनाय नमः ।

उपर्युक्त पीठपूजा का सारांश - अर्घ्य पात्र स्थापन के पश्चात् देवी का विधिवत् ध्यान कर मानसोपचार से पूजन करे । फिर श्रीचक्रात्मक यन्त्रराज के पीठ - देवताओं एवं पीठशक्तियों का पूजन इस प्रकार करे -

कर्णिका में - ॐ मण्डूकाय नमः,
ॐ कालाग्निरुद्राय नमः, ॐ मूलप्रकृत्यै नमः, ॐ आधारशक्त्यै नमः,
ॐ कूर्माय नमः, ॐ शेषाय नमः, ॐ वराहाय नमः,
ॐ पृथिव्यै नमः, ॐ सुधाम्बुधये नमः, ॐ रत्नद्वीपाय नमः,
ॐ मेरवे नमः, ॐ नन्दनवनाय नमः, ॐ कल्पवृक्षाय नमः ।

तदनन्तर **कर्णिका के मध्य में** - ॐ विचित्रानन्दभूम्यै नमः,
ॐ श्रीरत्नमन्दिराय नमः, ॐ रत्नवेदिकायै नमः,
ॐ छत्राय नमः, ॐ रत्नसिंहासनाय नमः,

फिर **पीठ के चारों दिशाओं में** पूर्वादिक्रम से - ॐ धर्माय नमः,
ॐ ज्ञानाय नमः, ॐ वैराग्याय नमः, ॐ ऐश्वर्याय नमः,

फिर **पीठ के चारों कोणों में** - ॐ अधर्माय नमः,
ॐ अज्ञानाय नमः, ॐ अवैराग्याय नमः, ॐ अनैश्वर्याय नमः,

पुनः **मध्य में** - ॐ आनन्दकन्दाय नमः, ॐ संविन्नालाय नमः, ॐ सर्वतत्त्वात्मकपद्माय नमः, ॐ प्रकृतिमयपत्रेभ्यो नमः, ॐ विकारमयकेसरेभ्यो नमः, ॐ पञ्चाशद्बीजाड्यकर्णिकाय नमः का पूजन करना चाहिए । पुनः तत्रैव -
ॐ अं द्वादशकलात्मने सूर्यमण्डलाय नमः,
ॐ उं षोडशकलात्मने सोममण्डलाय नमः,
ॐ मं दशकलात्मने वह्निमण्डलाय नमः, ॐ सं सत्त्वाय नमः,
ॐ रं रजसे नमः, ॐ तं तमसे नमः, ॐ अं आत्मने नमः,
ॐ उं अन्तरात्मने नमः, ॐ मं परमात्मने नमः, ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः,

पुनः तत्रैव - ॐ मां मायातत्त्वाय नमः, ॐ कं कलातत्त्वाय नमः,
ॐ विं विद्यातत्त्वाय नमः, ॐ पं परतत्त्वाय नमः,

पुनः वहीं पर - ॐ बं ब्रह्मप्रेताय नमः, ॐ विं विष्णुप्रेताय नमः,
ॐ रुं रुद्रप्रेताय नमः, ॐ इं ईश्वरप्रेताय नमः, ॐ सं सदाशिवप्रेताय नमः,

पुनः तत्रैव -
ॐ सुधार्णवासनाय नमः, ॐ प्रेताम्बुजासनाय नमः, ॐ दिव्यासनाय नमः,
ॐ चक्रासनाय नमः ॐ सर्वमन्त्रासनाय नमः, ॐ साध्यसिद्धासनाय नमः

तदनन्तर चक्रराज का इस प्रकार पूजन करे - प्रथम आठों दिशाओं में तथा मध्य में इच्छादि नौ पीठ शक्तियों का, पूर्वादि दिशाओं के क्रम से, यथा -
ॐ इं इच्छायै नमः, ॐ ज्ञां ज्ञानायै नमः, ॐ क्रिं क्रियायै नमः
ॐ कां कामिन्यै नमः, ॐ कं कामदायिन्यै नमः, ॐ रं रत्यै नमः

पुष्पाञ्जलिमन्त्रः

प्रकटान्तं गुप्तगुप्ततरान्ते सम्प्रदाय च ।
कुलान्ते नेत्रयुङ्मेषो गर्भरेति ततः पठेत् ॥ ९८ ॥
हस्यान्तेति रहस्यार्णापरापररहस्य च ।
संज्ञकः श्रीचक्रगतो योगिनीपादुकापदम् ॥ ९९ ॥
भ्योनमोन्तो धराबाणवर्णो मायारमादिकः ।
मन्त्रपुष्पाञ्जलेर्दाने सर्वसिद्धिप्रदायकः ॥ १०० ॥
मुद्रां त्रिखण्डां कृत्वाथ पुष्पाण्यादाय चाञ्जलौ ।
ध्यात्वा पूर्वोदितां देवीं मूलविद्यां समुच्चरेत् ॥ १०१ ॥
चैतन्यं हृत्कमलतो नासिकारन्ध्रनिर्गतम् ।
ब्रह्मरन्ध्रस्य मार्गेण योजितं कुसुमाञ्जलौ ॥ १०२ ॥

पुष्पाञ्जलिमन्त्रमाह – **प्रकटेति** । नेत्रयुक् मेषः नि ॥ ९८–९९ ॥ मायारमादिकः ह्रीं श्रीमादिकः । यथा – ह्रीं श्रीं प्रकटगुप्तगुप्ततर संप्रदाय–कुलनिगर्भरहस्यातिरहस्यपरापररहस्यसंज्ञक श्रीचक्रगतयोगिनीपादुकाभ्यो नम इति धराबाणवर्णः एकपञ्चाशदक्षरः ॥ १०० ॥ त्रिखण्डा मुद्रोक्ता ॥ १०१ ॥ आवाहनमन्त्रमाह – **चैतन्यमिति** ॥ १०० ॥ *॥ १०३–१०६ ॥

ॐ रं रतिप्रियायै नमः, ॐ नं नन्दायै नमः

पुनः मध्य में - ॐ मं मनोन्मन्यै नमः ।

तदनन्तर 'ऐं परायै अपरायै परापरायै ह्सौः सदाशिव महाप्रेत पद्मासनाय नमः' मन्त्र से चक्रराज की पूजा करनी चाहिए ॥ ९५-९७ ॥

इस प्रकार पीठपूजा करने के बाद पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ॥ ९७ ॥

पुष्पाञ्जलि के मन्त्र का उद्धार इस प्रकार हैं -

प्रथम प्रकट गुप्ततर के बाद 'सम्प्रदाय' कुल के बाद नेत्रयुक् मेष (नि) फिर 'गर्भ र' बोलना चाहिए, फिर 'हस्य' 'अति रहस्य' 'परापर रहस्य संज्ञक श्री चक्रगतयोगिनीपादुका' फिर 'भ्यो' 'नमः' बोलना चाहिए । प्रारम्भ में माया (ह्रीं) एवं रमा (श्रीं) बीज लगाने से इक्यावन अक्षरों का सर्वसिद्धिदायक पुष्पाञ्जलि देने का मन्त्र बनता है ॥ ९८-१०० ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - 'ह्रीं श्रीं प्रकटगुप्तगुप्ततरसंप्रदायकुलनिगर्भ–रहस्यातिरहस्यपरापररहस्यसंज्ञकश्रीचक्रगतयोगिनीपादुकाभ्यो नमः' ॥ ९७-१००॥

पुष्पाञ्जलि देने के लिए प्रथम त्रिखण्डा मुद्रा बनावे । फिर अञ्जलि में पुष्प लेकर ११. ५१ में वर्णित देवी के स्वरूप का ध्यान कर उपर्युक्त मूलमन्त्र का उच्चारण कर पुष्पाञ्जलि देनी चाहिए । तदनन्तर हृदयकमल से, नासिका रन्ध्र

महापद्मवनान्तस्थे कारणानन्दविग्रहे।
सर्वभूतहिते मातरेह्येहि परमेश्वरि ॥ १०३ ॥
महः पूजाभचैतन्यसंयुक्तकुसुमाञ्जलिम्।
श्रीचक्रराजे संयोज्य ततः श्लोकद्वयं पठेत् ॥ १०४ ॥
देवेशि भक्तिसुलभे सर्वावरणसंयुते।
यावत्त्वां पूजयिष्यामि तावत्त्वं सुस्थिरा भव ॥ १०५ ॥
इदमावाहनं प्रोक्तं ततः स्थापनमाचरेत्।
भैरवीमन्त्रमुच्चार्य श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरि ॥ १०६ ॥
चक्रेऽस्मिन् कुरु सान्निध्यं नमोन्तः स्थापने मनुः।
दर्शयेत् स्थापनीं मुद्रां सन्निधिं सन्निरोधनम् ॥ १०७ ॥
सम्मुखीकरणं तत्तन्मुद्राभिर्मन्त्रविच्चरेत्।
न्यसेत् षडङ्गं देव्यङ्गे सकलीकरणं त्विदम् ॥ १०८ ॥
अवगुण्ठामृतीकारपरमीकरणानि च।
तत्तन्मुद्राभिराराध्य मूलेन त्रिःप्रपूजयेत् ॥ १०९ ॥

स्थापन्याद्या मुद्रा वक्ष्यन्ते ॥ १०७ ॥ *॥ १०८ – १११ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां
श्रीविद्याकथनंनाम एकादश तरङ्गः ॥ ११ ॥

से निर्गत एवं ब्रह्मरन्ध्र मार्ग से योजित चैतन्य को पुष्पाञ्जलि में लेकर उस चैतन्य तेज को श्रीचक्रराज पर स्थापित कर निम्नलिखित दो श्लोकों से देवी का आवाहन करना चाहिए ।

महापद्मवनान्तस्थे कारणानन्दविग्रहे ।
सर्वभूतहिते मातरेह्येहि परमेश्वरि ॥
देवेशि भक्तिसुलभे सर्वावरणसंयुते ।
यावत्त्वां पूजयिष्यामि तावत्त्वं सुस्थिरा भव ॥ १०१-१०५ ॥

यह देवी का आवाहन हुआ । फिर उनकी स्थापना करनी चाहिए - यथा प्रथम भैरवी मन्त्र (ह्स्रैं ह्स्क्लरीं ह्स्रौः) बोलकर 'श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरि चक्रेस्मिन् कुरु सान्निध्यं नमः' यह स्थापना का मन्त्र है । इस प्रकार स्थापित कर स्थापनी मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए । इसके बाद मन्त्रवेत्ता साधक सन्निधि, सन्निरोध एवं

तर्पणध्यानादिकथनम्

ततः पाद्यादिकान्सम्यगुपचारान् प्रकल्पयेत् ।
मूलमन्त्रेण पुष्पान्तान् पुनः सन्तर्पयेत्त्रिधा ॥ ११० ॥
पुष्पाञ्जलिं विधायाथ ध्यात्वा देवीं यथाविधि ।
अनुज्ञां प्रार्थयेन्मन्त्री परिवारसमर्चने ॥ १११ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ श्रीविद्याकथनं नाम एकादशस्तरङ्गः ॥ ११ ॥

संमुखीकरण की मुद्रा प्रदर्शित कर देवी के अङ्गों में षडङ्गन्यास करे । इस प्रकार की प्रक्रिया को 'सकलीकरण' कहते हैं ॥ १०४-१०८ ॥

इसके बाद अवगुण्ठन, अमृतीकरण, परमीकरण की मुद्रा प्रदर्शित कर तीन बार मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुए पाद्य आदि उपचारों से पुष्पाञ्जलि पर्यन्त देवी का पूजन कर तीन बार तर्पण करना चाहिए । पुनः पुष्पाञ्जलि लेकर विधिवत् देवी का ध्यान कर आवरण पूजा के लिए देवी से आज्ञा माँगनी चाहिए ॥ १०९-१११ ॥

विमर्श - संक्षेप में **पूजा पद्धति** - पीठ पूजा करने के अनन्तर 'ह्रीं श्रीं प्रगट गुप्ततर संप्रदाय कुल निगर्म रहस्यातिरहस्य परापररहस्य संज्ञक श्री चक्रगत योगिनी पादुकाभ्यो नमः' मन्त्र से पुष्पाञ्जलि देकर त्रिखण्डामुद्रा बाँधकर पुनः पुष्पाञ्जलि लेकर देवी से अपने को अभिन्न समझते हुए 'बालार्कमण्डलाभासां चतुर्बाहुं त्रिलोचनाम् । पाशाकुशशरांश्चापं धारयन्ती शिवां भजे' से ध्यान कर स्थापना आदि मुद्रा इस प्रकार प्रदर्शित करनी चाहिए ।

स्थापनामुद्रा - अधोमुखी कृता सैव स्थापनीति निगद्यते ।
सन्निधान - आश्लिष्ट मुष्टियुगला प्रोन्नताङ्गुष्ठयुग्मका ।
सन्निधाने समुदिष्टा मुद्रेयं तन्त्रवेदिभिः ।
सन्निरोध - अङ्गुष्ठगर्भिणी सैव सन्निरोधे समीरिता ।
समुखीकरण - हृदि बद्धाञ्जलिर्मुद्रा सम्मुखीकरणे मताः ।
सकलीकरण - देवाङ्गेषु षडङ्गानां न्यासः स्यात्सकलीकृतिः ।
अवगुण्ठनमुद्रा - सव्यहस्तकृता मुष्टिः दीर्घाधोमुखतर्जनी ।
अवगुण्ठनमुद्रेयमभितो भ्रामिता भवेत् ।
अमृतीकरण - अन्योन्याभिमुखौ श्लिष्टौ कनिष्ठानामिका पुनः ।

तथा तु तर्जनीमध्या धेनुमुद्रा प्रकीर्त्तिता अमृतीकरणं कुर्यात्तया देशिकसत्तमः ।

परमीकरण - अन्योन्यग्रथितांगुष्ठौ प्रसारितकराङ्गुलिः ।
महामुद्रेयमुदिता परमीकरणं बुधैः ।

अब संक्षेप में तन्त्रान्तर प्रदर्शित पूजापद्धति लिखते हैं - जिसमें १. **आवाहन** एवं **स्थापन** की विधि पूर्व (द्र० ११.१०६-१०७) में कह आये हैं । अब आसनादि का प्रकार कहते हैं -

२. **आसन** - मूलमन्त्र का उच्चारण कर -
ॐ सर्वान्तर्यामिनि देवि सर्ववीजमयं शुभम्। स्वात्मस्थाप्यपरं शुद्धमासनं कल्पयाम्यहम्॥
श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरि आसनं गृहाण नमः' - इस मन्त्र से देवी को आसन समर्पित करना चाहिए ।

३. **उपवेशन** - मूलमन्त्र पढ़ कर - 'ॐ अस्मिन्वरासने देवि सुखासीनाक्षरात्मिके ।
प्रतिष्ठिता भवेशि त्वं प्रसीद परमेश्वरि ।
श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरि भगवति अत्रोपविष्टा भव नमः' - इस मन्त्र से देवी को आसन पर बैठाना चाहिए ।

४. **सन्निधिकरण** - मूलमन्त्र का उच्चारण कर -
'ॐ अनन्यं तव देवेशि यन्त्रं शक्तिरिदं वरे । सान्निध्यं कुरु तस्मिस्त्वं भक्तानुग्रहतत्परे ॥
भगवति श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरि इह सन्निधेहि' - ऐसा पढ़ कर सन्निधान मुद्रा द्वारा सन्निधिकरण करना चाहिए ।

५. **संमुखीकरण** -मूलमन्त्रकहकरॐ अज्ञानात् दुर्मनस्ताद्वा वैकल्पात् साधनस्य च ।
यदा पूर्णं भवेत्कृत्यं तदप्यभिमुखी भव ॥
श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरि इह संमुखीभव' - इस मन्त्र को पढ़ कर पूर्वोक्त सम्मुखी मुद्रा द्वारा सम्मुखीकरण करना चाहिए ।

६. **सन्निरोधन** - मूल मन्त्र को पढ़ कर -
ॐ आज्ञया तव देवेशि कृपाम्भोधे गुणाम्बुधे । आत्मानन्दैकतृप्तां त्वां निरुणध्मि पितर्गुरौ।
श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरि सन्निरुद्ध्यस्व मन्त्र से सन्निधानमुद्रा द्वारा देवी का सन्निरोध करना चाहिए ।

कुछ आचार्यों के मत में सन्निधिकरण, सन्निरोधन एवं सम्मुखीकरण की क्रिया मात्र मुद्रा प्रदर्शित कर करनी चाहिए । जैसा कि स्वयं ग्रन्थकार ने पहले कहा है । (द्र० ११. १०७)

७. **सकलीकरण** - देवी के अङ्गो में षडङ्गन्यास कर सकलीकरण करे। यथा -

श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं सौः हृदयाय नमः, ॐ ह्रीं श्रीं शिरसे स्वाहा,
कएईलह्रीं शिखायै वषट्, हसकहलह्रीं कवचाय हुम्,
सकलह्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्, सौः ऐं क्लीं ह्रीं श्रीं अस्त्राय फट् ।

८. **अवगुण्ठनमुद्रा** - मूलमन्त्र पढ़ कर -

'ॐ अव्यक्तवाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रप्रज्वलितद्युते । स्वतेजः पुञ्जकेनाशुवेष्टिता भव सर्वतः। श्रीमत्त्रिपुरसुन्दरि हुम्' - मन्त्र से पूर्वोक्त अवगुण्ठन मुद्रा प्रदर्शित कर अवगुण्ठन करे तथा छोटिका मुद्रा द्वारा दिग्बन्धन करे ।

९. अमृतीकरण आदि - धेनुमुद्रा से अमृतीकरण, महामुद्रा से परमीकरण करने के बाद मूलमन्त्र से तीन बार देवी का पूजनकर इस प्रकार स्वागत करना चाहिए - यस्याः दर्शनमिच्छन्ति देवाः स्वाभीष्टसिद्धये । तस्मै ते परमीशायै स्वागतं स्वागतं च ते। कृतार्थोऽनुगृहीतोऽस्मि सकलं जीवितं मम । आगता देवि देवेशि सुस्वागतमिदं पुनः ॥

१०. पाद्य - जल में श्यामाक, विष्णुक्रान्ता, कमल और दूर्वा डाल कर मूल मन्त्र से 'एतत्पाद्यं श्रीमत्त्रिपुरसुन्दर्यै नमः' इस मन्त्र से पाद्य देना चाहिए ।

११. अर्घ्य - अर्घ्य पात्र में दूर्वा, तिल, दर्भाग्र, सरसों, जौ, पुष्प, गन्ध एवं अक्षत लेकर 'इदमर्घ्यं श्रीमत्त्रिपुरसुन्दर्यै स्वाहा' - मन्त्र से अर्घ्य प्रदान करना चाहिए ।

१२. आचमन - आचमन के जल में लौंग, जायफल एवं कंकोल डालकर 'मूलमिदमाचमनीयं स्वधा' - यह मन्त्र पढ़ कर आचमन कराना चाहिए ।

१३. स्नान - स्नानीय जल में चन्दन, अगर एवं सुगन्धित द्रव्य डाल कर 'मूलं स्नानीयं जलं निवेदयामि', मन्त्र से स्नान कराना चाहिए । फिर पञ्चामृत शुद्धोदक एवं गन्धोदक से स्नान करा कर सर्वांग स्नान कराना चाहिए । तदनन्तर जल द्वारा अभिषेक करना चाहिए ।

१४. वस्त्राभूषण - इसके बाद पुनः आचमन करा कर देवी को वस्त्र और उत्तरीय समर्पित करना चाहिए । तदनन्तर पुनः आचमन करा कर अलंकारादि समर्पित करना चाहिए ।

१५. गन्ध - 'मूलं एव गन्धे नमः' - इस मन्त्र से गन्धमुद्रा (कनिष्ठाङ्गुष्ठ-योगेन गन्धमुद्रां प्रदर्शयेत्) द्वारा सुगन्धित इत्र चन्दनादि द्रव्य लगाना चाहिए ।

इसके बाद नाना प्रकार के परिमल सौभाग्य द्रव्य समर्पित कर अक्षत चढ़ाना चाहिएं ।

१६. पुष्प - 'मूलमेतानि पुष्पाणि वौषट्' यह मन्त्र पढ़ कर पुष्पमुद्रा (अङ्गुष्ठा-नामिकाभ्यां पुष्पमुद्रा प्रकीर्त्तिता) द्वारा ऋतुकालोद्भव पुष्प समर्पित करना चाहिए ।

इसके बाद तीन पुष्पाञ्जलियाँ समर्पित कर विधिवद्देवी का ध्यान कर परिवार के पूजनार्थ उनसे आज्ञा माँगनी चाहिए ।

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के एकादश तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ ११॥

अथ द्वादशः तरङ्गः

श्रीविद्याया अथो वक्ष्ये परिवारप्रपूजनम् ।
कृतेन येन मन्त्रज्ञो लभते वाञ्छिताधिकम् ॥ १ ॥

श्रीविद्यायाः परिवारपूजनप्रकारः

शुक्लपक्षे यजेन्नित्याः कामेश्वर्यादिषोडश ।
कृष्णपक्षे विचित्राद्याः कामेश्वर्यवसानकाः ॥ २ ॥
षोडशीं च यजेन्मध्ये वक्ष्ये तद्यजनक्रमम् ।
एकैकं स्वरमुच्चार्य नित्यामन्त्रं समुच्चरेत् ॥ ३ ॥

---

* नौका *

श्रीविद्याया आवरणार्चनं वक्तुं प्रतिजानीते । **श्रीविद्याया** इति । येन मनोरथाधिकमाप्नोति ॥ १ ॥ शुक्लपक्षे कामेश्वर्यादि विचित्रान्तां बिन्दुं परितः कल्पिते त्रिकोणे प्रतिपार्श्वं वामावर्तेन । पञ्च पञ्च संपूज्य बिन्दौ षोडशीं मूलेन पूजयेत् । कृष्णपक्षे तु विचित्राद्याः कामेश्वर्यन्ताः स्व स्व मन्त्रेण तथैव संपूज्य मध्ये षोडशीं यजेत् ॥ २ ॥ तत्र विधिमाह – **एकैकमिति** । एकैकं स्वरमुक्त्वा वक्ष्यमाणमेकैकं नित्या मन्त्रं च प्रोच्य नित्यानामान्ते अमुक नित्याश्रीपादुकां पूजयामीति दक्षहस्तेन पुष्पचन्दनाक्षतानि तर्पयामीति वामहस्तेन जलं चार्पयेत् ॥ ३–४ ॥

---

* अरित्र *

अब श्रीविद्या के **आवरण पूजा की विधि** कहता हूँ - जिसके करने से साधक अपनी इच्छा से अधिक फल प्राप्त करता है ॥ १ ॥

शुक्लपक्ष में कामेश्वरी से विचित्रा पर्यन्त तथा कृष्ण पक्ष में विचित्रा से ले कर कामेश्वरी पर्यन्त १५ नित्याओं का (त्रिकोण की प्रत्येक रेखाओं पर ५, ५, के क्रम से वामावर्त) पूजन करना चाहिए । फिर मध्य बिन्दु पर षोडशी का मूलमन्त्र से पूजन करना चाहिए ॥ २-३ ॥

अव उन **नित्याओं के पूजन का क्रम** बतलाता हूँ - प्रथम एक एक स्वर फिर, वक्ष्यमाण नित्याओं का एक एक मन्त्र, फिर कामेश्वरी आदि का नाम, तदनन्तर

कामेश्वर्यादिनामान्ते नित्याश्रीपादुकां पठेत्।
पूजयामि तर्पयामि हृदयं प्रोच्य पूजयेत्॥ ४॥
बिन्दुं परित आकल्प्य त्रिकोणे बिन्दुतोन्तिमम्।
दक्षहस्तेन पुष्पादिवामेनाम्भो विनिःक्षिपेत्॥ ५॥
केचिदाहुरिहाचार्या आर्द्रकेण जलं क्षिपेत्।
वामावर्तेन सम्पूज्याः कोणपार्श्वेषु पञ्चशः॥ ६॥

पञ्चदशनित्यादेवीमन्त्रास्तेषु कामेश्वरीमन्त्रः

नित्यामन्त्राः प्रवक्ष्यन्ते स्मृताः सर्वेष्टसिद्धिदाः।
बाला तारो नमः कामेश्वरि दृग्दीर्घजादिमः॥ ७॥
कामफलप्रदे सर्वसत्त्ववान्ते तु शंकरि।
सर्वान्ते तु जगद्वर्णात् क्षोभणान्ते करीति च॥ ८॥
वर्मत्रयं पञ्चबाणाः प्रतिलोमाकुमारिका।
कामेश्वरीमनुः[1] प्रोक्तः षट्चत्वारिंशदर्णवान्॥ ९॥

अम्भः जलं गोक्षीरं वा॥ ५॥ जले क्षीरे वा आर्द्रकं प्रास्यमिति केचित् ॥ ६॥ नित्यां मन्त्रेषु कामेश्वरीमन्त्रमाह – **बालेति** । बाला ऐं क्लीं सौः । तारः प्रणवः । दृक् इ । दीर्घश्चासौ जादिमश्च छ॥ ७–८॥ वर्म हुं॥ ३॥ पञ्चबाणाः – द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः इति । कुमारिका बाला प्रतिलोमा । अं सौः क्लीं ऐं कामेश्वरी नित्या श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नम इति॥ ९॥

'नित्या श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः' लगाकर पूजन करना चाहिए ॥ २-४ ॥

मध्य विन्दु के ऊपर त्रिकोण में आरम्भ से लेकर अन्तिम विन्दु पर्यन्त वामावर्त क्रम से इनकी कल्पना करनी चाहिए । दाहिने हाथ से 'पूजयामि' कहकर पुष्प समर्पित करे और बायें हाथ से 'तर्पयामि' कह कर जल या गाय का दूध चढ़ाना चाहिए । कुछ आचार्यों का कहना है कि अदरख के साथ जल चढ़ाना चाहिए । इस प्रकार त्रिकोण की प्रत्येक रेखा पर ५, ५, के क्रम से वामावर्त इन नित्याओं का पूजन करना चाहिए ॥ ५-६ ॥

अब पूजन के प्रयोग में लाये जाने वाले सभी **नित्याओं के मन्त्रों का उद्धार** कहता हूँ, जो स्मरण मात्र से समस्त इष्टसिद्धियों को प्रदान करते हैं -

(i) कामेश्वरी मन्त्र का उद्धार - बाला (ऐं क्लीं सौः), तार (ॐ) और 'नमः कामेश्वरि', फिर दृक् और दीर्घ आदि (इच्छा), फिर 'कामफलप्रदे', फिर 'सर्वसत्वव', फिर शंकरि', फिर 'सर्वजगत्क्षोभणकरि', फिर वर्मत्रय (हुं हुं हुं), फिर

---

१. ॐ ऐंक्लींसौःॐनमः कामेश्वरि इच्छाकामफलप्रदेसर्वसत्त्ववशंकरिसर्वजगत्क्षोभणकरि हुं हुं हुं द्रांद्रींक्लींब्लूंसः सौक्लींऐं कामेश्वरीनित्याश्रीपादुका पूजयामितर्पयामिनमः इत्येवप्रयोगः ।

भगमालिनीमन्त्रः

वाग्बीजं भगकर्णाढ्या निद्रागे भगिनीति च ।
भगोदरीतिवर्णान्ते भगमाले भगावहे ॥ १० ॥
भगगुह्ये भगान्ते स्याद्योने भगनिपातिनि ।
सर्वान्ते भगशब्दान्ते वशंकरि भगेति च ॥ ११ ॥
रूपे नित्यपदं क्लिन्ने भगस्वग्निः सदीपकः ।
पेसर्वभस्मृतिर्दीर्घानि मेह्यानय वाग्नयः ॥ १२ ॥
देरेतेसु सझिण्टीशः पावकस्ते भगार्णकाः ।
क्लिन्नेक्लिन्नद्रवेक्लेदयद्रावय च केशवः ॥ १३ ॥
मोघेभगान्ते विच्चे च क्षुभ क्षोभय सर्व च ।
सत्वान्भगेश्वरि प्रान्ते वाग्ब्लूं जंब्लूं च भेंपुनः ॥ १४ ॥
ब्लूंमोंब्लूंहेंपुनः ब्लूंहोंक्लिन्ने सर्वाणि भाक्षरम् ।
गानि मे वशमानान्ते मारुतः स्त्रीं हरेति च ॥ १५ ॥
ब्लेंमायांगत्रिभूवर्णा प्रोदिताभगमालिनी ।

भगमालिनीमाह – **वागिति** । वाग्बीजं ऐं । कर्णाढ्या निद्रा उयुतो भः भुः ॥ १०–११ ॥ सदीपकः अग्निः ऊयुतो रः रूः । दीर्घास्मृतिः गा । अग्नि रेफः ॥ १२ ॥ सझिण्टीशः पावकः एयुतोरः रे । केशवः अः ॥ १३ ॥ वाक् ऐं ॥ १४ ॥ मारुतो यः ॥ १५ ॥ माया ह्रीं । स्वरूपमन्यत् । अङ्गत्रिभूवर्णा

पञ्चवाण (द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः), और इसके अन्त में प्रतिलोमा बाला (सौः क्लीं ऐं) लगाने से ४६ अक्षरों का कामेश्वरी मन्त्र बनता है ॥ ७-६ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - (अं) 'ऐं क्लीं सोः ॐ नमः कामेश्वरि, इच्छाकाम फलप्रदे सर्व सत्ववशंकरि सर्वजगत्क्षोभणकरि हुं हुं हुं द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं स सौः क्लीं ऐं' । इसके बाद 'कामेश्वरी नित्या श्रीपादुकां पूजयामि तर्पयामि नमः' लगाकर कामेश्वरी को पुष्प तथा जल समर्पित करे ॥ ७-६ ॥

(ii) भगमालिनी मन्त्र का उद्धार - वाग्बीज (ऐं), फिर 'भग', फिर कर्णाख्या निद्रा (भु), फिर 'गे भगिनि', फिर 'भगोदरि भगमाले भगावहे भगगुह्ये भग' के बाद 'योने भगनिपातिनि', 'सर्वभग', 'वशंकरिभग', 'रूपे नित्य', 'क्लिन्ने भगस्व', तदनन्तर सदीपक अग्नि (रू), फिर 'पे सर्वभ', तदनन्तर दीर्घस्मृति (गा), फिर 'न मे ह्यानय व', एवं अग्नि (र), फिर 'दे रेतसु', एवं सझिण्टीश पावक (रे), फिर 'ते भग', 'क्लिन्ने क्लिन्नद्रवे क्लेदय द्रावय', एवं केशव (अ) फिर 'मोघे भग', 'विच्चे', 'क्षुभ क्षोभय सर्व', 'सत्वान् भगेश्वरि', फिर वाक् (ऐं), 'ब्लूं जं ब्लूं' 'भें ब्लूं मों ब्लूं हें ब्लूं हों', 'क्लिन्ने सर्वाणिभ', 'गानि मे

नित्यक्लिन्नामन्त्रः

नित्यक्लिन्ने मदद्रान्ते पद्मनाभयुतंजलम् ॥ १६ ॥
मायाद्याग्निप्रियान्तेऽयं नित्यक्लिन्ना शिवाक्षरः ।

भेरुण्डामन्त्रः

बान्तो रेफासनस्तारसंयुतोंकुशसम्पुटः ॥ १७ ॥

इस प्रकार के अनुष्ठान से मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक अपने सारे मनोरथों को पूर्ण करे ॥ ६४ ॥

काम्य प्रयोग – ज्वर से मुक्त होने के लिए गुडूची (गिलोय) के टुकड़ों से होम करे ॥ ६४ ॥

दो मित्रों में द्वेष कराने के लिए कृष्णद्वेषी तथा महाजुआरी रुक्म तथा बलभद्र का ध्यान कर गोबर के गोल गोल कण्डो से होम करना चाहिए ॥ ६५-६६ ॥

शत्रु को शान्त करने के लिए नीम के तेल में डुबोई बहेड़े की लकड़ी से रात्रि में १० हजार की संख्या में होम करना चाहिए ॥ ६६-६७ ॥

विद्वान् साधक स्वयं में कृष्ण की भावना कर तथा शत्रु में मञ्च से गिराये गये, चोटी पकड़कर खींचे जाते हुये गतप्राण कंस की भावना करते हुये इस मन्त्र का १० हजार की संख्या में जप करे तथा रात्रि में शत्रु के जन्मनक्षत्र के वृक्ष की समिधाओं से होम करना चाहिए । ऐसा करने से उग्रतम शत्रु भी मर जाता है ॥ ६८-६९ ॥

धारयन्वशयेत्सद्यो यौवतं तच्चपूरुषान् ।
पुष्पं वासोऽञ्जनं वापि ताम्बूलमथ चन्दनम् ॥ ७१ ॥
सहस्रं मनुनाजप्तं दद्याद्यस्मै नराय सः ।
वशमेत्यचिरादेव सपुत्रपाशुबान्धवः ॥ ७२ ॥
वृन्दावनस्थं गायन्तं गोपीभिः संस्मरन्हरिम् ।
अपामार्गसमिदि्भर्यो जुहुयाद्वशयेज्जगत् ॥ ७३ ॥
रासक्रीडागतं कृष्णं ध्यायन्योऽयुतमाजपेत् ।
षण्मासाद्वाञ्छितां कन्यामुद्वहेद् भक्तितत्परः ॥ ७४ ॥
जपेत्सहस्रं ध्यायन्ती या कदम्बस्थितं हरिम् ।
कन्यकां वाञ्छितं नाथं मण्डलान्तर्लभेत सा ॥ ७५ ॥
पत्रैः फलैः समिदि्भर्वा बिल्वोत्थैर्मधुसंयुतैः ।
कमलैः शक्करायुक्तैर्होमाल्लक्ष्मीपतिर्भवेत् ॥ ७६ ॥
बहुना किमिहोक्तेन कृष्णाः सर्वार्थदो नृणाम् ।
अथ मन्त्रान्तरं वच्मि गोविन्दस्येष्टदं नृणाम् ॥ ७७ ॥

मण्डलम् एकोनपञ्चाशद् दिनानि तन्मध्ये वाञ्छितं प्रियं प्राप्नोति ॥ ७५ ॥ * ॥ ७६–७७ ॥

विद्या प्राप्ति हेतु पलाश के फूलों से एक लाख आहुतियाँ देनी चाहिए । राई मिश्रित चावल एवं श्वेत पुष्पादि द्वारा लगातार ७ दिन तक हवन कर उसका भस्म मस्तक में लगावे तो वह मनुष्य युवतियों के समूहों को तथा पुरुषों को अपने वश में कर लेता हैं ॥ ७०-७१ ॥

इस मन्त्र से एक हजार बार अभिमन्त्रित कर फूल, वस्त्र, अञ्जन, ताम्बूल या चन्दन जिस व्यक्ति को दिया जाय वह सपुत्र पशु एवं बान्धव सहित शीघ्र ही वशवर्ती हो जाता है ॥ ७१-७२ ॥

जो व्यक्ति वृन्दावन में गोपियों द्वारा गुणगान किए जाने वाले श्रीकृष्ण का स्मरण कर अपामार्ग की समिधाओं से हवन करता है वह सारे जगत् को अपने वश में कर लेता है ॥ ७३ ॥

जो व्यक्ति भक्ति में तत्पर हो रास लीला के मध्य में भगवान् श्रीकृष्ण का ध्यान कर उक्त मन्त्र का १० हजार जप करता है वह ६ महीनों के भीतर अपनी मन चाही कन्या से विवाह करता है ॥ ७४ ॥

जो कन्या कदम्ब वृक्ष पर बैठे श्रीकृष्ण का ध्यान कर प्रतिदिन एक हजार की संख्या में जप करती है वह ४९ दिन के भीतर मनोनुकूल पति प्राप्त करती है॥ ७५॥

मधु सहित विल्व वृक्ष का पत्र, फल या समिधाओं से अथवा शर्करा युक्त

द्वितीयगोपालाष्टवर्णमन्त्र तद्विधिपीठपूजाप्रकारकथनम्

कामो वियद्रेचिकाढ्यः पीतावामाक्षिसंयुता।
चक्रीझिण्टीशमारूढो बकोनन्तान्वितो मरुत्॥ ७८॥
हृदयान्तो मनुश्रेष्ठो वसुवर्णोऽखिलेष्टदः।
मुनिः सम्मोहनाद्योऽस्य नारदः परिकीर्तितः॥ ७९॥
गायत्रीछन्द इत्युक्तं देवस्त्रैलोक्यमोहनः।
कामबीजेन षड्दीर्घयुक्तेनाङ्गं समाचरेत्॥ ८०॥
कल्पानोकहमूलसंस्थितवयो राजोन्नतां सस्थितं
पौष्पं बाणमथेक्षुचापकमले पाशांकुशे बिभ्रतम्।
चक्रंशंखगदे करैरुदधिजा संश्लिष्टदेहं हरिं
नानाभूषणरक्तलेपकुसुमं पीताम्बरं संस्मरेत्॥ ८१॥

मन्त्रान्तरमाह – **काम** इति । कामः क्लीं । वियत् हः रेचिकाढ्यः ऋयुतः हृ । पीता षः वामाक्षिसंयुता ईयुता षी । चक्री कः झिंटीश ए तदारूढः के । वकः शः अनन्तान्वितः । आयुताः शाः । मरुत् यः॥ ७८॥ हृदयं नमः । यथा – क्लीं हृषीकेशाय नमः॥ ७९॥ षडङ्गमाह – **कामेति** । क्लां हृत् क्लीं शिर इत्यादि०॥ ८०॥ ध्यानमाह – **कल्पेति** । कल्पवृक्षमूलस्थित गरुडासन वाणपद्मांकुशशंखा दक्षेषु । अन्यान्यन्येषु॥ ८१॥

कमल पुष्पों का होम करने से व्यक्ति धनवान् हो जाता है, इस विषय में विशेष क्या कहें भगवान् गोपालकृष्ण का यह मन्त्र मनुष्यों की सारी कामनायें पूर्ण करता हैं॥ ७६-७७॥

अब मनुष्यों को अभीष्टफलदायक गोविन्द का एक और मन्त्र कहता हूँ -

गोविन्द मन्त्र का उद्धार - काम (क्लीं), रेचिका सहित वियत् (हृ), वामाक्षि (इ), संवृत पीता (षी), झिण्टीश सहित चक्री (के), अनन्त सहित बक (शा), मरुत् (य) तथा अन्त में हृदय 'नमः' लगाने से ८ अक्षर का सर्वाभीष्टप्रद मन्त्र निष्पन्न होता है॥ ७७-७८॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - क्लीं हृषीकेशाय नमः॥ ७७-७८॥

इस मन्त्र के संमोहन नारद ऋषि हैं, गायत्री छन्द है तथा त्रैलोक्यमोहन देवता हैं। षड्दीर्घ सहित काम बीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए॥ ७९-८०॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीगोविन्दमन्त्रस्य त्रैलोक्यमोहनाख्य ऋषिर्गायत्री-छन्दः त्रैलोक्यमोहनो देवताऽऽत्मानोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ क्लां हृदयाय नमः, ॐ क्लीं शिरसे स्वाहा,
ॐ क्लूं शिखायै वषट्, ॐ क्लैं कवचाय हुम्,
ॐ क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ क्लः अस्त्राय फट्॥ ७९-८०॥

एवं ध्यात्वा जपेत्सूर्यलक्षं त्रिमधुरप्लुतैः ।
पलाशपुष्पैर्जुहुयात्तत्सहस्रं हुताशने ॥ ८२ ॥
तर्पयेत्सलिलैस्तावत्पीठे पूर्वोदिते यजेत् ।
पक्षिराजाय ठद्वन्द्वमनेन गरुडार्चनम् ॥ ८३ ॥
मुकुटं शिरसीष्ट्वाथ कर्णयोः कुण्डले यजेत् ।
करेषु चक्राद्यास्त्राणि श्रीवत्सं कौस्तुभं हृदि ॥ ८४ ॥
वनमालां गले श्रोणीदेशे पीताम्बरं श्रियम् ।
वामांगेभ्यर्च्य वह्न्यादिदिग्विदिक्ष्वंगपूजनम् ॥ ८५ ॥
दिक्षु प्रपूज्य चतुरो बाणान्कोणेषु पञ्चमम् ।
लक्ष्म्याद्याः शक्तयः पूज्याः शक्राद्या आयुधान्यपि ॥ ८६ ॥
लक्ष्मीः सरस्वती चापि रतिः प्रीतिश्चतुर्थिका ।
कीर्तिः कान्तिस्तुष्टिपुष्टी इतिलक्ष्म्यादयो मताः ॥ ८७ ॥

सूर्यलक्षं द्वादशलक्षम् ॥ ८२ ॥ ठद्वयं स्वाहा ॥ ८३ ॥ * ॥ ८४–८६ ॥

अब **त्रैलोक्यमोहन का ध्यान** कहते हैं - कल्पवृक्ष के नीचे गरुड़ के ऊंचे कन्धे पर विराजमान, अपने आठों हाथों में क्रमशः पुष्पबाण, इक्षुचाप, कमल, पाश, अंकुश, चक्र, शंख, और गदा धारण किए हुये, लक्ष्मी से आलिङ्गत शरीर वाले, अनेकानेक आभूषणों से विभूषित, रक्त चन्दन, पुष्प एवं पीताम्बरालंकृत श्री गोविन्दगोपाल का ध्यान करना चाहिए ॥ ८१ ॥

इस प्रकार ध्यान कर उक्त मन्त्र का १२ लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर, मधु, घी, शर्करा मिश्रित पलाश पुष्पों से १२ हजार की संख्या में अग्नि में आहुतियाँ देनी चाहिए ॥ ८२ ॥

फिर जल से १२ हजार तर्पण करना चाहिए । पूर्वोक्त पीठ पर पक्षिराजाय स्वाहा मन्त्र से गरुड़ का पूजन करना चाहिए ॥ ८३ ॥

विमर्श - पूर्वोक्त विमलादि पीठ पर शक्तियों का पूजन कर 'पक्षिराजाय स्वाहा' इस पीठ मन्त्र से गरुड़ को स्थापित कर पूजन करे । फिर गरुड़ पर श्रीगोविन्द का आवाहनादि उपचारों से लेकर पुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त विधिवत् पूजन कर पुनः पुष्पाञ्जलि प्रदान कर उनसे आवरण पूजा की आज्ञा ले आवरण पूजा प्रारम्भ करे ॥ ८२-८३ ॥

शिर पर मुकुट का पूजन कर कानों में कुण्डलों का पूजन करना चाहिए । इसी प्रकार हाथों में चक्रादि अस्त्रों का हृदय में श्रीवत्स और कौस्तुभमणि का, गले में वनमाला का तथा कटि में पीताम्वर की पूजा करनी चाहिए ॥ ८४-८५ ॥

वायीं ओर महालक्ष्मी का पूजन कर आग्नेयादि कोणों में, मध्य में तथा दिशाओं में अङ्गपूजा करनी चाहिए । दिशाओं में चार बाणों की तथा कोणों में

विजयापुष्पसंयुक्तैर्जलैः संतर्पयेच्छतम् ।
प्रातः प्रत्यहमेतस्य वाञ्छितं मासतो भवेत् ॥ ८८ ॥

पञ्चम बाण का पूजन करना चाहिए । फिर लक्ष्मी, आदि शक्तियों का, इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए । १. लक्ष्मी, २. सरस्वती, ३. रति, ४. प्रीति, ५. कीर्ति, ६. कान्ति, ७. तुष्टि और ८. पुष्टि - ये आठ उनकी शक्तियाँ कही गई हैं॥ ८५-८७ ॥

विमर्श - आवरण पूजा के लिए वृत्ताकार कर्णिका अष्टदल एवं भूपुर सहित यन्त्र लिखकर पूर्वोक्त विमलादि शक्तियों से युक्त पीठ पर भगवान् के आसनभूत गरुड़ को 'पक्षिराजाय नमः' इस मन्त्र से आवाहन तथा पूजन कर, गोविन्द के मूल मन्त्र से श्रीगोविन्द के विग्रह की भावना कर पूजा करनी चाहिए । फिर उनके शिर आदि अङ्गों में स्थित मुकुटादि का इस प्रकार पृजन करे । यथा - ॐ मुकुटाय नमः, शिरसि, ॐ कुण्डलाभ्यां नमः, कर्णयोः, ॐ शंखाय नमः, ॐ चक्राय नमः, ॐ गदायै नमः, ॐ पद्माय नमः, ॐ पाशाय नमः, ॐ अंकुशाय नमः, ॐ इक्षुधनुषे नमः, ॐ पुष्पशरेभ्यो नमः, अष्टभुजासु । श्रीवत्साय नमः, कौस्तुभाय नमः, हृदि, वनमालायै नमः, कण्ठे, पीताम्वराय नमः, कटिप्रदेशे, श्रियै नमः, वामाङ्गे,

इसके पश्चात् आग्नेयादि कोणों में मध्य में तथा चतुर्दिक् में षडङ्गपूजा करे ।

क्लां हृदयाय नमः आग्नेये, क्लीं शिरसे स्वाहा नैर्ऋत्ये,
क्लूं शिखायै वषट् वायव्ये, क्लैं कवचाय हुम् ऐशान्ये,
क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट् मध्ये, क्लः अस्त्राय फट् चतुर्दिक्षु,

तदनन्तर पूर्वादि चारों दिशाओं तथा कोणों में पञ्चवाणों की यथा -

द्रां शोषणवाणाय नमः, पूर्वे, द्रीं मोहनबाणाय नमः, दक्षिणे,
क्लीं सन्दीपनवाणाय नमः, पश्चिमे, ब्लूं तापनबाणाय नमः उत्तरे,
सः मादनबाणाय नमः, कोणेषु ।

फिर अष्टदल में पूर्वादि अनुलोम क्रम से लक्ष्मी आदि शक्तियों की यथा -

ॐ लक्ष्म्यै नमः पूर्वदले, ॐ सरस्वत्यै नमः आग्नेयदले,
ॐ रत्यै नमः दक्षिणदले, ॐ प्रीत्यै नमः नैर्ऋत्यदले,
ॐ कीर्त्यै नमः पश्चिमदले, ॐ कान्त्यै नमः वायव्यदले,
ॐ तुष्टयै नमः उत्तरदले, ॐ पुष्टयै नमः ऐशान्यदले,

इसके बाद भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों की तथा उसके बाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूर्ववत् पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार आवरण पूजा करने के पश्चात् पुनः त्रैलोक्यमोहन श्रीगोविन्द का धूप दीपादि उपचारों से पूजन करना चाहिए ॥ ८५-८७ ॥

अव इस मन्त्र से **काम्य प्रयोग** कहते हैं - साधक प्रतिदिन प्रातः काल में

अयुतं तु घृतेनाग्नौ हुत्वा सम्पातजं घृतम् ।
तावज्जप्तं प्रियाकान्तं भोजयेद्वशमेति सः ॥ ८९ ॥

स्त्रीवशीकारिगोपालमन्त्रकथनम्

कामबीजेऽपि विज्ञेयो परिचर्योक्तमन्त्रवत् ।
विशेषात्कामिनीवर्गमोहको मनुनायकः ॥ ९० ॥

गोपालद्वादशाक्षरमन्त्रकथनं तद्विधिश्च

रमाभवानीकन्दर्पः कृष्णायस्मृतिरो युता ।
विन्दायवह्निजायान्तो द्वादशार्णो मनुः स्मृतः ॥ ९१ ॥
मुनिर्ब्रह्मास्य गायत्रीछन्दः कृष्णोऽस्य देवता ।
धरैकचन्द्ररामाब्धिनेत्रार्णैरङ्गमीरितम् ॥ ९२ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **कामेति** । क्लीमिति गोपालमनुः । **परिचर्येति** । तत्पूजोक्ता–ष्टार्णवदित्यर्थः । अयं स्त्रीवशीकारी ॥ ९० ॥ मन्त्रान्तरमाह - **रमेति** । रमा श्रीं । भवानी ह्रीं । कंदर्पः क्लीं स्मृतिर्गः ओयुता गो । यथा – श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय स्वाहेति ॥ ९१ ॥ षडङ्गमाह – **धरैकेति** । धरा एकः ॥ ९२ ॥ * ॥ ९३ ॥

विजयापुष्प मिश्रित जल से १०८ बार एक महीना पर्यन्त तर्पण करता है, उसे वाञ्छित फल की प्राप्ति होती है ॥ ८८ ॥

विधिवत् स्थापित अग्नि में इस मन्त्र द्वारा १० हजार आहुतियाँ देवे तथा हुत शेष घृत को प्रोक्षणी पात्र में छोड़ता रहे, पुनः उस संस्रव घृत को १० हजार बार इस मन्त्र से अभिमन्त्रित कर, पत्नी उस घृत को अपने पति को खिला दे, तो ऐसा करने से उसका पति वश में हो जाता है॥ ८९ ॥

'क्लीं' इस एकाक्षर मन्त्र के पूजन आदि की विधि उक्त मन्त्रों के समान है । यह मन्त्र विशेष रूप से स्त्री समुदाय को मोहित करने वाला है॥ ९० ॥

अब **द्वादशाक्षर गोपाल मन्त्र** कहते हैं - रमा (श्रीं), भवानी (ह्रीं), कन्दर्प (क्लीं), फिर 'कृष्णाय', इसके बाद ओ से युक्त स्मृति (गो), फिर 'विन्दाय' और अन्त में वह्निजाया (स्वाहा) लगाने से १२ अक्षरों का गोपाल मन्त्र बनता है ॥ ९१ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - श्रीं ह्रीं क्लीं कृष्णाय गोविन्दाय स्वाहा (१२) ॥ ९१ ॥

इस द्वादशाक्षर मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि, गायत्रीच्छन्द तथा भगवान् श्रीकृष्ण देवता हैं । १, १, १, ३, ४, एवं २ वर्णो से षडङ्गन्यास करना चाहिए । इस मन्त्र की पुरश्चरणादि विधि पूर्ववत् हैं ॥ ९२-९३ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य द्वादशार्ण श्रीगोपालमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिः गायत्रीछन्दः

उपासनास्य मन्त्रस्य पूर्ववत्परिकीर्त्तिता ।
अथ वक्ष्ये षोडशार्णं मनुं लोकविमोहनम् ॥ ६३ ॥

अथ रुक्मिणिवल्लभ मन्त्रः

तारो हृद्भगवतेन्ते रुक्मिणीङेन्तवल्लभः ।
द्विठान्तः षोडशार्णोऽयं नारदो मुनिरस्य तु ॥ ६४ ॥
छन्दोनुष्टुब्देवता तु रुक्मिणीवल्लभो हरिः ।
एकद्वियुगसप्ताक्षिवर्णैः पञ्चाङ्गमीरितम् ॥ ६५ ॥
चिन्ताश्मयुक्तनिजदोः पिरब्धकान्त–
मालिङ्गितं सजलजेन करेण पत्न्या ।
सौवर्णवेत्रयुतहस्तमनेकभूषं
पीताम्बरं भजत कृष्णमभीष्टसिद्ध्यै ॥ ६६ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **तार** इति । ॐ नमो भगवते रुक्मिणीवल्लभाय स्वाहेति ॥ ६४ ॥ पञ्चाङ्गमाह – **एकेति** ॥ ६५ ॥ ध्यानमाह – **चिन्तेति** । चिन्तामणियुतनिजहस्तेनालिंगिता कान्ता येन तम् । सपद्महस्तया पत्न्यालिंगितं । स्वर्णयष्टियुतदक्षकरम् ॥ ६६ ॥

श्रीकृष्णो देवताऽऽत्मनोभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - श्री हृदयाय नमः, ह्रीं शिरसे स्वाहा
क्लीं शिखायै वषट्, कृष्णाय कवचाय हुम्,
गोविन्दाय नेत्रत्रयाय वौषट्, स्वाहा अस्त्राय फट्॥ ६२-६३ ॥

अब समस्त लोको को सम्मोहित करने वाले १६ अक्षरों के **रुक्मिणीवल्लभ मन्त्र** को कहता हूँ -

तार (ॐ), हृद् (नमः), फिर 'रुक्मिणी', उसके बाद चतुर्थ्यन्त 'वल्लभ' (वल्लभाय) और अन्त में ठद्वय (स्वाहा) लगाने से १६ अक्षरों वाला मन्त्र निष्पन्न होता है । इस मन्त्र के नारद ऋषि, अनुष्टुप् छन्द तथा रुक्मिणीवल्लभ देवता हैं । मन्त्र के १, २, ४, ७, और दो अक्षरों से पञ्चाङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ६३-६५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ नमो भगवते रुक्मिणीवल्लभाय स्वाहा ।

विनियोग - अस्य श्रीरुक्मिणीवल्लभमन्त्रस्य नारदऋषिरनुष्टुप्छन्दः रुक्मिणीवल्लभहरिदेवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

पञ्चाङ्गन्यास - ॐ हृदयाय नमः, नमः शिरसे स्वाहा, भगवते शिखायै वषट्,
रुक्मिणीवल्लभाय कवचाय हुम्, स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ६३-६५ ॥

अब उक्त **षोडशाक्षर मन्त्र का ध्यान** कहते हैं - चिन्तामणि धारण किए

लक्षं जपेद् दशांशेन पद्मैर्होमं समाचरेत् ।
अङ्गैर्नारदवृत्रारिवज्राद्यैः पूजयेद्धरिम् ॥ ६७ ॥
नारदं पर्वतं विष्णुं निशठोद्धवदारुकान् ।
विष्वक्सेनं च शैनेयं दिक्ष्वग्रे विनतासुतम् ॥ ६८ ॥

अङ्गैर्नारदादिभिः । इन्द्रादिभिः वज्रादिभिः ॥ ६७ ॥ * ॥ ६८ ॥

हुये अपने हाथों से अपनी पत्नी रुक्मिणी देवी का आलिङ्गन करते हुये तथा अपने हाथ में कमल धारण की हुई अपनी पत्नी रुक्मिणी देवी से आलिंगित, अपने हाथ में सुर्वण निर्मित यष्टिका (छड़ी) लिए हुये अनेकानेक आभूषणों एवं पीताम्बर से शोभायमान भगवान् श्रीकृष्ण का स्वकीयाभीष्ट सिद्धि हेतु ध्यान करना चाहिए ॥ ६६ ॥

उक्त मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए तथा उसके दशांश की संख्या में कमलों से होम करना चाहिए । अङ्गो एवं नारदादि, इन्द्रादि तथा वज्रादि के साथ भगवान् का पूजन करना चाहिए । १. नारद, २. पर्वत, ३. विष्णु, ४. निशठ, ५. उद्धव, ६. दारुक, ७. विष्वक्सेन तथा ८. शैनेय का दिशाओं में तथा गरुड़ का अग्रभाग में पूजन करना चाहिए ॥ ६७-६८ ॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - साधक सर्वप्रथम १४. ६६ में वर्णित रुक्मिणीवल्लभ के स्वरूप का ध्यान करे, फिर मानसोपचार से उनका पूजन कर विधिवत् शंखपात्र में अर्घ्य स्थापित करे । फिर पूर्वोक्त मन्त्रों पर १४. ६ के विमर्श में कही गई रीति से पीठपूजा कर आवाहनादि उपचारों से पुनः भगवान् की विधिवत् पूजा कर, आवरण पूजा की अनुज्ञा लेकर आवरण पूजा प्रारम्भ करे । सर्वप्रथम केशर के आग्नेयादि कोणो में पञ्चाङ्ग पूजा करे । यथा -

ॐ हृदयाय नमः, ॐ नमः शिरसे स्वाहा,
ॐ भगवते शिखायै वषट्, ॐ रुक्मिणीवल्लभाय कवचाय हुम्,
ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ।

फिर अष्टदलों के पूर्वादि दिशाओं में नारदादि की यथा -

ॐ नारदाय नमः, ॐ पर्वताय नमः, ॐ विष्णवे नमः,
ॐ निशठाय नमः, ॐ उद्धवाय नमः, ॐ दारुकाय नमः,
ॐ विष्वक्सेनाय नमः, ॐ शैनेयाय नमः,

तदनन्तर पूर्वोक्त (द्र० १४. ७-१३) विधि से भूपुर में इन्द्रादि दिक्पालों की तथा उसके बाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करे ॥ ६७-६८ ॥

अब **अष्टाक्षरी मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - काम (क्लीं), फिर चतुर्थ्यन्त 'गोवल्लभ' (गोवल्लभाय), इसके अन्त में 'स्वाहा' लगाने से अष्टाक्षरी मन्त्र

अष्टाक्षरगोपालमन्त्रः तद्विधिकथनम्

कामो गोवल्लभो ङेन्तः स्वाहान्तोऽष्टाक्षरो मनुः।
गायत्रीकृष्णधातारश्छन्दो देवर्षयो मताः।
वर्णयुग्मैः समस्तेन पञ्चाङ्गविधिरीरितः॥ ९९ ॥
हरिं पञ्चवर्षं व्रजे धावमानं
स्वसौन्दर्यसम्मोहितं स्वर्गयोषम्।
यशोदासुतं स्त्रीगणैर्दृष्टकेलिं
भजे भूषितं भूषणैर्नूपुराद्यैः॥ १०० ॥
अष्टलक्षं जपेदष्टसहस्रं ब्रह्मवृक्षजैः।
समिद्वरैः प्रजुहुयादङ्गार्चादिग्विदिक्ष्वथ॥ १०१ ॥
वासुदेवः संकर्षणः प्रद्युम्नश्चानिरुद्धकः।
रुक्मिणीसत्यभामा च लक्ष्मणाजाम्बवत्यपि॥ १०२ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **काम** इति । क्लीं गोवल्लभाय स्वाहेति । गायत्री छन्दः कृष्णो देवता । ब्रह्मा ऋषिः । पञ्चाङ्गमाह – **वर्णेति** । क्लीं गो, हृत् । वल्ल, शिरः, । भाय, शिखा । स्वाहा, वर्म । सर्वेणास्त्रम्॥ ९९ ॥ ध्यानमाह – **पञ्चेति** । निजसौन्दर्य मोहिताप्सरसम्॥ १००॥ ब्रह्मवृक्षजैः पलाशोत्थैः॥ १०१ ॥ * ॥ १०२ ॥

बनता है । इस मन्त्र के ब्रह्मा ऋषि हैं, गायत्री छन्द है तथा कृष्ण देवता हैं। मन्त्र के दो दो वर्णो से तथा समस्त मन्त्र से पञ्चाङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ९९॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - क्लीं गोवल्लभाय स्वाहा ।

विनियोग - अस्याष्टाक्षरमन्त्रस्य ब्रह्माऋषिर्गायत्रीच्छन्दः श्रीकृष्णो परमात्मा देवताऽऽत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

पञ्चाङ्गन्यास - क्लीं गों हृदयाय नमः वल्ल शिरसे स्वाहा
भाय शिखायै वषट् स्वाहा कवचाय हुम्
क्लीं गोवल्लभाय स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ९९ ॥

पाँच वर्ष की आयु वाले, ब्रज में क्रीडा करते हुये अपने सौन्दर्य से अप्सराओं को मोहित करते हुये, तथा ब्रजाङ्गनाओं से देखी जाने वाले क्रीडा वाले, नूपुर आदि आभूषणों से अलंकृत यशोदानन्दन श्रीकृष्ण का ध्यान करना चाहिए ॥ १०० ॥

इस मन्त्र का ८ लाख जप करना चाहिए तथा घृताक्त पलाश की समिधाओं से ८ हजार आहुतियाँ देनी चाहिए ॥ १०१ ॥

फिर अङ्गपूजा कर दिशाओं में वासुदेव संकर्षण प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध का तथा कोणों में रुक्मिणी, सत्यभामा, लक्ष्मणा और जाम्बवती का पूजन करना चाहिए ॥ १०२ ॥

संक्रन्दनादयः पूज्या वज्राद्यान्यायुधानि च ।
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री सम्पदामालयो भवेत् ॥ १०३ ॥

चतुरक्षरः कृष्णमन्त्रः तद्विधिकथनम्

कामसम्पुटितं कृष्णपदं वेदाक्षरो मनुः ।
गायत्रीनारदः कृष्णश्छन्दो मुनिरधीश्वरः ॥ १०४ ॥
दीर्घारूढेन कामेन षडङ्गन्यासमाचरेत् ।
कल्पद्रुमूलसंरूढपद्मस्थं चिन्तयेद्धरिम् ॥ १०५ ॥

संक्रन्दनादयः इन्द्रादयः ॥ १०३ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **कामेनेति** । क्लीं कृष्ण क्लीमिति वेदाक्षरश्चतुर्वर्णः ॥ १०४ ॥ * ॥ १०५ ॥ ध्यानमाह – **कल्पेति** ।

फिर इन्द्रादि दिक्पालों का तथा उनके बज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए। इस प्रकार पूजन से सिद्धि प्राप्त साधक महान् संपत्तिशाली हो जाता है ॥ १०३ ॥

विमर्श – आवरण पूजा – प्रथम इस मन्त्र के पञ्चाङ्ग कां कर्णिका के मध्य तथा चारों दिशाओं में इस प्रकार पूजा करनी चाहिए । यथा –

क्लीं गो हृदयाय नमः मध्ये, वल्ल शिरसे स्वाहा पूर्वे,
भाय शिखायै वषट् दक्षिणे स्वाहा कवचाय हुम् पश्चिमे,
क्लीं गोवल्लभय स्वाहा उत्तरे ।

पुनः पूर्वादि चारों दिशाओं में वासुदेव आदि की पूजा करे । यथा –

ॐ वासुदेवाय नमः, पूर्वे, ॐ संकर्षणाय नमः, दक्षिणे,
ॐ प्रद्युम्नाय नमः, पश्चिमे, ॐ अनिरुद्धाय नमः, उत्तरे,

पुनः आग्नेयादि कोणो में रुक्मिणी आदि की पूजा करे । यथा –

ॐ रुक्मिण्यै नमः, आग्नेये, ॐ सत्यभामायै नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ लक्ष्मणायै नमः, वायव्ये, ॐ जाम्बवत्यै नमः ऐशान्ये ।

इसके बाद (१४. ७-१३) में प्रदर्शित विधि से भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उसके बाहर उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करे॥ १०१-१०३ ॥

काम (क्लीं) से संपुटित 'कृष्ण' पद यह ४ अक्षरों का मन्त्र है । इस मन्त्र के नारद ऋषि, गायत्रीच्छन्द तथा श्रीकृष्ण परमात्मा देवता हैं । षड्दीर्घ सहित काम बीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १०४-१०५ ॥

विमर्श – इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – क्लीं कृष्ण क्लीं ।

विनियोग – अस्य श्रीकृष्णमन्त्रस्य नारदऋषि गायत्रीच्छन्दः श्रीकृष्णपरमात्मा देवताऽऽत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास – क्लां हृदयाय नमः, क्लीं शिरसे स्वाहा, क्लूं शिखायै वषट्, क्लैं कवचाय हुम्, क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट्, क्लः अस्त्राय फट् ॥ १०४-१०५ ॥

कल्पद्रोरतिरमणीयपल्लवेभ्यः
प्रोद्भूतैर्मणिनिकरैः प्रसिक्तमीशम् ।
ध्यायेयं कनकनिभांशुके वसानं
भुञ्जानं दधिनवनीतपायसानि ॥ १०६ ॥
चतुर्लक्षं जपेन्मन्त्रं दशांशं बिल्वसम्भवैः ।
फलैः प्रजुहुयादग्नौ यजेदङ्गानि पूर्ववत् ॥ १०७ ॥
महापद्मं तथा पद्मं शङ्खं मकरकच्छपौ ।
मुकुन्दकुन्दनीलाश्च निधीन्दिक्षु समर्चयेत् ॥ १०८ ॥
इन्द्रादीन् वज्रपूर्वांश्च प्रयजेत्तदनन्तरम् ।
इत्थं जपादिभिः सिद्धो मन्त्रो निधिरिवापरः ॥ १०९ ॥

कल्पद्रोः कल्पवृक्षस्य प्रसिक्तमभिषिक्तम् ॥ १०६ ॥ * ॥ १०७–११० ॥

कल्पवृक्ष के नीचे पद्मदल पर विराजमान श्रीकृष्ण का ध्यान करे । कल्पवृक्ष के अतिरमणीय पल्लवों से होने वाली रत्नवृष्टि से अभिषिक्त तथा सुवर्ण के समान जगमगाते वस्त्र धारण किए हुये, दही, मक्खन और खीर का भोजन करते हुये श्रीकृष्ण परमात्मा का ध्यान करना चाहिए ॥ १०५-१०६ ॥

इस मन्त्र का चार लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर विल्वफलों का अग्नि में उसका दशांश होम करना चाहिए तथा पूर्ववत् अङ्ग पूजन करना चाहिए ॥ १०७ ॥

फिर दिशाओं में महापद्म, शंख, मकर, कच्छप, मुकुन्द, कुन्द एवं नील इन निधियों का पूजन करना चाहिए । फिर इन्द्र आदि दश दिक्पालों का तथा उनके बज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए॥ १०८-१०९ ॥

इस प्रकार के पूजन के बाद किए गये जपादि से मन्त्र सिद्धि प्राप्त कर व्यक्ति निधि संपन्न हो जाता है ॥ १०९ ॥

विमर्श - आवरण पूजा - प्रथम यन्त्र के आग्नेयादि कोणों में मध्य में तथा चारों दिशाओं में षडङ्गपूजा करे । यथा -

क्लां हृदयाय नमः आग्नेये, क्लीं शिरसे स्वाहा, नैर्ऋत्ये,
क्लूं शिखायै वषट्, वायव्ये, क्लैं कवचाय हुम्, ऐशान्ये,
क्लौं नेत्रत्रयाय वौषट्, मध्ये, क्लः अस्त्राय फट् चतुर्दिक्षु ।

फिर पूर्वादि दिशाओं में निधियों की पूजा करे -

ॐ महापद्माय नमः पूर्वे, ॐ पद्माय नमः आग्नेये,
ॐ शंखाय नमः दक्षिणे ॐ मकराय नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ कच्छपाय नमः, पश्चिमे ॐ मुकुन्दाय नमः वायव्ये
ॐ कुन्दाय नमः उत्तरे, ॐ नीलाय नमः ऐशान्ये ।

मन्त्रेष्वेषु दशार्णोक्तान्प्रयोगान्विदधीत च ।

पुत्रप्रदकृष्णमन्त्रः तद्विधिवर्णनम्

अथ पुत्रप्रदं वच्मिकृष्णमन्त्रमनुष्टुभम् ॥ ११० ॥
देवकीसुतवर्णान्ते गोविन्दपदमुच्चरेत् ।
वासुदेवपदं प्रोच्य सम्बुद्ध्यन्तं जगत्पतिम् ॥ १११ ॥
देहि मे तनयं प्रोच्य कृष्ण त्वामहमीरयेत् ।
शरणं गत इत्युक्तो मन्त्रो द्वात्रिंशदक्षरः ॥ ११२ ॥
नारदो मुनिरस्योक्तोऽनुष्टुप्छन्दः समीरितम् ।
देवः सुतप्रदः कृष्णः पादैः सर्वेण चाङ्गकम् ॥ ११३ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **देवकीति** । यथा –

देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते ।
देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ इति ॥ १११–११३ ॥

इसके बाद पूर्वोक्त विधि से इन्द्रादि दश दिक्पालों का तथा उनके वज्रादि आयुधों का पूजन करना चाहिए ॥ १०६ ॥

दशाक्षर मन्त्र के सन्दर्भ में कहे गये सभी काम्य प्रयोग इस मन्त्र से करने चाहिए ॥ ११० ॥

अब सन्तानदायक श्रीकृष्ण मन्त्र कहता हूँ - यह अनुष्टुप् छन्द में इस प्रकार है - प्रथम 'देवकी सुत', इसके बाद 'गोविन्द' पद, फिर 'वासुदेव' पद बोलकर संबुद्ध्यन्त जगत्पति (जगत्पते) ऐसा कहना चाहिए । इसके बाद तीसरे **चरण** में 'देहि में तनयं', तदनन्तर 'कृष्ण' पद, फिर 'त्वामहं' बोलकर अन्त में 'शरणागतः' ऐसा बोलना चाहिए ॥ ११०-११२ ॥

विमर्श - संतानगोपाल मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते । देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः ॥ ११०-११२ ॥

इस मन्त्र के नारद ऋषि, अनुष्टुप् छन्द तथा सुतप्रद श्रीकृष्णदेवता कहे गये हैं । श्लोक के चार पादों में तथा संपूर्ण श्लोकों से पञ्चाङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ११३ ॥

विमर्श - विनियोग - ॐ अस्य सन्तानप्रदमन्त्रस्य नारदऋषिरनुष्टुप्छन्दः सुतप्रद श्रीकृष्णपरमात्मादेवताऽऽत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

पञ्चाङ्गन्यास - देवकीसुत गोविन्द हृदयाय नमः, वासुदेव जगत्पते शिरसे स्वाहा, देहि मे तनयं कृष्ण शिखायै वषट् त्वामहं शरणं गतः कवचाय हुम्, देवकीसुत गोविन्द वासुदेव जगत्पते । देहि मे तनयं कृष्ण त्वामहं शरणं गतः अस्त्राय फट् ॥ ११३ ॥

विजयेनयुतोरथस्थितः प्रसमानीय समुद्रमध्यतः।
प्रददत्तनयान्द्विजन्मने स्मरणीयो वसुदेवनन्दनः॥ ११४॥
लक्षं जपोऽयुतं होमस्तिलैर्मधुरसंयुतैः।
अर्चापूर्वोदिता चैवं मन्त्रः पुत्रप्रदो नृणाम्॥ ११५॥

विषहरो गरुडमन्त्रः तद्विधिवर्णनम्

नृसिंहो माधवारूढो लोहितो निगमादिमः।
कृशानुभार्य्या पञ्चार्णो[1] मनुर्विषहरः परः॥ ११६॥
अनन्तपंक्तिपक्षीन्द्रा मुनिश्छन्दश्च देवता।
तारवह्निप्रिये बीजशक्ती मन्त्रस्य कीर्तिते॥ ११७॥

ध्यानमाह – **विजयेनेति** । अर्जुनेन युतोऽम्बुधिमध्यात्तनयानानीय द्विजाय ददत् ध्येयः॥ ११४–११५॥ हरिप्रसङ्गात्तद्वाहनस्य गरुडस्य मन्त्रमाह – **नृसिंह** इति । नृसिंहः क्षः माधवारूढः इयुतः क्षि । लोहितः प । निगमादिमः ॐ । कृशानुभार्या स्वाहा॥ १६॥ * ॥ १७॥

अर्जुन के साथ रथ पर बैठे हुये, हठात् समुद्र में प्रविष्ट हो कर वहाँ से ब्राह्मण पुत्र को ला कर, उसके पिता को समर्पित करते हुये भगवान् वासुदेव का ध्यान करना चाहिए ॥ ११४ ॥

इस मन्त्र का एक लाख जप करे । फिर मधु, घी, और शर्करा मिश्रित तिलों से १० हजार की संख्या में होम करे । इस मन्त्र के जप मे भी पूर्व प्रतिपादित विधि से भगवान् वासुदेव का पूजन करना चाहिए । ऐसा करने से यह मन्त्र मनुष्यों को पुत्र प्रदान करता है ॥ ११५ ॥

अब **विषनाशक गरुड़ मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - माधवारूढ़ नृसिंह (क्षि), फिर लोहित (प), फिर निगमादि (ॐ), फिर अन्त में कृशानुभार्या (स्वाहा) लगाने से विष नाशक मन्त्र बनता है॥ ११६ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - क्षिप ॐ स्वाहा (५) ॥ ११६ ॥

उक्त मन्त्र के अनन्त ऋषि, पंक्ति छन्द तथा पक्षीन्द्र गरुड़ देवता कहे गये हैं । तार (ॐ) बीज तथा वह्निप्रिया (स्वाहा) यह शक्ति कही गई है ॥ ११७ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य गरुड़मन्त्रस्य अनन्त ऋषिः पंक्तिच्छन्दः पक्षीन्द्रो गरुड़ देवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥ ११७ ॥

---

१. क्षिप ॐ स्वाहेति पञ्चार्णः ।

ज्वलज्वलमहामतिस्वाहाहृदयमीरितम् ।
गरुडेतिपदस्यान्ते चूडाननशुचिप्रिया ॥ ११८ ॥
शिरोमन्त्रो गरुडतः शिखेस्वाहाशिखामनुः ।
गरुडार्णानुदित्वान्ते प्रभञ्जययुगं वदेत् ॥ ११९ ॥
प्रभेदययुगं पश्चाद्वित्रासयविमर्दय ।
प्रत्येकं द्विस्ततः स्वाहाकवचो मनुरीरितः ॥ १२० ॥
उग्ररूपधरान्ते तु सर्वं विषहरेति च ।
भीषयद्वितयं प्रोच्य सर्वं दहदहेति च ॥ १२१ ॥
भस्मीकुरु कुरु स्वाहा नेत्रमन्त्रोऽयमीरितः ।
अप्रतिहतवर्णान्ते बलाप्रतिहतेति च ॥ १२२ ॥
शासनान्ते तथा हुं फट् स्वाहास्त्रमनुरीरितः ।
पादे कटौ हृदि मुखे मूर्ध्नि वर्णान्प्रविन्यसेत् ॥ १२३ ॥

षडङ्गमाह । **ज्वलेत्ति** । ज्वल ज्वल महामति स्वाहा हृत् । गरुडचूडानन स्वाहा शिरः ॥ ११८ ॥ गरुडशिखे स्वाहा शिखा । गरुड प्रभञ्जय प्रभञ्जय प्रभेदय प्रभेदय वित्रासय वित्रासय विमर्दय विमर्दय स्वाहा हुं ॥ ११९–१२० ॥ उग्ररूपधर सर्वविषहर भीषय भीषय सर्वं दह दह भस्मीकुरु कुरु स्वाहा नेत्रम् । अप्रतिहत–बलाप्रतिहतशासन हुं फट् स्वाहा अस्त्रम् । वर्णन्यासमाह – **पाद** इति ॥ १२१–१२३ ॥

अब **इस मन्त्र का षडङ्गन्यास** कहते हैं - 'ज्वल ज्वल महामति स्वाहा' यह हृदय का मन्त्र है । 'गरुड़' के बाद 'चूडानन' एवं शुचिप्रिया (स्वाहा), यह शिर का मन्त्र है । 'गरुड़' के बाद 'शिखे स्वाहा' यह शिखा का मन्त्र है । 'गरुड़' कहकर दो बार 'प्रभञ्जय', दो बार 'प्रभेदय', फिर दो - दो बार 'वित्रासय' एवं 'विमर्दय', और फिर 'स्वाहा' यह कवच का मन्त्र है । 'उग्ररूपधर' के बाद 'सर्व' 'विषहर', दो बार 'भीषय' फिर 'सर्व दहदह' 'भस्मी कुरुकुरु' तथा 'स्वाहा' - यह नेत्र मन्त्र कहा गया है । 'अप्रतिहत' पद के बाद 'बलाप्रतिहत' फिर 'शासन' एवं 'हुम् फट् स्वाहा' यह अस्त्र मन्त्र बतलाया गया है ॥ ११८-१२२ ॥

विमर्श - ज्वलज्वलमहामति स्वाहा हृदयाय नमः, गरुड़ चूडानन स्वाहा शिरसे स्वाहा, गरुड़ शिखे स्वाहा शिखायै वषट्, गरुड़ प्रभञ्जय प्रभञ्जय प्रभेदय प्रभेदय वित्रासय वित्रासय विमर्दय विमर्दय स्वाहा कवचाय हुम्, उग्ररूपधर सर्व विषहर भीषय भीषय सर्वं दह दह भस्मी कुरु कुरु स्वाहा नेत्रत्रयाय वौषट्, अप्रतिहत बलाप्रतिहतशासन हुं फट् स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ११८-१२३ ॥

पैर, कटिप्रदेश, हृदय, मुख एवं शिर में मन्त्र के प्रत्येक वर्णो का न्यास करना चाहिए ॥ १२३ ॥

श्रीपक्षिराजगरुड ध्यानम्

तप्तस्वर्णनिभं फणीन्द्रनिकरैः क्लृप्ताङ्गभूषं प्रभुं
स्मर्तृणां शमयं तमुग्रमखिलं नृणां विषं तत्क्षणात्।
चंच्वग्रप्रचलद्भुजङ्गमभयं पाण्योर्वरं बिभ्रतं
पक्षोच्चारितसामगीतममलं श्रीपक्षिराजं भजे॥ १२४ ॥

पीठदेवतापूजाप्रकारः

पञ्चलक्षं जपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्तिलैः।
पूजयेन्मातृकापद्मे , गरुडं वेदविग्रहम्॥ १२५ ॥
चतुर्थ्यन्तः पक्षिराजः स्वाहापीठमनुः स्मृतः।
इष्ट्वाङ्गं कर्णिकामध्ये नागान्पत्रेषु पूजयेत्॥ १२६ ॥
अनन्तं वासुकिं चापि तृतीयं तक्षकं पुनः।
कर्कोटकं तथा पद्मं महापद्मं समर्चयेत्॥ १२७ ॥

ध्यानमाह – **तप्तेति** । स्मर्तृणां नृणामुग्रं विषं तत्क्षणाच्छमयति । दक्षे वरम् । पक्षाभ्यामुच्चारिताः साम्नां बृहद्रथन्तरादीनां गीतयो येन तम् । बृहरद्रथन्तरे पक्षाविति श्रुतेः ॥ १२४–१२५ ॥ पक्षिराजाय स्वाहेति पीठमन्त्रः ॥ १२६–१२७ ॥

विमर्श - यथा - ॐ क्षिं नमः पादयोः, ॐ पं नमः कट्यां, ॐ ॐ नमः हृदि ॐ स्वां नमः मुखे ॐ हां नमः मूर्ध्नि ॥ १२३ ॥

अब उक्त **मन्त्र का ध्यान** कहते हैं - जिनके श्री अङ्गों की कान्ति तपाये गये सुवर्ण के सदृश जगमगा रही है, जिनके अङ्ग, प्रत्यङ्ग सर्प के आभूषणों से व्याप्त हैं, जो स्मरण मात्र से मनुष्यों के विष को शीघ्र हर लेते हैं तथा जिनके चोंच के अग्रभाग में चञ्चल सर्प और हाथों में अभय एवं वर मुद्रा विराज रही है । इस प्रकार के गरुड़ का जो अपने पंखो से सामवेद का गान कर रहे हैं मैं ध्यान करता हूँ ॥ १२४ ॥

इस मन्त्र का पाँच लाख जप करना चाहिए । फिर तिलों से दशांश होम करना चाहिए । मातृका पद्म पर वेदमूर्ति गरुड़ का पूजन करना चाहिए । 'पक्षिराजाय स्वाहा' यह पक्षिराज पीठ मन्त्र है ॥ १२५-१२६ ॥

कर्णिका के मध्य में अङ्ग पूजन, दलों पर आठ नागों का पूजन करे । १. अनन्त, २. वासुकि, ३. तक्षक, ४. कर्कोटक, ५. पद्म, ६. महापद्म, ७. शंखपाल एवं ८. कुलिक - ये आठ नागों के नाम हैं । फिर दिक्पालों एवं उनके आयुधों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार की अनुष्ठानसिद्धि से साधक स्थावर एवं जङ्गम दोनों प्रकार के विषों को नष्ट कर देता है ॥ १२६-१२८ ॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - सर्व प्रथम कर्णिका के मध्य में षडङ्गपूजा यथा - ज्वलज्वलमहामतिस्वाहा हृदयाय नमः, गरुड़चूडानन स्वाहा शिरसे स्वाहा

शंखपालं च कुलिकमिन्द्रादीन्वज्रसंयुतान्।
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री नाशयेद् गरलद्वयम्॥ १२८॥
विष्णुभक्तिपरो नित्यं यो भजेत्पक्षिनायकम्।
शत्रून्सर्वान्पराभूय सुखी भोगसमन्वितः॥ १२९॥
जीवेदनेकवर्षाणि सेवितोधरणीधवैः।
कलेवरान्ते श्रीनाथसायुज्यं लभते तु सः॥ १३०॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ विष्णूगरुडमन्त्र निरूपणं नाम चतुर्दशस्तरङ्गः ॥ १४ ॥

गरलद्वयं विषद्वयं स्थावरजङ्गमाख्यम्॥ १२८–१२९॥ धरणीधवैर्भूपतिभिः सेवितश्चिरञ्जीवित्वात् तनुक्षये हरिसायुज्यं प्राप्नोति॥ १३०॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां विष्णुमन्त्रकीर्तनं नाम चतुर्दशस्तरङ्गः॥ १४॥

गरुड़ शिखे स्वाहा, शिखायै वषट्, गरुड़ प्रभञ्जय कवचाय हुम् उग्ररूपधर सर्वविषहर, नेत्रत्रयाय वौषट् अप्रतिहत बलाप्रतिहत० अस्त्राय फट्।

इसके बाद अष्टदल में पूर्वादि क्रम से अष्ट नागों के नाम मन्त्र से यथा -

ॐ अनन्ताय नमः पूर्वदले, ॐ वासुकाये नमः, आग्नेय दले,
ॐ तक्षकाय नमः, दक्षिणदले, ॐ कर्कोटकाय नमः नैर्ऋत्यदले,
ॐ पद्माय नमः पश्चिम दले, ॐ महापद्माय नमः वायव्यदले,
ॐ पालाय नमः उत्तर दले ॐ कुलिकाय नमः ईशान दले।

इसके बाद भूपुर में दशो दिशाओं में इन्द्रादि दिक्पालों की तथा उसके वाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिए॥ १२६-१२८॥

जो व्यक्ति विष्णुभक्ति में सदैव तत्पर हो कर पक्षिराज गरुड़ की उपासना करता है वह सव शत्रुओं को परास्त कर सुख भोग समन्वित सौ वर्षो तक भूपतियों से सेवित हो कर जीवित रहता है। फिर मरने के बाद विष्णु सायुज्य प्राप्त करता है॥ १३०-१२९॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के चतुर्दश तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई॥ १४॥

अथ पञ्चदशः तरङ्गः

अथ वक्ष्ये रवेर्मन्त्रं रोगदारिद्र्यनाशनम्।

रोगदारिद्र्यनाशनो रविमन्त्रः

प्रणवो भुवनेशानीमेधारेचिकयान्विता ॥ १ ॥
उमाकान्तोक्षियुक्सर्गीसूर्यआदित्यइन्दिरा ।
दशवर्णो मनुर्देव[1] भागोऽस्य मुनिरीरितः ॥ २ ॥
गायत्रीछन्द उद्दिष्टं देवतादिवसेश्वरः ।
मायाबीजं रमाशक्तिर्नियोगोऽभीष्टसिद्धये ॥ ३ ॥

---

* नौका *

रविमन्त्रमाह – **प्रणव** इति । प्रणव ॐ । भुवनेशानी ह्रीं । मेधा घः रेचिकयान्विता ऋयुता घृ ॥ १ ॥ अक्षियुक् इयुतः सर्गी च उमाकान्तो णः णिः । सूर्य आदित्यः स्वरूपम् । इन्दिरा श्रीं । ॐ ह्रीं घृणिः सूर्य आदित्यः श्रीं ॥ २ ॥ * ॥ ३ ॥

---

* अरित्र *

अब रोग एवं दरिद्रता को नष्ट करने वाले रवि मन्त्र को कहता हूँ -

प्रणव (ॐ), भुवनेश्वरी (ह्रीं), रेचिका सहित मेधा (घृ), अक्षि सहित सर्गी उमाकान्त (णिः), फिर 'सूर्य आदित्यः' पद, इसके अन्त में इन्दिरा (श्रीं), लगाने से दश अक्षरों का दारिद्र्य नाशक मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १-२ ॥

इस मन्त्र के भृगु ऋषि हैं, गायत्री छन्द तथा सूर्य देवता कहे गये हैं । माया (ह्रीं) बीज है, रमा (श्रीं) शक्ति हैं । अभीष्टसिद्धि हेतु इसका विनियोग किया जाता है ॥ २-३ ॥

विमर्श - दारिद्र्य नाशक मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ ह्रीं घृणिः पूर्य आदित्यः श्रीं (१०)।

विनियोग - अस्य श्रीसूर्यमन्त्रस्य भृगुर्ऋषिः गायत्रीछन्दः भगवान् दिवाकरो

---

१. ॐ ह्रीं घृणिः सूर्य आदित्यः श्रीमितिदशार्णः ।

षडङ्गाष्टाङ्गपञ्चाङ्गवर्णमण्डलाग्नीषोमहंसग्रहात्मका अष्टन्यासाः

सत्येतिहृदयं ब्रह्मशिरो विष्णुशिखा स्मृता ।
रुद्रवर्माग्निनेत्रं स्यात् सर्वेत्यस्त्रमुदीरितम् ॥ ४ ॥
तेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहान्ता मनवोऽङ्गजाः ।
भूयः षडङ्गं षड्वर्णाः कृत्वान्तःस्थैः शिवाश्रियोः ॥ ५ ॥

षडङ्गमाह – **सत्येति** । सत्यतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा, हृत् । ब्रह्मतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा, शिरः, । विष्णुतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा, शिखेत्यादि० भूय इति । शिवा श्रियोः ह्रीं श्रीं बीजयोर्मध्यस्थितैः षड्वर्णैः पुनः षडङ्गं कृत्वा शेषवर्णैश्चतुर्थ्यन्तैरुदरपृष्ठयोर्न्यसेत् । यथा – ह्रीं ॐ, हृत् । ह्रीं घृं श्रीं, शिरः, ह्रीं णिं श्रीं, शिखा, । ह्रीं सूं श्रीं, वर्म । ह्रीं यं श्रीं, नेत्रम् । ह्रीं आं श्रीं अस्त्रम् । ह्रीं दिं श्रीं उदराय नमः, उदरे । ह्रीं त्यं श्रीं पृष्ठाय नमः,

---

देवता ह्रीं बीजं श्रीं शक्तिरात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥ २-३ ॥

(i) अब **षडङ्गन्यास** कहते हैं - सत्य से हृदय, ब्रह्मा से शिर, विष्णु से शिखा, रुद्र से कवच, अग्नि से नेत्र तथा सर्व से अस्त्रन्यास करना चाहिए । अङ्गन्यास में कहे गये सभी मन्त्रों के अन्त में 'तेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा' इतना और जोड़ देना चाहिए ॥ ४-५ ॥

विमर्श - षडङ्गन्यास विधि -

सत्यतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा हृदयाय नमः,
ब्रह्मातेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा शिरसे स्वाहा,
विष्णुतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा शिखायै वषट्,
रुद्रतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा कवचाय हुम्,
अग्नितेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा नेत्रत्रयाय वौषट्,
सर्वतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ४ ॥

(ii) अब **अष्टाङ्गन्यास** कहते हैं - इसके बाद क्रमशः शिवा (ह्रीं) तथा श्री (श्रीं) के बीच में मन्त्र के ७ वर्णों में एक एक को रखकर पुनः षडङ्गन्यास करना चाहिए । शेष वर्णों से पुनः उसी प्रकार उदर और पृष्ठ में चतुर्थ्यन्त 'नमः' लगाकर उदर पृष्ठ में न्यास करना चाहिए ॥ ५-६ ॥

विमर्श - अष्टाङ्गन्यास विधि - ह्रीं ॐ श्रीं हृदयाय नमः,
ह्रीं घृं श्रीं शिरसे स्वाहा, ह्रीं णिं श्रीं शिखायै वषट्,
ह्रीं सूं श्रीं कवचाय हुम्, ह्रीं यं श्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्,
ह्रीं आं श्रीं अस्त्राय फट्, ह्रीं दिं श्रीं उदराय नमः उदरे,
ह्रीं त्यं श्रीं पृष्ठाय नमः पृष्ठे ॥ ५ ॥

शेषार्णैर्जठरे पृष्ठे ङेन्तनाम्ना तयोर्न्यसेत्।
आदित्यं च रविं भानुं भास्करं सूर्यमेव च॥ ६॥
मूर्ध्नि वक्त्रे हृदि शिवे पादयोश्च प्रविन्यसेत्।
सद्यादिपञ्चह्रस्वाद्यांश्चतुर्थीनमसान्वितान् ॥ ७॥
माया रमागतानष्टौ वर्णमूर्धमुखे गले।
हृत्कुक्षिनाभिजंघे च पादयोश्च प्रविन्यसेत्॥ ८॥
स्वरान्सबिन्दूनुच्चार्य ङेन्तं शीतांशुमण्डलम्।
शिखादिकण्ठपर्यन्तं विन्यसेत् संस्मरन्विधुम्॥ ९॥

पृष्ठे इत्यष्टाङ्गम् । पञ्चमूर्तिन्यासमाह – **आदित्यमिति** ॥ ४–६ ॥ सद्य ओंकारस्तदादिका विलोमेन पञ्चह्रस्वाः ॐ लृं ऋं उं इं अं एतदाद्यान्ङे नमोन्तानादित्यादीन् मूर्धादिषु न्यसेत् । यथा – ॐ लृं आदित्याय नमो मूर्ध्नि । ॐ ऋं रवये नमो मुखे । ॐ उं भानवे नमो हृदि । इं भास्कराय नमो लिङ्गे ॐ अं सूर्याय नमः पादयोः ॥ ७ ॥ वर्णन्यासमाह । **मायेति** । नमोन्वितानित्यपि बोध्यम् । यथा – ॐ ह्रीं यं ॐ श्रीं नमो मूर्ध्नि । ॐ ह्रीं घृं श्रीं नमो मुखे । ॐ ह्रीं णिं श्रीं नमो गले । ॐ ह्रीं सूं श्रीं नमो हृदि । ॐ ह्रीं यं श्रीं नमः कुक्षौ । ॐ ह्रीं आं श्रीं नमो नाभौ । ॐ ह्रीं दिं श्रीं नमो लिङ्गे । ॐ ह्रीं त्यं श्रीं नमः पादयोः ॥ ८ ॥

(iii) अब **पञ्चमूर्तिन्यास** कहते हैं - आदित्य, रवि, भानु, भास्कर एवं सूर्य के नाम के आगे चतुर्थ्यन्त तथा नमः लगाकर तथा आदि में प्रणवयुक्त विलोमक्रम से पञ्च ह्रस्व (लृं ऋं उं इं अं) लगाकर, क्रमशः शिर, मुख, हृदय, लिङ्ग, एवं पैरों में न्यास करे ॥ ६-७ ॥

विमर्श - पञ्चमूर्तिन्यास - ॐ लृं आदित्याय नमः शिरसि,
ॐ ऋं रवये नमः मुखे, ॐ उं भानवे नमः हृदि,
ॐ इं भास्कराय नमः लिङ्गे ॐ अं सूर्याय नमः पादयोः ॥ ६-७ ॥

(iv) अब **वर्णन्यास** कहते हैं - माया (ह्रीं) और रमा (श्रीं) के मध्य में उक्त मन्त्र के आठो वर्णों को एक एक के क्रम से स्थापित कर अन्त मे नमः लगाकर शिर, मुख, कण्ठ, हृदय, कुक्षि, नाभि, जंघा एवं पैरों में इस प्रकार न्यास करना चाहिए ॥ ८ ॥

विमर्श - वर्णन्यास की विधि -

ॐ ह्रीं ॐ श्रीं नमः मूर्ध्नि, ॐ ह्रीं घृं श्रीं नमः मुखे,
ॐ ह्रीं णिं श्रीं नमः कण्ठे, ॐ ह्रीं सूं श्री नमः हृदि
ॐ ह्रीं यं नमः कुक्षौ, ॐ ह्रीं आं श्रीं नमः नाभौ
ॐ ह्रीं दिं श्रीं नमः जंघ्योः ॐ ह्रीं त्यं श्रीं नमः पादयोः ॥ ८ ॥

स्पर्शान्सेन्दून्समुच्चार्य ङेन्तं भास्करमण्डलम् ।
कण्ठादिनाभिपर्यन्तं न्यसेद्ध्यायन्प्रभाकरम् ॥ १० ॥
यादीन्सेन्दूश्चतुर्थ्यन्तं वह्निमण्डलमुच्चरन् ।
नाभ्यादिपादपर्यन्तं विन्यसेत्पावकं स्मरन् ॥ ११ ॥
मण्डलत्रयविन्यासः प्रोक्तस्तेजोविधायकः ।
अकारादिठकरान्तवर्णाढ्यं सोमण्डलम् ॥ १२ ॥
ङे नमोन्तं न्यसेन्मन्त्री मूर्द्धादिचरणावधि ।
डकारादिक्षकारान्तं वर्णाद्यं वह्निमण्डलम् ॥ १३ ॥
हृदादिपादपर्यन्तं विन्यसेन्ङेनमोन्वितम् ।
अग्नीषोमात्मको न्यासः कथितः सर्वसिद्धिदः ॥ १४ ॥

मण्डलन्यासमाह – **स्वरानिति** । विधुं चन्द्रस्मरन् चन्द्रमण्डलं न्यसेत् । यथा – अं १६ सोममण्डलाय नमः शिखादिकण्ठान्तम् ॥ ९ ॥ स्पर्शान् कादीन् मान्तान् यथा –कं २५ सूर्यमण्डलाय नमः कण्ठादिनाभ्यन्तम् ॥ १० ॥ यादीनि । यं १० वह्निमण्डलाय नमो नाभ्यादिपादान्तम् ॥ ११ ॥ अग्नीषोमन्यासमाह – **अकारादीति** । अ – ठं २८ सोममण्डलाय नमो मूर्धादिहृदयान्तम् ॥ १२ ॥ ङे इति २३ डं–क्षं २३ वह्निमण्डलाय नमो हृदादिपादान्तम् ॥ १३–१४ ॥

(v) अब **मण्डलन्यास** कहते हैं - चन्द्रमा का स्मरण करते हुये सानुस्वार **षोडशस्वरों का** उच्चारण कर नमः शब्दान्त चतुर्थ्यन्त **सोममण्डल** का शिखा से कण्ठ पर्यन्त न्यास करना चाहिए ॥ ९ ॥

इसके बाद सूर्य का ध्यान करते हुये सानुस्वार २५ व्यञ्जनों का उच्चारण कर 'नमः' **शब्द में** चतुर्थ्यन्त **सूर्यमण्डल** का कण्ठ से नाभिपर्यन्त न्यास करना चाहिए ॥ १० ॥

पुनः अग्नि का स्मरण करते हुये सानुस्वार यकारादि १० व्यञ्जन वर्णों का उच्चारण करते हुये नमः शब्दान्त चतुर्थ्यन्त **वह्निण्डल** का नाभि से पैर पर्यन्त न्यास करना चाहिए । इस प्रकार से किया गया मण्डलत्रयन्यास तेजोवर्द्धक बताया गया है ॥ ११-१२ ॥

विमर्श – मण्डलन्यास विधि – अं आं .... अः सोममण्डलाय नमः शिखादि कण्ठान्तम्,
कं खं ...... मं सूर्यमण्डलाय नमः कण्ठादि नाभ्यन्तम्,
यं रं .... क्षं वह्निमण्डलाय नमः नाभ्यादि पादान्तम् ॥ ११-१२ ॥

(vi) अब **अग्नीषोमात्मक न्यास** कहते हैं - सानुस्वार अकारादि ठान्त समुदायात्मक वर्णों के साथ नमः शब्दान्त चतुर्थ्यन्त सोम मण्डल का शिर से पैर पर्यन्त न्यास करना चाहिए । डकारादि क्षान्त सानुस्वार व्यञ्जन वर्णों को प्रारम्भ में लगाकर नमः शब्दान्त चतुर्थ्यन्त वह्निण्डल का हृदय से पैर तक न्यास करना चाहिए। इस प्रकार किया गया अग्नीषोमात्मक न्यास सर्वसिद्धिप्रद माना गया है ॥ १२-१४ ॥

सबिन्दून्मातृकावर्णानजपापुरुषात्मने ।
नमोन्तं व्यापकं न्यस्येद्धंसन्यासोऽयमीरितः ॥ १५ ॥
अष्टावष्टौ स्वरान्पञ्चपञ्चशः शेषवर्णकान् ।
उक्तादित्यमुखान्न्यस्येच्चतुर्भिश्च ग्रहान्नव ॥ १६ ॥
आधारलिङ्गनाभीहृत्कण्ठे च मुखमध्यतः ।
भ्रूमध्ये भालदेशे च ब्रह्मरन्ध्रे क्रमान्न्यसेत् ॥ १७ ॥
वदेत्खेचरनामान्ते पदं भगवते नमः ।
हंसाख्यमग्नीषोमाख्यं मण्डलत्रयसंज्ञकम् ।
पुनर्न्यासत्रयं कुर्यान्मूलेन व्यापकं चरेत् ॥ १८ ॥

हंसन्यासमाह – **सबिन्दूनिति** अं – क्षं ५१ हंसः पुरुषात्मने नमः । सर्वाङ्गे ॥ १५॥ ग्रहन्यासमाह – **अष्टावष्टाविति** । अं – ८ आदित्याय भगवते नमः आधारे । लृं ८ सोमाय भगवते नमः लिङ्गे । क – ५ अङ्गारकाय भगवते नमः नाभौ । चं ५ बुधाय भगवते नमः हृदि । टं – ५ बृहस्पतये भगवते नमः गले । तं – ५ शुक्राय भगवते नमः मुखमध्ये । पं – ५ शनैश्चराय भगवते नमः भ्रूमध्ये । यं – ४ राहवे भगवते नमः भाले । शं – ४ केतवे भगवते नमः ब्रह्मरन्ध्रे । खेचराग्रहास्तन्नमान्ते भगवते नमः इति पदं वदेत् । तच्च प्रयोगे लिखितम् । **हंसेति** । ग्रहन्यासानन्तरं हंसाग्नीषोममण्डलसंज्ञं न्यासत्रयं पुनः कुर्यात् । प्रथमकरणाद्वैपरीत्येनेत्यर्थः ॥ १६–१८ ॥

विमर्श – न्यास विधि – अं आं इं ... टं ठं सोममण्डलाय नमः मूर्धादि पादान्तम्, डं ढं णं ... क्षं वह्निण्डलाय नमः हृदयादि पादान्तम् ॥ १३–१४ ॥

(vii) अब **हंसन्यास** कहते हैं – स बिन्दु (सानुस्वार), मातृका वर्ण, फिर अजपा (हंस), पुरुषात्मने और अन्त में नमः लगाकर व्यापक न्यास करना चाहिए । इसे **हंसन्यास** कहा गया है ॥ १५ ॥

विमर्श – यथा – अं आं ई ... क्षं हंस पुरुषात्मने नमः इति सर्वाङ्गे ॥ १५॥

(viii) अब **ग्रहन्यास** कहते हैं – आठ आठ स्वरों से दो ग्रह, पाँच वर्गों से ५ ग्रह तथा शेष ४, ४ वर्णों से २ ग्रहों का भगवते नमोन्त मन्त्रों से क्रमशः आधार, लिङ्ग, नाभि, हृदय कण्ठ, मुख, भ्रूमध्य ललाट एवं ब्रह्मरंध्र में न्यास करना चाहिए ॥ १६–१८ ॥

विमर्श – ग्रहन्यास विधि – अं आं ... ॠं आदित्याय भगवते नमः आधारे,
लृं ॡं ... अः सोमाय भगवते नमः लिङ्गे,
कं खं गं घं ङं अंगारकाय भगवते नमः नाभौ,
चं छं जं झं नं बुधाय भगवते नमः हृदि,

ध्यानावरणादिपूजाकथनम्

शोणाम्भोरुहसंस्थितं त्रिनयनं वेदत्रयीविग्रहं
दानाम्भोजयुगाभयानि दधतं हस्तैः प्रवालप्रभम्।
केयूराङ्गदहारकंकणधरं कर्णोल्लसत्कुण्डलं
लोकोत्पत्तिविनाशपालनकरं सूर्यं गुणाब्धिं भजे॥ १६॥
एवं ध्यायञ्जपेल्लक्षदशकं तद्दशांशतः।
पद्मैस्तिलैर्वा जुहुयात्तर्पयेद् भोजयेद् द्विजान्॥ २०॥
प्रयजेत्पीठपूजायां धर्माद्यष्टस्थलेष्विमान्।
प्रभूतं विमलं सारं समारध्यं विदिक्ष्वथ॥ २१॥

ध्यानमाह – **शोणेति** । रक्तपद्मस्थां वेदत्रयीतनुं । सैषा त्रय्येव विद्यातपतीति श्रुतेः । ऊर्ध्वयोः वा०द० । पद्मद्वयम् । अधो वामदक्षयोर–भयदाने ॥ १६–२० ॥ पीठपूजायां धर्मादिकाष्टस्थानेषु पञ्चैवपूज्याः । प्रभूताय० । विमलाय० । साराय० समाराध्यायेति अग्न्यादिषु संपूज्य परममुखाय नमः इति मध्ये च संपूज्य पुनरनन्तादीन् पूर्ववत् प्रथमतरङ्गोक्तवत्। ते चाष्टावेव । ततः सोममण्डलाय० वह्निमण्डलायेत्यभ्यर्च्य । सूर्यमण्डलाय

टं ठं डं ढं णं बृहस्पतये भगवते नमः कण्ठे,
तं थं दं धं नं शुक्राय भगवते नमः मुखमध्ये,
पं फं वं भं मं शनैश्चराय भगवते नमः, भ्रूमध्ये,
यं रं लं वं राहवे भगवते नमः भाले,
शं षं सं हं केतवे भगवते नमः ब्रह्मरन्ध्रे ॥ १६-१८ ॥

इसके बाद पुनः हंसन्यास, अग्नीषोमात्मकन्यास तथा मण्डलन्यास करके मूलमन्त्र से व्यापक न्यास करना चाहिए ॥ १८ ॥

अब **ध्यान** कहते हैं - रक्त वर्ण के कमल पर आसीन, त्रिनेत्र, वेदत्रयमूर्ति अपने चारों हाथो में क्रमशः दान, कमल, पद्म एवं अभय धारण करने वाले, प्रवाल जैसी कान्ति से युक्त, केयूर, अङ्गद, हार, और कंकण धारण किए हुये, कानों में कुण्डल से उल्लसित सारे जगत् के उत्पत्ति, स्थिति, तथा पालन कर्ता गुणागार भगवान् सूर्य की उपासना करता हूँ ॥ १६ ॥

उक्त प्रकार का ध्यान करते हुये दश लाख जप करना चाहिए । कमल अथवा तिलों से दशांश हवन करना चाहिए । तदनन्तर दशांश तर्पण कर ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए ॥ २० ॥

पीठ पूजा करते समय धर्मादि अष्टक के स्थान पर, कोणो में प्रभूत, विमल सार एवं समाराध्य का, तथा मध्य में परमसुख -- इन पाँच का पूजन करना चाहिए ॥ २१ ॥

परमादिसुखं मध्येऽनन्तादीन्पूर्ववद्यजेत् ।
सोमाग्निमण्डले प्रोच्य रविमण्डलमर्चयेत् ॥ २२ ॥
ततोऽष्टदिक्षु मध्ये च पीठशक्तीरिमा नव ।
दीप्तासूक्ष्माजयाभद्राविभूतिर्विमला तथा ॥ २३ ॥
अमोघा विद्युता सर्वतोमुखीपीठशक्तयः ।
ह्रस्वत्रयक्लीवहीनस्वरान्वह्नीन्दुसंयुतान् ॥ २४ ॥
बीजानि पीठशक्तीनां तदाद्यास्ताः प्रपूजयेत् ।
ब्रह्मविष्णुशिवात्मान्ते कायसौराययो स्मृतिः ॥ २५ ॥
पीठात्मने नमस्तारपूर्वः पीठमनुः स्मृतः ।
तारसेन्दुवियत्कान्तौ बिन्दुमद् बिन्दुवर्जितौ ॥ २६ ॥
खोल्कायहृदयं मन्वो नवार्णो मूर्तिकल्पने ।
अनेन मूर्तौ क्लृप्तायां यजेत्प्रद्योतनं प्रभुम् ॥ २७ ॥

नम इति यजेत् ॥ २१–२२ ॥ एतानावाह्य एव पीठदेवानिष्ट्वा पीठशक्तीर्यजेत् । ता आह – **दीप्तेति** ॥ २३ ॥ तासां बीजान्याह – **ह्रस्वेति** ह्रस्वत्रयम् अइउ । क्लीबाः ऋ ॠ लृ लॄ । एतद्व्यतिरक्तारेफबिन्दुयुताः स्वराः क्रमात् तासां बीजानि रां रीं रूं रें रैं रौं रं रः इति । तत्पूर्वास्ता यजेत् । रां दीप्तायै नमः । रीं सूक्ष्मायै इत्यादि० । पीठमन्त्रमाह – **ब्रह्मेति** । स्मृतिर्गः । ॐ ब्रह्मविष्णुशिवात्मकाय सौराय योगपीठात्मने नमः इति । मूर्तिकल्पने मन्त्रमाह – **तार** इति । तार ॐ । सेन्दुर्वियत् हं । बिन्दुयुतस्तद्रहितश्चेति द्वौ कान्तौ खौ खं खः ॥ २४–२६ ॥ खोल्काय स्वरूपं । हृदयं नमः ॥ २७ ॥

फिर पूर्वोक्त (१ तरंग) विधि से अनन्तादि का पूजन करना चाहिए। फिर सोमाग्निमण्डल की अर्चना कर रविमण्डल की अर्चना करे । तदनन्तर आठो दिशाओं में तथा मध्य में १. दीप्ता, २. सूक्ष्मा, ३. जया, ४. भद्रा, ५. विभूति, ६. विमला, ७. अमोघा, ८. विद्युता तथा ९. सर्वतोमुखी इन ९ पीठ शक्तियों का पूजन करे ॥ २२-२४ ॥

ह्रस्वत्रय (अ इ उ) तथा क्लीव (ऋ ॠ लृ लॄ) स्वरों को छोड़कर शेष स्वरों को अनुस्वार तथा वह्नि (र) से युक्त करने पर इन शक्तियों के (रां रीं रूं रें रैं रों रौं रं रः) बीज मन्त्र बन जाते हैं । इन्हें प्रारम्भ में लगाकर उनका पूजन करना चाहिए ॥ २४-२५ ॥

'ब्रह्मविष्णुशिवात्म' के बाद 'काय सौराय यो', फिर स्मृति 'ग' पीठात्मने नमः, इसके प्रारम्भ में तार (ॐ) लगाने से सूर्य का पीठ मन्त्र बन जाता है ॥ २५-२६ ॥

तार (ॐ), सेन्दु वियत् (हं), बिन्दु सहित कान्त (खं), बिन्दु रहित कान्ता (ख), फिर 'खोल्काय' फिर हृदय (नमः), इस नवार्ण मन्त्र से सूर्य मूर्ति की

कल्पना कर लेनी चाहिए । तदनन्तर भगवान् सूर्य का पूजन करना चाहिए ॥ २६-२७ ॥

विमर्श - सूर्य पीठ पूजा विधि - सर्वप्रथम १५. १६ में वर्णित सूर्य के स्वरूप का ध्यान कर मानसोपचार से पूजन कर ताम्रपात्र में अर्घ्य स्थापित करे । फिर विधिवत् गुरुपंक्ति का पूजन कर वृत्ताकार कर्णिका, अष्टदल, और भूपुर सहित यन्त्र लिखे । तदनन्तर नाम मन्त्रों से पीठ देवताओं का इस प्रकार पूजन करे । यथा -

सूर्यपूजनयन्त्रम्

प्रथम पीठ मध्ये - ॐ मं मण्डूकाय नमः, ॐ कं कालाग्निरुद्राय नमः
ॐ आधारशक्तये नमः, ॐ प्रकृत्यै नमः, ॐ कूर्माय नमः,
ॐ शेषाय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः ॐ क्षीरसमुद्राय नमः,
ॐ श्वेतद्वीपाय नमः, ॐ मणिमण्डपाय नमः, ॐ कल्पवृक्षाय नमः,
ॐ मणिवेदिकायै नमः, ॐ रत्नसिंहासनाय नमः,

फिर आग्नेयादि कोणों में तथा मध्य में प्रभूत आदि की यथा -
प्रभूताय नमः आग्नेये, विमलाय नमः नैर्ऋत्ये, साराय नमः वायव्ये
समाराध्याय नमः, ऐशान्ये, परमसुखाय नमः मध्ये,

पुनः पीठ के मध्य में अनन्तादि नाम मन्त्रों से यथा -
ॐ अनन्ताय नमः, ॐ पद्माय नमः ॐ आनन्दकन्दाय नमः,
ॐ संविन्नालाय नमः, ॐ विकारमयकेसरेभ्यो नमः,
ॐ प्रकृत्यात्मकपत्रेभ्यो नमः, ॐ पञ्चादशद्वर्ण कर्णिकायै नमः,

पुनस्तत्रैव - ॐ उं षोडशकलात्मने सोममण्डलाय नमः,
ॐ रं दशकलात्मने वह्निण्डलाय नमः,
ॐ अं द्वादशकलात्मने सूर्यमण्डलाय नमः

इसके बाद केशरों में तथा मध्य में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से नव शक्तियों की यथा - रां दीप्तायै नमः, रीं सूक्ष्मायै नमः, रूं जयायै नमः
रें भद्रायै नमः, रैं विभूत्यै नमः रों विमलायै नमः,
रौं अमोघायै नमः रं विद्युतायै नमः रः सर्वतोमुख्यै नमः (मध्ये)

फिर 'ब्रह्मविष्णुशिवात्मकाय सौराय योगपीठात्मने नमः' मन्त्र से सूर्य को आसन देकर 'ॐ हं खं खखोल्काय नमः' इस मन्त्र से मूर्ति की कल्पना कर

प्राग्वत्षडङ्गं सम्पूज्य दिक्ष्वष्टाङ्गं प्रपूजयेत् ।
आदित्यं मध्यतोऽभ्यर्च्य रविं भानुं च भास्करम् ॥ २८ ॥
सूर्यं दशासु सद्यादिपञ्चह्रस्वादिकान्यजेत् ।
उषां प्रज्ञां प्रभां सन्ध्यामाद्यर्णाद्या विदिक्ष्वपि ॥ २९ ॥
ब्राह्म्याद्या दिग्दलेष्वर्चेन्महालक्ष्मीस्थलेरुणम् ।
सोमं बुधं गुरुं शुक्रं दिक्ष्वाद्यर्णादिकान्यजेत् ॥ ३० ॥
अङ्गारकं शनिं राहुं केतुं कोणेषु पूजयेत् ।
इन्द्राद्यानायुधैर्युक्तान्पार्षदानर्चयेद्रवेः ॥ ३१ ॥

प्राग्वदिति । षडङ्गान्यग्न्यादिषु संपूज्य दिक्ष्वष्टाङ्गानि न्यासोक्तानि यजेत् । आदित्यादीन् पञ्चमध्ये दिक्षु च न्यासवत् ओंकारादिपञ्चह्रस्वाद्यान् **उषामिति** । आद्यर्णाद्याः ऊं उषायै नम इत्यादि० । अष्टम्या मातुः स्थानेऽरुणमेव यजेदित्यर्थः । सों सोमायेत्यादि पूर्ववत् । आद्यर्णाद्याः रविपार्षदेभ्यो नम इत्यादि ॥ २८–३१ ॥

उसी में विधिवत् आवाहनादि उपचारों से जगत्पति सूर्य की पूजा करनी चाहिए । तदनन्तर उनकी आज्ञा लेकर आवरण पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए ॥ २१-२७ ॥

अब **आवरण पूजा** कहते हैं - पूर्वोक्त विधि से केशरों में (द्र० १५. ४) षडङ्गपूजा कर दिशाओं में अष्टाङ्ग (द्र० १५. ५) पूजन करे । आदि में प्रणव, सद्य (लृ), आदि पञ्च ह्रस्व लगाकर आदित्य का मध्य में, तदनन्तर रवि भानु, भास्कर, और सूर्य का पूर्वादि दिशाओं मे पूजन करे ॥ २८-२९ ॥

तदनन्तर विदिशाओं (कोणों) में अपने आद्य वर्ण सहित उषा, प्रज्ञा, प्रभा, और संध्या का पूजन करे । तदनन्तर पूर्वादि दिशाओं के दलों पर ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं की पूजा करे । केवल महालक्ष्मी के स्थान पर अरुण की पूजा करे । पुनः दिशाओं में सोम, बुध, गुरु, और शुक्र का तथा कोणों में मङ्गल, शनि, राहु और केतु का पूजन करना चाहिए । फिर आयुध सहित इन्द्रादि दिक्पालों का तथा रवि के पार्षदों का पूजन करना चाहिए ॥ २९-३१ ॥

विमर्श - संक्षेप में आवरण पूजा विधि - सर्वप्रथम केशरों के आग्नेयादि कोणों में, मध्यम में, तथा चारों दिशाओं में षडङ्गपूजा करे । यथा -

ॐ सत्यतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा हृदयाय नमः,
ॐ ब्रह्मतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा शिरसे स्वाहा,
ॐ विष्णुतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा शिखायै वषट्,
ॐ रुद्रतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा कवचाय हुम्,
ॐ अग्नितेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा नेत्रत्रयाय वौषट्,

ॐ सर्वतेजोज्वालामणे हुं फट् स्वाहा अस्त्राय फट्,

इसके बाद पूर्वादि दिशाओं में अनुलोम क्रम से अष्टाङ्गपूजा यथा -

ह्रीं ॐ श्रीं हृदयाय नमः, ह्रीं घृं श्रीं शिरसे स्वाहा,
ह्रीं णिं श्रीं शिखायै वषट्, ह्रीं सूं श्रीं कवचाय हुम्,
ह्रीं र्यं श्रीं नेत्रत्रयाय वौषट्, ह्रीं आं श्रीं अस्त्राय फट्,
ह्रीं दिं श्रीं उदराय नमः उदरे, ह्रीं त्यं श्रीं पृष्ठाय नमः पृष्ठे,

तत्पश्चात् मध्य में आदित्य का, पूर्वादि चारों दिशाओं के दलों में रवि आदि का तथा आग्नेयादि कोणों के दलों में उषा आदि का - यथा -

ॐ लृं आदित्याय नमः मध्ये, ॐ ऋ रवये नमः पूर्वदले,
ॐ उं भानवे नमः दक्षिणदले, ॐ इं भास्कराय नमः पश्चिमदले,
ॐ अं सूर्याय नमः उत्तरदले, ॐ उं उषायै नमः आग्नेयदले,
ॐ प्रं प्रज्ञायै नमः नैर्ऋत्यदले, ॐ प्रं प्रभायै नमः वायव्यदले,
ॐ सं सन्ध्यायै नमः ईशानदले ।

फिर अष्टदल के अग्रभाग में पूर्वादि दिशाओं के अनुलोम क्रम से ब्राह्मी आदि का यथा - ॐ ब्राह्म्यै नमः, ॐ माहेश्वर्यै नमः,
ॐ कौमार्यै नमः, ॐ वैष्णव्यै नमः ॐ वाराह्यै नमः,
ॐ इन्द्राण्यै नमः, ॐ चामुण्डायै नमः, ॐ अरुणाय नमः

तत्पश्चात् मण्डल के बाहर पूर्वादि दिशाओं में सोमादि चार ग्रहो का तथा आग्नेयादि चार कोणो में अङ्गारकादि ग्रहों का यथा -

ॐ सों सोमाय नमः पूर्वे, ॐ बुं बुधाय नमः दक्षिणे,
ॐ गुं गुरवे नमः पश्चिमे, ॐ शुं शुक्राय नमः उत्तरे,
ॐ अं अङ्गारकाय नमः आग्नेये, ॐ शं शनये नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ रां राहवे नमः वायव्ये, ॐ कें केतवे नमः ऐशान्ये,

तदनन्तर भूपुर में अपनी अपनी दिशाओं में इन्द्रादि दश दिक्पालों का

ॐ लं इन्द्राय नमः, ॐ रं अग्नये नमः, ॐ मं यमाय नमः,
ॐ क्षं निर्ऋतये नमः ॐ वं वरुणाय नमः ॐ यं वायवे नमः
ॐ सं सोमाय नमः, ॐ हं ईशानाय नमः, ॐ आं ब्राह्मणे नमः,
ॐ ह्रीं अनन्ताय नमः, पुनः रविपार्षदेभ्यो नमः

फिर भूपुर के बाहर बज्रादि आयुधों का - ॐ वं वज्राय नमः,
ॐ शं शक्तये नमः, ॐ दं दण्डाय नमः, ॐ खं खड्गाय नमः,
ॐ पां पाशाय नमः, ॐ अं अंकुशाय नमः, ॐ गं गदायै नमः,
ॐ शूं शूलाय नमः, ॐ पं पद्माय नमः, ॐ चं चक्राय नमः,

इस प्रकार आवरण पूजन कर धूप दीप आदि उपचारों से भगवान् सूर्य का पूजन करे ॥ २८-३१ ॥

इत्थं सिद्धे मनौ दद्याद् भानवेऽर्घ्यं च तद्दिने ।

अर्घ्यदानप्रकारवर्णनम्

प्राणायमं षडङ्गं च कृत्वा न्यासान्पुरोदितान् ॥ ३२ ॥
स्वमण्डले यजेदर्कं मानसैरुपचारकैः ।
सुताम्रघटितं प्रस्थतोयग्राहिमनोहरम् ॥ ३३ ॥
मण्डले स्थापयेत्पात्रं रक्तचन्दनचर्चितम् ।
विलोमां मातृकां मूलं विलोमं च पठञ्जलैः ॥ ३४ ॥
रविमण्डलनिर्गच्छत्सुधाबुद्धिविभावितैः ।
त्रयोदशैव वस्तूनि प्रक्षिपेन्मूलमुच्चरन् ॥ ३५ ॥
तिलतण्डुलदर्भाग्रशालिश्यामाकराजिका ।
हयारिकुसुमं रक्तं चन्दनं रक्तचन्दनम् ॥ ३६ ॥
गोरोचनं कुंकुमं च जयां वेणुयवानिति ।
तज्जले पीठमभ्यर्च्य बाह्यभानुं स्वमण्डलात् ॥ ३७ ॥

अर्घविधिमाह – **प्राणेति** ॥ ३२ ॥ प्रस्थं षोडशपलानि ॥ ३३ ॥ मूलं विलोममेव ॥ ३४ ॥ सूर्यमण्डलान्निर्गच्छद्यदमृतं तद्धिया चिन्तितैः ॥ ३५ ॥ वस्तून्याह – **तिलेति** । रक्तं करवीरम् ॥ ३६ ॥ * ॥ ३७ ॥

इस प्रकार मन्त्र सिद्ध हो जाने पर साधक को उस दिन भगवान् भास्कर के लिए अर्घ्य प्रदान करना चाहिए । उसकी विधि इस प्रकार हैं - प्राणायाम षडङ्गन्यास तथा पूर्वोक्त अन्य सभी न्यास कर साधक को अपने मण्डल में भगवान् सूर्य का मानसोपचारों से पूजन करना चाहिए ॥ ३२-३३ ॥

प्रथम सुन्दर ताँबे का पात्र, जिसमें लगभग १ प्रस्थ (६४ तोला) जल अँट सके, उस मनोहर पात्र को रक्त चन्दन से विभूषित कर मण्डल में स्थापित करना चाहिए । फिर विलोम क्रम से मातृकाओं तथा विलोम क्रम से मूल मन्त्र को पढ़ते हुये जल में रवि मण्डल से निकलती हुई अमृत धारा की भावना कर उस ताम्र पात्र में उस जल को भर देना चाहिए ॥ ३३-३५ ॥

फिर मूल मन्त्र पढ़ते हुये उसमें १. तिल, २. तण्डुल, ३. कुशाग्रभाग, ४. शालि (साठी धान), ५. श्यामाक, ६. राई, ७. लाल कनेर का पुष्प, ८. लालचन्दन, ९. श्वेत चन्दन, १०. गोरोचन, ११. कुंकुम, १२. जौ और १३. वेणुजव ये १३ वस्तुयें छोड़नी चाहिए ॥ ३५-३७ ॥

फिर उस जल में पीठ पूजा (द्र० १५. २१ - २७) कर अपने मण्डल से उसमें बाह्य सूर्य का आवाहन कर समस्त उपचारों से उनका पूजन करना

अखिलैरुपचारैस्तं पूजयेदावृतीरपि ।
प्राणायामत्रयं कृत्वा षडङ्गन्यासमाचरेत् ॥ ३८ ॥
चन्दनेन सुधाबीजं दक्षे करतले न्यसेत् ।
आच्छादयेदर्घपात्रं वामाक्रान्तेन तेन च ॥ ३९ ॥
अष्टोत्तरशतावृत्त्या मूलेनाम्भोभिमन्त्रयेत् ।
पुनः पञ्चोपचारैस्तं पूजयेन्मूलमन्त्रतः ॥ ४० ॥
पाणिभ्यां पात्रमादाय जानुनीभूतले न्यसेत् ।
आमूर्धं पात्रमुद्धृत्यदृष्टिं चाधाय मण्डले ॥ ४१ ॥
मनसा पूजयेत्तत्र भानुमावरणान्वितम् ।
अर्घ्यं दद्याद्रविं ध्यायन्रक्तचन्दनमण्डले ॥ ४२ ॥
ततः पुष्पाञ्जलिं दद्यान्मण्डलस्थाय भानवे ।
अष्टोत्तरशतं मूलं जपेदासनसंस्थितः ॥ ४३ ॥
प्रत्यर्कं प्रातरेवं यो दद्यादर्घ्यं विवस्वते ।
लक्ष्मीयशः सुतान्विद्यामैश्वर्यं सोऽधिगच्छति ॥ ४४ ॥
गायत्र्युपासनासक्तः सन्ध्यावन्दनतत्परः ।
दशवर्णं जपन्विप्रो नैव दुःखमवाप्नुयात् ॥ ४५ ॥

वेणुयवान् वंशोत्पन्नयवान् ॥ ३८ ॥ सुधाबीजं वमिति । तेन दक्षकरेण ॥ ३९–४५ ॥

चाहिए । तदनन्तर ३ बार प्राणायाम कर षडङ्गन्यास करे ॥ ३७-३८ ॥

चन्दन से सुधाबीज (वं) का दाहिने हाथ पर न्यास करे । बायें हाथ में अर्घ्यपात्र लेकर दाहिने हाथ से उसे ढंक कर १०८ बार मूलमन्त्र से उस जल को अभिमन्त्रित कर पुनः मूलमन्त्र से पञ्चोपचार पूजन करे ॥ ३९-४० ॥

फिर अर्घ्य पात्र को दोनो होथों में लेकर घुटनों के बल पृथ्वी पर बैठ कर पात्र को शिर पर्यन्त ऊँचा उठाकर रविमण्डल में अपनी दृष्टि लगाकर आवरण सहित सूर्य का ध्यान कर मानसोपचारों से सूर्य का पूजन करे ॥ ४१-४२ ॥

फिर रक्त चन्दन से विभूषित मण्डल में सूर्य नारायण को अर्घ्य प्रदान करे । तत्पश्चात् मण्डल में स्थित सूर्य को पुष्पाञ्जलि समर्पित कर आसन पर बैठकर एक सौ आठ बार मूल मन्त्र का जप करे ॥ ४२-४३ ॥

प्रतिदिन प्रातः काल के समय जो व्यक्ति इस विधि से सूर्य नारायण को अर्घ्य देता है वह लक्ष्मी, यश, पुत्र, विद्या, और ऐश्वर्य से पूर्ण हो जाता है ॥ ४४ ॥

गायत्री की निरन्तर उपासना करने वाला, सन्ध्यावन्दन में तत्पर और इस दशाक्षर मन्त्र का जप करने वाला ब्राह्मण कभी दुःखी नहीं होता ॥ ४५ ॥

सुतधनप्रदो मङ्गलमन्त्रस्तद्विधिवर्णनम्

अथ वच्मि धरासूनुमन्त्रं सुतधनप्रदम् ।
तारो वियद्दीर्घं बिन्दुयुक्तं चन्द्रांकितं पुनः ॥ ४६ ॥
भृगुर्विसर्गीचण्डीशौ क्रमाद्रात्रीशसर्गिणौ ।
षड्वर्णो[1] मनुराख्यातोऽभीष्टदायी ऋणापहः ॥ ४७ ॥
मुनिर्विरूपागायत्रीं छन्दो देवो धरात्मजः ।
षड्भिर्वर्णैः षडङ्गानि मनोः कुर्वीत साधकः ॥ ४८ ॥
जपाभं शिवस्वेदजं हस्तपद्मै-
र्गदाशूलशक्तीर्वरं धारयन्तम् ।
अवन्तीसमुत्थं सुमेषासनस्थं
धरानन्दनं रक्तवस्त्रं समीडे ॥ ४९ ॥

मङ्गलमन्त्रमाह – **तार** इति । तार ॐ । वियत् हः दीर्घबिन्दुयुतं हाम् । पुनस्तदेव वियत् चद्रांकितं हं ॥ ४६ ॥ विसर्गी भृगुः सः । रात्रीशसर्गिणौ बिन्दुयुतौ विसर्गयुतौ चण्डीशौ खौ – खं खः ॥ ४७ ॥ धरात्मजो भौमः ॥ ४८ ॥ देवताध्यानमाह – **जपाभमिति** । शूलवरौ दक्षयोः अन्ययोरितरे ॥ ४९ ॥

अब **पुत्र और धनदायक मङ्गल के मन्त्र का उद्धार** कहता हूँ -

ॐ रं अग्नये नमः ॐ मं यमाय नमः ॐ क्षं निर्ऋत्ये नमः
ॐ वं वरुणाय नमः ॐ यं वायवे नमः ॐ सं सोमाय नमः उत्तरे,
ॐ ईशानाय नमः, ॐ आं ब्रह्मणे नमः, ॐ ह्रीं अनन्ताय नमः

फिर भूपुर के बाहर पूर्वादि दिशाओं में वज्रादि आयुधों की इस प्रकार पूजा करनी चाहिए । यथा - ॐ वं वज्राय नमः,

ॐ शं शक्तये नमः, ॐ दं दण्डाय नमः, ॐ खं खड्गाय नमः,
ॐ पां पाशय नमः, ॐ अं अंकुशाय नमः, ॐ गं गदायै नमः,
ॐ शूं शूलाय नमः, ॐ चं चक्राय नमः, ॐ पं पद्माय नमः,

इस प्रकार आवरण पृजा करने के बाद धूप दीपादि उपचारों से विधिवत् भगवान् महामृत्युञ्जय का पृजन करना चाहिए ॥ २६-३६ ॥

जुहुयाद्यः सुधावल्याः समिधश्चतुरंगुलाः ।
सरोगान्त्सकलाञ्छत्रून् पराभूय श्रियायुतः ॥ ४० ॥
मोदते पुत्रपौत्राद्यैः शतवर्षाणि साधकः ।
समिद्भिः श्रीफलोत्थाभिर्होमः सम्पत्तिसिद्धये ॥ ४१ ॥
पलाशतरुजाभिस्तु ब्रह्मवर्चससिद्धये ।
वटोत्थाभिर्धनप्राप्त्यैखादिराभिस्तु कान्तये ॥ ४२ ॥
तिलैरधर्म नाशाय सर्षपैः शत्रुनष्टये ।
पायसेन कृतो होमः कान्तिश्रीकीर्तिदायकः ॥ ४३ ॥
कृत्या मृत्युक्षयकरो दध्ना संवादसिद्धिदः ।
होमसंख्या तु सर्वत्रायुतमानेन कीर्तिता ॥ ४४ ॥
अष्टोत्तरशतं दूर्वात्रिकहोमाद्रुजां क्षयः ।
स्वजन्मदिवसे यस्तु पायसैर्मधुरान्वितैः ॥ ४५ ॥
जुहोति तस्य वर्द्धन्तेमलारोग्यकीर्तयः ।
गुडूचीबकुलोत्थाभिः समिद्भिर्हवनं नृणाम् ॥ ४६ ॥

सुधावल्या गुडूच्याः । चतुरङ्गुलप्रमाणाः समिधः ॥ ४० ॥ श्रीफलं बिल्वः ॥ ४१ ॥ * ॥ ४२–४४ ॥ रुजां रोगाणाम् ॥ ४५ ॥ * ॥ ४६ ॥

काम्य प्रयोग - जन्म नक्षत्र से १० वें नक्षत्र में अथवा २१ वें नक्षत्र में गुडूची की चार अंगुल वाली समिधाओं से जो व्यक्ति हवन करता है वह अपने रोग एवं शत्रुओं का विनाश कर संपत्ति प्राप्त करता है और पुत्र पौत्रों के साथ आमोद पूर्वक सौ वर्ष तक जीवित रहता है ॥ ३९-४१ ॥

संपत्ति प्राप्त करने के लिए श्रीफल की समिधाओं से हवन करना चाहिए। ब्रह्मवर्चस् वृद्धि के लिए पलाश वृक्ष की लकड़ी से होम करना चाहिए । धन प्राप्ति के लिए बरगद की समिधाओं से तथा कान्ति बढ़ाने के लिए खदिर की समिधाओं से हवन करना चाहिए ॥ ४१-४२ ॥

अधर्म नाश के लिए तिलों से और शत्रुनाश के लिए सरसों का होम करना चाहिए । खीर का होम करने से कान्ति, लक्ष्मी तथा कीर्ति प्राप्त होती है। दही का होम परप्रयुक्त कृत्या एवं अपमृत्यु का नाश करता है तथा विवाद में सफलता मिलती है ॥ ४२-४४ ॥

इन सभी आहुतियों में होम की संख्या दश हजार कही गई है ॥ ४४ ॥

तीन पत्तों वाले तीन तीन दूर्वाओं के १०८ होम से रोग नष्ट होते है । जो व्यक्ति अपने वर्षगांठ के दिन त्रिमधुर (घी, मधु और शर्करा) मिश्रित खीर से होम करता है जीवन में उसकी लक्ष्मी, आरोग्य एवं कीर्ति का विस्तार

जन्म तारात्रयेरोगं मृत्यं चापि विनाशयेत् ।
प्रत्यहञ्जुहुयाद् दूर्वा अपमृत्युविनष्टये ॥ ४७ ॥
किंबहूक्तेन सर्वेष्टं प्रयच्छति शिवो नृणाम् ।
अपामार्गसमिद्भिश्च सिद्धान्नैर्ज्वरनष्टये ॥ ४८ ॥
दुग्धाक्तैरमृताखण्डैर्मासहोमोऽखिलाप्तये ।

रुद्रजपांगभूतोऽपरो दशार्णमन्त्रः

तारो हृद्भगवान्ङेन्तो रुद्रायेति दशाक्षरः ॥ ४९ ॥
बोधायनो मुनिः पंक्तिश्छन्दो रुद्रोऽस्य देवता ।

रुद्रविधाने एकविंशतिऋचात्मकन्यासः

पञ्चन्यासान् प्रकुर्वीत स्वस्वरुद्रत्वसिद्धये ॥ ५० ॥
यजुर्वेदस्थितान् मन्त्रानेकत्रिंशत्स्थले न्यसेत् ।
या ते रुद्रशिखादेशे ह्यस्मिन्महतिमस्तके ॥ ५१ ॥

जन्मतारात्रये जन्मनक्षत्रे ततो दशमेकोनविंशयोश्च ॥ ४७–४८ ॥ रुद्रजपाङ्गभूतं दशार्णमाह – **तार** इति । भगवान् रुद्रोऽपि ङेन्तः । पदद्वयं चतुर्थ्यन्तम् । यथा – ॐ नमो भगवते रुद्रायेति ॥ ४९ ॥ रुद्रविधानमाह – **पञ्चेति** ॥ ५० ॥ १. या ते रुद्रेत्यृचा शिखायां न्यसेत् । २. अस्मिन् महत्यर्णवे शिरसि ॥ ५१ ॥

होता है ॥ ४५-४६ ॥

जन्म नक्षत्र से तीन नक्षत्र पर्यन्त गुडूची एवं बकुल (माल श्रीं) की समिधाओं से होम करने से मनुष्यों का रोग एवं अपमृत्यु दूर हो जाता है ॥ ४६-४७ ॥

अपमृत्यु को नष्ट करने के लिए प्रतिदिन दूर्वाओं का होम करना चाहिए । इस विषय में हम विशेष क्या कहें भगवान् शिव उपासना से मनुष्यों को समस्त अभीष्ट फल देते हैं ॥ ४७-४८ ॥

ज्वर नष्ट करने के लिए अपामार्ग की समिधाओं का होम करना चाहिए । तथा समस्त अभिलषित प्राप्ति हेतु दुग्ध में डुबोये गये गिलोय के टुकड़ो से एक मास पर्यन्त होम करना चाहिए ॥ ४८-४९ ॥

अब **महामृत्युञ्जय के दशाक्षर मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

तार (ॐ), हृत् (नमः), चतुर्थ्यन्त भगवच्छब्द (भगवते), फिर 'रुद्राय' - यह दशाक्षर मन्त्र है ।

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'ॐ नमो भगवते रुद्राय' ॥ ४९ ॥
इस मन्त्र के बोधायन ऋषि हैं, पंक्ति छन्द तथा महारुद्र देवता है ॥ ४९॥

सहस्राणि ललाटे तु हंसः शुचि भ्रुवोर्न्यसेत्।
त्र्यम्बकं नेत्रयोः श्रुत्योर्नम स्रुत्याय विन्यसेत्॥ ५२॥
मानस्तोके नासिकायामवतत्यमुखे तथा।
नीलग्रीवा इति ऋचोर्द्वयं कण्ठे न्यसेद् बुधः॥ ५३॥
नमस्ते अस्त्वायुधेति मन्त्रमंसद्वये न्यसेत्।
या ते हेतिरिमां बाह्वोर्ये तीर्थानीति हस्तयोः॥ ५४॥
सद्योजातं प्रपद्यामीत्यृचमंगुष्ठयोर्न्यसेत्।
वामदेवाय तर्जन्योरघोरेभ्योऽथ मध्ययोः॥ ५५॥
तत्पुरुषाया नामायामीशानस्तु कनिष्ठयोः।
नमो वः किरिकेभ्यस्तु हृदि मन्त्रमिमं न्यसेत्॥ ५६॥
नमो गणेभ्यः पृष्ठे तु विन्यसेत्साधकोत्तमः।
ततः पार्श्वद्वये न्यस्येन्नमो हिरण्यबाहवे॥ ५७॥

---

३. सहस्राणि सहस्रशः भाले । ४. हंसः शुचिषत्० भ्रुवोः । ५. त्र्यम्बकं यजामहे० नेत्रयोः । ६. नमः स्त्रुत्याय च पथ्याय चेति कर्णयोः ॥ ५२ ॥ ७. मानस्तोके० नसोः । ८. अवतत्य धनुः मुखे । ६. 'नीलग्रीवाः शितिकण्ठादिवं', 'नीलग्रीवाः शितिकण्ठाः शर्वा' इति ऋग्द्वयं कण्ठे ॥ ५३ ॥ १०. नमस्ते अस्त्वायुधायानातताय० स्कन्धयोः । ११. याते हेति० बाहोः । १२. ये तीर्थानि० करयोः ॥ ५४ ॥ १३–१७. सद्यो जातमिति तैत्तिरीय शाखोक्तं मन्त्रपञ्चक–मङ्गुष्ठाद्यङ्गुलीषु । १८. नमो वः किरिकेभ्यो देवानां हृदयेभ्यो नमो विचिन्वत्केभ्यो नमो विक्षीणकेभ्यो नम आनिर्हतेभ्य इति हृदि ॥ ५५–५६ ॥ १६. नमो गणेभ्यो गणपतिभ्यश्च वो नम इति पृष्ठे । २०. नमो हिरण्यवाहवे सेनान्ये दिशां च पतये नम इति पार्श्वयोः ॥ ५७ ॥

इस मन्त्र में आये हुए अपने उन उन रुद्र स्वरूपों को बनाने के लिए यजुर्वेद में आये हुये मन्त्रों से शरीर के इकत्तीस स्थानों पर इस प्रकार पञ्च न्यास करना चाहिए ॥ ५०-५१ ॥

(i) 'याते रुद्र०' मन्त्र का शिखा पर, 'अस्मिन महति०' का शिर पर, 'सहस्राणि सहस्रश०' का ललाट पर, 'हंसः शुचिषत्०' का भौं पर, 'त्र्यम्बकं यजामहे०' का नेत्रों पर, 'नमः स्त्रुत्यायच०' का कर्ण पर, 'मानस्तोके०' का नाक पर, 'अवतत्यं धनुः०' का मुख पर, 'नीलग्रीवा०' इन दो ऋचाओं का कण्ठ पर न्यास करना चाहिए । 'नमस्तेअस्त्वायुधि०' इस मन्त्र का दोनों कन्धों पर, 'याते हेति०' इस मन्त्र से दोनों बाहु में, 'ये तीर्थानि०' इस मन्त्र का दोनों हाथों में, 'संद्योजातं प्रपद्यामि०' इस मन्त्र का दोनों अंगूठो में, 'वामदेवाय०' इस मन्त्र का

हिण्यगर्भो नाभौ च कट्योर्मीढुष्टमेति च।
ये भूतानामिमं गुह्ये मन्त्रं विन्यस्य साधकः॥ ५८॥
अपाने शिरसा युक्तां जातवेदस इत्यृचम्।
मानो महान्तमित्यूर्वोरेषते जानुनोर्न्यसेत्॥ ५९॥
ये पथां पादयोर्न्यस्याध्यवोचत् कवचे न्यसेत्।
मन्त्रं नमो बिल्मिने चेत्युपवर्मणि विन्यसेत्॥ ६०॥
नमोऽस्तु नीलग्रीवाय तृतीयेऽक्षिणि साधकः।
प्रमुञ्च धन्वन इति मन्त्रेणाऽस्त्रं प्रविन्यसेत्॥ ६१॥
इत्येकत्रिंशदङ्गानां न्यासः प्रथम ईरितः।
ततः कुर्वीत दिग्बन्धं य एतावन्त इत्यृचा॥ ६२॥

---

२१. हिरण्यगर्भः नाभौ । २२. मीढुष्टम शिवाय नमः कट्योः । २३. ये भूतानामधिपतयः गुह्ये ॥ ५८॥ २४. जातवेदसे इमामृचं शिरोयुतां जातवेदसे सुनवाम सोम० तामग्निवर्णामित्यस्यान्त सुतरसितरसे नमः सुतरसितरसे नमः इति शिरोयुतामृग्द्वयमपाने । २५. मानो महान्तमूर्वोः । २६. एष ते रुद्रभागः जानुनोः ॥ ५९ ॥ २७. ये पथां पथिरक्षयः पदोः । २८. अध्यवोचदधिवक्ता कवचे । नमो बिल्मिने च कवचिने० । २९. इत्युपकवचे ॥ ६० ॥ ३०. नमो अस्तु नीलग्रीवाय० तृतीयनेत्रे । ३१. प्रमुञ्च धन्वन० अस्त्रे ॥ ६१ ॥ इति प्रथमोन्यासः । य एतावन्तश्च दिग्बन्धः ॥ ६२ ॥

दोनो तर्जनी में, 'अघोरेभ्य०' इस मन्त्र का दोनों मध्यमा में, 'तत्पुरुषाय०' इस मन्त्र का दोनों अनामिका में, 'ईशानः०' इस मन्त्र का दोनों कनिष्ठा में, 'नमो वः किरिकेभ्यः०' इस मन्त्र का हृदय में, 'नमो गणेभ्यः०' इस मन्त्र का पृष्ठ में, 'नमो हिरण्यबाहवे०' इस मन्त्र का दोनो पार्श्वभाग में, 'हिरण्यगर्भः०' इस मन्त्र का नाभि में, 'मीढुष्टम०' इस मन्त्र का दोनों कटिभाग में, 'ये भूता नाम०' इस मन्त्र का गुह्यस्थान में, 'जातवेद' से लेकर दो ऋचाओं का शिरः युक्त अपान में, 'मानो महान्तं०' इस मन्त्र का दोनो ऊरूप्रदेश में, 'एष ते रुद्रभगः०' इस मन्त्र का दोनो जानुओं में, 'ये पथामृ०' दोनों पैरो में, 'अध्यवोचदधिवक्ता०' का कवच में, 'नमो विल्मिने च कवचिने०' इस मन्त्र का उपकवच में, 'नमोस्तु नीलग्रीवाय०' नेत्रत्रय में, 'प्रमुञ्चधन्वनः०' का अस्त्र में न्यास करना चाहिए । इस प्रकार से उक्त अंगों में मन्त्रों का न्यास करना प्रथम न्यास कहा गया है ॥ ५१-६२ ॥

विमर्श – १. ॐ या ते रुद्र ... चाकशीहि (यजु०. १६. २) शिखायाम्,
२. ॐ अस्मिन् महति ... तन्मसि, (यजु०. १६. ५५) शिरसि,
३. ॐ सहस्राणि ... कृधि, (यजु०. १६. ५३) भाले,

४. ॐ हंसः ... शुचिषद्, (यजु०. १०. २४) भ्रुवोः,
५. ॐ त्र्यम्बकं ... मामृतात्, (यजु०. ३. ६०) नेत्रयाः,
६. ॐ नमः स्रुत्याय ... नमः, (यजु०. १६. ३७) कर्णयोः,
७. ॐ मानस्तोके ... हवामहे, (यजु०. १६. १६) नसोः,
८. ॐ अवतत्य ... भवः, (यजु०. १६. १३) मुखे,
९. ॐ नीलग्रीवाः ... क्षमाचराः, (यजु०. १६. ५६, ५७) कण्ठे,
१०. ॐ नमस्ते ... तवधन्वने, (यजु०. १६. १४) स्कन्धयोः,
११. ॐ या ते ... परिभुज, (यजु०. १६. ११) बाहोः,
१२. ॐ ये तीर्थानि ... तन्मसि, (यजु०. १६. ६१) हस्तयोः,
१३. ॐ सद्योजातं ... नमः, (तै० आ०. १०. ४३. १) अंगुष्ठयोः,
१४. ॐ वामदेवाय ... नमः, (तै० आ०. १०. ४४. १) तर्जन्यो,
१५. ॐ अघोरेभ्यः ... रुद्ररूपेभ्यः, (तै० आ०. १०. ४५. १) मध्यमयोः,
१६. ॐ तत्पुरुषाय ... प्रचोदयात्, (तै० आ०. १०. ४६. १) अनामिकयोः,
१७. ॐ ईशानः ... सदाशिवोम्, (तै० आ०. १०. ४७. १) कनिष्ठयोः,
१८. ॐ नमो वः ... नम आनिहंतेभ्यः, (यजु०. १६. ४६) हृदये,
१९. ॐ नमो गणेभ्यो ... नमो नमः, (यजु०. १६. २५) पृष्ठे,
२०. ॐ नमो हिरण्यबाहवे ... पतयें नमः, (यजु०. १६. १७) पार्श्वयोः,
२१. ॐ हिरण्यगर्भः ... विधेम, (यजु०. १३. ४.) नाभौं,
२२. ॐ मीढुष्टम ... गहि, (यजु०. १६. ५१) कट्योः,
२३. ॐ ये भूतानाम ... तन्मसि, (यजु०. १६. ५९) गुह्ये,
२४. ॐ जातवेदसे ... दुरितात्यग्निः, (तै० आ०. १०. १. १६) तामग्निवर्णाम्० नमः ... (तै० आ०. १०. १. १) दो ऋृचाओं से शिरोयुक्त अपाने,
२५. ॐ मानो महान्तं ... रीरिषः, (यजु०. १६. १५.) उर्वोः,
२६. ॐ एष ते ... पशुः, (यजु०. ३. ५७) जान्वाः,
२७. ॐ ये पथां ... तन्मसि, (यजु०. १६. ६०) पादयोः,
२८. ॐ अध्यवोचदधिवक्ता ... परासुव, (यजु०. १६. ५) कवचे,
२९. ॐ नमो बिल्मिने ... चाहन्याय च, (१६. ३५) उपकवचे,
३०. ॐ नमोस्तु ... नम, (यजु०. १६. ८) तृतीय नेत्रे,
३१. ॐ प्रमुञ्च ... भगवोवप, (यजु०. १६. ९) अस्त्रे,

उक्त मन्त्रों से शरीर के ३१ अङ्गों पर न्यास करने के बाद 'एतावन्तश्च भूयांसश्च दिशो रुद्रान्वितस्थिरे०' (यजु०. १६. ६३) मन्त्र से दिग्वन्ध करना चाहिए यहाँ तक प्रथमन्यास कहा गया ॥ ५१-६२ ॥

अक्षरादिन्यासकथनम्

मूलवर्णांस्ततो न्यस्येन्मस्तके नसि चालिके।
मुखे कण्ठे हृदि पुनर्हस्तयोर्दक्षवामयोः ॥ ६३ ॥
नाभौ पदोरिति न्यासो दशाङ्गेषु द्वितीयकः।
पादोरुहृन्मुखे मूर्ध्नि सद्योजातमुखा ऋचः ॥ ६४ ॥
विन्यस्य प्रत्यृचं ब्रूयाद्धंसहंसेति साधकः।
तृतीयन्यास इत्युक्तः कृते यस्मिञ्छिवो भवेत् ॥ ६५ ॥

अक्षरन्यासमाह – **मूलेति** । १. ॐ नमः शिरसि – नं नमः नसोरित्यादि०। इति प्रथमो न्यासः ॥ ६३ ॥ २. ॐ शिरसे नमः – नां नासिकायै नमः । इति द्वितीयो न्यासः । ३. सद्योजातं प्रपद्यामीत्यादिकं मन्त्रपञ्चकं पादादिषु न्यस्येत् । हंस हंस इति वदेत् । इति तृतीयो न्यासः ॥ ६३–६५ ॥

(ii) अब **दशाक्षर मन्त्र का अक्षरन्यास** कहते है - मूल मन्त्र के वर्णों से क्रमशः मस्तक, नासिका, ललाट, मुख, कण्ठ, हृदय, दाहिना हाथ, बाया हाथ, नाभि एवं पैरों पर इस प्रकार कुल १० अङ्गो पर न्यास द्वितीय न्यास कहा जाता है ॥ ६३-६४ ॥

विमर्श - यथा - ॐ नमः मूर्ध्नि, नं नमः नासिकायाम्
मों नमः ललाटे, भं नमः मुखे, गं नमः कण्ठे,
वं नमः हृदये, तें नमः दक्षिणहस्ते, रुं नमः वामहस्ते,
द्रां नमः नाभौ, यं नमः पादयोः ॥ ६३-६४ ॥

(iii) अब इस **दशाक्षर मन्त्र का तृतीय न्यास** कहते हैं -

सद्योजातं प्रपद्यानि से लेकर - ईशानः सर्वविद्यानां पर्यन्त ५ ऋचाओं से क्रमशः पैर, ऊरू, हृदय, मुख और शिर पर न्यास करते समय साधक प्रत्येक ऋचा के अन्त में हंस हंस का उच्चारण करे । यह तृतीय न्यास है । इसके करने से वह साधक शिव स्वरूप बन जाता है ॥ ६४-६५ ॥

विमर्श - न्यास विधि -

ॐ सद्योजातं प्रपद्यानि ... नमः, हंस हंस (तै० आ० १०. ४३. १) पादयोः,
ॐ वामदेवाय नमः, हंस हंस (तै० आ० १६. ४. ४१) ऊर्वोः,
ॐ अघोरेभ्यो ... रुद्ररूपेभ्यः, हंस हंस (तै० आ० १०. ४५. १) हृदि,
ॐ तत्पुरुषाय ... प्रचोदयात्, हंस हंस (तै० आ० १०. ४६. १) मुखे,
ॐ ईशानः ... शिवोम्, हंस हंस (तै० आ० १०. ४०. १) मूर्ध्नि,
यहाँ तक तृतीय न्यास कहा गया ॥ ६४-६५ ॥

इस प्रकार तीनों न्यासों को करने के बाद संपुटीकरण करना चाहिए । दिशाओं

एवं न्यासत्रयं कृत्वा संपुटं रचयेत्ततः ।
दिक्षु वासवमुख्यानां न्यासः संपुट उच्यते ॥ ६६ ॥
त्रातारमिन्द्रमन्त्रेण प्राच्यां न्यस्येद्विडौजसम् ।
त्वन्नो अग्ने ऋचावह्निं सुगं न इत्यृचा यमम् ॥ ६७ ॥
असुन्वन्तनिर्ऋतिं च तत्त्वायामीति तोयपम् ।
आ नो नियुद्भिर्वायुं च वयं सोमेत्यृचा विधुम् ॥ ६८ ॥
तमीशानमितीशानमाग्नेयादिषु विन्यसेत् ।
अस्मे रुद्राविधिं चोर्ध्वं स्योनेति पृथिवीमधः ॥ ६९ ॥
एवं यः संपुटं कुर्यात् स स्यात्किल्विषवर्जितः ।
तं दीप्यमानमीक्षन्ते प्रेतचौराद्युपद्रवाः ॥ ७० ॥
न पराभवितुं शक्ताः पलायन्तेऽतिदूरतः ।
मनोजूतिर्न्यसेद् गुह्येऽबोध्यग्निर्जठरानले ॥ ७१ ॥

सम्पुटीकरणं कार्यामित्याह – एवमिति । संपुटं नाम त्रातारमिन्द्रमित्यादि मन्त्रैः पूर्वादिषु क्रमेण मुद्रिताञ्जलिदर्शनं तेषां नतयोऽपि कार्याः । एवं कृते तेजस्वीभवतीत्यर्थः ॥ ६६–७० ॥ इति संपुटीकरणं तत्फलं चोक्त्वा चतुर्थन्यासमाह – ४. मनोजूति० गुह्ये । अबोध्यग्निरुदरे ॥ ७१ ॥

में इन्द्रादि मुख्य देवताओं का न्यास **संपुट न्यास** कहा जाता है ॥ ६६ ॥

'त्रातारमिन्द्रं०' मन्त्र से पूर्व में इन्द्र का, 'त्वन्ने अग्ने०' इस मन्त्र से अग्निकोण में अग्नि का, 'सुगन्नु पन्था०' इस मन्त्र से दक्षिण में यम का न्यास, 'असुन्वन्तं०' इस मन्त्र से निर्ऋति का, 'तत्त्वायामि०' इस मन्त्र से पश्चिम में वरुण का, 'आनो नियुद्भिः०' इस मन्त्र से वायव्य में वायु का, 'वयं सोम०' इस ऋचा से उत्तर में सोम का, 'तमीशानम्०' इस ऋचा से ईशान में ईशानदेव का न्यास करना चाहिए । 'अस्मे रुद्रमेहना०' मन्त्र से ऊपर ब्रह्मदेव का तथा 'स्योना पृथिवी०' इस मन्त्र से नीचे पृथ्वी का न्यास करना चाहिए ॥ ६७-६९ ॥

इस प्रकार जो साधक संपुटन्यास करता है वह पाप रहित हो जाता है। उसके तेज से प्रेत और चौरादि उपद्रवी तत्त्व उसे धर्षित नहीं कर सकते । किन्तु स्वयं पराभूत हो कर उससे दूर भाग जाते हैं ॥ ७०-७१ ॥

विमर्श - सम्पुटीकरण प्रयोग -

ॐ त्रातारमिन्द्र ... मघवाधात्विन्द्रः (यजु०. २०. ५०) पूर्वे इन्द्रं न्यसामि,
ॐ त्वन्नोः अग्ने ... रक्षमाणस्तवव्रते, (यजु०. ३४. १३) आग्नेये अग्निं न्यसामि,
ॐ सुगन्नु पन्थां ... कृणोतु, (कां० सं० २. १५) दक्षिणे यमं न्यसामि,
ॐ असुन्वन्तं ... तुभ्यमस्तु, (यजु०. १२. ६२) नैर्ऋत्ये निऋतिं न्यसामि,

मूर्द्धानं हृदये न्यस्येन्मुखे मर्माणि ते ऋचम् ।
जातवेदास्तु शिरसि न्यासः प्रोक्तश्चतुर्थकः ॥ ७२ ॥
हृदयं शिवसंकल्पं शिरः पुरुषसूक्तकम् ।
शिखाद्भ्यः संभृत इति वर्मप्रतिरथं मतम् ॥ ७३ ॥
विभ्राडिति स्मृतं नेत्रमस्त्रं तु शतरुद्रियम् ।
अयं तु पञ्चमो न्यासः कृतः सर्वेष्टसिद्धिदः ॥ ७४ ॥

मूर्धानं दिवो० हृदि । मर्माणि ते वर्मभिश्छाद० मुखे । जातवेदाय दिवापावकोऽसि० शिरसि । एवं पञ्चाङ्गेषु न्यासश्चतुर्थः ॥ ७२ ॥ षडङ्गमाह – **हृदयमिति** । ५. यज्जाग्रतः० हृत् । सहस्त्रशीर्षा० शिरः । अद्भ्यः सम्भृतः० शिखा । आशुः शिशानः० कवचम् ॥ ७३ ॥ विभ्राट्० नेत्रम् । नमस्ते रुद्रमन्यवे इत्यादि शतरुद्रियम् अस्त्रम् । इति पञ्चमन्यासः ॥ ७४ ॥

ॐ तत्त्वायामि ... प्रमोषीः (यजु०. १८. ४६) पश्चिमे वरुणं न्यसामि,
ॐ आनो नियुद्भिः ... सदानः (यजु०. २७. २८) वायव्ये वायुं न्यसामि,
ॐ वयं ... सचेमहि (यजु०. ३. ५६) उत्तरे सोमं न्यसामि,
ॐ तमीशानं ... स्वस्तये (यजु०. २५. १८) ऐशान्ये ईशानं न्यसामि,
ॐ अस्मे रुद्रा ... अवन्तु देवाः, (यजु०. ३३. ५०) ऊर्ध्वे ब्रह्माणं न्यसामि,
ॐ स्योना ... शर्म्मसप्रथाः, (यजु०. ३५. २१)अधः पृथ्वीं न्यसामि'॥ ६७-७१ ॥

(iv) अब **चतुर्थ न्यास** कहते हैं - 'मनोजूतिर्' इस ऋचा का गुह्य में, 'अवोध्यग्नि' इस ऋचा का उदर में, 'मूर्धानं दिवो' इस ऋचा का हृदय में, 'मर्माणि ते' इस ऋचा का मुख में तथा 'जातवेदाः दिवा' इस ऋचा का शिर पर न्यास करना चाहिए । यह **चतुर्थन्यास** कहा जाता है ॥ ७१-७२ ॥

विमर्श - यथा - ॐ मनोजूतिर ... प्रतिष्ठ (यजु०. २. १३) गुह्ये,
ॐ अबोध्यग्निः ... (यजु०. १५-२४) उदरे,
ॐ मूर्द्धा ... देवाः (यजु०. ७. २४) हृदि,
ॐ मर्म्माणि ... मदन्तु (यजु०. १७. ४६) मुखे,
ॐ जातवेदाय ... (तै. ब्रा. ३. १०. ५. ६) शिरसि ॥ ७१-७२ ॥

(v) अब **पञ्चमन्यास** कहते हैं - 'यज्जाग्रतो०' इत्यादि शिवसंकल्प के ६ सूत्रों का हृदय पर, 'सहस्रशीर्षाः ... देवाः' इत्यादि १६ पुरुष सूक्तों का शिर पर, 'अद्भ्यः संभृतं' इत्यादि ६ मन्त्रों का शिखा पर, 'आशुः शिशानः' इत्यादि १२ मन्त्रों का कवच पर, 'विभ्राट्०' इत्यादि १७ मन्त्रों का नेत्र पर तथा 'नमस्ते रुद्रमन्यवे' इत्यादि शतरुद्रिय अध्याय का अस्त्र पर न्यास करना चाहिए । यह सर्वाभीष्टसाधक पञ्चम न्यास कहा गया है ॥ ७३-७४ ॥

रुद्रपूजनप्रकारः अष्टकानि च

एवं न्यस्य प्रणम्याऽथ ध्यायेदात्मनि शंकरम् ॥ ७५ ॥
कैलासाचलसन्निभं त्रिनयनं पञ्चास्यमम्बायुतं
नीलग्रीवमहीशभूषणधरं व्याघ्रत्वचाप्रावृतम् ।
अक्षस्रग्वरकुण्डिकाभयकरं चान्द्रीं कलां बिभ्रतं
गङ्गाम्भो विलसज्जटं दशभुजं वन्दे महेशं परम् ॥ ७६ ॥

एवमिति । इत्थं पञ्चाङ्गन्यासं कृत्वा प्रणम्याष्टाङ्गं नत्वात्मानं रुद्रस्वरूपं ध्यायेत् । नमस्कारश्चाष्टभिर्मन्त्रैर्विधेयः, मन्त्रो यथा – १. हिरण्यगर्भः० । २. यः प्राणतः० । ३. ब्रह्मजज्ञानं० । ४. महीद्यौः० । ५. उपश्वासय० । ६. अग्नेनय० । ७. या ते अग्ने० । ८. इमं यमः० । इमा अष्टावृचः पठन्नष्टाङ्गनमस्कुर्यात् । अष्टाङ्गानि यथा – उरसा । शिरसा दृष्टया मनसा श्रद्धयाऽपि च । पद्भ्यां कराभ्यां वाचा च प्रणामोऽष्टाङ्ग ईरितः । इति ॥ ७५ ॥ ध्यानमाह – **कैलासेति** । अहीशावासुक्यादय एव भूषणानि यस्य तम् । अक्षमालावरौ दक्षयोरः । कुण्डिका कमण्डलुरभयं च वामयोः । परमान्नकैः पायसैः ॥ ७६–७७ ॥ * ॥ ७८ ॥

विमर्श - षडङ्गन्यास - ॐ यज्जाग्रतो०, येनकर्माणि०, यत्प्रज्ञान०, येनेदम्भूत०, यस्मिन्नृचः०, सुषारथिः०, (यजु०. १. ५-१०) हृदयाय नमः ।

ॐ सहस्त्रशीर्षा०, पुरुषऽएवेद०, एतावानस्य०, त्रिपादूर्ध्व०, ततोविराड०, तस्मायज्ञात् सर्व०, तस्माद्यज्ञात्सर्व०, तस्मादश्वा०, तं यज्ञं०, यत्पुरुषं०, ब्राह्मणो०, चन्द्रमा मनसो०, नाभ्याऽआसीद०, यत्पुरुषेण०, सप्तास्यासन्०, यज्ञेन०, (यजु०. २. १-१६) शिरसे स्वाहा।

ॐ अद्भयः संभृतं०, त्वेदाहमेतं०, प्रजापतिश्चरति०, यो देवेभ्यो०, रूचंम्ब्राह्म०, श्रीश्चते०, (यजु०. २. १७-२२) शिखायै वषट् ।

आशुः शिशानो०, संक्रन्दनेना०, सऽइषुहस्तै०, बृहस्पते परिदीया०, बल०, गोत्रमिदं०, अभिगोत्राणि०, इन्द्रऽआसान्नेता०, इन्द्रस्य०, उद्धर्षयम०, अस्माकमिन्द्रः०, अमीषां चित्त०, (यजु०, ३. १-१२) कवचाय हुम् ।

ॐ विभ्राट् वृहत्०, उदुत्यञ्जातवेद सं०, येनापावक०, देव्यावद्धवर्यू०, तम्प्रत्नवा पूर्व०, अयंव्वेनश्चोदय०, चित्रं देवाना०, आ इडाभि०, यदद्य०, तरणि०, तत्सूर्यस्य०, तन्मित्रस्य०, वण्णमहार०, वट सूर्य०, आयन्त इव०, अद्यादेवा०, आकृष्णेन०, (४, १-१७) नेत्रत्रयाय वौषट् ।

'ॐ नमस्ते रुद्रमन्यव तनेशाञ्जम्भेदद्ध्मः' (यजु०. ५. १-६६) अस्त्राय फट् । यहां रुद्राष्टाध्यायी की संख्या दी गई है ॥ ७३-७४ ॥

दशलक्षं जपेन्मन्त्रमयुतं परमान्नकैः ।
सघृतैर्जुहुयादग्नौ पीठे पूर्वोदिते यजेत् ॥ ७७ ॥
पूजायन्त्रमथो वक्ष्ये तथावरणदेवताः ।
अष्टपत्रं षोडशारं चतुर्विंशतिपत्रकम् ॥ ७८ ॥
दन्तपत्रं ततः कुर्याच्चत्वारिंशद्दलं ततः ।
तद्बहिर्भूपुरं कुर्यात् तत्र रुद्रं प्रपूजयेत् ॥ ७९ ॥
इष्ट्वा तं कर्णिकामध्ये सद्योजातादिकान् यजेत् ।
दिक्षु मध्ये ततोऽष्टारे नन्द्यादीनष्टसेवकान् ॥ ८० ॥

दन्तपत्रं द्वात्रिंशद्दलम् ॥ ७९ ॥ * ॥ ८०-८२ ॥

इस प्रकार षडङ्गन्यास कर प्रणाम करने के बाद अपनी आत्मा में भगवान् शंकर का ध्यान करना चाहिए ॥ ७५ ॥

इस मन्त्र के अनुष्ठान में **ध्यान का स्वरूप** कहते हैं - कैलाश पर्वत पर विराजमान त्रिनेत्र, पञ्चमुख, नीलकण्ठ, दशभुजाओं से युक्त पार्वती सहित परम शिव की मैं वन्दना करता हूँ, जो सर्पों की माला धारण किए हुये हैं, व्याघ्रचर्म का परिधान लपेटे हुये हैं, हाथों में क्रमशः अक्षमाला, वर, कुण्डिका, अभय मुद्रा और मस्तक पर चन्द्रकला धारण किए हुये, तथा जटाओं में स्थित गङ्गाजल से शोभित हो रहे हैं ॥ ७६ ॥

रुद्रपूजनयन्त्रम्

इस मन्त्र का दश लाख जप करना चाहिए । खीर एवं घी की १० हजार आहुतियाँ देनी चाहिए तथा पूर्वोक्त पीठ पर पूजन करना चाहिए (द्र० १६. २२-२५) ॥ ७७॥

अब मैं **भगवान् रुद्र के पूजा यन्त्र** तथा आवरण देवताओं को कहता हूँ -

सर्वप्रथम कार्णिका में अष्टदल, उसके ऊपर षोडशदल, पुनः चतुर्विंशति दल, द्वात्रिंशदल एवं चत्वारिंशदल बनाकर उसके बाहर भूपुर निर्माण कर रुद्र का पूजन करे ॥ ७८-७९ ॥

कर्णिका के मध्य में भगवान् रुद्र का पूजन कर चारों दिशाओं में तथा मध्य में क्रमशः सद्योजात, वामदेव, अघोर तत्पुरुष और ईशान देव का पूजन करें । फिर अष्टदल में उनके ८ सेवक नन्दी आदि का पूजन करे । १. नन्दी,

नन्दी महाकालसंज्ञो गणेशो वृषभस्तथा ।
ततो भृङ्गीरिटिः स्कन्दउमाचण्डीश्वरोऽष्टमः ॥ ८१ ॥
ततस्तु षोडशदले द्वितीयावरणे स्थिताः ।
अनन्तसूक्ष्मौ च शिव एकपादेकरुद्रकः ॥ ८२ ॥
ततस्त्रिमूर्तिश्रीकण्ठौ वामदेवोऽष्टमो मतः ।
ज्येष्ठः श्रेष्ठो रुद्रकालौ कलाद्विकर्णाभिधः ॥ ८३ ॥
बलो बलाद्विकरणो बलप्रमथनस्तथा ।
एतान् सम्पूज्य तार्तीये तत्त्वसंख्यान् सुरान्यजेत् ॥ ८४ ॥
सिद्ध्योऽष्टौ मातरोऽष्टौ भैरवाष्टकमित्यमून् ।
ततश्चतुर्थावरणे भवान्नगान्नृपान्गिरीन् ॥ ८५ ॥
भवः शर्वस्तथेशानः पशुपो रुद्र एव च ।
उग्रो भीमो महादेवः शिवाऽष्टकमुदाहृतम् ॥ ८६ ॥

कलाद्विकरणाभिधः कलविकरणः ॥ ८३ ॥ बलाद्विकरणो बलविकरणः । तार्तीये तृतीयावरणे तत्त्वावरणे तत्त्व संख्यांश्चतुर्विंशतिमितान् ॥ ८४ ॥ तानेवाह – **सिद्ध्य इति** । ता उक्ताः । भवान् अष्टौ । एवं नाग–नृपतिगिरयोऽपि प्रत्येकमष्टौ ॥ ८५ ॥ तानेवाह – **भव** इति ॥ ८६ ॥

---

२. महाकाल, ३. गणेश, ४. वृषभ, ५. भृङ्गीरिटी, ६. स्कन्द, ७. उमा और ८. चण्डीश्वर - ये आठ उनके सेवकगण कहे जाते हैं ॥ ८०-८१ ॥

फिर **द्वितीय आवरण** में षोडशदल स्थित देवताओं का पूजन करे । अनन्त, सूक्ष्म, शिव, एकपाद, एकरुद्र, त्रिमूर्ति, श्रीकण्ठ, वामदेव, ज्येष्ठ, श्रेष्ठ, रुद्र, काल, कलविकरण, बल, बलविकरण एवं बलप्रमथन ये **१६ देव** कहे गये हैं ॥ ८२-८४ ॥

इसके बाद **तृतीय आवरण** में २४ दलों में स्थित २४ देवताओं का पूजन करे । अणिमा आदि ८ सिद्धियाँ, ब्राह्मी आदि ८ मातृकायें तथा अष्टभैरव - ये २४ तृतीय आवरण के देवता हैं ॥ ८४-८५ ॥

इसके बाद **चतुर्थ आवरण में** ३२ दलों में स्थित भव आदि ३२ देवताओं का, नागों, नृपों और पर्वतों का पूजन करना चाहिए । भव आदि ८ शिव, अनन्त आदि ८ नाग, वैन्य आदि ८ नृप तथा हिमवान् आदि ८ पर्वतों के नाम इस प्रकार है - **अष्ट शिव** - १. भव, २. शर्व, ३. ईशान, ४. पशुपति, ५. रुद्र, ६. उग्र, ७. भीम, एवं ८. महादेव । **अष्ट नाग** - १. अनन्त, २. वासुकि, ३. तक्षक, ४. कुलीरक, ५. कर्कोटक, ६. शंखपाल, ७. कम्बल तथा ८. अश्वतर - ये ८ नाग हैं । **अष्ट नृप** - १. वैन्य, २. पृथु, ३. हैहय, ४. अर्जुन, ५. शाकुन्तलेय, ६. भरत, ७. नल और ८. राम - ये ८ राजा हैं । **अष्ट पर्वत** - १. हिमवान्, २.

अनन्तो वासुकिश्चाऽथ तक्षकश्च कुलीरकः ।
कर्कोटकः शङ्खपालः कम्बलाश्वतरावपि ॥ ८७ ॥
इमे नागा वैन्यपृथूहैहयोऽर्जुनसंज्ञकः ।
शाकुन्तलेयो भरतो नलो रामो नृपाष्टकम् ॥ ८८ ॥
हिमवान्निषधो विन्ध्यो माल्यवान्पारियात्रकः ।
मलयो हेमकूटश्च गन्धमादन इत्यपि ॥ ८९ ॥
गिर्यष्टकं पञ्चमे तु चत्वारिंशत्सुरान् यजेत् ।
वासवादय इत्येषां शक्तयो ह्यायुधान्यपि ॥ ९० ॥
वाहनानि गजाश्चेति चत्वारिंशत्सुराः स्मृताः ।
इन्द्राग्नियमरक्षांसि वरुणानिलभाधिपाः ।
ईशान इति दिक्पालाः शचीस्वाहावराहजा ॥ ९१ ॥
खड्गिनीवारुणी चाऽपि वायवी च कुबेरजा ।

नागानाह – **अनन्त इति** ॥ ८७ ॥ नृपानाह – **वैन्योति** ॥ ८८ ॥ गिरीनाह – **हिमवानिति** ॥ ८९ ॥ वासवादय इति । प्रत्येकमष्टौ ॥ ९० ॥ तानाह – **इन्द्रेति** ॥ ९१–९२ ॥ * ॥ ९३–९४ ॥

निषधः, ३. विन्ध्य, ४. माल्यवान्, ५. पारियात्र, ६. मलय, ७. हेमकूट और ८. गन्धमादन ये ८ पर्वत हैं ॥ ८५-९० ॥

अब **पञ्चम आवरण** में पूजा के योग्य ४० देवताओं के नाम कहते हैं - इन्द्रादि ८ दिक्पाल, इन्द्राणी आदि ८ उनकी शक्तियाँ, वज्रादि उनके ८ आयुध, ऐरावत आदि उनके ८ वाहन तथा ८ दिग्गज ये ४० देवता हैं ॥ ९० ॥

इन्द्र, अग्नि, यम, निर्ऋति, वरुण, वायु, कुबेर एवं ईशान ये ८ **दिक्पाल** है । शची, स्वाहा, वराहजा, खड्गिनी, वारुणी, वायवी, कुबेरजा एवं ईशानी ये ८ उनकी **शक्तियाँ** कही गई है । वज्र, शक्ति, दण्ड, खड्ग, पाश अंकुश, गदा एवं शूलेय ८ उनके **आयुध** है । ऐरावत्, अज, महिष, प्रेत, मीन, पृषद् नर एवं वृषभ ये ८ उनके **वाहन** है । ऐरावत, पुण्डरीक, वामन, कुमुद, अञ्जन, पुष्पदन्त सार्वभौम और सुप्रतीक ये ८ **दिग्गज** है ॥ ९१-९४ ॥

इस प्रकार पञ्चावरण में तत्तदेवताओं की पूजा कर भूपुर में दिशाओं में विद्वान् साधक को पुनः दिक्पालों की पूजा करनी चाहिए । यहाँ तक **षष्ठ आवरण** का पूजन कहा गया ॥ ९५ ॥

इसके बाद भूपुर के अग्नि कोण में विरूपाक्ष की, नैर्ऋत्य में विश्वरूप की, वायव्य में पशुपति की तथा ईशान कोण में ऊर्ध्वलिङ्ग का पूजन करना चाहिए । फिर भूपुर के बाहर ८ दिशाओं में आठ नागों का पूजन करना चाहिए । इस

ईशानीशक्तयः प्रोक्ताः कुलिशं शक्तिदण्डकौ ।
खड्गं पाशोंकुशं चैव गदाशूले च हेतयः ॥ ९२ ॥
ऐरावतोऽजमहिषो प्रेतमीनपृषन्नराः ।
वृषभो वाहनानि स्युर्दिक्पालानां क्रमादमी ॥ ९३ ॥
ऐरावतः पुण्डरीको वामनः कुमुदोऽञ्जनः ।
पुष्पदन्तः सार्वभौमः सुप्रतीकश्च दिग्गजाः ॥ ९४ ॥
पञ्चाब्जान्येवमापूज्य भूगृहे दिक्षु दिक्पतीन् ।
पुनरभ्यर्चयेद्धीमान् षष्ठमावरणं स्मृतम् ॥ ९५ ॥
आग्नेयां भूगृहस्याऽथ विरूपाक्षं प्रपूजयेत् ।
विश्वरूपं यातुधानं वायव्यां तु पशोः पतिम् ॥ ९६ ॥
ऊर्ध्वलिङ्गमथैशान्यामथो भूसदनाद् बहिः ।
दिक्षु नागाष्टकं पूज्यमेवं सप्तावृतिर्यजिः ॥ ९७ ॥

नागानां वर्णजातिफणादिकथनम्

शेषाख्यस्तक्षकोऽनन्तो वासुकिः शंखपालकः ।
महापद्मः कम्बलश्च कर्कोटक इमेऽहयः ॥ ९८ ॥
श्वेतो नीलः कुंकुमाभः पीतकृष्णावथोज्ज्वलः ।
वर्णतः शेषमुख्याः स्युस्तेषां जातीः फणान् ब्रुवे ॥ ९९ ॥
विप्रो वैश्यस्तथाविप्रः क्षत्रियो वैश्यशूद्रकौ ।
शूद्रश्च क्रमतो ज्ञेयाः शेषाद्याः पूजने बुधैः ॥ १०० ॥

पञ्चाब्जानि पद्मानि ॥ ९५–९६ ॥ यजिः पूजासप्तावृतिः सप्तावरणयुता ॥ ९७ ॥ नागाष्टकमाह – **शेषाख्य** इति । अहयो नागाः ॥ ९८ ॥ तेषां वर्णानाह – **श्वेत** इति । पीतौ द्वौ वासुकिशंखपालौ । कृष्णौ महापद्मकम्बलौ ॥ ९९ ॥ जातीराह – **विप्र** इति ॥ १०० ॥

विधि से **सप्तम आवरण** की पूजा करनी चाहिए ॥ ९१-९७ ॥

शेष, तक्षक, अनन्त, वासुकि, शंखपाल, महायज्ञ, कम्बल और ककोर्टक ये ८ नागों के नाम हैं । इन नागों का वर्ण क्रमशः श्वेत, नीला, कुंकुम जैसा, पीला, काला तथा शेष तीनों का उज्ज्वल है ॥ ९८-९९ ॥

अब उन **नागों की जाति तथा फणों की संख्या** कहता हूँ - पूजा में शेष आदि नागों की जाति क्रमशः १. ब्राह्मण, २. वैश्य, ३. ब्राह्मण, ४. क्षत्रिय, ५. वैश्य, ६. शूद्र, तथा दो शूद्र हैं । उनके फणों की संख्या क्रमशः १ हजार, ५ सौ, एक हजार, ७ सौ, ७ सौ, ५ सौ, ३० तथा पुनः ३० बतलाई गई है ॥ ९९-१०१ ॥

दिग्बाणदशसप्ताद्रिशरसंख्यानि तु क्रमात् ।
शतानि त्रिंशत्त्रिशच्च फणास्तेषां समीरिताः ॥ १०१ ॥

फणसंख्यामाह – दिगिति । शेषः सहस्रफणः । तक्षकः पञ्चशतफणः । अनन्तः सहस्रफणः । वासुकिशंखपालौ सप्तशतफणौ । महापद्मः पञ्चशतफणः। कम्बलकर्कोटकौ त्रिंशत्फणौ । तथा चैवं प्रयोगः – श्वेताय विप्रवर्णाय सहस्रफणाय शेषाय नम इत्यादिः ॥ १०१ ॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - सर्वप्रथम १६. ७६ में वर्णित भगवान् महामृत्युञ्जय के स्वरूप का ध्यान कर मानसोपचारों से उनका पूजन करे, पुनः विधिवत् अर्घ्य स्थापित कर पूर्ववत् पीठ शक्तियों का पूजन कर (द्र० १६. २१, २६) पीठ पर आसन देकर भगवान् महामृत्युञ्जय का धूप दीपादि उपचारों से पूजन करे। पुनः उनकी अनुज्ञा लेकर आवरणपूजा प्रारम्भ करे । आवरणपूजा के प्रारम्भ में १६. ५१-७४ पर्यन्त वर्णित पाँचों न्यास करे । तदनन्तर इस प्रकार आवरण पूजा करे -

कर्णिका के मध्य में मूल मन्त्र से भगवान् रुद्र का पूजन करे । फिर दिशाओं तथा मध्य में सद्योजात आदि पूजन करे । यथा - ॐ सद्योजाताय नमः, पूर्वे,
ॐ वामदेवाय नमः, दक्षिणे ॐ अघोराय नमः, पश्चिमे,
ॐ तत्पुरुषाय नमः, उत्तरे, ॐ ईशानाय नमः मध्ये

इसके बाद **प्रथमावरण** में अष्टदल में पूर्वादि दल के क्रम से नन्दी आदि का निम्न प्रकार से पूजन करना चाहिए - ॐ नन्दिने नमः पूर्वे,
ॐ महाकालाय नमः, आग्नेये, ॐ गणेशाय नमः, दक्षिणे,
ॐ वृषभाय नमः, नैर्ऋत्यदले, ॐ भृङ्गीरिटिने नमः, पश्चिमदले,
ॐ स्कन्दाय नमः, वायव्ये, ॐ उमायै नमः, उत्तरे,
ॐ चण्डीश्वराय नमः ऐशान्ये,

इसके पश्चात् **द्वितीयावरण** में षोडश दल में पूर्वादिदल के क्रम से अनन्तादि की पूजा करनी चाहिए - ॐ अनन्ताय नमः,
ॐ सूक्ष्माय नमः, ॐ शिवाय नमः, ॐ एकपादाय नमः,
ॐ एकरुद्राय नमः, ॐ त्रिमूर्तये नमः, ॐ श्रीकण्ठाय नमः,
ॐ वामदेवाय नमः, ॐ ज्येष्ठाय नमः ॐ श्रेष्ठाय नमः,
ॐ रुद्राय नमः, ॐ कालाय नमः, ॐ कलविकरणाय नमः,
ॐ बलाय नमः, ॐ वलविकरणाय नमः, ॐ बलप्रमथनाय नमः ।

तदनन्तर **तृतीयावरण** में चतुर्विंशति दलों में पूर्वादि दलों में अनुलोम क्रम से अणिमादि अष्ट सिद्धियों की, ब्राह्मी आदि अष्ट मातृकाओं की तथा अष्टभैरवों की निम्नलिखित मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए -
ॐ अणिमायै नमः, ॐ महिमायै नमः, ॐ लघिमायै नमः
ॐ गरिमायै नमः ॐ प्राप्त्यै नमः, ॐ प्राकाम्यै नमः,

ॐ ईशितायै नमः, ॐ वशितायै नमः, ॐ ब्राह्मयै नमः,
ॐ माहेश्वर्यै नमः, ॐ कौमार्यै नमः ॐ वैष्णव्यै नमः,
ॐ वाराह्यै नमः, ॐ इन्द्राण्यै नमः, ॐ चामुण्डायै नमः,
ॐ चण्डिकायै नमः, ॐ असिताङ्गभैरवाय नमः,ॐ रुरुभैरवाय नमः,
ॐ चण्डभैरवाय नमः, ॐ क्रोधभैरवाय नमः, ॐ उन्मत्तभैरवाय नमः,
ॐ कालभैरवाय नमः, ॐ भीषणभैरवाय नमः, ॐ संहारभैरवाय नमः ।

फिर **चतुर्थ आवरण** में ३२ दलों में भव आदि ८ शिवों की अनन्त आदि ८ नागों की वैन्य आदि ८ नृपों की तथा हिमवान् आदि ८ पर्वतों की पूजा करनी चाहिए - ॐ भवाय नमः,। ॐ शर्वाय नमः, ॐ ईशानाय नमः,
ॐ पशुपतये नमः, ॐ रुद्राय नमः, ॐ उग्राय नमः,
ॐ भीमाय नमः, ॐ महादेवाय नमः ॐ अनन्ताय नमः,
ॐ वासुकये नमः, ॐ तक्षकाय नमः, ॐ कुलीरकाय नमः,
ॐ कर्कोटकाय नमः, ॐ शंखपालाय नमः, ॐ कम्बलाय नमः
ॐ अश्वतराय नमः ॐ वैन्याय नमः, ॐ पृथवे नमः,
ॐ हैहयाय नमः, ॐ अर्जुनाय नमः, ॐ शाकुन्तलेयाय नमः
ॐ भरताय नमः ॐ नलाय नमः, ॐ रामाय नमः
ॐ हिमवते नमः, ॐ निषधाय नमः, ॐ विन्ध्याय नमः,
ॐ माल्यवते नमः, ॐ पारियात्राय नमः, ॐ मलयाचलाय नमः,
ॐ हेमकूटाय नमः ॐ गन्धमादनाय नमः,

इसके बाद **पञ्चम आवरण** में चत्वारिंशदल में ८ दिक्पाल, उनकी ८ शक्तियाँ उनके ८ आयुध आठ वाहन तथा अष्ट दिग्गजों का पूजन करना चाहिए -
ॐ इन्द्राय नमः, ॐ अग्नये नमः, ॐ यमाय नमः,
ॐ निर्ऋतये नमः, ॐ वरुणाय नमः, ॐ वायवे नमः,
ॐ कुबेराय नमः, ॐ ईशानाय नमः, ॐ शच्चै नमः,
ॐ स्वाहायै नमः, ॐ वराहजायै नमः, ॐ खड्गिन्यै नमः,
ॐ वारुण्यै नमः, ॐ वायव्यै नमः, ॐ कुबेरजायै नमः,
ॐ ईशान्यै नमः, ॐ वज्राय नमः, ॐ शक्त्यै नमः,
ॐ दण्डाय नमः, ॐ खड्गाय नमः, ॐ पाशाय नमः,
ॐ अंकुशाय नमः, ॐ गदायै नमः, ॐ शूलाय नमः,
ॐ ऐरावताय नमः, ॐ अजाय नमः, ॐ महिषाय नमः,
ॐ प्रेताय नमः, ॐ मीनाय नमः, ॐ पृषदे नमः,
ॐ नराय नमः, ॐ वृषभाय नमः, ॐ ऐरावताय नमः,
ॐ पुण्डरीकाय नमः, ॐ वामनाय नमः, ॐ कुमुदाय नमः,
ॐ अञ्जनाय नमः, ॐ पुष्पदन्ताय नमः,ॐ सार्वभौमाय नमः,
ॐ सुप्रतीकाय नमः ।

एवमर्चन्महादेवं पञ्चाङ्गन्यासपूर्वकम् ।
दशाक्षरजपासक्तो न सीदेत्त्स्वेष्टसाधने ॥ १०२ ॥
मनोहराणि गेहानि सुन्दर्यो वामलोचनाः ।
धनमिच्छापूरणान्तं लभते शिवसेवनात् ॥ १०३ ॥
प्रयोगान्पूर्वमन्त्रोक्तान् कुर्वीताऽत्र दशाक्षरे ।
दशाक्षरं भजन्विप्रो रुद्रजापी भवेत्सदा ॥ १०४ ॥

एवमिति । इत्थं पञ्चाङ्गन्यासं कृत्वा ॥ १०२–१०४ ॥

फिर **षष्ठ आवरण** में भूपुर में पूर्व आदि दिशाओं के क्रम से इन्द्रादि की निम्न मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए - ॐ लं इन्द्राय नमः,
ॐ रं अग्नये नमः, ॐ मं यमाय नमः, ॐ क्षं निर्ऋतये नमः,
ॐ वं वरुणाय नमः, ॐ यं वायवे नमः, ॐ सं सोमाय नमः,
ॐ हं ईशानाय नमः, ॐ आं ब्रह्मणे नमः, ॐ ह्रीं अनन्ताय नमः ।

फिर **सप्तम आवरण** में भूपुर के आग्नेयादि कोणो में विरूपाक्ष आदि का पूजन करना चाहिए - ॐ विरूपाक्षाय नमः, आग्नेये, ॐ विश्वरूपाय नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ पशुपतये नमः वायव्ये, ॐ ऊर्ध्वलिङ्गाय नमः ऐशान्ये,

इसके बाद भूपुर के बाहर पूर्व आदि ८ दिशाओं में शेष आदि ८ नागों का उनके वर्ण, जाति, और फणो को आदि में लगाकर निम्न रीति से पूजन करना चाहिए - ॐ श्वेताय विप्रवर्णाय सहस्रफणाय शेषाय नमः,
ॐ नीलाय वैश्यवर्णाय पञ्चशतफणाय तक्षकाय नमः,
ॐ कुंकुमाभाय विप्रवर्णाय सहस्रफणाय अनन्ताय नमः,
ॐ पीताय क्षत्रियवर्णाय सप्तशतफणाय वासुकये नमः,
ॐ कृष्णाय वैश्यवर्णाय सप्तशतफणाय शंखपालाय नमः,
ॐ उज्ज्वलाय शूद्रवर्णाय पञ्चशतफणाय महापद्माय नमः,
ॐ उज्ज्वलाय शूद्रवर्णाय त्रिंशद्फणाय कम्बलाय नमः,
ॐ उज्ज्वलाय शूद्रवर्णाय त्रिंशद्फणाय कर्कोटकाय नमः ।

इस प्रकार आवरण पूजा निष्पन्न कर धूप दीपादि उपचारों से पुनः भगवान् रुद्र का पूजन करे ॥ १०१ ॥

इस प्रकार पञ्चाङ्गन्यास कर महादेव का पूजन करने वाला तथा दशाक्षर मन्त्र का जप करने वाला ब्राह्मण बिना कष्ट के अपनी इष्टसिद्धि कर लेता है । वह भगवान् सदाशिव की आराधना से सुन्दर मकान, साध्वी, पतिव्रता स्त्री तथा यथेष्ट धन प्राप्त करता है ॥ १०२-१०३ ॥

अब **काम्य प्रयोग** कहते हैं - इस दशाक्षर मन्त्र में भी महामृत्युञ्जय के अनुष्ठान में बताये गये काम्य प्रयोगों की तरह काम्य प्रयोग अनुष्ठित

कुबेरमन्त्रस्तद्विधिश्च

अथ मन्त्र कुबेरस्य वक्ष्ये सर्वसमृद्धिदम् ।
यक्षाय पदमुच्चार्य कुबेराय पदाच्च वै ॥ १०५ ॥
श्रवणाय धनार्णान्ते धान्याधिपतये धनम् ।
धान्यशब्दात्समृद्धिं मे देहि दापयठद्वयम् ॥ १०६ ॥
बाणरामाक्षरो मन्त्रो विश्रवामुनिरस्य तु ।
छन्दस्तु बृहती देवः शिवमित्रं धनेश्वरः ॥ १०७ ॥
त्रिचतुः पञ्चवस्वष्टमुनिवर्णैर्मनूद्भवैः ।
कृत्वा षडङ्गं धनदं चिन्तयेदलकागतम् ॥ १०८ ॥

कुबेरमन्त्रमाह – **यक्षायेति** । यथा – यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धनधान्याधिपतये धनधान्यसमृद्धिं मे देहि दापय स्वाहेति । बाणरामाक्षरः पञ्चत्रिंशदर्णः ॥ १०५–१०७ ॥ षडङ्गमाह – **त्रीति** । यक्षाय हृदयाय नम इत्यादि० ॥ १०८ ॥

करना चाहिए । ब्राह्मण को दशाक्षर मन्त्र का जप करते हुये रुद्रजापी बनना चाहिए ॥ १०४ ॥

अव सब प्रकार की सिद्धि देने वाले **कुबेर के मन्त्र** को कहता हूँ –

'यक्षाय' पद बोलकर, 'कुबेराय', फिर 'वैश्रवणाय धन' इन पदों का उच्चारण कर 'धान्याधिपतये धनधान्य समृद्धिं मे देहि दापय', फिर ठद्वय (स्वाहा) लगाने से यह ३५ अक्षरों का कुबेर मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १०५-१०६ ॥

इस मन्त्र के विश्रवा ऋषि हैं, बृहती छन्द है तथा शिव के मित्र कुबेर इसके देवता है ॥ १०७ ॥

विमर्श - **कुबेरमन्त्र का स्वरूप** इस प्रकार है - यक्षाय कुबेराय वैश्रवणाय धनधान्याधिपतये धनधान्यसमृद्धिं मे देहि दापय स्वाहा (३५)।

विनियोग - अस्य श्रीकुबेरमन्त्रस्य विश्रवाऋषिर्बृहतीच्छन्दः शिवमित्रं धनेश्वरो देवताऽत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥ १०५-१०७ ॥

मन्त्र के ३, ४, ५, ८, ८, एवं ७ वर्णों से षडङ्गन्यास करे । फिर अलकापुरी में विराजमान कुबेर का इस प्रकार ध्यान करे ॥ १०८ ॥

विमर्श - **न्यास विधि** - यक्षाय हृदयाय नमः, कुबेराय शिरसे स्वाहा,
वैश्रवणाय शिखायै वषट्, धनधान्याधिपतये कवचाय हुम्,
धनधान्यसमृद्धिं मे नेत्रत्रयाय वौषट्,
देहि दापय स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ १०८ ॥

मनुजवाह्यविमानवरस्थितं
गरुडरत्ननिभं निधिनायकम् ।
शिवसखं मुकुटादिविभूषितं
वरगदे दधतं भज तुन्दिलम् ॥ १०६ ॥
लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्तिलैः ।
धर्मादिपीठे प्रयजेदङ्गलोकपहेतयः ॥ ११० ॥
शिवालये जपेन्मन्त्रमयुतं धनवृद्धये ।
बिल्वमूलोपविष्टेन जप्तो लक्षं धनर्द्धिदः ॥ १११ ॥

सर्वदारिद्र्यनाशनोऽपरः कुबेरमन्त्रः

आदौ तारपुटा लक्ष्मीस्ततो मायापुटा रमा ।
ततः कामपुटा सैव ङेन्तो वित्तेश्वरो नमः ॥ ११२ ॥
षोडशाक्षरमन्त्रोऽयं सर्वदारिद्र्यनाशनः ।
त्रिनेत्रनयनद्वीषु युग्मार्णैरङ्गकं मनोः ।
ध्यानार्चनादिकं सर्वमस्य पूर्ववदाचरेत् ॥ ११३ ॥

ध्यानमाह – **मनुजेति** । गरुडरत्नं गारुडमणिः । वरगदे दक्षवामयोः ॥ १०६ ॥ धर्मादयः पीठशक्तयः उक्ताः ॥ ११०–१११ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **आदाविति** । सैव रमैव । यथा – ॐ श्रीं ॐ ह्रीं श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं क्लीं वित्तेश्वराय नम इति ॥ ११२ ॥ षडङ्गमाह – **त्रीति** । ॐ श्रीं ॐ हृत् ह्रीं श्रीं शिर इत्यादि० ॥ ११३ ॥

अब अलकापुरी में विराजमान **कुबेर का ध्यान** कहते हैं - मनुष्य श्रेष्ठ, सुन्दर विमान पर बैठे हुये, गारुड़मणि जैसी आभा वाले, मुकुट आदि आभूषणों से अलंकृत, अपने दोनो हाथो में क्रमशः वर और गदा धारण किए हुये, तुन्दिल शरीर वाले, शिव के मित्र निधीश्वर कुबेर का मैं ध्यान करता हूँ ॥ १०६ ॥

इस मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए । तिलों से उसका दशांश होम करना चाहिए तथा धर्मादि शक्ति वाले पूर्वोक्त पीठ पर षडङ्ग दिक्पाल एवं उनके आयुधों का पूजन करना चाहिए ॥ ११० ॥

अब **काम्य प्रयोग** कहते हैं - धन की वृद्धि के लिए शिव मन्दिर में इस मन्त्र का दश हजार जप करना चाहिए । बेल के वृक्ष के नीचे बैठ कर इस मन्त्र का एक लाख जप करने से धन-धान्य रूप समृद्धि प्राप्त होती है ॥ १११ ॥

अब **कुबेर का सर्वदारिद्र्यनाशक अन्य मन्त्र** कहते हैं -

सर्वप्रथम तार (ॐ) से संपुटित लक्ष्मी (श्रीं) अर्थात् (ॐ श्रीं ॐ), फिर माया बीज से संपुटित रमा (श्रीं) (ह्रीं श्रीं ह्रीं) । तत्पश्चात् काम (क्लीं) बीज से पुटित लक्ष्मी (श्रीं) फिर चतुर्थ्यन्त वित्तेश्वर शब्द (वित्तेश्वराय) और अन्त में

गंगामन्त्रास्तद्विधिश्च

अथ शम्भोः शिरस्थायादेवसिन्धोर्मनून् ब्रुवे।
प्रणवो हृदयं ङेन्ते शिवानारायणीपदे।
तद्वद् दशहरागङ्गे वह्निजायानखाक्षरः ॥ ११४ ॥
मनुर्व्यासो मुनिश्छन्दः कृतिर्गङ्गास्य देवता।
त्रिवह्निवेदबाणाग्निनेत्रवर्णैः षडङ्गकम् ॥ ११५ ॥

गङ्गामन्त्रमाह – **प्रणव** इति । शिवानारायणीति पदद्वयं ङेन्तम् । दशहरागङ्गेतिपदद्वयमपि चतुर्थ्यन्तम् । वह्निजाया स्वाहा । यथा – ॐ नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गङ्गायै स्वाहेति नखाक्षरो विंशत्यर्णः ॥ ११४–११५ ॥

नमः जोड़ने से १६ अक्षरों का कुबेर का अन्य मन्त्र बनता है । ३, २, २, २, ५, और २ वर्णो से षडङ्गन्यास करना चाहिए । इस मन्त्र का विनियोग, ध्यान एवं पूजनादि की विधि पूर्ववत् है ॥ ११२-११३ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ श्रीं ॐ ह्रीं श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं क्लीं वित्तेश्वराय नमः (१६)।

विनियोग - अस्य श्रीकुबेरमन्त्रस्य विश्रवाऋषिर्बृहतीच्छन्दः शिवमित्रधनेश्वरी देवताऽत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ श्रीं ॐ हृदयाय नमः, ह्रीं श्री शिरसे स्वाहा,
ह्रीं क्लीं शिखायै वषट्, श्रीं क्लीं कवचाय हुम्
वित्तेश्वराय नेत्रत्रयाय वौषट्, नमः अस्त्राय फट् ।

कुबेर के ध्यान के लिए द्र० १६. १०९ ॥ ११३ ॥

(i) अब भगवान् सदाशिव के शिर के ऊपर रहने वाली **गङ्गा के मन्त्रों** को कहता हूँ - सर्वप्रथम प्रणव, फिर हृदय (नमः), इसके बाद चतुर्थ्यन्त शिवा और नारायणी (शिवायै नारायण्यै), इसके बाद चतुर्थ्यन्त दशहरा और गङ्गा शब्द (दशहरायै गङ्गायै) और इसके अन्त में वह्निजाया (स्वाहा) जोड़ने से २० अक्षरों का गङ्गा मन्त्र निष्पन्न होता है - ॐ नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गङ्गायै स्वाहा ॥ ११४ ॥

इस मन्त्र के व्यास ऋषि हैं, कृति छन्द तथा गङ्गा देवता है । मन्त्र के क्रमशः ३, ३, ४, ५, ३, एवं दो अक्षरों से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ११५ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीगङ्गामन्त्रस्य वेदव्यासऋषिः कृतिश्छन्दः गङ्गादेवतात्मनोऽभिलषितसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यासः - ॐ ॐ नमः हृदयाय नमः, ॐ शिवायै शिरसे स्वाहा,
ॐ नारायण्यै शिखायै वषट्, ॐ दशहरायै कवचाय हुम्,
ॐ गङ्गायै नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ११५ ॥

उत्फुल्लामलपुण्डरीकरुचिरा कृष्णेश विध्यात्मिका
कुम्भेष्टाभयतोयजा निदधती श्वेताम्बरालंकृता ।
हृष्टास्या शशिशेखराखिलनदीशोणादिभिः सेविता
ध्येया पापविनाशिनी मकरगा भागीरथी साधकैः ॥ ११६ ॥
लक्षं जपेद्दशांशेन जुहुयात्सघृतैस्तिलैः ।
जयादिशक्तिभिर्युक्ते पीठे भागीरथीं यजेत् ॥ ११७ ॥
प्रयजेत्केसरेष्वङ्गं दले रुद्रं हरिं विधिम् ।
सूर्यं हिमाचलं मेनां भगीरथमपांपतिम् ॥ ११८ ॥
दलाग्रतो मीनकूर्ममण्डूकमकरानपि ।
हंसान्कारण्डवांश्चक्रवाकान् सारसकान्यजेत् ॥ ११६ ॥
चतुरस्रे शक्रमुख्यानायुधैः संयुतान्यजेत् ।
एवं संसाधितो मन्त्रोऽभीष्टं यच्छति मन्त्रिणाम् ॥ १२० ॥

ध्यानमाह – उत्फुलेति । इष्टो वरः । वरपद्मेदक्षयोः । कुम्भाभये वामयोः । मकरगा मकरवाहना ॥ ११६ ॥ जयादयः शक्तय उक्ताः ॥ ११७–१२१ ॥ * ॥ १२२ ॥

अब **मन्त्र का ध्यान** कहते हैं - फूले हुये अत्यन्त स्वच्छ कमल के समान मनोहर अंगो वाली, विष्णु, सदाशिव एवं ब्रह्मस्वरूपिणी, अपने हाथों में कुम्भ, वर, अभय, एवं कमल धारण किए हुये, श्वेत वस्त्रों से विभूषित, प्रसन्नवदना, मस्तक पर चन्द्रकलाओं से सुशोभित, मगर पर विराजमान, समस्त नदियों से आराधित, पापों को विनष्ट करने वाली भगवती भागीरथी का साधकों को ध्यान करना चाहिए ॥ ११६ ॥

उक्त मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए तथा तिलों से दशांश होम करना चाहिए । जया आदि से युक्त पीठ पर भगवती भागीरथी की पूजा करनी चाहिए । केसरों में अङ्गपूजा तथा अष्टदलों में १. रुद्र, २. हरि, ३. ब्रह्मा, ४. सूर्य, ५. हिमालय, ६. मेना, ७. भगीरथ एवं ८. सागर का पूजन करना चाहिए ॥ ११७-११८ ॥

दलों के अग्रभाग पर १. मीन, २. कूर्म, ३. मण्डूक, ४. मकर, ५. हंस ६. कारण्डव, ७. चक्रवाक और ८. सारसों का पूजन करना चाहिए । भूपुर में इन्द्रादि दश दिक्पालों का उनके आयुधों के साथ पूजन करना चाहिए । इस प्रकार उपासना किया गया मन्त्र साधकों को अभीष्ट फल देता है ॥ ११६-१२० ॥

विमर्श - पूजा विधि - वृत्ताकार कर्णिका, अष्टदल एवं भूपुर सहित यन्त्र का निर्माण करना चाहिए । सर्वप्रथम १६. ११६ में वर्णित भगवती गङ्गा के स्वरूप का ध्यान कर मानसोपचार से उनका पूजन कर अर्घ्य स्थापित कर पीठ पर पीठ देवताओं का इस प्रकार पूजन करे। यथा - पीठमध्ये - ॐ आधारशक्तये नमः, ॐ प्रकृत्यै नमः,

ॐ कूर्माय नमः, ॐ शेषाय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः,

ॐ क्षीरसमुद्राय नमः, ॐ श्वेतद्वीपाय नमः ॐ मणिमण्डपाय नमः
ॐ कल्पवृक्षाय नमः, ॐ मणिवेदिकायै नमः ॐ रत्नसिंहासनाय नमः ।
तदनन्तर आग्नेयादि चारों कोणो में धर्म आदि का पूजन करना चाहिए -
ॐ धर्माय नमः, आग्नेये, ॐ ज्ञानाय नमः, नैर्ऋत्ये,
ॐ वैराग्याय नमः वायव्ये, ॐ ऐश्वर्याय नमः, ऐशान्ये,

गङ्गापूजनयन्त्रम्

फिर पूर्वादि चारों दिशाओं में अधर्म आदि का निम्न विधि से पूजन करना चाहिए - ॐ अधर्माय नमः पूर्वे,
ॐ अज्ञानाय नमः, दक्षिणे,
ॐ अवैराग्याय नमः पश्चिमे,
ॐ अनैश्वर्याय नमः, उत्तरे,

फिर पीठ के मध्य में अनन्त आदि देवताओं का पूजन करना चाहिए । यथा - ॐ अनन्ताय नमः ॐ पद्माय नमः, ॐ द्वादशकलात्मने सूर्यमण्डलाय नमः, ॐ षोडशकलात्मने सोममण्डलाय नमः, ॐ दशकलात्मने वह्निमण्डलाय नमः, ॐ सं सत्त्वाय नमः,
ॐ रं रजसे नमः, ॐ तं तमसे नमः, ॐ आं आत्मने नमः,
ॐ अं अन्तरात्मने नमः, ॐ पं परमात्मने नमः, ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः

फिर केसरों मे पूर्वादि दिशाओं में तथा मध्य में जयादि पीठशक्तियों की पूजा करनी चाहिए - ॐ जयायै नमः, ॐ विजयायै नमः, ॐ अजितायै नमः,
ॐ अपराजितायै नमः, ॐ नित्यायै नमः, ॐ विलासिन्यै नमः,
ॐ दोग्ध्रै नमः, ॐ अघोरायै नमः, ॐ मङ्गलायै नमः पीठमध्ये

फिर १६. ११६ में वर्णित भगवती भागीरथी के स्वरूप का ध्यान कर, मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना कर 'ॐ सर्वशक्तिकमलासनाय नमः', इस मन्त्र से पीठ पर आसन देकर, सामान्य उपचारों से आवाहन से लेकर पुष्पाञ्जलि पर्यन्त विधिवत् पूजा कर, आवरण पूजा की अनुज्ञा लेकर आवरण पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए ।

आवरण पूजा विधि - सर्वप्रथम केसरों में **षडङ्गन्यास** के मन्त्रों से आग्नेयादि चारों कोणो में, मध्य में तथा चतुर्दिक् अङ्गपूजा करनी चाहिए । यथा -
ॐ नमः हृदयाय नमः, आग्नेये, ॐ शिवायै शिरसे स्वाहा नैर्ऋत्ये
ॐ नारायण्यै शिखायै वषट् वायव्ये ॐ दशहरायै कवचाय हुम् ऐशान्ये,
ॐ गङ्गायै नेत्रत्रयाय वौषट्, पीठ मध्ये, ॐ स्वाहा अस्त्राय फट् चतुर्दिक्षु,

फिर भूपुर के बाहर दिक्पालों के पास वज्रादि आयुधों की निम्नलिखित मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए । यथा - ॐ वं वज्राय नमः

ज्येष्ठशुक्लदशम्यां तां विशेषेण भजेद् बुधः ।
दद्याद्दशभ्यो विप्रेभ्यो दशप्रस्थमितांस्तिलान् ॥ १२१ ॥
जप्त्वा सहस्रं हुत्वा चोपोष्य तत्र विकल्मषः ।
सर्वभोगसमायुक्तो जायते मानवो भुवि ॥ १२२ ॥
तारो नमो भगवतिवाक्सदृग्गगनं हिलि ।
क्रियातन्द्रीपिनाकीशविषलाः सूक्ष्मसंयुताः ॥ १२३ ॥
गङ्गे मां पावयद्वन्द्वमन्ते हुतवहाङ्गना ।
गिरिनेत्राक्षरीविद्या स्मृता पातकसङ्घहृत् ॥ १२४ ॥

मन्त्रान्तरमाह – **तार** इति । वाक् ऐं । गगनं हः सदृक् इयुतः हि । क्रिया लः । तन्द्री मः । पिनाकीशो लः । विषं मः । लः स्वरूपं । एते सूक्ष्मसंयुता इयुताः । तेन हिलि हिलि मिलि मिलि । हुतवहाङ्गना स्वाहा । गिरिनेत्राक्षरी सप्तविंशत्यर्णा । यथा – ॐ नमो भगवति ऐं हिलि हिलि मिलि मिलि गङ्गे मां पावय पावय स्वाहेति ॥ १२३–१२४ ॥

ॐ शं शक्तये नमः, ॐ दं दण्डाय नमः, ॐ खं खड्गाय नमः,
ॐ पां पाशाय नमः, ॐ अं अंकुशाय नमः, ॐ गं गदायै नमः,
ॐ शूं शूलाय नमः, ॐ पं पद्माय नमः, ॐ चं चक्राय नमः ।

इस प्रकार आवरण पूजा कर पुनः धूप दीप नैवेद्यादि उपचारों से भगवती भागीरथी का विधिवत् पूजन करना चाहिए ॥ ११६-१२० ॥

गङ्गापूजन में दशहरा का विशेष महत्त्व प्रतिपदित करते हुये ग्रन्थकार कहते हैं -

विद्वान् साधक ज्येष्ठ शुक्ल दशमी (दशहरा) को विशेष रूप से भगवती भागीरथी की उपासना करे । इस दिन १० ब्राह्मणों को १० प्रस्थ तिल का दान करे । दश सहस्र उक्त मन्त्र का जप कर १ हजार की संख्या में तिलो की आहुति दे तथा उपवास करे । ऐसा करने से वह निष्पाप हो जाता है और संसार में सभी भोगों को प्राप्त करता है ॥ १२१-१२२ ॥

(ii) अब **गङ्गा के अन्य मन्त्रों का उद्धार** कहते हैं -

तार (ॐ), फिर 'नमो भगवति' फिर वाक् (ऐं), सदृग् इ से युक्त गगन और क्रिया (हिलि हिलि), तत्पश्चात् सूक्ष्म (इ) सहित तन्द्री (म), पिनाकीश (ल), विष (म) और ल, (मिलि मिलि), फिर 'गङ्गे मां' के बाद दो बार 'पावय' (पावय पावय), और अन्त में हुतवहाङ्गना (स्वाहा) जोड़ने से २७ अक्षरों का पातकसंघों को नष्ट करने वाला गङ्गा का अन्य मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १२३-१२४॥

विमर्श - गङ्गा मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ नमो भगवति ऐं हिलि हिलि मिलि मिलि गङ्गे मां पावय पावय स्वाहा (२७) ॥ १२३-१२४ ॥

रामवेदाङ्गवह्न्यङ्कनेत्रार्णैरङ्गमीरितम् ।
इयमादिमसप्तार्णत्यक्तोक्ता नखराक्षरी ॥ १२५ ॥
बाणवेदाग्निरामाग्निनेत्रार्णैरङ्गमीरितम् ।
तारो हिलिमिलिद्वन्द्वे गङ्गे देवि नमो मनुः ॥ १२६ ॥
तिथिवर्णो यमस्याग्निनेत्राक्ष्यक्षियुगाक्षिभिः ।
तारो मायारमाहार्दं ततो भगवतीति च ॥ १२७ ॥

षडङ्गमाह – **रामेति** । अंका नव । इयमेवविद्या । आदिमाः **प्रथमे ये** सप्तार्णाः ॐ नमो भगवतीति तद्धीना नखराक्षरी विंशतिवर्णा ॥ १२५ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **तार** इति । ॐ हिलि हिलि मिलि मिलि गङ्गे देवि नम इति ॥ १२६ ॥ तिथिवर्णः पञ्चदशार्णः । षडङ्गमाह – **अग्नीति** । मन्त्रान्तरमाह – **तार** इति । तार ॐ । माया ह्रीं । रमा श्रीं । हार्दं नमः ॥ १२७ ॥

मन्त्र के ३, ४, ६, ३, ६ एवं दो वर्णों से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १२५ ॥

विमर्श – षडङ्गन्यास – ॐ नमो हृदयाय नमः,
भगवति शिरसे स्वाहा ऐं हिलि हिलि मि शिखायै वषट्,
लि मिलि कवचाय हुम्, गङ्गे मां पावय पावय नेत्रत्रयाय वौषट्
स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ १२५ ॥

(iii) इस मन्त्र के आदि के ७ अक्षरों को निकाल देने से २० अक्षरों का अन्य गङ्गा मन्त्र बनता है ॥ १२५ ॥

विमर्श – गङ्गा मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – ऐं हिलि हिलि मिलि मिलि गङ्गे मां पावय पावय स्वाहा (२०) ॥ १२५ ॥

इस मन्त्र के ५, ४, ३, ३, ३, और २ वर्णों से षडङ्गन्यास का विधान है ॥ १२६ ॥

विमर्श – यथा – ऐं हिलि हिलि हृदयाय नमः, मिलि मिलि शिरसे स्वाहा,
गङ्गे मां शिखायै वषट्, पावय कवचाय हुम्,
पावय नेत्रत्रयाय वौषट् स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ १२६ ॥

(iv) तार (ॐ), फिर 'हिलि मिलि' दो बार, फिर 'गङ्गे देवि नमः', यह १५ अक्षरों का एक अन्य गङ्गा का मन्त्र बनता है ॥ १२६-१२७ ॥

मन्त्र के ३, २, २, २, ४, एवं २ वर्णों से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ १२७ ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – ॐ हिलि हिलि मिलि मिलि गङ्गे देवि नमः (१५) ।

षडङ्गन्यास – ॐ हिलि हृदयाय नमः हिलि शिरसे स्वाहा, मिलि शिखायै वषट् मिलि कवचाय हुम् गङ्गे देवि नेत्रत्रयाय वौषट् नमः अस्त्राय फट् ॥ १२६-१२७ ॥

गं स्मृत्ये त्रिसदृग्वायुस्ते नमो वर्मफड्मनुः।
त्रिनेत्रवेदपञ्चाक्षियुग्मार्णैरङ्गमीरितम् ॥ १२८ ॥
एषां चतुर्णां मन्त्राणामुपास्तिः पूर्ववन्मता।

मणिकर्णिकामन्त्रौ

वाङ्मायाकमलाकामवेदाद्यो विषमिन्दुयुक् ॥ १२९ ॥
मणिकर्णिभगीब्रह्मा हृदयं ध्रुवसम्पुटः।
मन्त्रः पञ्चदशार्णोऽस्य मुनिर्व्यासोऽतिशक्वरी ॥ १३० ॥
छन्दः श्रीमणिकर्णी तु देवता सुखपुत्रदा।
चन्द्रनेत्राक्षिनेत्रेषु वह्निवर्णैः षडङ्गकम् ॥ १३१ ॥

स्मृतिर्गः अत्रिर्दः सदृग्वायुः इयुतो यः यि । वर्म हुं । स्वरूपमन्यत् । यथा – ॐ ह्रीं श्रीं नमो भगवति गङ्गदयिते नमो हुं फट् इति अष्टादशार्णः । षडङ्गमाह – **त्रीति** ॥ १२८ ॥ उपास्तिः पूजा । पूर्ववद्विंशत्यर्णवत् । मणिकर्णिकामन्त्रमाह – **वागिति** । वाक् ऐं । माया ह्रीं । काम क्लीं । वेदाद्य ॐ । इन्दुयुक् विषं सबिन्दुर्मः मं ॥ १२९ ॥ मणिकर्णिस्वरूपम् । भगीब्रह्मा कः एयुतः के । हृदयं नमः । ध्रुवसम्पुट आद्यन्त प्रणवयुतः ॥ १३० ॥ षडङ्गमाह – **चन्द्रेति** । ॐ हृत् ऐं ह्रीं शिरः, श्रीं क्लीं शिखेत्यादि ॥ १३१ ॥

(v) **गङ्गा का अन्य मन्त्र** कहते हैं -

तार (ॐ), माया (ह्रीं), रमा (श्रीं), हार्द (नमः) फिर 'भगवति गं', फिर स्मृति (ग), अत्रि (द), सदृग् वायु (यि), ते, फिर 'नमो', फिर वर्म (हुं) तथा अन्त में फट् लगाने से १८ अक्षरों का गङ्गा मन्त्र निष्पन्न होता है । मन्त्र के ३, २, ४, ५, २, और २ अक्षरों से **षडङ्गन्यास** करना चाहिए । इन चारों मन्त्रों की उपासना पद्धति पूर्वोक्त है ॥ १२७-१२९ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ ह्रीं श्रीं नमो भगवति गङ्गदयिते नमो हुं फट् (१८) ।

षडङ्गन्यास - ॐ ह्रीं श्रीं हृदयाय नमः, नमो शिरसे स्वाहा, भगवति शिखायै वषट्, गङ्गदयिते कवचाय हुम् नमो नेत्रत्रयाय वौषट्, हुं फट् अस्त्राय फट् । ऊपर कहे गये चारों मन्त्रों की साधना विधि के लिए (द्र० १६. ११७-१२०) ॥ १२७-१२९ ॥

अब **मणिकर्णिका मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - वाग् (ऐं), माया (ह्रीं), कमला (श्रीं), काम (क्लीं) तथा वेदादि (ॐ), फिर इन्दुयुत् विष (मं), फिर 'मणिकर्णि' पद, फिर ब्रह्मा (के), तदनन्तर हृदय (नमः) इसे प्रणव से संपुटित करने पर १५ अक्षरों का मणिकर्णिका मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १२९-१३० ॥

फुल्लेन्दीवरनिर्मितां करतले मालामसव्ये करे
बीजापूरफलं सिताम्बुजमयीं मालां दधाना हृदि ।
श्वेतक्षौमवृता शरद्विधुनिभा त्र्यक्षा निबद्धाञ्जलि–
र्ध्यातव्या मणिकर्णिका रविसमा तोयेशकाष्ठामुखी ॥ १३२ ॥
लक्षत्रयं जपेन्मन्त्रं जुहूयात्तद्दशांशतः ।
पुण्डरीकैस्त्रिमध्वक्तैर्यजेत्तां गङ्गया समम् ॥ १३३ ॥
अयं मनुर्जनैर्जप्तो मोक्षलक्ष्मीं प्रयच्छति ।
सुखं समस्तं सन्तानं सौभाग्यं धनसञ्चयम् ॥ १३४ ॥

ध्यानमाह – **फुल्लेति** । असव्ये दक्षकरे इन्दीवरमालां दधती अपरे वामे बीजपूरम् । शरच्चन्द्रकान्तिः । तेजसा रवितुल्या । तोयेश काष्ठामुखी पश्चिमाभिमुखी ॥ १३२ ॥ पुण्डरीकैः सिताम्भोजैः गङ्गामन्त्रैरेवावरणपूजां कुर्यात् ॥ १३३–१३४ ॥

विमर्श - मणिकर्णिका का मन्त्र - ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं ॐ मं मणिकर्णिके नमः ॐ (१५) ॥ १२९-१३० ॥

इस मन्त्र के वेद व्यास ऋषि हैं, अतिशक्वरी छन्द है, श्रीमणिकर्णी देवता हैं जो मनुष्यों को सुख तथा पुत्र देती है ॥ १३०-१३१ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीमणिकर्णिकामन्त्रस्य वेदव्यास ऋषिरतिशक्वरी च्छन्दः श्रीमणिकर्णिका देवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

मन्त्र के क्रमशः चन्द्र १, नेत्र २, अक्षि २, नेत्र २, ईषू ५, एवं वह्नि ३ अक्षरों से **षडङ्गन्यास** करना चाहिए ॥ १३१ ॥

षडङ्गन्यास - ॐ हृदयाय नमः, ॐ ऐं ह्रीं शिरसे स्वाहा,
ॐ श्रीं क्लीं शिखायै वषट्, ॐ मं कवचाय हुम्,
ॐ मणिकर्णिके नेत्रत्रयाय वौषट् नमः, ॐ नमः ॐ अस्त्राय फट् ॥ १२९-१३१ ॥

अब **मणिकर्णिका भगवती का ध्यान** कहते हैं -

फूले हुये कमलों से बनी माला अपने दाहिने हाथ में तथा विजौरा का फल अपने. बायें हाथों मे लिए, श्वेत कमलों की माला अपने गले में धारण किए, श्वेत वस्त्रों से अलंकृत, शरत्कालीन चन्द्रमा के समान शरीर की आभा वाली, त्रिनेत्रा, सूर्य के समान तेजस्विनी पश्चिमाभिमुखी अञ्जलि बाँधे हुई श्रीमणिकर्णिका भगवती का ध्यान करना चाहिए ॥ १३२ ॥

उक्त मन्त्र का ३ लाख जप तथा त्रिमधुर (शहद्, घी एवं शर्करा) मिश्रित कमलों का दशांश होम करना चाहिए । गङ्गा के समान इनकी भी आवरण पूजा करनी चाहिए (द्र० १६. ११७ - १२०) ॥ १३३ ॥

प्रणवो बिन्दुयुङ्मोन्ते मण्यन्ते कर्णिकेप्रण।
वात्मिके हृदयं मन्त्रो मनुवर्णोऽस्य पूर्ववत् ॥ १३५ ॥
विधेयोपासना सर्वा मणिकर्ण्या उपासकः।
कुदेशेऽपि मृतो याति ब्रह्मैवामलमव्ययम् ॥ १३६ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ शिवादिमन्त्रकथनं नाम षोडशस्तरङ्गः ॥ १६ ॥

तस्या एव मन्त्रान्तरमाह – **प्रणव** इति । मो बिन्दुयुक् मं । यथा – ॐ मं मणिकर्णिके प्रणवात्मिके नमः । मनुवर्णश्चतुर्दशार्णः । अस्योपासना पञ्चदशार्णावद्विधेया । मणिकर्णिकोपासकः कुदेशे मगधादौ मृतोऽपि ब्रह्मैव स्यात् ॥ १३५–१३६ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां शिवादिमन्त्रकथनं नाम षोडशस्तरङ्गः ॥ १६ ॥

मनुष्यों के द्वारा इस मन्त्र की साधना करने पर वह उन्हे मोक्ष, लक्ष्मी, समस्त सौभाग्य एवं सन्तानादि सभी सौख्य तथा अपार धन प्रदान करता है ॥ १३४ ॥

अब मणिकर्णिका देवी का अन्य मन्त्र कहते हैं - प्रणव (ॐ) बिन्दु युत म (मं) फिर 'मणि' के बाद 'कर्णिके प्रण वात्मिके' अन्त में हृदय (नमः) लगाने से १४ अक्षरों का मणिकर्णिका का एक अन्य मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १३५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - ॐ मं मणिकर्णिके प्रणवात्मिके नमः ॥ १३५ ॥

मणिकर्णिका की उपासना की महिमा - सभी लोगों को मणिकर्णिका की उपासना करनी चाहिए । क्योंकि इनकी उपासना के प्रभाव से मगध आदि निन्दित प्रदेश में मृत्यु होने पर भी साधक अमल, अव्यय तथा ब्रह्मत्व प्राप्त करता है ॥ १३६ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के षोडश तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १६ ॥

अथ सप्तदशः तरङ्गः

अथेष्टदान् मनून् वक्ष्ये कार्तवीर्यस्य गोपितान्।
यः सुदर्शनचक्रस्यावतारः क्षितिमण्डले॥ १॥

अभीष्टसिद्धिदः कार्तवीर्यार्जुनमन्त्रः

वह्नितारयुतारौद्रीलक्ष्मीरग्नीन्दुशान्तियुक् ।
वेधाधरेन्दुशान्त्याढ्यो निद्रार्घीशाग्निबिन्दुयुक्॥ २॥
पाशो मायांकुशं पद्मावर्मास्त्रेकार्तवीपदम्।
रेफो वाय्वासनोऽनन्तो वह्निजौ कर्णसंस्थितौ॥ ३॥

---

* नौका *

अथ कार्तवीर्यार्जुनमन्त्रान् वक्तुं प्रतिजानीते – **अथेति** । गोपितानन्यैराचार्यैः शंकराचार्यप्रभृतिभिरप्रकाशितान् ॥ १॥ मन्त्रराजमुद्धरति – वह्नीति । रौद्री फः । वह्नी रेफः तार ॐ ताभ्यां युता । तेन फ्रों । लक्ष्मी वः । अग्नीन्दु शान्तियुक रबिन्दुईयुतानेन व्रीं । वेधाः कः धरेन्दुशान्त्याढ्यः लबिन्दुईयुतः । तेन क्लीं । निद्राभः अर्घीशाग्नि बिन्दुयुक् ऊरबिन्दुयुतः । तेन भ्रूम् ॥ २॥ पाशम् आं । माया ह्रीं । अंकुशं क्रों । पद्मा श्रीं । वर्म हुं । अस्त्रं फट् 'कार्तवी' स्वरूपम् । वायवासनो ययुतः अनन्तो यायुतो रेफः । तेन र्या । वह्निजौ रेफजकारौ । कर्णसंस्थितौ उयुतौ । तेन र्जु ॥ ३॥

---

* अरित्र *

शंकराचार्य आदि आचार्यो के द्वारा अब तक अप्रकाशित अभीष्ट फलदायक कार्तवीर्य के मन्त्रों का आख्यान करता हूँ । जो कार्तवीर्यार्जुन भूमण्डल पर सुदर्शन चक्र के अवतार माने जाते हैं ॥ १ ॥

अब कार्तवीर्यार्जुन **मन्त्र का उद्धार** कहते है - वह्नि (र) एवं तार सहित रौद्री (फ) अर्थात् (फ्रों), इन्दु एवं शान्ति सहित लक्ष्मी (व) अर्थात् (व्रीं), धरा, (हल), इन्दु, (अनुस्वार) एवं शान्ति (ईकार) सहित वेधा (क) अर्थात् (क्लीं), अर्धीश (ऊकार), अग्नि (र) एवं बिन्दु (अनुस्वार) सहित निद्रा (भ) अर्थात् (भ्रूं), फिर क्रमशः पाश (आं), माया (ह्रीं), अंकुश (क्रों), पद्म (श्रीं), वर्म (हुं), फिर अस्त्र (फट्), फिर 'कार्तवी' पद, वायवासन्

मेषः सदीर्घः पवनो मनुरुक्तो हृदन्तिकः ।
ऊनविंशतिवर्णोऽयं तारादिर्नखवर्णकः ॥ ४ ॥

अस्य मन्त्रस्य न्यासकथनपूर्वकपूजाप्रकारः

दत्तात्रेयो मुनिश्चास्य च्छन्दोऽनुष्टुबुदाहृतम् ।
कार्तवीर्यार्जुनो देवो बीजं शक्तिर्ध्रुवश्च हृत् ॥ ५ ॥
शेषाद्यबीजयुग्मेन हृदयं विन्यसेद् बुधः ।
शान्तियुक्त चतुर्थेन कामाढ्येन शिरोऽङ्गकम् ॥ ६ ॥
इन्द्वाढ्यवामकर्णाढ्य माययार्घीशयुक्तया ।
शिखामंकुशपद्माभ्यां सवाग्भ्यां वर्म विन्यसेत् ॥ ७ ॥

मेषो नः सदीर्घः ना । पवनो यः । हृदन्तिको नमोन्तो मनुः कथितः । प्रणवादिर्विंशत्यर्णः ॥ ४ ॥ ध्रुव ॐ – बीजम् । नमः शक्तिः ॥ ५ ॥ षडङ्गमाह – शेषेति । शेष आ । तद्युतेनाद्यबीजद्वयेन हृत् आकारयुतत्वादन्यस्वरनिवृत्तिः । तेन आ फ्रों व्रीं हृदयाय नमः । **शान्तीति** । ईयुतेन चतुर्थबीजेन कामबीजाढ्येन शिरः । ई क्लीं भ्रूं शिरसे स्वाहा ॥ ६ ॥ **इन्द्वाढ्येति** । सबिन्दुर्वामकर्ण ऊकारस्तेन आढ्यो यस्या ईदृशा अर्घीशयुक्तया ऊयुतया मायया शिखाम् । हुं शिखायै वषट् । सवाग्भ्यामैयुताभ्यामंकुशपद्माभ्यां वर्म । क्रैं श्रैं कवचाय हुं ॥ ७ ॥

(यू), अनन्ता (आ) से युक्त रेफ (र) अर्थात् (र्या), कर्ण (उ) सहित वह्नि (र) और (ज्) अर्थात् (र्जु), सदीर्घ (आकार युक्त) मेष (न) अर्थात् (ना), फिर पवन (य) इसमें हृदय (नमः) जोड़ने से १९ अक्षरों का कार्तवीर्यार्जुन मन्त्र निष्पन्न होता है । इस मन्त्र के प्रारम्भ में तार (ॐ) जोड़ देने पर यह २० अक्षरों का हो जाता है ॥ २-४ ॥

विमर्श - ऊनविंशतिवर्णात्मक मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - (ॐ) फ्रों व्रीं क्लीं भ्रूं आं ह्रीं फ्रों श्रीं हुं फट् कार्तवीर्यार्जुनाय नमः ॥ २-४ ॥

इस मन्त्र के दत्तात्रेय मुनि हैं, अनुष्टुप् छन्द है, कार्तवीर्यार्जुन देवता हैं, ध्रुव (ॐ) बीज है तथा हृद् (नमः) शक्ति है ॥ ५ ॥

बुद्धिमान पुरुष, शेष (आ) से युक्त प्रथम दो बीज आं फ्रों व्रीं हृदयाय नमः, शान्ति (ई) से युक्त चतुर्थ बीज भ्रूं जिसमें काम बीज (क्लीं) भी लगा हो, उससे शिर अर्थात् ईं क्लीं भ्रूं शिरसे स्वाहा, इन्दु (अनुस्वार) वामकर्ण उकार के सहित अर्घीश माया (ह) अर्थात् हुं से शिखा पर न्यास करना चाहिए । वाक् सहित अंकुश (क्रैं) तथा पद्म (श्रैं) से कवच का, वर्म और अस्त्र (हुं फट्) से अस्त्र न्यास करना चाहिए । तदनन्तर शेष - कार्तवीर्यार्जुनाय नमः - से व्यापक न्यास करना चाहिए ॥ ६-८ ॥

वर्मास्त्राभ्यामस्त्रमुक्तं शेषार्णैर्व्यापकं चरेत्।
हृदये जठरे नाभौ जठरे गुह्यदेशके॥ ८॥
दक्षपादे वामपादे सक्थिजानुनि जंघयोः।
विन्यसेद् बीजदशकं प्रणवद्वयमध्यगम्॥ ९॥
ताराद्यान् नवशेषार्णान् मस्तके च ललाटके।
भ्रुवोः श्रुत्योस्तथैवाक्ष्णोर्नसि वक्त्रे गलेंसके॥ १०॥
सर्वमन्त्रेण सर्वाङ्गे कृत्वा व्यापकमद्वयः।
सर्वेष्टसिद्धये ध्यायेत् कार्तवीर्यं जनेश्वरम्॥ ११॥

वर्मास्त्राभ्यामस्त्रम् । हुं फट् अस्त्राय फट् । शेषार्णैः कार्तवीर्यार्जुनाय नम इति व्यापकम् । वर्णन्यासमाह– **हृदय** इति । सक्थनोरूर्वोर्जानुनोर्जंघयोरे–कैकमेव प्रणवद्वयान्तःस्थं बीजं न्यसेत् । ॐ फ्रों ॐ हृदि, ॐ व्रीं ॐ जठर इत्यादि० ॥ ८–९ ॥

ताराद्यानिति । ॐ क्रां मस्तके । ॐ तं० ललाटे इत्यादि० ॥ १०–११ ॥

विमर्श – न्यासविधि – आं फ्रों व्रीं हृदयाय नमः, ई क्लीं भ्रूं शिरसे स्वाहा, हुं शिखायै वषट् क्रैं श्रैं कवचाय हुम् हुँ फट् अस्त्राय फट्।

इस प्रकार पञ्चाङ्गन्यास कर कार्तवीर्यार्जुनाय नमः' से सर्वाङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ६-७ ॥

अब **वर्णन्यास** कहते हैं – मन्त्र के १० बीजाक्षरों को प्रणव से संपुटित कर यथाक्रम, हृदय, जठर, नाभि, गुह्य, दाहिने पैर बाँये पैर, दोनो सक्थि दोनो ऊरू, दोनों जानु एवं दोनों जंघा पर तथा शेष ९ वर्णों में एक एक वर्णों का मस्तक, ललाट, भ्रूं, कान, नेत्र, नासिका, मुख, गला, और दोनों कन्धों पर न्यास करना चाहिए ॥ ८-१० ॥

तदनन्तर सभी अङ्गों पर मन्त्र के सभी वर्णों का व्यापक न्यास करने के बाद अपने सभी अभीष्टों की सिद्धि हेतु राजा कार्तवीर्य का ध्यान करना चाहिए ॥ ११॥

विमर्श – न्यास विधि – ॐ फ्रों ॐ हृदये, ॐ व्रीं ॐ जठरे,
ॐ क्लीं ॐ नाभौ ॐ भ्रूं ॐ गुह्ये, ॐ आं ॐ दक्षपादे,
ॐ ह्रीं ॐ वामपादे, ॐ फ्रों ॐ सक्थ्नोः, ॐ श्रीं ॐ उर्वोः,
ॐ हुं ॐ जानुनोः ॐ फट् ॐ जंघयोः ॐ कां मस्तके,
ॐ र्त्तं ललाटे, ॐ वीं भ्रुवोः, ॐ र्यां कर्णयोः
ॐ र्जुं नेत्रयोः ॐ नां नासिकायाम् ॐ यं मुखे,
ॐ नं गले, ॐ मः स्कन्धे

इस प्रकार न्यास कर – ॐ फ्रों श्रीं क्लीं भ्रूं आं ह्रीं फ्रों श्रीं हुं फट्

उद्यत्सूर्यसहस्रकान्तिरखिलक्षोणीधवैर्वन्दितो
हस्तानां शतपञ्चकेन च दधच्चापानिषूंस्तावता।
कण्ठे हाटकमालया परिवृतश्चक्रावतारो हरेः
पायात् स्यन्दनगोरुणाभवसनः श्रीकार्तवीर्यो नृपः॥ १२॥
लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्तिलैः।
सतण्डुलैः पायसेन विष्णुपीठे यजेत्तु तम्॥ १३॥
वक्ष्यमाणे दशदले वृत्तभूपुरसंयुते।
सम्पूज्य वैष्णवीः शक्तीस्तत्रावाह्यार्चयेन् नृपम्॥ १४॥

ध्यानमाह – **उद्यदिति** । अखिलक्षोणीधवैः सर्वपार्थिवर्नतः । तावता हस्तशतपञ्चकेनेषून् बाणान् दधत् । हाटकमालया स्वर्णस्त्रजास्यन्दन–गोरथस्थितः॥ १२–१५॥

कार्तवीर्यार्जुनाय नमः सर्वाङ्गे - से व्यापक न्यास करना चाहिए ॥ ८-११ ॥

अब **कार्तवीर्यार्जुन का ध्यान** कहते हैं -

उदीयमान सहस्रों सूर्य के समान कान्ति वाले, सभी राजाओं से वन्दित अपने ५०० हाथों में धनुष तथा ५०० हाथो में वाण धारण किए हुये सुवर्णमयी माला से विभूषित कण्ठ वाले, रथ पर बैठे हुये, साक्षात् सुदर्शनावतार कार्तवीर्य हमारी रक्षा करें ॥ १२ ॥

कार्तवीर्य पूजन यन्त्रम्

इस मन्त्र का एक लाख जप करना चाहिए । तिलों से तथा चावल मिश्रित पायस से उसका दशांश होम करे, तथा वैष्णव पीठ पर इनकी पूजा करे । वृत्ताकार कर्णिका, फिर वक्ष्यमाण दश दल तथा उस पर बने भूपुर से युक्त वैष्णव यन्त्र पर वैष्णवी शक्तियों का पूजन कर उसी पर इनका पूजन करना चाहिए ॥ १३-१४ ॥

विमर्श - कार्तवीर्य की पूजा षट्कोण युक्त यन्त्र में भी कही गई है । यथा - षट्कोणेषु षडङ्गानि ... (१७. १६) तथा दशदल युक्त यन्त्र में भी यथा - दिक्पत्रं विलिखेत् (१७. २२) । इसी का निर्देश १७. १४ 'वक्ष्यमाणे दशदले' में ग्रन्थकार करते हैं ।

मध्येग्नीशासुरमरुत्कोणेषु हृदयादिकान् ।
चतुरङ्गं च सम्पूज्य सर्वतोऽस्त्रं ततो यजेत् ॥ १५ ॥
खड्गचर्मधराध्येयाश्चन्द्राभा अङ्गमूर्तयः ।
षट्कोणेषु षडङ्गानि ततो दिक्षु विदिक्षु च ॥ १६ ॥
चोरमदविभञ्जनं मारीमदविभञ्जनम् ।
अरिमदविभञ्जनं दैत्यमदविभञ्जनम् ॥ १७ ॥
दुःखनाशं दुष्टनाशं दुरितामयनाशकौ ।
दिक्ष्वष्टशक्तयः पूज्याः प्राच्यादिषु सितप्रभाः ॥ १८ ॥
क्षेमंकरी वश्यकरी श्रीकरी च यशस्करी ।
आयुष्करी तथा प्रज्ञाकरी विद्याकरी पुनः ॥ १९ ॥

दिक्षुचोरमदविभञ्जनादींश्चतुरः । विदिक्षु दुःखनाशादीन् ॥ १६–१७ ॥ दुरितामयनाशकौ दुरितनाशको रोगनाशकश्च ॥ १८ ॥ * ॥ १९–२१ ॥

केसरों में पूर्व आदि ८ दिशाओं में एवं मध्य में वैष्णवी शक्तियों की पूजा इस प्रकार करनी चहिए - ॐ विमलायै नमः, पूर्वे,
ॐ उत्कर्षिण्यै नमः, आग्नेये, ॐ ज्ञानायै नमः, दक्षिणे,
ॐ क्रियायै नमः, नैर्ऋत्ये, ॐ भोगायै नमः, पश्चिमे,
ॐ प्रह्व्यै नमः, वायव्ये, ॐ सत्यायै नमः, उत्तरे,
ॐ ईशानायै नमः, ऐशान्ये, ॐ अनुग्रहायै नमः, मध्ये,

इसके बाद वैष्णव आसन मन्त्र से आसन दे कर मूल मन्त्र से उस पर कार्तवीर्य की मूर्ति की कल्पना कर आवाहन से पुष्पाञ्जलि पर्यन्त विधिवत् उनकी पूजा कर उनकी अनुज्ञा ले आवरण पूजा प्रारम्भ करनी चाहिए ॥ १३-१४ ॥

मध्य में आग्नेय, ईशान, नैर्ऋत्य, और वायव्यकोणों में हृदयादि चार अंगो की पुनः चारों दिशाओं में अस्त्र का पूजन करना चाहिए ॥ १५ ॥

तदनन्तर ढाल और तलवार लिए हुये चन्द्रमा की आभा वाले षडङ्ग मूर्तियों का ध्यान करते हुये षट्कोणों में षडङ्ग पूजा करनी चाहिए ।

इसके बाद पूर्वादि चारों दिशाओं में तथा आग्नेयादि चारों कोणो में १ चोरमदविभञ्जन, २ मारीमदविभञ्जन, ३. अरिमदविभञ्जन, ४. दैत्यमदविभञ्जन, ५. दुःख नाशक, ६. दुष्टनाशक, ७. दुरितनाशक, एवं ८. रोगनाशक का पूजन करना चाहिए । पुनः पूर्व आदि ८ दिशाओं में श्वेतकान्ति वाली ८ शक्तियों का पूजन करना चाहिए ॥ १६-१८ ॥

१. क्षेमंकरी, २. वश्यकरी, ३. श्रीकरी, ४. यशस्करी ५. आयुष्करी, ६. प्रज्ञाकरी, ७. विद्याकरी, तथा ८. धनकरी ये ८ शक्तियाँ है । फिर आयुधों के

धनकर्यष्टमी पश्चाल्लोकेशा अस्त्रसंयुताः ।
एवं संसाधितो मन्त्रः प्रयोगार्हः प्रजायते ॥ २० ॥

साथ दश दिक्पालों का पूजन करना चाहिए । इस प्रकार की साधना से मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर वह काम्य प्रयोग के योग्य हो जाता है ॥ १६-२० ॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - सर्वप्रथम कर्णिका के आग्नेयादि कोणों में पञ्चाग पूजन यथा - आं फ्रों श्रीं हृदयाय नमः आग्नेये,

ई क्लीं भ्रूं शिरसे स्वाहा ऐशान्ये, हु शिखायै वषट् नैर्ऋत्ये,
क्रैं श्रैं कवचाय हुम् वायव्ये, हुं फट् अस्त्राय सर्वदिक्षु ।

षडङ्गपूजा यथा - ॐ फ्रां हृदयाय नमः,
ॐ फ्रीं शिरसे स्वाहा, ॐ फ्रूं शिखाये वषट् ॐफ्रै कवचाय हुम,
ॐ फ्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, ॐ फ्रः अस्त्राय फट्,

फिर अष्टदलों में पूर्वादि चारों दिशाओं में चोरविभञ्जन आदि का, तथा आग्नेयादि चारों कोणो में दुःखनाशक इत्यादि चार नाम मन्त्रों का इस प्रकार पूजन करना चाहिए - यथा -

ॐ चोरमदविभञ्जनाय नमः पूर्वे, ॐ मारमदविभञ्जनाय नमः दक्षिणे,
ॐ अरिमदविभञ्जनाय नमः पश्चिमे, ॐ दैत्यमदविभञ्जनाय नमः उत्तरे,
ॐ दुःखनाशाय नमः आग्नेये, ॐ दुष्टनाशाय नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ दुरितनाशानाय वायव्ये, ॐ रोगनाशाय नमः ऐशान्ये ।

तत्पश्चात् पूर्वादि दिशाओं के दलों के अग्रभाग पर श्वेत आभा वाली क्षेमंकरी आदि ८ शक्तियों का इस प्रकार पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ क्षेमंकर्यै नमः, ॐ व्रश्यकर्यै नमः, ॐ श्रीकर्यै नमः,
ॐ यशस्कर्यै नमः ॐ आयुष्कर्यै नमः, ॐ प्रज्ञाकर्यै नमः,
ॐ विद्याकर्यै नमः, ॐ धनकर्यै नमः

तदनन्तर भूपुर में अपनी अपनी दिशाओं में इन्द्रादि दश दिक्पालों का इस प्रकार पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ लं इन्द्राय नमः पूर्वे, ॐ रं अग्नये नमः आग्नेये,
ॐ मं यमाय नमः दक्षिणे ॐ क्षं निर्ऋतये नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ वं वरुणाय नमः पश्चिमें ॐ यं वायवे नमः वायव्ये,
ॐ सं सोमाय नमः उत्तरे, ॐ हं ईशानाय नमः ऐशान्ये,
ॐ आं ब्राह्मणे नमः पूर्वेशानयोर्मध्ये, ॐ ह्रीं अनन्ताय नमः पश्चिमनैर्ऋत्ययोर्मध्ये।

फिर भूपुर के बाहर उनके वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिए । यथा -
ॐ शूं शूलाय नमः, ॐ पं पद्माय नमः, ॐ चं चक्राय नमः, इत्यादि ।

इस प्रकार आवरण पूजा कर लेने के बाद धूप, दीप एवं नैवेद्यादि उपचारों से विधिवत् कार्तवीर्य का पूजन करना चाहिए ॥ १५-२० ॥

कार्तवीर्यार्जुनस्याथ पूजार्थं यन्त्र उच्यते ॥ २१ ॥

दशदलात्मके यन्त्रे बीजादिस्थापनम्

दिक्पत्रं विलिखेत्स्वबीजमदनश्रुत्यादिवाक्कर्णिकं
वर्मान्त प्रणवादिबीजदशकं शेषार्णपत्रान्तरम् ।
ऊष्माढ्यं स्वरकेसरं परिवृतं शेषैः स्वकोणोल्लसद्
भूतार्णक्षितिमन्दिरावृतमिदं यन्त्रं धराधीशितुः ॥ २२ ॥

यन्त्रमाह – **दिक्पत्रमिति** । दशदलं विलिख्य कर्णिकायां स्वबीजमदन–श्रुत्यादिवाचो लिखेत् । स्वबीजं फ्रों । मदनः क्लीं । श्रुत्यादिः ॐ । वाक् ऐं । स्वाबीजानि वागन्तर्लिखेत् [१] वर्मान्तानि प्रणवादीनि दशबीजानि दलेषु यस्य तत् । तथा शेषार्णाः फट् कार्तवीर्यार्जुनाय नम इति दशपत्रान्तरेषु यस्य तत् । ऊष्माणः शषसहास्तैराढ्याः स्वराः केसरेषु यस्य तत् । प्रतिकेसरं द्वौ द्वौ । शेषैः कादिभिरूष्महीनैर्वेष्टितम् । स्वकोणेषूल्लसन्तो भूतार्णाः पञ्चभूतवर्णाः यत्र तादृशं यत्क्षिति मन्दिरं चतुष्कोणं तेनावृतम् । तृतीयवर्गगाः कर्णवोललाः । कर्णौ उऊ । ॐ ललापार्थिवामता इत्यादि० । भूतानां वर्णस्त्रयोविंशते तरङ्गे वक्ष्यन्ते । तत्र स्तम्भने भूतवर्णा लेख्याः। शान्तावाद्याः । वश्ये तैजसाः । उच्चाटने वायवीयाः । विद्वेषणे तामसाः । मारणेऽपि तैजसाः । 'जलस्य मण्डलं प्रोक्तं' प्रशस्तं शान्ति–

अब **कार्तवीर्य की पूजा के लिए यन्त्र** कहता हूँ । काम्यप्रयोगों में कार्तवीर्यपूजन यन्त्र : -

कार्तवीर्यस्य काम्यप्रयोगार्थ पूजनयन्त्रम्

वृत्ताकार कर्णिका में दशदल बनाकर कर्णिका में अपना बीज (फ्रों), कामबीज (क्लीं), श्रुतिबीज (ॐ) एवं वाग्बीज (ऐं) लिखे, फिरे प्रणव से ले कर वर्मबीज पर्यन्त मूल मन्त्र के १० बीजों को दश दलों पर लिखना चाहिए । शेष सह सहित १६ स्वरों को केशर में तथा शेष वर्णों से दशदल को वेष्टित करना चाहिए । भूपुर के कोणों में पञ्चभूत वर्णों को लिखना चाहिए । यह कार्तवीर्यार्जुन पूजा का यन्त्र कहा गया है ॥ २१-२२ ॥

अब **काम्य प्रयोग में अभिषेक विधि** कहते है : -

---

१. कर्णिकान्तर्लिखेदित्यर्थः ।

शुद्धभूमावष्टगन्धैर्लिखित्वा यन्त्रमादरात् ।
तत्र कुम्भं प्रतिष्ठाप्य तत्रावाह्यार्चयेन्नृपम् ॥ २३ ॥
स्पृष्ट्वा कुम्भं जपेन्मन्त्रं सहस्रं विजितेन्द्रियः ।
अभिषिञ्चेत्तदम्भोभिः प्रियं सर्वेष्टसिद्धये ॥ २४ ॥

नानाप्रयोगसाधनम्

पुत्रान्यशो रोगनाशमायुः स्वजनरञ्जनम् ।
वाक्सिद्धिं सुदृशः कुम्भाभिषिक्तो लभते नरः ॥ २५ ॥
शत्रूपद्रवमापन्ने ग्रामे वा पुटभेदने ।
संस्थापयेदिदं यन्त्रमरिभीतिनिवृत्तये ॥ २६ ॥
सर्षपारिष्टलशुनकार्पासैर्मार्यते रिपुः ।
धत्तूरैः स्तंभ्यते निम्बैर्द्वेष्यते वश्यतेऽम्बुजैः ॥ २७ ॥
उच्चाट्यते विभीतस्य समिद्भिः खदिरस्य च ।
कटुतैलमहिष्याज्यैर्होमद्रव्याञ्जनं स्मृतम् ॥ २८ ॥

कर्मणि इत्यादि वक्ष्यमाणत्वात् । इदं धराधीशितुः कार्तवीर्यस्य यन्त्रम् ॥ २२ ॥

अभिषेकमाह — **शुद्धेति** । अष्टगन्धैः चन्दनागुरुवालककुष्ठकुंकुमकर्पूर-रोचनाजटामांसीभिः । तत्र यन्त्रे तत्र कुम्भे ॥ २३–२४ ॥ स्वजनरञ्जनं जनवश्यताम् । सुदृशो नारीः ॥ २५ ॥ पुटभेदने नगरे ॥ २६ ॥ अरिष्टानि फेनिलफलानि । पद्मैर्वश्यते वशीक्रियते । हुतैरिति सर्वत्रान्वयः ॥ २७–२६ ॥

शुद्ध भूमि में श्रद्धा सहित अष्टगन्ध से उक्त यन्त्र लिखकर उस पर कुम्भ की प्रतिष्ठा कर उसमें कार्तवीर्यार्जुन का आवाहन कर विधिवत् पूजन करना चाहिए ॥ २३ ॥

फिर अपनी इन्द्रियों को वश में कर साधक कलश का स्पर्श कर उक्त मुख्य मन्त्र का एक हजार जप करे । तदनन्तर उस कलश के जल से अपने समस्त अभीष्टों की सिद्धि हेतु अपना तथा अपने प्रियजनों का अभिषेक करे ॥ २३-२४ ॥

अब उस **अभिषेक का फल** कहते हैं - इस प्रकार के अभिषेक से अभिषिक्त व्यक्ति पुत्र, यश, आरोग्य आयु अपने आत्मीय जनों से प्रेम तथा वाक्सिद्धि तथा उत्तम स्त्री प्राप्त करता है । गाँव या नगर में शत्रुओं के द्वारा उपद्रव होने पर उनके भय को दूर करने के लिए कार्तवीर्य के इस मन्त्र को संस्थापित करना चाहिए ॥ २५-२६ ॥

विविध कामनाओं में होम द्रव्य इस प्रकार है - सरसों, रीठा, लहसुन एवं कपास के होम से शत्रु का मारण होता है । धतूर के होम से शत्रु का स्तम्भन, नीम के होम से परस्पर विद्वेषण, कमल के होम से वशीकरण तथा बहेडा एवं खैर

यवैर्हुतैः श्रियः प्राप्तिस्तिलैराज्यैरघक्षयः ।
तिलतण्डुलसिद्धार्थलाजैर्वश्यो नृपो भवेत् ॥ २९ ॥
अपामार्गार्कदूर्वाणां होमो लक्ष्मीप्रदोऽघनुत् ।
स्त्रीवश्यकृत्प्रियंगूणां पुराणां भूतशान्तिदः ॥ ३० ॥
अश्वत्थोदुम्बरप्लक्षवटबिल्ध्वसमुद्भवाः ।
समिधो लभते हुत्वा पुत्रानायुर्धनं सुखम् ॥ ३१ ॥
निर्मोकहेमसिद्धार्थलवणैश्चोरनाशनम् ।
रोचनागोमयैः स्तम्भो भूप्राप्तिः शालिभिर्हुतैः ॥ ३२ ॥
होमसंख्या तु सर्वत्र सहस्रादयुतावधि ।
प्रकल्पनीया मन्त्रज्ञैः कार्यगौरवलाघवात् ॥ ३३ ॥

दशमन्त्रभेदानां कथनम्

कार्तवीर्यस्य मन्त्राणामुच्यन्ते सिद्धिदाभिदाः ।
कार्तवीर्यार्जुनं ङेन्तमन्ते च नमसान्वितम् ॥ ३४ ॥

पुराणां गुग्गुलूनाम् ॥ ३०–३१॥ निर्मोकः सर्पकञ्चुकः । हेम धत्तूरः ॥ ३२ ॥ कार्यगौरवलाघवात् अधिककार्ये होमबाहुल्यमल्पेऽल्पम् ॥ ३३ ॥ मन्त्रभेदानाह – **कार्तेति** । दशस्वपि मन्त्रेषु ङेन्तं हृदन्तं चतुर्थीनमोन्तं कार्तवीर्यार्जुनं योजयेत् ॥ ३४ ॥

की समिधाओं के होम से शत्रु का उच्चाटन होता है । जौ के होम से लक्ष्मी प्राप्ति, तिल एवं घी के होम से पापक्षय तथा तिल तण्डुल सिद्धार्थ (श्वेत सर्षप) एवं लाजाओं के होम से राजा वश में हो जाता है ॥ २७-२९ ॥

अपामार्ग, आक एवं दूर्वा का होम लक्ष्मीदायक तथा पाप नाशक होता है । प्रियंगु का होम स्त्रियों को वश में करता है । गुग्गुल का होम भूतों को शान्त करता है । पीपर, गूलर, पाकड़, बरगद एवं बेल की समिधाओं से होम कर के साधक पुत्र, आयु, धन एवं सुख प्राप्त करता है ॥ ३०–३१ ॥

साँप की केंचुली, धतूरा, सिद्धार्थ (सफेद सरसों) तथा लवण के होम से चोरों का नाश होता है । गोरोचन एवं गोबर के होम से स्तंभन होता है तथा शालि (धान) के होम से भूमि प्राप्त होती है ॥ ३२ ॥

मन्त्रज्ञ विद्वान् को कार्य की न्यूनाधिकता के अनुसार समस्त काम्य प्रयोगों में होम की संख्या १ हजार से १० हजार तक निश्चित कर लेनी चाहिए । कार्य बाहुल्य में अधिक तथा स्वल्पकार्य में स्वल्प होम करना चाहिए ॥ ३३ ॥

विमर्श – सभी कहे गये काम्य प्रयोगों में होम की संख्या एक हजार से दश हजार तक कही गई है, विद्वान् साधक जैसा कार्य देखे वैसा होम करे ॥ ३३ ॥

स्वबीजाढ्यो दशार्णोऽसावन्ये नवशिवाक्षराः।
आद्यबीजद्वयेनाऽसौ द्वितीयो मन्त्र ईरितः॥ ३५॥
स्वकामाभ्यां तृतीयोऽसौ स्वभ्रूभ्यां तु चतुर्थकः।
स्वपाशाभ्यां पञ्चमोसौ षष्ठः स्वेन च मायया॥ ३६॥
स्वांकुशाभ्यां सप्तमः स्यात् स्वरमाभ्यामथाष्टमः।
स्ववाग्भवाभ्यां नवमो वर्मास्त्राभ्यां तथान्तिमः॥ ३७॥
द्वितीयादि नवान्ते तु बीजयोः स्याद् व्यतिक्रमः।
मन्त्रे तु दशमे वर्णा नववर्मास्त्रमध्यगाः॥ ३८॥

आद्यो दशवर्णः । अन्येन वैकादशवर्णाः । तानाह – **स्वेति** । फ्रों कार्तवीर्यार्जुनाय नमः इति प्रथमः । द्वितीयमाह – **आद्येति** । फ्रों व्रीं कार्तवीर्यार्जुनाय नमः इति द्वितीयः ॥ ३५॥ फ्रों क्लीं कार्तवीर्यार्जुनाय नमः इति तृतीयः । फ्रों भ्रूं कार्तवी० इति चतुर्थः । फ्रों आं कार्तवी० इति पञ्चमः । फ्रों ह्रीं कार्तवी० इति षष्ठः ॥ ३६॥ फ्रों क्रों कार्तवी० इति सप्तमः । फ्रों श्रीं कार्तवी० इत्यष्टमः । फ्रों ऐं कार्तवी० इति नवमः । हुं फट् कार्तवी० इति दशमः ॥ ३७॥ इमे दशमन्त्रा यदा प्रणवाद्यास्तदाद्य एकादशार्णः अन्येऽपि द्वादशार्णाः ॥ ३८–४०॥

अब सिद्धियों को देने वाले **कार्तवीर्यार्जुन के मन्त्रों के भेद** कहे जाते है –

अपने बीजाक्षर (फ्रों) से युक्त कार्तवीर्यार्जुन का चतुर्थ्यन्त, उसके बाद नमः लगाने से १० अक्षर का **प्रथम** मन्त्र बनता है । अन्य मन्त्र भी कोई ९ अक्षर के तथा कोई ११ अक्षर के कहे गये हैं ॥ ३४-३५ ॥

उक्त मन्त्र के प्रारम्भ में दो वीज (फ्रों व्रीं) लगाने से यह **द्वितीय** मन्त्र बन जाता है । स्वबीज (फ्रों) तथा कामबीज (क्लीं) सहित यह **तृतीय** मन्त्र बन जाता है । स्वबीज एवं 'भ्रूं' सहित **चतुर्थ** मन्त्र बन जाता है । स्वबीज एवं पाशबीज (आं) के सहित **पञ्चम** मन्त्र, स्व बीज एवं मायाबीज (ह्रीं) सहित **षष्ठ** मन्त्र, स्वबीज एवं अंकुश (क्रों) सहित **सप्तम**, स्वबीज एवं श्री बीज सहित **अष्टम** मन्त्र, स्वबीज एवं वाग्बीज (ऐं) सहित **नवम** मन्त्र और आदि में वर्म (हुं) तथा अन्त में अस्त्र (फट्) सहित **दशम** मन्त्र बन जाता है ॥ ३४-३७ ॥

विमर्श – कार्तवीर्यार्जुन के दश मन्त्र - १, फ्रों कार्तवीर्यार्जुनाय नमः, २. फ्रों व्रीं कार्तवीर्यार्जुनाय नमः, ३. फ्रों क्लीं कार्तवीर्यार्जुनाय नमः, ४. फ्रों भ्रूं कार्तवीर्यार्जुनाय नमः, ५. फ्रों आं कार्तवीर्यार्जुनाय नमः, ६. फ्रों ह्रीं कार्तवीर्यार्जुनाय नमः, ७. फ्रों क्रों कार्तवीर्यार्जुनाय नमः, ८. फ्रों श्रीं कार्तवीर्यार्जुनाय नमः, ९. फ्रों ऐं कार्तवीर्यार्जुनाय नमः, १०. हुं कार्तवीर्यार्जुनाय नमः फट् ॥ ३४-३७ ॥

द्वितीय मन्त्र से लेकर नौवें मन्त्र तक वीजों का व्युत्क्रम से कथन है और दसवें मन्त्र में वर्म (हुं) और अस्त्र (फट्) के मध्य नौ वर्ण रख्खे गए हैं ॥ ३८॥

एतेषु मन्त्रवर्येषु स्वानुकूलं मनुं भजेत् ।
एषामाद्ये विराट्छन्दोऽन्येषु त्रिष्टुबुदाहृतम् ॥ ३६ ॥
दशमन्त्रा इमे प्रोक्ताः प्रणवादि पदानि च ।
तदादिमः शिवार्णः स्यादन्ये तु द्वादशाक्षराः ॥ ४० ॥
एवं विंशति मन्त्राणां यजनं पूर्ववन्मतम् ।
त्रिष्टुप्छन्दस्तदाद्येषु स्यादन्येषु जगतीमता ॥ ४१ ॥
दीर्घाढ्यमूलबीजेन कुर्यादेषां षडङ्गकम् ।
तारो हृत्कार्तवीर्यार्जुनाय वर्मास्त्रठद्वयम् ।
चतुर्दशार्णो मन्त्रोऽयमस्येज्या पूर्ववन्मता ॥ ४२ ॥

पूर्ववत् मन्त्रराजवत् । यजनं मतम् ॥ ४१॥ तेषां षडङ्गमाह – **दीर्घेति** । प्रां हृत् प्रीं शिर इत्यादि० चतुदशार्णमाह – **तार** इति । ॐ नमः कार्तवीर्यार्जुनाय हुं फट् स्वाहेति । इज्या पूजा ॥ ४२ ॥

इन मन्त्रों मे से जो भी सिद्धादि शोधन की रीति से अपने अनुकूल मालूम पड़े उसी मन्त्र की साधना करनी चाहिए ॥ ३६ ॥

इन मन्त्रों में प्रथम दशाक्षर का विराट् छन्द है तथा अन्यों का त्रिष्टुप् छन्द है ॥ ३६॥

विमर्श - दशाक्षर मन्त्र का विनियोग - अस्य श्रीकार्तवीर्यार्जुनमन्त्रस्य दत्तात्रेयऋषिविराट्छन्दः कार्तवीर्यार्जुनो देवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

अन्य मन्त्रों का विनियोग - अस्य श्रीकार्तवीर्यार्जुनमन्त्रस्य दत्तात्रेयऋषिस्त्रिष्टुप् छन्दः कार्तवीर्यार्जुनो देवतात्मनोऽभीष्टसिद्धये जपे विनियोगः ॥ ३६ ॥

पूर्वोक्त १० मन्त्रों के प्रारम्भ में प्रणव लगा देने से प्रथम दशाक्षर मन्त्र एकादश अक्षरों का तथा अन्य ६ द्वादशाक्षर बन जाते हैं । इस प्रकार कार्तवीर्य मन्त्र के २० प्रकार के भेद बनते है । इनकी साधना पूर्वोक्त मन्त्रों के समान है । उक्त द्वितीय दश संख्यक मन्त्रों में पहले त्रिष्टुप् तथा अन्यों का जगती छन्द है । इन मन्त्रों की साधना में षड् दीर्घ सहित स्वबीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ४०-४१॥

विनियोग - अस्य श्रीएकादशाक्षरकार्तवीर्यमन्त्रस्य दत्तात्रेयऋषिस्त्रिष्टुप् छन्दः कार्तवीर्यार्जुनों देवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थं जपे विनियोगः ।

अन्य नवके - अस्य श्रीद्वादशाक्षरकार्तवीर्यमन्त्रस्य दत्तात्रेयऋषिर्जगतीच्छन्दः कार्तवीर्यार्जुनो देवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - फ्रां हृदयाय नमः, फ्रीं शिरसे स्वाहा, फ्रूं शिखायै वषट्, फ्रैं कवचाय हुम्, फ्रौं नेत्रत्रयाय वौषट्, फ्रः अस्त्राय फट् ॥ ४१॥

तार (ॐ), हृत् (नमः), फिर 'कार्तवीर्यार्जुनाय' पद, वर्म (हुं), अ (फट्), तथा अन्त में ठद्वय (स्वाहा) लगाने से १४ अक्षर का मन्त्र बनता है इसकी साधना पूर्वोक्त मन्त्र के समान है ॥ ४२ ॥

भूनेत्र सप्तनेत्राक्षिवर्णैरस्याङ्गपञ्चकम् ।
तारो हृद्भगवान्ङेन्तः कार्तवीर्यार्जुनस्तथा ॥ ४३ ॥
वर्मास्त्राग्निप्रियामन्त्रः प्रोक्तोष्टादशवर्णवान् ।
त्रिवेदसप्तयुग्माक्षिवर्णैः पञ्चाङ्गकं मनोः ॥ ४४ ॥

मन्त्रान्तरकथनम्

नमो भगवते श्रीति कार्त्तवीर्यार्जुनाय च ।
सर्वदुष्टान्तकायेति तपोबलपराक्रम ॥ ४५ ॥
परिपालित सप्तान्ते द्वीपाय सर्वरापदम् ।
जन्यचूडामणान्ते ये सर्वशक्तिमते ततः ॥ ४६ ॥

पञ्चाङ्गमाह – **भूनेत्रेति** । अष्टादशार्णमाह – **तार** इति । हृत् नमः । कार्तवीर्यार्जुनस्तथेति । ङेन्तः । ॐ नमो भगवते कार्तवीर्यार्जुनाय हुं फट् स्वाहा इति ॥ ४३–४४ ॥ मन्त्रान्तरमाह – **नम** इति । यथा – नमो भगवते श्रीकार्तवीर्यार्जुनाय सर्वदुष्टान्तकाय तपोबलपराक्रमपरिपालितसप्तद्वीपाय सर्वराजन्य चूडामणये सर्वशक्तिमते सहस्रबाहवे हुं फट् (६३) इति ॥ ४५–४७ ॥

विमर्श – चतुर्दशार्ण मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – ॐ नमः कार्तवीर्यार्जुनाय हुं फट् स्वाहा (१४) ॥ ४२ ॥

मन्त्र के क्रमशः १, २, ७, २, एवं २ वर्णों से पञ्चाङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ४३॥

विमर्श – पञ्चाङ्गन्यास – ॐ हृदयाय नमः, नमः शिरसे स्वाहा, कार्तवीर्यार्जुनाय शिखायै वषट्, हुं फट् कवचाय हुम्, स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ४३॥

तार (ॐ), हृत् (नमः), तदनन्तर चतुर्थ्यन्त भगवत् (भगवते), एवं कार्तवीर्यार्जुन (कार्तवीर्यार्जुनाय), फिर वर्म (हुं), अस्त्र (फट्), उसमें अग्निप्रिया (स्वाहा) जोड़ने से १८ अक्षर का अन्य मन्त्र बनता है ॥ ४३-४४॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – ॐ नमो भगवते कार्तवीर्यार्जुनाय हुं फट् स्वाहा (१८) ॥ ४४ ॥

इस मन्त्र के क्रमशः ३, ४, ७, २, एवं २ वर्णों से पञ्चाङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ४४ ॥

पञ्चाङ्गन्यास – ॐ नमो हृदयाय नमः, भगवते शिरसे स्वाहा, कार्तवीर्यार्जुनाय शिखायै वषट्, हुं फट् कवचाय हुम्, स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ ४४ ॥

नमो भगवते श्रीकार्तवीर्यार्जुनाय, फिर सर्वदुष्टान्तकाय, फिर 'तपोबल पराक्रम परिपालितसप्त' के बाद, 'द्वीपाय सर्वराजन्य चूडामणये सर्वशक्तिमते', फिर 'सहस्रबाहवे', फिर वर्म (हुं), फिर अस्त्र (फट्) लगाने से ६३ अक्षरों का मन्त्र बनता है, जो

सहस्रबाहवे प्रान्ते वर्मास्त्रान्तो महामनुः ।
त्रिषष्टिवर्णवान्प्रोक्तः स्मरणात्सर्वविघ्नहृत् ॥ ४७ ॥
राजन्यचक्रवर्त्ती च वीरः शूरस्तृतीयकः ।
माहिष्मतीपतिः पश्चाच्चतुर्थः समुदीरितः ॥ ४८ ॥
रेवाम्बुपरितृप्तश्च कारागेहप्रबाधितः ।
दशास्यश्चेति षड्भिः स्यात्पदैर्ङेन्तैः षडङ्गकम् ॥ ४९ ॥
सिंच्यमानं युवतिभिः क्रीडन्तं नर्मदाजले ।
हस्तैर्जलौघं रुन्धन्तं ध्यायेन्मत्तं नृपोत्तमम् ॥ ५० ॥
एवं ध्यात्वायुतं मन्त्रं जपेदन्यत्तु पूर्ववत् ।
पूर्ववत्सर्वमेतस्य समाराधनमीरितम् ॥ ५१ ॥

अस्य षडङ्गमाह – **राजन्येति** ङेन्तैश्चतुर्थ्यन्तैः पदैः षडङ्ग स्यात् ॥ यथा – राजन्य चक्रवर्तिने हृत् । वीराय शिरः । शूराय शिखा । माहिष्मतीपतये वर्म ॥ ४८ ॥ रेवाम्बुपरितृप्ताय नेत्रम् । कारागेह–प्रबाधित–दशास्यायास्त्रम् ॥ ४९–५० ॥ स्मरन्नयुतं जपेत् । अन्यत्प्रयोगादिकं पूर्ववच्चतुर्दशार्णवत् ॥ ५१ ॥

स्मरण मात्र से सारे विघ्नों को दूर कर देता है ॥ ४५-४७ ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है – नमो भगवते श्रीकार्तवीर्यार्जुनाय सर्वदुष्टान्तकाय, तपोबलपराक्रमपरिपालितसप्तद्वीपाय सर्वराजन्यचूडामणये सर्वशक्तिमते सहस्त्रबाहवे हुं फट् (६३)॥ ४५-४७ ॥

१. राजन्यचक्रवर्ती, २. वीर, ३. शूर, ४. महिष्मतीपति, ५. रेवाम्बुपरितृप्त, एवं ६. कारागेहप्रबाधितदशास्य – इन ६ पदों के अन्त में चतुर्थी विभक्ति लगाकर षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ४८-४९ ॥

विमर्श – षडङ्गन्यास का स्वरूप – राजन्यचक्रवर्तिने हृदयाय नमः, वीराय शिरसे स्वाहा, शूराय शिखायै वषट्, महिष्मतीपतये कवचाय हुम्, रेवाम्बुपरितृप्ताय नेत्रत्रयाय वौषट्, कारागेहप्रबाधितदशास्याय अस्त्राय फट् ॥ ४८-४९ ॥

नर्मदा नदी में जलक्रीडा करते समय युवतियों के द्वारा अभिषिच्यमान तथा नर्मदा की जलधारा को अवरुद्ध करने वाले नृपश्रेष्ठ कार्तवीर्यार्जुन का ध्यान करना चाहिए ॥ ५० ॥

इस प्रकार ध्यान कर उक्त मन्त्र का १० हजार जप करना चाहिए तथा हवन पूजन आदि समस्त कृत्य पूर्वोक्त कथित मन्त्र की विधि से करना चाहिए । इस मन्त्र साधना के सभी कृत्य पूर्वोक्त मन्त्र के समान कहे गये हैं ॥ ५१ ॥

अब **कार्तवीर्यार्जुन के अनुष्टुप् मन्त्र का उद्धार** कहता हूँ –

हृतनष्टलाभदोऽन्यो मन्त्रः

कार्तवीर्यार्जुनो वर्णान्नामराजापदं ततः।
उक्त्वा बाहुसहस्रान्ते वान्पदं तस्य संततः॥ ५२॥
स्मरणादेववर्णान्ते हृतं नष्टं च सम्पठेत्।
लभ्यते मन्त्रवर्योऽयं द्वात्रिंशद्वर्णसंज्ञकः॥ ५३॥
पादैः सर्वेण पञ्चाङ्गं ध्यानयोगादिपूर्ववत्।

कार्तवीर्यार्जुनगायत्री

कार्तवीर्याय शब्दान्ते विद्महेपदमीरयेत्॥ ५४॥
महावीर्यायवर्णान्ते धीमहीति पदं वदेत्।
तन्नोऽर्जुनः प्रवर्णान्ते चोदयात्पदमीरयेत्॥ ५५॥

आनुष्टुभं मन्त्रान्तरमाह – **कार्तेति** ।

कार्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्रवान्।

तस्य संस्मरणादेव हृतं नष्टं च लभ्यत इति ॥ ५२–५३॥ गायत्रीमाह– कार्तवीर्याय विद्महे महावीर्याय धीमहि। तन्नोऽर्जुनःप्रचोदयादिति ॥ ५४–५६ ॥

'कार्तवीर्यार्जुनो' पद के बाद, नाम राजा कहकर 'बाहुसहस्र' तथा 'वान्' कहना चाहिए । फिर 'तस्य सं' 'स्मरणादेव' तथा 'हृतं नष्टं च' कहकर 'लभ्यते' बोलना चाहिए । यह ३२ अक्षर का मन्त्र है ।

इस अनुष्टुप् के १-१ पाद से, तथा सम्पूर्ण मन्त्र से पञ्चाङ्गन्यास करना चाहिए । इसका ध्यान एवं पूजन आदि पूर्वोक्त मन्त्र के समान है ॥ ५२-५३ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है -

कार्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्रवान् ।
तस्य संस्मरणादेव हृतं नष्टं च लभ्यते ॥

विनियोग - अस्य श्रीकार्तवीर्यार्जुनमन्त्रस्य दत्तात्रेयऋषिरनुष्टुप्छन्दः श्रीकार्तवीर्यार्जुनो देवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

पञ्चाङ्गन्यास - कार्तवीर्यार्जुनो नाम हृदयाय नमः, राजा बाहुसहस्रवान् शिरसे स्वाहा, तस्य संस्मरणादेव शिखायै वषट्, हृतं नष्टं च लभ्यते कवचाय हुम्, कार्तवीर्यार्जुनों० अस्त्राय फट् ॥ ५२-५३ ॥

'कार्तवीर्याय' पद के बाद 'विद्महे', फिर 'महावीर्याय' के बाद 'धीमहि' पद कहना चाहिए । फिर 'तन्नोऽर्जुनः प्रचोदयात्' बोलना चाहिए । यह कार्तवीर्यार्जुन का गायत्री मन्त्र है । कार्तवीर्य के प्रयोगों को प्रारम्भ करते समय इसका जप करना चाहिए ॥ ५४-५६ ॥

गायत्र्येषार्जुनस्योक्ता प्रयोगादौ जपेत्तु ताम् ।
अनुष्टुभं मनुं रात्रौ जपतां चौरसञ्चयाः ॥ ५६ ॥
पालयन्ते गृहाद्दूरं तर्पणाद्वचनादपि ।

अखिलेप्सितदीपविधानकथनम्

अथो दीपविधिं वक्ष्ये कार्तवीर्यप्रियंकरम् ॥ ५७ ॥
वैशाखे श्रावणे मार्गे कार्तिकाश्विनपौषतः ।
माघफाल्गुनयोर्मासे दीपारम्भः प्रशस्यते ॥ ५८ ॥
तिथौ रिक्ताविहीनायां वारे शनिकुजौ विना ।
हस्तोत्तराश्विरौद्रेषु पुष्यवैष्णववायुभे ॥ ५९ ॥
द्विदैवते च रोहिण्यां दीपारम्भः प्रशस्यते ।
चरमे च व्यतीपाते धृतौ वृद्धौ सुकर्मणि ॥ ६० ॥
प्रीतौ हर्षे च सौभाग्ये शोभनायुष्मतोरपि ।
करणे विष्टिरहिते ग्रहणेर्द्धोदयादिषु ॥ ६१ ॥

दीपविधानमाह – **अथो** इति ॥ ५७ ॥ आरम्भे मासानाह – **वैशाख** इति ॥ ५८ ॥ रिक्ताश्चतुर्थी नवमी चतुर्दश्यस्तद्भिन्नतिथौ । नक्षत्राण्याह – **हस्तोत्तरेति** । रौद्रमार्द्रा । वैष्णवं श्रवणं । वायुभं स्वाती ॥ ५९ ॥

द्विदैवतं विशाखा । योगानाह – **चरम** इति । चरमे वैधृतौ ॥ ६०–६१ ॥ रात्रावखिलायां पूर्वाह्णे च ॥ ६२–६३ ॥

रात्रि में इस अनुष्टुप् मन्त्र का जप करने से चोरों का समुदाय घर से दूर भाग जाता है । इस मन्त्र से तर्पण करने पर अथवा इसका उच्चारण करने से भी चोर भाग जाते हैं ॥ ५६-५७ ॥

अब 'दीपप्रियः कार्तवीर्यः' इस विधि के अनुसार कार्तवीर्य को प्रसन्न करने वाली **दीपदान की विधि** कहता हूँ -

वैशाख, श्रावण, मार्गशीर्ष, कार्तिक, आश्विन, पौष, माघ एवं फाल्गुन में दीपदान करना प्रशस्त माना गया है ॥ ५७-५८ ॥

चौथ, नवमी तथा चतुर्दशी - इन (रिक्ता) तिथियों को छोड़कर, दिनों में मङ्गल एवं शनिवार दिन छोड़कर, हस्त, उत्तरात्रय, अश्विनी, आर्द्रा, पुष्य, श्रवण, स्वाती, विशाखा एवं रोहिणी नक्षत्र में कार्तवीर्य के लिए दीपदान का आरम्भ प्रशस्त कहा गया है ॥ ५९-६० ॥

वैधृति, व्यतिपात, धृति, वृद्धि, सुकर्मा, प्रीति, हर्षण, सौभाग्य, शोभन एवं आयुष्मान् योग में तथा विष्टि (भद्रा) को छोड़कर अन्य करणों में दीपारम्भ करना

एषु योगेषु पूर्वाह्णे दीपारम्भः कृतः शुभः ।
कार्तिके शुक्लसप्तम्यां निशीथेऽतीवशोभनः ॥ ६२ ॥
यदि तत्र रवेर्वारः श्रवणं भं तु दुर्लभम् ।
अत्यावश्यककार्येषु मासादीनां न शोधनम् ॥ ६३ ॥
आद्ये ह्युपोष्य नियतो ब्रह्मचारी शयीत कौ ।
प्रातः स्नात्वा शुद्धभूमौ लिप्तायां गोमयोदकैः ॥ ६४ ॥
प्राणानायम्य संकल्प्य न्यासान्पूर्वोदितांश्चरेत् ।
षट्कोणं रचयेद् भूमौ रक्तचन्दनतण्डुलैः ॥ ६५ ॥
अन्तः स्मरं समालिख्य षट्कोणेषु समालिखेत् ।
मन्त्रराजस्य षड्वर्णान्कामबीजविवर्जितान् ॥ ६६ ॥

विधिमाह – **आद्य** इति । कौ भूमौ ॥ ६४–६५॥ स्मरं क्लीं ॥ ६६ ॥

चाहिए । उक्त योगों में पूर्वाह्ण के समय दीपारम्भ करना प्रशस्त है ॥ ६०-६२ ॥

कार्तिक शुक्ल सप्तमी को निशीथ काल में इसका प्रारम्भ शुभ है । यदि उस दिन रविवार एवं श्रवण नक्षत्र हो तो ऐसा योग बहुत दुर्लभ है । आवश्यक कार्यों में महीने का विचार नहीं करना चाहिए ॥ ६२-६३ ॥

साधक दीपदान से प्रथम दिन उपवास कर ब्रह्मचर्य का पालन करते हुये पृथ्वी पर शयन करे । फिर दूसरे दिन प्रातः काल स्नानादि नित्यकर्म से निवृत्त होकर गोबर और शुद्ध जल से हुई भूमि में प्राणायाम कर, दीपदान का संकल्प एवं पूर्वोक्त न्यासों को करे ॥ ६४-६५ ॥

कार्तवीर्यदीपस्थापनयन्त्रम्

क्रों श्रीं हुं फट्
भ्रूं
श्रीं आं
क्लीं
फ्रों ह्रीं
ॐ
क्रों श्रीं हुं फट्
का

फिर पृथ्वी पर लाल चन्दन मिश्रित चावलों से षट्कोण का निर्माण करे । पुनः उसके भीतर काम बीज (क्लीं) लिख कर षट्कोणों में मन्त्रराज के कामबीज को छोड़कर शेष बीजो को (ॐ फ्रों व्रीं भ्रूं आं ह्रीं) लिखना चाहिए। सृणि (क्रों) पद्म (श्रीं) वर्म (हुं) तथा अस्त्र (फट्) इन चारों बीजों को पूर्वादि चारों दिशाओं में लिखना चाहिए । फिर ९ वर्णों को (कार्तवीर्यार्जुनाय नमः) से उन षड्कोणों को परिवेष्टित कर देना चाहिए । तदनन्तर उसके बाहर एक त्रिकोण निर्माण करना चाहिए ॥ ६५-६७ ॥

सृणिं पद्मां वर्मचास्त्रं पूर्वाद्याशासु संलिखेत् ।
नवार्णैर्वेष्टयेत्तच्च त्रिकोणं तद्बहिः पुनः ॥ ६७ ॥
एवं विलिखिते यन्त्रे निदध्याद् दीपभाजनम् ।
स्वर्णजं रजतोत्थं वा ताम्रजं तदभावतः ॥ ६८ ॥
कांस्यपात्रं मृण्मयं च कनिष्ठं लोहजं मृतौ ।
शान्तये मुद्गचूर्णोत्थं सन्धौ गोधूमचूर्णजम् ॥ ६९ ॥
बुध्नेषूद्ध्वं समानं तु पात्रं कुर्यात्प्रयत्नतः ।
अर्कदिग्वसुषट् पञ्चचतुराभांगुलैर्मितम् ॥ ७० ॥
आज्यपलसहस्रं तु पात्रं शतपलैः कृतम् ।
आज्येयुतपले पात्रं पलपञ्चशतीकृतम् ॥ ७१ ॥
पञ्चसप्ततिसंख्ये तु पात्रं षष्टिपलं मतम् ।
त्रिसहस्रे घृतपले शरार्कपलभाजनम् ॥ ७२ ॥

षड्वर्णान् ॐ फ्रों व्रीं भ्रूं आं ह्रीमिति षट्कोणेषु स्वाग्रामारभ्य लिखेत् । क्रों श्रीं हुं फडिति दिक्षु । शेषैर्नवाक्षरैर्वेष्टयेत् ॥ ६७ ॥ * ॥ ६८–६९ ॥ पात्रमानमाह – **बुध्न** इति । बुध्ने मूले । ऊर्ध्वं च पात्रं कुर्यात् । कियत्तत्राह – **अर्केति** । मूले ऊर्ध्वं च द्वादशादिमानैरङ्गुलैः कायम् ॥ ७०–७१ ॥ शरार्कपलभाजनं पञ्चविंशत्युत्तरशतपलमितपात्रम् ॥ ७२ ॥

अब **दीपस्थापन एवं पूजन का प्रकार** कहते हैं -

इस प्रकार से लिखित मन्त्र पर दीप पात्र को स्थापित करना चाहिए । वह पात्र सोने, चाँदी या ताँबे का होना चाहिए । उसके अभाव में काँसे का अथवा उसके भी अभाव में मिट्टी का या लोहे का होना चाहिए । किन्तु लोहे का और मिट्टी का पात्र कनिष्ठ (अधम) माना गया है ॥ ६८-६९ ॥

शान्ति के और पौष्टिक कार्यो के लिए मूँग के आटे का तथा किसी को मिलाने के लिए गेहूँ के आँटे का दीप-पात्र बनाकर जलाना चाहिए ॥ ६९ ॥

ध्यान रहे कि दीपक का निचला भाग (मूल) एवं ऊपरी भाग आकृति में समान रूप का रहे । पात्र का परिमाण १२, १०, ८, ६, ५, या ४ अंगुल का होना चाहिए ॥ ७० ॥

सौ पल के भार से बने पात्र में एक हजार पल घी, ५०० पल के भार से बने पात्र में १० हजार पल घी, ६० पल के भार से बनाये गये पात्र में ७५ पल घी, १२५ पल भार से बनाये गये पात्र में ३ हजार पल घी, ११५ पल भार से बनाये गये दीप-पात्र में २ हजार पल घी, ३० पल भार से बनाये गये पात्र में ५० पल घी तथा ५२ पल भार से बनाये गये पात्र में १०० पल

द्विसहस्रे शरशिवं शतार्द्धे त्रिशता मतम् ।
शतेक्षिशरसंख्यातमेवमन्यत्र कल्पयेत् ॥ ७३ ॥
नित्ये दीपे वह्निपलं पात्रमाज्यं पलं स्मृतम् ।
एवं पात्रं प्रतिष्ठाप्य वर्तीः सूत्रोत्थिताः क्षिपेत् ॥ ७४ ॥
एका तिस्रोऽथवा पञ्च सप्ताद्या विषमा अपि ।
तिथिमानाद्य सहस्रं तन्तुसंख्याविनिर्मिताः ॥ ७५ ॥
गोघृतं प्रक्षिपेत्तत्र शुद्धवस्त्रविशोधितम् ।
सहस्रपलसंख्यादिदशान्तं कार्यगौरवात् ॥ ७६ ॥
सुवर्णादिकृतां रम्यां शलाकां षोडशांगुलाम् ।
तदर्द्धां वा तदर्द्धां वा सूक्ष्माग्रां स्थूलमूलकाम् ॥ ७७ ॥
विमुच्चेद् दक्षिणे भागे पात्रमध्ये कृताग्रकाम् ।
पात्राद् दक्षिणदिग्देशे मुक्त्वांगुलचतुष्टयम् ॥ ७८ ॥
अधोऽग्रां दक्षिणाधारां निखनेच्छुरिकां शुभाम् ।
दीपं प्रज्वालयेत्तत्र गणेशस्मृतिपूर्वकम् ॥ ७९ ॥

द्वीति । सहस्रद्वयमिते घृते शरशिवपञ्चदशोत्तरशतपलं ताम्रपात्रम् । अक्षिशरसंख्यातं द्विपञ्चाशत्पलमितम् । अन्यत्रैवमेव घृतानुसारेण पात्रं कल्प्यम् ॥ ७३ ॥ वह्निपलं त्रिपलम् ॥ ७४ ॥ विषमवर्तिकाद्या एकोत्तरशतान्ता ज्ञेयाः । **तिथीति** । पञ्चदशादिसहस्रपर्यन्तं या तन्तुसंख्या तया विनिर्मिताः कृताः ॥ ७५–७६ ॥ तदर्धामष्टाङ्गुलां तदर्धा चतुरङ्गुलाम् ॥ ७७ ॥ पात्राद् दक्षिणे चतुरङ्गुलभूमिं त्यक्त्वा छुरिकां भूमौ निःक्षिपेत् ॥ ७८ ॥ अधोग्रं यस्यास्तां

घी डालना चाहिए । इस प्रकार जितना घी जलाना हो उसके अनुसार पात्र के भार की कल्पना कर लेनी चाहिए ॥ ७१-७३ ॥

नित्यदीप में ३ पल के भार का पात्र तथा १ पल घी का मान बताया गया है । इस प्रकार दीप-पात्र संस्थापित कर सूत की बनी बत्तियाँ डालनी चाहिए । १, ३, ५, ७, १५ या एक हजार सूतों की बनी बत्तियाँ डालनी चाहिए । ऐसे सामान्य नियमानुसार विषम सूतों की बनी बत्तियाँ होनी चाहिए ॥ ७४-७५ ॥

दीप-पात्र में शुद्ध-वस्त्र से छना हुआ गो घृत डालना चाहिए । कार्य के लाघव एवं गुरुत्व के अनुसार १० पल से लेकर १००० पल परिमाण पर्यन्त घी की मात्रा होनी चाहिए ॥ ७६ ॥

सुवर्ण आदि निर्मित पात्र के अग्रभाग में पतली तथा पीछे के भाग में मोटी १६, ८ या ४ अंगुल की एक मनोहर शलाका बनाकर उक्त दीप पात्र के भीतर दाहिनी ओर से शलाका का अग्रभाग कर डालना चाहिए । पुनः दीप पात्र से दक्षिण दिशा में ४ अंगुल जगह छोड़कर भूमि में अधोमुख एक छुरी या चाकू गाड़ना

दीपात् पूर्वे तु दिग्भागे सर्वतोभद्रमण्डले ।
तण्डुलाष्टदले वाऽपि विधिवत्स्थापयेद्धटम् ॥ ८० ॥
तत्रावाह्य नृपाधीशं पूर्ववत्पूजयेत् सुधीः ।
जलाक्षताः समादाय दीपं संकल्पयेत्ततः ॥ ८१ ॥
दीपसंकल्पमन्त्रोऽथ कथ्यते द्वीषु भूमितः ।
प्रणवः पाशमाये च शिखाकार्ताक्षराणि च ॥ ८२ ॥
वीर्यार्जुनाय माहिष्मतीनाथाय सहस्र च ।
बाहवे इति वर्णान्ते सहस्रपदमुच्चरेत् ॥ ८३ ॥
क्रतुदीक्षितहस्ताय दत्तात्रेयप्रियाय च ।
आत्रेयायानुसूयान्ते गर्भरत्नाय तत्परम् ॥ ८४ ॥
नभोग्नीवामकर्णेन्दुस्थितौ पाशद्वयं ततः ।
दीपं गृहाण त्वमुकं रक्ष रक्ष पदं पुनः ॥ ८५ ॥
दुष्टान्नाशय युग्मं स्यात्तथा पातय घातय ।
शत्रूञ्जहि द्वयं माया तारः स्वं बीजमात्मभूः ॥ ८६ ॥

दक्षिणस्यां धारा यस्यास्ताम् ॥ ७९–८१ ॥ द्वीषु भूमितो द्विपञ्चाशदुत्तरशता–रोदीपसंकल्पमन्त्रः । तमाह – **प्रणव** इति । पाश आं । माया ह्रीं । शिखा वषट् ॥ ८२ ॥ * ॥ ८३–८४ ॥ वामकर्णेन्दुस्थितौ नभौऽग्नीऊबिन्दुयुतौ हरौ तेन हूं । पाश आं । अमुकमिति पदस्थाने साध्यनामोच्चार्यम् ॥ ८५ ॥ माया ह्रीं । तार ॐ । स्वं बीजं फ्रों । आत्मभूः क्लीं ॥ ८६–८७ ॥

चाहिए । फिर गणपति का स्मरण करते हुये दीप को जलाना चाहिए ॥ ७७-७९ ॥

दीपक से पूर्व दिशा में सर्वतोभद्र मण्डल या चावलों से बने अष्टदल पर मिट्टी का घड़ा विधिवत् स्थापित करना चाहिए । उस घट पर कार्तवीर्य का आवाहन कर साधक को पूर्वोक्त विधि से उनका पूजन करना चाहिए । इतना कर लेने के बाद हाथ में जल और अक्षत लेकर दीप का संकल्प करना चाहिए ॥ ८०-८१ ॥

अब १५२ अक्षरों का **दीपसंकल्प मन्त्र** कहते हैं - यह (द्वि २ इषु ५ भूमि १ अंकानां वामतो गतिः) एक सौ बावन अक्षरों का माला मन्त्र है ।

प्रणव (ॐ), पाश (आं), माया (ह्रीं), शिखा (वषट्), इसके बाद 'कार्त्त', इसके बाद 'वीर्यार्जुनाय' के बाद 'माहिष्मतीनाथाय सहस्रबाहवे', इन वर्णों के बाद 'सहस्र' पद बोलना चाहिए। फिर 'क्रतुदीक्षितहस्ताय दत्तात्रेयप्रियाय आत्रेयानुसूयागर्भरत्नाय', फिर वाम कर्ण (ऊ), इन्दु (अनुस्वार) सहित नभ (ह) एवं अग्नि (र्) अर्थात् (ह्रूँ) पाश आं, फिर 'इमं दीपं गृहाण अमुकं रक्ष रक्ष दुष्टान्नाशय नाशय', फिर २ बार 'पातय' और २ बार 'घातय' (पातय पातय घातय घातय), 'शत्रून् जहि जहि',

वह्निजाया अनेनाथ दीपवर्येण पश्चिमा।
भिमुखेनामुकं रक्ष अमुकान्ते वरप्रदा ॥ ८७ ॥
नायाकाश द्वयं वाम नेत्रचन्द्रयुतं शिवा।
वेदादिकामचामुण्डा स्वाहा तुःपुःसबिन्दुकौ ॥ ८८ ॥
प्रणवोऽग्नि प्रियामन्त्रो नेत्रबाणधराक्षरः।
दत्तात्रेयो मुनिर्मालामन्त्रस्य परिकीर्तितः ॥ ८९ ॥
छन्दोमितं कार्तवीर्यार्जुनो देवः शुभावहः।
चामुण्डया षडङ्गानि चरेत्षड्दीर्घयुक्तया ॥ ९० ॥

आकाशद्वयं हद्वयम् । वामनेत्र चन्द्रयुतं बिन्दुयुतं हीं हीं । शिवा हीं । वेदादिकामचामुण्डा ॐ क्लीं व्रीं । तुः पुः तर्वगपवर्गौ ॥ ८८ ॥ नेत्रबाणधराक्षरो द्विपञ्चाशदुत्तरशतार्णः । यथा – ॐ आं हीं वषट् कार्तवीर्यार्जुनाय माहिष्मतीनाथाय सहस्रबाहवे सहस्रक्रतुदीक्षितहस्ताय दत्तात्रेयप्रियाय आत्रेयानुसूयागर्भरत्नाय हूं आं इमं दीपं गृहाण अमुकं रक्ष रक्ष दुष्टान्नाशय नाशय पातय पातय घातय घातय शत्रूञ्जहि जहि हीं ॐ फ्रों क्लीं स्वाहा अनेन दीपवर्येण पश्चिमाभिमुखेन अमुकं रक्ष अमुकवरप्रदानाय हीं हीं हीं ॐ क्लीं व्रीं स्वाहा तं थं दं धं नं पं बं भं मं ॐ स्वाहा (१५२) इति मन्त्रः चामुण्डया व्रीमिति बीजेन व्रां व्रीं व्रूं व्रैं व्रौं व्रः इति षडङ्गम् ॥ ८९–९०॥

फिर माया (हीं), तार (ॐ), स्वबीज (फ्रों), आत्मभू (क्लीं) और फिर वाह्निजाया (स्वाहा), फिर 'अनेन दीपवर्येण पश्चिमाभिमुखेन अमुकं रक्ष अमुकं वर प्रदानाय', फिर वामनेत्र (ई), चन्द्र (अनुस्वार) सहित २ बार आकाश (ह) अर्थात् (हीं हीं), शिवा (हीं), वेदादि (ॐ), काम (क्लीं), चामुण्डा (व्रीं), 'स्वाहा', फिर सानुस्वार तवर्ग एवं पवर्ग (तं थं दं धं नं पं फं बं भं मं), फिर प्रणव (ॐ) तथा अग्निप्रिया स्वाहा लगाने से १५२ अक्षरों का दीपदान मन्त्र बन जाता है ॥ ८२-८९॥

विमर्श - दीप संकल्प के मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ आं हीं वषट् कार्तवीर्यार्जुनाय माहिष्मतीनाथाय सहस्रबाहवे, सहस्रक्रतुदीक्षितहस्ताय दत्तात्रेयप्रियाय आत्रेयानुसूयागर्भरत्नाय हूं आं इमं दीपं गृहाण अमुकं रक्ष रक्ष दुष्टान्नाशय नाशय पातय पातय घातय घातय शत्रून् जहि जहि हीं ॐ फ्रों क्लीं स्वाहा अनेन दीपवर्येण पश्चिमाभिमुखेन अमुकं रक्ष अमुकवरप्रदानाय हीं हीं हीं ॐ क्लीं व्रीं स्वाहा तं थं दं धं नं पं फं बं भं मं ॐ स्वाहा (१५२) ॥ ८२-८९॥

इस मालामन्त्र के दत्तात्रेय ऋषि, अमित छन्द तथा कार्तवीर्यार्जुन देवता हैं । षड्दीर्घसहित चामुण्डा बीज से षडङ्गन्यास करना चाहिए ॥ ८९-९० ॥

विमर्श विनियोग - अस्य श्रीकार्तवीर्यमालामन्त्रस्य दत्तात्रेयऋषिरमितच्छन्दः कार्तवीर्यार्जुनो देवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ व्रां हृदयाय नमः, व्रीं शिरसे स्वाहा, व्रूं शिखायै वषट्,

ध्यात्वा देवं ततो मन्त्रं पठित्वान्ते क्षिपेज्जलम् ।
ततो नवाक्षरं मन्त्रं सहस्रं तत्पुरो जपेत् ॥ ६१ ॥
तारोऽनन्तो बिन्दुयुक्तो मायास्वं वामनेत्रयुक् ।
कूर्माग्नी शान्तिचन्द्राढ्यौ वह्निनार्यंकुशं ध्रुवः ॥ ६२ ॥
ऋषिः पूर्वः स्मृतोऽनुष्टुप्छन्दो ह्यन्यत्तु पूर्ववत् ।
सहस्रं मन्त्रराजं च जपित्वा कवचं पठेत् ॥ ६३ ॥
एवं दीपप्रदानस्य कर्ताऽऽप्नोत्यखिलेप्सितम् ।
दीपप्रबोधकाले तु वर्जयेदशुभां गिरम् ॥ ६४ ॥

ध्यात्वा पूर्वोक्त विधिना ॥ ६१ ॥ नवाक्षरमाह – **तार** इति । तार ॐ । अनन्तो बिन्दुयुतः आं । माया ह्रीं । स्वं वामनेत्रयुक् फ्रीं । कूर्माग्नीवरौ शान्तिचन्द्राढ्यौ ईबिन्दुयुतौ तेन व्रीं । वह्निनारी स्वाहा । अंकुशं क्रों ध्रुव ॐ ॥ ६२ ॥ पूर्वो दत्तात्रेयः । अन्यत् षडङ्गादिकम् । कवचं । हुं डामरोक्तम् ॥ ६३ ॥ दीपप्रारंभे शकुनमाह – **दीपप्रबोधेत्यादि** ॥ ६४–६५ ॥

व्रैं कवचाय हुम्, व्रौं नेत्रत्रयाय वौषट् व्रः अस्त्राय फट् ॥ ८९-९० ॥

दीप संकल्प के पहले कार्तवीर्य का ध्यान करे । फिर हाथ में जल ले कर उक्त संकल्प मन्त्र का उच्चारण कर जल नीचे भूमि पर गिरा देना चाहिए । इसके बाद वक्ष्यमाण नवाक्षर मन्त्र का एक हजार जप करना चाहिए ॥ ६१ ॥

नवाक्षर मन्त्र का उद्धार - तार (ॐ), बिन्दु (अनुस्वार) सहित अनन्त (आ) (अर्थात् आं), माया (ह्रीं), वामनेत्र सहित स्वबीज (फ्रीं), फिर शान्ति (ई) और चन्द्र (अनुस्वार) सहित कूर्म (व) और अग्नि (र) अर्थात् (व्रीं), फिर वह्निनारी (स्वाहा), अंकुश (क्रों) तथा अन्त में ध्रुव (ॐ) लगाने से नवाक्षर मन्त्र बनता है । यथा - ॐ आं ह्रीं फ्रीं व्रीं स्वाहा क्रों ॐ ॥ ६२ ॥

इस मन्त्र के पूर्वोक्त दत्तात्रेय ऋषि हैं । अनुष्टुप् छन्द है तथा इसके देवता और न्यास पूर्वोक्त मन्त्र के समान है । (द्र० १७. ८९-९०) इस मन्त्र का एक हजार जप कर कवच का पाठ करना चाहिए । (यह कवच डामर तन्त्र में हुं के साथ कहा गया है) ॥ ६३ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य नवाक्षरकार्तवीर्यमन्त्रस्य दत्तात्रेयऋषिः अनुष्टुप्छन्दः कार्तवीर्यार्जुनो देवतात्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - व्रां हृदयाय नमः व्रीं शिरसे स्वाहा, व्रूं शिखायै वषट्
व्रैं कवचाय हुम्, व्रौं नेत्रत्रयाय वौषट् व्रः अस्त्राय फट् ॥ ६३ ॥

इस प्रकार दीपदान करने वाला व्यक्ति अपना सारा अभीष्ट पूर्ण कर लेता है । दीप प्रज्वलित करते समय अमाङ्गलिक शब्दों का उच्चारण वर्जित है ॥ ६४ ॥

विप्रस्य दर्शनं तत्र शुभदं परिकीर्तितम् ।
शूद्राणां मध्यमं प्रोक्तं म्लेच्छस्य बधबन्धदम् ॥ ९५ ॥
आख्वोत्वोर्दर्शनं दुष्टं गवाश्वस्य सुखावहम् ।
दीपज्वालासमासिद्ध्यै वक्रा नाशविधायिनी ॥ ९६ ॥
सशब्दा भयदा कर्तुरुज्ज्वला सुखदा मता ।
कृष्णा तु शत्रुभयदा वमन्ती पशुनाशिनी ॥ ९७ ॥
कृते दीपे यदा पात्रं भग्नं दृश्येत दैवतः ।
पक्षादर्वाक् तदागच्छेद्यजमानो यमालयम् ॥ ९८ ॥
वर्त्यन्तरं यदा कुर्यात्कार्यं सिद्ध्येद्विलम्बतः ।
नेत्रहीनो भवेत्कर्ता तस्मिन्दीपान्तरे कृते ॥ ९९ ॥
अशुचिस्पर्शने त्वाधिर्दीपनाशे तु चौरभीः ।
श्वमार्जाराखुसंस्पर्शे भवेद् भूपतितो भयम् ॥ १०० ॥
यात्रारम्भे वसुपलैः कृतो दीपोऽखिलेष्टदः ।
तस्माद्दीपः प्रयत्नेन रक्षणीयोऽन्तरायतः ॥ १०१ ॥
आ समाप्तेः प्रकुर्वीत ब्रह्मचर्यं च भूशयम् ।
स्त्रीशूद्रपतितादीनां सम्भाषामपि वर्जयेत् ॥ १०२ ॥

आख्वोत्वोर्मूषकमार्जारयोः ॥ ९६ ॥ * ॥ ९७—१०० ॥ वसुपलैरष्टपलैः । अन्तरायतो विघ्नेभ्यः ॥ १०१ ॥ भूशयं भूमिशयनम् ॥ १०२ ॥

अब **दीपदान के समय शुभाशुभ शकुन** का निर्देश करते हैं -

दीप प्रज्वलित करते समय ब्राह्मण का दर्शन शुभावह है । शूद्रों का दर्शन मध्यम फलदायक तथा म्लेच्छ दर्शन बन्धनदायक माना गया है । चूहा और बिल्ली का दर्शन अशुभ तथा गौ एवं अश्व का दर्शन शुभकारक है ॥ ९४-९६ ॥

दीप ज्वाला ठीक सीधी हो तो सिद्धि और टेढी मेढी हो तो विनाश करने वाली मानी गई है । दीप ज्वाला से चट चट का शब्द भय कारक होता है । ज्योतिपुञ्ज उज्ज्वल हो तो कर्ता को सुख प्राप्त होता है । यदि काला हो तो शत्रुभयदायक तथा वमन कर रहा हो तो पशुओं का नाश करता है । दीपदान करने के बाद यदि संयोगवशात् पात्र भग्न हो जावे तो यजमान १५ दिन के भीतर यमलोक का अतिथि बन जाता है ॥ ९६-९८ ॥

अब **दीपदान के शुभाशुभ कर्तव्य** कहते हैं - दीप में दूसरी बत्ती डालने से कार्य सिद्धि में विलम्ब होता है, उस दीपक से अन्य दीपक जलाने वाला व्यक्ति अन्धा हो जाता है । अशुद्ध अशुचि अवस्था में दीप का स्पर्श करने से आधि व्याधि उत्पन्न होती है । दीपक के नाश होने पर चोरों से भय तथा कुत्ते, बिल्ली

जपेत्सहस्रं प्रत्येकं मन्त्रराजं नवाक्षरम्।
स्तोत्रपाठं प्रतिदिनं निशीथिन्यां विशेषतः ॥ १०३ ॥
एकपादेन दीपाग्रे स्थित्वा यो मन्त्रनायकम्।
सहस्रं प्रजपेद्रात्रौ सोऽभीष्टं क्षिप्रमाप्नुयात् ॥ १०४ ॥
समाप्य शोभने घस्त्रे सम्भोज्य द्विजनायकान्।
कुम्भोदकेन कर्तारमभिषिञ्चेन्मनुं स्मरन् ॥ १०५ ॥
कर्ता तु दक्षिणां दद्यात् पुष्कलां तोषहेतवे।
गुरौ तुष्टे ददातीष्टं कृतवीर्यसुतो नृपः ॥ १०६ ॥
गुर्वाज्ञया स्वयं कुर्याद्यदि वा कारयेद् गुरुम्।
कृत्वा रत्नादिदानेन दीपदानं धरापतेः ॥ १०७ ॥
गुर्वाज्ञामन्तरा कुर्याद्यो दीपं स्वेष्टसिद्धये।
प्रत्युतानुभवत्येष हानिमेव पदे पदे ॥ १०८ ॥

निशीथिन्यां रात्रौ ॥ १०३ ॥ * ॥ १०४–१०६ ॥ रत्नादि दानेन गुरुं वृत्वा धरापतेः कार्तवीर्यस्य दीपदानं कारयेदित्यन्वयः ॥ १०७–१०६ ॥

एवं चूहे आदि जन्तुओं के स्पर्श से राजभय उपस्थित होता है ॥ ६६-१०० ॥

यात्रा करते समय ८ पल की मात्रा वाला दीपदान समस्त अभीष्टों को पूर्ण करता है । इसलिए सभी प्रकार के प्रयत्नों से सावधानी पूर्वक दीप की रक्षा करनी चाहिए जिससे विघ्न न हो ॥ १०१ ॥

दीप की समाप्ति पर्यन्त कर्ता ब्रह्मचर्य का पालन करते हुये भूमि पर शयन करे तथा स्त्री, शूद्र और पतितो से संभाषण भी न करे ॥ १०२ ॥

प्रत्येक दीपदान के समय से ले कर समाप्ति पर्यन्त प्रतिदिन नवाक्षर मन्त्र (द्र० १७. ६२) का १ हजार जप तथा स्तोत्र का पाठ विशेष रूप से रात्रि के समय करना चाहिए ॥ १०३ ॥

निशीथ काल में एक पैर से खड़ा हो कर दीप के संमुख जो व्यक्ति इस मन्त्रराज का १ हजार जप करता है वह शीघ्र ही अपना समस्त अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ १०४ ॥

इस प्रयोग को उत्तम दिन में समाप्त कर श्रेष्ठ ब्राह्मणों को भोजन कराने के बाद कुम्भ के जल से मूलमन्त्र द्वारा कर्ता का अभिषेक करना चाहिए ॥ १०५ ॥

कर्ता साधक अपने गुरु को संतोषदायक एवं पर्याप्त दक्षिणा दे कर उन्हें संतुष्ट करे । गुरु के प्रसन्न हो जाने पर कृतवीर्य पुत्र कार्तवीर्यार्जुन साधक के सभी अभीष्टों को पूर्ण करते हैं ॥ १०६ ॥

यह प्रयोग गुरु की आज्ञा ले कर स्वयं करना चाहिए अथवा गुरु को रत्नादि

दीपदानविधिं ब्रूयात्कृतघ्नादिषु नो गुरुः ।
दुष्टेभ्यः कथितो मन्त्रो वक्तुर्दुःखावहो भवेत् ॥ १०९ ॥
उत्तमं गोघृतं प्रोक्तं मध्यमं महिषीभवम् ।
तिलतैले तु तादृक्स्यात्कनीयोऽजादिजं घृतम् ॥ ११० ॥
आस्यारोगे सुगन्धेन दद्यात्तैलेन दीपकम् ।
सिद्धार्थसम्भवेनाथ द्विषतां नाशहेतवे ॥ १११ ॥
फलैर्दशशतैर्दीपे विहिते चेन्न दृश्यते ।
कार्यसिद्धिस्तदात्रिस्तु दीपः कार्यो यथाविधि ॥ ११२ ॥
तदा सुदुर्लभं कार्यं सिद्ध्यत्येव न संशयः ।
यथाकथंचिद्यः कुर्याद् दीपदानं स्ववेश्मनि ॥ ११३ ॥
विघ्नाः सर्वेरिभिः साकं तस्य नश्यन्ति दूरतः ।
सर्वदा जयमाप्नोति पुत्रान् पौत्रान् धनं यशः ॥ ११४ ॥
यथाकथंचिद्यो दीपं नित्यं गेहे समाचरेत् ।
कार्तवीर्यार्जुनप्रीत्यै सोऽभीष्टं लभते नरः ॥ ११५ ॥

अजादिघृतं कनीयोऽधमम् ॥ ११० ॥ * ॥ १११–११४ ॥ यथाकथंचिदिति । अनेन नित्यदीपे पूर्वोक्तस्य पात्रघृतनियमस्यानावश्यकतां दर्शयति । त्रिपलमिते पात्रे एकपलघृतेन नित्यं दीपो देयः । यथाकथंचिद्वा । सर्वथा दातव्य एवेति भावः॥ ११५॥

दान दे कर उन्हीं से कार्तवीर्याजुन को दीपदान कराना चाहिए । गुरु की आज्ञा लिए बिना जो व्यक्ति अपनी इष्टसिद्धि के लिए इस प्रयोग का अनुष्ठान करता है उसे कार्यसिद्धि की बात तो दूर रही, प्रत्युत वह पदे पदे हानि उठाता है ॥ १०७-१०८ ॥

कृतघ्न आदि दुर्जनों को इस दीपदान की विधि नहीं बतानी चाहिए । क्योंकि यह मन्त्र दुष्टों को बताये जाने पर बतलाने वाले को दुःख देता है । दीप जलाने के लिए गौ का घृत उत्तम कहा गया है, भैंस का घी मध्यम तथा तिल का तेल भी मध्यम कहा गया है । बकरी आदि का घी अधम कहा गया है। मुख का रोग होने पर सुगन्धित तेलों से दीप दान करना चाहिए । शत्रुनाश के लिए श्वेत सर्वप के तेल का दीप दान करना चाहिए । यदि एक हजार पल वाले दीप दान करने से भी कार्य सिद्धि न हो तो विधि पूर्वक तीन दीपों का दान करना चाहिए । ऐसा करने से कठिन से भी कठिन कार्य सिद्ध हो जाता है ॥ १०९-११२ ॥

जिस किसी भी प्रकार से जो व्यक्ति अपने घर में कार्तवीर्य के लिए दीपदान करता है, उसके समस्त विघ्न और समस्त शत्रु अपने आप नष्ट हो जाते हैं । वह सदैव विजय प्राप्त करता है तथा पुत्र, पौत्र, धन और यश प्राप्त करता है । पात्र, घृत, आदि नियम किए बिना ही जो व्यक्ति किसी प्रकार से प्रतिदिन घर में

दीपप्रियः कार्तवीर्यो मार्तण्डो नतिवल्लभः।

देवानां तोषकराणि नमस्कारादीनि

स्तुतिप्रियो महाविष्णुर्गणेशस्तर्पणप्रियः ॥ ११६ ॥
दुर्गाऽर्चनप्रिया नूनमभिषेकप्रियः शिवः।
तस्मात्तेषां प्रतोषाय विदध्यात्तत्तदादृतः ॥ ११७ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ कार्तवीर्यार्जुनमन्त्र–कथनं नाम सप्तदशस्तरङ्गः ॥ १७ ॥

दीपदानप्रियोऽर्जुनः । तत्प्रसङ्गादन्यदेवानां यद्वदति प्रियं तदाह – **दीपेति** । मार्तण्डः सूर्यो नमस्कारप्रियः ॥ ११६ ॥ दुर्गा सुन्दरी ॥ ११७ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां कार्तवीर्यार्जुनमन्त्र निरूपणं नाम सप्तदशस्तरङ्गः ॥ १७ ॥

कार्तवीर्यार्जुन की प्रसन्नता के लिए दीपदान करता है वह अपना सारा अभीष्ट प्राप्त कर लेता है ॥ ११३-११५ ॥

तत्तदेवताओं की प्रसन्नता के लिए क्रियमाण कर्तव्य का निर्देश करते हुये ग्रन्थकार कहते हैं -

कार्तवीर्यार्जुन को दीप अत्यन्त प्रिय है, सूर्य को नमस्कार प्रिय है, महाविष्णु को स्तुति प्रिय है, गणेश को तर्पण, भगवती जगदम्बा को अर्चना तथा शिव को अभिषेक प्रिय है । इसलिए इन देवताओं को प्रसन्न करने के लिए उनका प्रिय संपादन करना चाहिए ॥ ११६-११७ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के सप्तदश तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १७ ॥

अथ अष्टादशः तरङ्गः

कालरात्रिमथो वक्ष्ये सपत्नगण सूदनीम्।

कालरात्रिमन्त्रस्तद्विधिकथनं च

तारवाक्छक्तिकन्दर्परमाः काह्नेश्वरीति च॥ १॥
सर्वजनमनोवर्णा हरिसर्वमुखान्ततः।
स्तम्भन्यन्ते सर्वराजवशंकरिपदं ततः॥ २॥
सर्वदुष्टनिर्दलनि सर्वस्त्रीपुरुषार्णकाः।
कर्षिणीति ततो बन्दीशृंखलास्त्रोटयद्वयम्॥ ३॥
सर्वशत्रून् भञ्जयद्विद्वेष्टृन्निर्दलयद्वयम्।
सर्वस्तम्भययुग्मं स्यान्मोहनास्त्रेण तत्परम्॥ ४॥
द्वेषिणः पदमुच्चार्य तत उच्चाटयद्वयम्।
सर्वंवशंकुरुद्वन्द्वं स्वाहा देहि युगं पुनः॥ ५॥

---

* नौका *

अथ कालरात्रिमन्त्रमाह – तारेति । तार ॐ । वाक् ऐं । शक्तिः ह्रीं । कन्दर्पः क्लीं । रमा श्रीं । अग्रे स्वरूपम् । यथा – ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं काह्नेश्वरि सर्वजनमनोहरि सर्वमुखस्तंभनि सर्वराजवशंकरि सर्वदुष्टनिर्दलनि सर्वस्त्रीपुरुषाकर्षिणि बन्दीशृंखलास्त्रोटय त्रोटय सर्वशत्रून् भञ्जय भञ्जय

---

* अरित्र *

अब शत्रुसमुदाय को नष्ट करने वाली **कालरात्रि के मन्त्रों** को कहता हूँ -

तार (ॐ), वाक् (ऐं), शक्ति (ह्रीं), कन्दर्प (क्लीं) तथा रमा (श्रीं), फिर 'काह्नेश्वरि', फिर 'सर्वजनमनो', फिर 'हरि सर्वमुखस्तम्भिनि', 'सर्वराजवशंकरि सर्वदुष्टनिर्दलनि सर्वस्त्रीपुरुषा', इतने वर्णों के बाद 'कर्षिणि', फिर 'बन्दीश्रृंखलास्' के बाद दो बार त्रोटय (त्रोटय त्रोटय), फिर 'सर्वशत्रून्' के बाद दो बार 'भञ्जय भञ्जय', फिर 'द्वेष्टृन्' के बाद दो बार निर्दलय पद (निर्दलय निर्दलय), फिर 'सर्व' के बाद दो बार स्तम्भय (स्तम्भय स्तम्भय), फिर 'मोहनास्त्रेण' के बाद 'द्वेषिणः' पद का उच्चारण कर दो बार उच्चाटय (उच्चाटय उच्चाटय), फिर 'सर्व वशं' के बाद

सर्वं च कालरात्रीति कामिनीति गणेश्वरी।
नमोऽन्तेऽयं महाविद्या गुणरामधराक्षरा ॥ ६ ॥
ऋषिर्दक्षोतिजगती छन्दोलर्कनिवासिनी।
देवता कालरात्रिः स्यात् कालिकाबीजमीरितम् ॥ ७ ॥
मायाराज्ञीति शक्तिः स्यान्नियोगः स्वेष्टसिद्धये।
पञ्चांगुलिषु ताराद्यं विन्यसेद् बीजपञ्चकम् ॥ ८ ॥
हृदयं वेदनेत्रार्णैः शिरो बाणाक्षिवर्णकैः।
प्रोक्ता शिखैकविंशत्या वर्माष्टादशभिः स्मृतम् ॥ ६ ॥

द्वेष्टॄन् निर्दलय निर्दलय सर्वस्तंभय स्तंभय मोहनास्त्रेण द्वेषिण उच्चाटय उच्चाटय सर्ववशं कुरु कुरु स्वाहा देहि देहि सर्वकालरात्रि कामिनि गणेश्वरि नम इति । गुणरामधराक्षरा त्रयस्त्रिंशदुत्तरशतार्णा ॥ १–६ ॥ कालिका बीजं क्रीं ॥ ७–८॥ वेदनेत्रार्णैश्चतुर्विंशतिवर्णैः । बाणाक्षिवर्णकः पञ्चविंशतिर्वर्णैः ॥ ६ ॥

दो बार कुरु (कुरु कुरु), फिर 'स्वाहा', इसके बाद दो बार देहि पद (देहि देहि), फिर 'सर्व कालरात्रि कामिनि' एवं 'गणेश्वरि' के बाद अन्त में नमः जोड़ने से १३३ अक्षरों की महाविद्या निष्पन्न होती है ॥ १-६ ॥

विमर्श - इस मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं कात्स्नेश्वरि सर्वजनमनोहरि, सर्वमुखस्तम्भिनि सर्वराजवशंकरि सर्वदुष्टनिर्दलनि, सर्वस्त्रीपुरुषाकर्षिणि बन्दीशृंखलास्त्रोटय त्रोटय सर्वशत्रून् भञ्जय भञ्जय द्वेष्टॄन् निर्दलय निर्दलय सर्वस्तम्भय स्तम्भय मोहनास्त्रेण द्वेषिणः उच्चाटय उच्चाटय सर्ववशं कुरु कुरु स्वाहा देहि देहि सर्वकालरात्रि कामिनि गणेश्वरि नमः ॥ १-६ ॥

इस मन्त्र के दक्ष ऋषि, अतिजगती छन्द, अलर्कनिवासिनी कालरात्री देवता, कालिका (क्रीं) बीज तथा मायाराज्ञी (ह्रीं) शक्ति है तथा अपनी अभीष्टसिद्धि के लिये इस मन्त्र का उपयोग करना चाहिए ॥ ७-८ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य कालरात्रिमहाविद्यामन्त्रस्य दक्षऋषिरतिजगतीच्छन्दः अलर्कनिवासिनि कालरात्रीदेवता क्रीं बीजं मायाराज्ञी ह्रीं शक्तिः आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

ऋष्यादिन्यासः - ॐ दक्षाय ऋषये नमः शिरसि, ॐ अतिजगतीच्छन्द से नमः मुखे, ॐ कालरात्रिदेवतायै नमः हृदिः क्रीं बीजाय नमः गुह्ये ॐ मायाराज्ञीशक्त्यै नमः पादयोः ॥ ७-८ ॥

पञ्चाङ्गुलियों में क्रमशः प्रणवादि पाँच बीजों का एक एक क्रम से न्यास करना चाहिए । फिर मन्त्र के २४ वर्णों का हृदय पर, उसके बाद के २५ वर्णों का हृदय पर, फिर बाद के २१ वर्णों का शिखा पर, उसके बाद के १० वर्णों

षड्विंशत्यानेत्रमस्त्रं नन्दचन्द्राक्षरैर्मतम् ।
विधायैव षडङ्गानि ध्यायेद्विश्वविमोहिनीम् ॥ १० ॥
उद्यन्मार्तण्डकान्तिं विगलितकबरीं कृष्णवस्त्रावृताङ्गीं–
दण्डं लिङ्गं कराब्जैर्वरमथ भुवनं सन्दधानां त्रिनेत्राम् ।
नानाकल्पौघभासां स्मितमुखकमलां सेवितां देवसंघै–
र्मायां राज्ञीं मनोभूशरविकलतनूमाश्रये कालरात्रिम् ॥ ११ ॥
अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्तिलैः ।
पयोरुहैर्वा विप्रेन्द्रान् सन्तर्प्य श्रेय आप्नुयात् ॥ १२ ॥

नन्दचन्द्राक्षरैरेकोनविंशत्यर्णैः ॥ १० ॥ ध्यानमाह – **उद्यदिति** । दण्डवरौ दक्षयोः । लिंगभुवने वामयोः । भुवनं ब्रह्माण्डम् । नानाकल्पैर्विभासां विविधा–भरणसमूहशोभिताम् । मनोभूशरविकलतनूं कामबाणव्याकुलशरीराम् ॥ ११–१२ ॥

का कवच पर, २६ वर्णों का नेत्र पर तथा शेष १९ वर्णों का अस्त्र पर न्यास करना चाहिए । इस प्रकार न्यास कर लेने के बाद विश्वमाहिनी कालरात्रि महाविद्या का ध्यान करना चाहिए ॥ ८-१० ॥

विमर्श – न्यास विधि – ॐ अगुष्ठाभ्यां नमः, ऐं तर्जनीभ्यां नमः, ह्रीं मध्यमाभ्यां नमः, क्लीं अनामिकाभ्यां नमः, श्रीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः

इस प्रकार पाँचों अंगुलियों पर ५ बीज मन्त्रों का न्यास कर हृदयादि षडङ्गन्यास करे । यथा –

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं कास्नेश्वरि सर्वजनमनोहरि सर्वमुखस्तम्भिनि हृदयाय नमः,
सर्वराजवशंकरि सर्वदुष्टनिर्दलनि, सर्वस्त्रीपुरुषाकर्षिणि शिरसे स्वाहा,
बन्दीशृंखलास्त्रोटय त्रोटय सर्वशत्रून् भञ्जय भञ्जय शिखायै वषट्,
द्वेष्टृन् निर्दलय निर्दलय सर्वस्तम्भयं स्तम्भय कवचाय हुम्,
मोहनास्त्रेण द्वेषिणः उच्चाटय उच्चाटय सर्व वशं कुरु कुरु स्वाहा नेत्रत्रयाय वौषट्,
देहि देहि सर्वकालरात्रि कामिनि गणेश्वरि नमः अस्त्राय फट् ॥ ८-१० ॥

अब **मायाराज्ञि कालरात्रि का ध्यान** कहते हैं – उदीयमान सूर्य के समान देदीप्यमान आभा वाली बिखरे हुये केशों वाली, काले वस्त्र से आवृत शरीर वाली, हाथों में क्रमशः दण्ड, लिङ्ग, वर तथा भुवनों को धारण करने वाली त्रिनेत्रा, विविधाभरणभूषिता, प्रसन्नमुखकमल वाली, देवगणों से सुसेविता कामबाण से विकल शरीरा मायाराज्ञी कालरात्रि स्वरूपा महाविद्या का मैं ध्यान करता हूँ ॥ ११ ॥

इस मन्त्र का दश हजार जप करना चाहिए । तिलों से अथवा कमलों से दशांश होम कर श्रेष्ठ ब्राह्मणों को भोजनादि से संतुष्ट करना चाहिए । ऐसा करने से साधक श्रेय प्राप्त करता है ॥ १२ ॥

तां यजेत्कालिकापीठे पूजार्थं यन्त्रमुच्यते ।

पूजायन्त्रप्रकारः आवरणदेवताश्च

बिन्दुत्रिकोणषट्कोणवृत्ताष्टदलवृत्तकम् ॥ १३ ॥
कलापत्रं पुनर्वृत्तं त्रिरेखं धरणीगृहम् ।
चतुर्द्वारयुतं कृत्वा बिन्दौ देवीमथार्चयेत् ॥ १४ ॥
तद्यन्त्रं विलिखेद् भूर्जे क्षीरद्रोः फलकेऽपि वा ।
शान्तयेत्वष्टगन्धेन लेखिन्या चम्पकोत्थया ॥ १५ ॥
कर्चूरागुरुकर्पूररोचनारक्तचन्दनम् ।
कुंकुमं चन्दनं चापि कस्तूरीत्यष्टगन्धकम् ॥ १६ ॥

कालिकापीठे जयादिशक्तियुते । पूजायन्त्रमाह – **बिन्द्विति** ॥ १३ ॥ कलापत्रषोडशदलम् । तिस्रो रेखा यस्य तत् धरणीगृहं चतुष्कोणम् ॥ १४ ॥ कामनाभेदाल्लेखनभेदमाह – **तद्यन्त्रमिति** । क्षीरद्रोः क्षीरवृक्षस्याश्वत्थोदुम्बर–प्लक्षवटान्यतमस्य ॥ १५–१६ ॥

कालिका पीठ पर देवी का पूजन करना चाहिए । अब पूजा के लिये यन्त्र कहता हूँ -

बिन्दु, उसके बाद त्रिकोण, उसके बाद षट्कोण, फिर वृत्त, अष्टदल, तदनन्तर पुनः वृत्त, तत्पश्चात् षोडशदल, पुनः वृत्त और उसके बाद तीन रेखा, जिसमें चार द्वार हों ऐसे चतुष्कोण, को भूपुर से आवृत कर देना चाहिए ॥ १३-१४ ॥

कालरात्रिपूजनयन्त्रम्

ऐसा यन्त्र लिखकर मध्य बिन्दु में देवी का पूजन करना चाहिए । यह यन्त्र भोजपत्र पर अथवा दूध वाले वृक्ष जैसे पीपल, पाकड़, गूलर या बरगद के पत्ते पर बनाना चाहिए । शान्तिक तथा पौष्टिक कर्म के लिये यन्त्र को अष्टगन्ध से तथा चम्पा की कलम द्वारा लिखना चाहिए ॥ १४-१५ ॥

कर्चूर अगुरु, कपूर, गोरोचन, रक्त चन्दन, कुंकुम, श्वेत चन्दन और कस्तूरी यह अष्टगन्ध कहा गया है ॥ १६ ॥

सिन्दूरहिंगुलाभ्यां च वश्याय विलिखेत्सुधीः ।
सारसोद्भवलेखिन्या स्तम्भने कोकिलच्छदैः ॥ १७ ॥
हरितालहरिद्राभ्यां मारणे वायसच्छदैः ।
धत्तूरभानुनिर्गुण्डीखराश्वमहिषासृजा ॥ १८ ॥

स्तम्भने कोकिलपक्षैः॥ १७॥ हरितालहरिद्राभ्यामित्यन्वयः। मारणे वायसच्छदैः। धत्तूररसादिभिर्लिखेत् इत्यस्यान्वयः । भानुरर्करसः । खरादीनामसृजा रक्तेन॥ १८॥

वशीकरण के लिये सिन्दूर द्वारा हिंगुल (वनभण्टा) के कमल से लिखना चाहिए तथा स्तम्भन के लिये यह मन्त्र हरताल एवं हल्दी द्वारा कोयल के पंख से लिखना चाहिए। मारणकर्म के लिये धत्तूर, आक और निर्गुण्डी (सिन्दुवार) के रस में गदहा, घोड़ा तथा महिष के रक्त को मिश्रित कर कौए के पंखों से लिखना चाहिए ॥ १७-१८ ॥

विमर्श - पीठ पूजा - सर्वप्रथम १८. ११ में उल्लिखित कालरात्रि के स्वरूप का ध्यान कर मानसोपचार से उनका पृजन कर अर्घ्य स्थापित करे । फिर पीठ देवताओं का इस प्रकार पूजन करे । यथा - **पीठमध्ये** -

ॐ आधारशक्त्यै नमः ॐ प्रकृत्यै नमः ॐ कूर्माय नमः,
ॐ शेषाय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः, ॐ सुधाम्बुधये नमः,
पायसान्नेन जुहुयात्पूजिते हेमरेतसि ॥ १४७ ॥

आवरणदेवताकथनं पूजनं च

जयादि शक्तिभिर्युक्ते पीठे देवीं यजेत्ततः ।
तत्त्वपत्रावृतत्र्यस्र षट्कोणाष्टदलान्विते ॥ १४८ ॥

महालक्ष्मीध्यानमाह – **अक्षस्रगिति** । कुण्डिकां कमण्डलुम् । जलजं शंखम् । अक्षमालापद्मबाणखड्गवज्रगदाचक्रकमण्डलुशंखा दक्षेषु । अन्ये वामेषु । सैरिभमर्दिनीं महिषासुरघातिनीं सरोजोद्भवां देवदेहनिर्गततेजःसमुद्भवाम् ॥ १४५ ॥ महासरस्वतीध्यानमाह – **घण्टेति** । शंखमुसलचक्रबाणा दक्षेषु । घण्टाशूलहलधनूंषि वामेषु । **घनान्तेति** । शरच्चन्द्रसमप्रभाम् ॥ १४६ ॥ हेमरेतसि वह्नौ ॥ १४७॥ *॥ १४८–१५१ ॥

अपनी १८ भुजाओं में क्रमशः अक्षमाला, परशु, गदा, बाण, वज्र, कमल, धनुष, कमण्डलु, दण्ड, शक्ति, तलवार, ढाल, शंख, घण्टा, पानपात्र, त्रिशुल, पाश एवं सुदर्शन धारण करने वाली, प्रवाल जैसी शरीर की कान्तिवाली कमल पर विराजमान महिषासुरमर्दिनी **महालक्ष्मी का ध्यान** करता हूँ ॥ १४५ ॥

अपनी ८ भुजाओं में क्रमशः घण्टा, शूल, हल, शंख, मुषल, चक्र, धनुष एवं बाण धारण किये हुये, बादलों से निकलते हुये चन्द्रमा के समान आभा वाली, गौरी के देह से उत्पन्न त्रिलोकी की आधारभूता, शुम्भादि दैत्यों का मर्दन करने वाली श्री **महासरस्वती का ध्यान** करता हूँ ॥ १४६ ॥

इस प्रकार ध्यान कर उपर्युक्त नवार्ण मन्त्र का ४ लाख जप करना चाहिए । तदनन्तर विधिवत् पूजित अग्नि में खीर का दशांश होम करना चाहिए ॥ १४७ ॥

इसके बाद जयादि शक्तियों वाले पीठ पर तथा त्रिकोण, षट्कोण, अष्टदल एवं चतुर्विंशति दल, तदनन्तर भूपुर वाले यन्त्र पर देवी का पूजन करना चाहिए ॥ १४८॥

विमर्श - पीठ पूजा विधि - (१८. १४४-१४५) में वर्णित चण्डी के तीनों स्वरूपों का ध्यान कर मानसोपचारों से उनका पूजन कर अर्घ्य स्थापित करे । फिर पीठ देवताओं का इस प्रकार पूजन करे । पीठमध्ये -

ॐ आधारशक्तये नमः,
ॐ प्रकृतये नमः, ॐ कूर्माय नमः
ॐ शेषाय नमः, ॐ पृथिव्यै नमः,
ॐ सुधाम्बुधये नमः,
ॐ मणिद्वीपाय नमः,
ॐ चिन्तामणि गृहाय नमः,
ॐ श्मशानाय नमः,
ॐ पारिजात्याय नमः,
ॐ रत्नवेदिकायै नमः कर्णिकायाः मूले
ॐ मणिपीठाय नमः कर्णिकोपरि

ततश्चतुर्दिक्षु -

ॐ नानामुनिभ्यो नमः,
ॐ नानादेवेभ्यो नमः, ॐ शवेभ्यो नमः, ॐ सर्वमुण्डेभ्यो नमः,
ॐ शिवाभ्यो नमः ॐ धर्माय नमः, ॐ ज्ञानाय नमः
ॐ वैराग्याय नमः ॐ ऐश्वर्याय नमः,

चतुष्कोणेषु - ॐ अधर्माय नमः, ॐ अज्ञानाय नमः,
ॐ अवैराग्याय नमः, ॐ अनैश्वर्याय नमः ।

मध्ये - ॐ आनन्दकन्दाय नमः, ॐ संविन्नालाय नमः
ॐ सर्वतत्त्वात्मकपद्माय नमः ॐ प्रकृतमयपत्रेभ्यो नमः,
ॐ विकारमयकेसरेभ्यो नमः, ॐ पञ्चाशद्बीजाढ्यकर्णिकायै नमः,
ॐ अं द्वादशकलात्मने सूर्यमण्डलाय नमः, ॐ वं षोडशकलात्मने सोममण्डलाय नमः
ॐ सं दशकलात्मने वह्निमण्डलाय नमः, ॐ सं सत्त्वाय नमः,
ॐ रं रजसे नमः, ॐ तं तमसे नमः,
ॐ आं आत्मने नमः, ॐ अं अन्तरात्मने नमः,
ॐ पं परमात्मने नमः, ॐ ह्रीं ज्ञानात्मने नमः ।

इसके बाद पूर्वादि आठ दिशाओं में तथा मध्य में जयादि शक्तियों की इस प्रकार पूजा करनी चाहिए - ॐ जयायै नमः पूर्वे, ॐ विजयायै नमः, आग्नेये,
ॐ अजितायै नमः दक्षिणे, ॐ अपराजितायै नमः, नैर्ऋत्यें,
ॐ नित्यायै नमः पश्चिमे, ॐ विलासिन्यै नमः, वायव्ये,
ॐ दोग्ध्र्यै नमः उत्तरे, ॐ अधोरायै नमः ऐशान्ये
ॐ मङ्गलायै नमः मध्ये ।

त्रिकोणमध्ये सम्पूज्य ध्यात्वा तां मूलमन्त्रतः ।
पूर्वकोणे विधातारं सुरया सह पूजयेत् ॥ १४६ ॥
विष्णुं श्रिया च नैर्ऋत्ये वायव्ये तूमया शिवम् ।
उदग्दक्षिणयोः सिहं महिषं चक्रमाद्यजेत् ॥ १५० ॥
षट्सु कोणेषु पूर्वादिनन्दजां रक्तदन्तिकाम् ।
शाकम्भरीं तथा दुर्गां भीमां च भ्रामरीं यजेत् ॥ १५१ ॥
सबिन्दुनादाद्यर्णाद्यास्ताराद्याश्च नमोन्तिकाः ।
नन्दजाद्या यजेच्छक्तीर्वक्ष्यमाणा अपीदृशीः ॥ १५२ ॥
अष्टपत्रेषु ब्रह्माणी पूज्या माहेश्वरी परा ।
कौमारी वैष्णवी चाथ वाराही नारसिंह्यपि ॥ १५३ ॥
पश्चादैन्द्री च चामुण्डा तथा तत्त्वदलेष्विमाः ।
विष्णुमायाचेतना च बुद्धिर्निद्राक्षुधा ततः ॥ १५४ ॥

सबिन्द्विति । ॐ नन्दजायै नम इत्यादिरूपा वक्ष्यमाणाः अपीदृशीः सबिन्दुनादाद्यर्णाद्यास्ताराद्या नमोन्ता यजेत् । ॐ ब्रह्माण्यैर्नम इत्यादि० ॥ १५२–१५३ ॥ तत्तद्दलेषु चतुर्विंशति पत्रेषु विष्णु मायाद्याः ॥ १५४–१५८ ॥

इसके बाद 'ह्रीं चण्डिकायोगपीठात्मने नमः' इस पीठ मन्त्र से आसन देकर मूल मन्त्र से मूर्ति कल्पित कर ध्यान आवाहनादि उपचारों से पञ्चपुष्पाञ्जलि समर्पण पर्यन्त चण्डी की विधिवत् पूजा कर उनकी आज्ञा ले आवरण पूजा करनी चाहिए ॥ १४८ ॥

अब **आवरण पूजा का विधान** कहते है -

त्रिकोण के मध्य बिन्दु में देवी का ध्यान कर मूलमन्त्र से उनकी पूजा करनी चाहिए । फिर त्रिकोण के पूर्व वाले कोण में सरस्वती के साथ ब्रह्मा का, नैर्ऋत्य वाले कोण में महालक्ष्मी के साथ विष्णु का तथा वायव्य कोण में उमा के साथ शिव का पूजन करना चाहिए । उत्तर एवं दक्षिण दिशा में क्रमशः सिंह एवं महिष का पूजन करना चाहिए ॥ १४६-१५० ॥

षट्कोण में पूर्वादि ६ कोणों में क्रमशः नन्दजा, रक्तदन्तिका, शाकम्भरी, दुर्गा, भीमा एवं भ्रामरी का पूजन करना चाहिए । नन्दजा आदि शक्तियों के प्रारम्भ में प्रणव लगाकर उनके नामों के आदि अक्षर में अनुस्वार लगाकर अन्त में नमः लगाकर निष्पन्न मन्त्रों से पूजन करना चाहिए ॥ १५१-१५२ ॥

फिर अष्टदल में ब्रह्माणी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, नारसिंही, ऐन्द्री तथा चामुण्डा का पूजन करना चाहिए ॥ १५३-१५४ ॥

छायाशक्तिः परा तृष्णा क्षान्तिर्जातिश्च लज्जया ।
शान्तिः श्रद्धा कान्तिलक्ष्म्यौ धृतिर्वृत्तिः श्रुतिः स्मृति ॥ १५५ ॥
तुष्टिः पुष्टिर्दया माता भ्रान्तिः शक्तिरिति क्रमात् ।
बहिर्भूगृहकोणेषु गणेशः क्षेत्रपालकः ॥ १५६ ॥
बटुकश्चापि योगिन्यः पूज्या इन्द्रादिका अपि ।
एवं सिद्धे मनौ मन्त्री भवेत्सौभाग्यभाजनम् ॥ १५७ ॥

तदनन्तर चतुर्विंशति दलों में, विष्णुमाया, चेतना, बुद्धि, निद्रा, क्षुधा, छाया, शक्ति, तृष्णा, क्षान्ति, जाति, लज्जा, शान्ति, श्रद्धा, कान्ति, लक्ष्मी, धृति, वृत्ति, श्रुति, स्मृति, तुष्टि, पुष्टि, दया, माता एवं भ्रान्ति का पूजन करना चाहिए ॥ १५४-१५६ ॥

भूपुर के बारह कोणो में गणेश, क्षेत्रपाल, बटुक और योगिनियों का, तदनन्तर पूर्वादि दिशाओं में इन्द्रादि दिक्पालों का भी पूजन करना चाहिए । इस प्रकार मन्त्र के सिद्ध हो जाने पर साधक सौभाग्यशाली बन जाता है ॥ १५६-१५७ ॥

विमर्श - आवरण पूजा विधि - त्रिकोण के मध्य बिन्दु पर देवी का ध्यान कर मूल मन्त्र से पूजन करने के बाद पुष्पाञ्जलि लेकर 'ॐ संविन्मये परे देवि परामृतरसप्रिये अनुज्ञां चण्डिके देहि परिवारार्चनाय में' इस मन्त्र से पुष्पाञ्जलि चढ़ाकर देवी की आज्ञा ले इस प्रकार आवरण पूजा करनी चाहिए । आवरण पूजा में सर्वप्रथम षडङ्गपूजा का विधान है । अतः त्रिकोण के बाहर आग्नेययादि कोणों में मध्य में तथा चतुर्दिक्षु इस प्रकार **प्रथमावरण** में षडङ्ग पूजा करनी चाहिए -

ऐं हृदयाय नमः, आग्नेये, ह्रीं शिरसे स्वाहा, ऐशान्ये,
क्लीं शिखायै वषट्, नैर्ऋत्ये, चामुण्डायै कवचाय हुम्, वायव्ये,
विच्चे नेत्रत्रयाय वौषट्, मध्ये, ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे अस्त्राय फट् चतुर्दिक्षु

इसके बाद पुष्पाञ्जलि लेकर 'अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सले भक्त्या समर्पये तुभ्यं प्रथमावरणार्चनम्' - इस मन्त्र से पुष्पाञ्जलि देनी चाहिए ।

द्वितीयावरण में त्रिकोण के पूर्वादि कोणों में सरस्वती ब्रह्मादिक की पूजा निम्न रीति से करनी चाहिए । यथा - ॐ सरस्वतीब्रह्माभ्यां नमः पूर्वकोणे,
ॐ लक्ष्मीविष्णुभ्यां नमः, नैर्ऋत्यकोणे ॐ गौरीरुद्राभ्यां नमः, वायव्यकोणे;
ॐ सिं सिंहाय नमः, उत्तरे, ॐ मं महिषाय नमः दक्षिणे,

फिर पुष्पाञ्जलि लेकर मूलमन्त्र के साथ 'अभीष्टसिद्धिं ... द्वितीयावरणार्चनम्' पर्यान्त मन्त्र पढ़कर द्वितीय पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

इसके बाद तृतीयावरण में षट्कोणो में नन्दजा आदि ६ शक्तियों की निम्नलिखित मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए । यथा - ॐ नं नन्दजायै नमः, पूर्वे, ॐ रं रक्तदन्तिकायै नमः, आग्नेये, ॐ शां शाकम्भर्यै नमः, दक्षिणे, ॐ दुं दुर्गायै नमः, नैर्ऋत्ये, ॐ भीं भीमायै नमः, पश्चिमे, ॐ भ्रां भ्रामर्यै नमः, वायव्ये ।

तदनन्तर पुष्पाञ्जलि दे कर मूल मन्त्र के साथ 'अभीष्टसिद्धिं ... तृतीयावरणार्चनम्' पर्यन्त मन्त्र बोल कर तृतीय पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए।

चतुर्थ आवरण में अष्टदल में पूर्वादि दल के क्रम से ब्रह्माणी आदि ८ मातृकाओं की निम्न नाम मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ ब्रं ब्रह्मण्यै नमः पूर्वदले, ॐ मां माहेश्वर्यै नमः आग्नेयदले,
ॐ कीं कौमार्यै नमः दक्षिणदले, ॐ वैं वैष्णव्यै नमः नैर्ऋत्यदले,
ॐ वां वाराह्यै नमः पश्चिमदले, ॐ नां नारसिंह्यै नमः वायव्यदले,
ॐ ऐं ऐन्द्र्यै नमः उत्तरदले, ॐ चां चामुण्डायै नमः, ऐशान्य दल

इसके पश्चात् पुष्पाञ्जलि लेकर मूल मन्त्र के साथ 'अभीष्टसिद्धिं ... चतुर्थावरणार्चनम्' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर चतुर्थ पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

पञ्चम आवरण में चतुर्विंशति दल में पूर्वादि क्रम से विष्णु माया आदि २४ शक्तियों की इस प्रकार पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ विं विष्णुमायायै नमः, ॐ चे चेतनायै नमः ॐ बुं बुद्ध्यै नमः,
ॐ निं निद्रायै नमः ॐ क्षुं क्षुधायै नमः, ॐ छां छायायै नमः
ॐ शं शक्त्यै नमः ॐ तृं तृष्णायै नमः, ॐ क्षां क्षान्त्यै नमः,
ॐ जां जात्यै नमः, ॐ लं लज्जायै नमः ॐ शां शान्त्यै नमः
ॐ श्रं श्रद्धायै नमः, ॐ कां कान्त्यै नमः ॐ लं लक्ष्म्यै नमः
ॐ धृं धृत्यै नमः, ॐ वृं वृत्यै नमः ॐ श्रुं श्रुत्यै नमः
ॐ स्मृं स्मृत्यै नमः ॐ तुं तुष्ट्यै नमः ॐ पु पुष्ट्यै नमः
ॐ दं दयायै नमः ॐ मां मात्रे नमः ॐ भ्रां भ्रान्त्यै नमः

इसके बाद पुष्पाञ्जलि लेकर मूलमन्त्र के साथ 'अभीष्टसिद्धिं ... पञ्चमावरणार्चनम्' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर पञ्चम पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

षष्ठ आवरण में भूपुर के बाहर आग्नेयादि कोणों में निम्न मन्त्रों से गणेश आदि का पूजन करना चाहिए । यथा -

गं गणपतये नमः, आग्नेये, क्षं क्षेत्रपालाय नमः, नैर्ऋत्ये,
बं बटुकाय नमः, वायव्ये, यों योगिनीभ्यो नमः, ऐशान्ये,

इसके बाद पुष्पाञ्जलि लेकर मूल मन्त्र के साथ 'अभीष्टसिद्धिं ... षष्ठावरणार्चनम्' पर्यन्त मन्त्र पढ़कर षष्ठ पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए ।

सप्तम आवरण में भूपुर के पूर्वादि अपनी अपनी दिशाओं में इन्द्रादि दिक्पालों का निम्नलिखित मन्त्रों से पूजन करना चाहिए । यथा -

ॐ लं इन्द्राय नमः पूर्वे, ॐ रं अग्नये नमः आग्नेये,
ॐ मं यमाय नमः दक्षिणे, ॐ क्षं निर्ऋतये नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ वं वरुणाय नमः, पश्चिमे ॐ यं वायवे नमः, वायव्ये,
ॐ सं सोमाय नमः उत्तरे, ॐ हं ईशानाय नमः ऐशान्ये,

चरित्रत्रयनित्यपठनस्य फलम्

मार्कण्डेयपुराणोक्तं नित्यं चण्डीस्तवं पठन् ।
पुटितं मूलमन्त्रेण जपन्नाप्नोति वाञ्छितम् ॥ १५८ ॥
आश्विनस्य सिते पक्षे आरभ्याग्नितिथिं सुधीः ।
अष्टम्यन्तं जपेल्लक्षं दशांशं होममाचरेत् ॥ १५६ ॥
प्रत्यहं पूजयेद्देवीं पठेत्सप्तशतीमपि ।
विप्रानाराध्य मन्त्री स्वमिष्टार्थं लभतेऽचिरात् ॥ १६० ॥
सप्तशत्याश्चरित्रे तु प्रथमे पद्मभूर्मुनिः ।
छन्दो गायत्रमुदितं महाकाली तु देवता ॥ १६१ ॥

अग्नितिथिं प्रतिपदम् ॥ १५६–१६० ॥ चण्डीस्तवस्य मार्कण्डेयपुराणोक्तस्य ऋष्यादीनाह – **सप्तशत्या** इति । प्रथमं चरित्रं मधुकैटभवधः ॥ १६१ ॥

ॐ अं ब्रह्मणे नमः पूर्वशानयोर्मध्ये, ॐ ह्रीं अनन्ताय नमः नैर्ऋत्यपश्चिमयोर्मध्ये

तदनन्तर पुष्पाञ्जलि लेकर मूलमन्त्र के साथ 'अभीष्टसिद्धिं ... सप्तमावरणार्चनम्' पर्यन्त मन्त्र बोल कर सप्तम् पुष्पाञ्जलि चढ़ानी चाहिए ।

अष्टम आवरण में भूपुर के बाहर पूर्वादि दिशाओं में दिक्पालों के वज्रादि आयुधों की पूजा करनी चाहिए । यथा - ॐ वं वज्राय नमः,
ॐ शं शक्तये नमः, ॐ दं दण्डाय नमः, ॐ खं खड्गाय नमः,
ॐ पां पाशय नमः, ॐ अं अंकुशाय नमः, ॐ गं गदायै नमः,
ॐ शूं शूलाय नमः, ॐ चं चक्राय नमः, ॐ पं पद्माय नमः

फिर पुष्पाञ्जलि लेकर मूल मन्त्र के साथ 'अभीष्टसिद्धिं ... अष्टमावरणार्चनम्' मन्त्र से अष्टम पुष्पाञ्जलि समर्पित करनी चाहिए । इस प्रकार आवरण पूजा के बाद महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती देवताओं की धूप दीपादि उपचारों से विधिवत् पूजा करनी चाहिए ॥ १४६-१५७ ॥

साधक मूलमन्त्र से संपुटित मार्कण्डेय पुराणोक्त चण्डी पाठ को करने से तथा नवार्ण मन्त्र का जप करने से अभीष्ट सिद्धि प्राप्त करता है ॥ १५८ ॥

आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से अष्टमी पर्यन्त मूल मन्त्र का एक लाख जप तथा उसका दशांश होम करना चाहिए ॥ १५६ ॥

प्रतिदिन देवी का पूजन तथा सप्तशती का पाठ और साधक को अन्त में ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए । ऐसा करने से वह शीघ्र ही मनोवाञ्छित फल प्राप्त करता है ॥ १६० ॥

अब प्रकरण प्राप्त सप्तशती के तीनों चरित्रों का विनियोग कहते है -

सप्तशती के प्रथम चरित्र के ब्रह्मा ऋषि है, गायत्री छन्द तथा

वाग्बीजं पावकस्तत्त्वं धर्मार्थे विनियोजनम् ।
मध्यमे तु चरित्रेऽत्र मुनिर्विष्णुरुदाहृतः ॥ १६२ ॥
उष्णिक्छन्दो महालक्ष्मीर्देवताबीजमद्रिजा ।
वायुस्तत्त्वं धनप्राप्त्यै विनियोग उदाहृतः ॥ १६३ ॥
उत्तरस्य चरित्रस्य ऋषिः शंकर ईरितः ।
त्रिष्टुप्छन्दो देवतास्य प्रोक्ता महासरस्वती ॥ १६४ ॥
कामबीजं रविस्तत्त्वं कामाप्त्यै विनियोजनम् ।
एवं संस्मृत्य ऋष्यादीन् ध्यात्वा पूर्वोक्तमार्गतः ॥ १६५ ॥
सार्थस्मृति पठेच्चण्डीस्तवं स्पष्टपदाक्षरम् ।
समाप्तौ तु महालक्ष्मीं ध्यात्वा कृत्वा षडङ्गकम् ॥ १६६ ॥

मध्यमं महिषासुरवधः ॥ १६२॥ अद्रिजा ह्रीं ॥ १६३॥ उत्तरं शुम्भनिशुम्भवधः ॥ १६४ ॥ कामः क्लीं ॥ १६५ ॥ सार्थस्मृति अर्थस्मरणपूर्वकम् ॥ १६६–१६७ ॥

महाकाली देवता हैं । वाग्बीज (ऐं) अग्नि तत्त्व तथा धमार्थ इसका विनियोग किया जाता है ॥ १६१-१६२ ॥

मध्यम चरित्र के विष्णु ऋषि, उष्णिक् छन्द तथा महालक्ष्मी देवता कही गई है । अद्रिजा (ह्रीं) बीज तथा वायुतत्त्व है तथा धन प्राप्ति हेतु इसका विनियोग होता है ॥ १६२-१६३ ॥

उत्तर चरित्र के रुद्र ऋषि कहे गये हैं, त्रिष्टुप् छन्द और महासरस्वती देवता हैं । काम (क्लीं) बीज तथा सूर्य तत्त्व हैं काम प्राप्ति हेतु इसका विनियोग होता है ॥ १६४-१६५ ॥

विमर्श - विनियोग विधि १. अस्य श्रीप्रथमचरित्रस्य ब्रह्माऋषिः गायत्रीच्छन्दः महाकालीदेवता ऐं बीजमग्निस्तत्त्वं धमार्थे जपे विनियोगः ।

२. अस्य श्रीमध्यमचरित्रस्य विष्णुर्ऋषिरुष्णिक्छन्दः महालक्ष्मीदेवता ह्रीं बीजं वायुस्तत्त्वं धनप्राप्त्यै जपे विनियोगः ।

३. अस्य श्रीउत्तरचरित्रस्य रुद्रऋषिस्त्रिष्टुप्छन्दः महासरस्वतीदेवता क्लीं बीजं सूर्यस्तत्त्वं कामप्रदायै जपे विनियोगः ॥ १६१-१६५ ॥

अब **ऋष्यादिन्यास** तथा **सप्तशती के पाठ का विधान** कहते हैं -

इस प्रकार सप्तशती के ऋषि देवता तथा छन्दादि का विनियोग कर पूर्वोक्त (द्र० १८. १४४-१४६) मार्ग से देवी का ध्यान कर, उसके अर्थ का स्मरण करते हुये, पद एवं अक्षरों का स्पष्टरूप में उच्चारण करते हुये, सप्तशतीस्तव का पाठ करना चाहिए । पाठ की समाप्ति में महालक्ष्मी का ध्यान षडङ्गन्यास तथा

जपेदष्टशतं मूलं देवतायै निवेदयेत् ।
एवं यः कुरुते स्तोत्रं नावसीदति जातुचित् ॥ १६७ ॥
चण्डिकां प्रभजन्मर्त्यो धनैर्धान्यैर्यशश्चयैः ।
पुत्रैः पौत्रैरुतारोग्यैर्युक्तो जीवेद् बहूः समाः ॥ १६८ ॥

अथ शतचण्डीविधानम्

शतचण्डीविधानं तु प्रवक्ष्ये प्रीतये नृणाम् ।
नृपोपद्रव आपन्ने दुर्भिक्षे भूमिकम्पने ॥ १६९ ॥
अतिवृष्ट्यामनावृष्टौ परचक्रभये क्षये ।
सर्वे विघ्ना विनश्यन्ति शतचण्डीविधौ कृते ॥ १७० ॥
रोगाणां वैरिणां नाशो धनपुत्रसमृद्धयः ।
शंकरस्य भवान्या वा प्रासादान्निकटे शुभम् ॥ १७१ ॥
मण्डपद्वारवेद्याद्यं कुर्यात् सध्वजतोरणम् ।
तत्र कुण्डं प्रकुर्वीत प्रतीच्यां मध्यतोपि वा ॥ १७२ ॥

यशश्च यैः कीर्तिसमूहैः । समा वर्षाणि ॥ १६८ ॥ शतचण्डीविधानमाह – **शतेति** । तत्र निमित्तान्याह – **नृपोपद्रव** इति ॥ १६९–१७२ ॥ अथ **प्रयोगः** – शास्त्रोक्तविधिना शंकरालये भवान्यालये वा मण्डपं वेदिमध्ये निर्माय प्रतीच्यां कुण्डमध्ये वा कृत्वा कृतनित्यक्रियौमुककामः शतचण्डीविधानमहं करिष्य

मूलमन्त्र का १०८ बार जप करना चाहिए । फिर देवी को सारा जप निवेदन कर देना चाहिए ॥ १६५-१६७ ॥

इस विधि से जो व्यक्ति सप्तशती का पाठ करता है वह कभी भी दुःख नहीं प्राप्त करता है । चण्डिका की उपासना करने वाला व्यक्ति धन, धान्य, यश, पुत्र पौत्र और आरोग्य सहित बहुत वर्षो तक जीवित रहता है ॥ १६७-१६८ ॥

मनुष्यों के कल्याण के लिये **शतचण्डी का विधान** कहता हूँ -

शास्त्रोक्त विधान से शतचण्डी का अनुष्ठान करने से राजा के द्वारा उपद्रव दुर्भिक्ष, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, शत्रु का आक्रमण तथा निरन्तर होने वाला विनाश ये सारे उपद्रव नष्ट हो जाते हैं । रोग एवं शत्रुओं का विनाश तो हो जाता है धन और पुत्रादि की अभिवृद्धि भी होती है ॥ १६९-१७१ ॥

अब **शतचण्डी अनुष्ठान का प्रयोग** कहते है -

शास्त्रोक्त विधि के अनुसार शिवालय अथवा किसी देवी मन्दिर के सन्निकट ध्वज एवं तोरण, वन्दनवारों से सजे हुए सुन्दर मण्डप, द्वार एवं मध्य में वेदी का और पश्चिम दिशा में अथवा मध्य में कुण्ड का निर्माण करे ॥ १७१-१७२ ॥

स्नात्वा नित्यकृतिं कृत्वा वृणुयाद्दशवाडवान्।
जितेन्द्रियान्सदाचारान्कुलीनान् सत्यवादिनः॥ १७३॥
व्युत्पन्नांश्चण्डिकापाठरताँल्लज्जादयावतः।
मधुपर्कविधानेन वस्त्रस्वर्णादिदानतः॥ १७४॥
जपार्थमासनं मालां दद्यात्तेभ्योऽपि भोजनम्।
तेहविष्यान्नमश्नन्तो मन्त्रार्थगतमानसाः॥ १७५॥
भूमौ शयानाः प्रत्येकं जपेयुश्चण्डिकास्तवम्।
मार्कण्डेयपुराणोक्तं दशकृत्वः सुचेतसः॥ १७६॥'

इति संकल्पं विधाय मातृस्थापनं नान्दीश्राद्धं विधाय स्वस्तिवाचनं कृत्वा उक्तलक्षणां दशविप्रान् मधुपर्कवस्त्रहेमदानादिना वृणुयात्। ते च यजमानदत्तमालाभिः समाहिताः सुमनसो भगवतीं स्मरन्तः सप्तशतीमूलमन्त्रेण वेद्यां कुम्भं स्थापयित्वा तत्र दुर्गामावाह्य षोडशोपचारैः सम्पूज्य तदग्रे प्रत्येकं दशकृत्वः सप्तशतीमयुतं च नवार्णं जपेयुः। हविष्यभोजन ब्रह्मचर्यभूशयना- स्पृश्यास्पर्शादिनियमांश्च चरेयुः। यजमानश्च द्विवर्षाद्या उक्तलक्षणा अधिकांगी- मित्यादि दुर्लक्षणरहिताः कुमारी त्रिमूर्तिं कल्याणादिनाम्नीर्दशकन्या भोजन- वस्त्रहेमदानादिना मन्त्राक्षरमयीमित्यादि मन्त्रेणावाह्य जगत्पूज्येत्यादि स्वमन्त्रः पूजयेत्। एवं चत्वारि दिनानि जपं कुमारीपूजाञ्च समाप्य पञ्चमेऽह्नि कुण्डे आगमोक्तपूर्वविधिना वह्निं संस्थाप्य पायसान्नादिभिरुक्तैर्द्रव्यैर्जुहुयुः। सप्तशत्याः प्रतिश्लोकं दशवारं नवार्णेनायुतं च होमसंख्या। एकैको द्विजः सकृत् सप्त- शतीप्रतिश्लोकं सहस्रं मूलेन च जुहुयादित्यर्थः॥ १७३–१७६॥ *॥ १७७–२००॥

फिर स्नानादि नित्यक्रिया कर (मण्डप में पधार कर 'अमुक कामोऽहं शतचण्डी विधानमहं करिष्ये' इस प्रकार का संकल्प कर गणेश पूजनादि मातृस्थापन, नान्दीश्राद्ध, स्वस्ति वाचनादि कर्म कर) जितेन्द्रिय, सदाचारी, कुलीन, सत्यवादी, चण्डीपाठ में व्युत्पन्न लज्जालु, दयावान् एवं शीलवान् दश ब्राह्मणों का मधुपर्क विधान से वस्त्र, स्वर्ण और जप के लिये आसन और माला दे कर वरण करे और उन्हें भोजन कराए॥ १७३-१७५॥

वे ब्राह्मण भी यजमान द्वारा प्रदत्त आसन पर बैठकर समाहित चित्त से देवी को स्मरण कर, सप्तशती के मूलमन्त्र से वेदी पर कलश स्थापित कर, उस पर देवों का आवाहन कर, षोडशोपचार से पूजन कर, उसी कलश के आगे बैठकर पूजन करें। उन ब्राह्मणों को हविष्यान्न का भोजन कराते हुए और भूमि में ब्रह्मचर्यपूर्वक शयन करते हुए मन्त्रों के अर्थों में मन लगाकर दश दश की संख्या में मार्कण्डेय पुराणोक्त सप्तशती का पाठ करना चाहिए (तथा प्रत्येक दश दश हजार की संख्या में

नवार्ण चण्डिकामन्त्रं जपेयुश्चायुतं पृथक् ।
यजमानः पूजयेच्च कन्यानां दशकं शुभम् ॥ १७७ ॥
द्विवर्षाद्या दशाब्दान्ताः कुमारीः परिपूजयेत् ।
नाधिकाङ्गी न हीनांगीं कुष्ठिनी च ब्रणांकिताम् ॥ १७८ ॥
अन्धां काणां केकरां च कुरूपां रोमयुक्तनुम् ।
दासीजातां रोगयुक्तां दुष्टां कन्यां न पूजयेत् ॥ १७९ ॥
विप्रां सर्वेष्टसंसिद्ध्यै यशसे क्षत्रियोद्भवाम् ।
वैश्यानां धनलाभाय पुत्राप्त्यै शूद्रजां यजेत् ॥ १८० ॥
द्विवर्षा सा कुमार्युक्ता त्रिमूर्तिर्हायनत्रिका ।
चतुरब्दा तु कल्याणी पञ्चवर्षा तु रोहिणी ॥ १८१ ॥
षडब्दा कालिका प्रोक्ता चण्डिका सप्तहायनी ।
अष्टवर्षा शाम्भवी स्याद् दुर्गा च नवहायनी ॥ १८२ ॥
सुभद्रा दशवर्षोक्तास्तामन्त्रैः परिपूजयेत् ।
एकाब्दायाः प्रीत्यभावो रुद्राब्दास्तु विवर्जिताः ॥ १८३ ॥
तासामावाहने मन्त्राः प्रोच्यन्ते शंकरोदिताः ।
मन्त्राक्षरमयीं लक्ष्मीं मातृणां रूपधारिणीम् ॥ १८४ ॥

पृथक् पृथक् नवार्ण मन्त्र का जप करे तथा अस्पृश्य का स्पर्श न करना आदि समस्त वर्जित नियमों का भी पालन करे) ॥ १७५-१७७ ॥

अब **कुमारी पूजन का विधान** कहते हैं - इसके बाद यजमान अधिकाङ्ग हीनाङ्गादि दुर्लक्षणों से रहित २ वर्ष से लेकर १० वर्ष की आयु वाली बटुक सहित १० कन्याओं का पूजन करे ॥ १७७ ॥

कुण्ठ रोग ग्रस्त, व्रण वाली, अन्धी, कानी, केकराक्षी कुरूपा, रोगयुक्ता दासी पुत्री और दुष्टा कन्या का पूजन वर्जित है । अभीष्ट सिद्धि हेतु ब्राह्मणकन्या, यशोवृद्धि के लिये क्षत्रिय कन्या, धनलाभ के लिये वैश्य कन्या तथा पुत्र प्राप्ति के लिये शूद्र कन्या का पूजन करना चाहिए ॥ १७८-१८० ॥

दो वर्ष की कन्या - कुमारी, ३ वर्ष की - त्रिमूर्ति, ४ वर्ष की - कल्याणी, ५ वर्ष की - रोहिणी, ६ वर्ष की - कालिका, ७ वर्ष की - चण्डिका, ८ वर्ष की - शाम्भवी, ९ वर्ष की - दुर्गा तथा १० वर्ष की कन्या सुभद्रा कही जाती है । इनका मन्त्रों के द्वारा पूजन करना चाहिए ॥ १८१-१८३ ॥

१ वर्ष की कन्या में प्रीति का अभाव होने से पूजन मे अयोग्य तथा ११ वर्ष वाली कन्या पूजन में वर्जित है ॥ १८३-१८४ ॥

अब उनके **आवाहनादि के लिये शंकराचार्य द्वारा संप्रोक्त मन्त्र** कहता हूँ -

नवदुर्गात्मिकां साक्षात्कन्यामावाहयाम्यहम्।
कुमारिकादिकन्यानां पूजामन्त्रान्ब्रुवेऽधुना ॥ १८५ ॥

कन्यकापूजनप्रकारस्तासां मन्त्राश्च

जगत्पूज्ये जगद्वन्द्ये सर्वदेवस्वरुपिणी।
पूजां गृहाण कौमारि जगन्मातर्नमोऽस्तु ते ॥ १८६ ॥
त्रिपुरां त्रिपुराधारां त्रिवर्गज्ञानरूपिणीम्।
त्रैलोक्यवन्दितां देवीं त्रिमूर्तिं पूजयाम्यहम् ॥ १८७ ॥
कालात्मिकां कलातीतां कारुण्यहृदयां शिवाम्।
कल्याणजननीं देवीं कल्याणी पूजयाम्यहम् ॥ १८८ ॥
अणिमादि गुणाधारामकाराद्यक्षरात्मिकाम्।
अनन्तशक्तिकां लक्ष्मीं रोहिणीं पूजयाम्यहम् ॥ १८९ ॥
कामचारां शुभां कान्तां कालचक्रस्वरूपिणीम्।
कामदां करुणोदारां कालिकां पूजयाम्यहम् ॥ १९० ॥
चण्डवीरां चण्डमायां चण्डमुण्डप्रभञ्जनीम्।
पूजयामि महादेवीं चण्डिकां चण्डविक्रमाम् ॥ १९१ ॥
सदानन्दकरीं शान्तां सर्वदेव नमस्कृताम्।
सर्वभूतात्मिकां देवीं शाम्भवीं पूजयाम्यहम् ॥ १९२ ॥
दुर्गमे दुस्तरे कार्य्ये भवार्णवविनाशिनि।
पूजयामि सदा भक्त्या दुर्गांदुर्गार्तिनाशिनीम् ॥ १९३ ॥
सुन्दरीं स्वर्णवर्णाभां सुखसौभाग्यदायिनीम्।
सुभद्रजननीं देवीं सुभद्रां पूजयाम्यहम् ॥ १९४ ॥

'मन्त्राक्षरमयीं' से लेकर 'कन्यामावाह्याम्यहम्' पर्यन्त (द्र० १८. १८४-१८५) मन्त्र का उच्चारण करते हुये उन कुमारियों का आवाहन करना चाहिए ॥ १८५ ॥

फिर १. 'ॐ जगत्पूज्ये ... नमोस्तुते' पर्यन्त मन्त्र (द्र०. १९. १८६) से कुमारी का, २. 'ॐ त्रिपुरां त्रिपुराधाराम्' से त्रिमूर्ति का, ३. 'ॐ कालात्मिकाकलातीता' से कल्याणी का, ४. 'ॐ अणिमादिगुणाधराम्' से रोहिणी का, ५. 'ॐ कामचारां शुभां कान्ताम्' से कालिका का, ६. 'ॐ चण्डवीरां चण्डमायां०' से चण्डिका का, ७. 'ॐ सदानन्दकरीं शान्ताम्०' से शाम्भवी का, ८. 'ॐ दुर्गमे दुस्तरे कार्ये०' से दुर्गा का, ९. 'ॐ सुन्दरीं स्वर्णवर्णाभां०' से सुभद्रा का पूजन करना चाहिए ॥ १८६-१९४ ॥

एतैर्मन्त्रैः पुराणोक्तैः स्नातां कन्यां प्रपूजयेत् ।
गन्धैः पुष्पैर्भक्ष्यभोज्यैर्वस्त्रैराभरणैरपि ॥ १९५ ॥
वेद्यां विरचिते रम्ये सर्वतोभद्रमण्डले ।
घटं संस्थाप्य विधिवत्तत्रावाह्यार्च्चयेच्छिवाम् ॥ १९६ ॥
तदग्रे कन्यकाश्चापि पूजयेद् ब्राह्मणानपि ।
उपचारैस्तु विविधैः पूर्वोक्तावरणान्यपि ॥ १९७ ॥

पञ्चमदिने हवनकृत्यम्

एवं चतुर्दिनं कृत्वा पञ्चमे होममाचरेत् ।
पायसान्नैस्त्रिमध्वक्तैर्द्राक्षारम्भाफलैरपि ॥ १९८ ॥
मातुलिङ्गैरिक्षुखण्डैर्नारिकेलैः पुरैस्तिलैः ।
जातीफलैराम्रफलैरन्यैर्मधुरवस्तुभिः ॥ १९९ ॥
सप्तशत्या दशावृत्त्या प्रतिश्लोकं हुतं चरेत् ।
अयुतं च नवार्णेन स्थापिताग्नौ विधानतः ॥ २०० ॥
कृत्वावरण देवानां होमं तन्नाममन्त्रतः ।
कृत्वा पूर्णाहुतिं सम्यग्देवमग्निं विसर्ज्य च ॥ २०१ ॥

ततः आवरणदेवतानां नाममन्त्रैस्तारादिस्वाहान्तैरेकैकामाहुतिं हुत्वा पूर्णाहुतिं कृत्वा देवीं कुम्भस्थां सम्पूज्य बलिदानं विधाय ऋत्विग्भ्यः प्रत्येकं

पुराणोक्त इन इन मन्त्रों से स्नान की हुई कन्याओं का गन्ध, पुष्प, भक्ष्य, भोज्य, वस्त्र एवं आभूषणों से पूजन करना चाहिए ॥ १९५ ॥

अब **सर्वतोभद्रमण्डल पर घटस्थापन, पूजन एवं हवन का विधान** कहते हैं -

वेदी पर बनाये गये परम रमणीय सर्वतोभद्रमण्डल पर घटस्थापन कर भगवती का विधिवत् आवाहन एवं पूजन करना चाहिए । उसके आगे यथोपलब्ध विविध उपचारों से कन्या एवं ब्राह्मणों का विधिवत् पूजन करना चाहिए । तदनन्तर पूर्वोक्त (द्र०. १८. १४६-१५७) आवरण पूजा करनी चाहिए ॥ १९६-१९७ ॥

इस विधि से ४ दिन तक अनुष्ठान कर ५ वें दिन होम करना चाहिए । सप्तशती की १० आवृत्तियों से प्रत्येक श्लोक से मधुरत्रय (घृत, शक्कर, मधु) सहित खीर, अंगूर, केला, बिजौरा, उख के टुकड़े, नारियल, तिल, आम और अन्य मधुर वस्तुओं से होम करना चाहिए ॥ १९८-१९९ ॥

इसी प्रकार विधिवत् स्थापित अग्नि में नवार्ण मन्त्र से १० हजार आहुतियाँ भी देनी चाहिए । फिर आवरण देवताओं का उनके नाम मन्त्रों के आरम्भ में प्रणव तथा अन्त में 'स्वाहा' लगाकर एक एक आहुति देनी चाहिए । फिर

अभिषिञ्चेच्च यष्टारं विप्रौघः कलशोदकैः।
निष्कं सुवर्णमथवा प्रत्येकं दक्षिणां दिशेत्॥ २०२॥
भोजयेच्च शतं विप्रान् भक्ष्यभोज्यैः पृथग्विधैः।
तेभ्योऽपि दक्षिणां दत्त्वा गृह्णीयादाशिषस्ततः॥ २०३॥

शतचण्डीविधानस्य फलकथनम्

एवं कृते जगद्वश्यं सर्वे नश्यन्त्युपद्रवाः।
राज्यं धनं यशः पुत्रानिष्टमन्यल्लभेत सः॥ २०४॥

सहस्रायुतादिचण्डीविधानफलं च

एतद्दशगुणं कुर्याच्चण्डी साहस्रजं विधिम्।
विद्यावतः सदाचारान् ब्रह्माणान् वृणुयाच्छतम्॥ २०५॥

निष्कमशक्तौ सुवर्णमितं सुवर्णं दद्यात् ॥ २०१ ॥ ततो विप्राः कलशोदकेन यजमानं निगमपुराणोक्तमन्त्रैरभिषिञ्चेयुराशिषश्च दद्युः । ततः शतं विप्रान् नानाविधान्नैर्भोजयेत्। तेभ्योऽपि यथाशक्ति दक्षिणां दद्यात्। इति शतचण्डीविधिः ॥ २०२–२०३ ॥ शतचण्डीविधेः फलमाह – **एवं कृत** इति ॥ २०४ ॥ सहस्रचण्डीविधानमाह – **एतद्दशगुणम्** इति । शतचण्डीविधानदशगुणं सहस्रं चण्डीविधानमित्यर्थः । तत्र शतं विप्रवरणम् ॥ २०५ ॥

पूर्णाहुति कर विधिवत् देवताओं और अग्नि का विसर्जन करना चाहिए । कुम्भस्थ देवी का पूजन कर बलिदान प्रदान कर प्रत्येक ऋत्विजों को निष्क अथवा अशक्त होने पर सुवर्ण दक्षिणा देवे ॥ २००-२०१ ॥

अब **अभिषेक विधान एवं ब्राह्मण भोजन का प्रकार** कहते है -

होम के अनन्तर समस्त वरण किए गए ब्राह्मणो को चाहिए कि कलश के जल से यजमान का अभिषेक कर आशीर्वाद प्रदान करें । यजमान भी प्रत्येक ब्राह्मणों को निष्क अथवा सुवर्ण दक्षिणा देवे और विविध भक्ष्य भोज्यादि पदार्थों से सौ की संख्या में ब्राह्मणों को भोजन करावे । उन्हें भी यथाशक्ति दक्षिणा देवे और उनका आशीर्वाद भी ग्रहण करे ॥ २०२-२०३ ॥

ऐसा करने से संसार वश में हो जाता है । सारे उपद्रव नष्ट हो जाते हैं तथा राज्य, धन, यश, पुत्र की प्राप्ति एवं सारे मनोरथों की पूर्ति भी हो जाती है ॥ २०४ ॥

अब **सहस्रचण्डी का विधान** कहते हैं -

सहस्र चण्डी विधान में शतचण्डी विधान का दश गुना कार्य (पाठ, जप, होम,

प्रत्येकं चण्डिकापाठान् विदध्युस्ते दिशामितान् ।
अयुतं प्रजपेयुस्ते प्रत्येकं नववर्णकम् ॥ २०६ ॥
पूर्वोक्ताः कन्यकाः पूज्याः पूर्वमन्त्रैः शतं शुभाः ।
एवं दशाहं सम्पाद्य होमं कुर्युः प्रयत्नतः ॥ २०७ ॥
सप्तशत्याः शतावृत्त्या प्रतिश्लोकं विधानतः ।
लक्षसंख्यं नवार्णेन पूर्वोक्तैर्द्रव्यसञ्चयैः ॥ २०८ ॥
होतृभ्यो दक्षिणां दत्त्वा पूर्वोक्तान्भोजयेद् द्विजान् ।
सहस्रसम्मितान्साधून् देव्याराधनतत्परान् ॥ २०६ ॥
एवं सहस्रसंख्याके कृते चण्डीविधौ नृणाम् ।
सिद्ध्यत्यभीप्सितं सर्वं दुःखौघश्च विनश्यति ॥ २१० ॥

ते शतविप्राः प्रत्येकं दश दश सप्तशतीपाठान् कुर्युः – अयुतमयुतं नवार्णजपं च कुर्युः ॥ २०६ ॥ शतकन्याश्च भोज्याः । एवं दशदिनेषु संपाद्य एकादशेह्नि सप्तशतीशतावृत्त्या प्रतिश्लोकं तल्लक्षसंख्यं नवार्णेन च होमः ॥ २०७–२०८ ॥ ऋत्विग्भ्योऽपि दश दश निष्कमितं सुवर्णदक्षिणां प्रत्येकं दद्यात् । शेषं पूर्वोक्तवत् । इति सहस्रचण्डीविधिः ॥ २०६ ॥ एतत्फलमाह – **एवं सहस्र संख्याक** इति । एतदयुत चण्डीविधानलक्षविधानयोरूपलक्षणम् । सहस्रचण्डी दशगुणोऽयुतचण्डीविधिः । स दशगुणो लक्षचण्डीविधिः । जपे

दक्षिणा, कन्या पूजन, ब्राह्मण वरण, और ब्राह्मण भोजन) करना चाहिए । इस अनुष्ठान में विद्वान् और सदाचारी १०० ब्राह्मणों का वरण करना चाहिए ॥ २०५ ॥

उनमें से प्रत्येक को १०-१० चण्डी पाठ तथा १०-१० हजार नवार्ण मन्त्र का जप करना चाहिए ॥ २०६ ॥

इसी प्रकार पूर्वोक्त शुभ लक्षण वाली (द्र०. १८. १७७-१८३) सौ कन्याओं का पूर्वोक्त मन्त्रों से (द्र० १८. १८४-१६४) पूजन करना चाहिए । इस प्रकार १० दिन पर्यन्त कार्य करने के बाद विधिवत् होम करना चाहिए ॥ २०७ ॥

सप्तशती की १०० आवृत्तियों से, एक-एक श्लोक द्वारा तथा एक लाख नवार्ण मन्त्रों द्वारा विधिपूर्वक पूर्वोक्त द्रव्यों से हवन करना चाहिए । फिर ऋत्विजों को दक्षिणा देने के बाद पूर्वोक्त लक्षण युक्त (द्र० १८. १७३-१७६) एक हजार सज्जन और देवी की आराधना में तत्पर ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए ॥ २०८-२०६ ॥

इस प्रकार विधिवत् सहस्रचण्डी करने पर उपासक की सारी कामनायें पूरी होती है तथा समस्त दुःख और पाप नष्ट हो जाते है ॥ २१० ॥

मारी दुर्भिक्षरोगाद्या नश्यन्ति व्यसनोच्चयाः।
नेमं विधिं वदेद्दुष्टे खले चौरे गुरुद्रुहि ॥ २११॥
साधौ जितेन्द्रिये दान्ते वदेद्विधिमिमं परम्।
एवं सा चण्डिका तुष्टा वक्तृञ्छ्रोतृंश्च रक्षति ॥ २१२॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ कालरात्रिचण्डीमन्त्र-शतचण्ड्यादिनिरूपणं नाम अष्टादशस्तरङ्गः ॥ १८ ॥

होमे दक्षिणायां कन्यासु विप्रभोजने च दशगुणत्वम् ॥ २१०–२१२ ॥

॥ इति श्री मन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां कालरात्रि-चण्डीमन्त्रशतचण्ड्यादिनिरूपणं नाम अष्टादशस्तरङ्गः ॥ १८ ॥

सहस्रचण्डी के पाठ से महामारि, दुर्भिक्ष, रोग तथा सभी प्रकार के दुर्व्यसनादि नष्ट हो जाते है । चण्डी का विधान दुष्ट, खल, चोर, गुरुद्रोही को नहीं बताना चाहिए ॥ २११ ॥

सज्जन, जितेन्द्रिय और संयमी को ही इस विधि का उपदेश करना चाहिए। इस प्रकार सत्पात्र को उपदेश करने से भगवती चण्डिका वक्ता और श्रोता दोनों की रक्षा करती हैं ॥ २१२ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के अष्टादश तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १८ ॥

अथ एकोनविंशः तरङ्गः

चरणायुधमन्त्रस्य विधानमभिधीयते ।
मन्त्री यद्विधिना कृत्वा साधयेत्स्वमनोरथान् ॥ १ ॥

कुक्कुटमन्त्रकथनम्

तीक्ष्णोर्घीशेन्दु संयुक्तः सद्योजातयुतो विधिः ।
पिनाकीसूक्ष्मयुग्वर्ण त्रयमेतत् पुनः पठेत् ॥ २ ॥
उत्कारीं दीर्घसंयुक्ता मायाबीजं ततो वदेत् ।
द्विरभ्यस्तं पुनर्वर्णत्रयं पूर्वोदितं पुनः ॥ ३ ॥
कूर्मः सकर्णो वो दीर्घो मन्त्रोऽयं समुदीरितः ।
पाशाद्योंकुशबीजान्तोऽष्टादशाक्षरसंयुतः ॥ ४ ॥

---

* नौका *

कुक्कुटमन्त्रं वक्तुं प्रतिजानीते – **चरणेति** ॥ १ ॥ मन्त्रमुद्धरति – **तीक्ष्ण** इति । तीक्ष्णः यकारः अर्घीशेन्दुयुक्तः । तेन यूम् । विधिः कः सद्योजातयुत ओयुतः को । पिनाकी लः सूक्ष्मयुक् इयुतः लि एतद्वर्णत्रयं पुनर्वारद्वयम् । यूंकोलियूंकोलीति ॥ २ ॥ उत्कारी वकारः दीर्घ आ । तेन संयुक्ता वा । मायाबीजं ह्रीं । पूर्वोदितं तथा वारद्वयं द्विरभ्यस्तं पुनर्वदेदित्यन्वयः ॥ ३ ॥ कूर्मः चः । सकर्ण उयुतः चु । दीर्घो वो वा । पाशाद्यः आं आद्यः ।

---

* अरित्र *

अब चरणायुध मन्त्र का विधान कहता हूँ जिस के करने से मन्त्रवेत्ता उस विधि से अनुष्ठान कर अपना सारा मनोरथ पूर्ण कर सकता है ॥ १ ॥

अब **चरणायुध मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

अर्घीश (ऊकार) एवं बिन्दु (अनुस्वार) सहित तीक्ष्ण (य), अर्थात (यूँ), संद्योजात (ओ) के साथ विधि (क) अर्थात् (को), सूक्ष्म (इकार) सहित पिनाकी (ल) अर्थात् (लि), इन तीनों (यू को लि) वर्णो को दो बार उच्चारण करना चाहिए । फिर दीर्घ (आ) संयुक्त उत्कारी (व) अर्थात् वां इसके बाद मायाबीज (ह्रीं), फिर दो बार (यूं को लि यूँ को लि), फिर

महारुद्रो मुनिश्चास्य च्छन्दोति जगतीरितम्।
मायाबीजं सृणिः शक्तिर्देवता चरणायुधः॥ ५॥
वेदरामाक्षिरामाग्नि वह्निवर्णैः षडङ्गकम्।
कृत्वा वर्णान्प्रविन्यस्येन्मूर्ध्नि भाले भ्रुवोर्द्वयोः॥ ६॥
अक्ष्णोः श्रुत्योर्नसोर्वक्त्रे कण्ठे कुक्षौ च नाभितः।
लिङ्गे गुदे जानुपादे न्यस्यैवं संस्मरेत् प्रभुम्॥ ७॥

अंकुशबीजान्तः क्रों अन्तः । यथा – आं यूंकोलि यूंकोलि वा ह्रीं यूंकोलि–यूंकोलि चु वा क्रों इति ॥ ४–५ ॥ षडङ्गमाह – **वेदेति** । आं यूं को लि हृदयाय नम इत्यादि० । वर्णन्यासमाह – **मूर्ध्नीति** । भ्रुवोरक्षिश्रुतिनासासु च द्वेद्वे । अन्यत्रैकैकम् ॥ ६ ॥ * ॥ ७ ॥

सकर्ण (उकार सहित) कूर्म च अर्थात् (चु) दीर्घ व (वा) इस मन्त्र के प्रारम्भ में पाश (आ) तथा अन्त में अंकुश (क्रों) लगाने से १८ अक्षर का चरणायुध मन्त्र बनता है ॥ २-४ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - 'आं यूँकोलि यूँकोलि वा ह्रीं यूँकोलि यूँकोलि चु वा क्रों' (१८) ॥ २-४ ॥

इस मन्त्र के महारुद्र ऋषि हैं, अति जगती छन्द है, माया (ह्रीं) बीज है, सृणि (क्रों) शक्ति है तथा चरणायुध देवता हैं ॥ ५ ॥

विनियोग विधि - अस्य चरणायुधमन्त्रस्य महारुद्रऋषिरतिजगतीच्छन्दः चरणायुधो देवता ह्रीं बीजं क्रों शक्तिरभीष्टसिद्धये जपे विनियोगः ॥ ५ ॥

अब इस मन्त्र का **षडङ्गन्यास** तथा **वर्णन्यास** कहते हैं - मन्त्र के वेद ४, राम ३, अक्षि २, राम ३, अग्नि ३, तथा वह्नि ३ वर्णों से षडङ्गन्यास कर मन्त्र के एक वर्ण से क्रमशः शिर, भाल, दोनों भ्रू, दोनों कान, दोनों नासिका, मुख, कण्ठ, कुक्षि, नाभि, लिङ्ग, गुदा, जाघँ और दोनों पैरों पर न्यास कर चरणायुध का ध्यान करना चाहिए ॥ ६-७ ॥

विमर्श - षडङ्गन्यास - आं यूँ कोलि हृदयाय नमः,
यूँ कोलि शिरसे स्वाहा, वा ह्रीं शिखायै वषट्,
यूँ कोलि कवचाय हुम्, यूँ कोलि नेत्रत्रयाय वौषट्,

वर्णन्यास - ॐ आं नमः मूर्ध्नि, ॐ यूं नमः ललाटे,
ॐ कों नमः दक्षिण भ्रुवि, ॐ लि नमः वामभ्रुवि,
ॐ यूं नमः दक्षिणनेत्रे, ॐ कों नमः वामनेत्रे,
ॐ लि नमः दक्षिणकर्णे, ॐ वां नमः वामकर्णे,
ॐ ही नमः दक्षिणनासापुटे, ॐ यूं नमः वामनासापुटे,

ध्यानवर्णनं बलिदानप्रकारश्च

सर्वालंकृति दीप्त कण्ठचरणौ हेमाभदेहद्युतिः
पक्षद्वन्द्वविधूननेति कुशलः सर्वामराभ्यर्च्चितः ।
गौरीहस्तसरोजगोरुणशिखः सर्वार्थसिद्धिप्रदो
रक्तं चञ्चुपुटं दधच्चलपदः पायान्निजान्कुक्कुटान् ॥ ८ ॥
एवं ध्यात्वा समासीनः शैलाग्रे सरितस्तटे ।
वृषशून्ये पश्चिमस्थे यद्वा शंकरसद्मनि ॥ ९ ॥
लक्षं जपेद्दशांशेन तिलैर्हवनमाचरेत् ।
शैवे पीठे यजेत् ताम्रचूडं गौरीकरस्थितम् ॥ १० ॥

ध्यानमाह – **सर्वेति** । सर्वालंकारैर्दीप्तः कण्ठश्चरणौ च यस्य निजान् सेवकान् पायाद् रक्षतु ॥ ८–९ ॥ शैवपीठे वामादि शक्तियुते ॥ १०–११ ॥

ॐ कों नमः मुखे, ॐ लि नमः कण्ठे, ॐ यूँ नमः कुक्षै,
ॐ कों नमः नाभौ, ॐ लिं नमः लिंगे, ॐ चुं नमः गुदे,
ॐ वां नमः जान्वोः, ॐ क्रों नमः पादयोः ॥ ६–७ ॥

अब **ध्यान** कहते हैं -

जिनके कण्ठ और चरण सभी प्रकार के अलंकारों से जगमगा रहे हैं, तथा जिनके शरीर की कान्ति सुवर्ण की आभा के समान है, जो अपने दोनों पंखों के फैलाने में अत्यन्त कुशल हैं तथा समस्त देव वर्गों से पूजित गौरी के हाथ में स्थित हैं । लाल कमल जैसी आभा के समान शिखा से युक्त, रक्त चञ्चु वाले, चञ्चल पैरों को धारण करने वाले हैं, ऐसे अपने साधकों के समस्त मनोरथों को पूर्ण करने वाले चरणायुध देवता अपने भक्तों की रक्षा करे ॥ ८ ॥

अब उक्त **मन्त्र की साधना के लिए स्थान का निर्देश** करते हैं -

उक्त प्रकार से ध्यान कर, पर्वत के शिखर पर, नदी के किनारे या जहाँ वृषभादि न हो, पश्चिम दिशा में अथवा किसी शिवालय में मन्त्र की साधना करनी चाहिए ॥ ९ ॥

अब **जप संख्या, होम तथा पूजा विधि** कहते हैं -

इस मन्त्र का एक लाख की संख्या में जप करना चाहिए और तिलों से उसका दशांश होम करना चाहिए । शैव पीठ पर, गौरी के हाथ में स्थित ताम्रचूड का पूजन करना चाहिए ॥ १० ॥

उसकी **विधि** इस प्रकार **है** --

सर्वप्रथम षडङ्ग पूजा कर, अष्टदल में शम्भु, गौरी, गणपति, कार्तिकेय, मन्दार,

आदावङ्गानि सम्पूज्य दलेषु प्रयजेदिमान् ।
शम्भुं गौरीं गणपतिं कार्तिकेयं ततः परम् ॥ ११ ॥
मन्दारं पारिजातं च महाकालं च बर्हिणम् ।
दलाग्रेषु सुराधीशप्रमुखानायुधान्वितान् ॥ १२ ॥
एवं कृते प्रयोगार्हो जायते मन्त्रनायकः ।

सुरधीशप्रमुखानिन्द्रादीन् ॥ १२–१३ ॥

पारिजात, महाकाल एवं बर्हि (मयूर) - इन देवताओं का पूजन करना चाहिए । दलाग्र में इन्द्रादि दिक्पालों का, तदनन्तर उनके आयुधों का पूजन करना चाहिए । ऐसा करने से यह मन्त्रराज काम्य प्रयोगों के योग्य हो जाता है ॥ ११-१३ ॥

विमर्श - यन्त्र निर्माण विधि - वृत्ताकार कर्णिका, अष्टदल एवं भूपुर सहित यन्त्र का निर्माण करना चाहिए । उसी पर चरणायुध का पूजन करना चाहिए ।

चरणायुधपूजनयन्त्रम्

पीठ पूजा विधि - सर्वप्रथम (१६. ८ श्लोक में वर्णित चरणायुध का ध्यान कर मानसोपचार से उनका पूजन कर अर्घ्य स्थापित करे । फिर शैव पीठ पर देवताओं का पूजनादि क्रम. १६. २२-२५ पर्यन्त श्लोकों की टीका के अनुसार करना चाहिए । फिर - 'ॐ नमो भगवते सकलगुणात्मकशक्ति युक्तायानन्ताय योगपीठात्मने नमः' इस मन्त्र से आसन देकर मूल मन्त्र से मूर्ति की कल्पना कर ध्यान आवाहनादि उपचारों से पुष्पाञ्जलि पर्यन्त विधिवत् चरणायुध का पूजन कर उनकी अनुज्ञा ले आवरण पूजा इस प्रकार करनी चाहिए ।

आवरण पूजा विधि - सर्वप्रथम आग्नेयादि कोणों में चतुर्दिक्षु तथा मध्य में षडङ्गन्यास प्रोक्त मन्त्रों से अङ्गपूजा करनी चाहिए । यथा -

आं यूं कों लिं हृदयाय नमः, नैर्ऋत्ये यू कों लिं शिरसे स्वाहा,
वा ह्रीं शिखायै वषट् वायव्यं, वायव्ये, यूँ कों लिं कवचाय हुम्, ऐशान्ये,
यूं को लिं नेत्रत्रयाय वौषट् चतुर्दिक्षु, चुं वां क्रों अस्त्राय फट् पीठमध्ये,

फिर अष्टदल में पूर्वादि दिशाओं के क्रम से शम्भु आदि ८ देवताओं की निम्न रीति से पूजा करनी चाहिए । यथा -

प्रयोगादौ प्रजप्योऽसावयुतं द्विशताधिकम् ॥ १३ ॥
दध्ना क्षीरेण मधुना चन्द्रेण सितयान्वितैः ।
दद्याद् बलिं सताम्बूलैः पायसैर्बलिमन्त्रतः ॥ १४ ॥
भोजनादौ भोजनान्ते लक्ष्मीसम्प्राप्तये सुधीः ।
बलिमेतत् प्रदत्त्वाथ कुबेरो धननाथताम् ॥ १५ ॥
शान्तौ पुष्टावपि बलिमेतमेव प्रदापयेत् ।
उक्तस्य वक्ष्यमाणस्य बलेर्मन्त्रोऽथ कथ्यते ॥ १६ ॥
वामकर्णेन्दुयुक्छूरः सबिन्दुश्चरमेऽद्रिजा ।
कुक्कुटद्वितयं पश्चादेह्येहीमं बलिं वदेत् ॥ १७ ॥

चन्द्रेण कर्पूरेण ॥ १४ ॥ * ॥ १५–१६ ॥ बलियन्त्रमाह – **वामेति** ।

ॐ शम्भवे नमः पूर्वदले, ॐ गौर्यै नमः आग्नेयदले,
ॐ गणपतये नमः दक्षिणदले, ॐ कार्तिकेयाय नमः नैर्ऋत्यदले,
ॐ मन्दाराय नमः पश्चिमदले, ॐ पारिजाताय नमः वायव्यदले,
ॐ महाकालाय नमः उत्तरदले, ॐ वर्हिणे नमः ईशानदले,

तत्पश्चाद्दलों के अग्रभाग में अपनी अपनी दिशाओं में इन्द्रादि दिक्पालों की निम्नलिखित मन्त्रों से पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ इन्द्राय सायुधाय नमः पूर्वे, ॐ रं अग्नये सायुधाय नमः आग्नेये,
ॐ मं यमाय सायुधायनमः दक्षिणे, ॐ क्षं निर्ऋतये सायुधाय नमः नैर्ऋत्ये,
ॐ वं वरुणाय सायुधाय नमः पश्चिमे, ॐ यं वायवे सायुधाय नमः वायव्ये,
ॐ सं सोमाय सायुधाय नमः उत्तरे, ॐ हं ईशानाय सायुधाय नमः ऐशान्ये,
ॐ आं ब्रह्मणे सायुधाय नमः ऊर्ध्वम्, ॐ ही अनन्ताय सायुधाय नमः अधः,

इस रीति से आवरण पूजा करने के बाद धूप, दीप, नैवेधादि उपचारों से सविधि चरणायुध की पूजा करनी चाहिए ॥ ११-१२ ॥

काम्यप्रयोग में **जप संख्या** विधान -

काम्य-प्रयोगों में इस मन्त्र का दस हजार दो सौ १०२०० की संख्या में जप करना चाहिए । फिर दूध, दही, मधु, कपूर, और शक्कर मिश्रित पदार्थों की पान और खीर के साथ वक्ष्यमाण बलिमन्त्र से बलि देनी चाहिए । विद्वान् पुरुष लक्ष्मी प्राप्ति की इच्छा से भोजन के आदि तथा समाप्ति में बलि देवे । इसी बलि देने के प्रभाव से कुबेर धनाध्यक्ष हो गए । शान्तिक तथा पौष्टिक कर्मों में भी इसी प्रकार की बलि देनी चाहिए ॥ १३-१६ ॥

अब **पूर्वचर्चित वक्ष्यमाण मन्त्र को कहता हूँ** - वामकर्ण (ऊं), इन्दु (बिन्दु) सहित शूर (य) अर्थात् (यूं), सानुस्वार चरम (क्षं), फिर अद्रिजा

गृह्णयुग्मं गृह्णापय सर्वान् कामांश्च देहि च।
वायुः सचन्द्रः कर्णेन्दुयुक्चक्रीगिरिनन्दिनी ॥ १८ ॥
यूं नमः कुक्कुटायेति मन्त्रो व्योम युगाक्षरः।
बलिं दद्यादनेनोक्तं वक्ष्यमाणं च साधकः ॥ १९ ॥

नृपवश्यादिफलकथनम्

लाजैस्त्रिमधुरोपेतैर्दद्यान् मन्त्री बलिं निशि।
वशयेदखिलं विश्वं त्रिदिनं वौदनैर्नृपम् ॥ २० ॥
दुग्धमिश्रितगोधूमपिष्टैः कुर्यादपूपकम्।
आज्यकर्पूरयुक्तेन तेन दद्याद् बलिं निशि ॥ २१ ॥
त्र्यहमेवं बलौ दत्ते सुखी स्याद्वशयेज्जगत्।
करवीरैर्बिल्वपत्रैः पीतपुष्पैः सुगन्धिभिः ॥ २२ ॥

वामकर्णेन्दुयुक् शूर ऊ बिन्दुयुतः यूं । चरमः क्षः सविन्दुः क्षं । अद्रिजा ह्रीं ॥ १७ ॥ वायुः यः सचन्द्रः सबिन्दु यं । कर्णेन्दुयुक् चक्री उ बिन्दुयुतः कः कुं । गिरिनन्दिनी ह्रीं ॥ १८ ॥ स्वरूपमन्यत् । यथा – यूं क्षं ह्रीं कुक्कुट कुक्कुट एह्येहि इमं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय सर्वान् कामान् देहि यं कुं ह्रीं यूं नमः कुक्कुटायेति व्योमयुग्माक्षरश्चत्वारिंशदर्णः । अनेन मन्त्रेण पूर्वोक्तं बलिं वक्ष्यमाणं च दद्यात् ॥ १९ ॥ ओदनैस्त्रिदिनं बलिं दत्वा नृपं वशयेत् ॥ २० ॥ * ॥ २१–२६ ॥

(ह्रीं), फिर दो बार कुक्कुट एह्येहि इयं बलिं, फिर दो बार गृह्ण फिर 'गृह्णापय सर्वान्कामांश्च देहि' फिर सचन्द्र वायु (यं) कर्ण (उकार) इन्दु सहित चक्री (क) अर्थात् (कुं) गिरिनन्दिनी (ह्रीं) तथा अन्त में यूं नमः कुक्कुटाय जोडने से ४० अक्षर का बलि मन्त्र बनता है इसी मन्त्र से साधक को पूर्व तथा वक्ष्यमाण प्रयोगों में कुक्कुटेश्वर को बलि देनी चाहिए ॥ १६-१९ ॥

विमर्श – मन्त्र का स्वरूप - यूं क्षं ह्रीं कुक्कुट कुक्कुट एह्येहि इयं बलिं गृह्ण गृह्ण गृह्णापय सर्वान्कामान्देहि यं कुं ह्रीं यूं नमः कुक्कुटाय (४०) ॥ १६-१९ ॥

विविध प्रयोगों में बलिदान की विधि - रात्रि में त्रिमधुर (घी दूध शक्कर) मिश्रित लावाओं की बलि देकर साधक सारे विश्व को वश में कर लेता है ॥ २० ॥

तीन दिन पर्यन्त भात की बलि देने से राजा वशीभूत हो जाता है । दुग्धमिश्रित गेंहूँ के आटे का मालपूआ बनाना चाहिए, उसमें घी और कपूर मिला कर तीन दिन पर्यन्त रात्रि में बलि देने से साधक सुखी हो जाता है तथा जगत् को वश में कर लेता है ॥ २०-२२ ॥

सहस्रसंख्यैः प्रत्येकं पूजयित्वा जपेन्मनुम् ।
सहस्रं निशि सप्ताहं यमुद्दिश्य जनं सुधीः ॥ २३ ॥
स याति दासतां तस्य मनो वचनकर्मभिः ।
छागलाबकयोर्मांसैः सप्ताहं वितरेद् बलिम् ॥ २४ ॥
सहस्रं प्रत्यहं जप्त्वा वशयेदखिलं जगत् ।
नृपोत्थिते सपत्नोत्थे भये जाते च संकटे ॥ २५ ॥
आपद्यपि तथा न्यस्यां बलिं दद्यात्सुखाप्तये ।
गोपनीयो विधिरयं बलेः कथ्यो न दुर्मतौ ॥ २६ ॥
मुक्तकेशउदावक्त्रो जपेद् भानुसहस्रकम् ।
प्रत्यहं वसुघस्रान्तं यमुद्दिश्याधियामिनि ॥ २७ ॥
तमाकर्षति दूरस्थमपि किं निकटस्थितम् ।
जातीफलैलाः सञ्चूर्ण्य कर्पूरं मध्यतः क्षिपेत् ॥ २८ ॥
अभिमन्त्र्यार्कसाहस्रं सिन्दूरराजसायुतम् ।
ऊष्णीकृत्याग्नितापेन क्लेदयेद् गाङ्गपाथसा ॥ २९ ॥

वसुघस्रान्तम् अष्टदिनपर्यन्तम् । अधियामिनि रात्रौ ॥ २७ ॥ * ॥ २८–२९ ॥

एक एक हजार कनेर के फूल, बिल्वपत्र तथा सुगन्धित पीले फूलों से पूजन कर एक सप्ताह पर्यन्त रात्रि में एक एक हजार इस मन्त्र का जप करना चाहिए । साधक जिस व्यक्ति का मन में ध्यान कर यह प्रयोग करता है वह व्यक्ति मनसा वचसा और कर्मणा उसके वश में हो जाता है ॥ २२-२४ ॥

प्रतिदिन मूलमन्त्र का एक एक हजार जप एक सप्ताह पर्यन्त कर बकरा और लावक (गौरेया) पक्षी के मांस की बलि देने से साधक सारे जगत् को अपने वश में कर लेता है ॥ २३-२५ ॥

राजभय, शत्रुभय, संकट या अन्य आपत्ति प्राप्त होने पर सुख प्राप्ति हेतु इस प्रकार की बलि देनी चाहिए । बलिदान के लिए बताई गई यह विधि अत्यन्त गोपनीय है इसे दुष्टों को नहीं बताना चाहिए ॥ २५-२६ ॥

रात्रि के समय शिखा खोल कर उत्तराभिमुख हो कर जो साधक जिस व्यक्ति का ध्यान कर लगातार ८ दिन तक प्रतिदिन १२ हजार की संख्या मे जप करता है वह व्यक्ति चाहे दूर हो अथवा सन्निकट अवश्य ही साधक के वश में हो जाता है ॥ २७-२८ ॥

जायफल और इलायची को एक में पीस कर, उसमें कपूर और सिन्दूर मिला कर बारह हजार मूल मन्त्र से अभिमन्त्रित कर आग पर तपावे । फिर

स्थापयेदायसे पात्रे तत्स्पृष्टस्तम्भितो भवेत् ।

शत्रूच्चाटनं प्रयोगान्तरकथनम्

कर्मारसद्मनो वह्निमानीयायसभाजने ॥ ३० ॥
स्थापयित्वेन्धयेत् काष्ठैः करवीरसमुद्भवैः ।
जुहुयात्तत्र धत्तूरबीजानि शतसंख्यया ॥ ३१ ॥
सिद्धार्थतैललिप्तानि विषकर्णयुतानि च ।
सप्ताह एवं कृत्वारिं स्थानादुच्चाटयेद् ध्रुवम् ॥ ३२ ॥
पक्षं देशान्तरगतं मासं सम्प्रापयेन्मृतिम् ।

प्रयोगान्तराणि

तालपत्रं नराकारं कृत्वात्र स्थापयेदसून् ॥ ३३ ॥
जपेदष्टसहस्रं तत्तीक्ष्णतैलविलेपितम् ।
तस्य खण्डानि पञ्चाशत् कृत्वा पितृवनोत्थिते ॥ ३४ ॥

प्रयोगान्तरमाह – **कर्मारेति** । लोहकारकगृहाद् वह्निमानीय । लौहपात्रे संस्थाप्य करवीरकाष्ठैः संदीप्य तत्र सर्षपतैलाक्तानि विषचूर्णयुतानि धत्तूरबीजानि शतं शतं सप्ताहं हुत्वा शत्रुमुच्चाटयेत् ॥ ३०–३२ ॥ एवं पक्षकृत्यां तं दशान्तरं नयेत् । मासकृत्वा मारयत् । प्रयोगान्तरमाह – **तालेति** । नराकारं तालपत्रं कृत्वा तत्र शत्रोः प्राणान् संस्थाप्य भल्लातकतैलेन विलिप्य अष्टाधिकं सहस्रमभिमन्त्र्य तस्य पञ्चाशत्खण्डानि कृत्वा धत्तूरकाष्ठदीप्ते श्मशानाग्नौ त्रिदिनं हुत्वारिं मारयेन्मोहयेच्च ॥ ३३ ॥ * ॥ ३४–३५ ॥

गङ्गाजल से आर्द्र कर लोहपात्र में रखना चाहिए तो उसे स्पर्श करने वाला व्यक्ति स्तम्भित हो जाता है ॥ २८-३० ॥

लोहार के घर से अग्नि लाकर, लोह पात्र में रखकर, कनेर की लकड़ी से उसे प्रज्वलित कर, उसमें सरसों के तेल तथा विषचूर्ण मिश्रित धतूरे के बीजों से १०० आहुतियाँ देनी चाहिए । एक सप्ताह पर्यन्त इस प्रयोग को करने से शत्रु का अपने स्थान से निश्चय ही उच्चाटन हो जाता है ॥ ३०-३२ ॥

निरन्तर पन्द्रह दिन पर्यन्त इस प्रयोग को करने से शत्रु देश छोड़ कर भाग जाता है और एक मास तक इस प्रयोग को करने से वह मृत्यु को प्राप्त करता है ॥ ३३ ॥

ताड़ पत्र से मनुष्य की आकृति बना कर, उसमें शत्रु की प्राण प्रतिष्ठा कर, भिलावे के तेल का लेप कर आठ हजार मन्त्र का जप करे । फिर उसका ५०

उन्मत्ततरुसन्दीप्ते जुहुयाज्जातवेदसि ।
एवं प्रकुर्वंस्त्रिदिनं मारयेन्मोहयेदरिम् ॥ ३५ ॥
साध्यर्क्षतरुकाष्ठेन कृत्वा पुत्तलिकां शुभाम् ।
तस्यामसून् प्रतिष्ठाप्य सहस्रं प्रजपेन्मनुम् ॥ ३६ ॥
चिताकाष्ठस्य कीलेन तां स्पृष्ट्वा पितृकानने ।
छिन्द्याद्यदङ्गं शस्त्रेण तदङ्गं तस्य नश्यति ॥ ३७ ॥
वैरिमूत्रयुतां मृत्स्नां तत्पादरजसा सह ।
कुलालमृद्युतां कृत्वा पुत्तलीं रचयेत्तथा ॥ ३८ ॥
तस्या हृदि पदे मूर्ध्नि नामकर्मान्वितं मनुम् ।
लिखेच्छ्मशानजाङ्गारैरसून् संस्थापयेत्ततः ॥ ३९ ॥
जप्तां सहस्रं मन्त्रेण तीक्ष्णतैलविलेपिताम् ।
शस्त्रेण शतधा कृत्वा जुहुयात्पितृभूवसौ ॥ ४० ॥
विभीतकाष्ठसन्दीप्ते यमाशावदनो निशि ।
शत्रोर्निधनतारायां कृत्वैवं मारयेदरिम् ॥ ४१ ॥

प्रयोगान्तरमाह – **साध्येति** । नक्षत्रवृक्षा उक्ताः । चिताकाष्ठकीलेन तां पुत्तलीं स्पृष्ट्वा मनुं जपेदिति पूर्वेण सम्बधः ॥ ३६ ॥ तस्याः प्रतिमाया यदङ्गं शस्त्रेण च्छिन्द्यात्तदङ्गं तस्य शत्रोर्नश्यति ॥ ३७ ॥ प्रयोगान्तरमाह – **वैरीति** ॥ ३८–३९ ॥ पितृभूवसौ श्मशानाग्नौ ॥ ४० ॥ यमाशावदनो दक्षिणदिङ्मुखः । निधनतारा जन्मनक्षत्रात् सप्तमनक्षत्रं षोडशं पञ्चविंशं च ॥ ४१ ॥

टुकड़ा कर धतूरे की लकड़ी से प्रज्वलित श्मशान की अग्नि में होम करना चाहिए । इस प्रकार निरन्तर ३ दिन पर्यन्त करते रहने से साधक शत्रु को मार देता है अथवा उसे मोहित कर लेता है (अथवा पागल बना देता है) ॥ ३३-३५ ॥

साध्य व्यक्ति के जन्म नक्षत्र के वृक्ष की लकड़ी (द्र० ६. ५२) की सुन्दर प्रतिमा बना कर, उसमें शत्रु की प्राण प्रतिष्ठा कर, चिता के काष्ठ की बनी कील से उसे स्पर्श करते हुये श्मशान में एक हजार जप करना चाहिए । फिर उस प्रतिमा का जो अङ्ग शस्त्र से काटा जाता है शत्रु का वही अङ्ग नष्ट हो जाता है ॥ ३६-३७॥

शत्रु के मूत्र से मिली मिट्टी और उसके पैर की मिट्टी दोनों को कुम्भकार की मिट्टी में मिला कर पुतली बनानी चाहिए, उस पुतली के हृदय, पैर और शिर पर क्रमशः साध्य का नाम और कर्म का नाम मूल मन्त्र पढ़कर चिता के कोयले से लिखना चाहिए । फिर उसमें प्राण प्रतिष्ठा कर भिलावे के तेल का लेप कर एक हजार की संख्या में जप करने के बाद शस्त्र से उस पुतली के १०० टुकडे कर, बहेड़ा की लकड़ी से

शत्रोर्गोमयमूर्तिकरणप्रयोगः

निधाय गोमयं भूमौ प्रकुर्यात्प्रतिमां रिपोः ।
तालपत्रे समालिख्य मनुं नाम्ना विदर्भितम् ॥ ४२ ॥
तत्पात्रं निक्षिपेत्तस्या हृदि तत्प्रतिमोपरि ।
मृज्जं वा राजतं कुम्भं गोमयोदकपूरितम् ॥ ४३ ॥
मनुं नामयुतं तालपत्रेणाढ्यं निधापयेत् ।
तदसून् स्थापयेत् कुम्भे त्रिसन्ध्यं प्रजपेन्मनुम् ॥ ४४ ॥
प्रत्यहं शतसंख्याकं छायायावद्भवेद्रिपोः ।
गोमयाम्भसि दृष्टायां तच्छायायां तु साधकः ॥ ४५ ॥

प्रयोगान्तरमाह – **निधायेति** । गोमयेन शत्रोः प्रतिमां कृत्वा नामविदर्भितं मन्त्रं तालपत्रे विलिख्य तत्तालपत्रं गोमयप्रतिमाहृदि निक्षिप्य प्रतिमोपरि रूप्यताम्रमृदामन्यतमनिर्मितं घटं संस्थाप्य गोमयोदकाभ्यामापूर्य तत्रापि नामविदर्भितं मन्त्रलेखयुतं तालपत्रं निक्षिप्य तत्र शत्रोः प्राणस्थापनं कृत्वा प्रत्यहं त्रिसन्ध्यं शतं मन्त्रं कुम्भं स्पृष्ट्वा जपेत् । यावत् शत्रोः प्रतिबिम्बं घटे दृश्यते तावत्कालं जपेत् ॥ ४२–४४ ॥ घटोदके शत्रुप्रतिबिम्बे दृष्टे घटाधःस्थाया गोमयप्रतिमाया यदङ्गं छिद्यते तद्रिपोर्नश्यति । हृदिगले विच्छिन्ने तन्मृतिः ॥ ४५ ॥

प्रज्वलित श्मशानाग्नि में रात्रि के समय दक्षिणाभिमुख हो होम करना चाहिए। यह कर्म शत्रु के निधन नक्षत्र (जन्म नक्षत्र से ७वें, १६वें अथवा २५वें नक्षत्र) के दिन करे तो वह शत्रु मर जाता है ॥ ३८-४१ ॥

भूमि में गोमय रखकर उससे शत्रु की प्रतिमा का निर्माण करना चाहिए । फिर ताड़पत्र पर शत्रु के नाम के सहित मूल मन्त्र लिखकर उसे प्रतिमा के हृदय स्थान पर स्थापित कर देना चाहिए । फिर उस पर गोबर और जल से भरा हुआ मिट्टी या चाँदी का कलश रखना चाहिए ॥ ४२-४३ ॥

उसमें भी ताड़पत्र पर शत्रु के नाम के साथ मन्त्र लिखकर डाल देना चाहिए । फिर कुम्भ में शत्रु के प्राणों की प्रतिष्ठा कर प्रतिदिन तीनों काल की सन्ध्याओं में कुम्भ का स्पर्श करते हुये मूल मन्त्र का १०० बार जप करना चाहिए ॥ ४३-४४ ॥

गोबर मिले जल में शत्रु की आकृति दिखलाई पड़ते ही साधक कुम्भ के नीचे बनी उसकी प्रतिमा का स्वाभिलषित अङ्ग शस्त्र से काट देवे । ऐसा करने से शत्रु का वह अङ्ग नष्ट हो जाता है ॥ ४५-४६ ॥

अधस्थायाः प्रतिकृतेश्छिन्द्यादङ्गमभीप्सितम् ।
शस्त्रेण तस्य नाशाय मृतये हृदयं गलम् ॥ ४६ ॥
प्रविद्धे कण्टकैर्मूर्ध्नि शिरो रोगो भवेद्रिपोः ।
आधयो हृदये विद्धे पदोः पादव्यथा भवेत् ॥ ४७ ॥
दारुणा कुक्कुटं कृत्वा तत्रास्य स्थापयेदसून् ।
ते स्पृष्ट्वा पूर्ववद् ध्यात्वा जपेद्रविसहस्रकम् ॥ ४८ ॥
उपचारैः समभ्यर्च्य च्छादयेद्रक्तवाससा ।
रथे संस्थाप्य तं देवं दिक्षु योधान्निधापयेत् ॥ ४६ ॥
चतुरो वर्म संवीतानश्वारूढानुदायुधान् ।
तत्संयुतो रणे गच्छेज्जेतुं बलवतो रिपून् ॥ ५० ॥
वीराढ्यं कुक्कुटं दृष्ट्वा पलायन्ते रणेऽरयः ।
भीता दशदिशः सर्वे हर्यक्षं करिणो यथा ॥ ५१ ॥
ताम्रचूडस्य मन्त्रेण मोदकाद्यभिमन्त्रितम् ।
यस्मै ददीत भक्षाय स वशो मन्त्रिणो भवेत् ॥ ५२ ॥

प्रतिमामूर्ध्नि कंटकविद्धे शिरोरोगः हृदिविद्धे मनःपीडा पादयुग्मे कंटकविद्धे पादरोग इत्यादि० ॥ ४६–४७ ॥ दारुणत्यारभ्य हर्यक्षकरिणो यथेत्यन्तमेकः प्रयोगः ॥ ४८ ॥ * ॥ ४६–५० ॥ हर्यक्षं केसरी ॥ ५१ ॥ * ॥ ५२ ॥

किं बहुना प्रतिमा का हृदय, गला काटने पर शत्रु मर जाता हे । प्रतिमा के शिर में काँटा चुभाने से शत्रु के शिर में भी पीड़ा होती है । हृदय में काँटा चुभाने से मानसिक पीड़ा तथा पैर में काँटा चुभाने से पैर में दर्द होता है ॥ ४६-४७ ॥

लकड़ी का कुक्कुट बनाकर उसमें प्राण प्रतिष्ठा करनी चाहिए । फिर उसका स्पर्श कर पूर्ववत् (द्र० १६. ८) ध्यान कर १२ हजार जप करना चाहिए । फिर विविध उपचारों से उन चरणायुध का पूजन कर लाल कपड़े से उसे ढँक देना चाहिए । फिर देव को रथ में स्थापित कर उनके चारों ओर कवचधारी अश्वारोही ४ योद्धाओं को नियुक्त कर उसे साथ लेकर शत्रु को जीतने के लिए रणभूमि में जाना चाहिए ॥ ४८-५० ॥

फिर तो वीरों से घिरे उस कुक्कुट को देखते ही शत्रु सेना भयभीत होकर चारों ओर भाग जाती है जैसे सिंह को देख कर हाथियों के झुण्ड भाग जाता है ॥ ५१ ॥

ताम्रचूड मन्त्र से अभिमन्त्रित मोदक जिसे दिया जाय वह मालिक के वश में हो जाता है । गोरोचन, चन्दन, कुंकुम, कस्तूरी एवं कर्पूर से बने चन्दन का

अष्टोत्तरं शतं जप्त्वा रोचनाचन्दनादिभिः ।
विदधत्तिलकं भाले दर्शनाद्वशयेज्जनान् ॥ ५३ ॥

उपासकसमृद्धिदः शास्तृमन्त्रस्तद्विधिश्च

अथ वक्ष्ये शास्तृमन्त्रमुपासकसमृद्धिदम् ।
शास्तारं मृगयेत्युक्त्वा श्रान्तमश्वाग्निरूयुतः ॥ ५४ ॥
ढंगणावृतमित्युक्त्वा पानीयार्थं वना च दे ।
त्यशास्त्रेते ततो रैवते नमो मन्त्र ईरितः ॥ ५५ ॥
द्वात्रिंशदर्णोऽस्य ऋषी रैवतः परिकीर्तितः ।
पंक्तिश्छन्दो देवता तु महाशास्ताऽखिलेष्टदः ॥ ५६ ॥
पादैः सर्वेण पञ्चाङ्गं कृत्वात्मनि विभुं स्मरेत् ।
साध्यं स्वपाशेन विबन्ध्य गाढं
निपातयन्तं खलु साधकस्य ।
पादाब्जयोर्दण्डधरं त्रिनेत्रं
भजेत शास्तारमभीष्टसिद्ध्यै ॥ ५७ ॥

क्षदनादिभिरित्यादि शब्दात् कुंकुम कस्तूरी कर्पूरज मदाः ॥ ५३ ॥ शास्तृमन्त्रमाह – **अथेति** । शास्ता शम्भोर्गणविशेषः । अग्निः रेफः ऊयुतः रू ॥ ५४ ॥ यथा – शास्तारं मृगया श्रान्तमश्वारूढं गणावृतम् । पानीयार्थं वनादेत्य शास्त्रे ते रैवते नम इति श्लोकरूपो मन्त्रः ॥ ५५ ॥ * ॥ ६६–६१ ॥

इस मन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित कर तिलक लगाने से उसे देखने वाले वशीभूत हो जाते हैं ॥ ५२-५३ ॥

अब उपासकों को समृद्धि प्रदान करने वाला **शास्ता मन्त्र** को कहता हूँ -

उद्धार - 'शास्तारं मृगया' कहकर 'श्रान्तमश्वा' कहे, फिर ऊकार युक्त अग्नि (र) अर्थात् रू, फिर 'ढं गणावृतम्', फिर 'पानीयार्थं वना', फिर 'देत्य शास्त्रे ते', फिर 'रैवते नमः' कहने से मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ ५४-५५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - शास्तारं मृगयामश्वारूढं गणावृतम् ।
पानीयार्थं वनादेत्य शास्त्रे ते रेवते नमः ॥ ५४-५५ ॥

यह ३२ अक्षरों को मन्त्र है, इसके ऋषि रैवत माने गये है, इसका छन्द पङ्क्ति है तथा सर्वाभीष्टदायक महाशास्ता इसके देवता हैं ॥ ५६ ॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीशास्तामन्त्रस्य रैवतऋषिः पंक्तिछन्दः महाशास्तादेवता स्वकीयाऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥ ५६ ॥

उक्त श्लोक के एक एक चरणों से तथा समस्त मन्त्र से पञ्चाङ्ग न्यास करे । फिर अपनी आत्मा में शास्ता प्रभु का इस प्रकार ध्यान करे । जो

लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं दशांशं जुहुयात्तिलैः।
शैवे पीठे यजेद्देवमादावङ्गानि पूजयेत् ॥ ५८ ॥
दलेष्वष्टसु गोप्तारं पिङ्गलाक्षं ततः परम्।
वीरसेनं शाम्भवं च त्रिनेत्रं शूलिनं तथा ॥ ५९ ॥
दक्षं च भीमरूपं च दिक्पालानस्त्रसंयुतान्।
एवं सिद्धो मनुः सर्वमभीष्टं मन्त्रिणेऽर्पयेत् ॥ ६० ॥

साध्य को अपने पाश में जकड़ कर साधक के पैरों में गिराने वाले हैं ऐसे दण्डधारी त्रिनेत्र शास्ता प्रभु का अभीष्टसिद्धि हेतु मैं ध्यान करता हूँ ॥ ५७ ॥

विमर्श - पञ्चाङ्गन्यास - शस्तारं मृगयाश्रान्तं हृदयाय नमः,
अश्वारूढं गणावृत् शिरसे स्वाहा, पानीयार्थं वनादेत्य शिखायै वषट्,
शास्त्रे ते रैवते नमः कवचाय हुम्, शस्तारं ... रैवते नमः अस्त्राय फट् ॥ ५७॥

इस मन्त्र का एक लाख जप तथा तिलों से उसका दशांश होम करना चाहिए । शैव पीठ पर शास्ता का पूजन करना चाहिए । आवरण पूजा में सर्वप्रथम पञ्चाङ्ग का पूजन, फिर अष्टदल में गोप्ता, पिंगलाक्ष, वीरसेन, शाम्भव, त्रिनेत्र, शूली, दक्ष एवं भीमरूप का पूजन करे । तदनन्तर आयुधों के साथ दिक्पालों का पूजन करना चाहिए । इस विधि से सिद्ध किया गया मन्त्र साधक को समस्त अभीष्टफल प्रदान करता है ॥ ५८-६० ॥

विमर्श - यन्त्र - वृत्ताकार कर्णिका, अष्टदल एवं भूपुर युक्त यन्त्र पर महाशास्ता का पूजन करना चाहिए । इनका पूजन मन्त्र चरणायुध पूजन के समान है । महाशास्ता की पीठ पूजा विधि - पूर्वोक्त है । द्र० १६. २२-२५ की टीका ।

आवरणपूजाविधि - प्रथम आग्नेयादि कोणों में पञ्चाङ्ग पूजा करनी चाहिए । यथा - शस्तारं मृगयाश्रान्तं हृदयाय नमः, आग्नेये,
अश्वारूढं गणावृतं शिरसे स्वाहा, नैर्ऋत्ये,
पानीयार्थं वनादेत्य शिखायै वषट्, वायव्ये,
शास्त्रे ते रैवते नमः, ऐशान्ये,
शास्तारं ... शास्त्रे ते रैवते नमः, चतुर्दिक्षु ।

इसके बाद अष्टदल में पूर्वादिदल के क्रम से योद्धा आदि की पूजा करनी चाहिए । यथा -

ॐ गोप्त्रे नमः पूर्वदले, ॐ पिङ्गलाय नमः आग्नेयदले,
ॐ वीरसेनाय नमः दक्षिणदले, ॐ शाम्भवाय नमः नैर्ऋत्यदले,
ॐ त्रिनेत्राय नमः पश्चिमदले, ॐ शूलिने नमः वायव्यदले,
ॐ दक्षाय नमः उत्तरदले, ॐ भीमरूपाय नमः ऐशान्ये,

मध्याह्नेऽञ्जलिना तस्मै जलं दत्वा जलार्थिने ।
गोप्त्रादिभ्यस्तद् गणेभ्यो दद्यादष्टौ जलाञ्जलीन् ॥ ६१ ॥
जलसन्तर्पितः शास्ता सगणोऽभीष्टदो भवेत् ।
निशि तस्मै बलिं दद्याद् गायत्र्या चाभिमन्त्रितम् ॥ ६२ ॥
तदग्रे प्रजपेन्मूलमष्टोत्तरशतं सुधीः ।
भूताधिपाय शब्दान्ते विद्महे पदमीरयेत् ॥ ६३ ॥
महादेवाय च ततो धीमहीति पदं वदेत् ।
तन्नः शास्ता प्रचो वर्णा दयादिति च कीर्तयेत् ॥ ६४ ॥
गायत्र्येषोदिता शास्तुः सर्वाभीष्टप्रदा नृणाम् ।

पार्थिवलिङ्गविधानं बालगणेश्वरमन्त्रश्च

अथ पार्थिवलिङ्गस्य विधानमभिधीयते ॥ ६५ ॥
स्नातो नित्यं विधायादौ गत्वा शुद्धां भुवं सुधीः ।
उपरिष्टामपाकृत्य षडर्णेनाधिमन्त्रयेत् ॥ ६६ ॥

गायत्र्या भूताधिपायेत्यादिकया ॥ ६२ ॥ * ॥ ६३–६५ ॥ पार्थिवलिङ्ग-विधानमाह – **स्नात्यादि** ॥ ६६ ॥

इसके बाद भूपुर में इन्द्रादि सायुध दिक्पालों की पूर्वादि दिशाओं के क्रम से पूर्ववत् पूजन करना चाहिए (द्र०. १६. १०-१२) । इस प्रकार आवरण पूजा पूर्ण करनी चाहिए ॥ ५८-६० ॥

मध्याह्न काल होने पर पिपासित शास्ता देव को अञ्जलि से जल देना चाहिए। फिर गोप्ता आदि उनके ८ गणों को भी ८ अञ्जलि जल प्रदान करना चाहिए । इस प्रकार जल से तर्पित गणों के सहित शास्ता अभीष्ट प्रदान करते हैं ॥ ६१ ॥

रात्रि के समय वक्ष्यमाण शास्ता गायत्री मन्त्र से अभिमन्त्रित बलि भी देनी चाहिए । इसके बाद बुद्धिमान साधक को मूल मन्त्र का १०८ की संख्या में जप करना चाहिए । 'भूताधिपाय' के बाद 'विद्महे', फिर 'महादेवाय' के बाद 'धीमहि' पद बोलना चाहिए । तदनन्तर 'तन्नः शास्ता प्रचोदयात्' कहना चाहिए । इस प्रकार का महाशस्ता गायत्री मन्त्र समस्त अभीष्टदायक कहा गया है॥ ६२-६५ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - भूताधियाय विद्महे महादेवाय धीमहि । तन्नः शास्ता प्रचोदयात् ॥ ६२-६४ ॥

अब **पार्थिवेश्वर के पूजन की विधि** कहता हूँ -

बुद्धिमान् साधक स्नान आदि नित्य क्रिया करने के पश्चात् किसी शुद्धभूमि पर जा कर ऊपर से ८ अंगुल मिट्टी हटाकर वक्ष्यमाण षडक्षर मन्त्र से भूमि

आकाशः पृथिवीशेषस्थितो बिन्दुसमन्वितः।
पृथिवी तु चतुर्थ्यन्ता नमोऽन्तः स्यात्षडर्णकः ॥ ६७ ॥
ततो मृदमुपादाय कृत्वा निःशर्करां ततः।
पात्रे निदध्यात् संशुद्धे प्रत्यहं पूजनाय ताम् ॥ ६८ ॥
सुदिने सद्गुरोर्मन्त्रौ गणेश्वरकुमारयोः।
हराद्यांश्च मनून्सप्त गृह्णीयाद्यागसिद्धये ॥ ६९ ॥
अथार्चनं शुभे घस्त्रे आरभेतेष्टसिद्धये।
कृत नित्यक्रियः शुद्धः प्रदायार्घ्यं विवस्वते ॥ ७० ॥
मृदमादाय तोयेन सुधया मन्त्रितेन च।
आसिञ्च्य पिण्डये स्वेष्टमानां पात्रे निधापयेत् ॥ ७१ ॥
ततः कालमनुस्मृत्य कामनामपि हृद्गताम्।
लिङ्गानि पार्थिवानीह पूजयेऽमुकसंख्यया ॥ ७२ ॥

षडर्णमाह – **आकाश** इति । आकाशो हः । पृथिवीशेषस्थितः लआयुतः बिन्दुयुतश्च हलां । चतुर्थ्यन्ता पृथिवी पृथिव्य इति ॥ ६७ ॥ * ॥ ६८ ॥ गणेश्वरकुमारयोर्मन्त्रौ वक्ष्यमाणौ । हराद्यांश्च सप्तमन्त्रान्वक्ष्यमाणान् ॥ ६९॥ विवस्वते सूर्यायार्घ्यं पूर्वोक्तम् ॥ ७० ॥ सुधया वमिति बीजमन्त्रितजलेन मृदमासिञ्च्येत्यन्वयः ॥ ७१ ॥ * ॥ ७२–७३ ॥

को आमन्त्रित करे । पृथ्वी (ल), शेष (आ) एवं बिन्दु से युक्त आकाश (ह) अर्थात् (ह्लां), फिर पृथ्वी का चतुर्थ्यन्त पृथिव्यै, इसके बाद नमः लगाने से षडक्षर मन्त्र निष्पन्न होता है. ॥ ६५-६७ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - ह्लां पृथिव्यै नमः ॥ ६५-६७ ॥

इस प्रकार मिट्टी लेकर उसे कूट पीसकर किसी ताम्र पात्र में रख लेना चाहिए । पार्थिव पूजन के लिए साधक को किसी उत्तम मूहूर्त में सद्गुरु के पास जा कर गणेश, कुमार तथा हर आदि के वक्ष्यमाण ७ मन्त्रों की दीक्षा लेनी चाहिए ॥ ६८-६९ ॥

किसी शुभ मुहूर्त्त में इष्ट सिद्धि के लिए पार्थिवेश्वर का पूजन प्रारम्भ करना चाहिए। नित्य कर्म करने के बाद शुद्ध होकर पार्थिव पूजन से पहले साधक को पूर्वोक्त विधि से सूर्य नारायण को अर्घ्य देना चाहिए (द्र० १५. ३२-४४)। फिर मिट्टी ले कर सुधा बीज (वं) से अभिमन्त्रित जल से आर्द्र कर अपेक्षित मात्रा में (अंगुष्ठ मात्र) मिट्टी का गोला बना बना कर किसी पात्र में रख देवे ॥ ७०-७१ ॥

उसके बाद देश काल और मानसिक कामना का स्मरण करते हुये 'अमुक संख्यकं पार्थिवशिवलिङ्गमर्चयिष्ये' इस प्रकार का संकल्प करना चाहिए ॥ ७२ ॥

संकल्प्यैवं मृदः पिण्डादादायाल्पां मृदं सुधीः ।
एकादशार्णमन्त्रेण कुर्याद् बालगणेश्वरम् ॥ ७३ ॥
मायागणेशभूबीजैर्ङेन्तो गणपतिः पुटः ।
एकादशार्णमन्त्रोऽयं स्मृतो बालगणेशितुः ॥ ७४ ॥
वराभयलसत्पाणिपद्मं बालगणेश्वरम् ।
निर्माय स्थापयेत् पीठे लिङ्गानि रचयेत्ततः ॥ ७५ ॥

लिङ्गमानकथनं कुमारमन्त्रश्च

हरमन्त्रेण गृह्णीयादक्षमात्राधिकां मृदम् ।
महेश्वरस्य मन्त्रेण लिङ्गं कुर्यात्तया शुभम् ॥ ७६ ॥
अंगुष्ठमानादधिकं वितस्त्यवधिसुन्दरम् ।
पार्थिवं रचयेल्लिङ्गं न न्यूनं नाधिकं च तत् ॥ ७७ ॥

बालगणेश्वरमन्त्रमाह – **मायेति** । माया ह्रीं । गणेश गम् । भूबीजं ग्लौं । ह्रीं गं ग्लौं गणपतये ग्लौं गं ह्रीमिति ॥ ७४ ॥ * ॥ ७५ ॥ हरमन्त्रेण – ॐ नमो हरायेति । अक्षं विभीतकफलम् । ॐ नमो महेश्वरायेति मन्त्रेण लिङ्गं कुर्यात् ॥ ७६ ॥ लिङ्गमानमाह – **अङ्गुष्ठेति** । अङ्गुष्ठादि द्वादशाङ्गुलान्तं यथेष्टं कुर्यात् ॥ ७७ ॥

विमर्श – संकल्पविधि – ॐ अद्येत्यादि देशकालो संकीर्त्यामुक गोत्रोत्पन्नोऽमुक शर्मा वर्मा गुप्ताहममुक कामनयाऽमुक कालपर्यन्तममुकसंख्यकानि पार्थिवशिवलिङ्गानि अर्चयिष्ये ॥ ७०-७२ ॥

इस प्रकार संकल्प करने के बाद साधक मिट्टी के गोले से थोड़ी मिट्टी लेकर वक्ष्यमाण एकादशाक्षर मन्त्र से बालगणेश्वर की मूर्ति बनावे ॥ ७३ ॥

बालगणेश्वर मन्त्र का उद्धार - माया (ह्रीं), फिर गणेश (गं) तथा भूबीज (ग्लौं) इन तीन बीजों से संपुटित चतुर्थ्यन्त गणपति इस प्रकार कुल ११ अक्षरों का बाल गणेश मन्त्र बनता है ॥ ७४ ॥

विमर्श – बालगणेश्वरमन्त्र का स्वरूप - 'ह्रीं गं ग्लौ गणपतये ग्लौं गं ह्रीं ॥ ७४ ॥

वर और अभय मुद्रा हाथों में धारण करने वाले गणेश्वर की मूर्ति बनाकर पूजा पीठ पर स्थापित करना चाहिए । फिर लिङ्ग निर्माण करना चाहिए ॥ ७५ ॥

हर मन्त्र (ॐ नमो हराय) से वहेड़े के फल से कुछ अधिक परिमाण की मिट्टी लेकर माहेश्वर मन्त्र (ॐ नमो महेश्वराय) मन्त्र से अंगुष्ठ मात्र से लम्बाई में अधिक तथा बितस्ति से स्वल्प (१२ अंगुल) परिमाण का सुन्दर लिङ्ग निर्माण करना चाहिए । पार्थिवेश्वर के समस्त लिङ्ग की एक समान आकृति होनी चाहिए, न्यूनाधिक नहीं ॥ ७६-७७ ॥

शूलपाणेस्तु मन्त्रेण लिङ्गं पीठे निधापयेत् ।
एवमन्यानि कुर्वीत यथा संकल्पमादरात् ॥ ७८ ॥
अवशिष्टमृदा कुर्यात्कुमारं तस्य मन्त्रतः ।
स्थापयेल्लिङ्गपंक्त्यन्ते स्वमन्त्रेणार्च्चयेच्च तम् ॥ ७९ ॥
वाग्वर्मकर्णबिन्द्वाढ्यश्चरमो मीनकेतनः ।
कुमाराय नमोन्तोऽयं गुहमन्त्रो दशाक्षरः ॥ ८० ॥
मन्त्रेणावाहयेद्देवं प्रतिलिङ्गं पिनाकिनः ।
ततो लिङ्गस्थितं ध्यायेत्सुप्रसन्नं महेश्वरम् ॥ ८१ ॥

धान्यं पूजाविधिः आवरणदेवताश्च

दक्षांकस्थं गजपतिमुखं प्रामृशन्दक्षदोष्णा
वामोरुस्थागपति तनयांके गुहं चापरेण ।
इष्टाभीतिपरकरयुगे धारयन्निन्दुकान्तिः
सोव्यादस्मांस्त्रिभुवननतो नीलकण्ठस्त्रिनेत्रः ॥ ८२ ॥

ॐ नमः शूलपाणये इति मन्त्रेण पीठे लिङ्गं स्थापयेत् ॥ ७८॥ * ॥ ७९ ॥ कुमारमन्त्रमाह – **वागिति** । वाक् ऐं । कर्णबिन्द्वाढ्यः उबिन्दुयुतः चरमः क्षः क्षुम् । मीनकेतनः क्लीं । स्पष्टमन्यत् ॥ ८० ॥ ॐ नमः पिनाकिने इति लिङ्गे शिवमावाहयेत् ॥ ८१ ॥ ध्यानमाह – **दक्षेति** । दक्षदोष्णा दक्षिणबाहुना

फिर 'ॐ शूलपाणये नमः' इस शूलपाणि मन्त्र से लिङ्ग को पीठ पर स्थापित करना चाहिए । इसी प्रकार संकल्पोक्त अन्य सभी लिङ्गों का निर्माण कर पीठ पर स्थापित करना चाहिए ॥ ७८ ॥

ऊपर बालगणेश्वर और पार्थिवेश्वर शिव लिङ्ग के निर्माण तथा पीठ पर स्थापन प्रकार कह कर कुमार रचना का प्रकार कहते हैं ।

शेष मिट्टी से वक्ष्यमामाण कुमार मन्त्र द्वारा षण्मुख कुमार का निर्माण करना चाहिए । फिर उन्हें लिङ्ग की पंक्ति के अन्त में स्थापित कर उनके मन्त्र से उनका पूजन करना चाहिए ॥ ७९ ॥

कुमार कार्तिकेय मन्त्र का उद्धार - वाग् (ऐं) वर्म (हुं) कर्ण एवं बिन्दु सहित चरम (क्षुं) फिर मीनकेतन (क्लीं) अन्त में 'कुमाराय नमः' यह १० अक्षर का कुमार मन्त्र कहा गया है ॥ ७९-८० ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - ऐं हुं क्षुं क्लीं कुमाराय नमः ॥ ७९-८० ॥

'ॐ नमः पिनाकिने' इस मन्त्र से प्रत्येक लिङ्ग में शिव का आवाहन कर लिङ्ग में स्थित प्रसन्न मुख भगवान् सदाशिव का इस प्रकार ध्यान करना चाहिए ॥ ८१ ॥

एवं ध्यात्वा पशुपतेर्मन्त्रेण स्नापयेच्छिवम् ।
शिवमन्त्रेण गन्धादीनर्पयेद्वसुरेतसे ॥ ८३ ॥
प्रागादिवामावर्तेन दिक्ष्वष्टौ परिपूजयेत् ।
शर्वं भवं रुद्रमुग्रं भीमं पशुपतिं तथा ॥ ८४ ॥
महादेवमथेशानं क्रमात्क्षित्यादिमूर्तिकान् ।
क्षित्यप्तेजोनिलाकाशयजमानेन्दुभास्कराः ॥ ८५ ॥
क्षित्यादयः स्युः शर्वाद्यास्तत इन्द्रादिकान्यजेत् ।
धूपदीपनिवेद्यानि नमस्कारप्रदक्षिणाः ॥ ८६ ॥

दक्षिणोत्सवसङ्गस्थं गणेशं प्रामृशन् । अपरेण वामबाहुना वामोरुस्थिताया अगपतितनयायाः पार्वत्या उत्सङ्गे वर्तमानं गुहं कुमारं च प्रमृशन् । इष्टाभीती वराभये कराभ्यां दक्षवामाभ्यां धारयन् ॥ ८२ ॥ ॐ नमः पशुपतये इति मन्त्रेण स्नापयेत् । ॐ नमः शिवायेति मन्त्रेण वह्निरेतसे शंकरायगन्धपुष्पधूपदीप–नैवेद्यान्यर्पयेत् ॥ ८३ ॥ आवरणार्चनमाह – **प्रागादीति** । क्षित्यादिमूर्तिकान् शर्वादीन् । प्रागादिषु च वामावर्तेन पूजयेत् । क्षित्यादीनाह – **क्षित्यप्तेज** इत्यादि। यथा – शर्वाय क्षितिमूर्तये नमः, पूर्वे। भवाय जलमूर्तये नमः, ईशाने। रूद्राय तेजोमूर्तये नमः, उत्तरे। उग्राय वायुमूर्तये नमो वायौ। भीमायाकाशमूर्तये नमः, पश्चिमे। पशुपतये यजामानमूर्तये नमो नैर्ऋत्ये। महादेवाय चन्द्रमूर्तये नमो दक्षिणे। ईशानाय सूर्यमूर्तये नमः, आग्नेये इति ॥ ८४ ॥ * ॥ ८५–८६ ॥

दाहिनी गोद में स्थित गणपति के मुख को अपनी दाहिनी भुजा से तथा वामाङ्ग मे विराजमान पार्वती की गोद में बैठे कुमार को अपनी बायीं भुजा से स्पर्श करते हुये अन्य दोनों हाथों में वर एवं अभयमुद्रा धारण किए हुये, चन्द्रमा जैसी गौर आभा वाले, त्रिलोक पूजित, त्रिनेत्र नीलकण्ठ भगवान् सदाशिव हमारी रक्षा करें ॥ ८२ ॥

इस प्रकार ध्यान कर पशुपति मन्त्र - 'ॐ नमः पशुपतये नमः' इस मन्त्र से शिव को स्नान कराना चाहिए । तदनन्तर - 'ॐ नमः शिवाय' इस शिवमन्त्र से गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, एवं नैवेद्य आदि उपचारों से भगवान् सदाशिव का पूजन करना चाहिए ॥ ८३ ॥

पूर्वादि ८ दिशाओं में वामावर्त्त के क्रम से क्षित्यादि मूर्तियों वाले शर्व आदि ८ देवताओं का पूजन करना चाहिए ।

१. शर्व, २. भव, ३. रुद्र, ४. उग्र, ५. भीम, ६. पशुपति, ७. महादेव एवं ८. ईशान ये क्रमशः १. क्षिति, २. आप, ३. तेज, ४. अनिल, ५. आकाश, ६. यजमान, ७. इन्द्र और ८. भास्कर की मूर्तियां हैं । इनके पूजन के पश्चात् इन्द्रादि दिक्पालों का पूजन करना चाहिए ॥ ८४-८६ ॥

जपं च कृत्वा विसृजेन्महादेवस्य मन्त्रतः।

हरादिमन्त्रकथनम्

तारनत्यादिका ङेन्ता हराद्या मनवोद्रयः ॥ ८७ ॥

जपं कृत्वा ॐ नमो महादेवायेति विसृजेत् । हरादि मन्त्रानाह – **तारेति** । प्रणव नम आद्याश्चतुर्थ्यन्ता हराद्याः अद्रयः सप्तसंख्याकामन्त्राः ॐ नमो हरायेत्यादयो मयोक्ताः ॥ ८७ ॥ एकमेकं संपूज्यापरं पूजयेत् । अल्पकाले

विमर्श – श्लोक १९. ८२ में वर्णित पार्थिव शिव का ध्यान कर पाद्यादि उपचारों से पुष्पाञ्जलि पर्यन्त विधिवत् लिङ्ग पूजन कर आवरण पूजा करनी चाहिए । आवरण पूजा में पूर्वादि दिशाओं में वामावर्त क्रम से शर्वादि अष्ट मूर्तियों की पूजा करनी चाहिए ।

आवरण पूजा – ॐ शर्वाय क्षितिमूर्तये नमः पूर्वे,
ॐ भवाय जलमूर्तये नमः ईशाने, ॐ रुद्राय तेजोमूर्तये नमः उत्तरे,
ॐ उग्राय वायुमूर्तये नमः वायव्ये, ॐ भीमाय आकाशमूर्तये नमः पश्चिमे,
ॐ पशुपतये यजमानमूर्तये नमः नैर्ऋत्ये, ॐ महादेवाय चन्द्रमूर्तये नमः दक्षिणे,
ॐ ईशानाय सूर्यमूर्तये नमः आग्नेये,

तत्पश्चात् इन्द्रादि दिक्पालों का पूर्वादि क्रम से पूर्ववत् पूजन करना चाहिए (द्र० १९. १२ की टीका) ॥ ८६ ॥

अब **उत्तरपूजा तथा विसर्जन विधि** कहते है – आवरण पूजा के बाद धूप, दीप, नैवेद्य, नमस्कार एवं प्रदक्षिणा आदि करनी चाहिए । फिर सदाशिव मन्त्र (ॐ नमः शिवाय) का जप कर महादेव मन्त्र (ॐ नमो महादेवाय) से विर्सजन करना चाहिए ॥ ८६-८७ ॥

विमर्श – विनियोग – ॐ अस्य श्रीसदाशिवमन्त्रस्य वामदेवऋषिः पङ्क्तिश्छन्दः श्रीसदाशिवो देवता ॐ बीजं नमः शक्तिः शिवायेति कीलकं आत्मनोऽभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

ऋष्यादिन्यास – ॐ वामदेवाय ऋषये नमः शिरसि,
ॐ पङ्क्तिश्छन्दसे नमः मुखे, ॐ श्रीसदाशिवदेवतायै नमः हृदि
ॐ बीजाय नमः गुह्ये ॐ नमः शक्तये नमः पादयोः
ॐ शिवाय कीलकाय नमः सर्वाङ्गे ।

कराङ्गन्यास – ॐ अङ्गुष्ठाभ्यां नमः, ॐ नं तर्जनीभ्यां नमः,
ॐ मं मध्यमाभ्यां नमः ॐ शिं अनामिकाभ्यां नमः ॐ वां कनिष्ठिकाभ्यां नमः,
ॐ यं करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः । एवमेव हृदयादि न्यासं कुर्यात्,
इसके बाद सदाशिव का ध्यान इस प्रकार करे –

प्रतिलिङ्गं यजेद्देवमखिलानि सहैव वा ।
पूजितौ निजमन्त्राभ्यां विसृजेद्‌गणराड्‌गुहौ ॥ ८८ ॥
धनपुत्रादिकामैस्तु शिवोर्च्यः प्रोक्तलक्षणः ।
विद्याकामैश्चिन्तनीयः परशुं हरिणं वरम् ॥ ८९ ॥
ज्ञानमुद्रां दधद्धस्तैर्वटमूलमुपाश्रितः ।
पुंसोर्विरुद्धयोः सन्धौ कुर्याल्लिङ्गानि साधकः ॥ ९० ॥

बहुकरणपक्षे बहूनि सहैव पूजयेत् । गणेशागुहौ स्वमन्त्राभ्याग्ने वाखिलोपचारैः संपूज्य विसर्जयेत् ॥ ८८ ॥ कामनाभेदेन ध्यानान्याह – **परशुमिति** । वटमूलाश्रितो दक्षिणामूर्तिः । वरज्ञानमुद्रे दक्षयोः । परशुहरिणौ वामयोः । संधौ अर्द्ध हरिहरो ध्येयः । शंखपद्मौ हरिहस्तयोः । नागशूले हरहस्तयोः । इन्द्रनीलनिभो हरिः शरच्चन्द्रनिभो हरः ॥ ८९–९२ ॥ * ॥ ९३ ॥

ध्यायेन्नित्यं महेशं रजतगिरिनिभं चारुचन्द्रावतंसं
रत्नाकल्पोज्ज्वलाङ्गं परशुमृगवराभीति हस्तं प्रसन्नम् ।
पद्मासीनं समन्तात्स्तुतममरगणैर्व्याघ्रकृत्तिं वसानं
विश्वाद्यं विश्ववन्द्यं निखिलभयहरं पञ्चवक्त्रं त्रिनेत्रम् ॥ ८६-८७ ॥

हर आदि के ७ मन्त्र - प्रारम्भ में प्रणव, फिर 'नमः', उसके बाद हर आदि का चतुर्थ्यन्त रूप (हराय) लगाने से पार्थिवेश्वर पूजन में प्रयुक्त ७ मन्त्र निष्पन्न होते हैं ॥ ८७ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - १. ॐ नमो हराय, २. ॐ नमो महेशाय, ३. ॐ नमः शूलपाणये, ४. ॐ नमः पिनाकिने, ५. ॐ नमः पशुपतये, ६. ॐ नमः शिवाय, ७. ॐ नमो महादेवाय ॥ ८७ ॥

प्रत्येक लिङ्ग का इस विधि से पूजन करे अथवा समस्त लिङ्गो का एक साथ उक्त विधि से पूजन करे । बालगणेश्वर एवं कुमार कार्तिकेय का भी उनके पूजन के बाद विर्सजन कर देवे ॥ ८८ ॥

अब **विविध कामनाओं के लिए विविध पार्थिवेश्वर का ध्यान** कहते हैं -

धन एवं पुत्रादि की कामना करने वाले लोगों को पूर्वोक्त विधि से शिव का पूजन करना चाहिए । विद्या की कामना वालों को वट के मूल में स्थित अपने चारों हाथों में परशु, हरिण, वर एवं ज्ञान मुद्रा धारण करने वाले **भगवान् दक्षिणामूर्ति** का ध्यान करना चाहिए ॥ ८९-९० ॥

दो विरोधियों में सन्धि कराने के लिए नदी के दोनों किनारों की मिट्टी लाकर, उससे शिव लिङ्ग बनाकर, उसका पूजन करना चाहिए । इस प्रयोग में शंख, पद्म, सर्प एवं शूलधारी **हरिहर** की उभयात्मक मूर्ति का ध्यान

नदीतीरद्वयानीतमृदा तानि च पूजयेत् ।
तत्र ध्येयो हरिहरः शंखपद्माहिशूलभृत् ॥ ६१ ॥
इन्द्रनीलशरच्चन्द्रनिभो भूषणपुञ्जवान् ।
दम्पत्योरविरोधार्थमर्द्धनारीश्वरः स्मृतः ॥ ६२ ॥
पीयूषपूर्णकलशं दधत् पाशांकुशावपि ।

उच्चाटनादिषु ध्यानकथनं

उच्चाटे मारणे द्वेषे ध्यातव्यः पुनरीदृशः ॥ ६३ ॥
कालीहस्ताम्बुजालम्बः शूलप्रोतद्विषच्च यः ।
मुण्डमालालसत्कण्ठो राववित्रासिताखिलः ॥ ६४ ॥
इत्थं तु कामनाभेदाद् ध्यानभेदाः प्रकीर्तिताः ।
पूजयेत्कार्यवशतो लक्षावधिसहस्रतः ॥ ६५ ॥

लक्षलिङ्गपूजाफलकथनम्

लक्षपार्थिवलिङ्गानां पूजनाद् भुवि मुक्तिभाक् ।
लक्षं तु गुडलिङ्गानां पूजनात् पार्थवो भवेत् ॥ ६६ ॥

उच्चाटनादिषु ध्यानमाह - **कालीति** । शूलप्रोतः शत्रुसमूहो येन। कार्यवशतः अल्पे कार्येऽल्पानां पूजाकार्यगौरवे बहूनां पूजाकार्या ॥ ६४ ॥ * ॥ ६५–६६ ॥

करना चाहिए ॥ ६०-६१ ॥

इन्द्रनील जैसी आभा वाले श्री हरि तथा शरच्चन्द्र के समान हर का ध्यान करना चाहिए । आभूषणों से अलंकृत इन दोनों में ऐक्य की भावना करते हुये शिवलिङ्ग पूजन करना चाहिए ॥ ६२ ॥

पति और पत्नी में अविरोध के लिए (प्रेम संपादनार्थ) अर्द्धनारीश्वर का ध्यान कर पार्थिव पूजा करनी चाहिए । जिनके चारों हाथों में क्रमशः अमृतकुम्भ, पूर्णकम्भ, पाश एवं अंकुश है ॥ ६३ ॥

उच्चाटन, मारण एवं विद्वेषण आदि में काली के कर का अवलम्बन कर अपने त्रिशूल से प्रचण्ड शत्रु समूह को छिन्न-भिन्न करते हुये मुण्डमाला धारी अपने प्रचण्ड अट्टाहस से सबको भयभीत करते हुये भगवान् सदाशिव का ध्यान कर लिङ्ग पूजा करनी चाहिए । इस प्रकार विविध कामनाओं के भेद से भिन्न भिन्न ध्यान बतलाए गए हैं ॥ ६३-६५ ॥

छोटे एवं बड़े कार्यो के भेद से १००० से लेकर एक लाख तक की संख्या मे पार्थिव पूजन करना चाहिए ॥ ६५ ॥

या नारी गुडलिङ्गानि सहस्रं पूजयेत्सती ।
भर्तुः सुखमखण्डं सा प्राप्यान्ते पार्वती भवेत् ॥ ९७ ॥
नवनीतस्य लिङ्गानि सम्पूज्येष्टमवाप्नुयात् ।
भस्मनो गोमयस्यापि बालुकायास्तथा फलम् ॥ ९८ ॥
क्रीडन्ति पृथुका भूमौ कृत्वा लिङ्गं रजोमयम् ।
पूजयन्ति विनोदेन तेऽपि स्युः क्षितिनायकाः ॥ ९९ ॥

लिङ्गपूजाया नानाफलानि

प्रातर्गोमयलिङ्गानि नित्यं यस्त्रीणि पूजयेत् ।
बृहतीबिल्वयोः पत्रैर्नैवेद्यं गुडमर्पयेत् ॥ १०० ॥
एवं मासत्रयं कुर्वन्ननल्पं लभते धनम् ।
एकादशैवलिङ्गानि गोमयोत्थानि यो यजेत् ॥ १०१ ॥

धनप्रापकं प्रयोगमाह – **प्रातरिति** ॥ १०० ॥ सम्पदावहं प्रयोगमाह – **एकादशेति** । प्रत्यहं कालचतुष्टये एकादशैकादश पूजयेत् ॥ १०१ ॥ * ॥ १०२–१०३ ॥

एक लाख की संख्या मे शिव लिङ्ग पूजन करने से पृथ्वी पर मनुष्य मुक्ति प्राप्त कर लेता है । गुड़ निर्मित एक लाख लिङ्गों के पूजन से साधक राजा बन जाता है ॥ ९६ ॥

जो स्त्री पातिव्रत्य धर्म का पालन करते हुये गुड़ निर्मित एक हजार लिङ्गों की पूजा करती है, वह पति का सुख तथा अखण्ड सौभाग्य प्राप्त कर अन्त में पार्वती के स्वरूप में मिल जाती है ॥ ९७ ॥

नवनीत निर्मित लिगों का पूजन कर मनुष्य अभीष्ट वस्तुओं को प्राप्त कर लेता है । भस्म, गोमय एवं बालुका बने लिङ्गो के पूजन का भी यही फल कहा गया है ॥ ९८ ॥

जो लड़के धूलि का लिङ्ग बनाकर उससे खेलते है एवं विनोद में उसकी पूजा करते हैं । वे इसके प्रभाव से राजा हो जाते हैं ॥ ९९ ॥

अब **धन के लिए लिङ्ग पूजन प्रयोग** कहते हैं -

जो व्यक्ति प्रातःकाल तीन महीने तक गोमय निर्मित तीन लिङ्गो का पूजन करता है और उस पर भटकटैया तथा बिल्वपत्र चढ़ाकर गुड़ का नैवेद्य अर्पित करता है वह प्रचुर संपत्ति प्राप्त करता है ॥ १००-१०१ ॥

जो व्यक्ति गोमय निर्मित एकादश लिङ्गो का छः मास पर्यन्त प्रातः, मध्याह्न सायंकाल और अर्धरात्रि - इस प्रकार काल-चतुष्टय में निरन्तर पूजन करता है

प्रातर्मध्याह्नयोः सायं निशीथे प्रतिवासरम् ।
स सर्वाः सम्पदो यायात् षण्मासा देवमाचरन् ॥ १०२ ॥
एकादश यजेन्नित्यं शालिपिष्टमयानि सः ।
लिङ्गानि मासमात्रेण सकल्मषं च यं दहेत् ॥ १०३ ॥
स्फाटिकं पूजितं लिङ्गमेनोनिकरनाशकम् ।
सर्वकामप्रदं पुंसामुदुम्बरसमुद्भवम् ॥ १०४ ॥
रेवाश्मजं सर्वसिद्धिप्रदं दुःखविनाशनम् ।
यथाकथञ्चिल्लिङ्गस्य पूजा नित्यं कृतेष्टदा ॥ १०५ ॥
यो यजेत् पिचुमन्दोत्थैः पत्रैर्गोमयजं शिवम् ।
क्रुद्धं महेश्वरं ध्यायन् स पराजयते रिपून् ॥ १०६ ॥
यो लिङ्गं पूजयेन्नित्यं शिवभक्तिपरायणः ।
मेरुतुल्योऽपि तस्याशु पापराशिर्लयं व्रजेत् ॥ १०७ ॥
दोग्ध्रीणां तु गवां लक्षं यो दद्याद्वेदपाठिने ।
पार्थिवं योऽर्चयेल्लिङ्गं तयोर्लिङ्गार्चको वरः ॥ १०८ ॥

एनो निकरः पापौघस्तस्य नाशनम् उदुम्बरसमुद्भवताम्रमयम् ॥ १०४–१०५ ॥ पिचुमन्दो निम्बः ॥ १०६ ॥ * ॥ १०७–१०६ ॥

वह सब प्रकार की संमृद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ १०१-१०२ ॥

अब **पापराशि को नष्ट करने के लिए प्रयोग** कहते हैं -

जो साठी के चावल के पिष्ट का एकादश लिङ्ग बनाकर एक मास पर्यन्त नित्य (विना व्यवधान के) पूजन करता है, वह अपनी सारी पापराशि जला देता है ॥ १०३॥

स्फटिक के लिङ्ग की पूजा से साधक के सभी पाप दूर हो जाते हैं । तांबे से बना लिङ्ग साधक की सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करता है । नर्मदेश्वर लिङ्ग के पूजन से सारी सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं तथा सारे दुःखों का नाश होता है । चाहे जिस किसी भी प्रकार से हो प्रतिदिन लिङ्ग का पूजन अभीष्टफलदायक कहा गया है ॥ १०४-१०५ ॥

जो व्यक्ति गोबर का शिवलिङ्ग बनाकर क्रुद्ध महेश्वर का ध्यान करते हुये नीम की पत्तियों से उनका पूजन करता है वह शत्रुओं का विनाश कर देता है ॥ १०६ ॥

जो व्यक्ति भगवान् शिव की भक्ति में तत्पर हो कर प्रतिदिन लिङ्ग का पूजन करता है उसके सुमेरु तुल्य भी महान् पाप नष्ट हो जाते हैं ॥ १०७ ॥

जो व्यक्ति वेदपाठियों को एक लाख दुधारू सवत्सा गौ का दान करे और जो दूसरा साधक पार्थिवशिवलिङ्ग का पूजन करे तो उन दोनों में पार्थिवशिवलिङ्ग का पूजन करने वाला व्यक्ति श्रेष्ठ है ॥ १०८ ॥

चतुर्दश्यां तथाष्टम्यां पौर्णमास्यां विधुक्षये ।
पयसा स्नापयेल्लिङ्गं धरादानफलं व्रजेत् ॥ १०९ ॥
लिङ्गपूजां विधायाऽग्रे स्तोत्रं वा शतरुद्रियम् ।
प्रजपेत्तन्मना भूत्वा शिवे स्वं विनिवेदयेत् ॥ ११० ॥
यत्संख्याकं यजेल्लिङ्गं तन्मितं होममाचरेत् ।
आज्यान्वितैस्तिलैरग्नौ घृतैर्वा पायसेन वा ॥ १११ ॥
शिवमन्त्रेण तस्यान्ते ब्राह्मणान् भोजयेच्छतम् ।
एवं कृते समस्तेष्टसिद्धिर्भवति निश्चितम् ॥ ११२ ॥

नरकरोधकरो यमधर्ममन्त्रः ध्यानादि च

प्रणवांकुशहृल्लेखापाशाः कम्भौतिकेन्दुमत् ।
वैवस्वताय धर्मान्ते राजावर्णाः प्रभञ्जनः ॥ ११३ ॥

शतरुद्रियम् । नमस्ते रुद्रमन्यव इति प्रपाठकं यजुर्वेदोक्तम् । स्वामात्मानं शिवे निवेदयेत् ॥ ११० ॥ शिवमन्त्रेण – ॐ नमः शिवायेति षडक्षरेण ॥ १११ ॥ यममन्त्रमाह – **प्रणवेति** । प्रणव ॐ । अंकुशः क्रों । हृल्लेखा ह्रीं । पाशः आम् । कं जलं वः भौतिकेन्दुमत् ऐं बिन्दुयुतं वैं । प्रभञ्जनो यः स्पष्टमन्यत् । यथा – ॐ क्रों ह्रीं आं वैं वैवस्वताय धर्मराजाय भक्तानुग्रहकृते नमः । शमनदैवतो यमदेवताकः ॥ ११३–११४ ॥

चतुर्दशी, अष्टमी, पौर्णमासी तथा अमावस्या को दुग्ध से शिव लिङ्ग को स्नान कराने वाला व्यक्ति पृथ्वीदान के समान फल प्राप्त करता है ॥ १०९ ॥

अब **लिङ्ग पूजन के बाद का उत्तर कर्म** कहते हैं –

लिङ्ग पूजा के बाद उनके संमुख यजुर्वेदोक्त 'नमस्ते रुद्र' इत्यादि किसी स्तोत्र का अथवा शतरुद्रिय इत्यादि का पाठ करना चाहिए । फिर स्वयं को भगवान् सदाशिव में अपने को समर्पित कर देना चाहिए ॥ ११० ॥

जितनी संख्या में लिङ्गो का पूजन करे, उतनी ही संख्या में घृत मिश्रित तिलों से, अथवा घृत से, अथवा मात्र पायस से, विधिवत् स्थापित अग्नि में - ॐ नमः शिवाय - इस मन्त्र से होम करना चाहिए । इसके बाद १०० ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए । ऐसा करने से साधक के सभी मनोरथ निश्चित रूप से पूर्ण हो जाते हैं ॥ १११-११२ ॥

अब **धर्मराज मन्त्र का उद्धार** कहते हैं -

प्रणव (ॐ), अङ्कुश (क्रों), हृल्लेखा (ह्रीं), पाश (आं), कं जलबीज (वं), जो भौतिक ए और बिन्दु से युक्त हो अर्थात् (वैं) फिर 'वैवस्वताय धर्म' पद

भक्तानुग्रहवर्णान्ते कृते नम उदीरितः ।
चतुर्विंशति वर्णात्मा मन्त्रः शमनदैवतः ॥ ११४ ॥
त्रिनेत्रपञ्चबाणाद्रियुग्मार्णैरङ्गकं मनोः ।
विधाय सावधानेन मनसा चिन्तयेद्यमम् ॥ ११५ ॥
पान्थःसंयुत मेघसन्निभतनुः प्रद्योतनस्यात्मजो
नृणां पुण्यकृतां शुभावहवपुः पापीयसां दुःखकृत् ।
श्रीमद्दक्षिणदिक्पतिर्महिषगोभूषाभरालंकृतो
ध्येयः संयमिनीपतिः पितृगणस्वामी यमो दण्डभृत् ॥ ११६ ॥
अभ्यस्तोऽयं सिद्धमन्त्रः सकलापद्विनाशनः ।
नरकप्राप्तिरोद्धास्याद्रिपुभीतिनिवर्तकः ॥ ११७ ॥

षडङ्गमाह – **त्रिनेत्रेति** । ॐ क्रों ह्रीं हृदयाय नम इत्यादि० । आं वैं शिर इत्यादि० ॥ ११५ ॥ ध्यानमाह – **पान्थ** इति । सजलमेघा भः । प्रद्योतनो रविस्तस्य पुत्रः । पुण्यवतां सौम्यः । पापीयसां भीषणः ॥ ११६ ॥

के बाद 'राजा' पद तथा प्रभञ्जन (य) फिर 'भक्तानुग्रह' शब्द के बाद कृते 'नमः' जोड़ने से २४ अक्षरों का धर्मराजमन्त्र निष्पन्न हो जाता है ॥ ११३-११४ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - ॐ क्रों ह्रीं आं वैं वैवस्वताय धर्मराजाय भक्तानुग्रहकृते नमः (२४) ॥ ११३-११४ ॥

अब **षडङ्गन्यास** कहते हैं - मन्त्र के ३, २, ५, ५, अद्रि ७ एवं २ वर्णों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । तदनन्तर मनोयोग पूर्वक धर्मराज का ध्यान करना चाहिए ॥ ११५॥

विमर्श - विनियोग - अस्य श्रीधर्मराजमन्त्रस्य वामदेवऋषिर्गायत्रीच्छन्दः शमनोदेवता ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

षडङ्गन्यास - ॐ क्रों ह्रीं हृदयाय नमः, आं वैं शिरसे स्वाहा,
वैवस्वताय शिखायै वषट्, धर्मराजाय कवचाय हुम्,
भक्तानुग्रहकृते नेत्रत्रयाय वौषट्, नमः अस्त्राय फट् ।

ध्यान - जिन सूर्यपुत्र का सजलमेघ के समान श्याम शरीर है, जो पुण्यात्माओं को सौम्य रूप में तथा पापियों को दुःखदायक भयानक रूप में दिखाई पड़ते हैं, जो ऐश्वर्य सम्पन्न दक्षिणदिशा के अधिपति, महिष पर सवारी करने वाले, अनेक आभूषणों से अलंकृत संयमिनी नगरी के तथा पितृगणों के स्वामी, प्राणियों का नियमन करने वाले तथा दण्ड धारण करने वाले हैं इस प्रकार के धर्मराज का ध्यान करना चाहिए ॥ ११६॥

अभ्यास करने से सिद्ध हुआ यह मन्त्र साधक की सारी आपत्तियों का नाश करता है, नरक जाने से रोकता है तथा शत्रुभय का निवर्तक है ॥ ११७ ॥

चित्रगुप्तमन्त्रस्तद्विधिश्च

प्रणवो हृद्विचित्राय धर्मान्ते लेखकाय च ।
यमवान्ते हिकाधीतिकारिणे पदमुच्चरेत् ॥ ११८ ॥
क्षुधातन्द्री क्रियोत्कारी वह्निनयार्घीशसंयुताः ।
यामिनीशयुता मूर्ध्नि जन्मसम्पत्पदं ततः ॥ ११९ ॥
प्रलयं कथय द्वन्द्वं स्वाहाऽष्टात्रिंशदक्षरः ।
मन्त्रोऽयं चित्रगुप्तस्य सर्वदुःखौघनाशनः ॥ १२० ॥
सप्तषण्णव वस्वङ्गैर्नेत्रार्णैर्मनुसम्भवैः ।
प्रविधाय षडङ्गानि चिन्तयेत् कर्मलेखकम् ॥ १२१ ॥

सिद्धमन्त्रत्वादृष्यादि पूजाभावः ॥ ११७ ॥ चित्रगुप्तमन्त्रमाह – **प्रणव** इति ॥ ११८ ॥ क्षुधा यः । तन्द्री मः । क्रिया लः । उत्कारी वः । वह्नी रः । यं स्वरूपम् । एते अर्धीशसंयुता ऊयुताः । मूर्ध्नि यामिनीशयुता बिन्दुयुता । तेन य्म्ल्व्र्यूं इति पिण्डम् । स्वरूपमन्यत् । मन्त्रो यथा – ॐ नमो विचित्राय धर्मलेखकाय यमवाहिकाधिकारिणे य्म्ल्व्र्यूं जन्मसंपत्प्रलयं कथय कथय स्वाहेति ॥ ११९–१२० ॥ षडङ्गमाह – **सप्तेति** । वसवोऽष्टौ । अङ्गानि षट् ॥ १२१ ॥

अब **चित्रगुप्त के मन्त्र का उद्धार** कहते हैं - प्रणव (ॐ), फिर हृद् (नमः), फिर 'विचित्राय धर्म' 'लेखकाय यमवाहिकाधिकारिणे' पद का उच्चारण करना चाहिए । फिर क्षुधा (य), तन्द्री (म), क्रिया (ल), उत्कारी (ब), वह्नि (र) एवं (य) इन वर्णों में अर्घीश एवं इन्दु लगाने से निष्पन्न य्म्ल्व्र्यूं, फिर 'जन्म सम्पत्प्रलयं' पद का उच्चारण कर २ बार कथय और अन्त में 'स्वाहा' जोड़ने से ३८ अक्षरों का चित्रगुप्त मन्त्र बनता है जो सारे पापों एवं दुःखों को दूर करने वाला है ॥ ११८-१२० ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप इस प्रकार है - ॐ नमः विचित्राय धर्मलेखकाय यमवाहिकाधिकारिणे य्म्ल्व्र्यूं जन्मसंपत्प्रलयं कथय कथय स्वाहा (३८) ।

षडङ्गन्यास - मन्त्र के ७, ६, ९, ८, ६, एवं २ वर्णों से षडङ्गन्यास करना चाहिए । फिर सबके कर्मों का लेखा जोखा रखने वाले चित्रगुप्त का इस प्रकार ध्यान करना चाहिए ॥ १२१ ॥

विमर्श - विनियोग पूर्ववत् है केवल 'धर्मराजमन्त्रस्य' के स्थान पर 'चित्रगुप्तमन्त्रस्य' कहना चाहिए ।

षडङ्गन्यास विधि - ॐ नमः विचित्राय हृदयाय नमः,
धर्मलेखकाय शिरसे स्वाहा यमवाहिकाधिकारिणे शिखायै वषट्

किरीटोज्ज्वलं वस्त्रभूषाभिरामं
चित्रासनासीनमिन्दुप्रभास्यम् ।
नृणां पापपुण्यानि पत्रे लिखन्तं
भजे चित्रगुप्तं सखायं यमस्य ॥ १२२ ॥

सिद्धमन्त्रमिमं पुंसां जपतां चित्रगुप्तकः ।
प्रसन्नो गणयेत् पुण्यं नैव पापं कदाचन ॥ १२३ ॥

आसुरीमन्त्रः ध्यानं तद्विधिश्च

वक्ष्याम्यथर्ववेदोक्तमासुरीविधिमुत्तमम् ।
कटुके कटुकान्ते तु पत्रेन्ते सुभगे पदम् ॥ १२४ ॥
अनन्तसुरिरक्तेन्ते पदं स्याद्रक्तवाससे ।
अथर्वणस्य दुहिते केशवोघोभगीबली ॥ १२५ ॥
अघोरकर्मशब्दान्ते कारिके अमुकस्य च ।
गतिं दहद्वयं कर्णोः पविष्टस्य गुदं दह ॥ १२६ ॥

ध्यानमाह – **किरीटोज्ज्वलमिति** ॥ १२२ ॥ * ॥ १२३ ॥ आसुरीमन्त्रमाह – **कटुके** इति ॥ १२४ ॥ अनन्त आ केशवः अ । बली रः भगी एयुतः रे ॥ १२५ ॥ कर्ण उ ॥ १२६ ॥

य्म्ल्व्यूं जन्मसंपत्प्रलयं कवचाय हुम्
कथयं कथय नेत्रत्रयाय वौषट् स्वाहा अस्त्राय फट् ॥ १२१ ॥

ध्यान - किरीट के प्रकाश से उज्ज्वल तथा वस्त्र एवं आभूषण से मनोहर, चन्द्रिका के समान प्रसन्न मुख वाले, विचित्र आसन पर बैठ कर सारे मनुष्यों के पाप और पुण्यों को बही के पत्र पर लिखते हुये, यमराज के सखा चित्रगुप्त का मैं भजन करता हूँ ॥ १२२ ॥

इस सिद्धमन्त्र का जप करने वाले मनुष्यों से प्रसन्न हुये चित्रगुप्त केवल उनके पुण्यों का ही लेखा जोखा करते हैं पापों का नहीं ॥ १२३ ॥.

अव **अर्थववेदोक्त आसुरी विद्या के प्रयोगों की श्रेष्ठतम विधि** कहता हूँ -

'कटुके कटुक' के बाद 'पत्रे सुभगे', फिर अनन्त (आ), फिर 'सुरिरक्ते' के बाद 'रक्तवाससे अथर्वणस्य दुहिते' पद, तदनन्तर केशव (अ), फिर 'घो' भगी बली (रे) तथा 'अधोर कर्म' पद के बाद 'कारिके' 'अमुकस्य' साध्य नाम षष्ठ्यन्त, फिर 'गतिं', फिर २ बार दह, फिर कर्ण (उ), फिर 'पविष्टस्य गुदं', फिर दो बार दह, फिर 'सुप्तस्य', फिर तन्द्री (म), 'नो' तथा २ बार 'दह' फिर 'प्रबुद्ध' स बाली भृगु

दहसुप्तस्य तन्द्रीनो दहयुग्मं प्रबुद्ध च।
भृगुः सवालीहृदयं दहद्वन्द्वं हनद्वयम् ॥ १२७ ॥
पचयुग्मं तावदन्ते दहतावत् पचेति च।
यावन्मे वशमायाति वर्मास्त्रे वह्निवल्लभा ॥ १२८ ॥
तारादिरासुरीमन्त्रो दशोत्तरशताक्षरः।
अङ्गिरास्तु ऋषिश्छन्दो विराड् दुर्गासुरी मता ॥ १२९ ॥
देवता प्रणवो बीजं शक्तिः पावकनायिका।
हृन्नवार्णैः शिरोङ्गार्णैः शिखासप्ताक्षरैर्मता ॥ १३० ॥
वर्माष्टभिर्नेत्रमीशैरस्त्रं बाणरसाक्षरैः।
हुं फट् स्वाहेति सर्वत्र पठेदङ्गेषु साधकः ॥ १३१ ॥

तन्द्री मः, भृगुः सः, बाली ययुतः स्यः। अन्यत्स्वरूपम् । मन्त्रो यथा – ॐ कटुके कटुकपत्रे सुभगे आसुरिरक्ते रक्तवाससे अथर्वणस्य दुहिते अघोरे अघोर–कर्मकारिकेऽमुकस्य गतिं दह दह उपविष्टस्य गुदं दह दह सुप्तस्य मनो दह दह प्रबुद्धस्य हृदयं दह दह हन हन पच पच तावद्दह तावत्पच यावन् मे वशमायाति हुं फट् स्वाहेति। आसुरी संज्ञा दुर्गादेवता ॥ १२७–१२९ ॥ पावक–नायिका स्वाहा। षडङ्गमाह – **हृन्नेति** ॥ १३० ॥ ईशैरेकादशार्णैः। बाणरसाक्षरः पञ्चषष्ट्यर्णः हुं फट् स्वाहेति चत्वारो वर्णाः सर्वेष्वङ्गेषूक्तवर्णान्ते वाच्याः॥ १३१ ॥

(स्य) हृदयं, फिर २ बार 'दह', २ बार 'हन' तथा दो बार 'पच', फिर 'तावत्' 'दह' 'तावत्' 'पच' यावन्मे वशमायाति', फिर वर्म (हुं), अस्त्र (फट्) तथा अन्त में वह्निवल्लभा (स्वाहा) और प्रारम्भ में तार (ॐ) लगाने से ११० अक्षरों का आसुरी मन्त्र निष्पन्न होता है ॥ १२४-१२९ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - ॐ कटुके कटुकपत्रे सुभगे आसुरिरक्ते रक्तवाससे अथर्वणस्य दुहिते अघौरे अघोरकर्मकारिके अमुकस्य गतिं दह दह उपविष्टस्य गुदं दह दह सुप्तस्य मनो दह दह प्रबुद्धस्य हृदयं दह दह हन हन पच पच तावद्दह तावत्पच यावन् मे वशमायाति हुं फट् स्वाहा। (आसुरी दुर्गा की संज्ञा है) ॥ १२४-१२९॥

विनियोग एवं षडङ्गन्यास - इस मन्त्र के अंगिरा ऋषि हैं, विराट् छन्द तथा आसुरी दुर्गा देवता है, प्रणव बीज तथा स्वाहा शक्ति है ॥ १२९-१३० ॥

विमर्श - विनियोग विधि - ॐ अस्य आसुरीमन्त्रस्य अंगिरा ऋषिर्विराट् छन्दः, आसुरीदुर्गादेवता ॐ बीजं स्वाहा शक्तिरात्मनोऽभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः ॥ १२९-१३० ॥

मन्त्र के ९ वर्णों से हृदय पर, ६ वर्णों से शिर, ७ वर्णों से शिखा, ८ वर्णों से कवच, ११ वर्णों से नेत्र तथा ६५ वर्णों से अस्त्र पर न्यास करना

शरच्चन्द्रकान्तिर्वराभीतिशूलं
सृणिं हस्तपद्मैर्दधानाम्बुजस्था ।
विभूषा वराढ्यादियज्ञोपवीता–
मुदोथर्वपुत्री करोत्वासुरी नः ॥ १३२ ॥
अयुतं प्रजपेन्मन्त्रं जुहुयात्तद्दशांशतः ।
घृताक्तराजिकां वह्नौ ततः सिद्धो भवेन्मनुः ॥ १३३ ॥

अस्य मन्त्रस्यनानाफलानि

पञ्चाङ्गामासुरीं मन्त्री गृहीत्वा मन्त्रयेच्छतम् ।
तया धूपितमात्मानं यो जिघ्रेत् स वशो भवेत् ॥ १३४ ॥

ध्यानमाह – **शरदिति**। अभयांकुशे वामयोः। जयादिशक्तियुते पीठेर्गेन्द्रायुधैः पूजा बोध्या ॥ १३२–१३३ ॥ पञ्चाङ्गं मूलशाखापत्रपुष्पफलानि ॥ १३४ ॥

चाहिए । सभी अङ्गो पर न्यास करते समय साधक को मन्त्र के अन्त में 'हुं फट् स्वाहा' इतना और पढ़ना चाहिए ॥ १३०–१३१ ॥

विमर्श – ऋष्यादिन्यास – ॐ अङ्गिरसे ऋषये नमः, शिरसि,
ॐ विराट् छन्दसे नमः मुखे, ॐ आसुरीदुर्गादेवतायै नमः हृदि,
ॐ ॐ बीजाय नमः गुह्ये ॐ स्वाहा शक्तये नमः पादयोः

षडङ्गन्यास – ॐ कटुके कटुकपत्रे हुं फट् स्वाहा हृदयाय नमः,
सुभगे आसुरि हुं फट् स्वाहा शिरसे स्वाहा,
रक्तेरक्तवाससे हुं फट् स्वाहा शिखायै वषट्,
अथर्वणस्य दुहिते हुं फट् स्वाहा कवचाय हुम्,
अघोरे अघोरकर्मकारिके हुं फट् स्वाहा नेत्रत्रयाय वौषट्,
अमुकस्यं गति ..... यावन्मेवशमायाति हुँ फट् स्वाहा, अस्त्राय फट् ॥ १३०–१३१॥

अब **अथर्वापुत्री भगवती आसुरी दुर्गा का ध्यान** कहते हैं –

जिनके शरीर की आभा शरत्कालीन चन्द्रमा के समान शुभ है, अपने कमल सदृश हाथों में जिन्होंने क्रमशः वर, अभय, शूल एवं अंकुश धारण किया है । ऐसी कमलासन पर विराजमान, आभूषणों एवं वस्त्रों से अलंकृत, सर्प का यज्ञोपवीत धारण करने वाली अथर्वा की पुत्री भगवती आसुरी दुर्गा मुझे प्रसन्न रखें ॥ १३२ ॥

इस मन्त्र का दश हजार जप करना चाहिए । तदनन्तर घी मिश्रित राई से दशांश होम करने पर यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है । (जयादि शक्ति युक्त पीठ पर दुर्गा की एवं दिशाओं में सायुध सशक्तिक इन्द्रादि की पूजा करनी चाहिए) ॥ १३३ ॥

अब **काम्य प्रयोग का विधान** कहते हैं – राई के पञ्चाङ्गों (जड़ शाखा पत्र, पुष्प एवं फलों) को लेकर साधक मूलमन्त्र से उसे १०० बार अभिमन्त्रित

मध्वक्तमासुरीं हुत्वा सहस्रं वशयेज्जगत् ।
राजिकाप्रतिमां कृत्वा दक्षाङ्घ्रेर्मस्तकावधि ॥ १३५ ॥
अष्टोत्तरशतं खण्डाञ्जुहुयादसिनादितान् ।
नार्याः प्रतिकृतेर्वामपादादिहवनं चरेत् ॥ १३६ ॥
एवं प्रकुर्यात्सप्ताहं राजीन्धनचितेऽनले ।
स सपत्नोऽपि मृत्यन्तं दासो जायेत मन्त्रिणः ॥ १३७ ॥
स्त्रीलिङ्गोहः प्रकर्तव्यो मन्त्रे नारी वशीकृतौ ।
कटुतैलान्वितां राजीं निम्बपत्रयुतां रिपोः ॥ १३८ ॥
नामयुङ्मनुना हुत्वा ज्वरिणं कुरुते रिपुम् ।
एवं राजीं सलवणां हुत्वा स्फोटो भवेदरेः ॥ १३९ ॥
अर्कदुग्धाक्त तद्धोमान्नेत्रे नाशयते रिपोः ।
पालाशेन्धन दीप्तेऽग्नौ सप्ताहं घृतसंयुताम् ॥ १४० ॥

मध्वक्तां खण्डघृतक्षौद्रयुताम् ॥ १३५–१३६ ॥ सपत्नोऽपि शत्रुरपि देहान्तपर्यन्तं दासः स्यात् । किमुतान्यः ॥ १३७ ॥ स्त्रीलिङ्गो ह इति । नार्या वशीकरणे प्रतिमाहोमादौ मन्त्रे स्थितानाम् । अमुकस्य उपविष्टस्येत्यादीनां षष्ठ्यन्तानां पदानां स्थाने देवदत्ताया उपविष्टायाः सुप्ताया इत्याद्यूहो विधेयः ॥ १३८–१३९ ॥ **अर्केति** । अर्कदुग्धाक्तराजीहोमाद् रिपुनेत्रनाशः ॥ १४० ॥

करे, तदनन्तर उससे स्वयं को धूपित करे तो जो व्यक्ति उसे सूँघता है वही वश में हो जाता है । मधु युक्त राई की उक्त मन्त्र से एक हजार आहुति देकर साधक जगत् को अपने वश में कर सकता है ॥ १३४-१३५ ॥

अब **वशीकरण आदि अन्य प्रयोग** कहते हैं –

स्त्री या पुरुष जिसे वश में करना हो उसकी राई की प्रतिमा बना कर पुरुष के दाहिने पैर से मस्तक तक, स्त्री के बायें पैर से मष्तक तक, तलवार से १०८ टुकड़े कर, प्रतिदिन विधिवत् राई की लकड़ी से प्रज्वलित अग्नि में निरन्तर एक सप्ताह पर्यन्त इस मन्त्र से हवन करे, तो शत्रु भी जीवन भर स्वयं साधक का दास बन जाता है । स्त्री को वश में करने के लिए साध्य में (देवदत्तस्य उपविष्टस्य के स्थान पर देवदत्तायाः उपविष्टायाः इसी प्रकार देवदत्तायाः सुप्ताया आदि) शब्दों का ऊह कर उच्चारण करना चाहिए ॥ १३६-१३८ ॥

सरसों का तेल तथा निम्ब पत्र मिला कर राई से शत्रु का नाम लगा कर मूलमन्त्र से होम करने से शत्रु को बुखार आ जाता है ॥ १३८-१३९ ॥

इसी प्रकार नमक मिला कर राई का होम करने से शत्रु का शरीर फटने लगता है । आक के दूध में राई को मिश्रित कर होम करने से

साधको राजिकां हुत्वा ब्राह्मणं वशयेद्ध्रुवम् ।
क्षत्रियं तु गुडाभ्यक्तां वैश्यं दधियुतां च ताम् ॥ १४१ ॥
शूद्रं लवणसंयुक्तां हुत्वा तां साष्टकं शतम् ।
आसुरी समिधो हुत्वा मध्वक्ता लभते निधिम् ॥ १४२ ॥
तोयपूर्णे घटे मन्त्री राजिकापल्लवान्विते ।
आवाह्य तां पूजयित्वा शतं मूलेन मन्त्रयेत् ॥ १४३ ॥
तेनाभिषिक्तं मनुजमलक्ष्मीराधयो रुजः ।
उपसर्गाः पलायन्ते परित्यज्यातिदूरतः ॥ १४४ ॥
आसुरी कुसुमं शीतं प्रियंगुर्नागकेसरः ।
मनःशिला च तगरमेतत्सर्वं विचूर्णितम् ॥ १४५ ॥
शताभिमन्त्रितं साध्यमूर्ध्नि क्षिप्तं वशंवदम् ।
निम्बकाष्ठसमिद्धेऽग्नावासुरीं सर्षपान्विताम् ॥ १४६ ॥
अष्टोत्तरशतं हुत्वा सप्ताहं दक्षिणामुखः ।
विदध्यादचिराच्छत्रुं सूर्यसूनुगृहातिथिम् ॥ १४७ ॥

गुडयुतां राजीं हुत्वा क्षत्रियं वशयेत् । दध्यक्तां हुत्वा वैश्यम् ॥ १४१ ॥ होममानमष्टोत्तरशतं सर्वत्र ॥ १४२—१४३ ॥ उपसर्गा उपद्रवाः ॥ १४४ ॥ शीतं चन्दनम् ॥ १४५ ॥ वशंवदं वशकृत ॥ १४६ ॥ सूर्यसूनुगृहातिथिं मृतमित्यर्थः ॥ १४७ ॥

शत्रु अन्धा हो जाता है ॥ १३९-१४० ॥

पलाश की लकड़ी से प्रज्वलित अग्नि में एक सप्ताह तक घी मिश्रित राई का १०८ बार होम करने से साधक ब्राह्मण को, गुड़मिश्रित राई का होम करने से क्षत्रिय को, दधिमिश्रित राई के होम से वैश्य को तथा नमक मिली राई के होम से शूद्र को वश में कर लेता है । मधु सहित राई की समिधाओं का होम करने से व्यक्ति को जमीन में गड़ा हुआ खजाना प्राप्त होता है ॥ १४०-१४२ ॥

जलपूर्ण कलश में राई के पत्ते डाल कर उस पर आसुरी देवी का आवाहन एवं पूजन कर साधक मूलमन्त्र से उसे १०० बार अभिमन्त्रित करे । फिर उस जल से साध्य व्यक्ति का अभिषेक करे तो साध्य की दरिद्रता, आपत्ति, रोग एवं उपद्रव उसे छोड़कर दूर भाग जाते है ॥ १४३-१४४ ॥

राई का फूल, चन्दन, प्रियंगु, नागकेशर, मैनसिल एवं तगार इन सबको पीसकर मूलमन्त्र से १०८ बार अभिमन्त्रित करे । फिर उस चन्दन को साध्य व्यक्ति के मस्तक पर लगा दे तो साधक उसे अपने वश में कर लेता है ॥ १४५-१४६ ॥

किंकुर्यान्नृपतिः क्रुद्धः किंकुर्यू रिपवोऽखिलाः ।
क्रुद्धःकालोऽपि किंकुर्यादासुरी येदुपासिता ॥ १४८ ॥

ग्रन्थकर्तुर्मत्रकथनोपसंहार विषयकप्रार्थना

ग्रन्थाननेकानालोक्य मन्त्रागुप्ततमा मया ।
हिताय सुधियां ख्याता विस्तरादुपरम्यते ॥ १२६ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ ताम्रचूडकार्तवीर्यासुर्या मन्त्रादिनिरूपणं नाम एकोनविंशस्तरङ्गः ॥ १६ ॥

किंकुर्यादिति – आसुर्यामुपासितायां नृपादयो वशवर्तिनः स्युरित्यर्थः । कालेनाप्यासुर्युपासको न पराभूयते किमुतान्यैः । अथर्ववेदोक्तोऽयं सर्वोपद्रवशान्तिकृन्मन्त्रः ॥ १४८ ॥ ग्रन्थविस्तरभयान् मन्त्रकथनमुपसंहरति – **ग्रन्थानिति** ॥ १४६ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरकृतायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां 'नौकायां' ताम्रचूड–कार्तवीर्यासुर्या मन्त्रादिनिरूपणं नाम एकोनविंशस्तरङ्गः ॥ १६ ॥

नीम की लकड़ी से प्रज्वलित अग्नि में एक सप्ताह तक दक्षिणाभिमुख सरसों मिश्रित राई की प्रतिदिन १०० आहुतियाँ देकर साधक अपने शत्रुओं को यमलोक का अतिथि बना देता है ॥ १४६-१४७ ॥

यदि इस आसुरी विद्या की विधिवत् उपासना कर ली जाय तो क्रुद्ध राजा समस्त शत्रु किं वहुना क्रुद्ध काल भी उसका कुछ नहीं विगाड़ सकता ॥ १४८ ॥

मन्त्र शास्त्र के अनेक ग्रन्थों का अवलोकन कर मैने विद्वानों के हित के लिए गुप्ततम मन्त्र इस अध्याय में कहे हैं । ग्रन्थ विस्तार के भय से अब आगे न कह कर यहीं उपसंहार करता हूँ ॥ १४६ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के एकोनविंश तरङ्ग कीमहाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ १६ ॥

अथ विंशः तरङ्गः

अथ प्रवक्ष्ये यन्त्राणि गदितानि पुरारिणा।

यन्त्राणां कथनं तत्र यन्त्रसाधारणीक्रिया

शुभे दिने समाराध्य स्वेष्टदेवं यतात्मवान्॥ १॥
स्वप्यात्त्रिदिवसं भूमौ हविष्याशी जपे रतः।
इदं मे लिखितं यन्त्रमिष्टं तत्कीदृशं प्रभो॥ २॥
इति पृष्ट्वा निजं देवं प्रत्यहं तं समर्चयेत्।
तृतीये दिवसे रात्रौ स्वप्नं सम्प्राप्नुयान्नरः॥ ३॥
सिद्धं साध्यं सुसिद्धं वा शत्रुभूतमथो इदम्।
शत्रुयन्त्रं लिखेन्नैव तदा तदितरल्लिखेत्॥ ४॥

---

* नौका *

यन्त्राणि वक्तुमुपक्रमते – **अथेति** । पुरारिणा शिवेन गौरीं प्रति कथितानि । पूर्वप्रक्रियामाह – **शुभ** इति ॥ १ ॥ * ॥ २–६ ॥

---

* अरित्र *

अब यन्त्रों के विषय में कहने के लिये उपक्रम आरम्भ करते है । अब सदाशिव ने जिन यन्त्रों का आख्यान भगवती गौरी से किया था। उन यन्त्रों को कहता हूँ -

साधक शुभ मुहूर्त में अपने इष्टदेव का पूजन कर उनके यन्त्रों को स्मरण करते हुये हविष्यान्न भोजन करते हुये तीन दिन पर्यन्त लगातार भूमि पर शयन करते हुये इष्टदेव से इस प्रकार प्रार्थना करे कि -

हे प्रभो ! मेरे द्वारा लिखा गया अमुक यन्त्र कैसा होगा ? - इष्टदेव से नित्य प्रति ऐसा पूछकर उनका पूजन करता रहे, तो तीसरे दिन साधक को स्वप्न आता है, जिसमें यन्त्र के सिद्ध, साध्य, सुसिद्ध और अरि विषयक स्वप्न होते हैं ॥ १-४ ॥

स्वप्नाभावेऽपि तद्वित्वा परं यन्त्रं लिखेत्सुधीः ।
अथ सम्प्रोच्यते सर्वयन्त्रसाधारणीक्रिया ॥ ५ ॥
स्नातः शुद्धाम्बरधरः पुष्पचन्दनभूषितः ।
द्रव्यैः समुदितैरुक्तस्थले यन्त्रं लिखेद्रहः ॥ ६ ॥
षष्ठ्यन्तं साधकपदं मध्यबीजोपरि स्मृतम् ।
द्वितीयान्तं साध्यमधः पार्श्वयोः कुरुयुग्मकम् ॥ ७ ॥

यन्त्रावयवाः गायत्रीकथनं च

वियद्भृग्वौसर्गबीजं मध्यभागादधो लिखेत् ।
ईशानादि चतुष्कोणे हंसः सोऽहमसून् पुनः ॥ ८ ॥
नेत्रे श्रोत्रे पार्श्वयुग्मे दिक्पबीजानि दिक्षु च ।
यन्त्रगायत्रिका वर्णान्प्रतिकाष्ठं त्रयं त्रयम् ॥ ९ ॥

षष्ठ्यन्तमिति । देवदत्तस्य इष्टं कुरु कुर्विति ॥ ७ ॥ **वियदिति** । वियत् हः भृगुः सः ह्सौः इति बीजं यन्त्रस्य जीवः । हंसः सोऽहमिति वर्णान् यन्त्रस्यासून् प्राणभूतान् कोणेषु ॥ ८ ॥ नेत्रे इ ई । श्रोत्रे उ ऊ ।

शत्रु यन्त्र को नहीं लिखना चाहिए । इसके अतिरिक्त अन्य सिद्ध, साध्य एवं सुसिद्ध यन्त्र लिखना चहिये । स्वप्न के न आने पर भी शत्रु यन्त्र को छोड़कर अन्य यन्त्र लिखना चाहिए ॥ ४-५ ॥

अब सभी देवताओं के यन्त्रों के लिखने के लिये सामान्यतया की जाने वाली प्रक्रिया कहता हूँ -

स्नान कर शुद्ध वस्त्र धारण कर अपने को चन्दन और पुष्प माला से विभूषित कर यन्त्र लिखने के लिये निर्दिष्ट स्याही एवं भोजपत्रादि वस्तुओं को लेकर सर्वथा एकान्त स्थल में बैठकर यन्त्र का लेखन करे ॥ ५-६ ॥

यन्त्र में मध्य बीज के ऊपर साधक का षष्ठ्यन्त नाम, फिर नीचे साध्य के नाम के आगे द्वितीयान्त विभक्ति लगाकर साध्य (व्यक्ति या उसका कार्य) का नाम, तदनन्तर दोनों ओर दो बार कुरु शब्द लिखना चाहिए ॥ ७ ॥

विमर्श - यथा - साधकस्य (देवदत्तस्य इष्टं कुरु कुरु) साध्यं (यज्ञदत्तं वशं कुरु कुरु इत्यादि) ॥ ७ ॥

औ तथा विसर्ग सहित वियत् (ह), भृगु (स) अर्थात् ह्सौः इस बीज को जो यन्त्र का बीज कहा गया है, उसे मध्य भाग से नीचे की ओर लिखना चाहिए । फिर 'हंसः सोऽहं' जो यन्त्र का प्राण माना गया है, उसे ईशानादि चारों कोणों में लिखना चाहिए ॥ ८ ॥

यन्त्रराजाय शब्दान्ते विद्महे वर तत्परम्।
प्रदाय धीमहीत्यन्ते तन्नो यन्त्रः प्रचोदयात्॥ १०॥
एषोक्ता यन्त्र गायत्री स्मृता सर्वेष्टसिद्धिदा।
बहिः प्राणप्रतिष्ठायां मनुं सर्वत्र वेष्टयेत्॥ ११॥
स्थलानुक्तौ भूर्जपत्रे क्षौमे वा ताडपत्रके।
यन्त्रं विलिख्य घुटिकां बध्वा सूत्रेण वेष्टयेत्॥ १२॥
लाक्षयाच्छादिते स्वर्णे रूप्ये ताम्रेऽथवा क्षिपेत्।
मध्यबीजेन सम्पूज्य देवं मातृकयापि वा॥ १३॥
सञ्जप्य हुत्वा सम्पातसिक्तं कृत्वा नियोजयेत्।
मूर्ध्नि बाहौ गले वापि तत्तदिदष्टार्थसिद्धये॥ १४॥

दिक्पालबीजानीन्द्रादिबीजानि लं रं मं क्षं वं यं सं हं आं ह्रीं इत्युक्तानि । पूर्वादिषु । प्रतिकाष्ठं प्रतिदिशम् ॥ ६ ॥ गायत्रीमाह – **यन्त्रेति** ॥ १०–१२ ॥ मध्यबीजेन यद्देवताकं यन्त्रं तद्बीजेन तदज्ञाने मातृकया ॥ १३ ॥ संपातो हुतशेषस्तेन सिक्तम् ॥ १४ ॥

यन्त्र के दोनों ओर क्रमशः नेत्र (इ ई), श्रोत्र (उ ऊ) लिखने चाहिए। फिर यन्त्र के दशो दिशाओं में दश दिक्पालों के बीज लं रं मं क्षं वं यं सं हं आं ह्रीं लिखना चाहिए । यन्त्र गायत्री के ३, ३, वर्णो को आठों दिशाओं में लिखना चाहिए ॥ ६ ॥

अब **यन्त्र गायत्री** बतलाते हैं -

'यन्त्रराजाय' पद के बाद 'विद्महे' पद, फिर 'प्रदाय धीमहि' पद तथा अन्त में 'तन्नो यन्त्रः प्रचोदयात्' लगाने से यन्त्र गायत्री निष्पन्न होती है, जो स्मरण करने मात्र से सारे अभीष्ट प्रदान करती है ॥ १०-११ ॥

विमर्श - मन्त्र का स्वरूप - 'यन्त्रराजाय विद्महे वरप्रदाय धीमहि तन्नो यन्त्रः प्रचोदयात्' ॥ १०-११ ॥

यन्त्र के बाहर प्राण प्रतिष्ठा के मन्त्र लिखकर उसे वेष्टित करना चाहिए।

जिन यन्त्रों को लिखने के लिये वस्तुओं का निर्देश नहीं किया गया है उन यन्त्रों को भोजपत्र, रेशमी वस्त्र अथवा ताड़पत्र पर लिखकर उसे समेटकर चारों ओर धागे से बाँध देना चाहिए ॥ ११-१२ ॥

जिस देवता का यन्त्र लिखा जाय उस देवता के बीज अक्षर से युक्त मातृकाओं द्वारा उसका पूजन कर, उस देवता के मन्त्र का जप कर, हुतशेष घी में उस यन्त्र को डुबोकर, फिर उसे सोने चाँदी या ताँबे के बने ताबीज में रखकर उसके मुख पर लाख चिपका देना चाहिये । इस प्रकार निर्मित यन्त्र को अपने

भूतलिपिकथनम्

यन्त्रसेवनसक्तेनोपास्या भूतलिपिः परा।
ययोपासितया सर्वं यन्त्रसिद्धिः प्रजायते॥ १५॥

भूतलिपिरुपास्या जप्या । सा यथा – अं इं उं ऋं लृं एं ऐं ओं औं हं यं रं वं लं ङं कं खं घं गं ञं चं छं झं जं णं टं ठं ढं डं नं तं थं धं दं मं पं फं भं बं शं षं सं इति द्विचत्वारिंशद्वर्णा भूतलिपिः । तदुक्तं शारदायां –

पञ्चह्रस्वाः सन्धिवर्णा व्योमेरोग्निजलन्धरा ॥
अन्त्यमाद्यं द्वितीयं च चतुर्थं मध्यमं क्रमात् ।
पञ्चवर्गाक्षराणिस्युर्वान्तं श्वेतेन्दुभिः सह ॥ इति

(शारदातिलके ७. २–३)

अस्या दक्षिणामूर्तिर्ऋषिः गायत्रीछन्दः वर्णेश्वरीदेवता । हं यं रं वं लं हृत् । ङं कं खं घं गं शिरः । ञं चं छं झं जं शिखा । णं टं ठं ढं

उद्देश्य की सिद्धि के लिये शिर, भुजा या गले में धारण करना चाहिए ॥ १३-१४ ॥

यन्त्र के बनाने वाले को अथवा धारण करने वाले को पराभूतलिपि की उपासना करनी चाहिए। जिसकी उपासना मात्र से समस्त यन्त्र सिद्ध हो जाते हैं ॥ १५ ॥

विमर्श - भूतलिपिः शारदातिलके यथा - इस भूतलिपि में नववर्ग तथा ४२ अक्षर होते हैं - इसका विवरण इस प्रकार है - पाँच ह्रस्व, (अ इ उ ऋ लृ) यह प्रथम वर्ग, पञ्च सन्धि वर्ण (ए ऐ ओ औ) चार द्वितीयवर्ग, (ह य र व ल) यह तृतीय वर्ग (ङ क ख घ ग) यह चतुर्थ वर्ग इसी प्रकार (ञ च छ झ ज) यह पञ्चम वर्ग ण (ट ठ ढ ण) यह षष्ठ वर्ग (न त थ ध द) यह सप्तम वर्ग, (म प फ भ ब) यह अष्टमवर्ग, वान्त (श) श्वेत (ष) इन्द्र (स) यह नवमवर्ग है ।

विनियोग - अस्या भूतलिपेर्दक्षिणामूर्तिर्ऋषिः गायत्रीच्छन्दः वर्णेश्वरीदेवता आत्मनोअभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

भूतलिपि - अं इं उं ऋं लृं ऐं ऐं ओं औं हं यं रं वं लं ङं कं खं घं गं ञं चं छं झं जं णं टं ठं ढं डं नं तं थं धं दं मं पं फं भं बं शं षं सं ।

षडङ्गन्यास - १. हं यं रं वं लं हृदयाय नमः,
२. ङं कं खं घं गं शिरसे स्वाहा ३. चं छं झं जं शिखायै वषट्
४. णं टं ठं ढं डं कवचाय हुम् ५. नं तं थं धं दं नेत्रत्रयात् वौषट्,
६. मं पं फं बं अस्त्राय फट् ।

वर्णन्यास - ॐ अं नमः गुदे, ॐ इं नमः लिङ्गे,
ॐ उं नमः नाभौ ॐ ऋं नमः हृदि, ॐ लृं नमः कण्ठे
ॐ ऐं नमः भ्रूमध्ये, ॐ ऐं नमः ललाटे ॐ ओं नमः शिरसि,

ङं वर्म । नं तं थं धं दं नेत्रम् । मं पं फं भं बं अस्त्रम् । गुदालिङ्गनाभिहृत्कण्ठ भ्रूमध्यकेशान्त शिरो ब्रह्मरन्ध्रेषु नवस्वरान् न्यस्योर्ध्व–प्राग्दक्षिणोदक्पश्चिमवक्त्रेषु हादिपञ्चकं करयोरग्रेमूलकूर्पराङ्गुलिसन्धिमणिबन्धेषु ङादिवर्गञादिवर्गौ पादयोरग्रमूलजान्वङ्गुली संधिगुल्फेषु णादिनादिवर्गौ उदरपार्श्वद्वयनाभिपृष्ठेषु मादिवर्गं गुह्यहृद्भ्रूमध्येषु शषसान् न्यसेत् । एवं वर्णान् न्यस्य चन्द्रशेखरां त्रिनेत्रां वराक्षमालापुस्तककपालकरः सुरामत्तां ध्यायेत् एवं ध्यात्वा लक्षं प्रजप्यायुतं तिलैर्हुत्वा सिद्धमन्त्रो भवति । एवं भूतलिपिसेवया वक्ष्यमाण यन्त्रसिद्धिः । श्री विद्ययोराधारता च ॥ १५ ॥

ॐ औं नमः ब्रह्मरन्ध्रे, ॐ हं नमः ऊर्ध्वमुखे, ॐ यं नमः पूर्वमुखे,
ॐ रं नमः दक्षिणमुखे, ॐ वं नमः उत्तरमुखे, ॐ लं नमः पश्चितमुखे,
ॐ ङं नमः हस्ताग्रे ॐ कं नमः दक्षहस्तमूले, ॐ खं नमः दक्षकूपरे,
ॐ घं नमः हस्ताङ्गुलिसन्धी, ॐ गं नमः दक्षमणिबन्धे,
ॐ ञं नमः वामहस्ताग्रे, ॐ चं नमः वामहस्तमूले
ॐ छं नमः दक्षकूर्परे ॐ झं नमः वामहस्ताङ्गुलि सन्धौ,
ॐ जं नमः वाममणिबन्धे ॐ णं नमः दक्षपादाग्रे,
ॐ टं नमः दक्षपादमूले, ॐ ठं नमः दक्षिणजानौ
ॐ ढं नमः दक्षपादाङ्गुलिसन्धौ, ॐ डं नमः दक्षिणपादगुल्फे,
ॐ नं नमः वामपादाग्रे, ॐ तं नमः वामपादगुल्फे,
ॐ थं नमः वामजानौ, ॐ धं नमः वामपादाङ्गुलिसन्धौ,
ॐ दं नमः वामगुल्फे, ॐ मं नमः उदरे
ॐ पं नमः दक्षिणपार्श्वे, ॐ फं नमः वामपार्श्वे,
ॐ भं नमः नाभौ, ॐ बं नमः पृष्ठे,
ॐ शं नमः गुह्ये, ॐ षं नमः हृदि, ॐ सं नमः भ्रूमध्ये' ।

ध्यान - अक्षरस्रजं हरिणपोतमुदग्रटंकं,
विद्यां करैरविरतं दधतीं त्रिनेत्राम् ।
अर्धेन्दुमौलिमरुणामरविन्दरामां
वर्णेश्वरीं प्रणमतस्तनभारनम्राम् ॥

इस भूतलिपि की एक लाख का संख्या में जप करना चाहिए । तत्पश्चात् तिलों की १० हजार आहुतियाँ देने से भूतलिपि सिद्ध हो जाती है । भूतलिपि को सिद्ध कर लेने पर बनाये गये सारे यन्त्र अपना प्रभाव पूर्णरूप से दिखलाते हैं । इसलिये यन्त्र निर्माणकर्त्ता विद्वानों को यन्त्र सिद्धि हेतु सर्वप्रथम भूतलिपि की उपासना करनी चाहिए । इसकी सिद्धि के बिना बनाये गये कोई भी यन्त्र अपना चमत्कार या प्रभाव का फल नहीं प्रगट करते ॥ १५ ॥

वश्यकरयन्त्रकथनम्

अथ वश्यकरं यन्त्रमुच्यते क्षिप्रसिद्धिदम्।
भस्मादिशोधिते कांस्यभाजनेऽष्टदलं लिखेत्॥ १६ ॥
गोरोचनाकुंकुमाभ्यां लेखन्या जातिजातया।
कर्णिकासाध्यनामाढ्यं वर्गयुक्ताष्टपत्रकम्॥ १७ ॥
तद्वेष्टयेत्स्वराढ्याष्ट युग्मपत्राम्बुजन्मना।
तद् वेष्टयेत्त्रिभिर्वृत्तैः पूजयेत्सप्तवासरान्॥ १८ ॥
नृपादिपुरुषाः सर्वे योषितोऽपि वशा ध्रुवम्।
मोहनाख्ये महायन्त्रे पूजिते स्युर्न संशयः॥ १६ ॥
भूर्जादौ लिखितं लोहवेष्टितं शिरसाधृतम्।
नृपाणां दुष्टसत्वानां वशीकरणमुत्तमम्॥ २० ॥

यन्त्रमाह – **अथेति** ॥ १६ ॥ *॥ १७ ॥ स्वरैराढ्यानि युक्तानि अष्टयुग्म पत्राणि षोडशदलानि यस्येदृशेनाम्बुजन्मना पद्मेन तदष्टदलं वेष्टयेत् । लोहानि हैमरूप्यताम्राणि । अत्र मातृकादेवता ॥ १८ ॥ * ॥ १६–२० ॥

(i) अब शीघ्र सिद्धिप्रद **वशीकरण यन्त्र** कहता हूँ -

वश्यकरं यन्त्रम्

राख आदि से शुद्ध किये गये काँसे के पात्र में गोरोचन एवं कुंकुम से चमेली की लेखनी द्वारा अष्टदल लिखना चाहिए । उसकी कर्णिका में साध्य का नाम (जिसे वश में करना हो) तथा आठों दलों में क्रमशः आठो वर्गाक्षरों को लिखना चाहिए ॥ १६-१७ ॥

इस प्रकार लिखे गये अष्टदलों को क्रमशः षोडशदलों से परिवेष्टित करना चाहिए, और उस पर १६ स्वर वर्ण लिखना चाहिए । उसे भी ३ वृत्तों से वेष्टित करना चाहिए । इस प्रकार बने यन्त्र का मातृकामन्त्र से ७ दिन पर्यन्त पूजन करना चाहिए ॥ १८ ॥

इस प्रकार उक्त मोहन संज्ञक महायन्त्र पर पूजन करने से राजा आदि सभी पुरुष एवं स्त्रियाँ निश्चित रूप से वश में हो जाती है इसमें संशय नहीं है ॥ १६॥

उक्त यन्त्र भोजपत्र आदि पर लिख कर त्रिलौह (सोने, चाँदी एवं ताँवे) के वने तावीज में डालकर शिर पर धारण करने से राजा एवं

वशीकरणं द्वितीयं तृतीयं यन्त्रम्

मायासम्पुटितां साध्याभिधामादौ समालिखेत् ।
तस्या उपर्यधश्चापि मायाबीजचतुष्टयम् ॥ २१ ॥
तद् वेष्टयेद् भूपुरेण रेखाद्वितयसंयुतम् ।
भूर्जपत्रे विलिखितं रोचनाशीतकुंकुमैः ॥ २२ ॥
अनामारक्तसम्मिश्रैः पूजितं वशकृन्मतम् ।
कुमारीर्वाडवान्नारीः सम्भोज्य वितरेद् बलिम् ॥ २३ ॥
रक्तपुष्पान्नपललैर्वशीकरणसिद्धये ।
सर्वस्वमपहर्तुं वा निबद्धुं वाञ्छतीश्वरे ॥ २४ ॥
यन्त्रं बाहौ विधृत्येदं गच्छेद् भूमिपतिं नरः ।
क्रोधाक्रान्तमनाभूपः शान्तकोपस्तमर्चयेत् ॥ २५ ॥

द्वितीयमाह – **मायेति** । रेखाद्वयकृतेन भूपुरेण चतुष्कोणेन । शीतं चन्दनम् ॥ २१ ॥ * ॥ २२ ॥ वाडवान् विप्रान् ॥ २३ ॥ पललं मांसम् ॥ २४ ॥ अत्र गौरी देवता ॥ २५ ॥

दुष्टजनों को भी वश में कर देता है ॥ २० ॥

(ii) अब **बीज संपुट वशीकरण यन्त्र** कहते हैं -

वश्यकरं यन्त्रम्

सर्वप्रथम मायाबीज से संपुटित साध्यनाम फिर उसके ऊपर और नीचे ४, ४ माया बीज लिखना चाहिए । फिर उसे दो रेखाओं वाले भूपुर से परिवेष्टित करना चाहिए । उक्त यन्त्र गोरोचन, चन्दन एवं केशर से भोजपत्र पर चमेली की कलम से लिखकर अनामिका के रक्त से मिश्रित कुंकुमादि द्वारा गौरीमन्त्र या उसके बीजाक्षरों से उसकी पूजा करनी चाहिए, तो वह वशीकरण हो जाता है ॥ २१-२३ ॥

फिर कुमारी, ब्राह्मण एवं स्त्रियों को भोजन कराकर वशीकरण की सिद्धि के लिए लाल पुष्प, अन्न तथा मांस की बलि देनी चाहिए ॥ २३-२४ ॥

बीजं सम्पुटनामेदं यन्त्रमुक्तं मनीषिभिः।
दक्षिणोत्तरगं कुर्याद्रेखाद्वितयमुत्तमम्॥ २६॥
तन्मध्ये विलिखेत्साध्यं तार पद्मालयापुटम्।
रेखाग्रयोः स्थिते कोष्ठद्वये सर्गिणमन्तिमम्॥ २७॥
रेखाद्वयापर्यधश्च कोष्ठानां त्रितयं लिखेत्।
मध्यकोष्ठे ससर्गं क्षं श्रीं बीजं पार्श्वकोष्ठयोः॥ २८॥
एतद्रोचनया भूर्जे लिखित्वा वह्निना दहेत्।
शरावसम्पुटस्थं तत्ततो भस्मसमुद्धरेत्॥ २९॥

तृतीयमाह – **दक्षिणोत्तरेति** । दक्षिणोत्तराय तं रेखाद्वयं कृत्वा मध्ये नाम विलिखेत् ॥ २६॥ तारपद्मालयापुटं प्रणवश्रीपुटितम् । ॐ श्रीं देवदत्तं श्रीं ॐ इति ॥ २७ ॥ रेखाद्वयोपर्यधश्च कोष्ठत्रये श्रीं क्षः श्रीमिति रेखाग्रकोष्ठयो– रन्तिमक्षं सर्गिणं विसर्गयुतं क्षः ॥ २८॥ शरावयोर्मध्ये दहेत् । अत्र श्रीर्देवता ॥ २९॥

राजा द्वारा सर्वस्व अपहरण की स्थिति में, अथवा उसके कारागार में डाले जाने की स्थिति में इस यन्त्र को भुजा में धारण कर साधक यदि राजा के पास जावे तो अत्यन्त क्रुद्ध भी राजा शान्त हो कर उसका आदर करता है । मनीषियों ने इस यन्त्र को **बीजसम्पुटयन्त्र** कहा है ॥ २४-२६ ॥

(iii) अब **स्वामी वशीकरण यन्त्र** कहते हैं -

दक्षिणोत्तर क्रम से दो रेखाओं को लिखकर उसके बीच में तार (ॐ), पद्मालया (श्रीं) से संपुटित साध्य व्यक्ति का नाम लिखे । रेखाओं के अग्रभाग के मिलने से बने दो कोष्ठों में विसर्ग सहित अन्तिम वर्ण (क्षः) लिखना चाहिए । फिर दोनों रेखाओं के ऊपर तथा नीचे ३, ३, कोष्ठक बनाकर मध्य के कोष्ठ में विसर्ग सहित क्ष (क्षः) तथा उसके पार्श्ववर्ती दोनो कोष्ठकों में श्री बीज (श्रीं) लिखना चाहिए ॥ २६-२८ ॥

स्वामीवशीकरणयन्त्रम्

श्रीं क्षः श्रीं
क्षः ॐ श्रीं देवदत्त श्रीं ॐ क्षः
श्रीं क्षः श्रीं

इस यन्त्र को भोजपत्र पर गोरोचन से चमेली की कलम द्वारा लिख कर, दो सकोरों के मध्य स्थापित कर, अग्नि में जला देना चाहिए । इस प्रकार जलाये गये यन्त्र का भस्म दूध में मिलाकर पीने से स्वामी को निश्चित रूप से वह दूध साधक के वश में कर देता है । इसके देवता श्री हैं ॥ २९-३० ॥

दुग्धेन सह पीतं तत्स्वामिवश्यकरं परम्।

चतुर्थस्तम्भनयन्त्रम्

दिक्षु मायाचतुष्काढ्यं साध्यं षट्कोणमध्यतः॥ ३०॥
कोणेषु कोणमध्येषु मायाबीजं समालिखेत्।
रोचनाकुंकुमाभ्यां तु भूर्जपत्रे मनोहरे॥ ३१॥
तच्छरावस्थितं पूज्यं जपेन्मायां तदग्रतः।
शरावात्तत्समादाय बद्ध्वा मूर्द्धनि मानवः॥ ३२॥
अग्नितोयादि दिव्येषु शुचिर्दाहादिवर्जितः।
जयमाप्नोति तद्रात्रौ कर्ता तस्य प्रभावतः॥ ३३॥
दिव्यस्तम्भनसंज्ञं च यन्त्रमुत्तममीरितम्।

चतुर्थं दिव्यं स्तम्भनमाह – **दिक्ष्विति** ॥ ३० ॥ * ॥ ३१–३२ ॥ पापकर्तापि दिव्ययन्त्रधारणाज्जयति । गौरी देवता ॥ ३३ ॥ राजमोहनं पञ्चममाह – **मायेति** । अष्टदलं कृत्वा मध्ये ह्रीं सः ह्रीं देवदत्त सः ह्रीं इति विलिख्य दलेषु ह्रीं सः ह्रीं इति लिखेत् । उपरिभूपुरम् । गौरीदेवता ।

(iv) अब **दिव्यस्तम्भन यन्त्र** कहते हैं - षट्कोण के मध्य में साध्य नाम और उसके चारों ओर ४ माया बीजों (ह्रीं) को लिखना चाहिए । फिर कोणों के ६ कोणों में तथा उसके बीच में ६, ६ माया बीजों को लिखना चाहिए ॥ ३०-३१ ॥

दिव्यस्तम्भनाख्यं यन्त्रम्

यह यन्त्र मनोहर भोजपत्र पर, गोरोचन एवं कुंकुम से चमेली की कलम द्वारा लिख कर, उसे सकोरे में स्थापित कर, उसका विधिवत् पूजन करना चाहिए । फिर उसके आगे बैठकर, माया बीज (ह्रीं) का जप करना चाहिए । फिर सकोरे से उसे निकालकर साधक अपने सिर में बाँधे तो वह अग्नि, जल आदि में न जल सकता है और न डूब सकता है, उस रात में वह उस दिव्य यन्त्र के प्रभाव से चाहे पापी भी क्यों न हो सर्वत्र विजय प्राप्त करता है । यह **दिव्य स्तम्भन यन्त्र** कहा गया है । (इसके गौरी देवता हैं) ॥ ३१-३४ ॥

पञ्चमं राजमोहनयन्त्रम्

माया विसर्गिसार्णाभ्यां पुटितं नाममध्यतः ॥ ३४ ॥
दलेष्वष्टसु सर्गाढ्यौ सौमायापुटितौ लिखेत् ।
चतुरस्रेण तत्पद्मं वेष्टयेद् भूर्जपत्रके ॥ ३५ ॥
रोचनाकुंकुमाभ्यां तु लिखित्वा तच्छरावयोः ।
प्रक्षिप्य पूजयेत्सप्तरात्रं मायां जपेन्नरः ॥ ३६ ॥
राममोहननामेदं यन्त्रं नृपरुषं हरेत् ।

षष्ठं मृत्युञ्जययन्त्रम्

क्रुद्धाज्जिघांसोर्नृपतेरात्मरक्षा विधित्सया ॥ ३७ ॥

मृत्युञ्जयं षष्ठमाह – **क्रुद्धादिति** । सप्तरेखात्मक चतुष्कोणोऽमुकस्य मृत्युं वशयेति विलिख्योपरि द्वादशदले ऋॠऌॡरहितान् स्वरान् लयुतान् कृत्वा त्रिशूलांकितकोणेन चतुरस्रेण वेष्टयेत् । यन्त्रद्वयमध्ये इदं यन्त्रं संयोज्य कौ पृथिव्यां निखनेत् । मातृकादेवता ॥ ३४ ॥ * ॥ ३५–४२ ॥

(v) अब **राजमोहन यन्त्र** कहते हैं -

राजमोहनयन्त्रम्

अष्टदल के मध्य में मायाबीज (ह्रीं) तथा विसर्ग सहित स अर्थात् (सः) इन दो बीजाक्षरों से पुटित साध्य नाम लिखकर आठों दलों में माया से पुटित विसर्ग सहित दो स अर्थात् (ह्रीं सः सः ह्रीं) लिखना चाहिए । फिर भूपुर से इसे वेष्टित कर देना चाहिए ॥ ३४-३५ ॥

भोजपत्र पर गोरोचन एवं कुंकुम से उक्त यन्त्र लिखकर, दो सकोरों में रखकर, सात रात तक मायाबीज (ह्रीं) का जप करते हुये उसका पूजन करते रहना चाहिए ॥ ३५-३६ ॥

राजमोहन नामक यह यन्त्र धारण करने से राजा या मनुष्य की कठोरता को दूरकर उनको साधक के वश में कर देता है । (इसके गौरी देवता हैं) ॥ ३७ ॥

(vi) अब क्रुद्ध एवं हत्यारे राजा से आत्मरक्षार्थ **मृत्युञ्जय यन्त्र** कहता हूँ - सर्वप्रथम द्वादशदल युक्त कमल का निर्माण करे । उसके भीतर सात चतुर्भुज

वक्ष्ये मृत्युञ्जयं यन्त्रं पद्ममर्कदलं लिखेत्।
कर्णिकायां चतुष्कोणे लिखेन्नामक्रियान्वितम् ॥ ३८ ॥
सप्तरेखात्मकं कार्यं तच्चतुष्कोणमुत्तमम्।
ईशादि द्वादशदलेष्वक्लीबस्वरसंयुतान् ॥ ३९ ॥
कर्णान्विलिख्य तत्पद्मं चतुरस्रेण वेष्टयेत्।
चतुरस्रस्य कोणेषु त्रिशूलानि समालिखेत् ॥ ४० ॥
भूर्जपत्रद्वये चैतद्यन्त्रं कृत्वा पृथक्पुनः।
यन्त्रद्वयपुटं कृत्वा स्थापयेत्कावुदङ्मुखः ॥ ४१ ॥
तस्योपरिशिलां न्यस्य तत्स्थितो मातृकां जपेत्।
एवं कृते साधकः स्याद्वीतत्रासो यमादपि ॥ ४२ ॥
सर्वरोगसमूहाच्च किंपुना राजमण्डलात्।

विवादे जयावहं सप्तममाह – **लिखेदिति** । गौरीदेवता ॥ ४३–४४ ॥

रेखाओं से आहत चतुष्कोण में क्रिया सहित साध्य नाम अर्थात् उसके आगे 'मृत्युं वशय' यह लिखना चाहिए । फिर उससे ऊपर द्वादश दल में ईशान कोण से लेकर (ऋ ॠ ऌ ॡ) इत्यादि क्लीव स्वरों को छोड़कर अन्य स्वरों के साथ कर्ण (लकार अर्थात् ल ला लि ली इत्यादि बारह स्वर) लिखा कर उस दल को भी चतुस्त्र से वेष्टित कर देना चाहिए तथा उस चतुरस्त्र के कोणों पर भी त्रिशूल निर्माण करना चाहिए ॥ ३७-४० ॥

मृत्युञ्जयाख्यं मृत्युदूरकरयन्त्रं

इस यन्त्र को दो भोजपत्रों पर पृथक् पृथक् चमेली की कलम से अष्टगन्ध द्वारा लिखकर, पुनः उन्हे आमने सामने से मिला कर उत्तराभिमुख हो पृथ्वी में गाड़ देना चाहिए ॥ ४१ ॥

उसके ऊपर शिला रख कर उस पर बैठ कर मातृका मन्त्र का जप करना चाहिए । (इस यन्त्र की मातृका देवता हैं) ॥ ४२ ॥

ऐसा करने से साधक मृत्यु के भय से तथा सभी प्रकार के रोगों के भय से भी मुक्त हो जाता है, फिर राजा के भय की बात तो दूर रही ॥ ४२-४३॥

जयावहसप्तमयन्त्रकथनम्

**लिखेच्चतुर्दलं पद्मं साध्याख्यायुक्तकर्णिकम् ॥ ४३ ॥
रोचनाकुंकुमाभ्यां तु भूर्जे मायायुतच्छदम् ।
तद्यन्त्रं पयसि न्यस्य विवादं वादिना चरेत् ॥ ४४ ॥
जयमाप्नोति गदितं विवादविजयाभिधम् ।**

धनिवश्यकराष्टमयन्त्रकथनम्

**धनिके याचति द्रव्यं दानाशक्तऽधमर्णके ॥ ४५ ॥
धनिकस्य वशीकृत्यै यन्त्रं भूर्जदले लिखेत् ।
रोचनाकुंकुमाभ्यां तु षट्कोणं साध्यकर्णिकम् ॥ ४६ ॥
कोणाग्रे कोणमध्येषु कामान्द्वादशसंलिखेत् ।
तद्वृत्तेन च सम्वेष्ट्य माययावेष्टयेद् बहिः ॥ ४७ ॥**

धनिकवश्यकरमष्टममाह — धनिक इति । भूर्जदले भूर्जपत्रे । गौरीदेवता ॥ ४५ ॥ * ॥ ४६–४६ ॥

(vii) अब **विवाद में विजयप्रद यन्त्र** कहते हैं -

भोजपत्र पर गोरोचन एवं कुंकुम द्वारा चार दल वाला पद्म लिख कर उसकी कर्णिका में साध्य व्यक्ति का नाम (जिससे विवाद हो) लिखना चाहिए । पद्म के चारों दलों पर मायाबीज (ह्रीं) लिखकर निष्पन्न उस यन्त्र को दूध में डालकर मुकदमें में वादी के साथ विवाद करना चाहिए ॥ ४३-४४ ॥

विवादजयकरं यन्त्रम्

इस यन्त्र के प्रभाव से साधक विवाद में वादी पर विजय प्राप्त कर लेता है । इसे **विवाद-विजयप्रद यन्त्र** कहते हैं । (इसके भी गौरी देवता हैं) ॥ ४५ ॥

(viii) अब **धनिकवशीकरण यन्त्र** कहते हैं - जो प्रथम ऋण लेकर अधमर्ण हो चुका है, ऐसे उपकृत धनी से माँगने पर धन न देने पर उसे वश में करने के लिये वक्ष्यमाण यन्त्र भोजपत्र पर लिखना चाहिए ॥ ४५-४६ ॥

बाह्यसंपूजनायाथ तत्प्रकारो निगद्यते ॥ १७० ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ देवस्य स्नानादिनिरूपणं नामैकविंशस्तरङ्गः ॥ २१ ॥

अन्य दैवते ऊहः – शंकर पार्वतीत्यादि० ॥ १६८–१७० ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां देवस्य स्नानादिनिरूपणं नामैकविंशस्तरङ्गः ॥ २१ ॥

इसी प्रकार अन्य देवताओं के मानस पूजन में केशव के स्थान में शंकर, पार्वती, गणेश, दिनेश, आदि पद का ऊह कर के उच्चारण करना चाहिये ॥ १६७-१६८ ॥

मानस पूजा विधि - सर्वप्रथम अपने इष्टदेव के स्वरूप का ध्यान कर उनकी मुद्रा प्रदर्शित करे । तदनन्तर तन्मय हो कर 'स्वागतं' आदि मन्त्र से उनका स्वागत कर सन्निधिकरण करे । फिर मानसोपचारों से उनका पूजन करे । इस प्रकार मानस पूजा करने के बाद साधक कुछ क्षणों के लिये तन्मय हो इष्टदेव के मूल मन्त्र का १०८ बार जप करे ॥ १६६ ॥

तदनन्तर देवता को जप समर्पित कर विशेषार्घ्य भी स्थापित करना चाहिये । यहाँ तक मानस पूजा का प्रकार कहा गया । अब बाह्य पूजा के लिये उसकी विधि निरूपण करता हूँ ॥ १७० ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के एकविंश तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २१ ॥

अथ द्वाविंशः तरङ्गः

नित्यार्चनविधिवर्णनम्

स्ववामाग्रे तु षट्कोणवृत्तभूपुरवेष्टितम् ।
कृत्वा त्रिकोणमूर्ध्वाग्रं स्तम्भयेच्छखमुद्रया ॥ १ ॥
पुष्पाक्षतैः षडङ्गानि तत्राग्न्यादिषु पूजयेत् ।
अस्त्रक्षालितमाधारं तत्रादध्यान्मनुं जपन् ॥ २ ॥

---

* नौका *

अर्घ्यस्थापनमाह – **स्वेति** । स्ववामाग्रे त्रिकोणषट्कोणवृत्तचतुरस्राणि कृत्वा शङ्खमुद्रया स्तम्भयेत् । शंखमुद्रालक्षणं यथा –

वामाङ्गुष्ठं तु सङ्गुह्य दक्षिणेन तु मुष्टिना ।
कृत्वोत्तानं तथा मुष्टिमङ्गुष्ठं तु प्रसारयेत् ॥
वामाङ्गुल्यस्तथाश्लिष्टाः संयुताः सुप्रसारिताः ।
दक्षिणाङ्गुष्ठकेलग्ना मुद्राशंखस्य भूतिदा ॥ इति ॥ १ ॥

ततः पुष्पाक्षतैरग्न्यादिषु षडङ्गानि संपूज्यास्त्रक्षालितमाधारं (ॐ) मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने देवार्घ्यपात्रासनाय नमः – इत्याधारं त्रिकोणे

---

* अरित्र *

अब पूर्वप्रतिज्ञात **अर्घ्यस्वरूप** कहते हैं - अपने वामाग्र भाग में त्रिकोण, उसके बाद षट्कोण, फिर वृत्त तदुपरि चतुरस्त्र रूप मन्त्र लिखकर शङ्खमुद्रा से उसे स्तम्भित करना चाहिए ॥ १ ॥

विमर्श - शङ्खमुद्रा का लक्षण - बायें हाथ के अंगूठे को दाहिनी मुट्ठी में रक्खे, दाहिनी मुटठी को ऊर्ध्वमुख रखकर उसके अंगूठे को फैलाए । बायें हाथ की सभी उंगलियों को एक दूसरे के साथ सटा कर फैला दे । अब बायें हाथ की फैली उंगलियों को दाहिनी ओर घुमा कर दाहिने हाथ के अंगूठे का स्पर्श करे तब यह शङ्ख मुद्रा कहलाती है ॥ १ ॥

उस यन्त्र के आग्नेयादि कोणों में पुष्प तथा अक्षतों से षडङ्ग पूजा करनी चाहिए । फिर 'फट्' इस अस्त्र मन्त्र से प्रक्षालित आधार पात्र को वक्ष्यमाण मन्त्र

घटस्थापनप्रकारवर्णनम्

मं वह्निमण्डलायेति ततो दशकलात्मने।
अमुकार्घ्येति पात्रान्ते सनाय नम इत्यपि॥ ३॥
चतुर्विंशति वर्णोऽयमाधारस्थापने मनुः।
आधारे पूर्वकाष्ठादि दशार्चेत्पावकीः कलाः॥ ४॥
स्वमन्त्रक्षालितं शङ्खं स्थापयेन्मनुमुच्चरन्।
अं सूर्यमण्डलायान्ते द्वादशेति कलात्मने॥ ५॥
अमुकार्घ्येति पात्राय नमोन्तस्त्र्यक्षिवर्णवान्।
शङ्खस्थापनमन्त्रोऽयं तारः कामो महाजलः॥ ६॥
चराय वर्मफट् स्वाहा पाञ्चजन्याय हृन्मनुः।
शङ्खस्य विंशत्यर्णाढ्यस्तेन प्रक्षालयेत्तु तम्॥ ७॥
कलाद्वादश सूर्यस्य शङ्खोपरि यजेत् क्रमात्।
विलोमां मातृकां मूलं विलोमं च पठञ्जलैः॥ ८॥

स्थापयेत् । तत्राग्नेः कलाधूम्रार्चिराद्याः पूजयेत् ॥ २–४ ॥ **स्वमन्त्रेति** । शंखं मन्त्रक्षालितं शंखम् (ॐ) अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने देवार्घ्यपात्राय नमः इति आधारे स्थापयेत् ॥ ५ ॥ त्र्यक्षिवर्णवांस्त्रयोविंशतिवर्णः अमुकपदस्थाने इष्ट देवतानामोच्चार्य रामार्घ्येत्यादि० । शंखमन्त्रमाह – **तार इति** । कामः क्लीं। ॐ क्लीं महाजलचराय हुं फट् स्वाहा पाञ्चजन्याय नम इति ॥ ६–७ ॥ तत्रार्ककलास्तपिन्याद्याः संपूज्य विलोमेन मूलमातृके जपन् जलैस्तं संपूज्य – ॐ सोममण्डलाय षोडशकलात्मने देवार्घ्यामृताय नम इत्यर्घ्यं संपूज्य तत्र

का उच्चारण करते हुये त्रिकोण पर स्थापित कर देना चाहिए । '(ॐ) मं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने देवार्घ्यपात्रासनाय नमः' । यह २४ अक्षर का आधारपात्र स्थापित करने का मन्त्र है ॥ २-४ ॥

तदनन्तर आधारपात्र पर पूर्वादिदिशाओं में (धूम्रार्चिष् आदि) अग्निकलाओं का तत्तन्नामों द्वारा पूजन करना चाहिए । फिर आधारपात्र के ऊपर अस्त्र मन्त्र से प्रक्षालित शङ्ख को '(ॐ) अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने देवार्घ्यपात्राय नमः', इस २३ अक्षरों के मन्त्र से स्थापित करना चाहिए ॥ ४-६ ॥

अमुक देव के स्थान पर अपने इष्ट देवता का चतुर्थ्यन्त नाम (राम, कृष्ण, दुर्गा, गणेश, शिव आदि का चतुर्थ्यन्त) उच्चारण करना चाहिए । पुनः तार (ॐ), काम (क्लीं), एवं 'महाजलचराय हुं फट् स्वाहा पाञ्चजन्याय नमः', इस २० अक्षर के मन्त्र से शङ्ख को प्रक्षालित कर देना चाहिए ॥ ६-७ ॥

आपूर्य मनुनेष्ट्वा तं तत्रार्च्चेदैन्दवीः कला ।
ॐ सोममण्डलायान्ते षोडशान्ते कलात्मने ॥ ९ ॥
अमुकार्घ्यामृतायेति ह्रन्मनुश्चार्घ्यपूजने ।
आवाह्येत्तत्र तीर्थानि तन्मन्त्रैः सृणिमुद्रया ॥ १० ॥
रविमण्डलतः स्वीयहृदो देवमथाह्वयेत् ।
अष्टकृत्वो जपेन्मन्त्रं स्पृष्ट्वा जलमनन्यधीः ॥ ११ ॥
अप्सु विन्यस्य चाङ्गानि हृदा संपूजयेदपः ।
मूलं जपेदष्टशतं च्छादयन् मत्स्यमुद्रया ॥ १२ ॥
संरक्षेदस्त्रमन्त्रेण च्छोटिकामुद्रया जलम् ।
मुद्रया चावगुण्ठिन्या वर्मणा त्ववगुण्ठयेत् ॥ १३ ॥
अमृतीकृत्य गोमुद्रां कुर्वन्नमृतबीजतः ।
संरोधिन्या सन्निरुध्य तत्र मुद्राः प्रदर्शयेत् ॥ १४ ॥

तन्मन्त्रं सृणिमुद्रया गङ्गे चेत्यादि तीर्थमन्त्रेणाङ्कुशमुद्रयाऽर्कमण्डलातीर्थमावाह्य स्वहृदो देवमावाहयेत् । अङ्कुशमुद्रा लक्षणमुक्तम् । मत्स्यमुद्रोक्ता ॥ ८-१२ ॥ अङ्गुष्ठतर्जनीस्फोटं – छोटिकामुद्रा । वाममुष्टि–निर्गत–तर्जनीकं कृत्वा शङ्खोपरि भ्रमणम् – अवगुण्ठिनीमुद्रा । वर्मणा हुं बीजेन ॥ १३ ॥ गोमुद्रां धेनुमुद्राम् । सा यथा – 'वामाङ्गुलीनां मध्येषु दक्षिणाङ्गुलीकास्तथा ।
संयोज्य तर्जनीं दक्षां मध्यमानामयोस्तथा ॥
दक्षमध्यमयोर्वामां तर्जनीं च नियोजयेत् ।

तदनन्तर शङ्ख के ऊपर (तापिनी आदि) द्वादश सूर्यकलाओं का पूजन करना चाहिए । पश्चात् विलोम मातृकाओं एवं विलोम मूल मन्त्र 'ॐ सोममण्डलाय षोडशकलात्मने देवार्घ्यामृताय नमः' बोलते हुये उसमें जल भर कर इस मन्त्र से जल का पूजन कर उसमें चन्द्रमा की अमृतादि १६ कलाओं का पूजन करना चाहिए ॥ ८-९ ॥

पुनः उस अर्घ्यादिक में अंकुश मुद्रा प्रदर्शित कर 'गङ्गे च यमुने चैव' इस मन्त्र से तीर्थो का आवाहन करना चाहिए । इसी प्रकार अपने हृदय में भी इष्टदेव का आवाहन करना चाहिए । फिर जल का स्पर्श करते हुये एकाग्रचित्त हो ८ बार मूलमन्त्र का जप करना चाहिए । पश्चात् जल में अङ्गन्यास कर हृदय (नमः) मन्त्र से पुनः उसका पूजन करना चाहिए । फिर मत्स्य मुद्रा से उसे आच्छादित कर १०८ बार मूल मन्त्र का जप करना चाहिए ॥ १०-१२ ॥

फिर अस्त्र (फट्) मन्त्र से छोटिका मुद्रा द्वारा उसकी रक्षा करनी चाहिए । वर्म (हुं) मन्त्र से अवगुण्ठनी मुद्रा द्वारा उसे गोंठ देना चाहिए । पुनः धेनुमुद्रा से अमृतीकरण करने के बाद अमृत बीज (वं) मन्त्र से संरोधिनी मुद्रा प्रदर्शित करते

शङ्खमौसल चक्राख्या परमीकृत्य तत्पुनः ।
महामुद्रां विरचयन्योनि मुद्रां च दर्शयेत् ॥ १५ ॥
कृष्णमन्त्रे गालिनीं च रामे गरुडमुद्रिकाम् ।
शङ्खाद् दक्षिण दिग्भागे प्रोक्षणीपात्रपूरणम् ॥ १६ ॥
कृत्वार्घ्याम्ब्वत्र निक्षिप्य तेनोक्षेत्त्रिर्निजां तनुम् ।
प्रजपन् मूलगायत्रीं पूजावस्तु च यं तथा ॥ १७ ॥
पाद्याचमनपात्रे च दध्यादर्घ्यस्तथोत्तरे ।
एवमर्घ्यविधिः प्रोक्तः सर्वसाधारणो मया ॥ १८ ॥

वामयानामया दक्षकनिष्ठां च नियोजयेत् ॥
दक्षयाऽनामया वामां कनिष्ठां च नियोजयेत् ।
विहिताधोमुखी चैषा धेनुमुद्रा प्रकीर्तिता' ॥ इति ॥

अमृतबीजतः वमिति बीजेन संरोधिन्या मुद्रया । सा यथा –
'अङ्गुष्ठगर्भिणी सैव संनिरोधे समीरिता' ॥ इति ॥

अङ्गुष्ठगर्भं मुष्टिद्वयमित्यर्थः । तत्रार्घ्य मुद्राः शङ्खाद्याः ॥ १४ ॥ शङ्खमुसलचक्रमुद्रा उक्ताः । महामुद्रां कुर्वन् परमीकृत्य करयोरङ्गुलीः सङ्ग्रथ्य करौ वियोजयेति । महामुद्रोक्ता ॥ १५॥ कराङ्गुल्यग्राणि वक्रीकृत्य समुखं योजितानि गालिनी मुद्रा । गरुडमुद्रा यथा –

'संमुखौ तु करौ कृत्वा ग्रन्थयित्वा कनिष्ठिके ।
पुनश्चाधोमुखे कृत्वा तर्जन्यौ योजयेत्तयोः ॥
मध्यमानामिके द्वे तु पक्षाविव विचालयेत् ।
मुद्रैषा पक्षिराजस्य सर्वविघ्ननिवारिणी' ॥ १६ ॥

तेन प्रोक्षणीजलेन निजाङ्गमुक्षेत्सिञ्चेत् । मूलगायत्र्या पूजोपकरणानि च उक्षेत् ॥ १७–१८ ॥

हुये संरोधन कर शङ्ख, मुशल एवं चक्र मुद्रायें प्रदर्शित कर महामुद्रा से परमीकरण करना चाहिए । तदनन्तर योनि मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ १३-१५ ॥

कृष्ण मन्त्र के अनुष्ठान में गालिनी मुद्रा तथा राम मन्त्र के अनुष्ठान में गरुड़ मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ १६ ॥

शङ्ख के दक्षिण दिशा में प्रोक्षणी पात्र में जल भर कर अर्घ्य पात्र से उसमें थोड़ा जल डाल कर अपने शरीर का तीन बार प्रोक्षण करना चाहिए । फिर मूलमन्त्र एवं गायत्री मन्त्र का उच्चारण करते हुये पूजा सामग्री को भी प्रोक्षित करना चाहिए । उस स्थापित अर्घ्यपात्र की उत्तर दिशा में पाद्य एवं आचमन पात्र स्थापित करना चाहिए ॥ १६-१८ ॥

विहाय शंकरं सूर्यमर्घ्ये शङ्खः प्रशस्यते ।

यहाँ तक सभी देवताओं के पूजन में प्रयुक्त विशेषार्घ्य स्थापन की सामान्य विधि मैने कही ॥ १८ ॥

भगवान् शंकर एवं सूर्यदेव को छोड़कर अन्य समस्त देवताओं के अर्घ्य के लिए शङ्ख पात्र प्रशस्त माना गया है ॥ १९ ॥

पात्रस्थापनयन्त्रम्

विमर्श - अर्घ्य पात्र स्थापन की संक्षेप विधि -

पूर्व में आधार पात्र स्थापन की विधि २२. १-३ में कह आये हैं । उस स्थापित आधार पात्र के पूर्वादि दश दिशाओं में अग्नि की १० कलाओं का इस प्रकार पूजन करना चाहिए । यथा - ॐ रं वह्निमण्डलाय दशकलात्मने नमः । ॐ यं धूम्रार्चिषे नमः, ॐ रं ऊष्मायै नमः, ॐ लं ज्वलिन्यै नमः,

ॐ वं ज्वालिन्यै नमः, ॐ शं विस्फुलिंगिन्यै नमः, ॐ षं सुश्रियै नमः

ॐ सं स्वरूपायै नमः, ॐ हं कपिलायै नमः, ॐ ळं हव्यवाहायै नमः

फिर 'ॐ क्लीं महाजलचराय हुं फट् स्वाहा पाञ्चजन्याय नमः' इस मन्त्र से सामान्यार्घ्यक जल से शङ्ख को प्रक्षालित करना चाहिए । तदनन्तर 'अं सूर्यमण्डलाय द्वादशकलात्मने अमुकार्घ्यपात्राय नमः' इस मन्त्र से आधार पात्र पर शङ्ख को स्थापित करना चाहिए ।

फिर उस शङ्ख पर सूर्य की द्वादश कलाओं का तत्तन्नामों से इस प्रकार पूजन करना चाहिए । यथा - ॐ कं भं तपिन्यै नमः, ॐ खं बं तापिन्यै नमः,

ॐ गं फं धूम्रायै नमः ॐ घं पं मरीच्यै नमः,
ॐ ङं नं ज्वालिन्यै नमः ॐ चं धं रूच्यै नमः
ॐ छं दं सुषुम्णायै नमः ॐ जं थं भोगदायै नमः
ॐ झं तं विश्वायै नमः, ॐ ञं णं बोधिन्यै नमः,
ॐ टं ढं धारिण्यै नमः ॐ ठं डं क्षमायै नमः

तत्पश्चात् क्षं ळं हं शं ... आं अं पर्यन्त विलोग मातृका से तथा विलोम मूलमन्त्र बोलते हुये शङ्ख में जल भर कर 'ॐ सोममण्डलाय षोडशकलात्मने अमुकार्घ्यामृताय नमः', मन्त्र से लाल चन्दन एवं पुष्पादि से उस जल का पूजन करना चाहिए ।

फिर चन्द्रमा की १६ कलाओं का नाम उनके मन्त्रों से इस प्रकार पूजन करना चाहिए । यथा - ॐ अं अमृतायै नमः, ॐ आं मानदायै नमः,
ॐ इं पूषायै नमः, ॐ ईं तुष्ट्यै नमः, ॐ उं पुष्ट्यै नमः,
ॐ ऊं रत्यै नमः, ॐ ऋं धृत्यै नमः, ॐ ॠं शशिन्यै नमः,
ॐ ऌं चण्डिकायै नमः, ॐ ॡं कान्त्यै नमः, ॐ एं ज्योत्स्नायै नमः,
ॐ ऐं श्रियै नमः, ॐ ओं प्रीत्यै नमः, ॐ औं अङ्गदायै नमः,
ॐ अं पूर्णायै नमः, ॐ अः पूर्णामृतायै नमः

तदनन्तर - ॐ गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।
नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु ॥
ॐ ब्रहाण्डोदरतीर्थानि करस्पृष्टानि ते रवे ।
तेन सत्येन मे देव तीर्थं देहि दिवाकर ॥

इस मन्त्र को पढ़कर अंकुश मुद्रा द्वारा सूर्य मण्डल से अर्घ्योदक में तीर्थों का आवाहन कर हृदय में भी अपने इष्टदेवता का आवाहन करना चाहिए । फिर जल का स्पर्श कर एकाग्रचित्त से ८ बार मूलमन्त्र का जप कर जल में षडङ्गन्यास कर 'नमः' मन्त्र से जल का पूजन करना चाहिए ।

फिर मत्स्य मुद्रा से उसे आच्छादित कर मूलमन्त्र का १०८ बार जप करना चाहिए । शेष श्लोकार्थ में स्पष्ट है । अब विशेषार्घ्य स्थापन के प्रसङ्ग में आई हुई मुद्राओं का लक्षण प्रदर्शित करते हैं -

शङ्ख मुद्रा का लक्षण - द्रष्टव्य २२. १-२ ।

अंकुशमुद्रा - दोनों मध्यमाओं को सीधा रखते हुए दोनों तर्जनियों को मध्य पोर के पास परस्पर बाँधे । अब तर्जनियों को थोड़ा झुकाकर एक दूसरे को खींचे । यह अंकुश मुद्रा है ।

मत्स्यमुद्रा - बाई हथेली को दाहिने हाथ के पृष्ठ भाग पर रक्खे और फिर दोनों अङ्गूठों को हथेली को पार करते हुए मिलाए । यह मत्स्य मुद्रा है।

छोटिकामुद्रा - तर्जनी एवं अङ्गूठे के घर्षण से चुटकी बजाने को छोटिका मुद्रा कहते है ।

अवगुण्ठनमुद्रा - दायें हाथ की मुट्ठी बाँध कर तर्जनी को अधोमुख करके पुनः उसे नियमित रूप से आगे-पीछे करने से 'अवगुण्ठन मुद्रा' बनती है ।

धेनुमुद्रा - बायें हाथ की मध्यमा को दाहिने हाथ की तर्जनी से और बायें हाथ की अनामिका को दाहिने हाथ की कनिष्ठिका से मिलाये । इस प्रकार मिली अनामिका और कनिष्ठा को अङ्गूठे से दबा कर उनसे बायें कन्धों का स्पर्श करे । यह धेनु मुद्रा है ।

सन्निरोधन मुद्रा - दोनों हाथों की मुट्ठी को एक साथ आश्लिष्ट कर

हेमरूप्योदुम्बराब्जरीतिदारुमृदुद्भवम् ॥ १६ ॥
पालाशं पद्मपत्रं वा स्मृतं पाद्यादिभाजनम् ।
अशक्तावन्यपात्रेण पाद्यादीनि निवेदयेत् ॥ २० ॥

उदुम्बरं ताम्रम् । रीतिः पित्तलम् ॥ १६–२१ ॥

सन्निधान में दोनों अङ्गूठों को ऊपर करना तन्त्रवेत्ताओं के द्वारा सन्निरोधन मुद्रा कही गई है । वही सन्निरोधनी 'अङ्गुष्ठगर्भिणी' भी कही गई है ।

मुसलमुद्रा - दोनों हाथों की मुठ्ठी बाँधे फिर दाहिनी मुट्ठी को बायें पर रक्खे । इसे मुसल मुद्रा कहते हैं ।

चक्रमुद्रा - दोनों हाथों को इस प्रकार सम्मुख रक्खे कि दोनों हथेलियाँ ऊपर हों । फिर दोनों हाथों की उंगलियों को मोड़ कर मुट्ठियाँ बना लेवे । अब दोनों अङ्गूठों को झुका कर परस्पर स्पर्श कराये और दोनों तर्जनियों को छोड़ कर दोनों हाथों की उंगलियों को फैला दे । अंगूठे की ही भाँति दोनों तर्जनियाँ भी एक दूसरे का स्पर्श करती रहे । इसे चक्र मुद्रा कहते हैं ।

महामुद्रा - दोनों अंगूठों को एक दूसरे के साथ ग्रथित करके दोनों हाथों की उँगलियों को प्रसारित कर देने से परमीकरण के लिए विद्वानों के द्वारा महामुद्रा कही गई है ।

योनिमुद्रा - दोनों कनिष्ठिकाओं को, तथा तर्जनी और अनामिकाओं को बाँधे । अनामिका को मध्यमा से पहले किञ्चित मिलाये और फिर उन्हें सीधा कर दे । अब दोनों अंगूठों को एक दूसरे पर रक्खे । यह योनि मुद्रा है ।

गालिनीमुद्रा - दोनों हथेलियों को एक दूसरे पर रक्खे । कनिष्ठिकाओं को इस प्रकार मोड़े कि वे अपनी-अपनी हथेलियों का स्पर्श करें । तर्जनी, मध्यमा और अनामिका उँगलियाँ सीधी और परस्पर मिली रहें । यह शङ्ख बजाने की गालिनी मुद्रा है ।

गरुड़मुद्रा - दोनों हाथों के पृष्ठ भाग को एक दूसरे से मिला लें । अब नीचे की ओर लटके हुए दोनों हाथों की तर्जनी और कनिष्ठिका को एक दूसरे के साथ ग्रथित करे । इसी स्थिति में दोनों हाथों की अनामिका और मध्यमाओं को उल्टी दिशाओं में किसी पक्षी के पंखों की भाँति ऊपर नीचे जब किया जाय तब विष्णु का सन्तोषवर्धन करने वाली गरुड़ मुद्रा होती है ॥ १६ ॥

अब **पाद्यादि पात्रों का वर्णन** करते हैं -

सुवर्ण चाँदी ताँबा शङ्ख पीतल पलाश के पत्ते अथवा कमल के पत्तों से बने पाद्य आदि के पात्र श्रेष्ठ कहे गये है । अशक्त होने पर अन्य पाद्य पात्र अपने इष्ट देवता को निवेदन करना चाहिए ॥ १६-२० ॥

देहमयपीठेऽन्तर्यागकरणविधिः

अन्तर्यागं ततः कुर्यात् पीठे देहमये सुधीः ।
न्यासस्थानेषु मण्डूकमुख्यान्गन्धादिभिर्यजेत् ॥ २१ ॥
पीठमन्त्रान्तमन्त्रेण हृदये स्वेष्टदेवताम् ।
कुण्डलीमथ चोत्थाप्य द्वादशान्ते परं नयेत् ॥ २२ ॥
तदुत्थामृतधाराभिः प्रीणयेत् स्वेष्टदेवताम् ।
जपं कृत्वा निवेद्यास्मै मनसा न विसर्जयेत् ॥ २३ ॥
मूर्द्धहृत्पादगुह्येषु तनौ पुष्पाञ्जलीन् क्षिपेत् ।
अन्तर्यागं विधायेत्थं बाह्यपूजनमाचरेत् ॥ २४ ॥

बाह्यपूजने पीठादिपूजाविधिवर्णनम्

अन्तर्यागबहिर्यागौ गृहस्थः सर्वमाचरेत् ।
आद्यमेव ब्रह्मचारी वानप्रस्थो यतिस्तथा ॥ २५ ॥
वर्द्धन्यां प्रक्षिपेत् किञ्चिदर्घोदकमनन्यधीः ।
प्राणानायम्य मूलेन वामे गुरुचयं नमेत् ॥ २६ ॥

कुण्डलीमथेति । आधारचक्रात् कुण्डलिनीमुत्थाप्य द्वादशान्ते ब्रह्मरन्ध्रे वर्तमाने परब्रह्म नयेत् ॥ २२–२४ ॥ ब्रह्मचारिवानप्रस्थयतय आद्यमन्तर्यागमेव । तेषां द्रव्याभावाद् बहिर्यागेनाधिकारः ॥ २५–२७ ॥

अब **अन्तर्याग की प्रक्रिया** कहते हैं - विद्वान् साधक को अपने देहमय पीठ पर अन्तर्याग करना चाहिए । पीठ न्यास में कहे गये स्थानों पर (द्र० २१. १५८-१६५) मण्डूकादि देवताओं का गन्धादि उपचारों से पूजन करना चाहिए। फिर पीठ मन्त्र से अपने हृदय में इष्ट देवता का पूजन करना चाहिए ॥ २१-२२ ॥

तदनन्तर आधार चक्र से कुण्डलिनी को ऊपर उठाकर ब्रह्मरन्ध्र में वर्तमान परब्रह्म के पास ले जाना चाहिए और वहाँ से टपकती हुई अमृत धारा से इष्टदेव को तृप्त करना चाहिये, और जप कर उन्हें सारा जप समर्पित करना चाहिए । मन से उनका कभी विर्सजन नहीं करना चाहिए ॥ २२-२३ ॥

फिर शिर, हृदय, पैर, गुदाङ्ग एवं समग्र शरीर पर पुष्पाञ्जलियाँ प्रत्यर्पित करनी चाहिए । इस तरह अन्तर्याग करके वाह्यपूजन करना चाहिए । इस प्रकार गृहस्थ को अन्तर्याग और बहिर्याग दोनों करने का अधिकार है । किन्तु ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ और यति को मात्र अन्तर्याग ही करना चाहिए ॥ २४-२५ ॥

बाह्य पूजा विधि - सर्वप्रथम साधक एकाग्र होकर अर्घ्यादिक का जल वर्द्धनी में डाले, फिर मूलमन्त्र से प्राणायाम कर अपनी बायीं ओर गुरुपंक्ति को

दक्षिणे च गणेशानं पीठपूजामथाचरेत् ।
स्वर्णादिनिर्मिते यन्त्रे यद्वा चन्दननिर्मिते ॥ २७ ॥
मण्डूकात्परतत्त्वान्तं दिङ्मध्ये पीठशक्तयः ।
पृथिव्यनन्तरं पूज्यः क्षीराब्धिर्माधवे श्रिया ॥ २८ ॥
इक्षुसिन्धु गणेशेस्यादन्यत्रामृतसागरः ।
अग्निराक्षसवाय्वीशकोणे धर्मादयः स्मृताः ॥ २९ ॥
इन्द्रकीनाशवरुणसोमाशासु नञादिकाः ।
धर्मादिपूजने प्राची तथैवावरणार्चने ॥ ३० ॥
पूजकस्य पुरः कल्प्याः शक्रादिषु यथास्वकम् ।

पीठशक्तिध्यानकथनम्

श्वेताकृष्णारुणापीता श्यामा रक्तासितासिता ॥ ३१ ॥
रक्ताम्बराऽभयधरा ध्येयाः स्युः पीठशक्तयः ।
शालग्रामे मणौ यन्त्रे नित्यपूजां समाचरेत् ॥ ३२ ॥

मण्डूकादयः परतत्त्वान्ताः पीठदेवता उक्ताः ॥ २८–२९ ॥ कीनाशो यमः । नञादिका अधमादयः ॥ ३० ॥ शक्रादिषु यथा स्वकं प्रसिद्धैव प्राची । पीठशक्तीनां ध्यानमाह – **श्वेतेति** । यथाविधि स्थापितायां विधिना प्रतिष्ठितायाम् । योर्ध्वदृक् अधोदृक् वक्रा च तान् पूज्याः ॥ ३१–३८ ॥

तथा दाहिनी ओर गणपति को प्रणाम कर पीठ पूजा प्रारम्भ करे ॥ २६-२७ ॥

स्वर्ण आदि से निर्मित अथवा चन्दन लिखित यन्त्र पर मण्डूक से परतत्वान्त देवताओं का पूजन कर आठो दिशाओं में तथा मध्य में पीठशक्तियों का पूजन करे ॥ २७ ॥

लक्ष्मी के साथ विष्णु पूजन करते समय क्षीर सागर का, गणेश पूजन काल में इक्षुसागर का तथा अन्य देवताओं के पूजन में अमृत सागर का पूजन करे ॥ २८-२९॥

फिर यन्त्र के आग्नेय, नैर्ऋत्य, वायव्य और ईशान कोणों में धर्म, ज्ञान, वैराग्य और ऐश्वर्य का पूजन करे तथा फिर पूर्व, दक्षिण, पश्चिम तथा उत्तर दिशाओं में अधर्म, अज्ञान, अवैराग्य तथा अनैश्वर्य का पूजन करना चाहिए । साधक को धर्मादि की पूजा तथा आवरण पूजा में प्राची दिशा से आरम्भ करनी चाहिए । 'पूज्य पूजकयोर्मध्ये प्राचीकल्पः' - ऐसा धर्मशास्त्र का वचन है, जिस प्रकार इन्द्रादि दिक्पालों की पूजा प्राची से प्रारम्भ होती है ॥ २९-३१ ॥

फिर श्वेत, कृष्ण, अरुण, पीत, श्याम, रक्त, श्वेत, कृष्ण और रक्त वस्त्र धारण किये हुये तथा अभय मुद्रा वाली पीठ शक्तियों का ध्यान करना चाहिए ॥ ३१-३२ ॥

हेमादिप्रतिमायां वा स्थापितायां यथाविधि ।
अङ्गुष्ठादि वितस्त्यन्त प्रमाणा प्रतिमा गृहे ॥ ३३ ॥
पूज्यानदग्धा भिन्ना वा नोदर्ध्वाधोदृङ् न वक्रिका ।
लिङ्गं वा लक्षणोपेतं तत्रावाहनमाचरेत् ॥ ३४ ॥
मूलमुच्चार्य हृदयात्सुषुम्नावर्त्मना सह ।
द्वारेण ब्रह्मरन्ध्रस्य नासारन्ध्रे विनिर्गतम् ॥ ३५ ॥
पुष्पाञ्जलौ मातृकाब्जे योजयित्वा विनिक्षिपेत् ।
मूर्त्तौ पुष्पाञ्जलिं चैतदावाहनमुदीरितम् ॥ ३६ ॥
शालग्रामे स्थिरायां वा नावाहनविसर्जने ।
आह्वानाद्युपचारेषु श्लोकाञ्छम्भूदितान् पठेत् ॥ ३७ ॥
आत्मसंस्थमजं शुद्धं त्वामहं परमेश्वर ।
अरण्यामिव हव्यांशं मूर्तावावाहयाम्यहम् ॥ ३८ ॥

पञ्चायतनपूजाविधिवर्णनम्

पञ्चायतनपक्षे तु मध्ये विष्णुं समर्चयेत् ।
अग्निनिर्ऋतिवायव्येशानेषु गणनायकम् ॥ ३९ ॥

पञ्चायतनपूजामाह – पञ्चेति ॥ ३९ ॥ * ॥ ४२ ॥

शालग्राम में, मणि में तथा यन्त्र में नित्यपूजा का विधान है । सुवर्णादि निर्मित प्रतिमा अथवा सविधि स्थापित प्रतिमा का भी प्रतिदिन पूजन करना चाहिए । अंगूठे से लेकर १ बालिश्त की प्रतिमा का घर में भी पूजन किया जा सकता है । जली, टूटी, ऊँची - नीची दृष्टि वाली तथा वक्र आकृति की प्रतिमा का पूजन निषिद्ध है ॥ ३२-३४ ॥

सर्वलक्षण संयुक्त शिव लिङ्ग का पूजन घर में करना चाहिए और उसमें आवाहन भी करना चाहिए ॥ ३४ ॥

मूल मन्त्र का उच्चारण करते हुये हृदय से सुषुम्ना मार्ग द्वारा ब्रह्मरन्ध्र में स्थित इष्टदेव को, नासारन्ध्र से पुनः उन्हें निकाल कर, मातृका यन्त्र पर स्थापित पुष्पाञ्जलि में एकीकृत कर उन्हें मूर्ति पर समर्पित कर देना चाहिए । इस क्रिया को आवाहन कहते हैं ॥ ३५-३६ ॥

शालग्राम शिला में अथवा अचल प्रतिष्ठित मूर्ति में न तो आवाहन करना चाहिए और न तो विर्सजन ही करना चाहिए । मूर्ति में आवाहनादि उपचारों से पूजा करते समय शंकर जी द्वारा कहे गये इस श्लोक का उच्चारण करना चाहिए - आत्मसंस्थमजं शुद्धं त्वामहं परमेश्वर ।

रविं शिवां शिवं मध्ये गणेशश्चेच्छिवं शिवाम्।
रविं विष्णुं रवौ मध्ये विघ्नाजनगजेश्वरान्॥ ४०॥
भवान्यां मध्य संस्थायामीशविघ्नार्कमाधवान्।
हरे मध्यगते सूर्यगणेशगिरिजाच्युतान्॥ ४१॥
सम्पूज्यादौ मध्यगतं गणेशादि ततो यजेत्।
गणेशे मध्यसंस्थे तु पूजयेद् भास्करादितः॥ ४२॥
काण्डानुसमयेनात्र पूजा प्रोक्ता मनीषिभिः।

काण्डानुसमयेनेति । काण्डानुसमयः पदार्थानुसमयश्चेति विधौ प्रकारद्वयम् । एकस्य पूजा काण्डं समाप्यापरार्चनं काण्डानुसमयः । प्रतिपदार्थं सर्वेषां पूजा पदार्थानुसमयः । ततोऽत्र काण्डानुसमयेन पूजा । आवाहनमुद्रया आवाहनम् । सा यथा – 'अनामामूलसंलग्नाङ्गुष्ठाग्राञ्जलिरीरिता ।
देवाह्वानकरी चैषा मुद्रावाहनसंज्ञिका' ॥ इति॥
आवाहनमुद्राधोमुखी – संस्थापनी ॥ ४३–४४ ॥

अरण्यमिव हव्यांशं मूर्तावावाहयाप्यहम् ॥ ३७-३८ ॥

अब **पञ्चायतन में देवताओं के स्थापन का क्रम** कहते है -

पञ्चायतन के पक्ष में, मध्य में विष्णु की पूजा होती है । फिर आग्नेय, नैर्ऋत्य, वायव्य और ईशान कोण में क्रमशः गणेश, रवि, शक्ति और शिव का स्थापन कर पूजा करनी चाहिए ॥ ३९-४० ॥

मध्य में **गणेश** को स्थापित कर पूजा करनी हो तो उक्त कोणों में क्रमशः शिव, शक्ति, रवि और विष्णु का, **रवि** मध्य में हो तो उक्त कोणों में गणेश, विष्णु, शक्ति और शिव का, **शक्ति** मध्य में हो तो उक्त कोणों में शिव, गणेश, सूर्य और विष्णु का तथा **शिव** मध्य में होने पर क्रमशः रवि, गणेश, शक्ति और अच्युत का पूजन करना चाहिए ॥ ४०-४१ ॥

सर्वप्रथम मध्यगत देव का पूजन करने के बाद ही गणेशादि की पूजा करनी चाहिए । मध्य में गणेश होने पर उनका पूजन कर पुनः रवि आदि के

पञ्चायतनस्थापनक्रमः

<table>
<tr><td>गणेश   रवि

विष्णु

शिव   शक्ति</td><td>शिव   रवि

गणेश

विष्णु   शक्ति</td><td>गणेश   विष्णु

रवि

शिव   शक्ति</td><td>शिव   गणेश

शक्ति

विष्णु   रवि</td><td>रवि   गणेश

शिव

विष्णु   शक्ति</td></tr>
</table>

आवाहनाद्युपचारमन्त्रमुद्रादिकथनम्

विधायावाहनं चेत्थमावाहन्या तु मुद्रयाः ॥ ४३ ॥
संस्थापिन्या स्थापयेत्तु मूलान्ते श्लोकमुच्चरन् ।
तवेयं महिमा मूर्तिस्तस्यां त्वां सर्वगं प्रभो ॥ ४४ ॥
भक्तिस्नेहसमाकृष्टं दीपवत्स्थापयाम्यहम् ।
ऊहः कार्यो भवान्यादौ श्लोकेष्वावाहनादिषु ॥ ४५ ॥
मूलश्लोको पठन् कुर्यादासनं चोपवेशनम् ।
सर्वान्तर्यामिणे देव सर्वबीजमयं शुभम् ॥ ४६ ॥
स्वात्मस्थाय परं शुद्धमासनं कल्पयाम्यहम् ।
अस्मिन्वरासने देव सुखासीनोऽक्षरात्मक ॥ ४७ ॥

आत्मसंस्थामजां शुद्धमित्याद्यूहः ॥ ४५–४६ ॥

पूजन का विधान है । यहाँ प्राचीन मनीषियों ने काण्डानुसमय विधि से पूजा बतलाई है - एक देवता का पूजाकाण्ड समाप्त कर दूसरे देवता का अर्चनकाण्ड 'काण्डानुसमय' कहा जाता है ॥ ४२-४३ ॥

अब **पूजा का क्रम** कहते है -

आवाहनी मुद्रा से इस प्रकार इष्टदेव का आवाहन कर मूल मन्त्र के साथ

'तवेयं महिमामूर्तिस्तस्यां त्वां सर्वगं प्रभो ।
भक्तिस्नेहसमाकृष्टं दीपवत्स्थापयाम्यहम्' ।।

इस श्लोक को बोलते हुये संस्थापनी मुद्रा से मूर्ति स्थापित करनी चाहिए। अपने इष्टदेव का पूजन करते समय आवाहनादि के लिए भवानी, गणेश, रवि तथा विष्णु का ऊहापोह कर लेना चाहिए ॥ ४३-४५ ॥

विमर्श - आवाहन मुद्रा - दोनों हाथों से अञ्जलि बाँध कर दोनों अंगूठों को अपनी-अपनी अनामिकाओं के मूल पर्वों पर निक्षिप्त करना चाहिए । विद्वज्जन इसे आवाहनी मुद्रा कहते हैं ।

स्थापनी मुद्रा - उक्त आावहनी मुद्रा बनाकर उसे अधोमुख कर देने से स्थापनी मुद्रा निष्पन्न होती है ॥ ४३-४५ ॥

अब **आसनदान तथा उपवेशन** कहते हैं - मूलमन्त्र के साथ **'सर्वान्तर्यामिणे देव सर्वबीजमयं शुभम्, स्वात्मस्थाय परं शुद्धमासनं कल्पयाम्यहम्'** - यह श्लोक बोलकर आसन देना चाहिए । पुनः मूलमन्त्र के साथ

'अस्मिन्वरासने देव सुखासीनोऽक्षरात्मक प्रतिष्ठितो भवेश त्वं प्रसीद परमेश्वर' यह श्लोक बोलकर उपवेशन कराना चाहिए ॥ ४६-४७ ॥

प्रतिष्ठितो भवेश त्वं प्रसीद परमेश्वर ।
मूलं श्लोकं ततः कुर्यात् सन्निधानं स्वमुद्रया ॥ ४८ ॥
अनन्या तव देवेश मूर्तिशक्तिरियं प्रभो ।
सान्निध्यं कुरु तस्यां त्वं भक्तानुग्रहतत्परः ॥ ४६ ॥
पठन्मूलं तथा श्लोकं सन्निरुध्यात् स्वमुद्रया ।
आज्ञया तव देवेश कृपाम्भोधेगुणाम्बुधे ॥ ५० ॥
आत्मानन्दैक तृप्तं त्वां निरुणध्मि पितर्गुरो ।
मुद्रया सम्मुखी कुर्यान्मूलं श्लोकं च संपठन् ॥ ५१ ॥
अज्ञानाद् दुर्मनस्त्वाद्वा वैकल्यात् साधनस्य च ।
यदपूर्णं भवेत् कृत्य तदप्यभिमुखो भव ॥ ५२ ॥
कुर्वीत मूलश्लोकाभ्यां प्रार्थन्या मुद्रयार्चने ।
दृशापीयूषवर्षिण्या पूरयन्यज्ञविष्टरम् ॥ ५३ ॥
मूर्तौ वा यज्ञसंपूर्तेः स्थिरो भव महेश्वर ।
न्यसेत् षडङ्गं देवाङ्गे सकलीकरणं सुधीः ॥ ५४ ॥

स्वमुद्रया सन्निधानमुद्रया । उत्तानाङ्गुष्ठौ मुष्टी – सन्निधानमुद्रा । स्वमुद्रया सन्निरोधिन्या । सोक्ता ॥ ५० ॥ मुद्रया संमुखीकरिण्या उत्तानौ मुष्टी – संमुखीकरणी ॥ ५१–५२ ॥ हृद्यञ्जलिनिबन्धनं – प्रार्थनीमुद्रा ॥ ५३–५४ ॥

सन्निधान मूल मन्त्र के साथ - **'अनन्या तव देवेश मूर्तिशक्तिरियं प्रभो सान्निध्यं कुरु तस्यां त्वं भक्तानुग्रहतत्परः'** - इस श्लोक को बोलकर सन्निधान मुद्रा से सन्निधान करना चाहिए ॥ ४८-४६ ॥

विमर्श - सन्निधानमुद्रा का लक्षण - तन्त्रवेत्ताओं के द्वारा दोनों मुट्ठियों को एकसाथ मिलाना और दोनों अंगूठों को ऊपर उठाना सन्निधान मुद्रा कही गई है ॥ ४८-४६ ॥

अब **सन्निरोधन** कहते हैं - मूल मन्त्र के साथ 'आज्ञया तव ... निरुणध्मि पितर्गुरौ' पर्यन्त श्लोक बोलते हुये सन्निरोधमुद्रा द्वारा सन्निरोधन करना चाहिए ॥ ५०॥

विमर्श - सन्निरोधमुद्रा - (द्र० २२. १६) ॥ ५० ॥

सम्मुखीकरण - मूलमन्त्र के साथ **'अज्ञानाद् दुर्मनस्त्वाद्वा ... भव'** पर्यन्त श्लोक पढ़कर सम्मुखी मुद्रा द्वारा संम्मुखीकरण करना चाहिए ॥ ५१-५२ ॥

विमर्श - सम्मुखीकरणमुद्रा - हृदय पर बंधी हुई अञ्जली रखना सम्मुखीकरणमुद्रा कही गयी है ॥ ५१-५२ ॥

अब **सकलीकरण** कहते है - मूलमन्त्र के साथ **'दृशापीयूष ... महेश्वर'** पर्यन्त श्लोक पढ़ते हुये प्रार्थिनी मुद्रा द्वारा इष्टदेव का पूजन करना चाहिए । देवता के

मूलं श्लोकं पठन् कुर्यादवगुण्ठं स्वमुद्रया।
अव्यक्तवाङ्मनश्चक्षुः श्रोत्रदूरामितद्युते ॥ ५५ ॥
स्वतेजः पञ्जरेणाशु वेष्टितो भव सर्वतः।
गोमुद्रयामृतीकृत्य विदध्यात् परमाकृतिम् ॥ ५६ ॥
महामुद्रां विरचयंस्ततः स्वागतमाचरेत्।
मूलमन्त्रं तथा श्लोकं पठंस्तद्गतमानसः ॥ ५७ ॥
यस्य दर्शनमिच्छन्ति देवाः स्वाभीष्टसिद्धये।
तस्मै ते परमेशाय स्वागतं स्वागतं च ते ॥ ५८ ॥
ततः सुस्वागतं कुर्यान्मूलश्लोकौ समुच्चरन्।
कृतार्थोऽनुगृहीतोऽस्मि सफलं जीवितं मम ॥ ५९ ॥
आगतो देवदेवेश सुस्वागतमिदं पुनः।

पाद्यद्रव्यकथनम्

श्यामाकविष्णुक्रान्ताब्जदूर्वाः पाद्यजले क्षिपेत् ॥ ६० ॥
मूलश्लोकनमोमन्त्रैः पाद्यं पादाम्बुजेऽर्पयेत्।
यद्भक्तिलेश सम्पर्कात् परमानन्दविग्रहम् ॥ ६१ ॥

स्वमुद्रयाऽवगुण्ठिन्या । सोक्ता ॥ ५५ ॥ गोमुद्रोक्ता ॥ ५६ ॥ महामुद्राप्युक्ता ॥ ५७–५९ ॥ पाद्यद्रव्याण्याह – **श्यामाकेति** ॥ ६०–६१ ॥

अङ्गो में षडङ्गन्यास को विद्वान् लोग सकलीकरण कहते है ॥ ५३-५४ ॥

अब **अवगुण्ठन** कहते हैं - मूलमन्त्र के साथ '**अव्यक्त ... सर्वतः**' पर्यन्त श्लोक पढ़ते हुये अवगुण्ठन करना चाहिए ॥ ५५ ॥

विमर्श - अवगुण्ठन मुद्रा - (द्र० २२. १९)॥ ५५ ॥

अमृतीकरण एवं परमीकरण - धेनुमुद्रा से अमृतीकरण करने के बाद महामुद्रा प्रदर्शित करते हुये परमीकरण करना चाहिए । फिर इष्टदेव का स्वागत करना चाहिए ॥ ५६ ॥

विमर्श - धेनुमुद्रा, महामुद्रा - (द्र० २२. १९)॥ ५६ ॥

स्वागत एवं सुस्वागत मूल मन्त्र के साथ '**यस्य ... स्वागतं च तें**' पर्यन्त श्लोक पढ़ते हुये निज इष्ट देव का स्वागत करना चाहिये । फिर मूल मन्त्र के साथ - '**कृतार्थो ... सुस्वागतमिदं पुनः**' पर्यन्त (द्र० ५९, ६०) श्लोक पढ़ते हुये इष्टदेव का सुस्वागत करना चाहिए ॥ ५७-५९ ॥

पाद्यसमर्पण विधि - श्यामाक, विष्णुक्रान्ता (अपराजिता), कमल एवं दूर्वा पाद्य जल में मिलाना चाहिए । फिर मूल मन्त्र के साथ '**यद्भक्तिलेशशुद्धाय**

तस्मै ते चरणाब्जाय पाद्यं शुद्धाय कल्पये।

आचमनीयद्रव्यकथनम्

लवङ्गजातिकंकोलं प्रक्षिप्याचमनीयके॥ ६२॥
दद्यादाचमनं वक्त्रे मूलश्लोकसुधाक्षरैः।
वेदानामपि वेद्याय देवानां देवतात्मने॥ ६३॥
आचामं कल्पयामीश शुद्धानां शुद्धिहेतवे।

अर्घ्यद्रव्यकथनम्

अर्घ्यपात्रे क्षिपेद् दूर्वास्तिलदर्भाग्रसर्षपान्॥ ६४॥
यवपुष्पाक्षतान्गन्धं तेनार्घ्यं मूर्ध्नि चाचरेत्।
मूलश्लोकशिरोमन्त्रैः देवस्य मनुवित्तमः॥ ६५॥
तापत्रयहरं दिव्यं परमानन्दलक्षणम्।
तापत्रय विनिर्मुक्तं तवार्घ्यं कल्पयाम्यहम्॥ ६६॥

मधुपर्कद्रव्यकथनम्

पात्रे तु मधुपर्कस्य दध्याज्यमधु च क्षिपेत्।
मूलश्लोकसुधामन्त्रैर्दद्यात्तं वदने प्रभोः॥ ६७॥
सर्वकालुष्यहीनाय परिपूर्णसुखात्मने।
मधुपर्कमिदं देव कल्पयामि प्रसीद मे॥ ६८॥

आचमनीयद्रव्याण्याह – **लवङ्गेति** । कंकोलं सुगन्धद्रव्यं मरिचोऽयम् ॥ ६२–६४ ॥ शिरो मन्त्रः स्वाहा ॥ ६५–६६ ॥

कल्पये' पर्यन्त (द्र० २२. ६१) श्लोक पढ़ के अन्त में नमः जोड़ कर इष्टदेव के चरण कमलों में पाद्य समर्पित करना चाहिए ॥ ६०-६२ ॥

आचमन विधि - लवंग, जायफल और कंकोल ये तीन वस्तुयें आचमनीय जल में मिलाना चाहिए । फिर मूल मन्त्र पढ़कर **'वेदानामपि ... शुद्धिहेतवे'** पर्यन्त (द्र० २२. ६३) श्लोक कहकर इष्टदेव को आचमन देना चाहिए ॥ ६२-६४ ॥

अर्घ्यदान विधि - अर्घ्यपात्र में दूर्वा, तिल, कुशा का अग्रभाग, सर्षप, यव, पुष्प, अक्षत एवं कुंकुम डालना चाहिए । फिर मूल मन्त्र के साथ **'तापत्रयहरं'** से **'कल्पयाम्यहम्'** (द्र० २२. ६६) पर्यन्त श्लोक के अन्त में स्वाहा पढ़कर देवता को शिर पर अर्घ्य देना चाहिए ॥ ६४-६६ ॥

मधुपर्कदान विधि - मधुपर्क के पात्र में दही, घी, एवं शहद डालना चाहिए फिर मूल मन्त्र के साथ **'सर्वकालुष्य ... प्रसीद मे'** (द्र० २२. ६८) पर्यन्त

पुनराचमनं दद्यान्मूलश्लोकान्तरं पठन्।
उच्छिष्टोप्यशुचिर्वापि यस्य स्मरणमात्रतः ॥ ६९ ॥
शुद्धिमाप्नोति तस्मै ते पुनराचमनीयकम्।

स्नानवस्त्राभरणाद्युपचारकथनम्

स्नानवस्त्रोपवीतान्ते नैवेद्यान्तेऽपि तत्स्मृतम् ॥ ७० ॥
पाद्यादिवस्त्वभावे तु तत्स्मरन्नक्षतान्क्षिपेत्।
गन्धतैलं ततो दद्यान्मूलश्लोकं पठन्सुधीः ॥ ७१ ॥
स्नेहं गृहाण स्नेहेन लोकनाथ महाशय।
सर्वलोकेषु शुद्धात्मन् ददामि स्नेहमुत्तमम् ॥ ७२ ॥
हरिद्राद्यैस्तमुद्वर्त्य स्नापयेदुभयं पठन्।
परमानन्दबोधाब्धि निमग्ननिजमूर्त्तये ॥ ७३ ॥
साङ्गोपाङ्गमिदं स्नानं कल्पयाम्यहमीशते।
ततः सहस्रं शङ्खेन शतं वाशक्तितोऽपि वा ॥ ७४ ॥

स्नानवस्त्रोपवीतनैवेद्येषु दत्तेष्वाचमनीयं दद्यात् ॥ ७०–७२ ॥ उभयं मूलश्लोकौ ॥ ७३–८१ ॥

श्लोक पढ़कर अन्त में 'वं' यह सुधा बीज बोलते हुये इष्टदेव के मुख में मधुपर्क समर्पित करना चाहिए ॥ ६७-६८ ॥

पुनराचमन विधि - मूल मन्त्र के साथ '**उच्छिष्टो ... पुनराचमनीयकम्**' पर्यन्त (द्र० २२. ६९-७०) श्लोक पढ़कर पुनराचमनीय समर्पित करना चाहिए । इसी प्रकार स्नान, वस्त्र तथा यज्ञोपवीत एवं नैवेद्य के बाद भी पुनराचमनीय देना चाहिए । पाद्य आदि वस्तुओं के अभाव में उनका स्मरण कर मात्र अक्षत चढ़ा देना चाहिए ॥ ६९-७१ ॥

तैल उद्वर्तन एवं स्नान विधि - मूल मन्त्र के साथ '**स्नेहं गृहाण ... स्नेहमुत्तमम्**' (द्र० २२. ७२) पर्यन्त श्लोक पढ़कर सुगन्धित तेल लगाना चाहिए ॥ ७१-७२ ॥

फिर हरिद्रा लेपन करने के बाद निज इष्टदेव को मूल मन्त्र के साथ '**परमानन्द ... कल्पयाम्यमीशते**' पर्यन्त (द्र० २२. ७३-७४) श्लोक पढ़कर स्नान कराना चाहिए ॥ ७१-७३ ॥

अभिषेक विधि - इसके बाद एक हजार अथवा १ सौ अथवा यथा शक्ति शङ्ख से सुगन्धित जल से मूल मन्त्र बोलते हुये इष्ट देवता का अभिषेक करना चाहिए ॥ ७४ ॥

गन्धयुक्तोदकैरीशमभिषिञ्चेन्मनुं स्मरन् ।
पठन्मूलं ततः श्लोकौ दद्याद्वस्त्रोत्तरीयके ॥ ७५ ॥
मायाचित्र पटच्छन्ननिजगुह्योरुतेजसे ।
निरावरणविज्ञानवासस्ते कल्पयाम्यहम् ॥ ७६ ॥
यमाश्रित्य महामाया जगत्सम्मोहिनी सदा ।
तस्मै ते परमेशाय कल्पयाम्युत्तरीयकम् ॥ ७७ ॥
पीतं विष्णौ सितं शम्भौ रक्तं विघ्नार्कशक्तिषु ।
सच्छिद्रं मलिनं जीर्णं त्यजेत्तैलादिदूषितम् ॥ ७८ ॥
उपवीतं भूषणानि प्रयच्छेदुभयं पठन् ।
यस्य शक्तित्रयेणेदं सम्प्रोतमखिलं जगत् ॥ ७९ ॥
यज्ञसूत्राय तस्मै ते यज्ञसूत्रं प्रकल्पये ।
स्वभावसुन्दराङ्गाय नानाशक्त्याश्रयाय ते ॥ ८० ॥
भूषणानि विचित्राणि कल्पयाम्यमरार्चितम् ।
मूलमन्त्रेण पुटितमेकैकं मातृकाक्षरम् ॥ ८१ ॥
विन्यसेद् देवताङ्गेषु योगोऽयं लोकमोहनः ।
कनिष्ठया पात्रसंस्थं पूर्ववद् गन्धमर्पयेत् ॥ ८२ ॥

पूर्ववन्मूलश्लोकौ पठन् गन्धमर्पयेत् ॥ ८२–८३ ॥

वस्त्र एवं उत्तरीय दान विधि - मूलमन्त्र के साथ 'मायाचित्र' से 'कल्पयाम्यहम्' पर्यन्त (द्र० २२. ७६) श्लोक पढ़ते हुये वस्त्र प्रदान करना चाहिए । फिर मूल मन्त्र के साथ **यमाश्रित्य....उत्तरीयकम्** पर्यन्त (द्र० २२. ७७) श्लोक पढ़कर इष्टदेव को उत्तरीय प्रदान करना चाहिए । विष्णु को पीतवर्ण का, सदाशिव को श्वेत वर्ण का, गणपति, सूर्य एवं शक्ति को रक्त वर्ण का वस्त्र प्रिय है । फटा हुआ, मैला, पुराना एवं तैलादि दूषित वस्त्र पूजा में सर्वथा त्याज्य हैं ॥ ७५-७८ ॥

उपवीत एवं आभूषण समर्पण विधि - मूलमन्त्र के साथ **'यस्य...यज्ञसूत्रं प्रकल्पये'** पर्यन्त(द्र० २२. ७९-८०)श्लोक पढ़कर यज्ञोपवीत चढ़ाना चाहिए । इसके बाद पुनः मूलमन्त्र के साथ **'स्वभाव...कल्पयाम्यमरार्चितम्'** पर्यन्त(द्र० २२. ८०-८१) श्लोक पढ़कर इष्टदेव को विविध आभूषण समर्पित करना चाहिए ॥ ७९-८० ॥

लोकमोहन न्यास विधि - मूलमन्त्र से संपुटित मातृकाक्षरों (वर्णमाला) के एक एक अक्षर का देवता के अङ्गो पर न्यास करना चाहिए । इसे लोकमोहन न्यास कहते हैं ॥ ८१ ॥

गन्धदान विधि - मूल मन्त्र के साथ 'परमानन्दसौभाग्य ... कृपया परमेश्वर' पर्यन्त (द्र० २२. ८३) श्लोक बोलते हुये कनिष्ठा अंगुली से पात्र में

परमानन्दसौभाग्यपूरिपूर्णदिगन्तरम् ।
गृहाण परमं गन्धं कृपया परमेश्वर ॥ ८३ ॥
ततः कनिष्ठाङ्गुष्ठाभ्यां गन्धमुद्रां प्रदर्शयेत् ।
मूलंश्लोकं पठन्नानापुष्पाणि विनिवेदयेत् ॥ ८४ ॥
तुरीयवनसंभूतं नानागुणमनोहरम् ।
अमन्दसौरभं पुष्पं गृह्यतामिदमुत्तमम् ॥ ८५ ॥
तर्ज्जन्यङ्गुष्ठयोगेन पुष्पमुद्रां प्रदर्शयेत् ।

विहितनिषिद्धपुष्पपूजाकथनम्

अक्षतानार्कधत्तूरौ विष्णौ नैवार्पयेत्सुधीः ॥ ८६ ॥
बन्धूकं केतकीं कुन्दं केसरं कुटजं जपाम् ।
शंकरे नार्पयेद्विद्वान्मालतीं यूथिकामपि ॥ ८७ ॥
शक्तौ दूर्वार्कमन्दारान् मालूरं तगरं रवौ ।
विनायके तु तुलसीं नार्पयेज्जातुचिद् बुधः ॥ ८८ ॥
श्वेतं पीतं हरेरिष्टं रक्तं रविगणेशयोः ।
निर्गन्धं केशकीटादि दूषितं चोग्रगन्धकम् ॥ ८९ ॥

अङ्गुष्ठौ कनिष्ठामूललग्नौ – गन्धमुद्रा ॥ ८४–८५ ॥ तर्जन्यावङ्गुष्ठ– मूललग्ने – पुष्पमुद्रा । पुष्पाध्यायमाह – **अक्षतानित्यादिना** । अक्षतान् तण्डुलादीन्। तिलकोपर्यर्पणेन दोषः ॥ ८६–८७ ॥ शक्तौ दूर्वादयो निषिद्धाः महालक्ष्म्यास्तु दूर्वा प्रशस्ता । मालूरं बिल्वम् । तगरं गन्धतगरम् । तगर इति कान्यकुब्जभाषायाम् । जातु कदाचिदपि ॥ ८८ ॥ निषिद्धान्याह – **निर्गन्धमिति** ॥ ८९ ॥

रखे गए गन्ध ले कर गन्ध समर्पण करना चाहिए । फिर कनिष्ठा और अंगूठा मिलाकर गन्ध मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ ८२-८४ ॥

पुष्पसमर्पण विधि - मूल मन्त्र के साथ **'तुरीयवन संभूतं ... गृह्यतामिदमुत्तमम्** पर्यन्त' (द्र० २२. ८५) श्लोक पढ़कर नानाविध पुष्प समर्पित करना चाहिए । फिर तर्जनी एवं अंगूठे को मिलाकर पुष्प मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ ८४-८५ ॥

अब तत्तद्देवताओं के **पूजन में वर्जित पुष्प** कहते हैं - बुद्धिमान् साधक विष्णु को अक्षत्, आक एवं धतूरा का पुष्प न चढ़ावे । बन्धूक (दुपहरिया), केतकी, कुन्द, मौलिसिरी, कुटज (कौरैया), जयपर्ण, मालती, एवं जूही के पुष्प शिव को न चढ़ावे। दूब, धतूरा, मन्दार, हरसिङ्गार, बेल दुर्गा पर नहीं चढ़ाना चाहिए । इसी प्रकार सूर्य को तगर और गणपति को तुलसी पत्र कभी भी न समर्पित करे । श्वेत तथा पीत

मलिनं तुच्छसंस्पृष्टमाघ्रातं स्वविकासितम्।
अशुद्धभाजनानीतं स्नात्वानीतं च याचितम्॥ ६०॥
शुष्कं पर्युषितं कृष्णं भूमिगं नार्पयेत्सुमम्।
चंपकं कमलं त्यक्त्वा कलिकामपि वर्ज्जयेत्॥ ६१॥
कुरण्टकं काञ्चनारं वर्जयेद् बृहतीयुगम्।
पुष्पं पत्रं फलं देवे न प्रदद्यादधोमुखम्॥ ६२॥
पुष्पाञ्जलौ न तद्दोषस्तथा पर्युषितस्य च।
तुलसीबकुलो वृक्षश्चम्पकश्च सरोजिनी॥ ६३॥
बिल्वकल्हारदमनास्तथामरुबकः कुशः।
दूर्वाहिवल्यपामार्गविष्णुक्रान्तामुनिद्रुमाः॥ ६४॥
धात्रीयुतानामेतेषां पत्रैः कुर्यात्सुरार्चनम्।
जम्बूदाडिमजम्बीरतिंतिणी बीजपूरकाः॥ ६५॥

तुच्छ संस्पृष्टं शरीरलग्नम् । स्वविकासितं बलादात्मना विकासितम् ॥ ६० ॥ पर्युषितं दिनान्तरानीतम् । सुमं पुष्पम्, चंपककमलयोः कलिका अपि प्रशस्ताः ॥ ६१ ॥ पुष्पपत्र – फलान्यधोमुखानि नार्पयेद् यथोत्पन्नं तथैवार्पयेदित्यर्थः ॥ ६२ ॥ पुष्पाञ्जलौ अधोमुखपर्युषितयोर्न दोषः ॥ ६३ ॥ अहिवल्ली नागवल्ली । मुनिद्रुमोऽगस्त्यः ॥ ६४ ॥ धात्री आमलकी ।

वर्ण के पुष्प विष्णु को प्रिय है । रक्त वर्ण के पुष्प सूर्य एवं गणेश जी के लिए प्रशस्त माने गये हैं ॥ ८५-८६ ॥

अब **निषिद्ध पुष्प** कहते हैं - गन्धरहित, केश एवं कीट दूषित, उग्रगन्धि, मलिन, नीच व्यक्ति से संस्पृष्ट, आघ्रात, अपने प्रयत्न से विकास को प्राप्त, अशुद्धपात्र में रखे गये, स्नान कर आर्द्र वस्त्र से लाये गये, याचित, सूखे हुये, वासी, काले वर्ण के, पृथ्वी पर नीचे गिरे हुये फूलों को देवता पर नहीं चढ़ाना चाहिए ॥ ८६-६१ ॥

चम्पा और कमल की कलियों को छोड़कर अन्य पुष्पों की कलियाँ पूजा में वर्जित हैं । कुरण्टक, कचनार और दोनों प्रकार के बृहती पुष्प भी पूजा में वर्जित माने गये हैं । पुष्प, पत्र और फल अधोमुख कर देवता को नहीं चढ़ाना चाहिए । पुष्पाञ्जलि में पर्युषित तथा अधोमुख पुष्पों का दोष नही माना जाता ॥ ६१-६३ ॥

पूजा में ग्राह्य पत्र, तुलसी, मौलसिरी, चम्पा, कमलिनी, बेल, कल्हार (श्वेत कमल), दमनक, महुआ, कुशा, दूर्वा, नागवल्ली, अपामार्ग, विष्णुकान्ता, अगस्त्य तथा आँवला इनके पत्तों से देवताओं की पूजा प्रशस्त कही गई है ॥ ६३-६४ ॥

अब **प्रशस्त फलों** को कहते हैं - जामुन, अनार, नींबू, इमली, बिजौरा, केला, आँवला, वैर, आम तथा कटहल के फलों से देव पूजा करनी चाहिए ।

रम्भाधात्री च बदरीरसालः पनसोऽपि च।
एषां फलैर्यजेद्देवं तुलसी तु हरेः प्रिया ॥ ९६ ॥
सुर्वणपुष्पं तुलसी नैवनिर्माल्यतां व्रजेत्।
पुष्पपूजा विधायेत्थं कुर्यादावरणार्चनम् ॥ ९७ ॥
अङ्गादि दिक्पहेत्यन्तं ततो धूपादिकं चरेत्।
अग्निनैर्ऋतिवाय्वीशकोणेषु हृदयं शिरः ॥ ९८ ॥
शिखां कवचमाराध्य नेत्रमग्रे प्रपूजयेत्।
दिक्ष्वस्त्रमङ्गदेव्यस्ता ध्यातव्या वामलोचनाः ॥ ९९ ॥
सिताश्वेतासितास्तिस्रो रक्ताइष्टाभयान्विताः।
स्वदिक्षु प्रयजेद् दिक्पाञ्जातिहेत्यादि संयुतान् ॥ १०० ॥

तुलस्यादीनां पत्रैरपि पूजा । जाम्बादीनां पत्रैरपि फलैश्च ॥ ९५ ॥ रसालः आम्रः ॥ ९६ ॥ * ॥ ९७ ॥ दिक्पहेत्यन्तमिति। दिक्पालायुधपर्यन्तमावरणपूजा इदं सांप्रदायिकम् । क्वचिदङ्गपूजातः प्रागपि वज्राद्यूर्ध्वमप्यावरणानि सति । अङ्गपूजा स्थानमाह – **अग्नीति** ॥ ८ ॥ अङ्गदेवता ध्यानमाह – वामलोचनाः स्त्रीरूपाः ॥ ९९ ॥ तिस्रः कवचनेत्रास्त्ररूपाः रक्ता इष्टाभयान्विता वराभययुताः । स्वदिक्षु प्रसिद्धासु दिक्पालानिन्द्रादीन् । जातिहेत्यादि संयुतान् । जातयः सुरादयः हेतयो वज्रादयः । आदिशब्दाद्वाहनशक्ती ॥ १०० ॥

तुलसी तो विष्णुप्रिया है, अतः अमलतास का पुष्प तथा तुलसी ये दोनों कभी निर्माल्य नहीं होते ॥ ९५-९७ ॥

अब **आवरणार्चन का विधान** कहते हैं - इस प्रकार पुष्प पूजा करने के बाद षडङ्गपूजा से प्रारम्भ कर दिक्पाल तथा उनके आयुधों की पूजापर्यन्त आवरण पूजा करनी चाहिए । इसके बाद धूप, दीप आदि उपचारों से अपने इष्टदेव का पूजन करना चाहिए । आग्नेय, नैर्ऋत्य, वायव्य तथा ईशान कोणों में हृदय, शिर, शिखा एवं कवच का पूजन कर अग्रभाग में नेत्र तथा दिशाओं में अस्त्र पूजा करनी चाहिए । अङ्गपूजा करते समय ३ श्वेत वर्ण वाली तथा ३ रक्तवर्ण वाली इस प्रकार कुल ६ अङ्ग देवियों का ध्यान करना चाहिए । ये अङ्ग देवियाँ अत्यन्त मनोहर स्त्री वेष में सुशोभित है और हाथों में वर तथा अभय धारण किये हुये हैं । इसके बाद अपनी अपनी दिशाओं में जाति (वाहन) और आयुधों के साथ दिक्पालों का पूजन करना चाहिए । इनके पूजा मन्त्रों के प्रारम्भ में तार (ॐ) तथा अपने अपने बीजाक्षरों (लं रं मं क्षं वं यं सं हं ह्रीं आं) को लगाना चाहिए ॥ ९७-१०१ ॥

आवरणपूजाप्रकारप्रयोगकथनम्

तारादि निजबीजाद्यांस्तत्प्रयोगोऽधुनोच्यते।
तारं बीजमथेन्द्रायामुकाधिपतये ततः॥ १०१॥
सायुधाय सवाहान्ते नायसान्ते परीति च।
वारायान्ते सशक्तीतिकायामुकपदं ततः॥ १०२॥
पार्षदाय नमोन्तोऽयं दिक्पालानां मनुः स्मृतिः।
इन्द्रायेति पदस्थाने वह्न्यादिपदमुच्चरेत्॥ १०३॥
आद्यामुकपदस्थाने क्रमाज्जातीर्वदेत्सुधीः।
सुरतेजः प्रेतरक्षः सलिलप्राणतारकाः॥ १०४॥
भूताहिलोका विज्ञेया आशापालकजातयः।
पार्षदात् पूर्वममुकस्थाने स्यात्स्वेष्टदेवता॥ १०५॥
बीजानि पूर्वमुक्तानि वाहनान्यायुधान्यपि।
या तु तोयपयोर्मध्येऽनन्तं पूर्वेशयोऽस्तु कम्॥ १०६॥
प्रत्यावृत्ति क्षिपेद् देवे पुष्पं मन्त्रमिमं जपन्।
अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सल॥ १०७॥
भक्त्या समर्पये तुभ्यमिदमावरणार्चनम्।
आह्वानाद्युपचारेषु प्रत्येकं पुष्पपाथसी॥ १०८॥

प्रणवादिनि यानि निजबीजानीन्द्रादिबीजानि पूर्वमुक्तानि लं रं मं क्षं बं यं सं हं ह्रीं आं इत्यादीनि । प्रयोगमाह – तारमिति ॥ १०१ ॥ * ॥ १०२--१०३ ॥ **आद्येति** अधिपतय इत्येतस्मात्पूर्वस्यामुकपदस्य स्थाने सुरादिजातीर्वदेत् ॥ १०४ ॥ * ॥ १०५ ॥ बीजादीति दिक्पालाश्च पूर्वमुक्ताः । या तु तोय पयोर्निर्ऋतिवरुणयोः । कं ब्राह्मणम् । यथा - ॐ लं इन्द्राय सुराधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय ममामुकेष्टदेवता पार्षदाय नमः । ॐ रं अग्नये तेजोधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय ममामुकेष्टदेवता पार्षदाय नमः । ॐ मं यमाय प्रेताधिपतये० । ॐ क्षं नैर्ऋतये रक्षोधिपतये० । ॐ वं

उसकी **प्रयोग विधि** इस प्रकार है - तार (ॐ), फिर अपना बीजाक्षर, फिर इन्द्राय इत्यादि, फिर 'अमुकाधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय' के बाद 'अमुक पदाय', फिर 'अमुकपार्षदाय', इसके अन्त में नमः लगाने से दिक्पालों के पूजा मन्त्र बन जाते है । इन्द्राय के बाद अन्य दिक्पालों की पूजा करते समय उसके स्थान में आग्नेय आदि पद का ऊहापोह कर लेना चाहिए । अमुक पद के स्थान में उनकी जाति बोलनी चाहिए । सुरतेज, प्रेत,

दत्वा प्रक्षाल्य च करमुपचारान्तरं चरेत् ।

धूपदीपविधिविशेषकथनम्

धूपपात्रस्थिताङ्गारे क्षिप्त्वागुरुपुरादिकम् ॥ १०६ ॥
पात्रमस्त्रेण सम्प्रोक्ष्य हृदा पुष्पं समर्पयेत् ।
संस्पृशन्वामतर्जन्या मूलश्लोकं च संपठेत् ॥ ११० ॥

वरुणाय जलाधिपतये० । ॐ यं वायवे प्राणाधिपतये० । ॐ सं सोमाय नक्षत्राधिपतये० । ॐ हं ईशानाय भूताधिपतये० । ॐ ह्रीं अनन्ताय नागाधिपतये० । ॐ आं **ब्रह्मणे** लोकाधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय ममामुकेष्टदेवता पार्षदाय नमः - इति प्रयोगः ॥ १०६ ॥ * ॥ १०७ ॥ पुष्पपाथसी पुष्पोदके दत्वा । धूपमाह - **धूपपात्रेति** । पुरो गुग्गुलुः । आदिशब्दात् घृतकर्पूरशर्कराः । अग्नावगुर्वादिप्रक्षिप्य फडिति प्रोक्ष्य नम इति पुष्पं समर्प्य वामतर्जन्या संस्पृश्य मूलश्लोकान्ते साङ्गाय सपरिवाराय रामाय धूपं समर्पयामीति शंखोदकं क्षिपेत् । तर्जनीमूलयोरङ्गुष्ठयोगो - धूपमुद्रा । स्वमन्त्रतः घण्टामन्त्रतः ॥ १०८-११४ ॥

रक्ष, जल, प्राण, नक्षत्र, भूत, नाग और लोक ये १० दिक्पालों की जातियाँ है । पार्षदाय के पहले आये अमुक के स्थान पर अपने इष्टदेव का नाम उच्चारण करना चाहिए । इनके बीज, वाहन और आयुध पहले कह आये हैं । निर्ऋति और वरुण के बीच में अनन्त का तथा पूर्व और ईशान के मध्य में ब्रह्मा के पूजन से दश दिक्पाल संख्या पूर्ण हो जाती है ॥ १०१-१०८ ॥

विमर्श - दिक्पालों की पूजा के मन्त्र - ॐ लं इन्द्राय सुराधिपतये सायुधाय सवाहनाय सपरिवाराय सशक्तिकाय ममामुकेष्टदेवता पार्षदाय नमः । ॐ रं अग्नये तेजोधिपतये सायु० सवाह० सपरि० सशक्ति० ममामुकेष्टदेवता पार्षदाय नमः । ॐ मं यमाय प्रेताधिपतये ... नमः । ॐ क्षं निर्ऋतये रक्षोधपितये ... नमः । ॐ वं वरुणाय जलाधिपतये ... नमः । ॐ यं वायवे प्राणाधिपतये ... नमः । ॐ सं सोमाय नक्षत्राधिपतये ... नमः । ॐ हं ईशानाय भूताधिपतये ... नमः । ॐ ह्रीं अनन्ताय नागाधिपतये ... नमः । ॐ आं ब्रह्मणे लोकाधिपतये ... नमः ॥ ६७-१०८ ॥

प्रत्येक देवता के आवाहनादि प्रत्येक उपचार में जल तथा पुष्प चढ़ाना चाहिए । फिर हाथ धो कर अन्य उपचारों से पूजा करनी चाहिए ॥ १०८ ॥

धूपदान विधि - धूप पात्र में स्थित अङ्गार पर अगर तथा गुग्गुल रख कर 'फट्' मन्त्र से पात्र का प्रक्षालन कर 'नमः' मन्त्र से पुष्प समर्पित करना चाहिए । फिर बायें हाथ की तर्जनी से धूप पात्र का स्पर्श करते हुये मूल मन्त्र

वनस्पतिरसोपेतो गन्धाढ्यः सुमनोहरः ।
आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ॥ १११ ॥
साङ्गाय सपरीत्यन्ते वाराय ङेन्तदेवता ।
धूपं समर्पयामीति नमोन्तं मन्त्रमुच्चरन् ॥ ११२ ॥
शङ्खाम्बु प्रक्षिपेद् भूमौ धूपमुद्रां प्रदर्शयेत् ।
तर्जन्यङ्गुष्ठयोगेन घण्टामर्चेत् स्वमन्त्रतः ॥ ११३ ॥
जयध्वनि मन्त्रमातः स्वाहान्तः सदशाक्षरः ।
वादयन्वामहस्तेन कीर्तयन्देवतागुणान् ॥ ११४ ॥
धूपयेद् दक्षहस्तेन देवतानाभिदेशतः ।
जलं पुष्पाञ्जलिं दद्यादीपदानमपीदृशम् ॥ ११५ ॥
वाममध्यया स्पर्शो मूलश्लोकस्य कीर्तनम् ।
सुप्रकाशो महादीपः सर्वतस्तिमिरापहः ॥ ११६ ॥
सबाह्याभ्यन्तरं ज्योतिर्दीपोऽयं प्रतिगृह्यताम् ।
धूपस्थाने दीपपदं मध्यमाङ्गुष्ठयोगतः ॥ ११७ ॥

विशेषमाह – **धूपयेदिति** । ईदृशं दीपदानमपि । प्रोक्षणप्रयोगश्च तद्वत् ॥ ११५ ॥ **वामेति** ॥ ११६–११७ ॥

के साथ 'वनस्पतिरसोपेतो गन्धाढ्यः सुमनोहरः' । आघ्रेयः सर्वदेवानां धूपोऽयं प्रतिगृह्यताम्' - इस मन्त्र को पढ़कर 'साङ्गाय', 'सपरिवाराय' 'अमुक देवतायै धूपं **सर्मपयामि नमः'** - इस मन्त्र को बोलते हुये शङ्ख के जल को भूमि पर छोड़ना चाहिए तथा दाहिने हाथ की तर्जनी और अंगूठे को मिलाकर धूप मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए । फिर अपने मन्त्र से घण्टा का पूजन करना चाहिए । तदनन्तर धूप देना चाहिए ॥ १०६-११३ ॥

'जयध्वनिमन्त्रमातः स्वाहा' - इस दशाक्षर मन्त्र से घण्टा का पूजन करना चाहिए । फिर बायें हाथ से घण्टा बजाते हुये, इष्टदेव की स्तुति करते हुये दाहिने हाथ से देवता की नाभि के पास धूप देनी चाहिए । फिर शङ्ख का जल तथा पुष्पाञ्जलि देनी चाहिए । दीप दान में भी इसी प्रकार प्रोक्षणादि क्रिया करनी चाहिए ॥ ११४-११५ ॥

अब **दीपदान में विशेष** कहते हैं - बायें हाथ की मध्यमा अंगुलि से दीप स्पर्श करते हुये मूल मन्त्र के साथ 'सुप्रकाशो महादीपः ... प्रतिगृह्यताम्' पर्यन्त (द्र० २२. ११६-११७) मन्त्र पढ़कर, पूर्वोक्त धूप मन्त्र के धूप के स्थान पर 'दीप' पद लगाकर 'साङ्गाय सपरिवाराय 'अमुक देवतायै दीपं दर्शयामि नमः' से दीप प्रदर्शित

दीपमुद्रा दर्शनं च तद्दानं नेत्रदेशतः।
भूरिपक्षे तु वर्तीनां विषमावर्तिका मताः॥ ११८॥
घृतदीपो दक्षिणे स्यात् तैलदीपस्तु वामतः।
सितवर्तियुतो दक्षे वामाङ्गे रक्तवर्तिकः॥ ११९॥
अत्रान्यद्धूपवज्ज्ञेयं ततो नैवेद्यमर्पयेत्।

नैवेद्यसमर्पणविधिवर्णनम्

स्वर्णादिभाजने साज्यं पायसं शर्करादिकम्॥ १२०॥
परिवेष्य यथाशक्ति प्रोक्षेत् कैरस्त्रमन्त्रितैः।
चक्रमुद्रामथारच्य प्रोक्षेत्तन्मन्त्रितैर्जलैः॥ १२१॥
वायुबीजेनार्कवारं ततस्तज्जातमारुतैः।
नैवेद्यदोषं संशोष्य चिन्तयेद् दक्षिणे करे॥ १२२॥

मध्यमामूलयोरङ्गुष्ठयोगो – दीपमुद्रा । दीपदानं नेत्रप्रदेशे । वर्तीनां भूरिपक्षे बहुत्व पक्षेऽविषमास्त्याज्याः ॥ ११८ ॥ सितवर्तियुत तैलदीपो दक्षिणतः। रक्तवर्तियुतो घृतदीपो वामत इत्यर्थः ॥ ११९ ॥ अन्यज्जलप्रक्षेपादि ॥ १२० ॥ कैर्जलैः। चक्रमुद्रोक्ता। वायुबीजेन द्वादशवारं मन्त्रितैर्जलैस्तं नैवेद्यं प्रोक्षेत् ॥ १२१ ॥ वायुबीजोत्थमारुतैर्नैवेद्यदोषसंशोष्य दक्षिणकरे रं बीजं विचिन्त्य दक्षकरपृष्ठे वामकरं दत्वा नैवेद्यं प्रदर्श्याग्निबीजोत्थाग्निना दोषं दग्ध्वा वामकरे वं बीजं ध्यात्वा तत्पृष्ठे दक्षहस्तं दत्त्वा नैवेद्यं प्रदर्श्यामृतबीजोत्थामृतप्लुतं स्मृत्वा मूलेन

करना चाहिए । तदनन्तर मध्यमा और अंगूठे को मिलाकर दीप-मुद्रा दिखानी चाहिए । देवता के नेत्रों के पास तक दीप को उँचा उठाकर दीपक प्रदर्शित करने का विधान है । दीपक में अनेक बत्ती होने पर उनकी संख्या विषम होनी चाहिए । घृत का दीपक दाहिने भाग में तथा तेल का दीपक बायें भाग में स्थापित करना चाहिए । दक्षिण के दीप में सफेद बत्ती तथा बायें भाग के दीपक में रक्त वर्ण की बत्ती लगानी चाहिए । इसमें भी जल प्रक्षेपादि सारी क्रिया धूप की ही तरह करनी चाहिए । इसके बाद नैवेद्य समर्पित करना चाहिए ॥ ११६-१२० ॥

नैवेद्य समर्पण विधि - सुवर्ण आदि पात्र में यथाशक्ति घी के साथ पायस और शर्करादि पदार्थ परोस कर 'फट्' मन्त्र से जल द्वारा प्रोक्षण करना चाहिए ॥ १२०-१२१ ॥

फिर चक्रमुद्रा बना कर मूलमन्त्र से अभिमन्त्रित विशेषार्घ्य के जल से अभिमन्त्रित कर वायुबीज (यं) से द्वादश बार जल से पुनः उस नैवेद्य का प्रोक्षण करना चाहिए । इस प्रकार नैवेद्य के दोषों का शोषण कर दहिने हाथ के

अग्निबीजं तस्य पृष्ठे वामं करतलं न्यसेत्।
तं दर्शयित्वा नैवेद्येतदुत्थेनाग्निनाखिलम्॥ १२३॥
नैवेद्यदोषं सन्दह्या ध्यायेद्वामकरेऽमृतम्।
तत्पृष्ठे दक्षिणं हस्तं कृत्वा तत्र प्रदर्शयेत्॥ १२४॥
आप्लावितं स्मरेद् भोज्यं बीजोत्थामृतधारया।
प्रोक्ष्य मूलेन तत्स्पृष्ट्वाऽष्टशो मूलमनुं जपन्॥ १२५॥
दर्शयित्वा धेनुमुद्रां गन्धपुष्पैस्तदर्चयेत्।
देवे पुष्पाञ्जलिं दत्त्वा तेजो देवमुखोत्थितम्॥ १२६॥
विचिन्त्य वामाङ्गुष्ठेन स्पृशेन्नैवेद्यभाजनम्।
दक्षहस्ते जलं धृत्वा मूलश्लोकं शिरः पठेत्॥ १२७॥
सत्पात्रसिद्धं सुहविर्विविधानेकभक्षणम्।
निवेदयामि देवेश सानुगाय गृहाण तत्॥ १२८॥
साङ्गायेत्यादिकं प्रोच्य जलमुत्सृज्य भूतले।
नैवेद्यमुद्रामङ्गुष्ठनामिकाभ्यां प्रदर्शयेत्॥ १२९॥

प्रोक्ष्य तत्स्पृष्ट्वाऽष्टवारं मूलं प्रजप्य धेनुमुद्रां प्रदर्श्य संपूज्य देवे पुष्पं दत्त्वा देवस्योद्गतं तेजः स्मृत्वा वामाङ्गुष्ठस्पृष्टं नैवेद्यं सजलदक्षहस्तेन मूलश्लोक–सहित स्वाहान्ते साङ्गायेति पठन्नैवेद्यमुद्रां प्रदर्शयत्। अनामामूलयोरङ्गुष्ठयोगो नैवेद्यमुद्रा ॥ १२२–१२९॥ सपुष्पकराभ्यां पात्रमुद्धरन्निवेदयामीति पठेत् ॥ १३० ॥

तलवे पर अग्निबीज (रं) का ध्यान करना चाहिए ॥ १२१-१२२ ॥

फिर उस करतल पर अपना बायाँ हाथ रखना चाहिए । इस मुद्रा को दिखा कर उससे उत्पन्न अग्नि द्वारा नैवेद्य के सारे दोषों को जलाकर, फिर बायीं हथेली में अमृत बीज (वं) का ध्यान करना चाहिए, तथा उस हथेली के पीछे हाथ रखकर, नैवेद्य दिखाकर, उस अमृत बीज से उत्पन्न अमृतधारा से नैवेद्य को आप्लावित करना चहिये ॥ १२३-१२५ ॥

फिर ८ बार मूल मन्त्र का जप करते हुये, नैवेद्य का स्पर्श कर, धेनुमुद्रा प्रदर्शित कर, गन्ध और पुष्प चढ़ाना चाहिए । इस प्रकार इष्टदेव को पुष्पाञ्जलि समर्पित कर, उनके मुख से निकले हुये तेज का ध्यान कर, बायें अंगूठे से नैवेद्य पात्र का स्पर्श करना चाहिए । अब दाहिने हाथ में जल लेकर, मूल मन्त्र के साथ '**सत्पात्र सिद्धं ... गृहाण तत्**' पर्यन्त (द्र० २२. १२८) श्लोक पढ़कर 'साङ्गाय सपरिवाराय अमुकदेवतायै नैवेद्यं निवेदयामि नमः' - कहकर, भूमि पर जल छोड़कर, अंगूठा और अनामिका मिलाकर नैवेद्य मुद्रा प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ १२५-१२९ ॥

सपुष्पाभ्यां कराभ्यां त्रिः प्रोद्धरन्भक्ष्यभाजनम् ।
निवेदयामि भवते जुषाणेदं हविर्हरे ॥ १३० ॥
षोडशार्णानिमान् प्रोच्य ग्रासमुद्रां प्रदर्शयेत् ।
वामहस्तेन पद्माभां प्राणाद्या दक्षिणेन तु ॥ १३१ ॥
कनिष्ठानामिकाङ्गुष्ठैर्मुद्रा प्राणस्य कीर्तिता ।
तर्जनी मध्यमाङ्गुष्ठैरपानस्य तु सा स्मृता ॥ १३२ ॥
अनामा मध्यमाङ्गुष्ठैरुदानस्य च मुद्रिका ।
तर्जन्यनामामध्याभिः साङ्गुष्ठाभिश्चतुर्थिका ॥ १३३ ॥
सर्वाभिः ससमानस्य प्राणाद्यान् ङेद्विठान्वितान् ।
तारपूर्वाञ्जपन्मुद्राः प्राणादीनां प्रदर्शयेत् ॥ १३४ ॥
ततो जवनिकां कृत्वा ब्रह्मेशाद्यैरिदं पठेत् ।
पद्यं शालेर्भक्तमिति मूलमन्त्रं च सप्तधा ॥ १३५ ॥

पद्माभो वामहस्तो – ग्रासमुद्रा ॥ १३१ ॥ प्राणादिमुद्रा आह – **कनिष्ठेति** ॥ १३२ ॥ चतुर्थिका व्यानमुद्रा ॥ १३३ ॥ सर्वांगुलीभिः समानमुद्रा । द्वि ठं स्वाहा । ॐ प्राणाय स्वाहेत्यादि० ॥ १३४ ॥ जवनिका तिरस्करिणी तां धृत्वा 'शालेर्भक्तं' 'ब्रह्मेशाद्यैरिति' पद्यद्वयं पठेत् ॥ यथा –

'ब्रह्मेशाद्यैः परित ऊरुभिः सूपविष्टैः समेतै–
लक्ष्म्याशिञ्जद्वलयकरया सादरं वीज्यमानः ।
लीलानर्मप्रहसनमुखैर्व्याप्नुवन्पंक्ति मध्यं
भुङ्क्ते पात्रेकनकघटिते षड्रसं श्रीरमेशः' ॥ १ ॥
'शालेर्भक्तं सुपक्वं शिशिररसितं पायसापूपसूपं

फिर हाथ में फूल ले कर नैवेद्य को ३ बार ऊपर उठाते हुये 'निवेदयामि भवते जुषाणेदं हविर्हरे' इस षोडशाक्षर मन्त्र का उच्चारण करते हुये बायें हाथ से कमल जैसी ग्रास मुद्रा और दाहिने हाथ से प्राण आदि मुद्रायें प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ १३०-१३१ ॥

अब **प्राणादि मुद्राओं** को कहते हैं - कनिष्ठिका, अनामिका एवं अंगूठे को मिलाने से **प्राणमुद्रा**, तर्जनी मध्यमा एवं अंगूठा मिलाने से **अपान मुद्रा**, अनामिका, मध्यमा और अंगूठे को मिलाने से **उदान मुद्रा**, तर्जनी, अनामिका मध्यमा, और अंगूठा को मिलाने से **समान मुद्रा** बनती है, चतुर्थ्यन्त प्राण आदि (प्राणय, अपानाय, उदानाय, व्यानाय तथा समानाय) के अन्त में स्वाहा तथा प्रारम्भ में प्रणव लगाने से बने मन्त्रों का जप करते हुये प्राणादि मुद्रायें प्रदर्शित करनी चाहिए ॥ १३२-१३४ ॥

प्रतिसीरामपाकृत्य दद्याच्छ्लोकं पठञ्जलम्।
समस्तदेव देवेश सर्वतृप्तिकरं परम्॥ १३६॥
अखण्डानन्द सम्पूर्ण गृहाण जलमुत्तमम्।
स्थण्डिलेग्निमुपाधाय वैश्वदेवक्रियां चरेत्॥ १३७॥
मूलेन वीक्ष्य चास्त्रेण कृत्वा प्रोक्षणताडने।
कुशैस्तद्वर्मणाभ्युक्ष्य पूर्ववत्स्थापयेच्छुचिम्॥ १३८॥
तन्मन्त्रेण तमभ्यर्च्याहूय तत्रेष्टदेवताम्।
पूजयेद् गन्धपुष्पैस्तां महाव्याहृतिभिस्ततः॥ १३९॥
हुत्वा व्यस्त समस्ताभिराहुतीनां चतुष्टयम्।
अन्नैर्मूलेन जुहुयात्पञ्चविंशति संख्यया॥ १४०॥

लेह्यं पेयं च चोष्यं सितममृतफलं पूरिकाद्यं सुखाद्यम् ।
आज्यं प्राज्यं सभोज्यं नयनरुचिकरं राजिकैलामरीच –
स्वादीयः शाकराजी परिकरममृताहार जोषञ्जुषस्व' ॥ २ ॥
इति पद्यद्वयम् ॥ रमेशपदे स्थाने देवताभेदेऽन्य देवतानामूहः कार्यः । लक्ष्म्येति पदस्थानेऽपि गौर्या पार्वत्येत्यादि पद सन्निवेश ऊह्यः ॥ १३५ ॥ प्रतिसीराञ्जवनिकाम् ॥ १३६–१३७ ॥ शुचिं वह्निं पूर्ववत् प्रथमतरङ्गोक्त–विधिना ॥ १३८ ॥ तन्मन्त्रेण वैश्वानरमन्त्रेण पूर्वोक्तेन ॥ १३९–१४२ ॥

फिर पर्दा खींचकर 'ब्रह्मेशाद्यैः परित ऊरुभिः सूपविष्टैः समेतैर्लक्ष्म्याशिञ्जद्वलयकरया सादरं वीज्यमानः लीलानर्मप्रहसनमुखैर्व्याप्नुवन्पंक्ति मध्यं भुङ्क्ते पात्रेकनकघटिते षड्रसं श्रीरमेशः । शालेर्भक्तं सुपक्वं शिशिररसितं पायसापूपसूपं लेह्यं पेयं च चोष्यं सितममृतफलं पूरिकाद्यं सुखाद्यम् आज्यं प्राज्यं सभोज्यं नयनरुचिकरं राजिकैलामरीच स्वादीयः शाकराजी परिकरममृताहार जोषञ्जुषस्व' । इसके बाद पर्दा ऊपर हटा कर '**समस्त देव देवेश सर्वतृप्तिकरं परम् । अखण्डानन्द संपूर्ण गृहाण जलमुत्तमम्**' - इस श्लोक से आचमनीय के लिए जल देना चाहिए ॥ १३५-१३७ ॥

स्थण्डिल (वेदी) पर अग्निस्थापन कर वैश्वदेव क्रिया करनी चाहिए । मूल मन्त्र से अग्नि को देखकर अस्त्र (फट्) मन्त्र से प्रेक्षण एवं कुशाओं से ताड़न करना चाहिए (द्र० १. १११-११२) 'हुम्' मन्त्र से सेचन कर पूर्ववत् वहाँ अग्नि की स्थापना करनी चाहिए (द्र० १. ११३. १२२-१२४) ॥ १३७-१३८ ॥

उस 'वैश्वानर' मन्त्र से उनका पूजन करना चाहिए (द्र० १. १२६) फिर इष्टदेव का आवाहन कर गन्ध एवं पुष्पों से उनका भी पूजन करना चाहिए । फिर महाव्याहृति से होम कर व्यस्त (अलग-अलग) और समस्त (एक साथ) व्याहृतियों से ४ आहुतियाँ देनी चाहिए । इसके बाद मूल मन्त्र से अन्न की २५

पुनर्व्याहृतिभिर्हुत्वा मूर्तौ देवं नियोजयेत् ।
वह्निं विसृज्य देवाय दद्यादाचमनोदकम् ॥ १४१ ॥
४. नाम के आदि, मध्य और अन्त में मन्त्र का उच्चारण करना '**रोधन विन्यास**' कहा जाता है ॥ २१-२२ ॥

५. नाम के अन्त में मन्त्र बोलना '**योग विन्यास**' होता है ।

६. मन्त्र के अन्त में नामोच्चारण को '**पल्लवविन्यास**' कहते हैं ॥ २३॥

(viii) अब मन्त्र के आठवें प्रकार, **मण्डल का लक्षण** कहते हैं -

दोनों ओर दो दो कमलों से युक्त अर्द्धचन्द्राकार चिन्ह को **जल का मण्डल** कहा गया है, यह **शान्तिकर्म** में प्रशस्त कहा गया है । त्रिकोण के भीतर स्वस्तिक का चिन्ह रखना **अग्नि का मण्डल** माना गया है, **वश्यकर्म** में इसका उपयोग प्रशस्त कहा गया है । वज्र चिन्ह से युक्त चौकोर **भूमि का मण्डल** कहा गया है जो **स्तम्भन** कार्य के लिए प्रशस्त कहा गया है ॥ २३-२५ ॥

वृत्तं दिवस्तद्विद्वेषे बिन्दुषट्काङ्कितं तु तत् ॥ २५ ॥
वायुमण्डलमुच्चाटे मारणे वह्निमण्डलम् ।

पद्मादिषण्मुद्राकथनम

सरोरुहं पाशगदे मुसलं कुलिशं त्वसिः ॥ २६ ॥
षण्मुद्राः कर्मषट्के स्युरथहोमे निगद्यते ।

गदामुद्रेयमुदितादर्शिताविघ्नहारिणी ॥ इति ।
मुसलमुद्रोक्ता । कुलिशं वज्रमुद्रा । सा यथा –
'कनिष्ठाङ्गुष्ठयुङ्मुद्रा त्रिकोणात्वशनेर्मता' ॥ इति ।
अशनेर्वज्रस्य कनिष्ठांगुष्ठयोगादन्यासां प्रसारणात् त्रिकोणेत्यर्थः ॥
असिः **खड्गमुद्रा** । सा यथा –
ऊर्ध्वस्य वामहस्तस्य तर्जन्याद्यंगुलित्रयम् ॥
प्रसार्य योजयेदन्ये मिथोऽङ्गुष्ठकनिष्ठिके ।
खड्गमुद्रेयमुदिता स शत्रुनिकृन्तनी । इति ॥ २५–२६ ॥
होममुद्रा आह – **मृगीति** ॥ २७ ॥

आकाश मण्डल वृत्ताकार होता है । यह **विद्वेषण** कार्य में प्रशस्त है, छह बिन्दुओं से अंकित वृत्त वायु मण्डल कहा गया है, जो **उच्चाटन** क्रिया में प्रशस्त है । **मारण** में पूर्वोक्त वह्निमण्डल का उपयोग करना चाहिए ॥ २५-२६ ॥

(ix) अब मण्डल का लक्षण कह कर **मुद्रा के विषय में** कहते हैं -

शान्ति आदि षट्कर्मों में पद्म, पाश, गदा, मुशल, वज्र एवं खड्ग मुद्राओं का प्रदर्शन करना चाहिए । अब आगे होम की मुद्रायें कहेगें ॥ २६-२७ ॥

विमर्श - (१) पद्ममुद्रा - दोनों हाथों को सम्मुख करके हथेलियां ऊपर करे, अंगुलियों को बन्द कर मुट्ठी बॉधे । अब दोनों ॲगूठों को अंगुलियों के ऊपर से परस्पर स्पर्श कराये । यह पद्म मुद्रा है ।

(२) पाशमुद्रा - दोनों हाथ की मुट्ठियां बांधकर बाईं तर्जनी को दाहिनी तर्जनी से बांधे । फिर दोनों तर्जनियों को अपने-अपने अंगूठों से दबाये । इसके बाद दाहिनी तर्जनी के अग्रभाग को कुछ अलग करने से पाश मुद्रा निष्पन्न होती है।

(३) गदामुद्रा - दोनों हाथों की हथेलियों को मिला कर, फिर दोनों हाथ की अंगुलियां परस्पर एक दूसरे से ग्रथित करे । इसी स्थिति में मध्यमा उॅगलियों को मिलाकर सामने की ओर फैला दे । तब यह विष्णु को सन्तुष्ट करने वाली 'गदा मुद्रा' होती है ।

मृग्यादिहोममुद्राकथनम्

मृगी हंसी सूकरीति होमे मुद्रात्रयं मतम् ॥ २७ ॥
मध्यमानामिकाङ्गुष्ठयोगे मुद्रा मृगी मता ।
हंसीकनिष्ठाहीनानां सर्वासां योजने मता ॥ २८ ॥
सूकरीकरसङ्कोचे मुद्रा लक्षणमीरितम् ।
शान्तो वश्ये मृगी हंसी स्तम्भनादिषु सूकरी ॥ २६ ॥

कर्मानुरूपवर्णानां कथनम्

चन्द्रतोयधराकाशपवनानलवर्णकाः ।
षट्सु कर्मसु यन्त्रस्य बीजान्युक्तानि मन्त्रिभिः ॥ ३० ॥
स्वराः सठौ चन्द्रवर्णा भूतवर्णा उदीरिताः ।
चन्द्रार्णहीनास्ते ग्राह्या वशीकृत्यादिकर्मणि ॥ ३१ ॥

तासां लक्षणमाह – **मध्यमेति** ॥ २८–२६ ॥ वर्णानाह – **चन्द्रेति** । शान्तौ चन्द्रवर्णा यन्त्रे बीजत्वेन लेख्याः । वशीकरणादौ जलादिवर्णः ॥ ३० ॥ चन्द्रवर्णानाह – **स्वरा** इति । षोडशस्वराः सठावेतेऽष्टादशचन्द्रवर्णाः सन्ति । तथापि वश्यादौ

---

(४) **मुशलमुद्रा** - दोनों हाथों की मुट्ठी बांधे फिर दाहिनी मुट्ठी को बायें पर रखने से मुशल मुद्रा बनती है ।

(५) **वज्रमुद्रा** - कनिष्ठा और अंगूठे को मिलाकर त्रिकोण बनाने को अशनि (वज्रमुद्रा) कहते हैं अर्थात् कनिष्ठा और अंगूठे को मिलाकर प्रसारित कर त्रिक् बनाना वज्रमुद्रा है ।

(६) **खड्गमुद्रा** - कनिष्ठिका और अनामिका उंगलियों को एक दूसरे के साथ बांधकर अंगूठों को उनसे मिलाए । शेष उंगलियों को एक साथ मिला कर फैला देने से खड्गमुद्रा निष्पन्न होती है ॥ २६-२७ ॥

मृगी, हंसी एवं सूकरी ये तीन होम की मुद्रायें हैं । मध्यमा अनामिका और अंगूठे के योग से **मृगी मुद्रा**, कनिष्ठा को छोड़ कर शेष सभी अङ्गुलियों का योग करने से **हंसी मुद्रा** और हाथ को संकुचित कर लेने से **सूकरी मुद्रा** बनती है । इस प्रकार इन तीन मुद्राओं का लक्षण कहा गया है । शान्ति कार्य में मृगी वश्य में हंसी तथा शेष स्तम्भनादि कार्यों में सूकरी मुद्रा का प्रयोग किया जाता है ॥ २७-२६ ॥

(X) **अक्षर** - शान्ति आदि षट्कर्मों में यन्त्र पर चन्द्र, जल, धरा, आकाश, पवन, और अनल वर्णो के बीजाक्षरों का क्रमशः लेखन करना चाहिए - ऐसा मन्त्र शास्त्र के विद्वानों ने कहा है ॥ ३० ॥

केचित् सवलहान्यं रमाहुश्चन्द्रादिवर्णकान्।

जातिरूपवर्णकथनम्

शान्त्यादिकर्मसु ज्ञेया जातयः षडभूः क्रमात्॥ ३२॥
नमः स्वाहा वषड् वौषट् हुं फट् षण्मन्त्रवित्तमैः।

भूतोदयकथनम्

नासापुटद्वयाधस्ताद्यदाप्राणगतिर्भवेत् ॥ ३३॥
तोयोदयस्तथा ज्ञेयः शान्तिकर्मणि सिद्धिदः।
नासादण्डाश्रितगतौ प्राणे स्तम्भे धरोदयः॥ ३४॥
पुटमध्यगतौ तस्मिन्द्वेषे व्योमोदयः शुभः।
पुटोपरिष्टादगमने प्राणे स्यात्पावकोदयः॥ ३५॥

पञ्चभूतवर्णास्तु प्राक्तरंगे स्वकुलान्यकुलभेद उक्ताः । तत्र यद्यपि चन्द्रवर्णा अपि सन्ति । तथापि वश्यादौ तोयादिवर्णलेखने चन्द्रवर्णरहितानामेव जलादिवर्णाना लेखनम्॥ ३१॥ केषांचिन्मते सवलीहयराः क्रमाच्चन्द्राम्बुभूनभोनिलानलवर्णाः॥ ३२॥ जातिरूपान् वर्णानाह – नम इति । भूतोदयमाह – **नासेति** । नासाविवरयोरधस्तात् प्राणगतो जलोदयः । नासामध्यदण्डाश्रयेण गमने धरोदयः। सस्तम्भने ज्ञेयः ॥ ३३–३४ ॥ नासाविवरमध्ये प्राणगतौ व्योमोदयः । उपरि– प्राणगतौ वन्ह्युदयः ॥ ३५॥ तिर्यक्प्राणगतौ वायूदयः ॥ ३६॥

सोलह स्वर, स एवं ठ ये अठारह चन्द्र वर्ण के बीजाक्षर हैं, चन्द्रवर्ण से हीन पञ्चभूतों के अक्षर जलादि तत्वों के बीजाक्षर वश्यादि कर्मों के लिए उपयुक्त है । कुछ आचार्यो ने स व ल ह य एवं र को क्रमशः चन्द्र जल, भूमि, आकाश और वायु एवं वह्नि का बीजाक्षर कहा है ॥ ३१ ॥

शान्ति आदि षट्कर्मों में मन्त्रशास्त्रज्ञों ने क्रमशः नमः, स्वाहा, वषट्, वौषट्, हुम् एवं फट् इन छः को जातित्वेन स्वीकार किया है ॥ ३२ ॥

(xi) अब मन्त्र के ग्यारहवें प्रकार, **भूतों का उदय** कहते हैं - जब दोनों नासापुटों के नीचे तक श्वास चलता हो तब **जलतत्व** का उदय समझना चाहिए, जो शान्ति कर्म में सिद्धिदायक होता है । नाक के मध्य में सीधे दण्ड की तरह श्वास गति होने पर **पृथ्वीतत्व** का उदय समझना चाहिए, यह स्तम्भन कार्म में सिद्धिदायक होता है । नासा छिद्रों के मध्य में श्वास की गति होने पर **आकाशतत्व** का उदय समझना चाहिए, जो विद्वेषण में सिद्धिदायक है । नासापुटों के ऊपर श्वास की गति होने पर **अग्नितत्व** का उदय समझना चाहिए ॥ ३३-३५ ॥

तदा कर्मद्वये सिद्धिर्मारणे च वशीकृतौ।
प्राणेतिर्यग्गतौ ज्ञेय उच्चाटे मारुतोदयः॥ ३६॥

समित्कथनम्

दूर्वायाः समिधः शान्तौ गोघृतेन समन्विताः।
दाडिमप्रसुवो होमे वश्येजाघृतसंयुताः॥ ३७॥
मेषीघृताक्ताः समिधः स्तम्भे राजतरूद्भवाः।
धत्तूरसमिधो द्वेषे अतसीतैलसंयुतः॥ ३८॥
चूतजाः कटुतैलाक्ता उच्चाटनविधौ मताः।
कटुतैलयुताः शस्ता मारणे खदिरोद्भवाः॥ ३६॥

मालाकथनम्

शंखजा पद्मबीजोत्था निम्बारिष्टफलोद्भवा।
प्रेतदन्तभवा वाहरदोत्था खरदन्तजा॥ ४०॥

समिध आह – **दूर्वाया** इति । दाडिमेति । वश्यार्थहोमे अजाघृताक्ता दाडिमसमिधः॥ ३७॥ स्तम्भने मेषीघृताक्ता राजवृक्षसमिधः॥ ३८॥ उच्चाटे सर्षपतैलाक्ता आम्रसमिधः॥ ३६॥ मालामाह – **शंखजेति** । स्तम्भने निम्बफलजा। अरिष्टः फेनिलस्तत्फलजा वा माला विधेया । उच्चाटने वा हरदोत्था अश्वदन्तजा॥ ४०॥

ऐसे समय में मारण एवं वशीकरण दोनों कार्यो में सफलता मिलती है । श्वास की गति तिर्यक् (तिरछी) होने पर **वायुतत्व** का उदय समझना चाहिए जो उच्चाटन क्रिया में शुभावह होता है ॥ ३६ ॥

(xii) अब मन्त्र के बारहवें प्रकार, **विभिन्न समिधाओं को** कहते हैं - शान्ति कार्य में गोघृत मिश्रित दूर्वा से, वश्य में बकरी के घी से मिश्रित अनार की समिधा से, स्तम्भन में भेंड़ी का घी मिला कर अमलतास वृक्ष की समिधा से, विद्वेषण में अतसी के तेल से मिश्रित धतूरे की समिधा से, उच्चाटन में सरसों के तेल से मिश्रित आम की वृक्ष की समिधा से तथा मारण में कटुतैल मिश्रित खैर की लकड़ी की समिधा से होम करना चाहिए ॥ ३७-३६ ॥

(xiii) अब तेरहवें प्रकार में **माला की विधि** कहते हैं - शान्ति आदि षट्कर्मों में शंख की शान्ति में, कवलगट्टा की वश्य में, नीबूं की स्तम्भन में, नीम की विद्वेषण में, घोड़े के दाँत उच्चाटन में तथा गदहे के दाँत की जप माला मारण कर्म में उपयोग करना चाहिए ॥ ४० ॥

जपमालाः क्रमाज्ज्ञेयाः शान्तिमुख्येषु कर्मसु ।

मालागणनाप्रकारः

मध्यमायां स्थितां मालां ज्येष्ठेनावर्तयेत्सुधीः ॥ ४१ ॥
शान्तौ वश्ये तथा पुष्टौ भोगमोक्षार्थके जपे ।
अनामांगुष्ठयोगेन स्तम्भनादौ जपेत्सुधीः ॥ ४२ ॥
तर्ज्जन्यङ्गुष्ठयोगेन द्वेषोच्चाटनयोः पुनः ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठसंयोगान्मारणे प्रजपेत्सुधीः ॥ ४३ ॥

मणिसंख्याकथनम्

अष्टोत्तरशतं संख्यातदर्द्धं च तदर्द्धकम् ।
मणीनां शुभकार्ये स्यात्तिथिसंख्याभिचारके ॥ ४४ ॥

शान्त्यादिकर्मणि अग्निकथनम्

शान्तिर्वश्यं लौकिकाग्नौ स्तम्भनं वटजेऽनले ।
द्वेषः कलितरूत्पन्ने शेषे पितृवनस्थिते ॥ ४५ ॥

मालायां गणनाप्रकारमाह – **मध्यमायामिति** । ज्येष्ठेनाङ्गुष्ठेनावर्तयेत् भ्रामयेत् ॥ ४१–४३ ॥ मालामणिसंख्यामाह – **अष्टोत्तरशतमिति** । तदर्धं चतुष्पञ्चाशत् । तदर्धकं सप्तविंशतिः । एषा त्रिविधा माला शुभे कार्या । अभिचारे स्तम्भनादौ पञ्चदशमणियुक्ता माला ॥ ४४ ॥ अग्निमाह – **शान्तिरिति** । वटजे वटकाष्ठान् मथनोत्पादिते । कलितरूद्भवे बिभीतकजाते । शेषे उच्चाटन–मारणकर्मणि श्मशानवह्नौ होमः ॥ ४५ ॥

शान्ति, वश्य, पूष्टि, भोग एवं मोक्ष के कर्मों में मध्यमा में स्थित माला को अंगूठे से घुमाना चाहिए । स्तम्भनादि कार्यों के लिए बुद्धिमान साधक को अनामिका एवं अंगूठे से जप करना चाहिए । विद्वेषण एवं उच्चाटन में तर्जनी एवं अंगूठे से जप करना चाहिए तथा मारण में कनिष्ठिका एवं अंगूठे से जप करने का विधान है ॥ ४१-४३ ॥

अब प्रसङ्ग प्राप्त **माला की मणियों की गणना** कहते हैं - शुभकार्य के लिए माला में मणियों की संख्या १०८, ५४ या २७ कही गई है, किन्तु अभिचार (मारण) कर्म में मणियों की संख्या १५ कही गई है ॥ ४४ ॥

(xiv) अब **चौदहवें प्रकार वाले अग्नि के विषय में** कहते हैं -

शान्ति और वशीकरण कर्म में लौकिक अग्नि में, स्तम्भन में बरगद के काठ की बनी अग्नि में, विद्वेषण में बहेड़े की लकड़ी की अग्नि में तथा

प्रसंगात् काष्ठकथनम्

शुभे कर्मणि बिल्वार्कपलाशक्षीरवृक्षजैः ।
अशुभे विषवृक्षाक्षैर्निम्बधत्तूरशेलुजैः ॥ ४६ ॥
काष्ठैः प्रदीपयेदग्निं होमकर्मणि मन्त्रवित् ।

अग्निजिह्वापूजनम्

वह्नेर्जिह्वां सुप्रभाख्यां शान्तिकर्मणि पूजयेत् ॥ ४७ ॥
वश्य कार्ये हि रक्ताख्यां स्तम्भने कनकाभिधाम् ।
विद्वेषे गगनां जिह्वामुच्चाटेप्यतिरक्तिकाम् ॥ ४८ ॥
कृष्णां तु मारणे चार्चेद् बहुरूपां तु सर्वतः ।

विप्रभोजनसंख्याकथनम्

भोज्ये संख्याविशेषोऽपि ज्ञेयः शान्त्यादिकर्मसु ॥ ४६ ॥
शान्तौ वश्ये भोजयेत होमाद्विप्रान् दशांशतः ।
उत्तमं तद्भवेत्कर्म तत्त्वांशेन तु मध्यमम् ॥ ५० ॥

वह्निप्रसंगात् काष्ठान्यप्याह – **शुभ इति** । शुभे शान्तिपुष्ट्यादौ कर्मणि बिल्वादिकाष्ठैरग्निं प्रज्वालयेत् । अशुभे स्तम्भनादौ विषवृक्षादिकाष्ठैः । विषवृक्षः कुचिला इतिप्रसिद्धः । अक्षो बिभितकः । शेलुः श्लेष्मातकः ॥ ४६ ॥ अग्निप्रसंगादेव कर्मविशेषे वह्निजिह्वापूजामाह – **वह्नेरिति** ॥ ४७ ॥ कनकाभिधा हिरण्या ॥ ४८ ॥ होमप्रसंगात् विप्रभोजनसंख्यामाह – **भोज्ये इति** ॥ ४६ ॥ शान्तिवश्ययोर्होमाद्दशांशेन द्विजानां भोजनमुत्तमम् । होमात् पञ्चविशांशेन तन्मध्यमम् ॥ ५० ॥

उच्चाटन एवं मारण के प्रयोगों में श्मशानाग्नि में होम का विधान है ॥ ४५ ॥

अग्नि प्रज्वलित करने के लिए समिधाओं के विषय में कहते हैं - शुभ कार्यों में वेल, आक, पलाश एवं दुधारु वृक्षों की समिधाओं से तथा अशुभ कर्मों में विषकृत कुचिला, बहेड़ा, नीबू, धतूरा एवं लिसोड़े की समिधाओं से मान्त्रिक को अग्नि प्रज्वलित करनी चाहिए ॥ ४६ ॥

अब **अग्नि जिस्वाओं का तत्तत्कर्मों में पूजन का विधान** कहते हैं - शान्ति कर्म में अग्नि की सुप्रभा संज्ञक जिस्वा का, वश्य में रक्तानामक जिस्वा का, स्तम्भन में हिरण्या नामक जिस्वा का, विद्वेषण में गगना नामक जिस्वा का, उच्चाटन में अतिरक्तिका जिस्वा का तथा मारण में कृष्णा नामक अग्नि जिस्वा और सभी जगह बहुरूपा नामक अग्निजिस्वा का पूजन करना चाहिए ॥ ४७-४६ ॥

शान्त्यादि कर्मों में ब्राह्मण भोजन के विषय में कुछ विशेषतायें हैं । शान्ति एवं

होमाच्छतांशतो विप्रभोजनं त्वधमं तु तत् ।
शान्तेर्द्विगुणितं विप्रभोजनं स्तम्भने मतम् ॥ ५१ ॥
त्रिगुणं द्वेषणोच्चाटे मारणे होमसम्मितम् ।

विप्रलक्षणम्

अतिशुद्धकुलोत्पन्नाः साङ्गवेदविदोऽमलाः ॥ ५२ ॥
सदाचाररता विप्रा भोज्या भोज्यैर्मनोहरैः ।
पूज्यास्ते देवताबुद्ध्या नमस्कार्याः पुनः पुनः ॥ ५३ ॥
सन्तोष्या मधुरैर्वाक्यैर्हिरण्यादिप्रदानतः ।
अचिराल्लभतेऽभीष्टं गृहीतायां तदाशिषि ॥ ५४ ॥
एनोभिचारकर्मोत्थं नश्यतिद्विजवाक्यतः ।

लेखनद्रव्यकथनम्

चन्दनं रोचनारात्रिर्गृहधूमश्चिताभवः ॥ ५५ ॥

शतांशेनाधमम् ॥ ५१ ॥ विप्रस्वरूपमाह — **अतिशुद्धेति** ॥ ५२ ॥ उक्तब्राह्मणभोजने अभिचारोत्थमेनः पापं नश्यति । तस्मादुत्तमा द्विजा भोज्याः ॥ ५३–५४ ॥ लेखनद्रव्यमाह—**चन्दनमिति** । रात्रिर्हरिद्रा सा स्तम्भने लेखनद्रव्यम् । अष्टविषाणि मारणे । पूर्वोक्तं (२०) यन्त्रतरंगोक्तं लेखनद्रव्यम् ।

वश्य में होम के दशांश संख्या में ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए, यह उत्तम पक्ष माना गया है ॥ ४९-५० ॥

होम की संख्या के पच्चीसवें अंश की संख्या में ब्राह्मण भोजन मध्यम तथा शतांश संख्या में ब्राह्मण भोजन अधम पक्ष कहा गया है । स्तम्भन कार्य में शान्ति की संख्या से दूने ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए । इसी प्रकार विद्वेषण एवं उच्चाटन में शान्ति संख्या से तीन गुने ब्राह्मणों को तथा मारण में संख्या के तुल्य ब्राह्मण भोजन कराना चाहिए ॥ ५०-५१ ॥

अब **भोजनार्ह ब्राह्मणों का स्वरूप** कहते हैं -

अत्यन्त विशुद्ध कुलों में उत्पन्न साङ्गवेद के विद्वान पवित्र निर्मल अन्तःकरण वाले सदाचार परायण ब्राह्मणों को विविध प्रकार के मनोहर भोज्य पदार्थों से भोजन कराना चाहिए । उनमें देवबुद्धि रखकर पूजन करना चाहिए तथा बारम्बार उन्हे प्रणाम करना चाहिए । मधुर वाणी से तथा सुर्वणादि के दान से उन्हे सन्तुष्ट करना चाहिए । इस प्रकार के ब्राह्मणों द्वारा दिए गए आशीर्वाद के प्राप्त करने से साधक के समस्त अभिचारादि पाप नष्ट हो जाते हैं, तथा

अङ्गारोऽष्टविषाणीति शान्त्यादौ यन्त्रलेखने ।
पूर्वोक्तं लेखनद्रव्यं गृह्णीयात्तदपि ध्रुवम् ॥ ५६ ॥

विषष्टककथनम्

पिप्पलीमरिचं शुण्ठी श्येनविष्ठा च चित्रकः ।
गृहधूमोन्मत्तरसो लवणं च विषाष्टकम् ॥ ५७ ॥

भूर्जपत्रादिलेखनाधारकम्

शान्तौ वश्ये लिखेद् भूर्जे स्तम्भने द्वीपिचर्मणि ।
खरचर्मणि विद्वेषे उच्चाटे ध्वजवाससि ॥ ५८ ॥
नरास्थिनि लिखेद्यन्त्रं मारणे मन्त्रवित्तमः ।
ये त्वाधाराः स्मृता यन्त्रतरङ्गे तेऽपि सम्मताः ॥ ५९ ॥

कुण्डकथनम्

वृत्तं पद्मं चतुष्कोणं त्रिषट्कोणं दलेन्दुवत् ।
तोयेशसोमशक्राणां या तु वाय्वोर्यमस्य च ॥ ६० ॥

तदपि तत्तत्कामनया ग्राह्यम् ॥ ५५–५६ ॥ अष्टविषाण्याह – **पिप्पलीति** ॥ ५७ ॥ लेखनद्रव्यप्रसंगाल्लेखनाधारमाह – **शान्ताविति** ॥ ५८ ॥ * ॥ ५९ ॥ कुण्डान्याह – **वृत्तमिति** । शान्तौ वृत्तकुण्डं पश्चिमे । पद्माकारं वश्ये उत्तरे । स्तम्भने चतुरस्रं पूर्वे । द्वेषे त्रिकोणं नैर्ऋत्ये । उच्चाटे षट्कोणं वायव्ये । मारणेऽर्द्धचन्द्राकारं दक्षिण इत्यर्थः ॥ ६० ॥

शीघ्र ही उसे मनोऽभिलषित पदार्थों की प्राप्ति हो जाती है ॥ ५२-५५ ॥

(xv) अब **लेखन द्रव्य के विषय में** कहते हैं -

चन्दन, गोरोचन, हल्दी, गृहधूम, चिता का अङ्गार तथा विषाष्टक यन्त्र लेखन के द्रव्य कहे गए हैं । यन्त्र तरङ्ग (२०) में पूर्वोक्त द्रव्यादि भी तत्तत्कामनाओं में लेखन द्रव्य कहे गए हैं, वे भी ग्राह्य हैं । १. पिप्पली, २. मिर्च, ३. सोंठ, ४. बाज पक्षी की विष्टा, ५. चित्रक (अण्डी), ६. गृहधूम, ७. धतूरे का रस तथा ८. लवण - ये ८ वस्तुयें विषाष्टक कही गई हैं ॥ ५५-५७ ॥

शान्ति और वश्य कर्म में भोज पत्र पर, स्तम्भन में व्याघ्र चर्म पर, विद्वेष में गदहे की खाल पर, उच्चाटन में ध्वज वस्त्र पर, और मारण में मनुष्य की हड्डी पर, मान्त्रिक को मन्त्र लिखना चाहिए । यन्त्र तरङ्ग (२०) में विविध प्रयोगों में यन्त्र लिखने के जो जो आधार कहे गए हैं वे भी यन्त्राधार में ग्राह्य हैं ॥ ५८-५९ ॥

आशासु क्रमतः कुण्डं शान्तिमुख्येषु कर्मसु ।

स्रुकस्रुवादिकथनम्

सौवर्णौ यज्ञवृक्षोत्थौ स्रुक्स्रुबौ शान्तिवश्ययोः ॥ ६१ ॥
स्तम्भनादिषु कार्येषु स्मृतौ लोहमयौ हि तौ ।

लेखनीकथनम्

हेमजा रूप्यजा जाती सम्भवा लेखनी शुभे ॥ ६२ ॥
वश्ये दूर्वाङ्कुरोत्पन्नास्तम्भनेऽगस्त्यवृक्षजा ।
राजवृक्षभवा वा स्याद्विद्वेषे तु करञ्जजा ॥ ६३ ॥
शुभे कर्मणि रम्याहे लेखनीं रचयेत्सुधीः ।
बिभीतकोत्थितोच्चाटे मारणे तु पुमस्थिजा ॥ ६४ ॥
रिक्तातिथौ कुजदिने विष्टौ तामशुभे पुनः ।

शान्त्यादौ भक्ष्यान्नादिकथनम्

भक्ष्यं च तर्पणं द्रव्यं तत्पात्रमथ कीर्त्यते ॥ ६५ ॥

स्रुक्स्रुवावाह – **सौवर्णाविति** ॥ ६१ ॥ लेखनीमाह – **शुभे शान्तौ** ॥ ६२–६४ ॥ देवताद्येकोनविंशति वस्तूनि शान्त्यादौ निरूप्य पुनरधिकं वक्तुं प्रतिजानीते – **भक्ष्यमिति** ॥ ६५ ॥

(xvi) अब मन्त्र के १६वें प्रकार, **कुण्ड के विषय में** कहते हैं -

शान्ति आदि षट्कर्मों में क्रमशः वृत्ताकार, पद्माकार, चतुरस्त्र, त्रिकोण, षट्कोण और अर्द्धचन्द्राकार कुण्ड का निर्माण पश्चिम उत्तर-पूर्व नैर्ऋत्य वायव्य और दक्षिण दिशा में करना चाहिए ॥ ६० ॥

(xvii-xviii) **स्त्रुवा और स्त्रुची** - शान्ति में सुवर्ण की एवं वश्य में यज्ञवृक्ष की स्त्रुवा और स्त्रुची बनानी चाहिए । शेष स्तम्भनादि कार्यों में लौह की स्त्रुवा और स्त्रुची बनानी चाहिए ॥ ६१ ॥

(xix) अब मन्त्र के उन्नीसवें प्रकार, **लेखनी के विषय में** कहते हैं -

शान्ति कर्म में सोने, चांदी, अथवा चमेली की, वश्य कर्म में दूर्वा की, स्तम्भन में अगस्त्य वृक्ष की अथवा अमलतास की, विद्वेषण में करञ्ज की, उच्चाटन में बहेड़े की तथा मारण में मनुष्य की हड्डी की लेखनी से यन्त्र लिखना चाहिए । शुभ कर्म में साधक को शुभमुहूर्त में अशुभ कार्य में रिक्ता (चौथ, नवमी, चतुर्दशी) तिथियों में मङ्गलवार के दिन तथा विष्टी (भद्रा) में लेखनी का निर्माण करना चाहिए ॥ ६२-६५ ॥

शान्तौ वश्ये हविष्यान्नं स्तम्भने परमान्नकम् ।
माषामुद्गाश्च विद्वेषे गोधूमाभ्रंशने स्थलात् ॥ ६६ ॥
मसूरान्नं तथा श्यामा अजादुग्धोत्थपायसम् ।
मारणे प्रोदितं भक्ष्यं मन्त्रिणां कर्मकुर्वताम् ॥ ६७ ॥

शान्त्यादौ तर्पणजलपात्रकथनम्

शान्तौ वश्ये हरिद्राक्तं जलं तर्पण ईरितम् ।
मरिचाद्यं कवोष्णं तत्स्तम्भने मारणे तथा ॥ ६८ ॥
मेषरक्तान्वितं तोयं विद्वेषोच्चाटयोर्मतम् ।
स्वर्णपात्रं तर्पणेस्याच्छान्तौ वश्ये च कर्मणि ॥ ६९ ॥
स्तम्भने मृत्तिकापात्रं विद्वेषे खदिरोद्भवम् ।
लोहनिर्मितमुच्चाटे कुक्कुडाण्डं तु मारणे ॥ ७० ॥

आसनप्रकारः

मृद्वासने समासीनः शान्तौ वश्ये प्रतर्पयेत् ।
जानुभ्यामुत्थितः स्तम्भे द्वेषादावेकपात्स्थितः ॥ ७१ ॥

परमान्नकं पायसम् । स्थलाद् भ्रंशने उच्चाटने ॥ ६६–७२ ॥

अब उक्तकर्मों में **भक्ष्यपदार्थों** को, **तर्पण द्रव्यों** को तथा उपयोग में लाये जाने **योग्य पात्रों के विषय में** कहता हूँ -

शान्ति और वश्य कर्म करते समय हविष्यान्न, स्तम्भन करते समय खीर, विद्वेषण करते समय उड़द एवं मूँग, उच्चाटन करते समय गेहूँ तथा मारण करते समय मान्त्रिक को मसूर एवं काली बकरी के दूध में बने खीर का भोजन करना चाहिए ॥ ६५-६७ ॥

शान्ति कर्म में तथा वश्य कर्म में हल्दी मिला जल, स्तम्भन और मारण कर्म में मिर्च मिला कुछ गुनगुना जल तथा विद्वेषण एवं उच्चाटन में भेड के खून से कमकश्रत जल तर्पण द्रव्य कहा गया है ॥ ६८ ॥

शान्ति एवं वश्य कर्म में सोने के पात्र में, स्तम्भन में मिट्टी के पात्र में, विद्वेषण में खैर के पात्र में, उच्चाटन में लोहे के पात्र में तथा मारण में मुर्गी के अण्डे में तर्पण करना चाहिए ॥ ६९-७१ ॥

शान्ति एवं वश्य कर्म में मृदु आसन पर बैठकर तर्पण करना चाहिए । स्तम्भन में घुटनों से उठकर तथा विद्वेषण आदि में एक पैर से खड़े हो कर तर्पण करना चाहिए ॥ ७१ ॥

षट्कर्मणां विधिः प्रोक्त एवं मन्त्रज्ञतुष्टये ।
सम्यक्कृत्वा न्यासजातमात्मरक्षां विधाय च ॥ ७२ ॥

काम्यकर्मोपसंहारकथनम्

काम्यं कर्मप्रकर्तव्यमन्यथाभिभवो भवेत् ।
शुभं वाप्यशुभं वापि काम्यं कर्म करोति यः ॥ ७३ ॥
तस्यारित्वं व्रजेन्मन्त्रो न तस्मात्तत्परो भवेत् ।

काम्यकर्महेतुकथनम्

विषयासक्तचित्तानां सन्तोषाय प्रकाशितम् ॥ ७४ ॥
पूर्वाचार्योदितं काम्यं कर्मनैतद्धितावहम् ।
काम्यकर्मप्रसक्तानां तावन्मात्रं भवेत्फलम् ॥ ७५ ॥

निष्कामभजने फलकथनम्

निष्कामं भजतां देवमखिलाभीष्टसिद्धयः ।
प्रतिमन्त्रं समुदिता ये प्रयोगाः सुखाप्तये ।
तदा शक्ति विहायैव निष्कामो देवतां भजेत् ॥ ७६ ॥

एवं काम्यं कर्म निरूप्य तत्प्रसक्तिं वारयति – **शुभं वेति** ॥ ७३ ॥ एवं चेत् किमित्युक्तं तदित्यत आह – **विषयेति** ॥ ७४ ॥ पूर्वाचार्योक्तमुक्तम् । तद्वस्तुगत्याहितं न भवति । तत्र हेतुमाह – **काम्येति** ॥ ७५ ॥ * ॥ ७६ ॥

हमने मन्त्र साधकों के सन्तोष के लिए षट्कर्मों (शान्ति, वश्य, स्तम्भन, विद्वेषण उच्चाटन और मारण) की विधि बताई है । सर्वप्रथम विधिवत् न्यास द्वारा आत्मरक्षा करने के बाद ही काम्य कर्मों का अनुष्ठान करना चाहिए । अन्यथा हानि और असफलता ही प्राप्त होती है ॥ ७२ ॥

जो व्यक्ति शुभ अथवा अशुभ किसी भी प्रकार का काम्य कर्म करता है मन्त्र उसका शत्रु बन जाता है । इसलिए काम्यकर्म न करे । यही उत्तम है ॥ ७३-७४ ॥

अब प्रश्न होता है कि यदि काम्य कर्म करने का निषेध है तो इतनी बड़ी विधियुक्त पुस्तक के निर्माण का क्या हेतु है ? इसका उत्तर देते हैं - विषयासक्त चित्त वालों के सन्तोष के लिए प्राचीन आचार्यों ने काम्य कम की विधि का प्रतिपादन किया है **किन्तु यह हितकारी नहीं है** । काम्य कर्म वालों के लिए केवल कामना सिद्धि मात्र फल की प्राप्ति होती है ॥ ७४-७५ ॥

किन्तु निष्काम भाव से देवताओं की उपासना करने वालों को सारी सिद्धियाँ प्राप्त हो जाती है । केवल सुख प्राप्ति के लिए प्रत्येक मन्त्रों के जितने

वेदोक्तकर्मकरणस्योत्कृष्टता

वेदे काण्डत्रयं प्रोक्तं कर्मोपासनबोधनम्।
साधनं काण्डयुग्मोक्तं तृतीये साध्यमीरितम्॥ ७७॥
तस्माद्वेदोदितं कुर्यादुपासीत च देवताः।
शुद्धान्तःकरणस्तेन लभते ज्ञानमुत्तमम्॥ ७८॥
कार्यकारणसङ्घातं प्रविष्टश्चेतनात्मकः।
जीवो ब्रह्मैव सम्पूर्णमिति ज्ञात्वा विमुच्यते॥ ७९॥
मनुष्यदेहं सम्प्राप्य उपासीत च देवताः।
यो न मुच्येत संसारान्महापापयुतो हि सः॥ ८०॥

निष्कामभजने फलमाह – **वेदेति** । कर्मोपासनबोधनं कर्मकाण्डं – ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेतेत्यादि । उपासनाकाण्डं – सूर्यो ब्रह्मेत्युपासीत यो ह वै ज्येष्ठं च वेदेत्यादि । इदं काण्डद्वयं साधनं ज्ञानस्य । तृतीयं ज्ञानकाण्डं–अयमात्मा ब्रह्मेत्यादि तस्मात्साध्यं फलभूतम् । तस्माज्ज्ञानप्राप्तये प्रयतितव्यमित्यर्थः ॥ ७७ ॥ तत्रोपायमाह – **तस्मादिति** । निष्कारणवेदोक्त चरणे देवतोपासने चान्तःकरणशुद्धिस्ततो न प्राप्तिरित्यर्थः ॥ ७८ ॥ ज्ञानस्वरूपमाह – **कार्येति** । कार्याणि कारणानि भूतानि च तत्संघातः शरीरम् । तच्चालकश्चेतना जीवो वस्तुतो ब्रह्मैवेति । साक्षात्कारो ज्ञानं तस्मान्मुक्तिः। तत्त्वमसि श्वेतकेतो अहं ब्रह्मास्मीत्यादि श्रुतेः ॥ ७९ ॥ ज्ञानायाप्रयतमानं निन्दति – **मनुष्येति** ॥ ८० ॥

भी प्रयोग बतलाये गए हैं उनकी आसक्ति का त्याग कर निष्काम रूप से देवता की पूजा करनी चाहिए ॥ ७६ ॥

वेदों में कर्मकाण्ड, उपासना और ज्ञान तीन काण्ड बतलाये गए हैं । 'ज्योतिष्टोमेन यजेत' यह कर्मकाण्ड है, 'सूर्यो ब्रह्मेत्युपासीत' यह उपासना है, ये दोनों काण्ड ज्ञान के साधन हैं 'अयमात्मा ब्रह्म' यह ज्ञान है जो स्वयं में साध्य है । यही उक्त दोनों का फल भी है । इसलिए ज्ञान प्राप्ति के लिए वेदोदित कर्म और उपासना दोनों में ही वेदोक्त मार्ग के अनुसार प्रवृत्त होना चाहिए । देवता की उपासना से अन्तःकरण शुद्ध हो जाता है । जिससे उत्तम ज्ञान की प्राप्ति होती है । कार्यकारणसंघात शरीर में प्रविष्ट हुआ जीव ही परब्रह्म है । इसी ज्ञान से साधक मुक्त हो जाता है । अतः मनुष्य देह प्राप्त कर देवताओं की उपासना से मुक्ति प्राप्त कर लेनी चाहिए । जो मनुष्य देह प्राप्त कर संसार बन्धन से मुक्त नही होता, वही महापापी है ॥ ८० ॥

आत्मज्ञानाप्तये तस्माद्यतितव्यं नरोत्तमैः ।
कर्मभिर्देवसेवाभिः कामाद्यरिगणक्षयात् ॥ ८१ ॥

देवतोपास्तिं कुर्वता भविष्यद्विचार्य प्रवर्तितव्यम्--

चिकीर्षुर्देवतोपास्तिमादौ भावि विचारयेत् ।
स्नानदानादिकं कृत्वा स्मृत्वा हरिपदाम्बुजम् ॥ ८२ ॥

शिवं मनसि ध्यात्वा निद्रां कुर्वतो स्वप्नप्रकारः

शयीत कुशशय्यायां प्रार्थयेद्वृषभध्वजम् ।
भगवन् देवदेवेश शूलभृद् वृषवाहन ॥ ८३ ॥
इष्टानिष्टे समाचक्ष्व मम सुप्तस्य शाश्वत ।
नमोऽजाय त्रिनेत्राय पिङ्गलाय महात्मने ॥ ८४ ॥
वामाय विश्वरूपाय स्वप्नाधिपतये नमः ।
स्वप्ने कथय मे तथ्यं सर्वकार्येष्वशेषतः ॥ ८५ ॥
क्रियासिद्धि विधास्यामि त्वत्प्रसादान्महेश्वर ।
एभिर्मन्त्रैः शिवं प्रार्थ्य निद्रां कुर्यान्निराकुलः ॥ ८६ ॥
स्वप्नं दृष्टं निशि प्रातर्गुरवे विनिवेदयेत् ।
तमन्तरेण मन्त्रज्ञः स्वयं स्वप्नं विचारयेत् ॥ ८७ ॥

फलिनमाह – **आत्मज्ञानेति** । कामक्रोधलोभा अरयस्तेषां क्षयं कृत्वा कृतैः कर्मभिर्वैदिकैर्देवोपासनादिभिश्चान्तः– करणशुद्धिद्वारा ज्ञानाप्तिरित्यर्थः ॥ ८१ ॥ देवोपास्तिं कुर्वता भविष्यद्विचार्यप्रवर्तिव्यमित्याह – **चिकीर्षुरिति** । विचारप्रकारमाह – **स्नानसंध्यादिकं कृत्वेत्यादिना** ॥ ८२ ॥ शिवप्रार्थनामन्त्रमाह – **भगवन्निति** ॥ ८३–८६ ॥ तमन्तरेण गुरुं विना शुभाशुभं स्वप्नं स्वयमेव विचारयेत् ॥ ८७ ॥

इसलिए उपासना और कर्म से काम-क्रोधादि शत्रुओं का नाश कर आत्मज्ञान की प्राप्ति के लिए सत्पुरुषों को सतत् प्रयत्न करते रहना चाहिए ॥ ७७-८१ ॥

देवता की उपासना करने वाले को अपना भविष्य विचार कर उसमें प्रवृत्त होना चाहिए । उसकी विधि इस प्रकार है -

स्नान और दान आदि करने के बाद भगवान् विष्णु के चरण कमलों का ध्यान कर कुश की शय्या पर सोना चाहिए । तथा भगवान शिव से **'भगवन् देवदेवेश .... त्वत्प्रसादान्महेश्वर'** पर्यन्त तीन श्लोकों से (द्र० २५. ८३-८६) से प्रार्थना कर निश्चिन्त हो सो जाना चाहिए ॥ ८२-८६ ॥

प्रातःकाल उठने पर देखा हुआ स्वप्न अपने गुरुदेव से बतला देना

शुभस्वप्नकथनम्

लिङ्गं चन्द्रार्कयोर्बिम्बं भारतीं जाह्नवीं गुरुम् ।
रक्ताब्धितरणं युद्धे जयोऽनलसमर्चनम् ॥ ८८ ॥
शिखिहंसरथांगाढ्ये रथे स्नानं च मोहनम् ।
आरोहणं सारसस्य धरालाभश्च निम्नगा ॥ ८६ ॥
प्रासादः स्यन्दनः पद्मं छत्रं कन्या द्रुमःफली ।
नागो दीपो हयः पुष्पं वृषभोश्वश्च पर्वतः ॥ ६० ॥
सुराघटो ग्रहास्तारा नारी सूर्योदयोप्सराः ।
हर्म्यशैलविमानानामारोहो गगने गमः ॥ ६१ ॥
मद्यमांसादनं विष्ठालेपो रुधिरसेचनम् ।
दध्योदनादनं राज्याभिषेको गोवृषध्वजाः ॥ ६२ ॥
सिंहसिंहासनं शङ्खो वादित्रं रोचनादधि ।
चन्दनं दर्पणश्चैषां स्वप्ने संदर्शनं शुभम् ॥ ६३ ॥

तत्र शुभस्वप्नानाह – **लिंगमिति** । शिखीति । मयूरयुक्ते हंसयुक्ते चक्रयुक्ते वा रथे स्थितिः । मोहनं सुरतम् । निम्नगा नदीमात्रम् ॥ ८६ ॥ स्यन्दनो रथः । निम्नगाद्यप्सरोन्तानां दर्शनमेव शुभम् ॥ ६० ॥ हर्म्यादीनामारोहणम् ॥ ६१ ॥ मद्यमांसयोर्भक्षणम् । विष्ठया शरीरे लेपः रुधिरेण स्नानम् । दधिभक्त भक्षः । राज्यप्राप्तिः । एतानि शुभानि । गवादीनां दर्शनमेव शुभम् ॥ ६२–६३ ॥

चाहिए । उनके न होने पर स्वयं साधक को अपने स्वप्न के भविष्य के विषय में विचार कर लेना चाहिए ॥ ८७ ॥

अब **शुभाशुभ स्वप्न के विषय में** कहते हैं -

लिङ्ग, चन्द्र और सूर्यकर बिम्ब, सरस्वती, गङ्गा, गुरु, लालवर्ण वाले समुद्र में तैरना, युद्ध में विजय, अग्नि का अर्चन, मयूरयुक्त, हंसयुक्त अथवा चक्रयुक्त रथ पर बैठना, स्नान, संभोग, सारस की सवारी, भूमिलाभ, नदी, ऊँचे ऊँचे महल, रथ, कमल, छत्र, कन्या, फलवान् वृक्ष, सर्प अथवा हाथी, दीया, घोड़ा, पुष्प, वृषभ और अश्व, पर्वत, शराब का घड़ा, ग्रह नक्षत्र, स्त्री, उदीयमान सूर्य अप्सराओं का दर्शन, लिपे पोते स्वच्छ मकान पर, पहाड पर तथा विमान पर चढना, आकाश यात्रा, मद्य पीना, मांस खाना, विष्टा का लेप, खून से स्नान, दही भात का भोजन, राज्याभिषेक होना (राज्य प्राप्ति), गाय, बैल और ध्वजा का दर्शन, सिंह और सिंहासन, शंख, बाजा, गोरोचन, दधि, चन्दन तथा दर्पण इनका स्वप्न में दिखलायी पड़ना शुभावह कहा गया है ॥ ८८-६३ ॥

अशुभस्वप्नकथनम्

तैलाभ्यक्तः कृष्णवर्णो नग्नो ना गर्तवायसौ ।
शुष्ककण्टकिवृक्षश्च चाण्डालो दीर्घकन्धरः ॥ ६४ ॥
प्रासादस्तलहीनश्च नैते स्वप्ने शुभावहाः ।
शान्तिं कुर्वीत दुःस्वप्ने जपेन्मन्त्रमनन्यधीः ॥ ६५ ॥
अब्दत्रिकं जपं तस्य कुर्वतो विघ्नसम्भवः ।
विघ्नसङ्घमनादृत्य तदा जपपरो भवेत् ॥ ६६ ॥
सिद्धौ विश्वस्तचित्तः संस्तुरीयेऽब्दे ससिद्धिभाक् ।

मन्त्रसिद्धेर्लक्षणम्

मनःप्रसादः सन्तोषः श्रवणं दुन्दुभिध्वनेः ॥ ६७ ॥
गीतस्य तालशब्दस्य गन्धर्वाणां समीक्षणम् ।
स्वतेजसः सूर्यसाम्येक्षणं निद्राक्षुधाजपः ॥ ६८ ॥
रम्यतारोग्यगाम्भीर्यमभावक्रोधलोभयोः ।
एवमादीनि चिह्नानि यदा पश्यति मन्त्रवित् ॥ ६६ ॥
सिद्धिं मन्त्रस्य जानीयाद् देवतायाः प्रसन्नताम् ।

अशुभस्वप्नानाह – **तैलेति** । तैलाभ्यक्तो ना पुरुषः । नग्नादीना दर्शनमशुभम् ॥ ६४–६६ ॥ मन्त्रसिद्धेर्लक्षणमाह – **मनः प्रसाद इति** ॥ ६७–१०० ॥

तैल की मालिश किए पुरुष का, काला अथवा नग्न व्यक्ति का, गड्ढा, कौआ, सूखा वृक्ष, काँटेदार वृक्ष, चाण्डाल, बड़े कन्धे वाला पुरुष, तल (छत) रहित पक्का महल इनका स्वप्न में दिखलाई पड़ना अशुभ है ॥ ६४-६५ ॥

दुःस्वप्न की शान्ति के उपाय - दुःस्वप्न दिखई पड़ने पर उसकी शान्ति करानी चाहिए । तदनन्तर एकाग्रमन से इष्टदेव के मन्त्र का जप करना चाहिए। ३ वर्ष तक जप करने वाले को विघ्न की संभावना रहती है, अतः विघ्नसमूह की परवाह न कर अपने जप में तत्पर रहना चाहिए । अपने चित्त में विश्वस्त रहने वाला सिद्धपुरुष चौथे वर्ष में अवश्य ही सिद्धि प्राप्त कर लेता है ॥ ६५-६७ ॥

अब **मन्त्र सिद्धि का लक्षण** कहते हैं -

मन में प्रसन्नता आत्मसन्तोष, नगाड़े की ध्वनि, गाने की ध्वनि, ताल की ध्वनि, गन्धर्वों का दर्शन, अपने तेज को सूर्य के समान देखना, निद्रा, क्षुधा, जप करना, शरीर का सौन्दर्य बढना, आरोग्य होना, गाम्भीर्य, क्रोध और लोभ का अपने में सर्वथा अभाव, इत्यादि चिन्ह जब साधक को दिखाई पड़े तो मन्त्र की सिद्धि तथा देवता की प्रसन्नता समझनी चाहिए ॥ ६७-१०० ॥

लब्धज्ञानिनः कृतार्थताकथनम्

ततो जपेधिकं यत्नं प्रकुर्याज्ज्ञानलब्धये ॥ १०० ॥
लब्धज्ञानः कृतार्थः स्यात्संसारात्प्रतिमुच्यते ।
ज्ञात्वात्मानं परं ब्रह्मवेदान्तैः प्रतिपादितम् ॥ १०१ ॥

ग्रन्थसमाप्तौ मङ्गलाचरणम्

तं वन्दे परमात्मानं सर्वव्यापिनमीश्वरम् ।
यो नानादेवतारूपो नृणामिष्टं प्रयच्छति ॥ १०२ ॥
विलोक्य नानातन्त्राणि प्रार्थितो द्विजसत्तमैः ।
स्वमतेरनुसारेण कृतो मन्त्रमहोदधिः ॥ १०३ ॥

ग्रन्थकर्तुस्तरंगानुक्रमणिकाकथनम्

बाणनेत्रमितास्तस्मिंस्तरङ्गाः सन्ति निर्मिताः ।
तत्रानुक्रमणीं वक्ष्ये मन्त्रिणां सुखवृद्धये ॥ १०४ ॥

आत्मसाक्षात्कारपर्यन्तमेव मन्त्रोपास्तिरित्याह – **लब्धज्ञान इति** । अहं ब्रह्मेति साक्षात्कारो ज्ञानमित्यर्थः ॥ १०१ ॥ ग्रन्थसमाप्तौ मंगलमाचरति – **तं वन्दे** इति । ब्रह्मैव नानादेवतारूपेण जनैः सेव्यत इत्यर्थः । 'यो यो यां यां तनुं भक्तः श्रद्धयार्चितुमिच्छति । तस्य तस्याचलां श्रद्धां तामेव विदधाम्यहम् । स तया श्रद्धया युक्तस्तस्याराधनमीहते । लभते च ततः कामान् मयैव विहितान्हितान्' इति भगवद्वचनात् ॥ १०२ ॥ ग्रन्थकरणे हेतुमाह – **विलोक्येति** । ब्राह्मणप्रार्थनमेव हेतुः ॥ १०३ ॥ वाणनेत्रमिताः पञ्चविशतिः ॥ १०४ ॥

अब **मन्त्र सिद्धि के बाद के कर्त्तव्य** का निर्देश करते हैं - मन्त्र सिद्धि प्राप्त कर लेने वाले साधक को ज्ञान प्राप्ति के लिए जप की संख्या में निरन्तर वृद्धि का यत्न करते रहना चाहिए । जब वेदान्त प्रतिपादित (अयमात्माब्रह्म, अहं ब्रह्मास्मि, तत्त्वमसि श्वेतोकेतो इत्यादि) तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त हो जाय तब साधक कृतार्थ हो जाता है और संसार बन्धन से छूट जाता है ॥ १००-१०१ ॥

अब **ग्रन्थ समाप्ति में पुनः मङ्गलाचरण** करते हैं - सर्वव्यापी ईश्वर परमात्मा की मैं वन्दना करता हूँ, जो अनेक देवताओं का स्वरूप ग्रहण कर मनुष्यों के अभीष्टों को पूरा करते हैं ॥ १०२ ॥

ग्रन्थ रचना का हेतु - श्रेष्ठ विद्वान् ब्राह्मणों द्वारा प्रार्थना किये जाने पर अनेक तन्त्र ग्रन्थों का अवलोकन कर अपनी बुद्धि के अनुसार मैंने इस मन्त्र महोदधि नामक ग्रन्थ की रचना की है । यही इस ग्रन्थ की रचना का हेतु है ॥ १०३ ॥

भूतशुद्धिस्तथा प्राणप्रतिष्ठान्यसनं लिपेः ।
पुरश्चर्याहोमविधिस्तर्पणाद्याद्य ईरितम् ॥ १०५ ॥
द्वितीयोर्मौ गणेशस्य मन्त्राः सम्यक्समीरिताः ।
कालीकाल्यभिधानानां सुमुख्याश्च तृतीयके ॥ १०६ ॥
तारातुरीये सम्प्रोक्ता ताराभेदास्तु पञ्चमे ।
षष्ठे तरङ्गे गदिता छिन्नमस्ताशबर्यपि ॥ १०७ ॥
स्वयंवरामधुमती प्रमदा च प्रमोदया ।
बन्दीबन्धनहारीति सप्तमे वटयक्षिणी ॥ १०८ ॥
तस्या भेदाश्च वाराही ज्येष्ठा कर्णपिशाचिनी ।
स्वप्नेश्वरी च मातङ्गी बाणेशी मदनेश्वरी ॥ १०९ ॥
अष्टमे विस्तरात्प्रोक्ता बाला बालाभिदा अपि ।
नवमे त्वन्नपूर्णोक्ता तद्भेदामोहनाद्रिजा ॥ ११० ॥

अनुक्रमणीमाह – **भूतशुद्धिरिति** । लिपेर्मातृकायान्यसनं न्यासः । आद्ये प्रथमतरंगे एतदीरितम् ॥ १०५ ॥ द्वितीयोर्मौ द्वितीयतरंगे गणेशमन्त्राः । काल्यादितृतीये ॥ १०६ ॥ बन्धनहारीति । बन्दीविशेषणम् । छिन्नमस्तादिशबर्यन्तंषष्ठे ॥ १०७–१०८ ॥ वाराहीवार्तालीवटयक्षिण्यादिकामेश्वर्यन्तं सप्तमे ॥ १०९ ॥

अब प्रसङ्ग प्राप्त **मन्त्रमहोदधि की अनुक्रमणिका** कहते हैं –

इस मन्त्रमहोदधि में पच्चीस तरङ्ग हैं । मान्त्रिकों की सुविधा के लिए अब उनकी अनुक्रमणिका कहता हूँ ॥ १०४ ॥

प्रथम तरङ्ग में भूतशुद्धि, प्राणप्रतिष्ठा, मातृकान्यास, पुरश्चरण और होम की विधि तथा तर्पण का विषय प्रतिपादन किया गया है ॥ १०५ ॥

द्वितीय तरङ्ग में गणेश के विविध मन्त्र और उनकी सिद्धि के प्रकार कहे गए हैं ।

तृतीय तरङ्ग में काली तथा काली नाम से अभिहित दक्षिणाकाली आदि के अनेक मन्त्र एवं सुमुखी के मन्त्र का प्रतिपादन एवं काम्यप्रयोग कहा गया है ॥ १०६ ॥

चतुर्थ तरङ्ग में तारा की उपासना तथा **पञ्चम तरङ्ग** में तारा के भेद कहे गए हैं ।

छठे तरङ्ग में छिन्नमस्ता, शबरी, स्वयम्बरा, मधुमती, प्रमदा, प्रमोदा, बन्दी जो बन्धन से मुक्त करती हैं – उनके मन्त्रों को बताया गया है ॥ १०७-१०८ ॥

सप्तम तरङ्ग में वटयक्षिणी, वटयक्षिणी के भेद, वाराही, ज्येष्ठा, कर्णपिशाचिनी, स्वप्नेश्वरी, मातङ्गी, बाणेशी एवं कामेशी के मन्त्रों को प्रतिपादित किया गया है ॥ १०८-१०९ ॥

ज्येष्ठालक्ष्मीरत्र मन्त्रा उक्ता प्रत्यङ्गिरारिहा।
दशमे बगलावक्त्रावाराहीद्वितयं तथा ॥ १११ ॥
श्रीविद्यैकादशे प्रोक्ता द्वादशे तु तदावृतिः।
त्रयोदशे तु हनुमान्विस्तरात् प्रतिपादितः ॥ ११२ ॥
चतुर्दशे नारसिंहो गोपालो गरुडोऽपि च।
अथ पञ्चदशे सूर्यो भौमो जीवः सितो मुनिः ॥ ११३ ॥
षोडशोर्मौ महामृत्युञ्जयो रुद्रो धनेश्वरः।
जाह्नवीमणिकर्णी च प्रोक्ता सप्तदशेऽर्जुनः ॥ ११४ ॥
अष्टादशे कालरात्रिश्चण्डिकाया नवाक्षरः।
एकोनविंशे चरणयुधः शास्तृसमन्वितः ॥ ११५ ॥
पार्थिवार्चनकीनाशचित्रगुप्तासुरीविधिः।

मोहनाद्रिजा मोहनगौरी ॥ ११० ॥ अरिहा शत्रुनाशकः षोडशार्णः । बगला-वक्त्रा बगलामुखी ॥ १११॥ तदावृत्तिः श्रीविद्याया आवरणपूजा ॥ ११२॥ मुनिर्वेदव्यासः ॥ ११३-११४ ॥ चरणायुधः कुक्कुटमन्त्रः ॥ ११५ ॥ कीनाशोऽयम् ॥ ११६ ॥

अष्टम तरङ्ग में त्रिपुराबाला तथा उनके भेदों का विवेचन विस्तार से किया गया है । **नवम तरङ्ग** में अन्नपूर्णा, उनके भेद त्रैलोक्यमोहन गौरी एवं ज्येष्ठालक्ष्मी तथा उनके साथ ही प्रत्यंगिरा के भी मन्त्रों का निर्देश किया गया है ॥ ११०-१११ ॥

दशम तरङ्ग में बगलामुखी तथा वाराही को भी बतलाया गया है ॥ १११ ॥

एकादश तरङ्ग में श्रीविद्या तथा **द्वादश तरङ्ग** में उनके आवरण पूजा की विधि बताई गई है ।

त्रयोदश तरङ्ग में हनुमान् के मन्त्रों एवं प्रयोगों का विशद् रूप से प्रतिपादन किया गया है ॥ ११२ ॥

चतुर्दश तरङ्ग में नृसिंह, गोपाल एवं गरुड मन्त्रों का प्रतिपादन है ।

पञ्चदश तरङ्ग में सूर्य, भौम, बृहस्पति, शुक्र एवं वेदव्यास के मन्त्रों को बताया गया है ॥ ११३ ॥

षोडश तरङ्ग में महामृत्युञ्जय, रुद्र एवं गङ्गा तथा मणिकर्णिका के मन्त्र कहे गए हैं।

सप्तदश तरङ्ग में कार्त्तवीर्यार्जुन के मन्त्र, दीपदान विधि आदि का वर्णन है ।

अष्टादश तरङ्ग में कालरात्रि के मन्त्र, नवार्णमन्त्र, शतचण्डी और सहस्रचण्डी विधान का सविस्तार वर्णन किया गया है ॥ ११४-११५ ॥

उन्नीसवें तरङ्ग में चरणायुध मन्त्र, शास्ता मन्त्र, पार्थिवार्चन, धर्मराज, चित्रगुप्त के मन्त्रों का प्रतिपादन करते हुये आसुरी (दुर्गा) विधि का प्रतिपादन किया गया है ॥ ११५-११६ ॥

विंशे तरङ्गे यन्त्राणि स्वर्णाकर्षणभैरवः ॥ ११६ ॥
स्नानादिरन्तर्यागान्त एकविंशेर्चनाविधिः ।
द्वाविंशेऽर्घ्यं समारभ्य पूजनं तद्भिदा अपि ॥ ११७ ॥
त्रयोविंशे तु दमनैः पवित्रैश्च सर्मचनम् ।
चतुर्विंशे च भेदेन मन्त्राणां परिशेधनम् ॥ ११८ ॥
तरङ्गे चरमे प्रोक्तं कर्मषट्कमनुक्रमात् ।
एवं मन्त्रोदधावस्मिन् पञ्चविंशतिरूर्मयः ॥ ११९ ॥
विशोधनीया विद्वद्भिः क्षन्तव्यं साहसं मम ।
चापलं निजबालानां क्षमते जनको यथा ॥ १२० ॥

ग्रन्थकर्तुः स्ववंशकथनम्

अहिच्छत्रद्विजच्छत्रवत्सगोत्रसमुद्भवः ।
आसीद्रत्नाकरो नाम विद्वान्ख्यातो धरातले ॥ १२१ ॥

तद्भिदाः पूजाभेदाः ॥ ११७–११८ ॥ चरमे पञ्चविंशे तरंगे । शान्त्यादिकर्म–षट्कमनुक्रमणी चेति ॥ ११९–१२० ॥ स्ववंशमाह – **अहिच्छत्रेति** ॥ १२१–१२५ ॥

बीसवें तरङ्ग में विविध यन्त्र, स्वर्णाकर्षण भैरव की उपासना विधि तथा अनेक यन्त्रों का वर्णन है ।

इक्कीसवें तरङ्ग में स्नान से लेकर अर्न्तयाग तथा नित्यकर्म का वर्णन है ।

बाइसवें तरङ्ग में अर्घ्यस्थापन से लेकर पूजन पर्यन्त के कृत्य तथा पूजा के भेद बतलाये गए हैं ॥ ११६-११७ ॥

त्रयोविंशति तरङ्ग में दमनक तथा पवित्रक से इष्टदेव के सर्मचन का विधान कहा गया है ।

चौबीसवें तरङ्ग में मन्त्र शोधन की नाना प्रकार की प्रक्रिया कही गई है ।

पच्चीसवें तरङ्ग में षट्कर्मो के समस्त विधान का निर्देश है ॥ ११८-११९ ॥

इस प्रकार मन्त्रमहोदधि के पच्चीस तरङ्गों में उक्त समस्त विषयों का वर्णन किया गया है ॥ ११६-११९ ॥

अब ग्रन्थकार ग्रन्थ का उपसंहार कर विशेषज्ञों से प्रार्थना करते हैं कि आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों को इसमें संशोधन कर लेना चाहिए, जिस प्रकार पिता अपने बालकों की चपलता क्षमा करता है, उसी प्रकार मन्त्र के विषय में किए गए साहस को भी विज्ञजन क्षमा करेंगें ॥ १२० ॥

अब ग्रन्थकार अपना **स्ववंश परिचय** देते हैं - अहिच्छत्र देश में द्विजों के छत्र के समान वत्स गोत्र में उत्पन्न, धरातल में अपनी विद्वत्ता से विख्यात रत्नाकर नाम

तत्तनूजो रामभक्तः फनूभट्टाभिधोऽभवत् ।
महीधरस्तदुत्पन्नः संसारासारतां विदन् ॥ १२२ ॥
निजदेशं परित्यज्य गतो वाराणसीं पुरीम् ।
सेवमानो नरहरिं तन्त्र ग्रन्थमिमं व्यधात् ॥ १२३ ॥
कल्याणभिधपुत्रेण तथान्यैर्द्विजसत्तमैः ।
अनेकानागमग्रन्थान् विलोक्य तु मुनीश्वरैः ॥ १२४ ॥
एकग्रन्थे स्थितं सर्वं मन्त्राणां सारमिच्छुभिः ।
सम्प्रार्थितः स्वमत्यासौ नाम्ना मन्त्रमहोदधिः ॥ १२५ ॥

ग्रन्थान्ते आशीः कथनम्

अविच्छिन्नान्वयाः सन्तु निजधर्मपरायणाः ।
मङ्गलानि प्रपश्यं तु सर्वे द्रोहपराङ्मुखाः ॥ १२६ ॥
हरिः करोतु कल्याणं सर्वेषां जगदीश्वरः ।
प्रवर्तयन्त्विमं ग्रन्थं यावद्वेदो रविः शशी ॥ १२७ ॥

ग्रन्थान्ते आशिषन्नाह – **अविच्छिन्नेति** ॥ १२६–१२७ ॥

के ब्राह्मण हुये ॥ १२१ ॥

उनके लड़के फनृभट्ट हुये, जो भगवान् श्री राम के प्रकाण्ड भक्त थे । उनके पुत्र **श्रीमहीधर** हुये, जिन्होने संसार की असारता को जान कर अपना देश छोड़ कर काशी नगरी में आकर भगवान् नृसिंह की सेवा करते हुये **मन्त्रमहोदधि** नामक इस तन्त्र ग्रन्थ की रचना की ॥ १२२-१२३ ॥

अनेक ग्रन्थों में लिखे गए नाना प्रकार के मन्त्रों के सार को किसी एक ग्रन्थ में निवद्ध करने की इच्छा रखने वाले तथा आगम ग्रन्थों के मर्मज्ञ महामुनियों, श्रेष्ठ ब्राह्मणों एवं **कल्याण** नामक स्वकीय पुत्र के द्वारा प्रार्थना किए जाने पर मैंने अपनी बुद्धि के अनुसार इस **मन्त्रमहोदधि** नामक ग्रन्थ की रचना की है ॥ १२४-१२५ ॥

अव ग्रन्थकार ग्रन्थ के अन्त में **आशीर्वचन** कहते हैं –

इस ग्रन्थ का अभ्यास करने वाले समस्त पाठकगण अपने धर्म में परायण रहें । सर्वदा कल्याण का दर्शन करें । द्रोह से सर्वथा पराङ्मुख रहें और उनकी वंशपरम्परा अविच्छिन्न रूप से चलती रहे ॥ १२६ ॥

अब **जगदीश्वर से प्रार्थना** करते हुये ग्रन्थ की समाप्ति करते हैं -

जगदीश्वर श्रीहरि सभी का कल्याण करें और जब तक वेद, सूर्य तथा चन्द्रमा रहें तब तक इस ग्रन्थ का प्रचार प्रसार करते रहें ॥ १२७ ॥

श्लोकत्रयेण देवप्रार्थना

नरसिंहो महादेवो महादेवार्तिनाशनः ।
मुदे परो महालक्ष्म्या देवावर नतोऽस्तु मे ॥ १२८ ॥

नृसिंहउत्सङ्गसमुद्रजायां
समुद्रजद्वीपगृहे निषण्णः ।
समुद्रजोहीनमतिः सदाव्यात्
समुद्रभक्ताखिलसिद्धिदायी ॥ १२९ ॥

राजा लक्ष्मीनृसिंहो जयति सुखकरं श्रीनृसिंहं भजे यं
दैत्याधीशामहान्तोऽहसतनृहरिणा श्रीनृसिंहाय नौमि ।
सेव्यो लक्ष्मीनृसिंहादपर इह नहि श्रीनृसिंहस्य पादौ
सेवे लक्ष्मीनृसिंहे वसतु मम मनः श्रीनृसिंहाव भक्तम् ॥ १३० ॥

विश्वेशो गिरिजाबिन्दुमाधवो मणिकर्णिका ।
भैरवो जाह्नवीदण्डपाणिर्मे तन्वतां शिवम् ॥ १३१ ॥

श्लोकत्रयेण देवं प्रर्थयते । **नरसिंह** इति । नृसिंहो मे मुदे हर्षायास्तु । देवानामावरेण समूहेन नतः । नृसिंह इति – नृसिंहो मांसदाऽव्यात् । कीदृशः । उत्संगे समुद्रजा लक्ष्मीर्यस्य सः । समुद्रे जातं यच्छ्वेतद्वीपं तत्र यद्गृहं तत्रोपविष्टः समुत्सहर्षः । रजोहीनमतिविरजाः । समुद्रा अञ्जल्यादिमुद्राविदो ये भक्तास्तेषां सर्वसिद्धिदाता ॥ १२९ ॥ **राजा लक्ष्मीनृसिंह** इति । विभक्तिसप्तकेन हरिं स्तौति । नृहरिणा महान्तो दैत्याधीशा अहसत हताः । हन्तेर्लुङि कर्मणि चिण्वदिङ्भावे रूपम्। श्रीनृसिंहाव श्रीनृसिंहभक्तम् अव रक्ष ॥ १३० ॥ देवान् स्मरति – **विश्वेश**

समस्त देवगणों की विपत्ति को दूर करने वाले, देवगणों से वन्दित **लक्ष्मी सहित श्रीनृसिंह देव** हमें निरन्तर हर्ष प्रदान करते रहें ॥ १२८ ॥

क्षीर सागर के मध्य में स्थित श्वेत द्वीप के मण्डप में अपनी गोद में स्थित लक्ष्मी के साथ विराजमान, प्रसन्नता से पूर्ण भगवान् श्री नृसिंह मेरी रक्षा करें, जो अञ्जलि आदि मुद्राओं से पूजा करने वाले अपने भक्तों को समस्त सिद्धियाँ प्रदान करते हैं वह **भगवान् श्रीनृसिंह** मुझे रजोगुण रहित सद्बुद्धि दें ॥ १२७-१२९ ॥

भगवान् श्री **लक्ष्मीनृसिंह** की जय हो । मैं परमकल्याणकारी श्री नृसिंह की वन्दना करता हूँ, जिन नृसिंह ने महाबलवान् बड़े बड़े दैत्यों का वध किया उन नरहरि को मैं प्रणाम करता हूँ ।

लक्ष्मीनृसिंह से बढ़ कर और कोई देवता नही है। इसलिए श्री नृसिंह के चरण कमलों की सेवा करनी चाहिए । यही सोंच कर श्रीनृसिंह मेरे मन में निवास

ग्रन्थनिर्मितिकालकथनम्

अब्दे विक्रमतो जाते बाणवेदनृपैर्मिते ।
ज्येष्ठाष्टम्यां शिवस्याग्रे पूर्णो मन्त्रमहोदधिः ॥ १३२ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचिते मन्त्रमहोदधौ षट्कर्मादिनिरूपणं नाम पञ्चविंशस्तरङ्गः ॥ २५ ॥

इति । ग्रन्थनिष्पत्तिस्थानं काशीस्थानम् ॥ १३१ ॥

ग्रन्थनिर्मितिकालमाह – **अब्दे विक्रमत इति** । बाणवेदनृपैर्मिते वर्षे पञ्चचत्वारिंशदुत्तरषोडशशततमे विक्रमनृपादन्ते सति शिवस्य रामेश्वरस्याग्रे मन्त्रमहोदधिः समाप्तिमगमत् ॥ १३२ ॥

॥ इति श्रीमन्महीधरविरचितायां मन्त्रमहोदधिव्याख्यायां नौकायां षट्कर्मादिनिरूपणं नाम पञ्चविंशस्तरङ्गः ॥ २५ ॥

करें । यह मेरा मन कभी भी नृसिंह से अलग न हो ॥ १३० ॥

बाबा विश्वनाथ, भवानी अन्नपूर्णा, बिन्दुमाधव, मणिकर्णिका, भैरव, भागीरथी तथा दण्डपाणी मेरा सतत् कल्याण करें ॥ १३१ ॥

विक्रम संवत् १६४५ में ज्येष्ठ शुक्ला अष्टमी को बाबा विश्वनाथ के सान्निध्य में यह मन्त्रमहोदधि नामक ग्रन्थ पूर्ण हुआ ॥ १३२ ॥

शून्यं बाणे खयुग्मान्दे वैक्रमीये व्यये शुभे ।
ऊर्जे मासि सिते पक्षे पूर्णेन्दौ चन्द्रवासरे ॥ १ ॥
समाप्तिमगमद्टीका सैषा सागरगामिनी ।
सुधाकरेण विहिता मन्त्रशास्त्रमहोदधेः ॥ २ ॥
प्रीयेतामनया देवौ पार्वतीपरमश्वरौ ।
शान्तिं विधत्तां मे गेहे ददेतामाशिषं शुभाम् ॥ ३ ॥

॥ इस प्रकार श्रीमन्महीधर विरचित मन्त्रमहोदधि के पञ्चविंश तरङ्ग की महाकवि पं० रामकुबेर मालवीय के द्वितीय आत्मज डॉ० सुधाकर मालवीय कृत 'अरित्र' नामक हिन्दी व्याख्या पूर्ण हुई ॥ २५ ॥

॥ श्रीः ॥

परिशिष्ट १

अथ मातृकाकोशः

श्रीगणेशं महेशानं भारतीमीश्वरं शिवम् ।
नत्वा वक्ष्ये मातृकाणां निघण्टुं बालबुद्धये ॥ १ ॥

(ॐ) ध्रुवस्तारस्त्रिवृद्ब्रह्म वेदादिस्तारकोऽव्ययः ।
प्रणवश्च त्रिमात्रोऽपि ॐकारो ज्योतिरादितः ॥ २ ॥

(अ) श्रीकण्ठः केशवश्चापि निवृत्तिश्च स्वरादिकः ।
अकारो मातृकाद्यश्च वात इत्यभिधीयते ॥ ३ ॥

(आ) नारायणस्तथाऽनन्तो मुरवृत्तो गुरुस्तथा ।
विष्णुशय्या तथा शेषो दीर्घआकार एव च ॥ ४ ॥

(इ) माधवस्सूक्ष्मसंज्ञश्च विद्यादक्षिणलोचनम् ।
गन्धर्वः पाञ्चजन्य इकारश्च मुकांकुरः ॥ ५ ॥

(ई) गोविन्दाश्च त्रिमूर्तीशः शान्तिः स्याद्वामलोचनम् ।
नृसिंहास्त्रं तथा माया ईकारोऽपि सुरेश्वरः ॥ ६ ॥

(उ) अमरेशस्तथा विष्णुरिन्धिका च गजांकुशः ।
दक्षकर्णश्च विजयी उकारो मन्मथाधिपः ॥ ७ ॥

(ऊ) अर्वांशो दीपिका वाम श्रवणं मधुसूदनः ।
इन्द्रचापष्षण्मुखश्च ऊकारो रक्षणाधिपः ॥ ८ ॥

(ऋ) देविका दक्षनासा च भारभूतिस्त्रिविक्रमः ।
देवमातारिपुघ्नश्च ऋकारस्तपनस्तथा ॥ ९ ॥

(ॠ) अतिथीशो वामनश्च मोचिका वामनासिका ।
दैत्यमाता च दैवज्ञ ॠकारस्त्रिपुरान्तकः ॥ १० ॥

(ऌ) श्रीधरश्च परास्थाणुर्दक्षगण्डस्त्रिवेदकः ।
एकाङ्घ्रिर्वज्रदण्डश्च व्योमर्द्धिर्लृ स्वरस्स्मृतः ॥ ११ ॥

(ॡ) हृषीकेशो हरस्सूक्ष्मो वामगण्डः कुबेरदृक् ।
अर्द्धर्चो नीलचरणो ॡकारश्च त्रिकूटकः ॥ १२ ॥

(ए) झिण्टीशः पद्मनाभश्च शक्तिस्सूक्ष्मा स्मृता भगः ।
ऊर्द्धोष्ठगः कामरूप एकारश्च त्रिकोणकः ॥ १३ ॥

(ऐ) ज्ञानामृतो भौतिकश्चाऽधरो दामोदरस्तथा ।
वागीशोवर्मभयद ऐकारस्त्रिपुरस्तथा ॥ १४ ॥

(ओ) सद्योजातो वासुदेव ऊर्ध्वदन्तस्त्रिमात्रकः ।
आप्यायनीमन्त्रनाथ ओकारोनागसंज्ञकः ॥ १५ ॥
(औ) संकर्षणोऽनुग्रहेशो मुरारिर्व्यापिनी तथा ।
अथोदन्तगतो मायी नृसिंहाङ्गस्तथौरसः ॥ १६ ॥
(अं) अक्रूरो व्योमरूपश्च प्रद्युम्नश्चन्द्रसंज्ञकः ।
अनुस्वारस्तथा बिन्दुरंकारश्च शिरोऽव्ययः ॥ १७ ॥
(अः) अनन्तश्च महासेनोऽनिरुद्धो रसवर्णकः ।
कन्यास्तननिभस्सर्गो विसर्गश्चान्तिमस्स्वरः ॥ १८ ॥
(क) क्रोधीशो धातृसंज्ञश्चक्रीसृष्टिश्च करादिगः ।
वर्गादिगः पादवेषः ककारः कामगस्स्मृतः ॥ १९ ॥
(ख) क्रुधार्द्धिगदिचण्डीशाः खेटो दक्षिणकूर्परः ।
कैटभारिश्च मातङ्गः संहारः खार्णकः स्मृतः ॥ २० ॥
(ग) स्मृतिः पञ्चान्तकश्शार्ङ्गी गणेशो मणिबन्धगः ।
गोमुखो गजकुम्भश्च गकारः सिंहसंज्ञकः ॥ २१ ॥
(घ) खड्गी शिवोत्तमो मेधा दक्षिणाङ्गुलिमूलगः ।
घनो घनस्वरश्चैव घकारो ङादिमस्मृतः ॥ २२ ॥
(ङ) संज्ञाको रुद्रकान्तिश्च दक्षाङ्गुल्यग्रसंस्थितः ।
क्लीबवक्त्रश्च भद्रेशो ङकारश्चानुनासिकः ॥ २३ ॥
(च) हलीकूर्मेश्वरो लक्ष्मीर्वावबाह्वादिगस्तथा ।
चित्रधारी चञ्चलश्च चकारस्संस्मृतो बुधैः ॥ २४ ॥
(छ) एकनेत्रश्च मुसली वामकूर्परगो द्युतिः ।
त्रिबिन्दुकस्तथा चारी छकारः श्लेष्मकाभिधः ॥ २५ ॥
(ज) स्थिराजपन्नौजपजश्शूली च चतुराननः ।
मणिबन्धगतो वामे जकाराञ्जनकोत्तमः ॥ २६ ॥
(झ) स्थितिः पाशी तथाजेशो वामाङ्गुलितलस्थितः ।
स्वस्तिकस्स्थाणुसंज्ञश्च झकारो जान्तसंज्ञकः ॥ २७ ॥
(ञ) वामाङ्गुल्याग्रतः सिद्धिरंकुशीसर्वसंज्ञकः ।
मातङ्गो ह्यनुगानश्च ञकारश्च निरञ्जनः ॥ २८ ॥
(ट) जरामुकुन्दस्सोमेशो दक्षपादादिगोमुखः ।
गजांकुशश्च बालेन्दुरमृताद्यष्टकस्स्मृतः ॥ २९ ॥
(ठ) लाङ्गलीशो नन्दजश्च पालिनी च कमण्डलुः ।
दक्षजानुगतस्स्थायी ठकारस्स्थविरस्मृतः ॥ ३० ॥
(ड) नन्दीक्षान्तिर्दारकश्च डामरो दक्षगुल्फगः ।

व्याघ्रपादश्शुभाङ्घ्रिश्च डकारस्तोमरो मतः ॥ ३१ ॥
(ढ) ऐश्वरी चार्द्धनारीशो नरश्शाखान्तराकृतिः ।
दक्षपादाङ्गुलीमूलो ढलो ढक्को ढकारकः ॥ ३२ ॥
(ण) उमाकान्तो नरकजिद् रतिर्दक्षपदाग्रगः ।
निर्वाणास्त्रिगुणाकारस्त्रिरेखोणस्समीरितः ॥ ३३ ॥
(त) वामोरुमूलनिलय आषाढी कामिका हरिः ।
तीव्रश्च तरलो नीलस्तकारः कीर्तितो बुधैः ॥ ३४ ॥
(थ) दण्डीशो वरदः कृष्णो वामजानुगतस्मरः ।
शौरी चापि विशालाक्षस्थकारः परिकीर्तितः ॥ ३५ ॥
(द) सत्योत्रीशो ह्लादिनी च वामगुल्फगतस्तथा ।
शूली कुबेरो दाता च दकारो धादिमः स्मृतः ॥ ३६ ॥
(ध) मीनेशस्सात्वत प्रीतिर्वामपादाङ्गुलीगतः ।
धनेशो धरणीशश्च धकारो दान्तिमः स्मृतः ॥ ३७ ॥
(न) शौरीमेषेश्वरीदीर्घा वामपादाग्रसंस्थितः ।
नरो न दीनो नादी च नकारश्चानुनासिकः ॥ ३८ ॥
(प) तीक्ष्णा च लोहितश्शूरो दक्षपार्श्वश्च पार्थिवः ।
पद्मेशो नान्तिमः फादिः पकारोऽपि प्रकीर्तितः ॥ ३९ ॥
(फ) जनार्दनः शिखी रौद्री वामपार्श्वकृतालयः ।
फट्कारः प्रोच्यते सद्भिः फकारः पान्तिमस्स्मृतः ॥ ४० ॥
(ब) छलगण्डो भूधरश्च भयापृष्ठगतस्तथा ।
सुरसो वज्रमुष्टिश्च बकारो भादिमो मतः ॥ ४१ ॥
(भ) विश्वमूर्तिर्द्विरण्डेशो निद्रा नाभिगतोऽपि च ।
भ्रुकुटी च भरद्वाजो भकारश्च जयापहः ॥ ४२ ॥
(म) वैकुण्ठश्च महाकालस्तन्द्री जठरसंस्थितः ।
मन्त्रेशो मण्डलो मानीं विषस्सूर्योमकारकः ॥ ४३ ॥
(य) क्षुधा बाला च वायुस्त्वग्धृतश्च पुरुषोत्तमः ।
यमुनो यामुनेयश्च यकारो मान्तिमः स्मृतः ॥ ४४ ॥
(र) क्रोधिनी च भुञ्जगेशी ज्वाली रुधिरपावकौ ।
रोचिष्मान्दक्षिणांशश्च रुचिरो रेफ ईरितः ॥ ४५ ॥
(ल) क्रियाककुद्गतो मांसं पिनाकीभूर्बलानुजः ।
लम्पटः शक्रसंज्ञश्च वाद्यो रान्तो लकारकः ॥ ४६ ॥
(व) बालो वामांसनिलयो मेदो वारिदवारुणौ ।
उत्कारी जलसंज्ञश्च खड्गीशोऽपि वकारकः ॥ ४७ ॥

(श) मृत्युर्बको वृषघ्नश्च हृदो दक्षकरस्थितः ।
शंकुकर्णोऽस्थिसंज्ञश्च शकारो विद्वद्भिरीरितः ॥ ४८ ॥

(ष) वृषः श्वेतेश्वरः पीतमज्जाहृदद्वामबाहुगः ।
षडाननः षकारश्च कीर्तितश्च बुधैः खरः ॥ ४९ ॥

(स) भृगुः श्वेतस्तथा हंसो हृदो दक्षिणपादगः ।
समयस्सामगश्शुक्रस्सङ्गतिस्सार्णकश्शशी ॥ ५० ॥

(ह) नभो वराहो नकुलो हृदो वामपदस्थितः ।
सदाशिवोऽरुणः प्राणो हकारश्च हयाननः ॥ ५१ ॥

(ळ) हृदयान्नाभिसंस्थानश्शिवेशो विमलोऽसितः ।
लघुप्रयत्नश्चोपान्त्यो ळकारः प्रोच्यते बुधैः ॥ ५२ ॥

(क्ष) संवर्त्तको नृसिंहश्च हृदयान्मुखसंस्थितः ।
अनन्तः परमात्मा च वज्रकायोऽन्तिमाक्षरः ॥ ५३ ॥

॥ इति हादिमते मातृकाकोशः समाप्तः ॥

श्लोकानुक्रमणिका

इ

घ

द

प

फ

ब

म

य

ल

व

स